GOVERNMENT OF INDIA

DEPARTMENT OF ARCHAEOLOGY

CENTRAL ARCHAEOLOGICAL LIBRARY

CALL No. 091.49143 N.P.S.

D.G.A. 79.

B.S

CENTRAL ARCHAEOLOGICAL LIBRARY
Acc No.
Date
Call No. 891.400
Call No.
GPII

The Twelfth Report on the Search

OF

Hindi Manuscripts

FOR THE YEARS

1923, 1924 and 1925

BY

The Late Rai Bahadur DR. HIRALAL, B.A., D.Litt., M.R.A.S.

VOLUME II

Prepared under the auspices of and published by the Nagari Pracharini Sabha, Benares, under the patronage of the Government of the United Provinces

8755

091.49143
N.P.S.

CENTRAL ARCHAEOLOGICAL LIBRARY
Acc No.
Date
Call No.
Book No.

891.9005
Hir

ALLAHABAD:
SUPERINTENDENT, PRINTING AND STATIONERY, UNITED PROVINCES, INDIA
1944

CENTRAL ARCHAEOLOGICAL
LIBRARY, NEW DELHI.
Acc. No. 8755
Date. 18.4.57.
Call No. 091.49143
N.P.S.

TABLE OF CONTENTS

	Pages
Appendix II—Notices of Manuscripts and Extracts therefrom from Volume I ...	977—1600
Appendix III—Extracts from the Works of Unknown Authors	1—176
Index I—Authors	i—vi
Index II—Books	vii—xix

2(a) Śivapurāṇa Pūrvārdha by Mahānanda Vājpeyī
nau (Rāe Bareli). Substance—Foreign blue paper.
—720. Size—12½ × 8 inches. Lines per page—28.
—18,900 Anushṭup Ślokas. Appearance Old. Char-
Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1927 or A. D.
Place of deposit—ṭhākura Naunihāla Siṁha,
Kāṇṭhā, District Unao (U. P.).

ning.—श्री गणेशायनमः ॥ ॐ श्रीगौरी शंकरायनमः ॥ श्री गुरु
भ्यांनमः ॥ अथ शिवपुराण भाषा लिख्यते ॥ यन्मायाऽखिल कर्म
ग्मादि यद्विश्वतस्संबंधे तत तीर्थ वित्स्वलक्षण स्तेनेच्युता याखिलं।
ादि पुरुषो यत्सत्यतो दृश्यते। मिथ्या भूतमयो दमत्रच जगद्वंदे-
॥ वामांगे यस्य गौरी विलसति रवि विश्वग्नि नेत्रं ललाटे।
ुम्रं शिरसि शुभ्रकरो जन्हुकन्याऽधहंत्री ॥ यत्कण्ठे क्ष्वेड मुग्रं
देहं महेशं ॥ कर्पूरानंद दंतं स्वजन सुखकरं पश्यतां प्राण
न पूरयितुं चकल्प कुरुहं मे शत्रु नाशी शनि। विद्या वर्द्धन एव
यं सुरैः ॥ नाना भूषण भूषितं सुखकरं शर्वा विभुं सर्वदं।
न शरणं यामोन्य था नो गति ॥ ३ वंदे विधि हरो देवौ
यत्कृपा तो निजां तस्यं पश्यंन्ति पुरषा शिवं ॥ ४

शिव नुति करि सब मुनि देवा। कीनेहु बहुविधि प्रभु को
शिवको नुति सुनि। दीन्हें तिन कहं बर बर हित गुनि ॥
सेवा ॥ मे प्रस... । लहि वरगे निज घर तेहि सेई ॥ काशी जनहु गये
शिव निज पुर गे सब सुर तेहि लहि परम सकामा ॥ तहं थित रह शिव लिंगहु
निज धामा। सेइ शिवहि होई ॥ कंदुकेश सोइ लिंग बखाना। जेहि सेवत
सोई। तेहि सेवत इत उत सुख कहा हम गाई। सब विधि सब को पर सुख
मति पद निर्वाना ॥ इमि शिव चर वै। सो इत उत परमानंद पावै ॥ शुद्ध खंड
दाई ॥ जो यहि चरितहिं सुनहि सुना सब सुख करणा ॥ यहि पढ़ि विनसहि
यह हम मुनि वरणा। शिव जस गुंफितापा ॥ लहहिं सकल सुखइत उत भूरी।
सब पापा। व्यापहिं कबहुं न त्रिविधहु दुष्ट सतावहिं ताही। लहहि मुक्ति जग
अविछन रहहिं सुसंपति पूरी ॥ कबहुं न बिलासे ब्रह्मानारद संवादे पंचम खंडे
नाहीं ॥ इति श्री शिवपुराणे श्रेनो नाम षट् पंचाशतमोऽध्यायः ॥ ५६ ॥
ला सुर वध शिव चरित्रं ॥ लिखितो पं० गणेश प्रसाद शुक्ल ॥ संवत
चम खंड समाप्त
ते ॥

Subject.—प्रथम खंड शिव महिमा नीमषार में सौनका
कलि में कल्याण मार्ग पूछना, सूत का कलि दशा वर्णन, शंभु का प्र
विधि नारद संवाद शिवसमाधि, मदन जारन उल्लेख और नारद का
खंडन, शीलव्रत राजा को कन्या के विवाह में असफलता तथा शि
विष्णु को श्राप देना। शिव का निर्गुण सगुण रूप व महिमा, शिव श
विराट रूप कथन, शक्ति वर्णन, शिव-शक्ति विचार व सृष्टि रचना, ब्रह्
से उत्पत्ति, विष्णु को शिवा के वाम अंग से उत्पत्ति तथा
नाम करण व कार्य वर्णन, विष्णु और ब्रह्मा संवाद, तेज समूह का
विष्णु और ब्रह्मा का नीचे ऊपर क्रमशः उसका अंत लेने को
का हंस रूप से तथा विष्णु का बाराह रूप से खोज करना, १०००
उसका अन्त न मिला तब दोनों का लौटना और आकाशवाण
करने को कहना, पुनः शब्द से अ, उ, म, की उत्पत्ति, उन्हों से
तथा भिन्न भिन्न सृष्टि का पैदा करना। शिव स्वरूप वर्णन
व विष्णु से सृष्टि उत्पादन करने को कहना, लिंग पूजन का
सृष्टि संचालन को कहना, ब्रह्मा का ऋषियों को पैदा क
रचना, शिव का ब्रह्मा के यहां अवतार लेना, शिव स्तुति
नामः (मन्यु, मनुमहिन, महान शिव, ऋतुध्वज, उग्र, रेत, भव
व्रत) रुद्राणी के ११ नाम (धी, धृति, उशना, उमा, नि
इरावति, भवानी, सुधा, सुदीक्षा) वीर भद्र सेनानी
वर्णन। राक्षस, त्रिजग आदि योनियों का उत्पादन, आश्र
का निरूपण, मानसिक व दैहिक सृष्टि वर्णन, स्त्री उत्पादनार्थ ब्रह्मा का तप
करना, अर्द्धनारीश्वर के रूप में दर्शन देना, स्तुति वर्णन, सतीरूप होने का वरदान
देना, मैथुनी सृष्टि का होना, मनु का तप करना, शिव का वरदान देना, मनु के
दो पुत्र व ३ कन्या होना, प्रियव्रत व उत्तानपाद पुत्र हुए जिनसे ऋषभ और ध्रुव भक्त
हुए, कन्याओं व उनकी सन्तानों का वर्णन, लोकों का वर्णन, विष्णु रमा का
वर्णन, विष्णु का शिव स्तुति करना, स्वामि कार्तिक व उनके लोक का वर्णन,
शक्ति लोक का वर्णन, शिवा स्तुति वर्णन, दंपति धर्म वर्णन, शिव का कैलाश
पर आना, द्रुपदपुरी व कम्पिला का वर्णन, यज्ञदत्त का वर्णन, यज्ञदत्त के पुत्र
गुणनिधि की उत्पत्ति, गुणनिधि का कुसंग में बिगड़ना, विवाह होना, धन लू
देना, शिव मंदिर में जाना, लौटते हुए भय से भागना व मारा जाना,
का यमदूतों से छुड़ा कर लेजाना, दीपदान का फल, वैश्रवन भक्त
अलकापति का तप कर वरदान पाना, तथा कैलास वा
सब देवों का कैलास आना व शिव से गणपति

श्रम बूंद भूमि पर गिरना, बुंद से बालक का होना, भूमि का स्त्री रूप से पालन करना, भौमनाम होना, पृथ्वी का अतायी नाम पड़ना, भौम का तप करना, शिव का वर देना व मंगल ग्रह होना, हिम गिरि के तप से मयना के गर्भ में पार्वती का आना, देवताओं का स्तुति करना, पार्वती का जन्म होना, गिरि की शोभा अनुपम होना, पार्वती की बाललीला, विद्याध्ययन व प्रौढ़ावस्था में सौंदर्य, मैना व हिमिगिरि का विवाह चिंतन करना, देवताओं का आगमन व विवाह की इच्छा करना, विष्णु का भी आगमन, पार्वती के स्वयंवर में आना, मंचों पर यथा स्थान बैठना, पर्वत, समुद्र, नदी आदि का भी नर रूप में उपस्थित होना, सखी का सब देवों व राजाओं के समीप जयमाल लेकर गिरिजा को लेजाना और सब का वर्णन करना, विष्णु के भी समीप जाना, अन्त में शिव के गले में माला पहिनाना, शिव का बाल रूप होना, सब देवों का क्रोध करना व थंभन होना, हरि, ब्रह्मा, शक्रादि का स्तुति करना, बरात की तय्यारी, भगवानी आदि, शिव-शिवा विवाह वर्णन, पुरोहित का पार्वती के लिये वर खोजना, सब लोकों में जाना, अंत में शिव के पास जाना व विवाह स्थिर करना, विष्णु व पार्वती के कथन से पुरोहित का शिव के पास जाना और तिलक करना, नाई का अप्रसन्न होना, हिमांचल द्विज संवाद व संतोष वर्णन, शिवा-शिव विवाह की तय्यारी, लग्न भेजने आदि का वर्णन, बरात की तय्यारी, वृद्ध रूप सिहादि भूत प्रेत का आना, सब का दुःखित होना, पार्वती का विजया सखी को समझाना, हिमगिरि का विषाद वर्णन, पार्वती का शिव के पास विनय पत्रिका भेजना, शिव की महिमा वर्णन, शक्ति परिचय, भोजन समय शुक्र-शनि शक्ति वर्णन, हिमाचल असमंजस वर्णन, पुरोहित का गिरिजा कथन वर्णन, माता का संतोष होना, शिवा-शिव लीला व सती वर्णन, अवधूत रूप का कारण कथन, सब का शिव का प्रताप जानना व स्तुति करना, शिव की बरात का वर्णन, इन्द्र, विष्णु, ब्रह्मा सब का समाज वर्णन, भगवानी, जेवनार आदि क्रियाओं का वर्णन, गिरि मयना का कन्यादान देना, विवाह मंगल होना और कैलास गमन, ऋषियों से हिमिगिरि का कन्या के लक्षण ज्ञात करना, गिरिजा के शुभ लक्षणों व महेश से विवाह का उल्लेख करना, मैना-हिमिगिरि को बाल [illegible]ा से आनन्द प्राप्त होना, गिरिजा का तप के लिये स्वप्न देखना। गिरीश का [illegible] की सेवा में जाना, शिव का विवाह निषेध, अन्त में गौरी को स्वीकार करना, गौरी का तप करना, शिव का अखंड समाधि में होना, इन्द्र का कामदेव को शिव की समाधि जगाने को भेजना और उसका भस्म होना, दिति से ४९ पवनों की उत्पति, इन्द्र का ४९ खंड करना, हिरण्याक्ष व हिरण्यकश्यप कथा, दिति का फिर तप करना व कश्यप से वीर पुत्र होने का वर मांगना, वज्राङ्ग

की उत्पत्ति व इन्द्र को ताड़न देना, उसका तप कर राक्षस भाव त्याग का वर मांगना, वज्रांग की स्त्री का इन्द्र वैर शोधन की आकांक्षा करना, तप कर वर पाना, तारक का जन्म होना व तप करना; शिव का अजेय रहने का वर देना, तारक का असुर दल संघटित करना, कुंभ, कुंजभ, महिष, कुंजर, कालनेमि, निमिमेष, कथन, आदि १० वीरों को एकत्र करना, तारक, नमुचि आदि का देवताओं से युद्ध करना व जीतना, विष्णु का देवताओं को समझाना व तारक की सेवा करने को कहना, तारक का तीनों लोक का राज्य करना, दुखी हो कर देवों का ब्रह्मलोक में जाना, असुरों का देवों पर अत्याचार वर्णन, ब्रह्मा का उपाय बतलाना कि शिव पुत्र इसे मारेगा, इन्द्र का कामदेव को शिव के समीप भेजना, काम प्रताप वर्णन, शिव को बाण मारना व नेत्र खोल कर क्रोध युक्त देखने से काम का भस्म होना, रति का विलाप वर्णन, देवों का शिव स्तुति करना। रति को अतनु पति देना और पार्वती से शिव विवाह वर्णन व नारद का तप करने को कहना, पार्वती का तप के लिये माता पिता से आज्ञा लेना व समाधान करना, शिवा का उग्र तप प्राणायाम आदि करना, भूतों का बाधा पहुंचाना, गिरि वंश का भाग्य वर्णन, वन में सब का स्वाभाविक वैर त्याग वर्णन, देवताओं का शिव समीप जाना व प्रार्थना करना, शिवा से विवाह करने को कहना। विष्णु का शिव प्रशंसा वर्णन कि समय समय पर उन्होंने गौतम इन्द्र आदि के दुःखों को दूर किया और राक्षसों का वध किया, देवों को बिदा करना और सप्त ऋषियों को बुलाना और पार्वती की परीक्षा लेने भेजना, सप्त ऋषि पार्वती संवाद, शिवा का दृढ़ व्रत रहना, शिव का द्विज रूप में शिवा की परीक्षा लेना, विष्णु की प्रशंसा कर विवाह करने को कहना; पार्वती का दृढ़ व्रत रहना, शिव का साक्षात् रूप होना और शिवा को वर देना, देवताओं का शिवा की स्तुति करना व गृह को आना। शिव का हिमगिरि के द्वार पर जाकर शिवा को भिक्षा मांगना, उनके क्रुद्ध होने पर अपने रूप में विष्णु, ब्रह्मा, गणपति, शिव आदि रूप दिखलाना, देवों का बृहस्पति को हिमगिरि के समीप शिव निन्दार्थ भेजना व गुरु का समझाना, शिव का वैष्णव रूप में हिम शैल पर जाना, शिव निंदा व विष्णु प्रशंसा वर्णन, हिमगिरि को संभ्रम करना, शिव का सप्त ऋषियों को बु[illegible]ना, उनका स्तुति करना, शिव का तारक के वध का वर्णन करना, कुंभज [illegible] व अरुंधती का मैना से संवाद व शिव गुण वर्णन, ऋषियों का हिमगिरि को समझाना, सब देव, ऋषि, ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्रादि को निमंत्रण देना व सब का आगमन, शिव गणों का तय्यारी करना, विष्टंभ, कंदुक, पिप्पल आदि का ससैन्य भारी तय्यारी करना। पिंगलाक्षादि का वर्णन, बरात की तय्यारी, हिमगिरि का

निमंत्रण, नगर सजावट, गौरि पूजनादि वर्णन, बरात, अगवानी, हिमगिरि को राजमद होना, तब शिव का ब्रह्मा विष्णु से भिन्न भिन्न मंडल बना कर चलने को कहना, मंडल के विषय में मयना का नारद से ज्ञात करना और उनका प्रत्येक मंडल का वर्णन करना, सब देवों का भिन्न भिन्न वर्णन, शिव सेना देख कर मयना को मोह होना, व दुखित होना, ब्रह्मा का समझाना, हिमगिरि का भी समझाना, सब का शिव स्तुति करना, पार्वती का भी शिव वन्दना करना, विष्णु का मयना को समझाना, सब बरात में शिव की स्तुति गान व प्रभाव देख पड़ना, बरात का द्वार पर आना, मयना का आरती करना व शिव महिमा वर्णन, जनवासे का वर्णन, अनेक प्रकार की जेवनार का वर्णन, शुभासन व चरण प्रक्षालन, विष्णु आदि समेत वर्णन, चढ़ावा वर्णन व विवाह आगमन, मंडप शोभा वर्णन, शाखोचार वर्णन, गिरि का शिव से गोत्र ज्ञात करना, संभ्रम होना, शिव की नाद से उत्पत्ति का वर्णन, कन्यादान होना, ध्रुव-दर्शन, परिछन, मंगल, विनती आदि वर्णन, सरस्वती, लक्ष्मी, सावित्री, सखी, लोपामुद्रा, अरुन्धती, अहल्या, तुलसी, रोहिणी, शतरूपा का शिव से हास्य करना, शिव का समझाना, रति का विनय करना, काम को प्रगट करना, शिव-शिवा वर्णन, शिव का जनवासे में आना, हिमगिरि का शिव से अपनी त्रुटियों के लिये निवेदन करना, देवताओं का हिमगिरि की प्रशंसा करना, कलेवा वर्णन, गाली वर्णन, चौथे दिन सर्वाहुति करना, संस्रव प्राशन करना, गिरिजा के सिर अभिषेक करना, लहकौरि करवाना, कंकन उतारना, पांचवें दिन बिदा मांगना और सानंद बिदा करना, व प्रेम से विह्वल हो जाना, बरतौनी होना, गिरिजा को बिदा करना, मयना का विह्वल चित्त गिरिजा को बिदा करना व उपदेश देना, नारि धर्म वर्णन, पतिव्रत भेद वर्णन, गिरिजा का प्रेम सहित बिदा होना, शिव का कैलास जाना, व देवताओं का गृह प्रवेश कराना, आनन्द मनाना, शिव से बिदा हो कर शिव स्तुति कर के निज घर को जाना।

चतुर्थ खंड।

शिव के पास विष्णु आदि का जाना, शिव का सुरत में निरत रहना, देवों का स्तुति करना, शुचि का शिव वीर्य को कपोत रूप में ग्रहण करना, पार्वती का देवों को बांझ रहने से शाप देना, अग्नि को भी श्राप देना, देवों को गर्भ रहना व घबड़ाना, शिव स्तुति करना व रेतस को उलटवा देना, अग्नि से भी निकलवा देना, ऋषि पत्नी अग्नि तपने को गयीं, अरुंधती ने मना किया पर कृत्तिका के अंग से स्पर्श हो गया, उसने हिमगिरि में छोड़ा, फिर अमरनदी में डाला गया, देव नदी ने किनारे पर सरपत में डाल दिया, गिरिजा के कुचों में दूध का आ जाना, विश्वामित्र का बालक के समीप जाना, बालक का ऋषि से कर्म करने

को कहना, विश्वामित्र का ब्रह्मपुत्र न होने से निषेध करना, पुनः पुत्र मानना, कुमार को अग्नि का सांग देना, कुमार का पर्वत में मारना और उसका फट जाना व बहुत से दैत्यों का मरना, शैल के कथन पर इन्द्र का बालक को मारने के लिये उद्यत होना, एक दिव्य पुरुष का रक्षा करना, इन्द्र के वज्र मारने पर भी बालक को चोट न आना, इन्द्र का शिवा की स्तुति करना, कृत्तिका का उस पुत्र को लेने की इच्छा करना, बालक ने स्वयं षट्मुख कहा और वाद मिटाया, कुमार का इन्द्र के यहां जाना, इन्द्र का ज्ञात करना, तेज देख कर सभा का भयभीत होना, देवों का कार्त्तिक को गिरीश पर ले जाना, शिव-शिवा प्यार वर्णन, देवों की स्तुति, विष्णु का शिव से आज्ञा दिलाना, कुमार को तारक मारने के लिये, ब्रह्मा का स्वामिकार्तिक का निवास बनवाना, देवों का माला इत्यादि देना, नारद का अश्वमेध करना, वरुण का कार्तिक को बकरा भेंट करना, नारद का यज्ञ के लिये पकड़ना, अज का खुल जाना और सातों द्वीपों को जीतना, नारद का कार्तिक की शरण जाना, और उनका अज को पकड़ कर ला देना, पुत्रार्थ झगड़ने पर कार्त्तिक का माताओं को समाधान करना, विधि-हरि हर को सांत्वना देना, तारक का देवों पर चढ़ाई करना, नारद का समझाना, नारद का इन्द्र को समझाना, दोनों ओर युद्ध की तय्यारी होना, युद्ध वर्णन, मुचुकंद तारक युद्ध वर्णन, वीरभद्र युद्ध वर्णन, असुरों का हारना, तारक वीरभद्र युद्ध वर्णन, कार्तिक का युद्ध के लिये सन्नद्ध होना, कार्त्तिक तारक युद्ध वर्णन, तारक का मारा जाना, देवताओं का कार्त्तिक की स्तुति करना, बाण दैत्य का क्रौंच पर्वत में उपद्रव करना और युद्ध क्षेत्र से भाग जाना स्वामिकार्तिक द्वारा बाण का ससैन्य वध वर्णन। क्रौंच का स्तुति करना। त्रिलिंग की स्थापना करना, युद्ध से भाग कर प्रलंब का १९ करोड़ साथियों सहित शेष लोक में विध्वंस करना, शेष पुत्र कुमुद का स्वामिकार्तिक की शरण आना, सांग द्वारा उसका वध करना, सब का स्तुति गान करना, कार्तिक का विमान पर चढ़ कर कैलास जाना और ब्रह्मा विष्णु इन्द्रादि का वाहनों पर चढ़ कर साथ साथ चलना, शिव शिवा का कुमार को प्यार करना और देवों का स्तुति करना, गिरिपति का दानादि देना और सब देवों का विदा होना, स्कंद उत्पत्ति का पुनः वर्णन, शिवा को क्रोधित देख सान्त्वना देना, पार्वती का पुत्र की याचना करना, शिव का गणपति पूजन बतलाना, गणपति महिमा वर्णन, गणेश को मोटा देख चन्द्र का उपहास करना, गणेश का शाप देना, मोक्षार्थ चतुर्थी व्रत वर्णन, चौथ चन्द्रमा दोष निवारणार्थ द्वितीया दर्शन वर्णन, पार्वती का व्रत करना, शिव का प्रसन्न हो विहार स्थल निर्माण करना, गणपति का द्विज रूप में आना, पुत्र वर देना और स्वयं बाल रूप में शिवा के पलंग

पर आना, शिव-शिवा का उत्सव मनाना, विष्णु आदि देवों देवताओं का आशिर्वाद देना, शनि का आगमन, कर्म महिमा वर्णन, निज स्त्री (चित्ररथ की कन्या) की कथा व श्राप वर्णन, शनिदृष्टि से गणेश का शिर छिन्न हो जाना, सब देवों आदि का विलाप करना, शिव के कहने से विष्णु का उत्तर ओर जाकर गज शिशु का शिर लाना, शिव का प्रणव मंत्र से बच्चे को जिलाना सब का आशीष देना, शिवा का शनि को श्राप देना, रवि कश्यप का शिवा पर क्रोध करना, हरि का समझाना, गणेश नाम रख कर सब देवों का बालक को भेंट देना, पृथ्वी का चूहा देना, गणेश स्तोत्र वर्णन, कल्प भेद से गणेश की दूसरी कथा का वर्णन, शिवा के स्नान करते समय नंदी का द्वारपाल होना, शिव का जाना, शिवा का लज्जित होना, फिर मैल का पुतला बना जीवदान दे द्वारपाल करना, शिव का आगमन, द्वारपाल का रोकना, शिव गण और गणेश युद्ध वर्णन, शिवगणों का भागना, शिव का ब्राह्मण को समझाने भेजना और गणेश का न मानना व युद्ध में देवों को हराना, विष्णु-गणेश युद्ध व विष्णु का हारना, शिव का त्रिशूल से शिर काटना, सब देवों का स्तुति करना, शिवा का काल शक्तियों द्वारा देवों का नाश कराना व देवों का शिवा से प्रार्थना करना, शिव का गज शिर लाकर जिलाना और शिवा को शान्त करना, शिव का आशीष देना, गणेश का शिव को प्रणाम करना, सब देवों का शिव की स्तुति करना, कुमार गणपति में श्रेष्टता वर्णन, पृथ्वी के प्रदक्षिणार्थ दोनों को भेजना, पूर्व आने वाले का ब्याह व सम्मान करने को कहना, गणपति का चिन्ता करना और माता पिता की पूजा कर प्रदक्षिणा देना, माता पिता पूजन महिमा वर्णन, शिव जी ने गणेश का विवाह किया और श्रेष्ट माना, गणेश के दो पुत्र क्षम व लाभ का होना, गणेश पूजन महिमा व पूर्णिमा दर्शन महिमा वर्णन।

पंचम खंड।

शिवादि स्तुति, तड़ितमाली, तारकाक्ष, कमलाक्ष राक्षसों का तप वर्णन, ब्रह्मा का वर देना, नगर रचना, विमानादि से पूरित होना और तीनों का अलग अलग राज करना, उनका आनन्द व वैभव वर्णन, देवताओं का क्लेश पाना और त्रिपुर नाश की प्रार्थना करना, ब्रह्मा विष्णु और शिव के पास जाना, सब का शिव पूजन करना, सब गणों का त्रिपुर में जाना और शिवार्चन देख लौट आना, विष्णु का एक गण उत्पादन करना और उसे भिक्षा दे कर्मवाद परक सिद्धान्त समझा त्रिपुर में प्रचारार्थ भेजना और नास्तिकता फैलाना, नारद का शिष्य होना जिसे देख त्रिपुरासुर भी मोहित हो गया व प्रतिज्ञा कर शिष्य बन गया, वंचक मत त्याग एक मत होने को कहना, जीव दया का प्रचार करना, चार दानों को

मुख्य बताना। रोगी को औषधि, भयभीत को अभय, भूखे को अन्न और विद्यार्थी को विद्या देना, शिवार्चन छुड़ाना, वेद मार्ग पर चलाना, देवार्चन आदि का छूटना, जैन मत का प्रचार होना, ब्रह्मा विष्णु संवाद वर्णन, जैन मत उत्पत्ति व त्रिपुर मोह वर्णन, शिव का पुत्र को देख आनंद मानना, शिव का कुंभोदर को भेजना। देवताओं का भयभीत होना, विष्णु का समझाना और शिव आराधना करने को कहना, शिवार्चन होना, और त्रिपुर नाशन की विनय करना, शिव का अमृत कूप पीने के लिये हरि को वत्स रूप और ब्रह्मा को गौ बना कर भेजना और अमृत कूप पीना। शिव गण, नंदी, गणेश, कुमार का प्रगट होना और शिव शासन बतलाना तथा देवों से उत्तम रथ तैयार करने को कहना, विश्वकर्मा का रथ व शस्त्रादि तय्यार करना, विष्णु का शिव से रथ पर चढ़ने को प्रार्थना करना, शिव का गणेश से प्यार करना व पूजना, प्रस्थान व विष्णु ब्रह्मादि का साथ चलना, शिव का नाद करना, त्रिपुर का एक साथ होना, देवों का प्रसन्न होना व शिव से त्रिपुर विनाश को प्रार्थना करना, शिव का बाण छोड़ना और त्रिपुर का विनाश होना, ब्रह्मा-विष्णु आदि देवों का स्तुति करना, शिव का शान्त होना, अरिहन्त का शिष्यों सहित आना और शिव को प्रणाम कर छल के पाप मोचन की प्रार्थना करना, शिव का कलि में प्रभाव दिखाने को कहना, मय का प्रार्थना करना और शिव का तलातल में रहने को कहना, कश्यप की स्त्री दनु से दानवों की उत्पत्ति, मयदानव का तप वर्णन, शिव का प्रसन्न होना, मय की स्तुति, शिव का वर देना, सुर-असुर को समान भाव से मानना, अपनी भक्ति रखने को कहना, विश्वकर्मा की उपाधि देना, जालंधर कथा वर्णन, शिव का भीम रूप धारण करना, हरि का शिव से ज्ञात करना, इन्द्र का भी ज्ञात करना, ब्रह्मा का ज्ञात करना, उत्तर न देने पर इन्द्र का क्रोध करना, वज्र मारना, शिव कंठ नीला होना और वज्र का जल कर भस्म होना, रुद्र का अग्नि रूप होना, इन्द्रादि का भयभीत होना, बृहस्पति का प्रार्थना कर क्रोध शांत कराना, शिव-तेज को दूर फेंक देना जिससे जालंधर की उत्पत्ति होना, बालक के रुदन से सब का भयभीत होना, सिंधु का ब्रह्मा को पुत्र देना। जालंधर का तप करना और कालनेमि की कन्या वृन्दा से विवाह करना। उसका प्रताप वर्णन, जालंधर के यहां राहु का आना, शुक्र से छिन्न शिर कथा ज्ञात करना, शुक्र का समुद्र मंथन कथा वर्णन, शिव का विष को पान करना, उत्तम रत्न हरि ने लिये, सुरा राक्षसों को दी, छल से अमृत देवों को पिलाया, राहु देवों के बीच में जा बैठा, अमृत पी लिया, परन्तु विष्णु ने शिर छिन्न कर दिया, जालंधर का इन्द्र के पास रत्न लेने को दूत भेजना और इन्द्र का पूरा राक्षस व पहाड़ों के पंख तोड़ने आदि की कथा कहना, विष्णु द्वारा शंखासुर का

बध, दूत का जालंधर प्रताप वर्णन, इन्द्र का न मानना, जालंधर का सुरपुर पर चढ़ाई करना, मरे देवों को बृहस्पति का दिव्यौषधि द्वारा जिलाना, मृत राक्षसों को शुक्र का जिलाना, देवताओं का हारना व जालंधर विजय वर्णन, देवों का विष्णु को शरण जाना, स्तुति वर्णन, विष्णु का युद्ध के लिये प्रस्तुत होना, लक्ष्मी का भाई का पक्ष ले मना करना, विष्णु-जालंधर युद्ध वर्णन, गरुड़ का घायल होना, विष्णु का युद्ध से प्रसन्न हो जालंधर को वर देना, उस के निज घर में विष्णु लक्ष्मी निवास होने की इच्छा करना, देवों से सब रत्नों का लेना, प्रजा का प्रीति से पालन करना, देवों का शिव स्तुति करना, शिव का आकाश वाणी द्वारा अभय वर देना, नारद जालंधर संवाद, शिवा को लेने के लिये शिव के पास राहु को भेजना, शिव का क्रोध करना व एक गण का उत्पन्न होना, दूत का भयभीत हो भागना, शिव का छुड़ाना, जालंधर का शिव पर चढ़ाई करना, वृंदा का समझाना, देवों का शिव से चढ़ाई का वर्णन करना, शिव का निज अंश होने से त्रिशूल से न मारने को कहना, देवों का निज तेज देना व शिव का शस्त्र बनाना, जालंधर का शैल समीप जाना, शिव का भी ससैन्य उतरना, शिव जालंधर युद्ध वर्णन, शुक्र का मृत राक्षसों को जीवित करना, देवों का शिवा से वर्णन करना, रुद्र का कृत्या उत्पन्न करना, शुक्र को चुरा कर ले जाना, असुरों का संहार होना, शुंभ, निशुंभ, कालनेमि आदि का युद्ध करना, नंदी, कुमार व गणेश का प्रबल युद्ध करना, असुर दल का विकल होना, वीरभद्र का असुर सेना नाश करना। शुंभादि का घायल होना। जालंधर शिव युद्ध वर्णन, नंदी का असुरों को मारना, जालंधर का शुंभादि को संग्रह करना, शिव का जालंधर के रथ ध्वजादि खंडित करना, उसका माया करना शिव का मोहित होना, जालंधर का शिव रूप में गिरिजा के पास जाना व जड़ होना, शिवा का अन्तर्धान होना, शिवा का हरि को उसके पुर में भेजना, शिव का मोह दूर होना, वृन्दा का पति मृत्यु का स्वप्न देखना, हरि का जाना, वृन्दा का वन में जाना व दो राक्षसों का देखना, भयभीत होना, तपसी के कंठ से लिपट जाना, मुनि का क्रोध करना, राक्षसों को भगाना दो बन्दरों का आना, वृन्दा के सामने जालंधर का बध कर डालना, वृन्दा का रुदन करना, तपसी का जीवित करना, वृन्दा व जालंधर संयोग होना, एक बार विष्णु रूप रखना और वृन्दा का तप भंग होना और श्राप देना, विष्णु का समझाना, शिव महिमा वर्णन करना, राक्षसों का माया करना, गिरिजा को शुंभ निशुंभ का मारना व तंग करना, शिव का श्राप देना कि गिरिजा के हाथ से तुम्हारा बध होगा, जालंधर शिव युद्ध वर्णन, नंदी का भागना, शिव का चक्र से जालंधर का बध करना, देवों का स्तुति करना, सौमिनि, विमर्षण, चन्द्रसेन, आदि के उद्धार

का वर्णन, वृन्दा को देख विष्णु को मोह होना, देवों का स्तुति करना, त्रिभव रूप को देख कर विष्णु का मोहित होना, विष्णु का शिव आराधना करना व तप में लीन होना, प्रसन्न हो कर शिव का विष्णु को चक्र सुदर्शन देना व उसकी महिमा का वर्णन, कश्यप को स्त्री दनु से विप्रचित्त का होना, उससे वृषपर्व की उत्पत्ति, उसका तप करना व प्रबल पुत्र मांगना, शंखचूड़ की उत्पत्ति, उसका तप करना व ब्रह्मा का वर देना, तुलसी का तप करना, शंखचूड़ संवाद व विवाह, देव-दानव युद्ध, देवताओं का पराजय, चन्द्रचूड़ का राज्य करना, चन्द्रचूड़ के पूर्व जन्म की कथा, राधा के श्राप से सुदामा का राक्षस होना, गोलोक वर्णन, सुदामा का राधिका को रोकने के कारण श्राप देना, विवाह वर्णन, वैकुंठ वर्णन व महेश महिमा कथन, कैलाश में देवों का जाना, शिव से शंखचूड़ को मारने की प्रार्थना करना, शिव का प्रसन्न हो वचन देना, शिव का पुष्पदन्त को शंखचूड़ के पास समझाने को भेजना, काल की महिमा का वर्णन, पुष्पदन्त का लौटना, रुद्र का युद्ध की तैयारी व ससैन्य प्रस्थान, वीरभद्र, नंदी, भृंगी आदि का चलना। भूत प्रेत सेना का विस्तृत विवरण, शंखचूड़ का युद्धार्थ गमन व दूत का शिव समीप भेजना, दूत शिव संवाद, शिव का समझाना, दूत का असुरों के संहारकारी पूर्व वर्णन कहना, देव दानव युद्ध, वृषपर्वा इन्द्र, गोश्रुति गणेश, कालंबिक जलेश, कालकेय कुबेर, विप्रचित्त, दिनेश, राहु क्षपेश, काक्ष कुज, शुक्र बृहस्पति, मय विश्वकर्मा, वर्चस वसु, दीप्तिमान अश्वनीकुमार युद्ध, वीरभद्र, नंदी, गणेश आदि का युद्ध में प्रवृत्त होना, शंखचूड़ से युद्ध होना, देवों को निर्बल जान तेज देकर कुमार को भेजना व सौ अक्षौहिणी सेना का नष्ट करना, शंखचूड़ कुमार युद्ध वर्णन, चन्द्रचूड़ वीरभद्र युद्ध, शिव का संतोष प्रकट करना, पुनः युद्ध होना, काली का गर्जन करना, शंखचूड़-कुमार युद्ध वर्णन, गरुड़ास्त्रादि चालन, शंखचूड़ का चक्र मारना, काली का रक्षा करना, काली-शंखचूड़ का युद्ध, आकाशवाणी का होना व काली से युद्ध निषेध, शिव द्वारा मृत्यु वर्णन, शिव शंखचूड़ युद्ध वर्णन, शूल का मारना, चन्द्रचूड़ का हृदय फटना व उससे एक पुरुष का निकलना व उसका सिर काटना, काली का असुर सैन्य भक्षण करना, जोगिनी का रण में फैलना व असुर सेना नष्ट होना, देवों का प्रसन्नता प्रकट करना, शंखचूड़ का माया करना, माहेश्वरास्त्र से शिव का नष्ट करना, आकाश-वाणी होना कि कृष्ण कवच व सती स्त्री के कारण इसका नाश नहीं होता, शिव का हरि को बुलाना और उन्हें कवच मांगने को ब्राह्मण रूप में भेजना व उससे मांग लाना, शंखचूड़ रूप से उसकी स्त्री का सतभंग करना, शिव का त्रिशूल से शंखचूड़ का वध करना, देवों का स्तुति करना व उसका सुदामा रूप में

गोलोक को जाना, विष्णु का तुलसी छलन कथा वर्णन, विष्णु का शाप से शालिग्राम रूप में होना, तुलसी का पतिव्रत भंग करना, विष्णु का समाधान करना, अंधक कथा, दिति का तप कर कश्यप से वर लेना, अंधक की उत्पत्ति, देवों का भयभीत होना व तप कर देवों को हराना, रत्नादि लेना, कश्यप का दैत्यों को समझाना व अंधक का शिव भक्ति व उग्र तप करना, देवों का शिव स्तुति करना व वर देने को अंधक को कहना, उसका शिव बिन अवध्य वर मांगना, अंधक का देवों को विजय करना व रत्न अप्सरादि लेना, देवों का विष्णु से निवेदन करना, विष्णु का चक्र चलाना, शिव का रक्षा करना, विष्णु का शिव स्तुति करना, शिव का समझाना, विष्णु का अंधक से वर मांगने को कहना, उसका शंकर भक्ति रहित होना और सब लोकों पर राज्य करना, देव-मुनि का दुःख पर विचार करना और मुनियों को शिव के पास भेजना, शिव स्तुति वर्णन, शिव का मंदार माला दे अंधक के यहां नारद को भेजना, नारद से माला की महिमा सुन कर युद्धार्थ अंधक का गमन, शैल का बाग की रक्षा करना, गणेश अंधक युद्ध, शुक्र का पकड़ ले जाना, देव दानव युद्ध, दैत्यों का प्रमथ को भयभीत करना, शिव का रथ पर चढ़ कर युद्धार्थ गमन, दैत्यों के यहां शुक्र को भेजना। असुर शिव युद्ध व त्रिशूल से अंधक को मारना, अंधक को ज्ञान होना, स्तुति करना व गणों में सम्मिलित करना, बाणासुर की उत्पत्ति का वर्णन, शिव भक्ति व तप से वरदान पाना व विजय करना, शिव विहार वर्णन, अप्सराओं का शिव गण व उषा का शिवा रूप में आना, शिव का जानना और स्वप्न में पति मिलने को कहना। बाण का युद्धार्थ शिव से कहना व शिव का कृष्ण से होने का वर्णन कर ध्वजा चिन्ह देना, उषा का स्वप्न देखना, चित्रलेखा का अनिरुद्ध को लाना व ऊषा-अनिरुद्ध विहार वर्णन, द्वारपाल का बाण से कहना, अनिरुद्ध से राक्षसों का युद्ध व बहुतों को मारना, बाण का पकड़ना व मारने को उद्यत होना, अनिरुद्ध का भर्त्सना करना, आकाशवाणी होना, नारद का कृष्ण को सूचना देना, कृष्ण का ससैन्य बाण पर चढ़ाई करना, शिव का बाण की सहायता करना, शिवकृष्ण युद्ध वर्णन, हरि-बाण युद्ध वर्णन, कृष्ण का शिव स्मरण कर बाणासुर की ४ भुजा छोड़ शेष काट डालना, कृष्ण का शिव स्तुति करना, शिव का कृष्ण और बाण से संधि कराना, शिव का बाण को गणपति की पदवी देना, बाण का स्तुति करना, महिषासुर वध होने पर उसके पुत्र गजासुर का दुखित होना व घोर तप करना, देवों का भयभीत हो ब्रह्मा के पास जाना, ब्रह्मा का गजासुर को वर देना, गजासुर का देव ब्राह्मणों को दुःख देना, देवों का शिव से प्रार्थना करना, शिव का युद्धार्थ सन्नद्ध होना व गजासुर वध वर्णन, गजासुर का

शिव स्तुति करना व इष्टगंधि वर पाना, मोक्ष होना, दुंदुभि निहादि का देव मुनियों पर अत्याचार करना, काशी में द्विजों को सताना, शिव का उसे वध करना।

Note.—शिवपुराण का महानंद वाजपेयी ने भाषाबद्ध छन्दों में अनुवाद किया है। इसके दो भाग हैं। पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध। इस पूर्वार्द्ध भाग में ५ खंड और २१९ अध्याय हैं। इसकी भूमिका ठाकुर शिवसिंह सेंगर ने अपने हाथ से लिखी है और उसमें उनका हस्ताक्षर भी है। भूमिका में रचयिता का नाम महानंद वाजपेयी लिखा है जो डलमऊ निवासी थे। सं० १९२६ से १०५ वर्ष पूर्व उनका देहान्त हुआ जैसा कि ठाकुर साहब ने उल्लेख किया है। ठाकुर साहब ने संशोधन करने का भी उल्लेख किया है जो शायद अन्य किसी प्रति में किया होगा। इसमें कोई चिन्ह संशोधन का नहीं है। ग्रंथ शिवपुराण बड़ा और काव्य रचना अच्छी है। काव्य रचना में भी महानंद का नाम आया है तथा कहीं कहीं खंड की समाप्ति पर भी दिया है। सेंगर जी को यह ग्रंथ सं० १९२६ में मिला था और प्रतिलिपि सं० १९२७ में करवायी थी। कांथा का भी वर्णन किया था। उनके पितादि का भी परिचय है। उन्होंने स्वयं वर्णन किया है:—

श्री वाजपेयि गुन गण निधान। विख्यात महानंद सब जहान॥
तिन्ह भाषा कीन्ही शिवऽस्मृति। दोहा चौपाई छंद वृत्ति॥

रोला छंद—वास भो कैलाश में नहि ग्रन्थ कोन्ह प्रकाश। विस्तार छत्तिस सहस भाषा ग्रंथ है मतिरास॥ यदपि चौबिस सहस हैं शिव कौ पुराण अनूप। तदपि भाषा ह्वै गयो छत्तीस सहस स्वरूप॥ उन्नीस सौ छत्तीस संम्वत में लह्यो हम ग्रंथ। हित सर्व जनकौ ठानि कै करि दीन सलिल सुपंथ॥ अर्थात् उर्दू प्रथम उल्था छापि दीन्हौं याहि। जो चहै लेवै ग्रंथ कौं तिन काहि दुर्लभ नाहिं॥ पुनः भाषा ग्रंथ में लखि छिद्र छुद्र अनेक। सुद्ध कीन्हौं तिन्हहिं जिय में धारि भूरि विवेक॥ खंड ग्यारह संहिता है सप्त यामे ग्राम। कथा जाकी जान्हवी सम देत मुक्ति ललाम॥ लखनऊ ते कोस दस दक्षिन बसै एक ग्राम। महावीर विराजहीं जहं कहत कांथा नाम॥ वंश शृंगीशान्ता जहं ऊर्वीपति साज। धर्मधर क्षत्री विराजैं विधा से द्विजराज॥ करत रक्षा जनन को जहं शूलपाणि महेश। मम पिता हैं तहं भूमिपति रनजीत सिंह नरेश॥ धर्मकर्त्ता शत्रुहर्त्ता शास्त्रवेत्ता दानि। प्रजाभर्त्ता दयाधर्ता विजय जश की खानि॥ रिपु भए बनचारी सुखारी मित्र जाके सर्व। संग्राम में जिन शत्रु कौ सब दूरि डारयौ गर्व॥ मार्तण्ड द्वितीय लौं है प्रगट तेज अखंड। अनल से प्रज्वलित है भुजदंड चंड प्रचंड॥ यदपि सेवक भृत्य गन बहु रहत निस दिन पास। तदपि शिव पर पुष्प

शैलुष टूरि अर्चत खास॥ श्रवन वेद पुरान कौ उसरन गौरी कन्त। रज त्यागि सत्यहि धरत निस दिन मनहुं योगी संत॥ भक्ति भूसुर वृंद को गोविंद पद रति ओज। गाय गाय सुनावहीं जस गाथ वंदी रोज॥

कवित्त—मनसब दिलो ते लखनऊ ते खैरखाही लंदन ते खुलत विसाति विना सकसे। भारभुज दंडन संभारे भुव मंडल कौ जाको धाक धाई धराधीश धकाधक से॥ हांक सुने हालत हरोफ नाकदम होत कहै विश्वनाथ अरि गिरै जाके मकसे। कहांलौं सराही तेरे उरकी उमाही भूप रनजीत सिंह तेरे पातसाही नकसे॥ १॥ देवन अदेव भूत भैरवादि वचि जात वचि जात जक्ष कूष्माण्ड की कटक ते। वचि जात हूलहू त्रिशूलहू से वचि जात वचि जात सरप शूल सूल की सपट ते॥ वचि जात आधि व्याधि घात हू से वचि जात वचि जात वर व्याल व्याघ्र की दपट तें॥ वचि जात यमसों जमाति जोरि जमन को वचत न अरि रनजीत की झपट ते॥ २॥

भुजङ्ग प्रयात:—प्रजा जासु फूली फली सुख भरी सो। मनो पाय रितु राज कानन हरी सो॥ विराजै जहां शास्त्री शुक्ल वैनी। गुरु देव मम स्वर्ग की है नशैनी॥ अभयजीव हैं है न रोगादि भीता। सुधा से लसैं मिश्र श्रीराम सीता॥ बड़े ज्योतिषी राज मंत्री बलो हैं। मनो भाष्यकर गर्ग से मंगली हैं॥ महाराज श्रीमान से मान पायो। रह्यो मान वाके न जो मान लायो॥ त्रिपाठी गणिकलाल मोहन विराजै। जकी देखि जेहि ज्योतिषी को समाजै॥ गणित जासु को ब्रह्म लिपि लौं सही है। मनो देह मानुष्य धातें गही है॥ ज्वलित ज्वाल जनु शेष दूजौ विराजै। पुराणज्ञ श्री ईश्वरी शुक्ल भ्राजै॥ पठे सर्व इतिहास अरु आयुर्वेदै। लहे युक्ति सों काव्य कोशादि भेदै॥ दिलो मित्र सब के अमी सौ कला मैं। मिधानाथ भोला गहे युग्म वामैं॥ पठै संस्कृत आरबी फारसी हैं। सबै इल्म अंगरेज की आरसी है। रह्यो शेष जासों न विद्याश अंगा। अवस्थी हैं अभिधान विख्यात गंगा॥

रोला—सर्व मन रंजन विभंजन दुःख सज्जन मित्र।
दुष्ट दल गंजन गुणालय सर्व गुन को चित्र॥
गर्वहर हरभक्त श्री गुरु वक्त मेरे भ्रात।
मूर्तिमान त्रिदेव लौं है धरे मानुज गात॥
ज्येष्ट श्रेष्ट दयाल मम भ्राता सहोदर तात।
महीपति है नाम मानो मही रवि दरशात॥
नाम मम शिव सिंह है शिवचरण रज को खोज।
भद्रायु लौ सुख लहत निसुदिन पाय दिल को मौज॥

(पन्ना ३२) और कपिला तेहि आघाना । जोह लखि होत बहुत सुखनाना ॥
कपिलाश्रम जहं अघ गण हारो । लपतहि मुनिवर सब सुखकारो ।
तहं एक विप्र भयो मखकर्ता । सोम याजि कुल भव कुल भर्ता ॥
दोक्षित सो परि पूरण कामा । यज्ञदत्त शुभ तेहि कर नामा ॥
मख विद्या महं परम प्रवीना । राजमान्य बहु धन नहिं दीना ॥

छंद—कछु काल बीते सु मुनि तिन के भयहु सुत शुभ कालही ।
सब कोन जातक कर्म द्विज वर यज्ञदत्त स्ववालही ॥
अरु नाम धरेहु विचारि गुण निधि और चूड़ाकर्म हो ॥
उपनयन कीन्हेउ निगम संमत दीन दान सुधर्म हो ॥

No. 252(*b*). Śivapurāṇa (Uttarārdha) by Mahānanda Vājapeyī of Dālamaū (Rāe Bareli). Substance—Foreign blue paper. Leaves—688. Size—12½ × 8 inches. Lines per page —32. Extent—17,200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1928 or A. D. 1871. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Siṁha Seṅgara, Kāṇṭhā, District Unāo.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्री गौरीशंकरायनमः ॥ श्री गुरुचरण कमलाभ्यां नमः ॥

वंदे देवमुमापतिं गुणगतिं विष्णुआदि देवस्तुतं । मायाधीश मनोशमाकृतिकरं मायापरं शंकरं । दीनोद्धार विहार कारमनिशं माया विदां मानदं । ब्रह्मज्ञान विशारदं पशुपतिं भक्तप्रियं सत्क्रियम् ॥ १ ॥ वंदे महानंद विदां महेशों दुर्गासु दुर्गाति हरां भवांबाम् । दीनोद्धरात्ताक् निमार्ति संदां भक्तप्रियां स्कंदप्रसुं सुरूपाम् ॥ २ वंदे स्कंदं च हेरंबं विष्णु ब्रह्माणमेव च । अन्यान् शिवजनान् वंदे स्वकृतेः पूर्ति हेतवे ॥ ३ ॥

दोहा—विनवहु गिरिजा शंभु पद षण्मुख गणपति पाद ।
हरि विधि मुख सुर मुनि सकल बंदहु नशहिं विवाद ॥ ४

सूतउवाच—सुनि अंधकासुर नाश मंदर शैलगत शिव चरित हो । मुनिनाथ नारद धात सो तव टानि उर शंका कहो ॥ हे तात विधि सुनि अंधकासुर नाश मम शंका भयो । सोइ पूछहुं सविवेक भाषहु हरहु शंका जो जयो ॥

दोहा—कबहि गयो शिव मदराचलहि त्यागि कैलाश ।
सोइ कहहु शिव चरित हो मोहि सुनवे को आश ॥

End.—आइ गये तब सुभग विमाना। लेन सपति तेहि दैनिक नाना॥ तब भे दंपति दिव्य सुदेहा। चढ़ि विमान चलसे सुसनेहा॥ दिव्य भोग संयुक्त बनाइ। शिव मंदिर गे गण गति पाई॥ शिवगण तेहि कर नायक भयऊ। रहेहु मुदित नित दुख नसि गयऊ॥ सोइ शारदा सखि गिरिजा का। भै प्रकटितहु शुभाकृति जाकी॥ यह हम कहेउ पुण्य आख्याना। पढ़त सुनत कहं सुखद बखाना॥ हिय भुक्तिद उत मुक्ति दया है। सब विधि नाशत हे दुखदा है॥ यहि ते बाढ़त बहु आयुर्बल। रोग न रहत लसत तन अविकल॥ सुर संपति धन धान्य विवर्द्धन। यह आख्यान सुमंगल साधन॥ त्रिय गन को सौभाग्य बढ़ावन। संतति प्रद बहु चेत जुड़ावन॥ उमा महेश्वर संज्ञक यह व्रत। यहि ठाने सुख उपजत अविरत॥ यह मुनिवर व्रतराज कहावत। यहि कीन्हे जन सब सुख पावत। यह व्रत हवहि शिवा शिव प्यारा। यहि कीन्हे सब नसत विकारा॥ यहि व्रत की महिमा सर्वोपरि। होति शिवा शिव रति यहि व्रत करि॥

इति श्री वाजपेयि, वंशोद्भव श्री ठाकुर प्रसादात्मज श्री मन्महानंद विरचिते भाषा श्री शिवपुराणे शिव विष्णु दशमस्कंधे ब्रह्मानारद संवादे उमा महेश्वर व्रत माहात्म्य वर्णनोनाम चतुर्विंशोऽध्याय॥ २४॥ समाप्तम् शुभं भूयात्॥ चैत्र शुक्ल १४ लिख्यते॥ ललित किशोर वाजपेयिना॥ राम राम शिव शिव राम इति

Subject.—पष्ठखंड—शिव का काशी जाना और सब देवों का भी पहुंचना व शिव दर्शनादि व मणिकर्णिका स्नान करना। शिव—विश्वेश संवाद वर्णन, शिव का काशी निवास व शासन वर्णन। गिरिजा का अन्नपूर्णा रूप में निवास। भैरव महिमा व विधि का पंचम शिर काटने का उल्लेख वर्णन व कपाल मोचन तीर्थ वर्णन। आनंद वन का वर्णन व हरिकेश को तप करते देखना। उसे दंडपाणि बनाना और वरदेना। विघ्न से गुह व अगस्त्य का काशी से चले जाना, वैश्य धनंजय का दंडपाणि का शासन मानना। रत्नभद्र पुत्र हरिकेश का चरित्र वर्णन जो यक्ष मुनि और धनी था। वैभव वर्णन, शिव भक्ति कथन।

दुर्ग असुर का वर्णन, शिवा के मारने से दुर्गानाम होना। दिवोदास कथा वर्णन, स्वायंभुव वंश में रिपुञ्जय का होना। काशी में तप करना, अकाल से धर्मलोप होना। ब्रह्मा का रिपुञ्जय से राज्य करने को कहना व वचन लेना कि देव व नाग क्षिति पर न आवें।

मंदर गिरि का तप वर्णन, शिव का जाना और निज मूर्ति पर लिंग स्थापन करना, शिव का मंदराचल में निवास करना। अन्य देवों का भी जाना, रिपुंजय का काशी में राज्य करना। देवों का विघ्न करना और अग्नि को कार्य

करने से निषेध करना। राजा का संतोष देना और दिवोदास का शान्ति पूर्वक राज्य करना। दिवोदास प्रभाव वर्णन। देवों का ब्रह्मा के पास पास उनका विष्णु के और विष्णु का सब के साथ शंकर के पास जाना।

शिव का योगिनी गण को काशी में विघ्नार्थ भेजना व उनका असफल होना। सूर्य्य को विघ्नार्थ भेजना, काशी का प्रभाव वर्णन। १२ सूर्य्यों का चरित्र वर्णन और उनकी महिमा। काशी निवास वर्णन, कोई विघ्न न मिलना। शिव का ब्रह्मा को भेजना और राजा को यज्ञ करने को कहना। ब्रह्मेश्वर लिंग स्थापन कराना व ठहरना। शिव का दुखित होना शंकुकर्ण महाकाल गणों को भेजना। उनका भी न टिकना। अन्य बहुत से गणों का भेजना व काशी का बसना। गणेश को भेजना और माया करना। विप्र रूप से सब को संतुष्ट करना। रानी लीलावती का विप्र को बुलाना और भविष्य ज्ञात करना, राजा को भयद कारण ज्ञात करना। गणेश का कारण बता कुछ दिन पीछे एक द्विज मिलने को कहना व राजा को छलना। गणेश का विलमना, विष्णु को भेजना, विष्णु के स्नान स्थान का पादोदक तीर्थ होना, आदि केशव, क्षीरोदधि, कृतिका क्रिय, संखतीर्थ, अरि तीर्थ, गदा पद्मतीर्थ, रमा, गरुड़, नारद, प्रह्लाद तीर्थ वर्णन। गणेश का विज्ञानोपदेश देना। राजा को निर्वेद होना और विप्र-राजा संवाद वर्णन। रणञ्जय का राजत्याग का निश्चय और पुत्र स्त्री आदि को बुलाना और विमान पर बैठ कर शिवपुर को जाना।

ज्येष्ठ पुत्र को राज देना। गणेश और विष्णु का कृतकार्य्य होना, गरुड़ को शिवजी के पास संदेशार्थ भेजना, शिव का काशी को प्रस्थान। हरि आदि का सादर लेना व स्तुति वर्णन। सब देवों से अंशरूप में टिकने को काशी में कहना। शिव जी का दिव्य रथ पर काशी में प्रवेश वर्णन। जैगीषव्य योगी का समाधि वर्णन, गण भेज कर पास बुलाना। गुहा का वर्णन व शिव का वरदान देना।

काशी से सुमेरु पर शिव के जाने पर ब्राह्मणों का सन्यस्त व्रत लेना और काशी के सम्पूर्ण तीर्थों में भ्रमण करना, शिवजी के लौट आने पर ब्राह्मणों का स्तुति करना और शिव का प्रसन्न होना, वर देना और बहुत संतोष प्रकट करना। विश्वकर्मा का विश्वेश्वर भवन निर्माण वर्णन, उसका ऐश्वर्य कथन, मयना का हिमालय से पार्वती से मिलने की इच्छा प्रगट करना। हिमालय का अपार सम्पत्ति व सामिग्री लेकर जाना, काशी की सम्पत्ति देख कर चकित होना। हिम का विधि समीप ठहरना, वरुणातट प्रासाद निर्माण, शिव-शिवा गमन। हिम का शिव स्थापन करना और लौट जाना, शिव-शिवा का वर देना, अनादि लिंग तीर्थ वर्णन जिसका शैलेश्वर रत्नेश्वर हुआ। त्रिलोचनादि तीर्थ वर्णन, शिव का

अभिषेक वर्णन, देव स्तुति कथन। शिव का विष्णु आदि को भक्ति वर देना, महानंद विप्र की कथा, चाण्डाल दान लेना, तिरस्कार होना, ठगों का घेरना, छल से ठगों को मारना, उनका कुक्कुट होना और शिव भक्ति में रत हो मुक्त होना और कुक्कुट मंडप तीर्थ होना, घंटा रव होना, नंदी, शिव, गणप का जाना, शृंगार मंडप में विश्वनाथ लिंग स्थापन करना, वेदादि का स्तुति करना।

खंड सप्तम।

शिव वंदना, ब्रह्मा का १०० अवतार कथा वर्णन। निराकार स्वरूप वर्णन। रुद्र, ब्रह्मा के पुत्र, चार शिष्यों के साथ शिव की उत्पत्ति, वामदेव अघोर स्वरूप, ईशान, वसु, सूर्य, चन्द्र, अर्द्धनारीश्वर, योगरचयिता, श्वेत तारदमन, होत्र कंकण, जैगीष, ऋषभ, भृंगी, अत्रि, वालि, गौतम, वेदशिर, धेनुकर्ण, दारुक, लांगुलि, त्रिशूली, नंदी और भैरव रूप होना। वीरभद्र, शरभ, हर, महाकाल के दशरूप व दस देवी पति होना। एकादश रुद्ररूप, गृहपति, वृषेश्वर, पिप्पला, अवधूत, हनुमान, शंभु, वैश्य, द्विजेश, भिल्ल उद्धारार्थ शंकररूप, हंस हो (नल-दमयंती को मिलाया) सत्यरथ के पुत्र को जिलाना। पार्वती परीक्षार्थ (जटिलरूप) साधू, अश्वत्थामा, किरात, गोरक्ष, शंकराचार्य, मिहिरमित आदि रूप वर्णन।

सौमिनि रूप से शबरों का उद्धार करना, भद्रायुध का अभिमान तोड़ना, भस्मासुर व कालनेमि वध कर्ता। शिव के अन्य कार्यों का उल्लेख, महिमा वर्णन। भूत प्रेतादि का प्रभाव। कैलाश वर्णन। लोहित शिशु व सुनंदादि ४ शिष्यों का वर्णन, कल्परक्त, वामदेव व विरजादि ४ पुत्र उत्पन्न करना। तत्पुरुष रूप होना, अघोर रूप धारण करना, पंचम ईशान रूप का वर्णन। इन सब रूपों ने सृष्टि उत्पादनार्थ ब्रह्मा को सहायता दी। अष्टावतारवर्णन शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, पशुपाल, ईशान और महादेव का वर्णन। स्थान-क्रमशः— पृथ्वी, जल, अनल, पवन, नभ, क्षेत्रज्ञ, सूर्य, शशि, कार्य-उत्पादन, नारीश्वरावतार वर्णन, मैथुनी सृष्टि कारण, ब्रह्मा का स्तुति करना। शंकर, विजगीष, श्वेतादि, विशोकादि, लोकाक्षि आदि २८ अवतारों का वर्णन, व्यास आदि का ज्ञान देने व योग सिखाने तथा सविता मंत्र देने के लिये दिवोदास व विजगीष तप वर्णन व शिव का काशी छोड़ सुमेरुगिरि पर जाना, देवों को विदा करना, योगिनी आदि को भेजने का वर्णन, दिवोदास का शिवपुर गमन।

दधिवाहन रूप से व्यास को पुराण रचनार्थ ज्ञान देना। कपिल व आसुर रूप से ज्ञान विस्तार करना। ऋषभावतार से ४ शिष्यों के साथ व्यास को ज्ञान देना। ऋषभ चरित्र वर्णन, भद्रायुध नृप का उद्धार करना आदि। भृंग का अवतार ले भृगु को सहायता देना। भृंग के ४ पुत्रों का वर्णन। तप रूप से व्यास को कलियुग का मार्ग बतलाना। १२वें द्वापर में भरद्वाज को अत्रि रूप से रचनार्थ सहायता

देना। वालि व गौतम रूप से श्रुति रचना में व्यास के सहायक होना। वेद शिर से व्यास को बोध देना, हिमगिरि मैना को समझाना। गोकर्ण रूप से धनंजय को सहायता देना। गुहावासी अवतार से व्यास को सहायता देना।

अठारहें द्वापर से २७वें तक १० अवतार वर्णन। शिखंडी, जटामाली, अट्टहास दारुक, लांगली महाकाय, शूली, दंडी मुंडीश्वर, सहिष्णु सोमशर्मावतार वर्णन, प्रत्येक के चार चार पुत्र हो कर भिन्न भिन्न द्वापर में भिन्न भिन्न व्यास को सहायता देना। २८वें द्वापर में शिव अवतार में व्यास को सहायता देना। कृष्णावतार से द्वापर में राक्षसों का वध करना, फिर कृष्ण द्वैपायन व्यास का शिवाराधना करना, शंकर का अवतार ले मृत देह को जीवित करना व श्रुतिमार्ग व योग प्रतिपादन करना। नंदिकेश्वर जन्म वर्णन—शिलाद का तप करना, इन्द्र से अयोनिज अमर पुत्र मांगना, फिर तप करना और शिव का नंदी नाम से जन्म लेना। नदी आदि प्रवाहित होना। नंदी का तप करना और शिव गण होना। स्कंध का मुनियों से भैरव कथा कहना, देवों का ब्रह्मा से सब से बड़ा देव (ब्रह्म) को ज्ञात करना, विष्णु ब्रह्मा का विवाद होना और निज को परमेश मानना, ऋगादि वेदों से ज्ञात करना और उनका भिन्न भिन्न रूप में शिव को परमेश वर्णन करना। शिव का मोह दूर करना। देव समाज में ज्योति रूप प्रगट होना व पुरुष की उत्पत्ति और शिव से आदेश मांगना। काल भैरव नाम देना और दुष्ट पद्मसुत को शिक्षा देना तथा काशी का कोतवाल बनाना। ब्रह्मा का शिव की निन्दा करना और काल भैरव का पंचम शिर काटना, भैरव का ब्रह्म दोष निवारणार्थ कापालिक व्रत करना, शिव का वर देना, हत्या (भयंकर कन्या) की उत्पत्ति और काशी जाने पर भैरव से हत्या को दूर होने को कहना। भैरव का सब लोकों व तीर्थों में जाना। भैरव-विष्णु संवाद और काशी का वर्णन व काशी आना और हत्या छूटना।

वीरभद्रावतार वर्णन—दक्ष यज्ञ में सती के भस्म होने पर गणों का यज्ञ विगाड़ना, भृगु का रक्षा करना, गणों का मारा जाना, शिव का १ बाल से वीरभद्र का उत्पन्न करना, उसका सैकड़ों गणों के साथ मख विध्वंस करना, विष्णु आदि से युद्ध होना, विष्णु-वीरभद्र युद्ध वर्णन, विष्णु का चक्र चलाना, वीरभद्र का थम्भन करना। ब्रह्मा का विष्णु को समझाना। भृगु की डाढ़ी उखाड़ना, धर्म, प्रजापति, कश्यप आदि को लात मारना, यज्ञ का मृतरूप में भागना, वीर भद्र का शिर काटना, दक्ष का शिर भी कुंड में होम देना। यज्ञ विध्वंस वर्णन।

देवों का स्तुति करना। शिव का प्रसन्न होना वीरभद्र को आशीष देना, यज्ञ पूर्ण होना। प्रहलाद की भक्ति और हिरण्य कश्यप का विरोध वर्णन, विष्णु का नृसिंह अवतार लेना। हिरण्यकश्यप का वध करना। नृसिंह का क्रोध

करना, देवों का भयभीत हो शिव को स्मरण करना। शिव का वीरभद्र को बुलाना और नृसिंह को शांति करने को भेजना। नृसिंह वीरभद्र संवाद। शिव का शरभ अवतार ले नृसिंह तेज हरण। नृसिंह का शिव जी की स्तुति करना और शिव का प्रसन्न होना।

यक्षावतार वर्णन—समुद्र मंथन पर देवों को अभिमान होना यक्ष रूप से शिव का देवों के बीच में जाना और तृण तोड़ने को कहना, न टूटने पर आकाश वाणी होना और देवों का शिव प्रभाव विदित होने पर स्तुति करना।

शिव के दशावतार का वर्णन—काल, तार, भुवनेश, विद्येश भैरव, छिन्न मस्तक धूमावत, बगलामुख, मातंग, कमलरूप धारण करना और शिवा के भी साथ साथ इसी नाम से दस रूप होना।

रुद्र के ११ अवतार का वर्णन—देवों पर विपत्ति पड़ने पर कश्यप का तप करना और शंभु का उनके यहां ११ रुद्र रूप में अवतार लेना। देवों का स्तुति करना जिनके नाम—कपाली, पिंगल, भीम, विरूपाक्ष, विलोहित, शास्ता, अजपाद, अहिर्बुध्न्य, शंभु, भव, रुद्र ये ११ रुद्र हुए। असुरों को मार कर देवों को सुख देना।

दुर्वासावतार—अत्रि का तप करने जाना, त्रिदेव का जाना और पुत्र लाभ का वर देना, दत्तात्रय का अवतार होना, दुर्वासा शिव के अवतार रूप। बहुतों की परीक्षा करना और कुमार्ग पर लाना। अम्बरीष की परीक्षा वर्णन। राम व पांचाली की परीक्षा वर्णन। राम की परीक्षा काल से बातचीत करते समय लक्ष्मण के द्वारपाल होने पर किसी के भीतर आने का निषेध वर्णन और दुर्वासा के पहुंचने पर शाप देने का भय दे लक्ष्मण को भेजना और उनका देहत्याग वर्णन। कृष्ण को पायस शरीर में लगवा कर नग्न हो स्त्री सहित दुर्वासा के पास पहुंचने को कहना, दुर्वासा का प्रसन्न हो वर देना। मुनि का स्नान करना व कौपीन नष्ट होने से जल में रहना, पांडव स्त्री का स्नान करने जाना और अंचल फाड़ कर फेंक देना जिसे पहन कर दुर्वासा का निकलना और वर देना। दुर्वासा का कुरूप हो स्नान करना, तीन गंधर्व कन्याओं का वहां जाना और हंसना तथा दुर्वासा का शाप देना कि चाण्डाल कन्या बनो, स्तुति करने पर मलमास में पूजन से उद्धार होने का कथन।

गृहपति वर्णन—नर्मदा तट पर नर्मपुर नगर में विश्वानर मुनि शिव भक्त था। उसकी स्त्री शुचि का पति से शव समान पुत्र मांगना। विश्वानर का काशी तपार्थ जाना और घोर तप करना। वारेश्वर के मार्ग में शिव लिंग में शिशु रूप में प्रकट होना और विप्र से प्रेम वचन कहना और प्रसन्न हो वर देना, विश्वानर का

स्तुति करना, शिव का शुचिष्मती के गर्भ से जन्म लेना, देवों का स्तुति करना व बालक का पालन तथा विद्याभ्यास करना। नारद को दिखाना तो १ वर्ष के भीतर गाज पड़ने को कहना। गृहपति का माता-पिता को संतोष दे मृत्युंजय जाप करना। इन्द्र का वर देने जाना, उस का मना करना और इन्द्र का मारने को उद्यत होना, शिव का रक्षा करना, वर देना, दिक्पाल को दूसरा गृहपति वर्णन।

वृषभावतार—१४ रत्नों का वर्णन। देवासुर संग्राम वर्णन, हरि का नारि को देख मोहना और उनके बहुत से पुत्र उत्पन्न करना, उनका उपद्रव करना और लोगों को सताना, वृषभ रूप में शिव का कुतल में जाना और हरि पुत्रों का युद्ध को सन्नद्ध होना, शृंगों से उनको मारना, विष्णु से युद्ध होना और विष्णु का हारना तथा स्तुति करना।

पिप्पलाद अवतार वर्णन—दधीचि का हरि को जीतना, सुर सहित हरि को शाप देना। सुवर्चा का देवों को शाप देना। उससे पिप्पलाद का जन्म। वृत्रासुर से देवों के हारने पर दधीचि के पास जाने को कहना, वज्र के लिये अस्थि लाने को उस वज्र से वृत्र का मारा जाना। सुवर्चा के सती होने से आकाश वाणी द्वारा रोका जाना और शिव का पिप्पलाद रूप में उसके गर्भ से अवतार लेना। देवों का स्तुति करना, तीर्थ जाते पिप्पलाद को पद्मा का मिलना, उसके पिता से कह कर विवाह करना। पद्मा के पास धर्म का परीक्षार्थ आना। पिप्पलाद को निंदा करना, पद्मा का शाप देना, धर्म का निज रूप में स्तुति करना, चार चरणों का युगों में विभाग वर्णन। पिप्पलाद का १० पुत्र उत्पन्न करना। शनि पीड़ा से दुखित होना व तप से शांति हो जाना।

महेशावतार वर्णन—शिव विहार, भैरव का गिरिजा को कुभाव से देखना, शिवा का श्राप देना, शिवा को भी भैरव का श्राप देना। इन्द्र का सगण शिव के समीप जाना। अवधूत रूप में शिव का इन्द्र से बातचीत करना। इन्द्र का वज्र मारना व उसका जलना। देवों का भयभीत हो स्तुति करना, बृहस्पति का आशीष दे वर देना। जीव नाश होना।

हनुमत अवतार वर्णन—राम को सहायता करना, सीता खोज, लंकादहन, सेतुबंध, संजीवन लाना, अहिरावण वध। सनकादि का विष्णुलोक आना, जय विजय के रोकने पर राक्षस होने का शाप देना। जय विजय के तीन जन्मों का वर्णन। राम चरित्र वर्णन। अगस्त्य—राम संवाद, शिव महिमा वर्णन व माया का उल्लेख। शिव भक्ति से राम का कृतार्थ होना। राम का तप करना, शिव का परीक्षा लेना व शिव राघव संवाद व प्रसन्न हो वर देना, सब देवों का आना। प्रभंजन-अंजना संवाद, हनुमान जन्म, बाल चरित्र

वर्णन। बाल रवि भक्षण, इन्द्र का वज्र मारना, रुद्र कोप होना व देवों का शांत करना, हनुमत को वर देना। बाल समय में ध्रुव आदि को जाना, आकाश में उछलना, ऋषियों का उपद्रव देख बल भूलने का शाप देना व राम के मिलने पर शाप मोचन होना, विद्या पठन व बालि सुग्रीव से मिलना व राम को सहायता देना।

वैश्यनाथावतार—महानंदा वैश्या का वर्णन, शिव भक्त होना, वैश्यनाथ महादेव का अवतार होना। महानंदा वैश्यनाथ संवाद वर्णन, रत्न कंकण के लेने की इच्छा करने पर वैश्य नाथ का देना और शिव लिंग देना। कुक्कुट का अग्नि में भस्म होना जिस पर वैश्या का अपार प्रेम था, वैश्यनाथ-वैश्या विहार वर्णन व अन्तर्धान होना। वैश्या को शिव पुर देना।

द्विजनाथावतार वर्णन—सुप्रताप राजा का वर्णन, ऋषभ प्रसाद पाना, उसको चन्द्रागद राजा से कीर्तिमाली कन्या की उत्पत्ति, भद्रायुष से विवाह होना। शिव-शिवा का द्विज रूप में उसके पास जाना और बाघ से रक्षा करने को कहना, राजा का बाण चलाना पर कुछ असर न होना। द्विज की स्त्री को खा जाना। द्विज का राजा पर क्रोध करना, राजा का दुखित होना। ब्राह्मण से जो चाहे मांगने को कहना, उसका स्त्री मांगना, राजा का देना, शिव का प्रगट होना। भद्रायुष को वर देना। पार्षद बनाना।

पतिनाथ अवतार वर्णन—आहुक-आहुकी भिल्ल भिल्लनि वर्णन। भिल्ल के जाने पर शिव का पति रूप में भिल्लनि के पास जाना। वहां ठहरना। घर छोटा होने पर भिल्ल का बाहर रहना और हिंसक जंतु द्वारा मारा जाना। भिल्लनि का सती होने के लिये चिता रचना, उसका शीतल होना, शिव का प्रगट होना, और वर देना व निज हंस रूप से नल दमयन्ती का संयोग कराने की प्रतिज्ञा करना जोकि भिल्ल के अवतार थे।

कृष्ण दर्शन अवतार वर्णन—नभग का गुरुकुल पढ़ना और भाइयों का दाय भाग न देना। ज्ञात करने पर पिता के देने का उल्लेख करना। पिता मनु के पास नभग का जाना, पिता का शिव आराधना करने को कहना। आंगिरस के यज्ञ में जाना व दो सूक्त कर्म कथन करना, यज्ञ का पूर्ण होना और बहुत धन देना और शिव का कृष्ण दर्शन नाम से उसके पास परीक्षार्थ आना। शिव का उस द्रव्य को अपना बतलाना। दोनों का विवाद होना और उसमें पिता मनु को पंच बनाना। मनु का शिव का माल बतलाना और उनको विनती करने को कहना। नभग का प्रार्थना करना और शिव का उसे राजा बनाना व धन देना।

भिक्षुनाथ अवतार वर्णन—एक विदर्भ देश में ससरथ राजा का होना। शाल्व राजाओं का उसे रोकना। युद्ध होना व हारना, उसकी गर्भवती स्त्री का

भाग जाना। एक ताल पर पहुंचना। रानी के पुत्र होना व ताल में जल पीने जाना व ग्राह का भक्षण करना, शिव का भिक्षु रूप में पहुंचना। द्विज स्त्री का आना व पुत्र लेना। शिव का उसको पालने का आदेश करना। स्त्री का पुत्र के विषय में ज्ञात करना, शिव का कथन करना। शिव व्रत भंग करने से ससरथ का राज जाने का वर्णन। उसका पोषण वर्णन व स्वर्ण घट का पाना। नाम शुचि व्रत रहना। शिव भक्त होना। राज पाना।

निर्जरेश्वर अवतार वर्णन। व्याघ्रपाद मुनि के पुत्र उपमन्यु का शिव भक्त होना। उपमन्यु को दूध का लोभ होना व मां से मांगना। जननी का कर्महीन होने का वर्णन, उपमन्यु को ज्ञान होना, उग्र तप करना। ब्रह्मा विष्णु कथन से शिव का वरदान देना। इन्द्र का शिव निंदा करना, और समझाना, व क्रोध कर भस्म डालना। सुरेश्वर रूप से शिव का वर देना व प्रसन्न होना।

जटिलान्तक अवतार वर्णन—गिरिजा का तप करना, पितु आज्ञा से शिव विवाहार्थ और शिव का विप्र रूप से गिरिजा के पास जटाधारी हो कर जाना व शिव निंदा करना, शिवा का असन्तुष्ट होना व दर्शन देना।

नर्तक नट अवतार वर्णन—हिमाचल के समीप नर्तकी बन कर जाना और विवाह में सुरुचि जान प्रसन्न होना व द्विजेश में उसे भड़काना, तब सप्त ऋषि को समझाने को भेजना। द्रोणाचार्य के तप से प्रसन्न हो कर शिव का वर देना, अश्वत्थामा अवतार लेकर पुत्र होना, बाण संचालन में दक्षता प्राप्त, पांडव पुत्र वध व अर्जुन का पकड़ना। अर्जुन का तप करके पाशुपतास्त्र पाना। परीक्षित को गर्भ में नाश करने को अश्वत्थामा का बाण भेजना, कृष्ण का रक्षा करना। द्रौणी को शरण में भेजना।

किरातावतार—अर्जुन का बाण लेने के लिये तप करने जाना। पांडव कौरव द्रोह वर्णन। लाक्षा गृह, जूप, सभा आदि का वर्णन। पांडव वनवास वर्णन। शिव का अर्जुन से किरात रूप में शूकर के शिकार करने पर युद्ध करना व अन्त में प्रसन्न हो कर पाशुपति अस्त्र देना।

१२ ज्योतिर्लिंग अवतार वर्णन—सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, परमेश, केदार, भीमशंकर विश्वेश्वर, त्र्यंबक, वैद्यनाथ, रामेश्वर, नागेश, घुस्नेश्वर अवतारों का वर्णन।

गुजरात में दक्ष को शाप देने से मोचनार्थ सोमनाथ को स्थापन करना, चन्द्र कुंडतीर्थ का वर्णन, मल्लिकार्जुन—श्रीगिरि में, महाकाल—उज्जैन में दूषण राक्षस मारने के लिये। परमेश—विंध्याचल में प्रणवस्थल ओंकारेश्वर में प्रणव व परमेश्वर वर्णन। केदार—हिमालय के केदारनाथ में नर नारायण रूप धारण

करना। भीम शंकर—भीम को मारने के कारण लिंग स्थापन होना, वहीं महानंद का स्थान था। (कम्पिला में) विश्वेश्वर—काशी में। त्र्यंबक—गौतम के यहां अवतार रूप गौतमी तट पर लिंग रूप में स्थापन। वैद्यनाथ—विहार में। नागेश—दारुक वन में स्थापन। रामेश्वर—सेतुबंध पर राम ने स्थापना की। देव गिरि में घुस्मेश्वर शिव का लिंग है। सुधर्मा द्विज घुस्मा स्त्री का पुत्र शिव भक्त था, उसे सौतेली मा ने मारा जिसे जिलाने से व उसके लिंग स्थापन से घुस्मेश्वर नाथ नाम हुआ।

अष्टम खंड।

१२ लिंगों का वर्णन—आसाम में भीम शंकर (डाकिनी थल में) महीसागर पर सोमेश्वर, रुद्र भडौच में, शुचि मति दुग्धेश, कर्दमेश ताज में, भूतेश, भीमेश्वर, लोकनाथ, त्रिनयन, बैजनाथ, व्याघ्रेश, भूतेश्वर ये १२ उपलिंग हैं। अन्य पूर्व के शिवों के नाम वर्णन। चारो युगों के शिव स्थापन का वर्णन। चित्रकूट स्थान वर्णन। मत्त गयेन्द्र शिव वर्णन। चित्रकूट चारों दिशाओं में शिव स्थापन, चित्रकूट में अत्रीशा, कालिंजर में नीलकंठ, संकर्षण गिरि में कोटीश्वर, तुंगारण्य में पशुपति का स्थापन हुआ। अत्रि के तप से सब तीर्थों का आना व जल लाना। शिव का वर देना व शिव स्थापन होना। अत्रीश्वर महेश महिमा वर्णन। नर्मदा किनारे के सब शैल शिव हैं, वहां के शिवों का वर्णन। नंदिकेश्वर महादेव का वर्णन।

नीमसार में राम का लिंग स्थापन। हनुमान का रेवा तट पर शिव स्थापन करना और ब्रह्महत्या से छूटना। ब्रह्मा-विष्णु को मोह होना व अपने को सर्वोपरि मानना, शिव को तुच्छ समझना। ब्रह्मा-विष्णु के आगे ज्वाला प्रगट होना, लिंग रूप से अनादि ज्योति का फैलना। सब का शिव लिंग की पूजा करना, किसी को उसका आदि अंत न मिलना। दोनों का अनेक देवो आदिका दिखाना और गर्व दूर होना। पृष्ठ २९०—३१९ तक।

द्रुपदपुरी में द्विजेश व कालेश्वर शिव स्थापन, पश्चिम ओर के शिव लिंगों का वर्णन व महाबलेश्वर शिव वर्णन, मथुरा में गोपेश्वर का कथन, द्वारकेश्वर स्थापन और गोकरण में महाबलेश्वर स्थापन होना। इक्ष्वाकु वंशी नृप को एक राक्षस द्वारा छलना और राक्षसी कर्म करना व द्विज वध से वंशनाश होना, महाबल शिव के पूजन से हत्या का दूर होना।

महाबल शिव महिमा वर्णन—उत्तर में ललिता देवी का ललितेश्वर महादेव का स्थापित करना रावण का शिर चढ़ाना व वरदान पाना। २ शिव लिंग पाना, मार्ग में मूत्र वेग होना, ग्वाला को मूर्ति देना, दो घड़ो लेने की प्रतिज्ञा कर पृथ्वी पर रखने से अतल लोक को जाना और फिर रावण से न उठना। चन्द्रभाल शिव महिमा वर्णन—पृ० ३२०—३३४।

उत्तर दिशा में पंच प्रयाग दक्षेश्वर लिंग नीलेश्वर, भद्रेश्वर, शंकर, होत्रेश्वर, चन्द्रेश्वर, अग्नीश्वर, लक्ष्मणनाथ तीर्थ में लक्ष्मण का क्षय नष्ट होने का वर्णन। शिव का लिंग रूप कारण वर्णन। सती शोक विछोह में मदनोत्कंठा वर्णन। गिरिजा के अंगों के पड़ने से तीर्थ बनना। हिरण्याक्ष पुत्र अंधक वध ने बड़ा तप किया था। फिर वर पा देवों को कष्ट दिया तब मारा गया व गण बनाया गया। वहीं अंधकेश्वर शिव लिंग स्थापित हुआ। दधीचि के पुत्रों का शिवव्रत भंग करने से शिव का शाप देना, दधीचि का तप करना और शाप छुड़ाना। बटुक होने का वर देना और विजयी बनाना। प्रजापति यज्ञ में भद्रक राजा की ध्वजा का गिरना, बटु का उसके भोज में उपस्थित होना और उनकी महिमा का बखान करना।

ज्योतिर्लिंग की कथा—दक्ष के पुत्रों को नारद का वैराग्य दिलाना। तब शाप देना और ६० कन्या उत्पादन करना, २७ कन्याओं से चन्द्र का विवाह होना। एक से प्यार करने और शेष को न चाहने से दक्ष को क्षयी होने का श्राप देना। चन्द्र विनय पर ब्रह्मा का प्रभासक्षेत्र (गुजरात) में ज्योतिर्लिंग की आराधना करना व सोमेश्वर कथा कहना।

(११) पृ० १११ से पृ० १२७ तक—ब्राह्मणों को मंडप कौशिक नाम के तपस्वी की कथा, उस तपस्वी का एक विधवा स्त्री से विवाह करके उससे एक अनन्य रूपा पुत्री उत्पन्न कर सपत्नीक तीर्थ पर्यटन को जाना और त्रिदेव, इंद्रादि अन्य देवता तथा मनुष्यादि में किसी का भी विश्वास न करके यमदेव को सौंप कर चला जाना, यम का उस कन्या में अनुरक्त होना, पुनः अग्नि का भी उस पर मोहित होना, यम का छाया को अपने उदर में धारण करना और एक दिन संयोग वश यम के स्नान जाते समय पवन के साथ सम्भोग कर के छाया का उसे उदरस्थ कर लेना, ब्रह्मादि द्वारा अग्नि की खोज, पवन का उद्योग।

(१२) पृ० १२८ से पृ० १३६ तक—पुराणों में से ही दोषों की कल्पना कर ब्राह्मणों को उन पर अश्रद्धा कराना, जिन धर्मानुसार रुद्रादि वर्णन मनोवेग का नग्न मुनि का रूप धारण करके तीसरी वाटशाला में जाना, ब्राह्मणों का विवाद के लिये उपस्थित होना मनोवेग की प्रस्तावना।

(१३) पृ० १३७ से पृ० १५० तक—अर्जुन के गांडीव धनुष द्वारा पाताल छेद कर दश कोटि सेना सहित फणींद्र का निकाल लेना, कुम्भज का समुद्र शोषण, राम का सीता को खोजना इत्यादि को असंभव और तुच्छ बता कर वैष्णव धर्म का खंडन किया जाना, समस्त पुराणों का पूर्वापर विरोधों से भरा हुआ बतलाना।

(१४) पृ० १५१ से पृ० १५६ तक—मनोवेग का ऋषि वेष धारण कर अन्य वादशालाओं में जाना। पनस अलिंगन से पनश फल की उत्पति और उसी से एक सौ पांडवों का उत्पन्न होना, सुभद्रा की चक्राव्यूह संबंधी कथा। 'यम' नामा मुनि की लंगोटी का तालाव में धोना और उसके मल की बुन्द पीने पर मेढकी के गर्भ स्थिति की कथा, उस बालिका का भी पिता की लंगोटी के वीर्य गर्भ रहना, इन बातों से पुराणों में अनर्गल बातें दिखाना, व्यासोत्पत्ति रघुराजा की कन्या के गर्भ स्थापन की कथा।

(१५) पृ० १५७ से पृ० १८० तक—वैदिक ब्राह्मणों को निरुत्तर कर, जैन मतानुसार कर्ण राजा की उत्पत्ति की सच्ची कथा सुनाना, पांचवे द्वार से पटना में प्रवेश कर मनोवेग का अन्य वाद-शाला में पहुंचना, रामायण संबंधी कुछ आक्षेप, राक्षस और वानर वंशों की मीमांसा छठवें द्वार से प्रवेश कर अन्य वाद-

शाला में 'दधिमुख' वर्णन तथा रावण द्वारा अंगद के किये गये दो टुकड़ों का हनुमान द्वारा जोड़ा जाना, इत्यादि कथाओं को असंभव सिद्ध करना।

(१६) पृ० १८१ से १८८ तक—वेदों के अपौरुषेय होने में संदेह, यज्ञ का निषेध, दीक्षादि अन्य कार्यों का निषेध, श्राद्ध इत्यादि पर आक्षेप।

(१७) पृ० १८९ से पृ० २०२ तक—अन्यमतों की दुष्टता श्रवण कर उनके प्रचार का कारण पवनवेग द्वारा पूछा जाना (छहों कालों के इतिहास का सूक्ष्म वर्णन)।

(१८) पृ० २०३ से पृ० २०५ तक—दोनों मित्रों का जिनमति नामा मुनि के पास बैठना, और मुनि का स्वयं उसका परिचय दे देना, तथा उसके मिथ्यात्व दूर हो जाने का कथन करना।

(१९) पृ० २०७ से पृ० २१० तक—मुनि द्वारा श्रावकाचार में पांच अणु व्रत, तीन गुण व्रत, चार शिक्षा व्रत इस प्रकार बारह व्रतों के ग्रहण का वर्णन।

(२०) पृ० २११ से पृ० २१७ तक—द्वादश व्रतों के अतिरिक्त और भी कई प्रकार के नियम श्रावकों को भक्ति पूर्वक पालने का आदेश तथा वर्णन, ग्यारह प्रतिमाओं का वर्णन, सम्यक्त की विशदता का वर्णन पवनवेग के जैनव्रत धारण से मनोवेग का प्रसन्न होना।

(२१) पृ० २१८ से पृ० २२० तक—ब्राह्मणों का श्रावक होजाना, मूलग्रंथकार का परिचयः—

मुनि अभिमत गति जान सहंस कृत पूरव कहो। यामें बुद्धि प्रमान भाषा कीनो जोरिके। काल—विक्रम राजा कूं भये सत अधिक सुहजार। वरष तवै यह संसकृत भई कथा सुभ सार।

ग्रंथकार के निवास स्थान तथा वहां के निवासियों के विषय में कुछ कथनः—देस दादुरो परवत तलो। तहां धामपुर सोभा भलो। × × × तहां सरावग नीके सुखी। करम उदै काई है दुखी॥ × × × तिन मधि परचै दरबि आसु जेठो साह। लेहि धन लाह॥

दुर्जन कोई धरिन धरै। करमन तें सोई विधिकरै।

धनी बात को करै बड़ाइ। नगर सेठि है मन वच काइ।

दोहा—जेठ मल्ल सुत विधोचंद दाता दीन दयाल।
सज्जन भगता गुण अधिक दुर्जन छातो माल॥

× × × ×

बनारसी जेठ मति सागर प्रथी प्रसिद्ध कोटिन को धनी ताको पाप उदै आयो थो। सदन सो निकसि अजोध्या को गमन कियो अजोध्या के सेठि बहु उद्यम करायो थो॥ अपनी बराबरि करि नाना भांति सेतो दैकरि बड़ाई निज थानक बनायो थो। ऐसे हम अस्व साह सबै निज बाह दै कै कहै मनोहर हम पुन्य जोग पायो थो॥

दो०—सो तौ पहुंचै सुभगती बाजे सुभग बजाय। विधोचंद सुख भोगवै धर्म ध्यान चित लाइ॥

होरामनि उपदेश ते भयो शास्त्र शुभ सार। दुष्ट लोग कोऊ मति हसौ हिरदै धरिजु विकार॥ रावत सालि बाहण आगरे को बुधिवंत हिरदै सरल तिन ज्ञान रस पीयो है। जगदत्त मिश्र गौड हिसार को वासी सुभ विद्यावल जग में सार जस लीयो है। वेगराज पंडित ब्राह्मण मांहि जोतिष को पाठी सरस्वती वर दियो है। इतने सहायक भए दोहो जिन राज जू को तब ते विचार करि भाषा बुद्धि कियो है।

Note.—यह 'धर्म परीक्षा' नामक ग्रंथ सोनी जाति के खंडेलवाल वैश्य 'मनोहर दास जी की रचना है। यह मूल निवासी सांगानेर के थे और पीछे धामपुर में आकर रहने लगे और वहीं उन्होंने इस ग्रंथ की रचना की। यह मुख्य ग्रंथ संस्कृत में है और उसके रचयिता हैं मुनि 'अमित गति' इसकी रचना उन्होंने (विक्रम राजा हुं के भए सत अधिक सुहजार) १००७ वि० में की। कहा जाता है कि इस अनुवाद के अतिरिक्त इस ग्रंथ के तीन अनुवाद और भी हुए हैं—एक गद्यानुवाद जयपुर के चौधरी प्रसन्नालाल जी ने किया है, एक मराठी में श्रीकृष्ण नन्दराव जोशी ने किया है। और तीसरा गद्यानुवाद पन्नालाल जी बाकलीवाल ने प्रचलित गद्य में किया है—इन महाशय ने भूमिका में प्रस्तुत ग्रंथ के संबंध में अपनी सम्मति दी है कि इसमें मनोहर दास जी ने अनुवाद करने में पूर्ण स्वतंत्रता से कार्य्य लिया है और कहीं कहीं अपनी ओर से भी घटा बढ़ा दिया है। ग्रंथ के अन्त में अनुवादक ने अपने मित्रों तथा सहायकों की भी एक सूची उपस्थित की है। जो यथा स्थान उद्धृत कर दी गई हैं। कविता साधारण श्रेणी की है। पन्नालाल जी बाकलीवाल ने मूल संस्कृत ग्रंथ का निर्माण काल—१०७० वि० बताया है—जो हो, इस ग्रंथ के अन्तिम पृष्ठ पर दिये हुए पद्यांश से तो १००७ ही प्रगट होता है। सम्वत् १८७० वि० में शोभालालात्मज 'जवाहर' नाम के किसी व्यक्ति ने इसे लिखा है। इति

No. 272(*a*) Jñāna Mañjarī, by Manōhara Dāsa Nirañjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—22. Size—13 × 7½

inches. Lines per page—17. Extent—413 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition —Samvat 1716 or A.D. 1659 Place of deposit—Ṭhakura Naunihala Siṁha Seṅgara, Kāṇṭha, Unāo.

Beginning.—श्री परमगुरुभ्योनमः अथ ज्ञान मंजरी लिख्यते। दोहा। आत्म के अज्ञान ते सबै उपजे जाण। ज्ञान भये ते लीन सब नमस्कार तेहि मान ॥ १ ॥ कवित्त ॥ प्रथम मुकत कहि दूसरै मुमुक्षु सोई। तीसरो विषई चौथो पामर विचारो है। चार पुरुष संसार माझ कहै निरधार बंधन मुकत डार मुकत तौ न्यारो है। बंधन ते छूट्यो चाहै मुकत को जो उमा है। सोई तौ मुमुक्षो आहै मोक्ष निरधारो है ॥ भोग विषै सुष चाहै सोई तो विषई कहा है पामर सो पेट भरि मेढरा पियारो है ॥ २ ॥ प्रश्न दोहा ॥ वेद आम्ना कौन परि हम सौ कहि सौ भाष। यथा अर्थ है वेद को गोप कछू जिन राष ॥ ३ ॥ उत्तर ॥ वेद सबै त्रैकांड है कर्म उपासना ज्ञान। मुकत परि कोउ कांड नहिं सोहै ब्रह्म-मान ॥ ४ ॥ विषई परि नहिं आम्ना। भोग को साधन नाहिं। नासवंत सब भोग है। झूठै सुषता माहि। तात्पर्य सब वेद को एक मोक्ष परि जानु। भोग है लोक प्रलोक के तापरि नाहि बषान।

End.—गमाझ यो जो जिय ॥ १५ ॥ संवत सत्रह सै मही वर्ष सोरहे माहि। वैसाख मासे शुक्ल पक्ष तिथि पूनो है ताहि ॥ १६ ॥ सोरठा ॥ भाषा ग्रंथ कहि यह सबै वैषरो वाक है। परापश्यंति जेह मधिमा पीछे पाइय। १७ ॥ कवित्त ॥ अपौरुषो वानी वेद। अद्वैत है ब्रह्म जामे। द्वैत तामे भेद नाही। एक रूप सब है ॥ ताके है स्वरूप परापश्यंति है मध्यमा सो। वैषरी अनन्त रूप चारि वेद जब है ॥ तामे है सो काम तीन कर्म उपसना सोई ॥ ज्ञान कांडनो जो जान औरण को तब है। रिषि वानी लिये ज्ञान तेई तौ अहै प्रमान ज्ञान लिये नाही वानी भेद कहो कब है ॥ १८ ॥ दोहा ॥ त्वं पद देव त्रिज करिष ॥ नर किनर सब जान नत पद ईश्वर देख सब। त्वंतत्तत् त्वंममान ॥ ९ ॥ मनोहरदास निरंजनो ॥ सो स्वामो सो दास स्वामो दास भयो एक सो महाकाश घटा काश ॥ १४०० ॥ इति श्री ज्ञानमंजरी नाम भाषा ग्रंथ कथनं। पूर्ण समाप्तम ॥ शुभं ॥

Subject.—वेदांत विषयक कर्म, उपासना, ज्ञान तीनो का वर्णन पृ० १

उत्तम मुक्षु, मध्यम मुक्षु मंद मुक्षु का वर्णन-पृ० २

ज्ञानो को श्रेष्ठता का वर्णन पृ० २—३

आत्मा को नित्यता, विविध वासनाओं का त्याग और उसको अनित्यता का वर्णन प्रकृति वाक्य और वेदांत वाक्य का वर्णन अहंब्रह्म, तत्वमसि वाक्य का वर्णन पृ० ४—५

प्रकृति वाक्य का वर्णन, जीव, ब्रह्म के एकत्व से मोक्ष का वर्णन, वैराग्य, विवेक षट संपत्ति और मोक्ष की इच्छा की साधना का वर्णन पृ० ५—६

अभ्यास का महत्व और उसका वर्णन, अभ्यास का दृष्टांत, अरावता का दृष्टांत, अर्थवाद उतपत्ति, सिद्धान्त, संप्रज्ञात समाधि, असंप्रज्ञात समाधि, समाधि के षट भेद पृ० ६—१७

विकल्प अविकल्प भेद, हृदय के तीन प्रकार, बाहर के तीन प्रकार पृ० १७-१९

समाधि का फल, वृत्ति का वर्णन, तीन प्रकार की वृत्तियां। अजहत जहत और जहत अजहत लक्षण का वर्णन। पृ० १९—२३

No. 272(*b*) Jñāna Vachana Chūrṇikā, by Manōhara Dāsa Nirañjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—17. Extent—488 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhakura Naunihāla Siṁha Seṅgara, Kāṇṭhā, Unāo.

Beginning.—अथ ज्ञान वचन चूर्णिका लिष्यते ॥ दोहा ॥ रवि गुर दोय सम तुल्य पूज्य है तम अज्ञान करै दूरि। जग उर में प्रकास करि वंदन को निज-मूरि ॥ १ ॥ जोवेश्वर चैतन्य में कहिए है द्वैनाम ॥ सर्वग्यता अल्पग्यपुनि संसारी सुख धाम ॥ २ ॥ कर्म सहित पुनि रहित है सहित कर्म कह्यो जोव। संसारी ताते भयो रहित भयो सोई सीव ॥ ३ ॥ जोवेश्वर द्वे जगत में प्रगट कहै सब कोय। वाह्य दृष्टि विवेक विन अंतर दृष्टि न होय ॥ ४ ॥ वचनका। एक चैतन्य में अज्ञानी वास्तव मानै। जीव ईश्वर द्वै ज्ञानी उपाधि भेद ते मानै। जोव ईश्वर एक चैतन्य में द्वै ॥ दोहा ॥ उपाधि भेदते लघु दीर्घ। लघु दीर्घ मुख भास। दृष्टांत, चक्षु प्रतिबिंब दरपन महि मुख चैतन्य एक प्रकास ॥ ५ ॥ माया दर्पन सम भई। अविद्या चक्षुसाम जोय। चैतन्य मुख सम एक ज्यो भेद भास नहि होय ॥ ६ ॥ जोवेश्वर द्वेभास है माया अविद्या भेद भेद भास के बाधते। चैतन्य एक कहै वेद ॥ ७ ॥ एक मेवाद्वितोयं ब्रह्मेति श्रुतेः एक अनंत अपार है पूर्ण सुधा समुद्र ब्रह्म कह्यो ताइ आत्मा रह्यो न जननो उद्र।

End.—कर्ण नाहीं ॥ वध्य ज्ञान कौ अधिकरण अंतःकर्ण है। स्वरूप ज्ञान अधिष्ठान सर्व को है। ता स्वरूप ज्ञान को कोउ अधिष्ठान नाहीं। ताहो तै विद्या अविद्या कौ प्रकाशो है। सो जीवन मुक्ति कौ स्वरूप है ॥ तातै स्वरूप में ज्ञांन अज्ञान दोउ नाहो इति ॥ अरु विद्या ज्ञान कौ अध्यकर्ण अरु अविद्या अज्ञान कौ अध्यकर्ण है सु ऐक अंतःकर्ण मांहो मिल्यौ है चैतन्यता कैं जोव कहिये सु

अंतःकरण अज्ञान कौ कार्य है। सोई अज्ञान स्वरूप अज्ञानी कहिये॥ सु जाकौ स्वरूप कौ अज्ञान है ताही कौ विद्या ज्ञानवान चाहो जै। इति॥ स्वरूप है सौ विद्या अविद्या कौ विरोधो नाहो॥ सुब्रह्म कहिये। अरु अज्ञान तें अतोपहत क हये अज्ञान तै उपहत जीव कहिये॥ सो जीव अज्ञानी। सो जीव अनौपहतता जानि वै को ज्ञानी।

Subject.—गुरु को वंदना, ईश्वर और जीव का भेद, ईश्वर और जीव को एकता, अनिर्वचनीयता, शक्ति के विशेषण और उसके दृष्टांत, उत्पत्ति (माया का तीनों शक्तियों के साथ मिलने से), जीव का त्रिगुणात्मक होना, काय प्रवेश से स्थायित्व, संक्लेश से संहार, ईश्वर कारण उपाधि जगत के करने का पृ० १—३

क्रियमाण कर्म का रूप, नित्य, नैमित्तिक और काम्य कर्म, प्रायश्चित कर्म निषिद्ध कर्म, उपासना, संचित प्रारब्ध और क्रियमाण तीन कर्म निष्काम कर्म वर्णन। पृ० ३—४

अष्टांग योग आसन, षडांग योग से ज्ञान और मुक्ति, पुण्य अपुण्य मिश्रित तीन कर्म जरायुज में चार प्रकार की प्रकृति अंडज उद्भिज में ईश्वरत्व पृ० ४—६

विद्या ज्ञान की उत्पत्ति, ईश्वरता की सिद्धि, कारण अविद्या, कार्य उपाधि, विद्या अविद्या का वर्णन—पृ० ६—९

ज्ञान की उत्पत्ति, कार्य और कारण की बाध्यता और विशेषण, उत्पत्ति काल कार्य प्रवेश पृ० ९—१२

सत और असत, विवर्तवादी, आरंभवाद, परिणामवाद, संघातवाद, पंचख्यात, आत्मख्यात असाधारणभूत अपंचीकृत कार्य, समष्टिवाद, विष्णु, शिव तैजस प्रज्ञात पृ० १२—१६

कार्य कारण उपाधि, ज्ञानी को जीवत मुक्ति चिदाभास, जीवाभास, देहछते अभ्यास को निर्विवर्त्ति दृष्टांत आदि पृ० १७—२०

No. 272(*c*) Vedānta Bhāshā, by Manohara Dāsa Niraṅjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—22. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—17. Extent—538 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1777 or A. D. 1720. Place of deposit—Ṭhakura Naunihāla Siṁha Seṅgara Kāṇṭhā, District Unāo.

Beginning.—सच्चिदानंदायनमः॥ श्री गुरुभ्योनमः॥ कर्त्ता ग्रंथ करिवे में निविघ्न सुप चाहैहै॥ दोहा॥ मंगल दे मोहि देव गणेस। मंगल दे मोहि सरस्वती॥

मंगल दे मोहि देव महेस ॥ मंगल दे मोहि पारवती ॥ ग्रंथ को प्रयोजन अरु विषय कहिए है। चौपाई। आत्मलाभ ते आन न कोई। यह भाषत है मुनि सब सोई। लाभ अर्थ कवि करै बखांन। आत्म को ईश्वर करि जांन ॥ २ ॥ प्रश्नद्वारा ग्रंथ को अधिकारी दिखाइए है। प्रश्न शिष्य मनहि संसैयो आय। आत्म ईश्वर भिन्न सुभाय। आत्म अज्ञ ईश्वर सर्वज्ञ। कैसे एक है अज्ञ अरु तज्ञ। नियंता जग कर्त्ता है ईश। जीव अकर्त्ता सदा अनीश। क्यों आत्म परमात्म एक सो हमको कहि देउ विवेक ॥ ४ ॥ वचन का यह साल्हको विषय त्रिपे जीवेश्वर को भेद अर्थ ग्रहण करिकै आसंका करी सिष्यने। ताको लक्ष्यार्थ करिकै समाधान करिवे को उत्तर देते हैं गुरु उत्तर ॥ चौपाई ॥ समाधान करै गुरु देव। चैतन्य एक अखंड अभेव। महावाक्य तहां करै बखान। आत्म को परमात्म जान। वाक्य अर्थ अनुभव तहां होइ। जा अनुभव में नाहीं दोइ।

End.—मनोहर दास निरंजनी करो सुभाषा सार। थोरो सो विस्तार नहिं अर्थ सबै विस्तार ॥ ८५ सगुन करो कवीस्वरो कविन कछु नहिं सोय। जाको बुद्धि विसाल है समझै ज्ञानो होय ॥ ८६ ॥ साधन कहिए है। कवित्त ॥ बार बार बूझै मन अर्थ सुझै सबै याकै। मुमुक्षु होइ सोई पावै गुर गमते। निंदा स्तुति तजै मानरु बड़ाई छोरि कपट लंपट मागै चितै पयै समते ॥ विवेक वैराग्य दोय सम दम और सोय उपरति तितिक्षा सुसरधा में रमते। समाधान मोक्ष में न और कछु समाधान ध्यान धरै रैन दिन रापै मन तमते ॥ दोहा ॥ संवत सत्तरासै महि सोरह वरष वीतीत। व्यूष सत्रहैमहि करी षट मास जाहि बितीत ॥ ८७ ॥ आसौज बद है चतुरदसी कृष्णपक्ष अतिवार। भाषा पूरन सब भई मान एक कृतकार ॥ ८८ ॥ २८८ ॥ इति श्री वेदांत महावाक्य भाषानाम ग्रंथ कथिते मनोहर दास निरंजनो। संपूरण समाप्तम। श्रीरास्तु शुभम् श्रीपरमगुरुभ्येनमः।

Subject.—वंदना, ग्रंथ का प्रयोजन और विषय ग्रंथ का अधिकारी, शिष्य का प्रश्न और गुरु कृत उत्तर वर्णन किया गया है।

वेदान्त विषय बहुत स्पष्ट रूप से छंदो बद्ध कर के समझाया है ग्रंथ क्लिष्ट जान पड़ता है। बीच बीच में वेदांत के सूत्र दे कर उसका वाच्यार्थ स्पष्ट किया गया है।

No. 273. Kavitta by Manasā Rāma of Ṭeḍā, District Unao. Substance—Foolscap paper. Leaves—6. Size—7 × 4¾ inches. Lines per page—32. Extent—96 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Bāmābhūshaṇaji Śukla, Rae Barelī.

Beginning.—अथ मनसा राम के कवित्त ॥

आछे मोर पच्छन के मुकुट धरे है सोस काछे कछनी को किए नोको भेष नट को।
चंद सो बदन चारु चन्दन को दोन्हे खौरि तैसो उर गुंजन को हार चारु चटको।
"मनसा" सुनत मंजु बांसुरी सबद मेरो दौरो मन जातरो रहै न नेक हटको।
हेरत हिये को हरि लेत हरि भांतिन सों बोर कहु को है वो अहीर पोतपट को ॥ १
नीरद नवीन स्याम तन अभिराम तापै बीजुरी सी छाजै छबि अंबर जरद को।
सहज शृंगार गरे गुंजन को हार तैसो सुखमा अपार बढ़ो चारु गो गरद को।
इंदु मुख मनसा गुविंद अरबिंद नैन कीन्हो गति मंद मंद गति सों दुरद को।
मंद मंद हंसि कै अनंद हो सों नन्द नन्द हद रद कीन्हो चन्द चंद्रिका सरद को ॥ २

End.—साजि गज बद्दल महद्दल जुटत जब जोतबे परद्दल चढ़त अवधेस है।
छलकत छोर निधि थलकत जल थल हलकत स्वरग सकात अलकेस है ॥
सुंडन उछोर भारे घन से पुकारे कारे होत दिगदंतिन के मनसा कलेस है।
मसकत महो मूल कसकत कोलकुल धसकत धराधर ससकत शेष है ॥ २१
बैरिन को नागरो नवेलो अलबेलो भागो कंचन को वेलो सो सहेलो कोऊ संग ना।
महाराज राम जु के डर ते डरानो बिल्लानी जिन्हें धावत में पावत तुरंग ना।
परे बिछुआन कतरे जे पग छाल बड़े मनसा विलोकि तिन्हें को को भयो दंग ना।
मानो कंज खंडन को पाखुरी अखंडन में अंडन समेत बैठो हंसन को अंगना ॥ २२

Subject.—कृष्ण भगवान के ३ कवित्त, कुब्जा के २, देवीजी के ३, चंडिका के २, राधिका के नैन के २, हरतालिका बतावलो पर २, नायिका वर्णन के २, शृंगार रस के ३, होली का १ और वीर रस के २.

No. 274. Nānā Artha Nava Saṅgrahāvalī by Mātādīna Śukla. Substance—Country-made paper. Leaves—170. Size—8×6 inches. Lines per page—24. Extent—1,400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1899 or A. D. 1842. Date of Manuscript—Samvat 1931 or A. D. 1847. Place of deposit—Ṭhākura Dīgvijaya Siṁha, Tālukedāra, Village Dikaulia, Post Office Biswān, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ संग्रहावली कवित्व लिष्यते ॥ शान्त रसः ॥ बालवादो करै वादि सदा पितु मातु तऊ भरै गोदन माहीं। कूर कसूर करै पशुभूरि तजै। तऊ पालक पालिबो नाहीं। है रघुनाथ तिहारे हो हाथ अनाथ हौं दीन कहौं केहि पाहीं ॥ मैं जड़िता बशि तोहि तज्यों तजि मोहि बराबरि होहु

वृथाहों ॥ १ ॥ पाहन ते तौ कठोर नहीं शबरी गुह ते कहु कौन कुजातो । बानर गोध निशाचर तें जग मों नहिं आन कोऊ जड़ जातो । देपि अहेतु दया इनपै तजि साधन बैठि अहौं दिन रातो । दोन अनाथ तजौ रघुनाथ तौ तो सम को विसवास को घातो ॥ छन भंगुर अंग अभंग सरे तिय संग अनंग के रंग भरे । करि जंग तुरंग मतंग हरे रन जोति परे धन धाम धरे ॥ फिरि अंत असंग निहंग मरे हित के न कछू उपकार सरे । नहिं जानकी नाह का नेह करे जग मो जनम्यों जन नाहक रे ॥

End.—अथ मात्रोदिष्टः ॥ पृष्ट रूपकलासत्र पूर्वं युग्मांकमुल्लिपेत । लघूनाम परिप्राज्ञो गुरुणांचाप्य पर्यधः ॥ गुरूणामुपरिन्यस्तैरंकैर्न्यनान्वि-चक्षणः कुर्य्यादन्त्याक्षरान्ताङ्कान शेषे संख्यां विनिर्दिशेत् ॥ अथ मात्रामेरुः ऊर्द्धादधेस्तलं लेख्यं कोष्ट युगमद्वयन्तः प्रियुग्मञ्च चतुर्युग्म यावत्स्वेष्ट ऋमाद्धधेः ॥ कोष्टेषु विषमे वादा वेकैमाहितः शिरोऽङ्कं तच्छिरोऽङ्काभ्यां मध्ये सर्वम्प्रपूरयेत एकः सर्वं लघुर्भेदस्त्वेकधादि गणा परे इति मात्रोदिष्ट विधिः ॥ ग्रह ९ ग्रहे ९ भ ८ भू १ युक्ते वर्ष पौष सिते तरे पक्षे कुहु तिथौ सूर्ये निर्म्मिता वृत्त दीपिका ममादौ मंगल श्लोके एकैकाक्षर कान्तरात वाचवोयं क्रमान्नाम जातिर्द्दशोपि भाषया । इति मातृदत्त कृतावृत्त दीपिका शुभमस्त्वग्रे संपूर्णम् मितो द्वेजा आषाढ़ वदि ७ चंद संवत १९३१ मुर्नीधर नागर ब्राह्मणं शुभं भूयात ।

Subject.—पृष्ठ १ से ३७ तक भिन्न भिन्न प्रकार के कवित्त और सवैयों का संग्रह । ३८ से ७० तक रामायण माला में राम कथा का संक्षिप्त वर्णन । पृ० ७१ से ७६ तक रामाष्टक । पृष्ठ ७७ से ९० तक ज्ञान के दोहे । पृष्ठ ९० से १०६ तक नायिका भेद वर्णन । पृष्ठ १०७ से १३० तक तिथि पक्ष का वर्णन । पृष्ठ १३१ से १७० तक पिंगल संस्कृत ।

No. 275. Angrezjaṅga by Mathurēśa Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—15. Size—8 × 5 inches. Lines per page—38. Extent—285 Anuhṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1915 or A. D. 1858. Date of Manuscript—Samvat 1942 or A. D. 1885. Place of deposit—Bhaiyā Hanumāna Siṁha, Village Vardahā, Post Office Khairi Ghāṭ, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ संग्राम महाराज बलभद्र सिंह जी बहादुर का लिष्यते ॥ दोहा ॥ गनपति गौरी शंभु पद, वंदत हौं सिर नाइ । श्री बलभद्र महीप की वरणौ विजय बनाइ ॥ श्रीपाल महाराज को सुत भो श्री

बलभद्र। जुद्ध विषै ऐसो भयो मानो गेरहो रुद्र। बहरायच औ बापसी बैसवारे के राज। आये सजि सजि सैन सब बादसाह के काज॥ श्री हरिदत्त नरेश को बौंड़ी बेगम बास। हुकुम आप आए सबै बादसाह के पास॥ लरत लरत अंगरेज सों हटे हजूरी फौज। छूटि गयो गढ़ लषनौ मिटो मान को मौज। सो अब ऐसो कीजिये दीजै थान कराय। हुकुम हमारो मानि के सोई करौ उपाय।

End.—सालि अरु बालि रैकवार मै प्रसिद्धि बड़े रैका ते आय करो उत्तर को जोर है। हरि हरिदेव तरवार को प्रकास कीन्हो कीन्हो जमादारो सबै जोरि इकठौर है। रैकवार वंश में सो भूप तौ अनेक भए मारो मारो युद्ध करौ सब सो मरोर है कहैं मथुरेस इन सब सों अधिक भयो राजा बलभद्र सिंह कीन्हों जग जोर है। दोहा। साहब के अस वचन सुनि सुनि बलभद्र रिसान। भाजि गये सब झपटि वो हम करि है मैदान॥ हमरे कुल में ना भई कबहूं ऐसी बात। पांव न टारै पेत सों करि है बड़ो अघात। छत्रिन को यह धर्म है धरैन पाछू पांव। अत्र धरैं हम समर में जगत धरावै नांव॥ इति श्री महाराजा बलभद्र सिंह चहलारो के अंग्रज जंग नाम वर्णन समाप्तः। लिषा विष्णुदत्त पाठक संवत १०४२ कातिक मासे शुक्ल पछे रविवासरे॥

Subject.—इस ग्रंथ में गदर के समय महाराजा बलभद्रसिंह तथा अन्य राजाओं का ब्रिटिश गवर्नमेण्ट से युद्ध करना और लखनऊ के नवाब को सहायता करना जिसमें राजा चरदा, बौंड़ी हरदत्त सिंह चहलारी व अकौना रेहुआ रैकवार राजाओं आदि की वीरता का वर्णन है। निर्माण काल का दोहा—संवत सै उनईस है वर्ष पन्द्रह परमान। जुझि गयो श्रीपाल सुत अंग्रेजों मैदान॥

No. 276 (*a*). Lalita-lalāma by Matirāma. Substance—Country-made paper. Leaves—70. Size—9×7 inches. Lines per page—17. Extent—800 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1870 or A. D. 1813. Place of deposit—Paṇḍita Sukhanandanaji Vājapeyi Kutub Nagara, Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ ललित ललाम लिख्यते॥

दोहा—सुखद साधु जन कों सदा गज मुख दानि उदार। सेवनीय सब जगत को जग माया सुकुमार॥ १ कवि मतिराम गणेश कौं सुमिरत सुख सरसात। श्रौन पैन लागै विघन तृन तृन उड़िजात॥ २ मद रस मत्त मलिंद गन गान मुदित गनाथ। सुमिरत कवि मतिराम के ऋद्धि सिद्धि निधि हाथ॥ ३॥सवैया॥ सिद्धि बधू कच मंडल के मतिराम मनौ मुकुता गन मोहै। पारवती के पयोधर

के पय जोति जगै अति उज्जन योहै ॥ ईस के सीस ससो सुर सिंधु धमो जुत पावन पाय विमोहै। साधुन कौ सुवसो करतार करो मुख के कर सोकर सोहै ॥ ४ ॥

End.—रुचिर अल्प भूषण इते रचि जानत मतिराम। ताको वाणी जगत में विलसै अति अभिराम ॥ ३१२ छप्पय—जब लग कच्छप सेस सहस मुख धरनि भार धर। जब लगि आठौ दिसनि दिग्य सोभित दिग्गज वर। जब लगि कवि मतिराम सकल सागर महिमंडल। [अनिल अनल जब लगि जोति मंडल पाखंडल।] नृप सत्रुसाल नंदन नवल भावसिंह भूपाल मनि। जग चिरंजीव तब लगि सुखद कहत सकल संसार धनि ॥ ३१३। दोहा कंठ करै सो सभनि में सोभै अति अभिराम। सकल सार संसार हित कविता ललित ललाम ॥ ३१४। इति श्री मतिराम विरचिते ललित ललाम अलंकार समाप्तः ॥

दोहा—संवत नय मुनि वसु शशी इनकौ करौ विचार। जेठ सुदी चौदस भला सूरज सुत को वार। १८७० ज्येष्ठ सुदी १४ ॥

यो देखौ सोई लिख्यौ यथा योग्य व्यवहार। अक्षर चूको होइ तौ सो तुम लेहु सम्हार ॥ टीकाराम के पढ़िवे कौं ॥ इति ॥

Subject.—अलंकारों का सोदाहरण वर्णन।

No. 276 (*b*). Lalita-lalāma by Matirāma of Banapura (Cawnpore). Substance—Country-made paper. Leaves—75. Size—8 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—800 Anushṭup Śokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1934 or A. D. 1877. Place of deposit—Paṇḍita Kṛishṇa Bihāri Miśra, Editor, Madhurī, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥

दोहा ॥ सुखद साधु जन कौं सदा गज मुख दानि उदार। वर्ननीय सब जगत कौं जग माया सुकुमार ॥ १। कवि मतिराम गनेस कौं सुमिरत सुख दरसात। श्रौन पौन लागे विवन तूल तून दुरिजात ॥ २ मदरस मत्त मनिंद गन नाम मुदित गननाथ। सुमिरत कवि मतिराम के रिद्धि सिद्धि निधि हाथ ॥ ३

End.—छप्पय—जब लगि कच्छप कोल राखि सिर धरनि भार धरि। जब लगि आठौ दिसनि यही सोभित दिग्गज वर ॥ जब लगि कवि मतिराम सकल सागर महि मंडल। अनल अनिल जब लागि जोति मंडल आपंडल ॥ नृप सत्रुसाल नंदन नवल भावसिंह भूपाल मनि। जग चिरंजीव तब लगि रहै यों कहत सकल

संसार धनि ॥ ३९८ दोहा—कंठ करै सो सभानि में सोहै श्रुति अभिराम। सकल नियम संसार हित कविता ललित ललाम ॥ ३९९ इति श्री कवि मतिराम त्रिपाठी कृत ललित ललाम ग्रंथ अलंकार समाप्त सुभं भूयात् ॥ भाद्र कृष्ण प्रतिपदायां भृगौ संवत १९३४ लिषितमिदं पुस्तकं बलदेव मिश्रेण ॥ श्री कृष्णाय नमः ॥ इति

No. 276 (*c*). Lalita-lalāma by Matirāma of Banapura (Cawnpore). Substance—Country-made paper. Leaves—120. Size—9½ × 5½ inches. Lines per page—16. Extent—800 Anushṭup Ślokas. Incomeplete Appearance—Old. Character-Nāgarī. Place of deposit—Bhagīratha Prasāda Dīkshita, Village Maī, Post Office Beteśwara, District Āgrā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ अलंकार ग्रंथ ललित ललाम लिख्यते ॥

दोहा ॥ तामें प्रतिबिंबित मनो संपति जुत सुर लोक। घर घर नर नारी लसैं दिव्य रूप के ओक ॥ चन्द्र मुखन के भौंह जुगकुटिल कठोर उरोज। बाननि सों मनकों जहां मारत एक मनोज ॥ २ जहां चित्त चोरी करै मधुर बदन मुसिक्यानि। रूप ठगत हैं दृगनि कोंधार न दूजो जानि ॥ ३ ता नगरी कौ प्रभु बड़ौ हाड़ा सुरजन राउ। रच्यौ एक सब गुननि कौं वर विरंचि समुदाय ॥

End.—जब लगि कच्छप कोल सहस मुख धरनि भार धर। जब लगि आठौं दिसनि दिब्बि सोहत दिग्गजवर। जब लगि कवि मतिराम सगिर सागर महि मंडल। अनिल अनल जब लग्गि जोति मंडल आखंडल। नृप सत्रुसाल नंदन नवल भावसिंह भूपाल मनि। जग चिरंजीव तब लगि सुखित कहत सकल संसार धनि ॥ ३६३। कंठ करै सो सबनि में सोभै अति अभिराम। सकल भयो संसार हित कविता ललित ललाम। ३६४ इति मति कृत ललित ललाम अलंकार ग्रंथ समाप्तः शुभं भूयात् ॥

No. 276 (*d*). Matirāma Satasaī by Matirāma of Banapura (Cawnpore). Substance—Country-made paper. Leaves—114. Size—9½ × 5½ inches. Lines per page—18. Extent—719 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bhagīratha Prasāda Dīkshita, Maī, Bateśwara, Āgrā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ मतिराम कृत सतसैया लिख्यते ॥ मेरो मन तम तोमहि हरौ राधा कौ मुखचंद। बढ़ै जाहि लषि सिंधु लौं नंद नंदन आनंद ॥ १ ॥

मंजु गुंज के हार उर मुकुट मोर पर पुंज ।
कुंज विहारी विहारियै मेरेई मन कुंज ॥ २ ॥
रतिनायक सायक सुमन सब जग जोतन वार ।
कुवलय दल सुकुमार तन मन कुमार जय मार ॥ ३ ॥
राधा मोहनलाल को जाहि न भावत नेह ।
परियो मूठी हजार दस ताको आँखिन खेह ॥ ४ ॥

End.—भोगनाथ नरनाथ को रोझ्यो खीझ अनूप ।
होत भिखारी भूप हैं भूप भिखारी रूप ॥ ७०१ ॥
मुरलीधर गिरिधरन प्रभु पीताम्बर घनश्याम ।
बकी विदारन कंस अरि चीरहरन अभिराम ॥ ७०२ ॥
पीत झगुलिया पहिरते लाल लकुटिया हाथ ।
धूलि भरे खेलत रहे ब्रजवासिन्ह ब्रजनाथ ॥ ७०३ ॥
तिरछी चितवनि श्याम को लसति राधिका ओर ।
भोगनाथ कौं दीजिये यह मन सुख बरजोर ॥ ७०४
मेरे मति में राम हैं कवि मेरे मतिराम ।
चित मेरो आराम में चित मेरे आराम ॥ ७०५ ॥
इति मतिराम कृत सतसैया समाप्तः ॥

Subject.—विविध विषय के ७०५ दोहे का संग्रह ।

No. 276 (*e*). Barawā Nāyikā-bheda by Matirāma. Substance—Country-made paper. Leaves—34. Size—10 × 4 inches. Lines per page—6. Extent—204 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1904 or A. D. 1847. Place of deposit—Paṇḍita Kṛishṇa Bihārī Miśra, 318 Mīrjān Lane, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ नायका भेद बरवा छंद दोहा लिख्यते ॥ कवित कहा दोहा कहा तुलै न छप्पै छंद । विरचौ यही विचारि कै यह बरवा रसकंद ॥ १ ॥ वेधक अनियारो बड़ो समुझै चतुर सुजान । सुनत जात चित चाव पै यह बरवै के बान ॥ २ ॥ मंगलाचरण बरवा बंदौ देवि सरदवा पद कर जोरि । बरनत काव्य बरैवा लगै न खोरि ॥ ३ ॥ स्वकीया लक्षन दोहा—लाजवती निसुदिन पगी निज पति के अनुराग । कहत स्वकीया सील में ताको पति बड़ भाग ॥ ४ ॥ उदाहरन बरवा—रहत नैन कै कोरवा चितवनि छाय । चलत न पगु पैजनिया मगु ठहराय ॥ ५ ॥

End.—शिक्षा करन—थके बैठि गैंडवरिया मोड़हुं पाइ ।
पिअत न पेंख गरमिया विजन डोलाइ ॥ १६३ ॥
उपालंभ—चुप ह्वै रहेसि संदेसवा सुनि मुसुकाय ।
पिय निज हाथ बिरवना दीन्ह पठाय ॥ १६४ ॥
परिहास – विहंसत भौंह चढ़ाए धनुष मनोज ।
लावत उर अपठनवा ऐठि उरोज ॥ १६५ ॥

दोहा—लक्षन दोहा जानिए उदाहरन बरवान ।
दुनों के संग्रह भए रस सिंगार त्रिय मान ॥ १६६ ॥
यह नवोन संग्रह सुनौ जो देखै चित देइ ।
विविधि नायका नायकनि जानि भलो विधि लेइ ॥ १६७ ॥
इति श्री नायकादि भेद संपूर्णम् सम्वत् १९०४ जे० शुभम् ॥

Subject.—मंगलाचरण, स्वकीया, मुग्धा, अज्ञात यौवना, ज्ञात यौवना, नवोढ़ा, विश्रब्ध नवोढ़ा, मध्या, प्रौढ़ा, परकीया, ऊढ़ा, क्रिया विदग्धा, बचन विदग्धा, लक्षिता, अनुशयना वर्णन पृ० १—९ तक ।

गुप्ता, मुदिता, कुलटा, सामान्या, अन्य संभोग दुःखिता, प्रेम गर्विता, रूप गर्विता, प्रोषित पतिका, खंडिता, कलहंतरिता, विप्रलब्धा, उत्कंठिता वर्णन पृ० १०—१९ तक ।

वासक सेज्जा, स्वाधीन पतिका, अभिसारिका, प्रवत्स्यत्पतिका, आगत पतिका, उत्तमा, मध्यमा, अधमा, नायका सभेद, अनुकूल, दक्षिण, धृष्ट, शठ, उपपति, बैसिक, प्रोषित नायक, बचन चतुर, क्रिया चतुर, दर्शन, मंडन, शिक्षा, उपालंभादि वर्णन पृ० २०—३४ तक ।

276 (*f*). Rasarāja by Mātirāma. Substance—Country-made paper. Leaves—120. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—10. Extent—938 Anuṣṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1780 or A. D. 1723. Place of deposit—Paṇḍita Śasi Śekhar Śukla Kañjahī, Village Śivalālarāma, Paṇḍita-kā-purwā (Itauñjā Pachhima), Post Office Gaurīgañja, District Sultānpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रसराज ग्रंथ लिख्यते ॥ दोहा ॥ होतु नायका नायकहि आलंबित शृंगार ॥ ताते बरनो नायका नायक मति अनुसार ॥ १ ॥ अथ नायका लक्षनं ॥ दोहा ॥ उपजतु जाहि विलोकि कै चित्त बीच रस भाउ ॥ ताहि बषानत नायिका जे प्रवीन कविराउ ॥ २ ॥ उदाहरनं ॥ सवैया ॥

कुंदन को रंग फीको लगै झलकै ऐसो अंगान चारु गोराई ॥ आंखिन को अलसानि चितौनि में मंजु विलासन की सरसाई ॥ को विन मोल विकात नहीं मतिराम लहै मुसक्यानि मिठाई ॥ ज्यों ज्यों निहारिए नेरे ह्वै नैननि त्यों त्यों खरी निकसे सी निकाई ॥ ३ ॥ दोहा ॥ रंध्र जाल मग ह्वै कढ्यो तिय तन दीपति पुंज। झिंझिया कैसो घट भयो दिनहो में वन कुंज ॥ ४ ॥ तरुन अरुन पडोन के किरिनि समूह उदोत ॥ वेनो मंडल मुकुत के पुंज गुंज रुचि होत ॥

End.—जड़ता लक्षनं ॥ उतकंठा ते होत है अचल चित्त अरु अंग। तासों जड़ता कहत है कवि कोविद रसरंग ॥ ४०५ ॥ उदाहरनं ॥ सुधेव सुवासु रहै रंगरागते उदास भूलि गई सुरत सकल पान पान को। कवि मतिराम एक अनमिष नैन बूझै कहति न बात और सुनति न आन को ॥ थोरो सो हंसनि सोह गोरो ऐसो डारि करि भोरो करी गोरो तै किशोरी वृषभान को। तबते निहारो वह भई ह पषान कैसो जबते निहारो रुचि मोर के पषान को ॥ ४०६ ॥ दोहा ॥ अनमिष लोचन बाल यह यातो नंद कुमार ॥ मोचु गई जरि बोच हो विरह अनल की झार ॥ ४०७ ॥ समुझि समुझि सब रोझि हैं, सज्जन सुकवि समाज ॥ रसकनि के रस को कियो भयो सकल रसराज ॥ ४०८ ॥ इति श्री मतिराम कृत रसराज समाप्तं शुभ मस्तु ॥

Subject.—नायिका भेद वर्णन ।

No. 276 (*g*). Rasarāja by Matirāma. Substance—New paper. Leaves—50. Size—9 × 7 inches. Lines per page—24. Extent—900 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1896 or A. D. 1839 Place of deposit—Paṇḍitā Raghunātha Prasāda Chaube, Eṭāwah.

Beginning.—ध्यावै सुरासर सिद्ध समाज महेशहि आदि महामुनि ज्ञानी। योग में यंत्र में मंत्र में तंत्र में गावै सदा कृति शेष भवानी ॥ संकट भाजत आनन की शुंति सुंदर दंड उदंड सो जानी। ध्याय सदा पदपंकज को मतिराम तबै रसराज बखानी ॥ १५ दोहा ॥ श्री गुरुचरण मनाइ कै गणपति को उर ध्याइ। रसिक हेत रसराज किय सुकावन को सुखदाइ ॥ २ कवितार्थ जानौं नहीं कछुक भयो सम्बोध। भूल्यो भ्रम ते जो कछुक सुकवि पढ़ैंगे शोध ॥ ३ ॥ वरणि नायका नायकनि रच्यो ग्रंथ मतिराम। लीला राधा रवन को सुंदर यश अभिराम, ॥ ४

End.—दोहा ॥ देखि परै नहिं दूबरो सुनियें श्याम सुजान । जानि परै परियंक में अंग पांच मतिमान ॥ २१ जड़ता लक्षण ॥ दोहा ॥ उत्कंठादिक ते जो हु प्रचल चित्त अरु अंग । तासो जड़ता कहत हैं जे प्रवीण रसरंग ॥ २२ उदाहरण—कवित्त—सूंघेन सुवास रहै रंग रागते उदास भूल गई सुरति सकल खान पान को । कवि मतिराम इकटक अनमिष नैन बूझे न कहत बात अरु समझे न आन को ॥ थोरी सी हंसनि ओट गोरी ऐसो डारि ठग बौरी करी गोरी तें किशोरी वृषभान को ॥ तब ते विहारी वह है भई बखान कैसो जब ते निहारी रुचि मोर के पखान को ॥ २३ ॥ दोहा ॥ अनमिष लोचन बाल के याते नंदकुमार । मोव गई जरि बीच ही विरहानल को झार ॥ २४ ॥ समुझ समुझ सब रीझिहै सज्जन सुकवि समाज । रसिकन के रस को कियो नयो ग्रंथ रसराज ॥ २५ ॥ इति श्री रसराज ग्रंथ समाप्तः ॥ सम्वत् १८९६

No. 276 (*h*). Rasarāja by Matirāma of Banapura. Substance—Country-made paper. Leaves—168. Size-8 × 5 inches. Lines per page—12. Extent—756 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1900 or A. D. 1843. Place of deposit—Paṇḍitā Kṛishṇā Bihārī Miśra, Sītāpur, Gandhaulī, Sidhaulī.

No. 276 (*i*). Rasarāja by Matirāma. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—15 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—860 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Lālā Bhāgawata Prasāda, Village Sadhuwāpur, Post Office Sisaiya, District Bahrāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ राधा कृष्णायनमः ॥ अथ रसराज लिख्यते ॥ श्लोक ॥ श्री कृष्ण मुरलीधरं गिरिधर पृथ्वीधरं सुंदरं ॥ विधु दशा सुवण पोति वशानं वृन्दावने क्रीडनं ॥ कालिन्द्री तट गायन मुनिवर गोपी मनोरंजनं ॥ श्री राधा वल्लभं ललितं वन्दे सदा सुन्दरम् ॥

No. 276 (*j*). Rasarāja by Matirāma. Substance—Country-made paper. Leaves—51. Size—7 × 6½ inches. Lines per page—26. Extent—1,989 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—

Ṭhākura Basanta Siṁha, Village Udawā, Post Office Shāhmau, District Rae Bareli.

Beginning.—पृष्ट २ से प्रारम्भ ।
पति प्रीति सोहाई । तेरे सुसील सुभाय भट्ट कुल नारिन को कुल कानि सिषाई । तेही मनो पति देवता के गुन गौरि सबै गुन गौरि पठाई ॥ १२ ॥ दोहा ॥ जानत सौति अनीति है जानत सषी सुनीति । गुरजन जानत लाज है प्रीतम जानत प्रीति ॥ १३ ॥ त्रिविधि सकिया बरनिये प्रथमहि मुग्धानाम । मध्या पुन प्रौढ़ा गनौ बरनत कवि मतिराम ॥ १४ ॥ मुग्धा लक्षन वर्णन ॥ २ ॥ अभिनव यौवन आगमन जाके तन में होइ । तासो मुग्धा कहत हैं कवि कोविद सब कोइ ॥ १५ ॥ जथा ॥ नेक मंद मधुर कपोल मुसकान लागे नेक मंद गमन गईदनि की चाल भो । रैंच ऊंचौ अंचल ऊरोजन के अंकुरनि बंक डोठि नैन जुग नेसुक विसाल भो ॥ मतिराम सुकवि रसीले कछु बैन भये बदन सिंगार रस बेलिग्र × × बाल भो ॥ बाला तन जोबन रसाल उलहत हाल सौतिन के साल भो निहाल नंदलाल भो ॥

No. 277. Antariyā kī Kathā by Meḍailāla Awasthi. Substance—Country-made paper. Leaves—17. Size—7 × 4 inches. Lines per page—12. Extent—153 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1905, or A. D. 1848 Place of deposit—Paṇḍita Tribhuwanadatta, Village Fakharpur, Post Office Baharāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ अंतरिया कथा लिष्यते ॥ सोरठा ॥ गणपति कृपा निधान, बुद्धि रासि शुभ गुण सदन ॥ देहु मोहि बरदान कथा अंतरिया की कहौं ॥ १ ॥ उमा शंभु संवाद, परम रुचिर मंगल भवन, जेहि सुनि मिटै विषाद, दोष अंतरिया ना रहै ॥ २ ॥ दोहा ॥ संभु भवानी सरस्वती, उर गौरि माइ प्रसाद, दोष निवारन जगत हित कहब सकल संवाद ॥ ३ ॥ चौपाई ॥ परम रम्य गिरवर कैलासा ॥ सदा जहां सिव उमा नेवासा । सिद्धि परसिद्ध तप हित मुनि देवा । करै जोग जप तप हित सेवा ॥ षटमुख आदि संभु गन जेते ॥ हरिपद सेवत प्रेम समेते ॥ विपिन बाग मानस अति सोहै । बरनै छवि अस कवि जग को है ॥

End.—इति श्री मेड़ई लाल अवस्थी विरचितायां उमा महेस संवादे भैरौं निमित प्रसादे कथा अंतारो समाप्तम शुभमामस्तु सवत मासे कृष्ण पछे तिथौ

चौदसियां सनिवसरे श्री संमतु १९०५ लेषाक दोनदयाल कयेस्थ वसि सहिपुर ग्रेमे नाई आताटे तर्स्यापात्मज बपतावर लाल लिषाते जो प्रति देषा सो लिषा मम दोषो नाहि शुभ मस्तु राधा कश्न की जै रामचन्द्र सोवामी को जै ॥ राम राम राम राम राम राम राम ।

Subject.—अंतरिया यानो अतरा (इकतरा) रोग को कथा का वर्णन। इसमें महादेव पारवती का संवाद है। एक व्यापारी बनिज को गया था उसकी स्त्री घर पर थी। उस व्यापारी का भेष बना कर एक प्रेत उसके घर में आकर रहने लगा। जब वह व्यापारी घर आया, तो अपने रूप का मनुष्य देख कर दुखी हुआ, स्त्री भी घबड़ाई, अंत में राजा के यहां न्याय के लिये गये। राजा भी न्याय न कर सका। तब न्याय के लिये गड़रिया बुलाया, उसने कहा कि चमड़े के छेद होकर जो मसक में घुस जावे वही स्वामी है। प्रेत तुरंत ही घुस गया और गड़रिया ने उसे बंद कर दिया। मुख्य स्वामी अपनी स्त्री को लेकर घर चला गया।

No. 278. Megha-prakāśa Jyotish by Megha Munī of Phaguwārā (Punjab). Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—8½×6½ inches Lines per page—40. Extent—870 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1817 or A. D. 1760. Date of Manuscript—Samvat 1895 or A. D. 1838. Place of deposit—Bābā Bhāgawatadāsa, Village and Post Office Jarwal, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ मेघमाला लिष्यते ॥ दोहा ॥ परम पुरुष घट घट रम्यो ज्योति रूप भगवान। सकल रिद्धि सुख देत प्रभु नमत मेघ धरि ध्यान ॥ वाहन जाको हंससित और सिंह सिव तीय। सिवा भवानी सारदा सकल एक नहिं बीय ॥ चरनन मो युग तासु के आगम वानी दाह। तिस प्रसाद इस ग्रंथ को रचौं सकल सुख थाह ॥ चौ० ॥ गुरु समान जग में नहिं कोई। मूरख पंडित करता सोई ॥ जिमि दीपक मंदिर तिमि नासे। गुरु ज्ञान अज्ञान बिनासै ॥ षटपट छंद ॥ सकल वस्तु को भेद ज्ञान अज्ञान बतावत। नरक स्वर्ग की बात और शिव पद दिखरावत ॥ ब्रह्मा विष्णु महेस ताहि गति कोइ न जानत। सो लहि है परसाद जु गुरु के वचन पिछानत ॥ तीन लोक ब्रह्मा रच्यो मृत्य स्वर्ग पाताल रवि सो गुरु की कृपा दिसै वदत मेघ त्रिय काल कवि ॥ दोहा ॥ ज्योतिष ग्रंथ अपार मग जानत इक जगदीश। मानव सुर जानत नहीं। ताते मोमति कीश ॥

13919

End.—सांवल छंद ॥ मुनि शशि वसु को जान महो संवत इहु आषति कातिक शुदि गुरुवार मान पंचम तिथि भाषत ॥ उत्तराषाढ़ नक्षत्र दिवस में एकवि को जति। सो घटि अक्षर होइ ताहि कवि सुधि करि लीजति ॥ लीलावती छंद ॥ प देश जलंदर शोभै सुन्दर नाम द्वावा ठौर कहियो। शुभदान पुन्य को ठौर यहो है मानौ सुर पुर आन रह्यो पंडित नर। सो मै कवि तै भारी गीत बजित्र रंग सियो गृह गृह मंगलचार जु होवहि तामेपुर इक इहु बसियो। सकल रिद्ध कर सोभ है फगुवारा शुभ धाम। तहां मेघ कविता करो आछी विधि मन आन। चूहड़मल ये चौधरो फगुवारे को राइ। चतुर सैन्य करि सोभ है जिमि उड़गन शशि थाइ। सब कविता सो बेनती कहत मेघ कर जोर। करौ सुद्धि इस ग्रंथ को अधिक कह्यो जिहि ठौर। बालक हठ ज्यो बात को पंडित करत विचार। कहौ अशुद्धिहि होइ कछु लीजौ कवित सुधार ॥ गोता छंद ॥ कर सरब छंद मिलाइ इकठा कहो संख्या यासकी। द्वात्रिंस अक्षर कै हिसाबै आठ सै उनचास की। इन्द्र छन्द षट सत अरु उनीसै कही कवि इहु मास को सजानु संख्या दोऊ जातै मेघ माल विलास को ॥ दो० ॥ कविजन कविता को सदा छिन छिन होइ आनंद। बसौ ग्रंथ जग चिर लगै जौं लौ रवि थिति चंद ॥ इति श्री मेघ प्रकाश मुनि मेघराज विरचिते सगुन नाम चतुर्थोध्याय ॥ ४ ॥ लिषितं मिश्र गुलजारी पटियाले मध्ये पोथी ज्वाला गिरि योग्यः सं० १८९५ आश्विन शुक्ल तृतीया भृगुवासरे समाप्तम् ॥

Subject.—परमात्मा की महिमा गुरु की महिमा, ग्रंथ रचने का कारण कातिक मास, दिवाली, अगहन, पूस मास, माघ मास का फल, माघ, पूरन मास का फल, माघ वदी नौमी का फल, फालगुन मास का फल, होली विचार चैत्र मास का फल, चैत्र बदी पड़वा का फल, वैसाख मास का फल, जेठ मास का फल, जेठ वदी पड़वा का फल, आसाढ़ मास फल, आसाढ़ मास में कल्ली रोहनी का विचार, आषाढ़ पूर्णिमा का फल आषाढ़ सुदी पूनम को ध्वजा को पवन का विचार, सावन, भादौ मास का फल, ग्रह नक्षत्र वर्षा लक्षण, चार थंभ समय का विचार, रोहणी चक्र, ग्रह राशि फल, मूसल जोग, अंगारा जोग, मृत्यु जोग, ग्रह उदै फल, शुक्र उदय फल, शुक्र चन्द्र फल, पुस मास संक्रांति का फल, कर्क संक्रांति का फल, मीन संक्रांति का फल, संक्रांति सोतो बैठो ठाढ़ो का फल, संक्रांति वर्षा का फल, मास क्षय का फल, तेरह दिन के पाख का फल, पक्ष क्षय का फल, तिथि क्षय का फल, तिथि अधिक का फल, अधिक मास का फल, एक मास में पंचवार का फल, रवि शशि कुंडल पारवा का फल, दुकाल लक्षण, चन्द्रमा उदय का फल, चन्द चढ़े के रंग का फल, मंडलों का फल वायव्य मंडल का फल, वारुणी मंडल का फल, महेन्द्र मंडल

का फल, चारो मंडल के फल, संक्रांति समय मंडल मध्य शशि का फल, समय के राजा का फल, मंत्री का फल, ग्रहण विचार, भू कंपन लक्षण, ग्रह वक्र अतीचार फल, ग्रहराशि विचार, गोल योग, वर्षा कुयोग, अर्घकांड, अर्थ संक्रांति कांड, बृहस्पति कांड, शनि विचार, नक्षत्र शनि कूर्म चक्र विचार पारसी मतांत मुहर्रम के गुरें का विचार, वर्ष दिन बरते तिसका फल (इंगलिश में)। रविवारे गुरेर का फल, सोमवार, मंगलवार, बुध, गुरुवासरे, शुक्रवारे, शनिवारे गुरेर का फल, राशि स्वामी फल ग्रह स्थिति, उत्पात फल सगुन अध्याय, वर्षा लक्षण, इन्द्र धनुष का फल, छींक सगुन, अंग स्फुरण सगुन, रासभ वाक फल, जंबू वाक फल, दक्षिण फल, शिवा वाक दिन प्रथम जाम फल, किरलो सगुन का वर्णन, सातवार का फल, अंग फल, कविराज मेघ मुनि के ग्राम आदि का वर्णन।

No. 279(*a*). Vyādhināśa Vaidyaka by Meharwānadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—60. Size—15 × 5 inches. Lines per page—18. Extent—1,140 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written Prose and verse. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1906 or A. D. 1849. Place of deposit—Kumāra Bachchā Sāheb Raīs, Gudhuāpur, Post Office Chilwāriyā, District Baharaich (Oudh).

Beginning.—श्रीमते रामानुजायनमः अथ वैद्यक व्याधि नास नाम ग्रंथ लिष्यते ॥ दोहा ॥ श्री गुरु परमानंद प्रभु चरण कमल मन लाइ। मेहरवान दास प्रेरक परम परमातमहि मनाय। रक्षा मय सो जग रच्यो त्रिगुन भयो विस्तार कम काल माया विवस करि राष्यो संसार ॥ सतगुरु वैद मिले विनु कोइ न होत अरोग व्याधि असाधि वचै कबहु हानि लाभ भय सोग ॥ त्रिगुण त्रिदोष लग्यो जगत भिषक मिले गुरु जाहि। नाम रसाइन औषधी निरुजभ यो-निर्वाहि ॥ मंत्र जंत्र गुन गान प्रभु प्रगट्यो जीवन हेत ताहि विधि औषद जरी पावत होत सचेत ॥ दैहिक दैविक भौतिकौ लगो ताप त्रय जीव। मेहरवान दास भगवान विन सुमिरन विपति अतीव। संचित प्रारब्धिक करम क्रिया मान ये तीन। दुष सुष भोगवत जीव यह देह संग कतकीन ॥ आदि व्याधि लागी जगत जव जाको जाहेत। मेहरवान दास संसै मिटै मिले गुरु करिंत। आदि व्यथा है मानसी व्याधि सरीर संजोग। सुमिरन ते मन दुष नसै औषधि ते तन रोग ॥

End.—अथ दसमूल नाम कथन। उमय गुपरू, पाड़री अरनी सरवन नाम विथवन वेलि कुम्हेरि सौनावली मूल दस ठाम। पंचलान नाम ॥ सांभरि पारो

विडकहो सेधा सोचर सोई, लवन पांच ये सांच हैं पर दोये कै होइ ॥ अथ करुरा देषै कै विधि। बड़े सवेरे घरो भरि रात्रि जब वाको रहै तब रोगी को एक वासन में मुतावै सो मूत जब घाम होइ तब घाम में धरै तब तेल में सींक बोरि के एक बूंद छोड़ै । जो तेल ऊपर रहै तो रोगी साध्य जानौ जो बूंद डूब जाय तो रोगी मरै । धनुहो कार मूत्र बढ़ै तौ मूत्र दोष जानिये छत्रकार होय तौ दीर्घ जीवो । मूत छूटि कै कई बूंद होई तौ बूंद गिनके मरे के दिन बताइ देउ। पीत वर्ण पित रोग सित वर्ण कफ रोग। कृष्ण वरण वात रोग, निला रंग त्रिदोष गंध आवै रोगी मरै निर्मल नीर सम मूतै रोग विमुक्ता जानौ ॥ साध्य असाध विचार। एक चौड़े वासन में जल भरै घाम में धरै रोगी को सूर्ज दिषावै सूर्ज संपूर्ण देषै तो रोगी साध्य सूर्ज न देष परै तौ रोगी मरै सूर्ज के बीच छेद बतावै रोगी अठयें दिन मरै संपूर्ण सूर्य प्रकास देषै तौ दान देइ वैद को खुस करै रोगी अच्छा होय।

इति श्री व्याधि नास नाम ग्रंथ मेहरवान दास कृत संग्रह समाप्तं ॥ लिषतं रघुवर सषा मिर्जापूर निवासी संवत १९०६ श्री राम जी की जै ॥

Subject.—नाड़ी परीक्षा, तौल प्रमाण, धातु शोधन मारण उपधातु शोधन आदि, ज्वर चिकित्सा क्वाथ आदि का वर्णन, रसों का भली प्रकार वर्णन चूर्ण गोली तैल आदि, घृतादि औषधियों का संग्रह करना उनकी पहिचान, आदि का वर्णन

No. 279 (*b*). Vyādhināśa by Paṇḍita Meharwānadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—121. Size—8¾ × 4½ inches. Lines per page—8. Extent—1,320 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1851 or A.D. 1794. Date of manuscript—1248 Hijri or A.D. 1870. Place of deposit—Rājyapustakālaya, Bhingārāja, District Baharaich.

Note.—विशेष No. 279 (*a*) में लिखा गया है।

No. 280. Kavitta Saṅgraha by Mōhana kavī. Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—9½ × 5 inches. Lines per page—22. Extent—60 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarīnātha Bhaṭṭa, Lucknow University, Lucknow.

Beginning.—अथ कवित्त मोहन के लिख्यते ॥

उससि उससति है ग्रेा सबै ग्रवासु दहै वैरिन कौ वासु दहै परीयै। मानतिन सौंहनि तनैनो कै कै भौहनि झुकति भरि भौंहनि हौं कैसे कै उबरियै॥ नैननि लगनि हिरदै क। हो लगनि तन विरह अगिनि सिलगत अति जरीयै। देपे निरमोही ते ि शेष सब तोहि पिये तेरे हिप नाहीं पै परखैया हो मरीयै॥

End.—जियरोई जानत है नियरो रहत तन छिन छिन हियरो दरस दुख दाहिये। पेम लपटाए वैन नैननि हो समझै अलि नैनन सुनै जो वार कोटि अवगाहिये। तुम कह्यो हिरदे सु हम कहो परगट लोइन न नेह के निहरि नेकु ता हिप॥ इकटक चाहत हैं याते न प्रगट होहि चाहको चाहनो मुख चाहे हू न चाहिए॥ इति।

Subject.—१७ शृंगार के कवित्तों का संग्रह।

No. 281. Kapota—līlā by Mōhanadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—8½ × 5 inches. Lines per page—9. Extent—51 Anushṭup Ślokas. Appearance—Ordinary. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1833 or A.D. 1776. Place of deposit—Paṇḍita Śitala Prasāda, Village Fatehpur, District Bārabanki (Oudh).

Beginning.—श्री मतेरामानुजाय नमः॥ उद्धारावतो एकांत निवासा। हरि कौ पूछे उद्धव दासा। ज्ञान विचार विवेक सुनावौ। मेरे मन कौ तिमिर नसावौ। कौन पुरुष कैसो तेरी माया। कहौ कृपा करि त्रिभुवन राया। कैसो विधि प्राणी सुप पावै। काल व्याल भय दूरि बसावै॥ २॥ श्री भगवान कहै निज ज्ञाना। तत्त्व उपदेश सुनों दैकाना। सकल चराचर मो मैं लेखा। मोते भिन्न कछू नहिं देखा॥

End.—सब परिहरि हरिसों रुचि कीनो। ताते मैं इनकी बुधि लीनो। ज्यों सब नरपति त्यागेउ राजा। करि हरि भजन समारै काजा। अब मैं ज्ञान कह्यो नाना बिधि। निज मन को सोपों अपनो अपनो निधि। श्री भगवान जू बोले बाणी। उद्धव को अंतरगत जानो। जो इह लीला सुनै अरु गावै। ज्ञान विराग भक्ति उपजावै। शेष महेश पार नहिं पावै। मोहनदास यथा मति गावै। इति श्री दत्तात्रेय कपोतलीला मोहनदास कृत संपूर्ण॥

Subject.—उद्धव का ईश्वर से प्रश्न, पुरुष कौन है, माया क्या है, और मनुष्य सुख कैसे पा सकता है। ईश्वर का उत्तर, संपूर्ण संसार मुझ में है, जो अनन्य भाव से मेरी सेवा करै वह संसार से तर जावे। यदु का एक मुनि को देख कर शंका उपस्थित करना कि आप को संसार से विरक्ति कैसे हो गई, मुनि का अपने चौबीस

गुरु करने का कथन और उनको गुरु बनाने का कारण। उनको अपने गुरुओं के नाम इस प्रकार बताना (१) अवनि, (२) मारुत, (३) जल, (४) ४ अग्नि, (५) आकाश, (६) शशि, (७) रवि, (८) कपोत, (कपोत कपोती का प्रेम व्यवहार, दोनों का घर बनाना, सुत उत्पन्न होना, उसकी बोली से प्रसन्न होना, बालक को भोजन के लिये कुछ लेने को जाने पर बालक का जाल में फंसना कपोतिनी का भी स्वयं फंस जाना, कपोत का भी फंस जाना) (९) अजगर, (१०) सायर, (११) भृंग, (१२) कुरंग, (१३) मतंग, (१४) पतंग, (१५) मीन, (१६) मधु मक्खी, (१७) पिंगलानारी, (१८) कुररी पक्षी, (१९) कुमारी की चूड़ी, (२०) बालक, (२१) भृंगी, (२२) सर, (२३) भुजंगम और (२४) सब सरकारों को देख कर चरण कमल से पृथक् न होना। उपसंहार में अपनी ईश्वर भक्ति का यही कारण बताना।

No. 282(*a*). Ganeśa Chauthi kī Kathā by Motilāla. Substance—Country-made paper. Leaves—50. Size—7½ × 4½ inches. Lines per page—10. Extent—390 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Ordinary. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1862 or A. D. 1805. Place of deposit—Paṇḍita Bhawānī Bakśa, Village Utārā, Post office Musāfirkhānā, District Sultānpur.

Beginning.—पृष्ठ २—कृपा सिंधु उर अंतर जामी × × × × छल कीन्हो जिरजोधन राजा ॥ जोति लोहउ मोहि राजि समाजा। अनुज समेत जुवती सब लाए ॥ कानन फिरहु दुहु दुख पाए ॥ तेहि ते प्रभु विनवउ कर जोरी ॥ केहि विधि पाइ राजि बहोरी ॥ कृष्ण कहा सुनि वचन नरेसा ॥ तुव हित लागि कहौं उपदेसा ॥ पूजहु गणपति कह चितु लाइ ॥ जेहि पूजे संकट संकट मिटि जाइ ॥

End.—गज वदन चरित्रं वीक्षण दंतं मुनि रंजन वरनत संतं। गणपति वरदायक सब सुपलायक सुर मुनिमायक भानु जुतं। सबही सुपकारी जग उपकारी। सिद्धि सुधारी शिव नंदा। जे व्रत मन लावहि हरिपद पावहि सुनत महामन सुपकंदा। गणपति उर दीजै सब सुप कीजै सुनहु धर्म सुत भूपा। तन मन सुख सातसो वरदाता गणपति को जे ध्यावहि सो नर परहि भव कूपा। दो०। गणपति को व्रत जे करहि ध्यान धरहि चित लाइ। ताके सर्व मनोरथ पुरवहि श्री जदुराइ। ५२ इति श्री वेदव्यास वानी मोतीलाल भाषा कृते गणेश चौथिनी कथा समाप्तं शुभ मस्तु संवतु १८६२ सन १२१३ कार शुक्ल पक्षा १५ लिखियत वरवेहा लिया जो देषा सो लिषा।

8755

Subject.—(१) पृ० १ से २ तक--धर्मराज का कृष्ण से वन से घर शीघ्र पहुंचने के निमित्त साधन पूछना

(२) पृष्ठ ३ से ४ तक—गणेश महिमा। पृ० ५ से १३ तक—उमा के घर नारद आगमन, उमा से नारद का कथन कि शिव मुंडमाल क्यों धारण किये हैं। जब उमा न बता सकी तो शिव से पूछने के लिये कथन। शिव के आने पर उमा का उनसे उक्त शंका करना। शिव का बताना कि यह तुम्हारे उन मुंडों की माला है जब तुम्हारा शरीरपात होता है। शिवा का कथन कि आपके अनेक जन्म क्यों नहीं, शिव कथन कि बीजमंत्र जानने के कारण। शिवा का भी बीज-मंत्र पूछना सब जीवों का भगाना, १२ वर्ष तक बीज मंत्र कथन, अंडे से तोते का श्रवण, पार्वती का सो जाना शिव जी का जान कर शुक के पीछे धाना। उसका व्यासाश्रम में जाना, शुकाचार्य्य का जन्म।

(३) पृ० १४ से २६ तक—शिव का उमा को निकाल देना, षडनन के पास पहुंचना तपस्या के लिये माता से प्रार्थना, गणेशोत्पत्ति।

(४) शिव गणेश युद्ध, गणेश शिरच्छेदन, उमा की प्रार्थना पर हाथी का सिर लगाना गणेश का बुद्धिमान सिद्ध होना।

(५) पृ० २७ से ४४ तक—गणेश पूजन करने वालों का इतिहास।

(६) पृ० ४५ से ५० तक गणपति पूजन विधि।

No. 282(*b*). Ganeśa Kathā by Motīlāla. Substance—Country-made paper. Leaves—13. Size—18 × 5 inches. Lines per page—24. Extent—450 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1910 or A. D. 1853. Date of Manuscript—Samvat 1940 or A. D. 1883. Place of deposit—Ṭhākura Chhatra Siṁha, Kaṭailā, Post Office Fakharpur, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ गणेश कथा लिष्यते ॥ ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ॥ दोहा—बंदि चरण रवि दिज हर हर गिरि मनुलाइ। सैल सुता सुत की कथा कहौ सुनौं मनुलाइ ॥ रामकृष्ण भ्रातन सहित सिय रुकुमिनि तिय धाम। बुद्धि बढावै सकल मिलि पुनि पुनि करौं प्रनाम ॥ कथा कहौं गण-नाथ की पार उतार बलवीर। बुद्धि हीन निज जानि कै सुमिरौ तनै समीर। राज्यो बाच। एक समै बूझत भये हरिहि जुधिष्ठिर राइ आनि महा संकट परे केहि उपाय ते जाइ। चौपाई ॥ सुनहु कृष्ण देवन के देवा। निगम शेष विधि पायो

न मेवा ऐसे प्रभु तुम दीनदयाला। सदा करहु दासन प्रतिपाला॥ विपति हमारो विलोकहु स्वामी। कृपासिंधु तुम अंतरजामी छल कीन्हें जिरजोधन राजा। जीति लियो महि राज समाजा॥

End.—घृत सो होम करै चित लाई। ताके बुद्धि होय अधिकाई॥ मास असाढ़ चौथ अंधियारो। कंवल फूल कर लेइ विचारी। सर्प्पिक सहित होम चित लावै सो नर मन वांछित फल पावै। सावन कृष्ण चौथि अब आवै। कुसुम सिहोरे केर मंगावै। सबलिहु सहित नैवृत सो मोहो। देव दैत्य ताके वसि होही। दोहा। इहि विधि वारह मास करि कह्यो भूप समुझाई। विधि सो पूजहु गणपती सब संकट मिटि जाइ। चौपाई—यह सुनि धर्म तनय सिर नाये। हरि पद को रज नयन लगाये। एहि विधि कह्यो कृष्ण वृत रीति। तेहि विधि राजै कीन्हो प्रीति॥ गणपति को महिमा अपारा। मारि सत्रु कीन्हें पैपारा। सुख सो राज महीपत कीन्हा। गणपति की दाया लिषि लीन्हा। जो गणपति को वृत चित लावै। रिद्धि सिद्धि अणमादिक पावै। नारी पुरुष करै व्रत जोई। सर्व सिद्धि फल पावै सोई। जो यह कथा सुनै अरु गावै। ताके काल निकट नहिं आवै। गणनायक को कथा यह संस्कृत मध्य भुपाल। जथा बुद्धि भाषा रची पंडित मोतीलाल। इति श्री मोतीलाल पंडित विरचितायां गणेश कथा समाप्तम् संवत १९१० कातिक वदी ११ गणेश कथा लिष्यते देवीदीन गुजवली सुभ गुरुवासे।

Subject.—गणेश की कथा

No. 282(*c*). Gaṇeśa Purāṇā Bhāshā by Motīlāla. Substance—Country-made paper. Leaves—19. Size—8 × 5 inches. Lines per page—22. Extent—318 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1893 Samvat or 1836 A.D. Place of deposit—Ṭhākura Maheśa Siṁha, Village Kohali Bichaī Singh kā Puravā, Post Office Kesargañja, District Baharāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ पोथी गणेश पुराण प्रारंभः॥ दोहा॥ एक रदन गज वदन को पगु वंदौ कर जोरी। कृपा करहु सिव संकर बुद्धि बढ़ै जेहि मोरि॥ व्यास आदि कवि पुंगवा नारद आदी मुनीसा। दिनकर ब्रह्मा सेस गुरु सब कहं नावौ सीसा॥ चौ०। राजा जुधोष्ठिर उवाच। सुनौ स्वामी तुम मदन गोपाला। सदा करौ संतन प्रतिपाला। विपति हमारो विलोकहु स्वामी। कृपासिंधु उर अंतरजामी छल कीन्हो जुरजोधन राजा। जीती लीन्हों मोर राज समाजा॥ बन निकारि दीन्ह दुषदाई। कानन फिरौं दुसह दुख पाई। तेहि तौ

प्रभु विनवौं कर जोरी। केहि विधि पावौं राज बहोरी। कृष्ण कहा सुनु वचन नरेसा। तुम हित लागि कहौं उपदेसा। पुजो गनपति मन चित लाई। जेहि पूजे सब दुख मिटि जाई। विघन हरन है जाकर नामा। तेहि पूजै पइहौ विश्रामा

End.—मास असाढ़ चौथि जब आवै। कमल फूल कर लेइ मंगावै। भुगति समेत होम जो करई। सो प्रानी पुनि देह न धरई। सावन चौथी भुप जब आवै। कुसुर सेहरुआ केर मगावै। ब्राह्मण वालो होम घृत करई। दानौ देव ताके वस होई। दोहा० यहि विधि वारमास को कहौ भूप समझाइ। विधि सो पूजै गनपती सकल कष्ट मिटि जाय। चौ० ॥ सुनि कै धर्म तनय सिर नावा। धन्य गोपाल यह कथा सुनावा। जो विधि कृष्ण कहा व्रत जेतो। तेहि विधि सो नृप कीन्ह प्रतीतो। गनपति भई जो कथा अपारा मारे जो सत्रु लगो नहिं वारा॥ सुप समेत राज तब कीन्हा। गनपति की दाया लषि लीन्हा। गनपति केरी बात चित आई। जो मनसा करु सो फल पाई। सिद्धि रिद्धि संपति धन अपारा। धरनि धाम सुत संपतिदारा। नारी पुरुष करै व्रत कोई। सकल सिद्धि फल पावै सोई। जो यह कथा सुनै औ गावै। अंतकाल सुर पुर पहुंचावै। गनपत की कथा यह संस्कृत मध्य विसाल जथा बुधि भाषा रचेउ जड़ मति मोतीलाल। इति गणेश पुराण सम्पूर्णम। लिषतं प्रताप सिंह ठाकुर संवत १८९३॥

Subject.—पृष्ठ १ से १९ तक वंदना, पार्वती शंभु संवाद। एक समय धर्मराज का राज्य जाता रहा। उन्होंने श्री कृष्ण भगवान से अपना राज्य प्राप्त करने का उपाय पूछा, तो भगवान ने बताया कि गणेश जी की मन कम वचन से पूजा करो। उदाहरण रूप से कहा है कि एक बार शिव जी अपने दोनों पुत्रों को लेकर श्री विष्णु की सभा को गए वहां इंद्रादि ३३ कोटि देवता बैठे थे, भगवान ने दोनों पुत्रों को बुला कर दो मोदक दिखाये और कहा कि जो पृथ्वी की परिक्रमा पहिले कर आवेगा वह लड्डू पावेगा, एक पुत्र रथ पर बैठ गया और गणपति जी ने भगवान की परिक्रमा कर मोदक मांगे अतः उन्हीं को मोदक मिले। इसी १२ मास की पूजा पृथक् पृथक् वर्णित है। अंत में पूजा का फल कवि का नाम और लिखने वाले का संवत आदि है।

No. 282(*d*). Gaṇeśa Māhātmya Vrata by Mōtilāla. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size 8 × 4 inches. Lines per page—16. Extent—400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1903 or A. D. 1846. Place of deposit—Ṭhākura Madhōrāma, Village Nautalā, Post Office Sisaiyā, District Bahraich (Oudh).

Beginning:—श्रीगणेशायनमः दोहा ॥ सुमिरन करि गणेस को गुरु चरनन सिर नाइ। सोकल चौथि को महिमा कहौ सुनहु चित लाइ। दोहा राम कृष्ण भ्रातन सहित सिय रुक्मिन धिय धाम। बुधि बढ़ावहु सकल मिलि पुनि पुनि करौं प्रनाम ॥ कथा कहौं गननाथ को पार उतारौ बोर। बुधि हीन निज जानि के सुमिरौ तनय समीर। युधिष्टरौ बाच। एक समय पूछत भये हरिहि युधिष्ठिर राइ। आह महा संकट परा जाइ सो कहिय उपाइ। सुनहु कृष्ण देवन के देवा। निगम सेष विधिपावै न भेवा ॥ ऐसे प्रभु तुम दीन दयाला। सदा करौ संतन प्रतिपाला ॥ विपति हमारि विलोकहु स्वामी। कृपा सिंधु उर अंतर जामी। छल कीन्हौ दुरजोधन राजा। जीति लिये मोहिं राज समाजा ॥ अनुज समेत जुवति संग लाए। कानन फिरौ दुसह दुख पाये ॥ तेहिते प्रभु विनवौं कर जोरो। केहि विधि पाइये राज बहोरो ॥ श्री कृष्णौ बाच। कृष्ण कहा सुनहु बचन नरेसा। तव हित लागि कहौं उपदेसा। पूजहु गनपति कहं चित लाई। जेहि पूजे सब दुख मिटि जाई ॥

End:—यहि विधि बारह मास के पवन आहि समुदाइ। विधि से पूजै गनपती सकल व्याधि मिटि जाइ। यह सुनि धर्म तनै सिर नावा। धन्य कृष्ण यह कथा सुनावा। यहि विधि कृष्ण कहा सो रीती। तेहि विधि राजा कीन्ह प्रति प्रीती। गणपति की भइ कृपा अपारा। मारि सत्रु कीन्हेउ पैकारा। सुख सो राज महो पर कीन्हा। गणपति को महिमा लिषि दीन्हा। जो गणपति को व्रत चित लावै। मन वांछित नर सेर फल पावै। रिधि सिधि धन धेनु अपारा। धरनि धाम सुत संपति दारा। जो यह कथा सुनै अरु गावै। अंतकाल सुरपुर सुख पावै ॥ दोहा ॥ गन नायक की कथा यह संस्कृत मध्य विसाल। जथा बुद्धि भाषा रचित जड़ मति मोतीलाल। इति श्री गणेस पूर्ण श्री कृष्ण युधिष्ठिर संवाद गणेस महात्म व्रत कथा समाप्त ॥ शुभ मस्तु। संवत १९०३ सन १२५४ फसली कार्तिक मासे शुक्ल पक्षे तिथि पंचमी वार सनिवार दसव्रत भागीरथ मुकाम चौपड़िया पोथी रघुवर नाथ कै श्री राम श्री जानुकी सहाई गणेस जी सहाइ। श्री राम श्री राम ॥

No. 352(*c*). Piṅgala Nāmārṇava by Raṇadhīra Siṁha. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—10 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—864 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1824 or A.D. 1767. Date of manuscript—Samvat 1921 or A. D. 1864. Place of deposit—Viśwanātha Pustakālaya of Ṭhākura Maheśwara Siṁha, Village Ḍikauliyā, Post Office Biswā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ पिंगल नामार्णव लिख्यते ॥ छप्पै छंद ॥ समुष एक रद कपिल चारु गज कर्ण प्रकाशित। लम्बोदर अरु विकट विघ्ननासन सुविकासित ॥ लसित विनायक धूम केतु गिरि गणाध्यक्ष गति ॥ मालचंद्र गजवदन द्विरस इमि नाम सुभद भनि ॥ कृत प्रथम अस्मरन श्रवन जो आरंभे विचारने ॥ जु विवाद प्रवेशे निर्गमे संकट विघ्न ग्रक घने ॥ कवित्त ॥ स्यामाजु तिहारे पद पंकज प्रभाव सुनि भल्यनि को काम दस दोइ वेद गायो है ॥ ताही ते ढिठाई करि विनय सुनाऊं मात भाषा नाम अर्णव सु चाहत बनायो है ॥ जानि निज सेवक निवाहै जु अविघ्न ग्रंथ दीनबंधु जानि निज दीनता सुनायो है। तेरो जस मंडित अपंड भव मंडल में ब्रह्म विश्नु ईस ज्ञेते तेरो जस गायो है ॥

End—धनुषनाम पद्धरी छंद ॥ धनुकामें करि संतापरेषि ज्यावास चाय भाषति विसेषि ॥ कोदंड जबै लेतो प्रकुद्ध पल त्रस्त मान त्यागे विरुद्ध ॥ जुगल

नाम मालिनो छंद ॥ नगन नगन करनो गोप गानोप गानो । विरति रचिय आठै और सातै बरानो ॥ सुमन गुनन लैके ह्वै रही डालिनो है । सरस सुरस हेली पालिनो मालिनो है ॥ जथा ॥ मिथुन जमल जुग मै द्वंद को साध्य रोतै । जुग जम विय धारै द्वै उभे चारु गोतै ॥ जुगुल चरन स्यामा अग्र तौ विश्नु ईसै ॥ विधि पति-तल से है ज्यों त्रिवेनी सुदोसै । पुष्प रस नाम हरि लीला छंद ॥ सारंग त्यौ मधु गनै रस चारु भासै त्यो पुष्प सार गनि पुष्प रसै प्रकासै । स्यामा पदाज मकरंद सुवंद देवै । ध्यानस्थ चित अलि ज्यों रलिनित्त सेवै ॥ मालानाम ॥ रूपमाला छंद ॥ राजो तौ स्रुक गुनवती इमि कोस रति प्रकास । दाम स्रज तिमि धोमतान पिपेषि करत प्रकास ॥ त्यागि जग आसार सार प्रकार आला ध्याइ । चिदानंद निरोह नित्या रूप माला ठाइ ॥ इति श्री श्री मन्महाराजा श्री सिरमौर वंसवतंस श्री मन रनधोर सिंह विरचिते नामार्णव समाप्तं सुभमस्तु संवत १९२१ लिपतं जवाहिर लाल पंडित पैदापुरो स्थाने चैत्र शुक्ले चतुर्थ्यां ॥

Subject—अनेक छंदों के नाम तथा उन्हों नाम के छंदों में सब ४५० नामों का वर्णन ।

No. 353. Sapta Vyasana by Raṅgalāla. Substance—County-made paper. Leaves—277. Size—11 × 6½ inches. Lines per page—12. Extent—4,075 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1937 or A.D. 1880. Place of deposit—Jaina Mandira, Daryābāda, District Bārā Bankī.

Beginning—ॐ नमोसिद्धेभ्यः ॥ अथ भद्रबाहु चरित्र तथा सप्त विसन भाषा लिष्यते ॥ सवैया—श्री जिनदेव सिद्दारथ नंदन के जुगपाद सरोज निहारे । पोत भवोदधि के सुथरे जगजीव अनेकन पार उतारे ॥ अंतम तीरथ के करता मद मान महान विदारन वारे ॥ सो प्रभु सन्मति दायक (लायक ?) दूरि करौ दुख दोष हमारे ॥ १ ॥ राजत नाभि नरेश्वर के घर में रंजनी कर श्रीकर नोके । निर्तत नष्ट निहार तिलोतम जानि विषै सुख लागत फोके ॥ फेरि मिथ्यात कुला-चल निश्चल नाथ भयो त्रैलोक महो के । आप तरे अरु औरन तारत पाद सरोज नमों जिनहो के ॥ २ ॥ श्री विजयादिक पूरव मे गज चिन्ह धरे प्रगटे तिमि-रारो । जिन मिथ्यात महातक कौसिक छित भयो निज पौरुष हारो । देखि परयो शिव मारग सुंदर होत भये भवि जोव सुपारो । भूंवत हौं भव-सिंधु परेरा अब बांह गहौ अजितेस हमारो ॥ ३ ॥ ....

नंदन जाय अनंदित कै पुनि नंदन और जन्यौ न सुनंदा ॥ कोटि कलंकन सात लखे छवि सों प्रभु सीतल नाथ जिनंदा । तोरि महा भव पिंजर मो अब

मेटि गरीब नेवाज कुफंदा ॥ जा सम चन्द दिवाकर को दुति होति न पूरन आनंद कंदा ॥ १० ॥ तिनि सुग्यान लहे जनमे सिर आंस जिनेश्वर आनंद धारो। जंगम थावर जीव सबै जगमें तिनके प्रभु रक्षक भारी। तीरथनाथ कहे सगरे जहं पाद परे तहं तीरथ जारो। हे करुनानिधि आनंद की विधि हे भगवंत नमो दुख हारी ॥ ११ ॥

End—अडिल्ल छन्द ॥ यह वृतांत सुनि सकल त्रिया दस मुख तनो। भई विकल ता रूप मोह मद को सनो। डगमंगाय गिरि परत चलन इत आइके। रावन मृतक सरीर देषि दुष दायके ॥ आवत नारी दस मुख ऊपर गिरि परी। हा हा करत पुकार नयन जलसौं भरी ॥ कै एक नारी मुरक्षा खाय पछार सौं। गिरी धरनि में जाय भई विलल सौं ॥ ११ ॥ कै एक नारी पति को गोद उठाय के। मुख चुंब करि बोली बैन उचारि के ॥ अहो नाथ क्या पौढ़े रन में आय के। सूनो सेज हमारी गे छुटकाय के ॥ १३ ॥ कै एक नारी पति के पाय पलोटती। कंकन माल उतारि बदन कौ कुटती ॥ कै एक नारी कूर गिरत को धाइया। तिन्ह सखी जन पकरि गोद बैठाय के ॥ × × ×

× × × × × ×

इन्द्रजीत की वारे सिया पति देषियें। मधु मधुर वच भाखत करुना पेषियो ॥ अहो दसानन—पुत्र राज्य करिये भिया ॥ हमे सिया सो काम जाय वन वासिया ॥ १७ ॥ × × × × × ×

इति सप्त व्यसन शास्त्र सम्पूर्ण ॥ भादौं बदी ११ संवत १९३७ शाके

Subject—(१) पृ० १—११ तक—मंगलाचरणादि। चतुर्थ विंशति तीर्थंकर स्तुति, महाराज स्तुति, उपध्याय स्तुति। जैन वचन स्तुति, गुरु महाराज स्तुति।

(२) पृ० १२—२१ तक—दश लक्षण रूप मुनि धर्म वर्णन। प्रथम क्षमा धर्म वर्णन, उत्तम क्षमा वर्णन, उत्तम मार्दव धर्म कथन, उत्तम आर्जव धर्म कथन, उत्तम शौच धर्म्म, उत्तम सत्यधर्म, नाम सत्य कथन, रूप सत्य कथन, संस्थापन रूप सत्य, प्रतीत सत्य, संवत सत्य, संयोजना सत्य, जिन पद सत्य, भाव सत्य, समय सत्य, उत्तम सत्य, उत्तम संयम धर्म कथन, ईर्जा सुमति, भाषा सुमति, षेषना सुमति।

(३) पृ० २२—३० तक—छियालीस दोष वर्णन। षोडष उदगम दोष दाता के आधीन, षोडष दोष पात्र के दोष वर्णन, बत्तीस अंतराय वर्णन, चौदह मलों का वर्णन, अदान निक्षेपन समिति प्रतिष्ठापन समिति, पंच सुमतिपूर्ण भाव शुद्धि, काय शुद्धि, ईर्जा पथ शुद्ध कथन, भिक्षा शुद्धि, भिक्षा के पांच भेद, गोचरी भेद,

अक्ष भूक्षन भेद, उदराग्नि समन भेद, श्रमणाहार भेद, गति पूर्ण भेद, प्रतिष्ठापन शुद्धि, सैन शुद्धि कथन, वाक्य शुद्धि, उत्तम संयम धर्म कथन पूर्ण। (४) पृ० ३१—३५ तक—उत्तम तप धर्म कथन, ताप नाम, प्रथम अनशन तप भेद, अमोदर्ज तप, व्रत परि संख्यान तप, रस परित्याग तप, विविक्त शैयोपासन, विविक्त शय्यासन तप, काय क्लेश तप। (५) पृ० ३६—५४ तक—प्रायश्चित तप, अकम्पित दोष, अनुमान दोष, दृष्ट दोष, बादर दोष, सूक्ष्म दोष, प्रक्षन दोष, शब्दा कुलित दोष, बहुजन दोष, तत्सवी दोष, विनय तप वर्णन, वैयावृत तप कथन, स्वाध्याय तप, व्यत्सर्ग तप, ध्यान तप, शुभाशुभ ध्यान वर्णन, धर्म स्वरूप वर्णन, आज्ञा विचय, अपाय विचय, विपाक विजय, संस्थान विचय, शुक्ल ध्यान, प्रथक्त-वतर्क विचार, एकत्व वितर्क, सूक्ष्म क्रिया प्रतिपत्ति, उत्तम त्याग धर्म पूर्ण।

(६) पृ० ५५—५९—तक—उत्तम अकिंचन धर्म कथन, उत्तम ब्रह्मचर्य, यहां तक उत्तम दशलक्षणी रूपमुनि धर्म पूरा हुआ।

(७) पृ० ६०—८३ तक—एकादश प्रति मारुय। श्रावक धर्म कथन, पाक्षिक श्रावक धर्म, नैष्ठिक श्रावक धर्म, एकादश प्रतिमा नाम। सप्त व्यसन वर्णन, व्यसनों के नाम। प्रथम द्यूत व्यसन का वर्णन, उदाहरण स्वरूप कौरव पाण्डवों के उदाहरण को उपस्थित कर द्यूत-व्यसन संबंधी बुराइयों का वर्णन। (८) पृ० ८४—९३ तक—मांस व्यसन (२) का वर्णन। कौशाम्बी के भूप नाम राजा के पुत्र बकु के मांस भक्षी होने का वर्णन। उसके जैनी पिता का संताप कर दीक्षा लेना, बकु का राजा होकर सूपकार द्वारा बारा मांस भक्षी होकर दुर्दशा को प्राप्त होना, अर्थात् बकु के पिता को आज्ञा कि हिंसा न हो—जिससे डर कर उसका रसोईदार एक बालक का मांस लाया और उसी को पका कर खाया, उसको जीभ को वह पसन्द आया। रोज बालकों को चुरा कर खाने लगा। प्रजा को यह ज्ञात हुआ और उस नगर कोही छोड़ दिया पुनः—राजा का श्मशान में भ्रमण और वहीं वसुदेव का प्राप्त होना और उनका पाटकि भू देना और बकु का नरक में पड़ कर दुख भोगना। इस उदाहरण को उपस्थित कर मांस भक्षण करने से क्या क्या बुराइयां होती हैं यह निष्कर्ष निकालना।

(९) पृ० ९४—१०७ तक—तीसरे व्यसन मद्य का वर्णन। श्री जिनेन्द्र मुनि का उज्जयंत गिरि पर पहुंचना और वहां उनके दर्शनों के हितार्थ यादवों सहित बलभद्र का पहुंचना, प्रश्नोत्तर द्वारा मदिरापान द्वारा यादव तथा द्वारावती नगरी के विनाश के समाचार श्रवण कर, अपने राज्य को लौटना और नगर में मद्यपान के निषेध का ढुंढेरा फेर कर सम्पूर्ण मद्यपात्रों को बाहर फिकवा देना, एक दिन वन क्रीड़ा के समय गये हुए यादवों का तृषाकुल होकर

उन पात्रों में भरे हुए बरसाती जल को पीकर उन्मत्त होकर पत्थरों को एकत्रित कर दीपायन नामक मुनि के पास रखना, उनके क्रोध से ज्वाला का निकल द्वारावती को भस्म करना, कृष्ण का जर्द कुंवर द्वारा विनाश वर्णन कर मद्यपान के दुर्गुणों का वर्णन किया है।

(१०) पृ० १०८—१२५ तक—चतुर्थ व्यसन, वेश्यागमन। चारुदत्त का चरित्र, उसका अपने मातुल की पुत्री से विवाह होना। काव्यादि ग्रंथों में विरत रहते हुए स्त्री का ध्यान न करना। उसकी सास का आकर पुत्री को देख कर और उसकी आंतरिक वेदना समझ कर दुःखित हो अपनी समधिन को यह व्यथा सुनाना। उसका अपने देवर से अपने पुत्र को कामकला में निपुण करने के लिये आदेश, उसका पुत्र को वसंतमाला की पुत्री वसंतसेना नाम्नी वेश्या के पास भेजना, उसका उसी में अनुरक्त होकर सम्पूर्ण धन धान्य उसी को दे देना, अंत में उस वेश्या की माता द्वारा तिरस्कार पाकर श्वसुर गृह को गमन कर वहां पहुंची हुई अपनी माता से मिलना, उसकी सहायता से अपने श्वसुर के साथ, देशाटन को जाना और वहां पर अनेक व्याधियों को भुगतना और अंत में अनेक विद्या और धन धान्य से सम्पन्न होकर अपनी नव-विवाहिता वधुओं सहित निज नगरी में आना, वहां व्रतधारिणी वसंतसेना को भी अपने घर में रखना, इस प्रकार वेश्यागमन से धन धान्यादि नष्ट होकर दुःख प्राप्तानुभव कथन।

(११) पृ० १२६-१३२ तक—वेश्यागमन का दूसरा उदाहरण। उज्जैनी नगरी के सुदत्त सेठ के संयोग से वसंतसेना को गर्भ का रहना, उससे एक पुत्र और पुत्री का उत्पन्न होना, दोनों का बाहर विरुद्ध दिशाओं में त्यागा जाकर बनजारे तथा समुद्रदत्त द्वारा ले जाया जाना और इन भगनी तथा भ्राता का विवाह संबंध होना, किसी समय इसी वेश्या के पुत्र (धनदेव) का आकर उज्जैनी में अपनी माता वसंतसेना पर आसक्त होकर उसी के साथ से गर्भ रख पुत्र उत्पन्न करना, उसकी प्रथम पत्नी (कमला) के पूर्वभव समाचार जानने के पश्चात् उज्जयनी में आकर पालने में झूलते हुए बालक (वरुन) से अपने छै नाते निकालना, धनदेव संबंधी षट नातों का वर्णन। वेश्या सम्बन्धी षटनातों का वर्णन। इस प्रकार अष्ट दस संबंध समन्वित वेश्या व्यसन का वर्णन कर उससे घृणा कराना।

(१२) पृ० १३३—१५० तक—पांचवां व्यसन चोरी वर्णन। शिव भूतनाम ब्राह्मण का जय सिंह नृपति के सिंहपुर नाम के नगर में अपने को सत्यवादी प्रसिद्धि करना, एक सेठ का उसके यहां चार लाल थाती रखना और प्रवास से लौटने पर उसे न देना। राजा इत्यादि का सेठ के प्रार्थना करने पर भी कुछ ध्यान न जाना, रानी द्वारा नीति से ब्राह्मण से उन रत्नों का निकलवा कर ब्राह्मण का दंडित होना और सेठ को अपने रत्नों का मिलना, ब्राह्मण का मर

कर सर्प हो राजा के कोष भंडार में वास करना और एक दिन राजा को डसना, गारुड़ों द्वारा सर्प का विनाश तथा नारकी हो कर भोग भोगना और तिर्यक योनि पाना।

(१३) पृ० १५१—१६२ तक—अहेरी व्यंसन वर्णन। उज्जैनी के राजा ब्रह्मदत्त का बड़ा भारी अहेरी होना, एक मुनि के तपोभूमि में जाकर आखेट खेलने की इच्छा से जाना और ४ दिन तक क्रमशः किसी प्रकार के शिकार का प्राप्त न होना, एक दिन मुनि का भोजन के निमित्त जाना। राजा का अपनी असफलता में मुनि को कारणभूत समझ कर उनके आसनवर्ती प्रस्तर खंड को तपा देना, मुनि का आकर और यह समाचार पाकर साहस पूर्वक उस पर बैठ कर नियमानुसार तप निरत होना। राजा का कुष्टी होकर मरना, और अनेक नरकों में पड़ कर यातनाएं सहन करना पुनः संसार में स्वानादि नीच प्रवृत्ति के पशुओं में जन्म लेकर, मर कर, एक धोबी के यहां पुत्री होना और अर्द्धांग रोग के कारण दुखी होकर बन जाना और वहां एक आर्यिका के समीप रह कर व्रत करना और सिंह द्वारा उसका खाया जाना पुनः सेठ की कन्या होना और सुदत्त सागरमती द्वारा अपने पूर्वभव का समाचार सुन कर दुखी होकर उनके बनाये व्रत को धारण कर मर कर राजा के यहां जन्म पा, स्त्री शरीर से पुरुष शरीर में आ पुण्यकार्य कर स्वर्ग को जाना इस प्रकार इस व्यसन की दुर्व्यवस्था का दर्शन करा उससे बचने का आदेश।

(१४) पृ० १६३—२७७—तक स्त्री व्यसन। सातवें व्यसन स्त्रीगमन परस्त्री गमन का वर्णन। राम जनक सुतादि उत्पत्ति का वर्णन, राजा दशरथ द्वारा राजा जनक को राक्षसों से रक्षा करना, राम द्वारा इस कार्य में योग दिया जाना। राजा जनक को विजय पाने का वर्णन, और उसको सीता को राम से विवाहने का कथन। इस पर एक राजा को आपत्ति जो सीता का भाई था। राजा जनक की धनुषभंग प्रतिज्ञा। राम की विजय, सीता का विवाह, राम का लक्ष्मण सीता सहित वन गमन, बन संबंधी सुख दुःखों का सविस्तर वर्णन। लक्ष्मण के कई विवाहों का वर्णन। रावण द्वारा सीता का हरण किया जाना। राम का सुग्रीव, हनुमानादि की सहायता से विजय प्राप्त करना, रावण का वध, सीता को लेकर राम का प्रसन्न होना, रावण का तीसरे नरक में पहुंचने का वर्णन। शील की महिमा, ग्रंथ सम्पूर्ण :।

इति श्री सप्त व्यसन शास्त्र संपूर्ण। भादोवदी ११ संवत १९३७ शाके।

No. 354(*a*). Vrata Mushṭi by Raṅganātha. Substance —Country-made paper. Leaves—6. Size—15 × 5 inches.

Lines per page—16. Extent—105 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript —Samvat 1902 or A.D. 1845. Place of deposit—Paṇḍita Ayodhya Prasāda Miśra, Village Kaṭhailaḍi, District Bahrāich.

Beginning—श्री मतेरामानुजायः नमः ॥ चौपाई ॥ अभव युगुल मूरति उर धारौं मुनि मत भाषित व्रतहिं विचारौं ॥ अमावेध परिवा नहिं लीजै । अमावेध षट दंड कहीजे ॥ साठि दंड तिथि कै व्रत होई । एकादसिय रहित सुभ सोई ॥ सुकुल पाष उदया परिमाना संत समाज सकल सुभ ठाना ॥ इति परिवा निर्णय ॥ परवेधो सुभ दुइज बषानौ सावन स्याम पूर्व सुभ जानौ ॥ इति द्वितीया निर्णय ॥ दोहा । रंभा जेठ उजेरको पूर्वजता सुभ होइ और तीजि सब जानिये पर युत सुषदा सोइ ॥ इति त्रितीया निर्णय ॥ चौथि सकल परवेधो षासो श्राका भाद्र स्याम बिधु भासो ॥ भाद्र उजेरे दुपहरे मानौ विधु दर्शन प्रति षेद्य बषानौ ॥ माघ अंधेर विधु उदय लेषो शुकुल चौथि सांझे को पेषो ॥ इति चतुर्थी निर्णय ॥ चौथि समेत पंचमो लेहू श्रावन सुदि परवेध कहेहू भादौं सुदि दुपहर को जानौ मुनि पूजा महं वेद बषानौ । इति पंचमो निर्णय ।

End—दान विधान संक्रमो होई । षोडस दंड पूर्व पर सोई ॥ आधी राति पूर्व जौ लागै पून्य दिवस पूरव पर भागै ॥ आधी राति परे जो होई । पर दिन पुन्य कहैं सब कोई ॥ आधो राति बीच संक्रमणो पुन्य दिवस दूनौ तब रमणो ॥ राति भरे यह संक्रम लागै कर्क पुन्य पूरब दिन जागै ॥ राति भरे मह मकरौ लागै पर दिन पुन्य वेद मत पागै ॥ संध्या तीनि दंड परमाना होइ रात्रि दिनही कर ठाना ॥ संध्या माह संक्रमो होई तेहि समीप दिनही में सोई ॥ सिंह कुंभ वृष वृश्चिक कर्क । आदि दंड षोड़स अति फर्क ॥ बीच माह अमेषा गावा । शेष गासि पर पुन्य बतावा ॥ इति संक्रांति निर्णय ॥ कोइ मुनि परक वार व्रत धारै ॥ दिन अलोन भोजन इकवारै । इति अर्क वार निर्णय ॥ दोहा ॥ व्रत मुष्टो शुभ ग्रंथ है रंगनाथ को जानि । मुठो में व्रत करत है जो करि है पहचान ॥ जो निरमय करि ग्रंथ यह पढ़ै सुनै नर कोउ । मनवांछित फल देहि तेहि सिय रघुनंदन दोउ ॥ इति श्रीमद गर्ग वंसावतंस कवि कुलालंकार चूड़ामनि श्री रघुवर तनुज रंगनाथ रचिता व्रत मुष्टो समाप्ता । लिः रघुवरदास वैष्णव मिरजापुर हरि मंदिरे पौष कृष्ण ७ संवत १९०२ ॥

Subject—प्रतिपदा से अमावास्या, पूर्णिमा, ग्रहण, संक्रांति मकर वारुणी आदि व्रतों के फलों का वर्णन ॥

No. 354(*b*). Vrata Mushṭī by Paṇḍita Faṅga Nātha of Akaraurā, Payagpur, District Bahrāich. Substance—Country-made paper. Leaves—13. Size—6 × 4 inches. Lines per page—14. Extent—105 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1921 or A. D. 1864. Place of deposit—Paṇḍita Ayodhyā Prasāda Miśra, Village Kaṭhailaḍī, Trilwaliā, District Bahrāich.

Note—Details as in No. 354 (*a*).

No. 355. Savaiyā by Rasakhāni. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—$8\frac{3}{4} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—16. Extent—280 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Bhaiyā Santa Baksha Siṁha, Guṭhawā (Bahrāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सवैया लिख्यते ॥ या लकुटी अरु कामरिया हित राज तिहुं पुर को तजि डारौं । आठव सिद्ध नवो निधि को सुख नंद कि गाय चराइ बिसारौं ॥ रसखानि कबै इन नैनन तें ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं ॥ कोटिन्ह ए कलधौति के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं ॥ १ ॥

End—ब्रज को बनिता सब घेरो करैं तेरो टारयो बिगारयो जहां गसु री ॥ तूं हमकों रिपु काहे भई जोपै कान्ह लई तौ कहा रसु री ॥ रसखानि भनै विधि मान भो बसने नहिं देत दिना दस री ॥ हम या ब्रज को बसवोइ तज्यौ बसुरी ब्रज बैरिनि तूं बंसुरी ॥ ७४ ॥ बजी है तू आज कलंक भरो सुनिकै वृषभानु कुमारि न जी हैं । न जो है कदाचित कामिनो कौजु पै कान मैं जाइ अचानक पो है ॥ पी हैं बिदेस से देस न आवत मेरो ही देह कों मैन सजी है । सजो सु है मैन कहा बसु है ब्रज बैरिनि बांसुरी फेरि बजी है ॥ ७५ ॥

इति सुभमस्तु संमत् १९०९ पौष बदी ५ श्रीराम श्रीराम राम राम १

Subject – श्रीकृष्ण राधिका के प्रेम संबंधी फुटकर ७५ सवैया ।

No. 356. Vaidya Prakāśa by Rasālagiri. Substance—Country-made paper. Leaves—50. Size—$9\frac{1}{2} \times 6$ inches. Lines per page—20. Extent—1,240 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in Prose and Verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Lālā Jaṅga Bahādura, Kundana Jaṅga, Rāe Bareli.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री सरस्वत्यैनमः ॥ श्री गुरुचरण कमलेभ्यानमः ॥ अथ वैद्यप्रकाश ग्रंथ लिख्यते ॥ दोहा ॥ शिवसुत पद वंदन करौं बहुविधि सीस नवाइ । वैद्यक ग्रंथ विचित्र अति रचो महासुख पाय । वैस वंस अवतंस अति गोवर्धन सुखधाम । ताके सुत अति ही सुभग तीनि महा सुध ग्राम ॥ गिरि रसाल पर भीम की प्रीति प्रतीति रसाल । अति गति जति मति है सरस अद्भुत परम विसाल ॥ श्री मथुरापुर को गये मेह भीम के संग । तेहि लघु अनुज सुजान सो तब तहं भयो प्रसंग ॥ लेखराज तब मोहि कहि गिरि रसाल सुनि लेहु । औषधि सुभग समूह कौ ग्रन्थ मोहि रचि देहु ॥

End—उबटन ॥ मसूर की दाल चिरौंजी हलदी दारु हलदी लाल चन्दन इन सब औषधि को बराबर गाय के दूध में पत्थर पर चन्दन की समान घिस शरीर में लेप कर स्नान करने से झाईं मुहासा और चमड़े के सब रोग दूर होंय ॥

अथ तालीसादि चूर्ण ॥ तालीस मासे २ नागकेसर मासे २ सौंठ मासे २ पीपरि मासे २ मिस्री मासे २ वंसलोचन तोले २ दाख तोले २ छुहारे तोले २ अनारदाने तोले २ जायफल मासे २ कचूर मासे २ अकरकरा मासे २ हर्रे बड़ी की बकली मासे २ जीरा सफेद मासे २ कंकोल मासे २ मिस्री सम मात्रा लेय ॥ नागेस्व ॥) सु एक घेला भर पाय जीर्णज्वर जाय ॥ इति शार्दूल चूर्ण सम्पूर्ण शुभं ॥

Subject—गणेश स्तुति, कवि परिचय, आश्रय दाता का परिचय, नाड़ी विचार, ज्वर के भेद और लक्षण तथा औषधि, पेट पीड़ा की औषधि, कान पीड़ा की औषधि, खांसी की औषधि, गले की पीड़ा की औषधि, सिर पीड़ा की औषधि, सब प्रकार के ज्वरों की औषधि, अतीसार, मन्दाग्नि, सर्व रोग औषधि, धातु करन औषधि, प्रमेह की औषधि, क्षय रोग की औषधि, श्वास रोग की औषधि, नेत्र रोग की औषधि कमल रोग की औषधि, संग्रहणी रोग की औषधि, जलोधर रोग की औषधि, दांत मंजन, उबटन, तालीसादि चूर्ण ।

No. 357(*a*). Rasasāra by Rasikadāsa of Bṛindābana. Substance—New paper. Leaves—8. Size—6 × 4 inches. Lines per page—12. Extent—48 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Hansa Bahādura Vaishya, Bodhipur, Rāe Bareli.

Beginning-श्री राधा रसिक विहारी जी अथ रससार लिख्यते ॥ चौ० ।
श्री हरिदासी नर हरि दासि । स्यामा स्याम रहे मन भासि ॥
तिनकी कृपा रस सार बखानो तहं छवि अमित अपार अति जानो ॥१॥
कुंज केलि सहज प करैं महा केलि न्यारे विस्तरैं ॥

भोर भार तहं जात न कोई मुंहां चुहो ज्यों ज्यावत दोई ॥ २ ॥
जहं पंछी को नहीं प्रवेस मधुकर धुनि को तहां न लेस ।
निभ्रत कुंज की सुनों अब कथा तहं सोभा को नाहो तथा ॥ ३ ॥
जहं सब रितु रहैं फूले फूल एकांत कुंज सब रस को मूल ॥
प्रथम चोक में घोस प्रकासै दूजो चोक सरद निसि भासे ॥ ४ ॥
तीजे चोक रेनि तम लगी स्यामा स्याम . रूप जगमगे
पत्र मूल फल फूल हैं जिते राधा छवि करि सो है तिते ॥ ५ ॥
ठोर ठोर जहं प्रिया जनावै धाइ धाइ स्याम कंठ उरलावै
भुजा पकरि प्यारी गहिराखै प्रेम मग्न अति मोहन दाखैं ॥ ६
अनुराग मूर्ति दोऊ तन बने गौर स्याम सोभा रस सने
प्यारी दृग स्याम है तारे और खेल पल नैन उघारे ॥ ७ ॥
ज्यों दर्पन में देखो झाई गोरो स्याम स्याम है छाहो
और खेल में चित्त न जाई मन की दसा रहै ठहराई ८
स्याम नैन गोरो को देह रूप दृष्टि चित सने सनेह
जो कहिये तो कहत न आवै नेहो विना भेद को पावै ॥ ९

End—नित्य सिधा जेतो हैं खसो साधन सिधा न्यारी लखो
मुनि कन्या ऋषि कन्या जितो श्रुति कन्या साधन सिधा तितो ३७
नित्य सिधा गोप कन्या जानों श्री कृष्ण अनादि तैसें ये मानौ
राधा कृष्ण सर्व को मूल तिन को और कौन समतूल ॥ ३८
चाह मूरति नित्य सिधा भई तिनतें और सखो सब लई
तत सुख सखो एक रस पागे तिनके भेद कहों अब आगे ३९
तत सुख सखी को एहो रीति तन में रहै अपन यो जीत
प्रिया प्रीतम को निजु सुख चाहै अपनो सुख नहीं मन ओगाहैं ४०
पूर्ण सुखै सखीए लेंहि चाह में चाह मिले मन देहि
तिनको पर्दा करै न कोई एकांत सेज जहां पौढ़े दोई ४१
भूषन वसन ए निकरि संवारें श्रमजल पोंछि पवन कर डारें ।
सो सुख सखो कहावै तोन स्याम के सुख को चाहै जोन ॥ ४२
अपने सुखे रहै जे रातो कृष्ण सरूप सों रहैं जो मातो
एकात केलि जहां दोई करैं ये सखो न तहां अनुसरै ४३
और कुंज क्रीड़ा जो करैं तहां तहां सखो संग सब फिरैं
सहज केलि करि सब सुख देहि तत सुख सखो सबै सुख लेंहि ॥ ४४
महाकेलि में जातन कोई निभृति कुंज सुख लूटैं दोई
महाकेलि को सकै बताई नहि कहिवे को परमति आई ॥ ४५

या रस को जो जानै मर्म तातो कहियो यह निजु धर्म।
श्री नरहरिदास को हेत निजु जानों, श्री रसिकदास रससार बखानों।
इति श्री रससार संपूर्ण।
Subject—श्री राधा कृष्ण का प्रेम वर्णन।

No. 357(*b*). Rasikadāsajī ke Pada by Rasikadāsa. Substance Country-made paper. Leaves—28. Size—8 × 7 inches. Lines per page—48. Extent—1,176 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Babu Śyāma Kumāra Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—श्री कुंज विहारी जी॥ अथ श्री स्वामी रसिकदास जी के पद रस के लिषते॥ राग विहागड़ो॥ दूल्हो दुलहनि अधिक बनो॥ पूजन चलो कल्पतरु सुंदरि ओरै ठान ठनो॥ कियो सषनि गढ़ जोर सबनि मिलि आगे धन पाछे जो धनो॥ गावत चलो गीत मंगल के सबै सुघर सजनी॥ तनुक छुनक पग धरत धरनि पर छवि पावत अवनी॥ छिरक सुगंध मूल तरु पूज्यो फूलनि माल घनी॥ अंचल जोर यहै वर मांगत रहो यह प्रेम सनो॥ श्री रसिक विहार न होइ मान छक केलिकला कवनी॥ १॥ प्यारी जु तें मोहि मोलि लियो॥ तेरी कृपा मदन दल जीत्यो तेरो जिवायो जियो॥ उमड़ी सेन महा मनमथ की ते अधरामृत दियो॥ श्री रसिक विहारी कहत दोन ह्वै धनि स्यामा को हियो॥ २॥ स्यामा स्याम रूप रस चाषैं॥ कुंज महल अकेले दोऊ तहां न कोई झांकै॥ बैठो आप ठाढे लाल पकरि पकरि कर राष॥ ठाढ़े रहो किंकिनी संवारो मंद मधुर भाषैं॥ अंग अंग ललचाइ रहे मन उमगी उर अभिलाषैं॥ श्री रसिक विहारी यह सुष विलसत निकट भये सुषदाषैं॥ ३॥

End—बहु विधि वेद पुराण प्रेमतत्व निजु गावै। ध्यान धरैं। षोजै नित्य वृंदावन कौं अंत न पावै॥ तरुणी रूप मनसासक्त चैतन्य जाग्रत जानौ। वेद गुप्ति जो जपै सो अनंत कियो बषानौ। सोत उश्न सुष दुष नही निसवासर नही तास। इंद्री मन कौं सुष नही नष रवि जोति प्रकास। महा गोपितें गोप रहसि तें रहसि एकांत रस। बिनु जानैं रस रीति तिनसौं ना कहियै जस। षवनासन यौं ध्यान सो नीकै चित धरई। माया बंधन छोड़ि वास विपिन मैं करई। श्री वृन्दावन वास सुरनर मुनि नित्त चाहै। श्रुति धरै जो ध्यान विधि संकर षोगाहै। श्री हरिदास कृपा विना क्यों सूझै वज धूरि। श्री नरहरिदास बताई अपनो जीवन मूरि। श्री नरहरिदास प्रताप तें भाषा कृत सो कीनो। श्री रसिकदास कौं करि कृपा वास विपिन मैं दीनों॥ इति श्री रसार्णव पटल श्रुति अनंत संवादे ध्यान लीला भाषा संपूर्ण॥

Subject—पृ० १—३—शृंगार रस के पद—पृ० ४—सिद्धांत की साखी। पृ० ५—सिद्धांत के पद। पृ० ६—७—रसिकदास जी का वृन्दावन निवास वर्णन। पृ० ८—भक्ति सिद्धान्त वर्णन। पृ० ९—पुण्य कर्म वर्णन। पृ० १०—पाप कर्म वर्णन, भक्ति कर्म वर्णन, अपराधों का वर्णन. साधु लक्षण वर्णन। पृ० ११—पूजा विलास वर्णन, सतगुरु लक्षण वर्णन, अछूत दोष वर्णन, पांच भाव वर्णन, उपासना भेद वर्णन, नित्यनेम वर्णन। पृ० १२—आसन की महिमा, बिना आसन दोष वर्णन। तिलक की महिमा वर्णन। पूजा विधि वर्णन। पृ० १३—सोलह सखियों का वर्णन, भोजन विधि वर्णन. शुद्धता का वर्णन, विश्वास का वर्णन, प्रगट पूजा वर्णन। पृ० १४—अन्य देवताओं का वर्णन, परिक्रमा फल, संध्या वर्णन, अपराध वर्णन, बिना अर्पण दोष वर्णन, पृ० १५—श्री कृष्ण कृपा का वर्णन, पृ० १६—कुंज कौतिक वर्णन। कुंज वर्णन। पृ० १७—विरह और उसके भेद वर्णन, कुंज केलि वर्णन। पृ० १२—२० गुरु मंगल यश वर्णन। पृ० २१—हरि कृपा वर्णन। पृ० २२—बाललीला वर्णन। पृ० २३—कल्पवृक्ष वर्णन। पृ० २४—मंडप वर्णन। पृ० २५—श्री कृष्ण ध्यान वर्णन। पृ० २६—श्री कृष्ण चरण चिन्ह वर्णन। पृ० २७—श्री राधा ध्यान वर्णन। पृ० २८—श्री राधाचरण चिन्ह और ध्यान वर्णन। समाप्ति॥

No. 357(*c*). Vārāha Saṁhitā by Rasikadāsa of Bṛindābana. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—8 × 7 inches. Lines per page—38. Extent—466 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Śyāma Kumāra Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—अथ श्री बाराह संहिता लिख्यते॥ चौपाई॥

श्री नरहरि दास चरन सिरनाऊं श्रीराधा कृष्ण सुमरि गुन गाऊं
मैं भाषा कौ कियौ विचार मति बुधि देहु करौं उच्चार॥ १॥
वन उपवन की कथा जु बरनौं सत आवर्ण कौं कोनौ निरनौं
निर्गुन सर्गुन कौ जुदौ विस्तार सबतें परें सुनित्य विहार॥ २॥
पछियात कोउ भेद लगावै श्रीबाराह पृथ्वी सौं गावै

श्री प्रथव्योवाच॥ श्लोक॥ अनंत कोटि ब्रह्मांडे तद्बाह्यांतर संस्थिते॥ विष्णु स्थान मपरंतेषां प्रधानं प्रिय मुत्तमं॥ १॥ चौपाई॥

अनंत कोटि ब्रह्मांड हैं जिते बाहिर भीतर हरिपुर तिते॥ ३॥
विष्णु कौ प्रिय कौन सथान सबके परें कौन प्रधान॥
कृष्णस्थान अद्भुत प्रिय होइ ताकें परें और नहीं कोइ
महाप्रभु कृपा करि मोसौ कहौ यौं सुष सुनि अनंद अति लहौ॥

श्री वाराहउवाच ॥ श्लोक ॥ गुह्यादगुह्यतमं गुह्यं परमानंद कारकं ॥ अत्यद्भुतं रहस्यांतं रहस्य परमं शिवं ॥ २ ॥ चौपाई ॥

End—कृष्ण वर्ण चारि हैं भुजा संख चक्रादि भूषि धुजा
दक्षिण द्वारपाल ए रहे श्री विष्णु स्यामवर्ण जो कहै

तत्र श्लोक ॥ कृष्णवर्ण चतुर्बाहं शंख चक्रादि भूषितं ॥ दक्षिणे द्वारपालं च विष्णुं कृष्ण वर्णकं ॥ २ ॥

जुग औतार चारि ये कहे द्वारपाल ते बृज के लहे ॥ १५ ॥ इति सप्तम आवरण ॥

सप्तम आवरण उलंघ जो आवै महल कुंज विहारी कौ पावै
श्री हरिदास करुना निधि रहि हैं । निजु दासो महल को करिहैं ॥ १६ ॥
श्री नरहरिदास चरन उर आनैं तव भाषा के पद करि जानैं ॥
निजु महल जो जान्यौं चाहौ तौ यह जस नीकैं अवगाहौ ॥ १७ ॥
बुद्धि उनमान यह जसु ज्ञ बषान्यौ सुद्ध अशुद्ध अपराध न मानौं
श्रीवाराह धरनी सौ भाष्यौ श्री रसिकदास भाषा करि राख्यौ ॥२१८॥

इति श्रीवाराह संहितायां धरनी वाराह संवादे श्रीवृंदावन रहस्य पटल समाप्तं ॥

Subject—पृ० १—गुरु २—वंदना, मथुरा की प्रशंसा । ३—द्वादश वन और उनके भेद अष्टदल वर्णन । ४—षोडश दल वर्णन । श्री वृंदावन ध्यान वर्णन । ५—प्रभु ऐश्वर्य वर्णन । वसंत वर्णन । प्रभु रज महिमा वर्णन । ६—यमुना जी का वर्णन । निज मंदिर वर्णन । ७—नवकिशोर ध्यान वर्णन । प्रभु महिमा वर्णन । ८—सौरभ वर्णन । श्री राधा प्रताप वर्णन । ९—राधा कृष्ण कैशोर आवेश वर्णन । अष्ट सखी वर्णन । १०—सखी ध्यान वर्णन । गोपकन्या का वर्णन और भक्ति श्रुति कन्या का वर्णन । ११—देव कन्या वर्णन । मुनि कन्या वर्णन । महल के चार दरवाजे के अधिकारियों का वर्णन । १२—प्रथम आवर्ण, द्वितीय आवर्ण, तृतीय आवर्ण, दक्षिण द्वार का वर्णन, पूर्व द्वार का वर्णन, चतुर्थ आवर्ण । १३—पंचम आवर्ण, चूड़ामणि मंत्र प्रताप वर्णन, षष्ठ आवर्ण । १४—अवतार वर्णन । सप्त आवर्ण । समाप्ति ।

No. 358. Jugala-rasa-mādhurī by Rasikagovinda of Bṛindābana. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—10 × 5 inches. Lines per page—10. Extent—200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1972 or A. D. 1915. Place of

deposit—Nimbārka Pustakālaya, Bābā Mādhava Dāsajī Māhanta ka Mandira, Nānpārā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री हरिशरणम् ॥ श्री भगवन्निम्बार्क महा मुनिन्द्रायनमः ॥ अथ युगुल रस माधुरी लिख्यते ॥ जय जय श्री हरि व्यास देव दिन विदित विभाकर । भ्रम तम श्रम अघ ओघ हरन सुख करन सुघर वर ॥ १ ॥ कृपासिंधु आनंद कंद दंपति रस भीने । मोसे मूढ़ अनेक पतित जिन पावन कीने ॥ २ ॥ जासु कृपा परसाद युगुल रस जस कछु गाऊं । सब रसिकन को हाथ जोरि पुनि सीस नवाऊं ॥ ३ ॥ श्रीवृंदावन सघन सरस सुख नित छवि छाजत । नन्दन वन से कोटि कोटि जिहि देखत लाजत ॥ ४ ॥ जहं खग मृग द्रुमलता बसत जे सब अविरुद्धि । काल कर्म गुन काम क्रोध मद रहित हित ॥ ५ ॥

End—निज सुख हित रस जुगुल माधुरी चरित बनायो । रसिकन हित सों दियो विमुख सो महा दुरायो । जे जन रसिक चकोर मीन चातक व्रत धारी । ते भले इहि मग चलै कोऊ नहिं अधिकारी ॥ जिनके यह रससार आनरस सुनो न भावै । ते नित ये सुख लहैं आन सपने नहिं पावै ॥ यह अगम अपार सुगम साधन किन होई । श्री गुरु श्री हरि व्यास कृपा बिनु लहै न कोई ॥ रसिक गुविन्द सखि चरन सरन दिन दरसन पावै ॥ जय जय श्री गुरुदेव यहै सुख दृगन दिखावै ॥ जैसे पारस परस लोह तन कंचन धरई । ज्यों चंदन को पवन नींब पुनि चन्दन करई ॥ श्री गुरु की महिमा अनंत कछु कही न जाई । जिन धर सिर धरि वासुदेव लकरी पहुंचाई ॥ दोहा ॥ यह अगाध निधि मधुर रस छवि कछु कही न जाय । चटका चहै सब ही पियो पै इक बुन्द समाय ॥ अहै युगुल रस माधुरी सादर लव जु कोइ । प्रेम भक्ति सब सुख सदा श्री गोविन्द तिहि होई ॥ इति सम्पूर्णम् ॥

Subject—राधा माधव की स्तुति ।

No. 359. Premaratna by Ratanadāsa of Kāśī. Substance—Country-made paper. Leaves—51. Lines per page—17. Extent—850 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1844 or A.D. 1787. Date of manuscript—Samvat 1857 or A.D. 1800. Place of deposit—Bābū Padmabaksha Siṁha, Lavedapur, Bhinagā Raj, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ प्रेमरत्न लिख्यते ॥

सोरठा अभि गति आनन्द कन्द परम पुरुष परमात्मा ।
सुमिरि सुपरमानन्द गावत कछु हरिजस विमल ॥

पुनि गुरुपद सिरनाय उर धरि तिनके वचन वर ।
कृपा तिनहिं को पाइ प्रेम रतन भाषत रतन ॥
अगम उदधि मधि जाहि पंगु चढ़हिं जिमि विनु तरणि ।
तैसिय रुचि मन मांहि अमित कान्ह जस गान को ॥
पै मो मन विस्वास पुरवत पूरन काम प्रभु ।
उर पुर सकल नेवास निज जन को अभिलाष लषि ॥
लीला अगम अपार वरन न पावै शेश शिव ।
जासु स्वास श्रुति चारि तेहि गुण गण को कहि सकै ॥
अमित चरित्र विचित्र यथा शक्ति गावत सकल ।
निज मुख करन पवित्र भाषत हरि गुण गण विमल ॥

End—सोरठा ॥ निर्माणकाल ठारह सै चालीस चतुर वर्ष जब विगत भो । विक्रम नृप अवनीस भयो भयो यह ग्रंथ तब ॥ ३ ॥ महा माह के मांह मति शुभ दिन शित पंचमी । गायो परम उछाह मंगल मंगलवार वरु । ४ । कह्यो ग्रंथ अनुमान त्रैशत अरसठ चौपई । तेहि अक्षर अठ जानि दोहा सोरठ सोरठा ॥ ५ ॥ कासी नाम सुठाम धाम सदा सिव को सुपद । तीरथ परम ललाम सुभद मुक्ति वरदाय क्षम ॥ ६ ॥ ता पावन पुर मांहि भयो जन्म यहि ग्रंथ को । महिमा वरनि न जाय सगुण रूप जस रस भयो ॥ ७ ॥ कृष्ण नाम सुख मूल कलिमल दुख भंजन भजत । पावहिं भवनिधि कूल जाके मन यह रस रमहि ॥ ८ ॥ कुरुछेत्र सुभ थान वृजवासी हरि को मिलन । लीला रसकी खानि प्रेम रतन गायो रतन ॥९॥ इति श्री व्रजवासी हरि मिलन कथा प्रेम रतन कवि रतनदास कृत सम्पूर्ण सुभ मस्तु कातृक मासे कृष्ण पक्षे चतुर्दस्यां रविवारे सम्पूर्ण ॥ ५७ ॥ श्रीराम राधाकृष्ण गौरीशंकर ॥

Subject—पृ० १—४ तक । प्रार्थना, कृष्ण जन्म वर्णन तथा कृष्ण का व्रज प्रेम वर्णन । पृ० ५—१७ तक । सूर्यग्रहण पर सब द्वारकावासी व कृष्ण का कुरुक्षेत्र नहाने आना और व्रज से नंदादि का गमन वर्णन—पृ० ८—१० तक । एक ग्वाल को द्वारिकावासी से भेंट होना तथा कृष्ण की खबर पाना तथा गोपियों का संकल्प स्मरणादि विरह वर्णन—पृ० ११—१५ तक । व्रजवासियों का कृष्ण से मिलने जाना, वसुदेव देवकी कृष्णादि सब का प्रसन्न होना ॥ व्रजवासियों के भाग्य की प्रशंसा करना, सत्यभामा का कृष्ण से हंसी और व्यंग करना । पृ० १६—२१ तक । कृष्ण का नन्द यशोदा व्रजवासी राधा ललितादि से मिलन । पृ० २२—२५ तक नंद यशोदा व वसुदेव देवकी से मिलन ॥ पृ० २६—३० तक राधा आदि का रुक्मिणी सत्यभामा से मिलन और सत्यभामा की आलोचना । पृ० ३१—३३ तक । कृष्ण का रुक्मिणी से राधा का प्रेम वर्णन तथा राधा

की विरह व्यथा का वर्णन। पृ० ३३—३४ तक। गोपियों में कृष्ण का रहना तथा नन्द यशोदा व गोपियों का पूर्ववत् व्यवहार करना। पृ० ३५ से ३७ तक। कृष्ण से मिलने को ऋषियों का आगमन और वसुदेव देवकी का सत्कार करना। पृ० ३८। कृष्ण को ऋषियों का यज्ञ कराना और सब को वसुदेव देवकी का भोजन कराना। पृ० ३९—४९ तक। देवकी का कृष्ण को चलने को कहना, राधा और सत्यभामा का विवाद, कृष्ण का दो रूप धर व्रज व द्वारिका जाना। पृ० ५०—५१। ग्रंथ निर्माण वर्णन।

Note—यह प्रेमरत्न रत्नदास का रचा हुआ संवत् १८४४ का है। इसमें भूल से लेखक ने १२४४ कर दिया है। लिखने का संवत् ५७ दिया है स्यात् १८५७ होगा क्योंकि ग्रंथ पुराना लिखा हुआ है। राजा शिवप्रसाद ने इस में से कुछ भाग गुटका में उद्धृत किया है और उसे अपनी दादी रतनकुंवरि का रचा हुआ बतलाया है, यह राजा साहब की भूल प्रतीत होती है। इस प्रति में पृ० ३, ६, २२ व २७ नहीं हैं।

No. 360(*a*). Fatah Prakāśa by Ratana Kavi of Śrīnagara (Kamāun). Substance—Country-made paper. Leaves—134. Size—10½ × 5 inches. Lines per page—9. Extent—1,300 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or A.D. 1853. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Siṁha Seṅgara, Village Kānthā, District Unāo.

Beginning—श्री गणेशायनमः।

थोंदि थरकोलो भरकोलो विधु कल्पभाल ढरकोलो भांहनि समाधि सरसति है। प्रानायाम सासन कलित कमलासन में विपति विनासन को बासना बसति है। सेंदुर भरो भुसुंड मंडल समीप गजवदन के रदन की दुति यों लसति है। संध्या श्रोन सरद के नीरद निकट मानों द्वैज के कलाधर की कला विगसति है। १। गंग उतमंग आधे तरल तरंग भरो आधे भरी मांग मुकुताहल सुढंग की। आधे कंठ कालकूट कालिमा कलित आधे नीलमनि की ललित लपक उमंग की। आधे उर केहरि की आधे निरवेद आधे हाव भेद एते राजत अभेद लीला शिवा शिव अंग की। २ अथ काव्य को प्रयोजन।

End—अतद्गुनालंकार दोहा—अप्रकृत गहै न प्रकृत जो गुन गाहिरे अवगाहि। अलंकार कोविद सबै कहत अतद्गुन ताहि। २१९। यथा सवैया। नेह भरी अंखियान में राखें तऊ तुम रूपे लपे बिलखे से। ताप तये हिय मांह दये

परि सोरे उसोर के नोर रखे से। काहे को ग्रोर को ग्रोर मिलावत ग्रोर को ग्रोर है चोप चखे से। जो कुल चालि नपै तुम्हैं चाहि के चाहिये तासों रहौ ग्रनखे से। २२० ॥ व्याघातालंकार। लक्षण दोहा। ज्यों ज्यों हौं काहू कह्यो त्यौंही ताहि जुग्रान। करै ग्रन्यथा कहत हैं सो व्याघात सुजान ॥ २२१। यथा कवित्त लाल बलि गई दई ऐसो क्यों करत गई हौं ही बलि गई सो तौ विकल विलोकी बाल। तनु तपो तवा सो दवा सो देहरो लौं भयो ऊंवां सो ग्रवासो भयो विरह को ज्वाल जाल। रावरो रसाल उर धरें उठि बैठो हाल बूझत हवाल विह्वल भई तेही काल। कहा करौं प्यारे जू तिहारे वाही हार ही सों मैं करो निहाल ही पै मदन करो विहाल। २२२। इति श्रीनगर वासो फतेसाह नृपस्याज्ञया कविरतन विरचिते फते साहि प्रकाशे साहित्य ग्रर्थालङ्कार निरूपन नाम षष्टो द्योतक ग्रंथ संपूरन। संवत् १९१० वैसाख कृष्ण पंचम्यां गुरौ लिखितं ठाकुर प्रसाद त्रिपाठी स्वपठनार्थं ब्रह्मार्पणमस्तु।

Subject—पृ० १ से ७ तक। गणेश वन्दना, शिवस्तुति, काव्य प्रयोजन, काव्य के कारण शक्ति, निपुणता ग्रौर ग्रभ्यास वर्णन, काव्य लक्षण, ग्रभिधा लक्षण, व्यंजना भेद कथन, तीनो का लक्षण ग्रौर उदाहरण वर्णन, ग्रभिधा मूलक व्यंग वर्णन, योग, वियोग, विरोध में नाक तथा वेसरि तथा कौशिक काक उदाहरण। काल ध्वनि वर्णन, चकवों का उदाहरण, देश सामर्थ्य संयोग्यता का लक्षण व उदाहरण।

पृ० ८ से १३ तक। लिंग का उदाहरण लक्षण, ग्रभिनय कथन, ग्रगुढ़ व्यंग्य लक्षणामूलक व्यंजना व्यंजक। व्यंग वर्णन शब्द व्यंजक है। ग्रर्थ व्यंजक वर्णन, देश काकु से भेद वर्णन। काक कथन करके उदाहरण। परसन्निधि विशेषण वर्णन, सय विशेष कथन देश विशेष का कथन, प्रस्ताव विशेष, वाच्य विशेष कथन में जयद्रथ का उदाहरण वर्णन, संदोह विशेष वर्णन, ग्रादि ग्रहणोत्सव चेष्टारथः ग्रर्थ व्यंजक चेष्टा वर्णन।

पृ० २१ से २९ तक काव्य भेद, उत्तम, मध्यम ग्रधम वर्णन उदाहरण वर्णन। चित्र काव्य वर्णन, दो वीर रस के उदाहरण हैं। इस उद्योत के ग्रंत में श्रीनगर वासो राजा फतह साहि मेदिनी साहि के पुत्र का उल्लेख है। उत्तम काव्य के भेद वर्णन, विवक्षितान्य पर वाच्य ध्वनि ग्रौर ग्रविवक्षित वाच्य, ग्रसंलक्षण क्रम विवक्षित ग्रन्य परवाच्य ध्वनि वर्णन, रस निरूपण-भाव, विभाव, ग्रनुभाव, व्यभिचारी भाव वर्णन, स्थायी भाव वर्णन, विभाव, ग्रालंबन उद्दीपन वर्णन, ग्रनुभाव, स्वेद, थंभ वैवर्ण्य, स्वरभंग, कंप, रोमांच, प्रलाप, ग्रश्रु, कटाक्ष वर्णन; निर्वेदादि ३३ व्यभिचारी भावों का वर्णन, रस भेद वर्णन, शृंगार, हास्य, करुणा, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, ग्रद्भुत रस वर्णन, शृंगार लक्षण व संभोग वर्णन, वियोग

सिंगार, भूत प्रवास को हेतु वियोग वर्णन, भविष्य प्रवास हेतु को वियोग वर्णन, भवतु प्रवास हेतु का वियोग, अभिलाष हेतु का वियोग वर्णन, विरह हेतु का वियोग वर्णन असूया हेतु वियोग कथन, शाप हेतु का वियोग, इति श्रृंगार रस वर्णन, हास्य रस लक्षण—शिव विवाह का उदाहरण, करुणा रस का वर्णन, रौद्र रस का वर्णन राम—रावण युद्ध वर्णन, वीर रस में रावण का वर्णन, भयानक रस वर्णन और फतहसाहि की प्रशंसा का छन्द वीभत्स रस, फतह-साहि के युद्ध का वर्णन, अद्भुत रस वर्णन में फतहसाहि की प्रशंसा वर्णन, शांति रस में शिव का ध्यान वर्णन।

पृ० ३० से ३७ तक। भावादि ध्वनिकथन—देव विषयक भक्ति वर्णन, मुनि विषयक रति, राघव विनोद वर्णन, गुरु विषयक रति वर्णन, नृप विषयकरति वर्णन, फतह साहि की प्रशंसा का वर्णन, पुत्र विषयक रति कौशिल्या का विश्वामित्र के प्रति राम ले जाने पर वर्णन, व्यंग व्यभिचारी वर्णन, रसाभास कथन, नीलकंठ का विकृत कवित्त—भावाभास वर्णन, भावोदय वर्णन, भाव सबलता वर्णन, भाव शांति कथन, फतह सिंह की नायिका का मान मोचन वर्णन, भाव संधि असंलक्षक्रम व्यंग्य ध्वनि, संलक्षक्रम व्यंग ध्वनि वर्णन, शब्द, अर्थ और शक्ति से ३ भेद कथन, शक्ति भू प्रतिध्वनि, रूपोपमालंकार ध्वनि वर्णन, शब्द शक्ति भू प्रतिध्वनि विरोधालंकार ध्वनि वर्णन, पदभेद विरोधालंकार ध्वनि में फतहसाहि की प्रशंसा।

पृ०—३८-४४ शब्द शक्ति भू प्रतिध्वनिरूप व्यतिरेकालंकार वर्णन—शिव भक्ति वर्णन, उपमालंकार वर्णन, शब्द शक्ति भू प्रतिध्वनिरूप वस्तुध्वनि वर्णन, इति शब्द शक्ति भू प्रतिध्वनि वर्णन, अर्थशक्ति भू प्रतिध्वनि वर्णन, समेद स्वतः संभवो, प्रौढ़ोक्ति कविकृत, वस्तु अलंकृत, व्यंग के १२ भेद वर्णन, अर्थ शक्ति भू स्वतः संभवो वस्तु से वस्तुध्वनि, अर्थ शक्ति भू स्वतः संभवो वस्तूत्प्रेक्षा वर्णन, अर्थ शक्ति भू स्वतः संभवो वस्तु से व्यतिरेकालंकार ध्वनि वर्णन, अथ कवि प्रौढ़ोक्ति सिद्धि वर्णन :—शक्ति भू वस्तुना वस्तुध्वनि वर्णन, कवि प्रौढोक्ति सिद्धार्थ शक्ति भू वस्तुनालंकार ध्वनि वर्णन; उत्प्रेक्षा में कथन, कवि प्रोढ़ोक्ति सिद्धार्थ शक्तिना अलंकारेणालंकार ध्वनि वर्णन। काव्य लिंग से विभावना की उत्पत्ति वर्णन, कवि कृत वक्तृ प्रोढ़ोक्ति सिद्धार्थ शक्ति भू वस्तुनावस्तु ध्वनि वर्णन। वस्तुना विभावनालंकार वर्णन, उत्तरालंकार ध्वनि, कवि काव्यलिंग विशेषोक्ति वर्णन, शब्द अर्थ शक्ति भू ध्वनि वर्णन, संलक्षणक्रम विवक्षित वाच्य ध्वनि वर्णन; अविवक्षित वाच्य ध्वनि वर्णन; अविवक्षित वाच्य ध्वनि भेद गण वर्णन, अर्थान्तरगत वाच्य पुनरुक्ति, विशेष नायकत्व वर्णन; अत्यन्तारिका वाच्य वर्णन।

पृ० २४ से ५४ तक पद व्यंग से अलक्ष क्रम व्यंग वर्णन, उत्तम काव्य के ३५ भेदों का वर्णन। लक्ष क्रम व्यंग पद ध्वनि भेद से शब्द शक्ति मूल से वस्तु ध्वनि वर्णन; लक्ष-वस्तु के वस्तु ध्वनि का वर्णन और अतिशयोक्ति कथन तथा विरोधालंकार वर्णन, फतहसाहि की प्रशंसा वर्णन। अलंकार ध्वनि वर्णन। स्वतः संभाव्य व्यंग के भेद चतुष्टय कवि प्रौढ़ोक्ति सिद्ध व्यंग काव्य लिंगालंकारेण वस्तुना वस्तुध्वनि वर्णन, विरोधालंकार, कवि व्यंग, व्यतिरेकालंकार वर्णन, काव्य लिंगध्वनि वर्णन। अपन्हुति अलंकार ध्वनि वर्णन। अतिशयोक्ति चार संवाद वर्णन, पद विभाग रस के ५१ भेद वर्णन। मंडन मिश्र का सवैया, शृंगार रस वर्णन, व्यंग के भेद नाटक, साथ आदि वर्णन, संघटित वाक्यतर वाक्य समुदाय वर्णन शृंगार और फतहसाहि प्रशंसा। काव्य भेद शंकरादि वर्णन। संशय ध्वनि शंकर वर्णन, संसृष्टि अंगांगी भाव एक व्यंजक प्रवेश त्रितय वर्णन गुणी भूत व्यंग के ८ भेद—अगुढ़, विगुढ़, संगिग्ध, प्राधान्य, वाच्य, सिद्धांत तुल्य-प्राधान्य, काकादि असुंदर वर्णन।

पृ० ५५—६४ तक—अगुढ़ वर्णन, निगुढ़, व्यंग कथन, संदिग्ध प्राधान्य, राघव विनोद से भिन्न वक्तृक पद वाच्य गुणीभूत व्यंग वर्णन, तुल्य प्राधान्य गुणीभूत व्यंग वर्णन, काकादि गुणीभूत व्यंग वर्णन, अपसंग गुणीभूत व्यंग वर्णन। अपरांग व्यंग रसास्यत्सो अंग और व्यंग के भाव वर्णन फतहसाहि की प्रशंसा चित्र भेद वर्णन।

पृ० ६५—७३ तक। दोष सामान्य विशेष लक्षण। सामान्य दोष—वचन दोष वर्णन, कर्णकटु, अवाचक, हितारथ, अयनीत, अनुचितार्थ, नेयार्थ, अयुक्त, अश्लील निरर्थक, क्लिष्ट, ग्राम्य भव, विरुद्ध, संदिग्ध, अविमृष्ट, असमर्थ ये १५ दोष हैं, अवाचक दोष के तीन भेद वर्णन, वाचक पद शक्ति योग सापेक्ष्य वर्णन, वाचक पदशक्ति योग अनपेक्ष अवाचक दोष वर्णन, द्वितीय धर्म में वाचक पद शक्ति योग अवाचक दोष वर्णन, तृतीय धर्मदोष वर्णन, अप्रतीत दोष वर्णन, गंग सवैया वर्णन, अनुचितार्थ दोष व नेयार्थ दोष वर्णन, अप्रयुक्त दोष कथन, अश्लील वर्णन, व ३ भेद वर्णन, लज्जा व्यंजक अश्लील, अमंगल व्यंजक व जुगुप्सा व्यंजक अश्लील वर्णन, क्लिष्ट दोष वर्णन, ग्राम्य दोष वर्णन, विरुद्ध मति वर्णन।

पृ० ७४—८४ तक। अलंकार वर्णन, उपमा—पूर्णोपमा, लुप्तोपमा वर्णन, सम्राटि पदलोपी वाचक लुप्तोपमा वर्णन, उपमान लुप्ता, धर्मवाचक लुप्ता, धर्म उपमान लुप्ता, फतहसाहि प्रशंसा कथन, धर्मवाचक उपमान लुप्ता, मालोपमा धर्म अभेद मालोपमा, रसनोपमा, धर्म अभेद रसनोपमा, अनन्वय लक्षण व, उदाहरण। उपमेयोपमा वर्णन, उत्प्रेक्षा, भेद, फल, हेतु, रूप वर्णन। संदेह

निश्चय पृ० ८५—१०५। वर्णन। रूपकालंकार वर्णन, समस्त वस्तु विषय, एक देशीय विवर्ति के दो भेद लक्षण उदाहरण वर्णन, फतह साहि को मजलिस वर्णन, मंगल रूपक वर्णन, परंपरित रूपक कथन, श्लेष वर्णन, फतह साहि को प्रशंसा वर्णन, राम प्रशंसा वर्णन, अपन्हुति वर्णन। दो भेद शाब्दो अर्थी वर्णन, सुंदर कवि का फतह साह को प्रशंसा में समासोक्ति वर्णन, निदर्शना व माला निदर्शना वर्णन, भूषण कृत फतह साहि को प्रशंसा वर्णन, अप्रस्तुत प्रशंसा वर्णन, ४ भेद सामान्य, विशेष, कार्य्य, कारण भेद से कथन, अप्रस्तुत प्रशंसा वर्णन, अतिशयोक्ति कथन, केवल उपमान वर्णन, श्रीनगर शोभा वर्णन, उपमान उपमेय वर्णन, अलौकिक अर्थ वर्णन, कार्य्य कारण से वर्णन, प्रतिवस्तूपमा, माला प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त में फतहसाहि का यश वर्णन। दीपकालंकार वर्णन। एक कारक बहु क्रिया का दीपक, माला दीपक, तुल्य योग्यता, अप्रस्तुत तुल्य योग्यता, व्यतिरेकालंकार सभेद वर्णन। उत्कर्षायकर्ष व्यतिरेक के उदाहरण में फतह साहि को प्रशंसा वर्णन आक्षिप्तोपमा आक्षेपा- पृ० १०६—१३४ तक। लंकार वर्णन—विभावनालंकार, विशेषोक्ति, यथा संख्या, अर्थान्तरन्यास, में गढ़वार का वर्णन। विरोधालंकार, फतहसाहि वर्णन। सभेद वर्णन, स्वभावोक्ति, व्याज स्तुति वर्णन, फतहसाहि को विजय का वर्णन, सहोक्ति, विनोक्ति, परिवृत्त अलंकार वर्णन, काव्यलिंग में शत्रु स्त्रियों पर प्रभाव वर्णन। पर्यायोक्ति, उदात्त, सभा शोभा वर्णन, समुच्चय सभेद तृतीय में फतहसाहि के वैरियों का भयभीत होना वर्णन, पर्यायालंकार वर्णन विपरीत पर्याय वर्णन, उदारता कथन अनुमान अलंकार, फतहसाहि यश वर्णन, परिकरालंकार साभिप्राय विशेषण, काकोक्ति, परिसंख्या में शिवा को प्रशंसा, गढ़वार के राजा का वर्णन, ब्राह्मण भक्ति कथन, कारण मालालंकार वर्णन। अन्योन्या- लंकार, सूक्ष्म, सार के उदाहरण में फतहसाहि के सुजस का कथन, असंगति, समाधि, सम, विषय, उसके ४ भेद वर्णन, अधिक प्रत्यनीक मीलित, फतहसाह यश कथन, एकावली वर्णन स्मरण, भ्रांति मान, इसमें फतहसाह का आतंक वर्णन। प्रतीप सभेद वर्णन। सामान्यालंकार। विशेष, बलि, विक्रम, हरिचंद से फतहसाहि को विशेष मानना, अन्यत कर्ण व्यंग कथन, तद्गुनालंकार, अतद्गुन, व्याघातालंकार वर्णन। इति।

N. 360(*b*). Fatah Prakāśa by Ratana Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—60. Size—8 × 6 inches. Lines per page—14. Extent—1,000 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Māhāvira Baksha Siṁha, Tāluqedār,

Village and Post Office Kotharā Kalā, District Sultānpur (Oudh).

Note—Other details as in No. 360 (*a*).

No. 361(*a*). Bandī Mochana by Raghuvara Siṁha of Alīpura. Leaves—23. Size—8 × 7 inches. Lines per page—22. Extent—230 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1904 or A. D. 1847. Date of manuscript—Samvat 1920 or A. D. 1863. Place of deposit—Ṭhākura Rāmadaurā, Village Miṭhaurā, Post Office Keśargañja, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री देवी जी सहाइ । श्री पोथी वंदी मोचन लिष्यते । अस्तुति । आदि भवानी सुर कल्यानी असुर संघारनी नाम जी । तीनि भुवन जेहि मस्तक नावे, सो वरदायनी वाम जी आदि कुमारी सिध रसवारी जाहि भजे श्री राम जी । सो वरदायनी त्रिभुवन दाता सिध करौ सब काम जी । महिमा वंदी अगम अपार मुष से बरनी नहिं जाई जी ॥ गाढ़ परै वंदी कह सुमिरै निश्चै करै सहाई जी ॥ वदी माई सुमिरौं मैं तोही सुमिरत गाढ़ छुटावहु मोही । नाम तुम्हार है वंदी माई । अपने जन पर होहु सहाई । तीन लोक सिरजा तुम जबहीं । नाम धराए वंदी तबहीं ॥ सुर गंधर्व नाग मुनि देवा सकल करै वंदी की सेवा । महिमा वंदी अगम अपारा । तीनी भुवन जासो उजियारा ॥ जो वंदी कर धरै ध्याना । पाइ कपूर औ विलसै पाना ॥

End—तब प्रभु बहु विधि अस्तुति कीन्हा ॥ आसीरवाद वंदी तब दीन्हा ॥ बहुत सेवा तुम कीन्ह हमारी । लेउ अभै वर देउं विचारी । सुनहु नाथ एक वचन पुनीता । लेहु असीस जग होहु अजीता ॥ औरौ वचन सुनि लेहु हमारी । सो मैं कथा कहौं अनुसारी ॥ जहां परै प्रभु तुम कहं गाढ़ा । अस जानो तहइं हम ठाढ़ा ॥ इतनी अस्तुति कर रघुनाथा । विनै देव सब भये सनाथा ॥ धन्य वंदी है गाढ़ उधारा ॥ अधम उधारे पतितन तारा ॥ जो यह कथा पढ़ै मनलाई ॥ ताकहं गाढ़ सकल मिटि जाई ॥ दोहा ॥ निश्चै गाढ़ उधार होई । धन्य तुम वंदी माई । जो यह कथा निसदिन पढ़ै सो वैकुंठही जाई ॥ इति श्री पोथी वंदी मोचन कथा संम्पूरन समापती पुस्तक लिपतं गंग नरायन पठनार्थ गिरधारी राम के जो कोई बांचै सुनै तिसको हमारी सीता राम । पंडित जन सो विनती मोरी । टूटा अक्षर बांचब जोरी । सुभ महीना सावन मासे क्रिस्न पछे तिथ त्रिवोदसी संवत १९२० लिषा बांसवरेली की छावनी सदर बाजार में ।

Subject—पृ० १—देवी की महिमा, पृ० २—बंदी माई का ध्यान। पृ० ३—बंदी देवी की संसार में महिमा भजन से इच्छा फल प्राप्ति। पृ० ४—९ तक—कमलावती राजा का उदाहरण जिसने स्थिर होकर बंदी जी का ध्यान कर सब प्रकार के सुख संपति आदि प्राप्त किये राजा पुत्र न होने के कारण दुखी था सो पुत्र पाकर पूर्ण रूप से सुखी हुआ। राजा ने दान पुण्य अधिक किया बंदी के दरबार में जाना नाना प्रकार से पूजन करना पृ० १०—१८ तक। राम जी को अहिरावन का ले जाना, स्नान करा देवी पर बलिदान करने को तैयारी करना, राम जी का देवी का स्मरण करना, हनूमान का आना, अहिरावण को मारना आदि का वर्णन। पृ० १९—२३ तक—भगवान रघुनाथ जी का देवी सेवा में लगना, देवी का प्रसन्न होकर वरदान देना।

No. 361(*b*). Bandī Mochana by Raghuvara. Substance —New paper. Leaves—32. Size—8 × 6½ inches. Lines per page—18. Extent—252 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Kaithī Muḍiyā. Date of manuscript—Samvat 1953 or A. D. 189 ·. Place of deposit—Paṇḍita Yaśōdā Nanda Tiwārī, Village Kānthā, District Unāo.

Note—Other details as in No. 361(*a*).

No. 362. Sītācharitra by Rāyachandra (Kavi Chandra.) Substance—Country-made paper. Leaves—300. Size—10½ × 5½ inches. Lines per page—12. Extent—4,050 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1713 or A. D. 1656. Date of manuscript—Samvat 1862 or A. D. 1805. Place of deposit—Jaina Mandira (Baḍā) Bārābankī.

Beginning—श्री जिनायनमः ॥ दोहरा ॥ प्रनमौ परम पुनीत नर ॥ वरध मान जिनदेव। लोकालोक प्रकास तस करै सम कितो सेव ॥ १ ॥ तस गनधर गौतम प्रमुष। धर्मवन्त धन पात जिन सेवत भवि जन सदा। विलै मोह तम राति ॥ २ ॥ चौपाई ॥ कवि बालक यह कोन्हौ ख्याल। इसौ मातो बुधिवंत विसाल ॥ राम जानकी गुन विस्तार। कहै कौन कवि बचन विचार ॥ ३ ॥ देव धर्म गुरु कुं सिर नाइ। कहै चंद उत्तम जग मांइ ॥ पर उपकारो परम पवित्त। सज्जन भाव भगत कै चित्त ॥ ४ ॥ समकरि आदि अंत अक्षरा। असति आदि अक्षर करि परा। प सुमिरौ परम्या दातार। सीता चरित चित करौ उदार ॥ ५ ॥ कर जुग जोरि नमौं जगदीस ॥ संतन कै मन अतिहो जग्गीस ॥ पर उपकारो परम

दयाल ॥ परम पूज्य अति परम कृपाल ॥ ६ ॥ पंच परम गुरु परम प्रधान ॥ ए सुमिरो उर लक्षन आन ॥ जिन कै भव अति हो तुच्छ रहै गुरु के वैन हिये जिन ग्रहै ॥ ७ ॥ दोहा ॥ पंच परम गुरु कौ नमो। मंगलीक सिव लोक। आपु समान भगत कौं करै तुरत तहकोक ॥ ८

End—दोहाः—जो जाणौं निज जांणतौं वहै जात पर बांण। जाण पणास्यौं जाणिये जाण पणौ परधान ॥ × × × ×
चौपाई—किरिया करत करण सुष चितवै। सो वहु गत मै निकसै कित ह्वै। करणी करै अयस्यौं पूठौ। तापर मोह मया कर तूठौ ॥ करणी करै परकता जानै। जोग क्रिया माहैं चित ठानै ॥ रत मूढ़ ममता रस भोनौ। कवहूं आपन आपौ चीन्हौ ॥ अडिल्ल—सुनता है संतान धरम बुधा धारको। करै सुगत परवेस न पहुंचै नानको ॥ यामै धापौ नाहिं जिनेसुर यौं कहै। तजै सकल परभाव निराश्रव सोल है ॥ पुनः ॥ कविवल कयौ जानकी यौं यह ब्याल है। हसौ मतो बुध कोई जु बुधि विस्तार है ॥ यह अपनी अरदास्य मनोषा पास है। जैहै परम सुजान जिनौ कौ दास है ॥ चौपाई ॥ संवत् सतरै तेरो तरै। मृग सिर ग्रंथ समापत करै। सुकल पष तिथि है पंचमी ॥ तादिन सरस कथा यह भणी ॥ ४३ इति श्री सीता चरित्र भाषा संपूर्ण ॥ संवत १८६२ ॥ मिती पौष कृष्ण १३ बुद्धे ॥

Subject—(१) पृ० १—१४ तक—सीता को वनवास। मंगलाचरण गणधरादि वंदना। प्रस्तावना—राम सीता के शील गुणादि कथन द्वारा पाठकों का ध्यान कथा की ओर आकर्षित करना। सीता का स्वप्न देखना। रामद्वारा उसका फल कहा जाना। कुछ निकृष्ट फल से सीता का विह्वल होना। राम का आश्वासन। नगर में सीता रावण संबंधी मिथ्या अपवाद राम को इस विषय की सूचना। लक्ष्मण का इस सूचना द्वारा क्रोधित होना और सीता के सती होने का बार बार कथन करना। राम को उन्हे समझा देना। सेना पति द्वारा सीता का वन निर्वासन करना। (२) पृ० १५—२२ तक—सीता की वन बीती कथा—वन में सीता का विलाप। वज्रजंघ से उसका मिलाप, उसका सीता को अपने साथ ले जाना और भगिनीवत् उसकी रक्षा करना। उसके वहां कुछ काल पश्चात् दो पुत्रों का उत्पन्न होना। एक क्षुल्लक द्वारा उनको युद्धादि विद्याओं में निपुण किया जाना। राजा वज्रजंघ ने यथा समय उनकी अवस्था ब्याह योग्य समझ कर 'पृथ्वीधर' को उसकी कन्या के साथ इनके विवाह होने के लिये एक सम्मति पत्र भेजना, उसका क्रोधित होकर निषेध करना। दोनों दलों का युद्ध के लिये सुसज्जित होना। सीता पुत्र लवणांकुश का यह समाचार पाकर प्रथम से ही युद्ध कर शत्रु की सेना को पराजित करना। इस पर वज्रजंघ व सीता का संतोष।

(३) पृ० २३—८० तक—राम से सीता के युग पुत्रों से युद्ध। नारद का वन में सीता के पुत्रों से मिलना, उनका प्रणाम करना, नारद द्वारा राम लक्ष्मण का वैभव की साधारण चरचा करना, बालकों का उनसे उपर्युक्त सज्जनों का संपूर्ण चरित्र जानने की अभिलाषा प्रगट करना, उनका वर्णन करना, जनक भय निवारण तथा दक्खिन के महात्म्य सेन की कथा—जनकी स्त्री विदेहा से एक पुत्र और एक पुत्री का जुड़वा होना, पूर्वजन्म के वैर से एक देव का पुत्र को उठा ले जाना, फिर दया करके एक स्थान पर छोड़ देना, रथनूपुर के चन्द्रगति विद्याधर द्वारा उसका पोषण। एक दिन नारद का जनक के यहां आगमन, सीता का भय से घर में घुस जाना। इस पर नारद ने अपना अपमान समझ कर उससे बदला लेने के लिये सीता का चित्र खींच कर उसी बालक को-जो इसका भाई था और विद्याधर के यहां पाला गया था-दिखा कर मोहित करना, उसका सीता सीता रटना, विद्याधर का जनक से सीता का संबंध स्थिर करने के लिये प्रस्ताव, जनक का राम के साथ उसका विवाह करने का प्रण कथन करना, इस पर विद्याधर की धनुष प्रतिज्ञा, राम द्वारा उसका पूर्ण किया जाना तथा विवाह होना, 'भामंडल' को भी सीता का अपनी भगनी होने का ज्ञान होना, अपने पूर्व भव का स्मरण आने पर, भामंडल, जानकी और राम से प्रेम संयुक्त मिलाप होना, चंद्रगति राजा का भामंडल को राज्य देकर मुनि होना, राजा दशरथ का अपने दिए हुए केकई के वर को काम में लाते हुए 'राम' को वनवास देना, भरत को गद्दी देना, राजा का मुनि होना, लक्ष्मण सीता का राम के साथ जाना, भरत का वन में आकर राम से मिलना, और लौटने की प्रार्थना करना, राम का उन्हें समझा कर लौटा देना, वहां से आगे को लक्ष्मण-सीता सहित राम का चलना, मार्ग में वज्रकर्ण राजा को सिंहोदर से अभय करना, लक्ष्मण के कई विवाह होना, बालखिल की कन्या से लक्ष्मण का विवाह।

(४) पृ० ८१—२५६ तक—रामचन्द्र लक्ष्मण का एक कृपणी ब्राह्मण की स्त्री के पास ठहरना, उसका इनके साथ प्रेम से व्यवहार करना, ब्राह्मण का कुपित होना, लक्ष्मण का उसे टांग पकड़ कर घुमाना, उसका भयभीत होना, राम का उसे छुड़ा देना और आगे चलना, एक देव का वन में राम से भेंट और उसके द्वारा राम का कुछ असम्मान, देव का अपने स्वामी से उनका सब समाचार जान कर उनकी सेवा करना उनके बसाति के निर्वाह के लिये एक उत्तम सा भवन निर्माण करना, वहीं पर उस कृपणी ब्राह्मण का आगमन, राम का उसके साथ प्रेम निर्वाह, ब्राह्मण का मुनि होना, बीजापुर की कुछ बातें, विजय सिंह राजा का निमित से अपनी कन्या के संबंध में पूछना, उनका उसका लक्ष्मण के साथ विवाह होने की भविष्यवाणी, गुण माला—विजय सिंह की

पुत्री—का मुनि सुन कर कि मेरे पति लक्ष्मण वन में आवेंगे प्रथम से ही वन में वास करना और यथा समय वहीं राम लक्ष्मण का आना और लक्ष्मण के साथ वनमाला का विवाह होना। वनमाला के पिता विजय सिंह के यहां राजा अनन्तवीर्य्य का भरत पर चढ़ाई करने के लिये सहायता मांगने का पत्र आना, यह जान कर राम लक्ष्मण का स्वयं राजा से कह कर उसकी सेना लेकर वहां जाना, राजा को हरा के भरत को उसकी कन्या देने का प्रस्ताव करना, राजा का भरत को कन्या देना, रामचन्द्र का वीजापुर को लौटना, पद्मावती तथा लक्ष्मण विवाह, दंडक वन में रामचन्द्र का प्रवेश, एक मुनि द्वारा रामचन्द्र को ज्ञात होना कि ४१९ जैन मुनि कोल्ह में पेर डाले गये थे यही कारण इसके ऊजड़ होने का है, खरदूषण की स्त्री चन्द्रनखा का लक्ष्मण पर मोहित होना, रामचन्द्र और लक्ष्मण द्वारा उसको लज्जित किया जाना, राम लक्ष्मण से खरदूषण का युद्ध करके परास्त होना, सीता हरण। रावण का सीता से मन्दोदरी द्वारा प्रस्ताव करना, सीता का उसे इसके लिये धिक्कारना, उसका लज्जित होना, उधर राम की सुग्रीव से भेंट और उनके द्वारा साहसवली विद्याधर से उसकी स्त्री की प्राप्ति। अपनी विषय वासना में राम के कार्य्य का सुग्रीव को विस्मृत हो जाना, लक्ष्मण द्वारा उसका पुनः स्मरण दिलाया जाना, सीता की खोज की जाना, दूतने जटी विद्याधर द्वारा उसका संपूर्ण समाचार पाना और ज्ञात होना कि वह रावण द्वारा हरी गई है। इस पर विद्याधरों का भयभीत हो कर राम से कहना कि सीता का ध्यान त्यागिये और जितनी चाहिये विद्याधर कन्याओं से विवाह कीजिये, राम का न मानना और कहना कि "अच्छा तुम कुछ सहायता न करो हमें केवल मार्ग बता दो हम अकेले उससे लड़ेंगे।" इस पर विद्याधरों का 'कोटि शिला' दिखा कर यह कहना कि जो इसे उठालेगा वही रावण को जीत सकेगा। लक्ष्मण का उसे उठा लेना। विद्याधरों का उनके बल का परिचय पाकर राम की सहायता करना, हनुमान द्वारा सीता की खबर आना लंका पर चढ़ाई करना। लक्ष्मण रावण युद्ध, रावण का वध। सीता की प्राप्ति। उनका अयोध्या को गमन। उधर अयोध्या के लोगों का राम वियोग में दुखित होना। सीता को पाकर राम का जिन स्तुति करना। राम का विभीषण द्वारा अभिषेक किया जाना। वहां पर बहुत दिनों तक सानंद राम का राज्य करना।

(५) पृ० २५७—२८२ तक—एक दिन राम की सुधि करके कौशल्या का व्याकुल होना, नारद का वहां पर अकस्मात आना। दोनों का संवाद, नारद का राम का समाचार लेने लंका जाना, लंका में जाकर एक दिन 'रावण' का कुशल पूछने पर उनकी दुर्दशा होना और बंदी अवस्था में राम के निकट आना

पीछे नारद द्वारा माता के रोने पीटने का समाचार राम का सुनना और उन्हे का मोह उत्पन्न होना। विभीषण का राम मातु के पास उनके पुत्रों का समाचार भेजा जाना और अयोध्या आगमन की सूचना। माता की प्रसन्नता और दान। नगर में बधाईव जना। लक्ष्मण का राम से अपनी ब्याही हुई सभी स्त्रियों को बुलाने के लिये आज्ञा मांगना। राम का प्रसन्नता पूर्वक आज्ञा देना। दूतों द्वारा सभी स्त्रियों का बुलाया जाना। और इन सब के साथ अयोध्या आगमन। अयोध्या में भरतादि सहित सभी माताओं का आनन्द मनाना। अयोध्या की उस समय की शोभा का वर्णन। भरत का अपने को राजपाट से घृणा दिखाना, और भोग विलास से उन्मुक्त होने के लिये राम से प्रार्थना करना। राम तथा भरत संवाद। एक दिन राम के एक हाथी का बिगड़ना और भरत को देख कर उसका जाति स्मरण होना। दाना घास न खाना। कुल भूषण और देश भूषण मुनियों द्वारा राम को यह समाचार ज्ञात होना कि इनका और भरत का पूर्व संबंध है, इससे भरत को वैराग्य उत्पन्न होना। उनके वैराग्य की दशा, राम का विभीषण आदि को विदा कर सब को राज्य बांटना। शत्रुहन को मथुरा का राज्य दिया जाना। मधु को हार। नगर के कुछ अविचारी लोगों द्वारा सीता के अपवाद का समाचार राम पर पहुंचने और उनके वनवासादि की कथा सुनाना। सीता के दोनों बालकों का क्रोधित हो कर राम पर चढ़ाई करना।

(६) पृ० २८३—३०० तक—दोनों दलों में युद्ध होना। बालकों के विचित्र रण कौशल को देख कर राम लक्ष्मण का आश्चर्यान्वित होना। अन्त में पारस्परिक पहिचान होना। युद्ध की निवृत्ति सिद्धारथ द्वारा राम को सीता निर्वासन विषयक उपालंभ, राम का हंस कर उनके आदेश शिरोधार्य कर सीता को बुलाना। सीता का अयोध्या में आगमन। सीता के सतीत्व की अग्नि द्वारा परीक्षा। देव शक्ति से अग्निकुंड का तालाब हो जाना और उसका उमड़ कर बह चलना। दर्शकों के डूबने का भय होना। सीता से विनती करना, तब पानी का कम होना। सीता का जल से निकल कर विरक्त होना, राम का उन्हे इस कार्य से बहुत रोकना और उनका न मानना। अनेक ज्ञान-गर्भित वाक्यावली द्वारा लक्ष्मणादि सभी राम के सहयोगियों को उपदेश। सीता का आर्यिका हो जाना, कवि द्वारा सीता का कुछ गुणानुवाद, कवि का ग्रंथ का आधार वर्णन करते हुए कुछ थोड़ा सा अपना कथनः—

> कियौ ग्रंथ रविसेन ने, रघुपुराण जिय जाण।
> वहै अरथ इस में कह्यो राइचंद उर आण॥

कथा के पाठकों को फल प्राप्ति। ग्रंथ समाप्ति तथा लेखन काल।

No. 363(*a*). Bhīṣma Parva by Sabala Siṁha Chauhāna Substance—Country-made paper. Leaves—80. Size—8 × 5 inches. Lines per page—28. Extent—1,220 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1718 or A. D. 1661. Date of manuscript—Samvat 1919 or A. D. 1862. Place of deposit—Ṭhākura Umarāwa Siṁha, Village Mānikapur, Post Office Bisawā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ चौपाई ॥ ० गुरु गोविन्द के चरण मनावौं । जेहि प्रसाद उत्तम गति पावौं ॥ करि प्रनाम रघुपति के पायन ॥ चारि वेद जाके गुन गायन ॥ अवधनाथ सीतापति सुंदर । दीनबंधु रघुवंस पुरंदर ॥ शिव सनकादि अंत नहिं पावै । नर मुष ते केहि विधि गुन गावै ॥ सुक सारद नारद से पाठक । हनुमान गावै गुन नाटक ॥ वालमीक रामायन कर्ता । राम चरित्र पाप के हर्ता ॥ अष्टादश पुराण श्री भारथ । भाष्यो व्यास ग्यान पुरषारथ ॥ दोहा ॥ पारासर ते जन्म है व्यास देव रिषिराज । जा मुष ते भाषा प्रगट भा कवि कुल सिरताज ॥ चौ० ॥ गुन गनेस सारद के पायन । करौं प्रनाम होहु सुभ दायन ॥ संवत सत्रह सै अट्ठारहि । तिथि पूर्णा मंगल के वारहि ॥ माघ मास मा कथा विचारी ॥ अवरंग साहि दिल्लीपति धारी । सब पुरान पर नायक भारथ । जामे कुरु पांडव पुरुषारथ ॥ व्यास देव भवभार निवारन । भारथ रचेउ जगत के तारन ॥ दो० ॥ जोगजुद्ध रस मंत्र सब भारथ मोहै सर्व सबल सिंह चौहान कहि भाषा भीषमपर्व ॥

End—पांडव मन आनंद दल जोति चले रन ठान । अर्जुन के रथ सारथी सुन्दर श्री भगवान ॥ चौ० ॥ गोधन सहस देहि जो दानहि जो फल सब तीरथ असनानहि जो फल संभुनाथ पद परसे । जो फल होइ साधु के दरसे ॥ जो फल व्रत एकादसि कीन्हे । जो फल होइ धरनि के दीन्हे जो फल रन महं प्राग गवाये । जो फल होइ ब्रह्म के ध्याये ॥ जो फल कोटि विप्र पद परसे । सो फल भारथ कहे सुने से ॥ व्यास देव भारथ के करता । बाढ़ै पुन्य पाप के हरता ॥ दो० ॥ राम कृष्ण गोविंद हरि कीजिय सदा बषान । भाषा भीषम पर्व कह सबल सिंह चौहान ॥ इति श्री महाभारते भीषमपर्वे भाषा कृते अष्टादसोध्याय १८ समाप्तं संवत १९।१९ शाके १८८४ माघ मासे कृष्णपक्षे त्रयोदश्यां शनिवासरे लिष्यते इदं पुस्तकं गनेस पंडित श्रीराम चन्द्रायनमः ॥ श्री राधाकृष्ण जू सहाइ सदा ॥ श्रीराम ॥

Subject—भीष्म का युद्ध और उसकी महिमा आदि का वर्णन । अंत में महाभारत के गाने पढ़ने सुनने सुनाने का फल और लेखन काल ।

No. 363(*b*). Bhishma Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size—12 × 6 inches. Lines per page—18. Extent—1,170 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1923 or A. D. 1866. Place of deposit——Ṭhākura Jaibaksha Siṁha, Village Miṭhaurā, Post Office Keśargañja, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः अथ भीष्मपर्व लिष्यते ॥ चौपाई ॥ गुरु गोविन्द के चरण मनैये । जेहि प्रसाद उत्तम गति पैये ॥ कहौ नाम रघुपति के पावन । चारि वेद जाके गुन गायन अवधनाथ सीतापति सुन्दर । दीनबंधु रघुबंस पुरंदर ॥ सिव सनकादिक अंत न पावहिं । नर मुषते केहि विधि गुन गावहिं ॥ महिमा निगम कहत नहिं आवै । सेस सहस मुषते गुन गावै ॥ सुक सारद नारद से पाठक ॥ हनोमान गावत गुन नाटक । वालमीक रामायन कर्ता । राम चरित्र पाप के हर्ता ॥ अष्टादश पूरन श्री भारथ । भाषेउ व्यास ज्ञान पुरुषारथ ॥

End—पारथ नहिं जोते अपने बल । जो नहिं कृष्ण करै रन में छल । जहं भीष्म सर सज्या लीन्हों । तंबू एक बड़ो पड़ो कै दीन्हो । गंगासुत जब कीन्हो मौनहिं धर्मराज आये तब मौनहिं ॥ दो० ॥ पांडव दल आनंद भे जीति चले मैदान । अर्जुन के रथ सारथी आप अहै भगवान ॥ धन साहस्र देइ जो दानू । काशी बैठे सुने पुरानू । जो फल होई सिद्धि के परसे । जो फल होइ संभु के दरसे । जो फल होइ एकादसि कीन्हे । जो फल होइ भूमि के दीन्हे । सो फल है रन प्रान गंवाये सो फल होई ब्रह्म के ध्याये ॥ सो फल कोटिन विप्र जिवाये । सो फल होइ अर्थ सुनि पाये । व्यास देव भारथ के करता । नासे पाप पुन्य के बढ़ता । दोहा कृष्ण विष्णु गोविंद प्रभु कीजै सदा बषान । भीष्मपर्व भाषा रची सबल सिंह चौहान ॥ इति श्री महाभारथे भीषम पर्व भाषा कृते । अष्टादसोध्याय श्री श्री महापुराणे भाषा पर्व सम्पूर्णम् । फागुन मासे शुक्लपक्षे तिथौ परिवा संवत १९२२ लिषं जंगबहादुर रैकवार जो देषा सो लिषा मम दोष नाहीं । साध संत के वंदगो ब्रह्म के प्रनाम जो कोई बाचै प्रेम ते ताको सीता राम ।

Subject—महाभारत के भीष्म पर्व की कथा ।

No. 363(*c*). Bhishma Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—68. Size—10¼ × 6 inches. Lines per page—19. Extent—1,300 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of

Composition—Samvat 1718 or A. D. 1661. Place of deposit—Bābū Padma Baksha Siṁha, Lavedapur, District Bahrāich.

Note—आदि अंत के अवतरण No. 363 (*b*) के अनुसार। अंत में कार्तिक कृष्णपक्षे एकादश्यां तिथौ चन्द्रवासरे पुस्तकं समाप्तम् ॥ शुभ संवत् ॥ माशे ॥ शाके ॥ श्रीकृष्ण को जै। इति

Subject—पृ० १—९ तक—कौरव पांडव की सेना की तैय्यारी और अर्जुन का वैराग्य, कृष्ण का समाधान करना, फिर भीष्म से आशीर्वाद पाना।

पृ० १०—१६ तक—दोनों सेना का युद्ध वर्णन, अर्जुन और भीष्म के युद्ध का वर्णन।

पृ० १७—२२ तक। शंख का युद्ध के लिये तैय्यार होना। भीष्म शिखंडी युद्ध वर्णन। अर्जुन का कौरव सेना से प्रबल युद्ध करना। शंख और द्रोण का युद्ध वर्णन। युद्ध विश्राम।

पृ० २३—३२ तक। धृष्टद्युम्न और उत्तरा का द्रोण से युद्ध वर्णन। अर्जुन व भगदत्त युद्ध वर्णन। भगदत्त का वध।

पृ० ३३—५० तक। भीमसुत और अलम्ब युद्ध वर्णन। लाक्षागृह वर्णन। अर्जुन व भीष्म का युद्ध। भीष्म का सब को निश्शस्त्र करना। हनूमान व भीष्म संवाद।

पृ० ५१—६८ तक। भीष्म का कृष्ण को अस्त्र गहवाने की प्रतिज्ञा करना और उसका पूरा होना। अर्जुन का प्रबल युद्ध। धर्मराज और कृष्ण का भीष्म के समीप जाना और मृत्यु ज्ञात करना। शिखंडी व भीष्म का युद्ध। अर्जुन का बाण मारना और भीष्म का हत होना तथा अर्जुन का शरशय्या बनाना। कथा का फल वर्णन।

No. 363(*d*). Śalya Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—10 × 5 inches. Lines per page—11. Extent—265 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1902 or A.D. 1845. Place of deposit—Mahārāja Bhagawān Baksha Siṁha, Rājā of Ameṭhī, District Sultānpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सैलपर्व ॥ दोहा ॥ व्यासदेव पद बंदिये जा मुष वेद पुरान ॥ सैलपर्व भाषा रचे सबलसिंह चौहान ॥ जूझे करन

जक्त जस पाये ॥ दुरयोधन अस वचन सुनाये ॥ हाहा मित्र परम सुषदायक ॥ महा जुद्धि करवे के लायक ॥ क्षत्रोधर्म मित्र तुम पाला ॥ यह सब दोष हमारे माला । बल से सके न अर्जुन मारन ॥ छल से बधे जगत के तारन ॥ अब काको सेनापति करिये ॥ जाके बल भारथ में लरिये ॥ कृतवर्मा तब कहेउ विचारो ॥ राजा सुनिये बात हमारी ॥ जब पंडो निज देसै पाये । कै वसिष्ट जदुनाथ पठाये ॥ मांगे पांच गांउ नहिं दीन्हें ॥ सब विधि पांडु निरादर कीन्हे ॥ जदुपति कहेव न कीन्हेव राजा । तब श्रीपति यह भारथ साजा ॥ अब करुना कीजे केहि काजा ॥ सहसा सदा बूझिये राजा ॥ धीरमान नृप परम सयाने ॥ तिन कर गुन नहिं जात बषाने ॥ सदाधर्म अपने मन राषै ॥ सत्य छाड़ि असत्य न भाषै ॥

End—पृथीपति दुरयोधन लक्ष क्षत्रवर साथ ॥ लक्ष्मी जाके कांध पर तेहि विधि कीन्ह अनाथ ॥ तब नृप मन महं कीन्ह विचारा ॥ पैरौ रुधिर जाउ अब पारा ॥ अत्र सनाह पोलि सब डारे ॥ लैकै गदा नृपति पगुडारे ॥ एहि विधि भारथ भयो महारन ॥ परो लोथि पर लोथि हजारन ॥ बार बार नहिं सुझै काहू ॥ रुधिर नदी अति बहिय अथाहू ॥ पैरत नृप संका नहिं मन मे ॥ बहत लोथि अभिरत है तन में ॥ कबहुंक केश चरन अरुझावै ॥ पैरत थके थाह नहिं पावै ॥ जहां द्रोण गडे वहं पंमा ॥ अभिरेव तहां धरे कर थंमा ॥ गहि के पंभा किये विश्रामा ॥ जिय में सोच जाउ किमि धामा ॥ पकरे लोथि बहुत मझियारा ॥ वूड़ि जग्त सहि सकत न भारा ॥ विधि बस एक लोथि तब गहेऊ ॥ बूड़ो नहीं भार तिन सहेउ ॥ चलो लोथि सो रुधिर हिलोरति ॥ अभिरत मृत्यु गदा सिर फेरत ॥ बहुत कष्ट ते उतरेउ पारा ॥ तब अपने मन कीन विचारा ॥ दोहा ॥ कौन वीर को लोथि यह दियौ निवहि निदान ॥ सैलपर्व एहि विधि कहेव सबल सिंह चौहान ॥ इति श्री हरि चरित्रे महाभार्थे सवलपर्व भाषा कृत दुतियेमो अध्याय ॥ २ ॥ मिती वैशाष सुदी ॥ ६ ॥ संवत ॥ १९ ॥ २ ॥

Subject—महाभारत के शल्यपर्व की कथा ।

No. 363(*e*). Śalya Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—New paper. Leaves—15. Size—$10\frac{3}{4} \times 6$ inches. Lines per page—18. Extent—200 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1724 or A.D. 1667. Place of deposit—Babū Padma Baksha Siṁha, Lavedapur (Bhinagā), District Bahrāich.

Note—आदि अंत No. 363(*d*) के अनुसार ।

No. 363(*f*) Sabhā Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—35. Size—9½ × 8½ inches. Lines per page—20. Extent—1,750 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A. D. 1670. Date of manuscript—Samvat 1931 or A.D. 1874. Place of deposit—Ṭhākura Jadu Nātha Baksha Siṁha, Hariharapura, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सभापर्व कथा महाभारत लिख्यते ॥ दोहा ॥ सुमिरि व्यास गनपति चरन गिरिजा हरि भगवान ॥ सभापर्व भाषा रचौ सबल सिंह चौहान ॥ सत्रह सै सत्ताइस संवंत सुध मलमास । नौमी गुरु अरु पक्ष सित भय यह कथा प्रगास ॥ चौ० ॥ अब नृप कथा सुनहु भय जोई । तव हित हेतु कहत मैं सोई ॥ कुरु पांडव सोहहिं दोउ आछे । जस समाज बरनत मैं पाछे ॥ इन्द्र प्रस्थ दोउ बसे सुखारो ॥ मति दिग नंद राज्य अधिकारो ॥

End—लखि कुंभो कच भूप रुख आतुर वाहन लाग । गजि गजि उचाट कर गयो नागपुर त्याग ॥ सबलसिंह सुनि कहि विदुर मुख को ए नाथ हलवाल । होई उदास सकुणो करन वोलि लीन ततकाल ।

इति श्री महाभारत सभापर्वे भाषा कृते पांडव वन गमनो नाम सप्तमोध्याय ।

माघमासे शुक्ल पक्षे तिथौ प्रतिपदायां शुक्रवासरे लिख्य दुर्गाप्रसाद संवत् १९३२ राम राम ।

Subject—पृ० १—१७ तक—निर्माण संवत्, प्रार्थना, शिशुपाल वध ।
पृ० १८—सकुनि दुर्योधन संवाद ।
पृ० १९—२०—कुरुओं को धृतराष्ट्र से भेंट ।
पृ० २१—२४—जुआ होना और पांडव का हारना ।
पृ० २५—२९—सभा में द्रोपदी आदि का संवाद ।
पृ० ३०—३१—भीम प्रतिज्ञा ।
पृ० ३२—३५—पांडव वन गमन ।

No. 363(*g*). Sabhā Parva by Sabala Siṁha. Substance—Country-made paper. Leaves—55. Size—11 × 7 inches. Lines per page—24. Extent—1,485 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A.D. 1670. Date of manuscript—Samvat 1936

or A.D. 1879. Place of deposit—Ṭhākura Jai Baksha Siṁha, Miṭhaurā, Post Office Keśarāgañja, District Bahrāich (Oudh).

Note—उद्धरण व विषय No. 363 (*f*) के अनुसार ।

तिथि—संवत १०३६ शाके १८०१ चैत्र मासे कृष्णपक्षे तिथौ दुइज सोमवासरे हस्त नक्षत्रे लिषतं दलजीत सिंह रैकवार के ।

No. 363(*h*). Drōṇa Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—12½ × 5¾ inches. Lines per page—22. Extent—1,100 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1900 or A. D. 1843. Place of deposit—Bābū Padma Baksha Siṁha, Lavedapur, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ द्रोनपर्व लिष्यते ॥ चौपाई ॥ श्री गुरु चरन दंडवत करिये । जा प्रसाद भवसागर तरिए ॥ वन्दौ रामचन्द्र रघु नन्दन महावीर दसकंध निकंदन ॥ दीरघ बाहु कमल दल लोचन ॥ गनिका व्याध अहिल्या मोचन ॥ व्यास देव कलि पातक हरता । चारिवेद श्री भारथ करता ॥ श्रोता जनमेजय गुन सागर । महावीर कुरु वंस उजागर ॥ उत्तम नगर चंद्रगढ़ साजा । भूपति मित्रसेन तहं राजा ॥ दोहा ॥ रघुपति चरन मनाइ कै व्यास देव धरि ध्यान । द्रोन पर्व भाषा रचत सबल सिंह चौहान ॥ १ ॥ चौ० ॥ तब भीषम सर सेज्या लीन्हेउ । दुर्जोधन तब अति दुख कीन्हेउ ॥

End—दीनबंधु जाके रथ सारथ । मारि सकै को रन में पारथ ॥ कुरुपति लरत सैनबल कारन । मेरे बल तुमही जगतारन ॥ सो सुनि कृष्ण बहुत सुख मानो । नृप कौं परम साधु करि जान्यौं ॥ दुर्योधन तब करन बुलायो । ..... । तुम बल हम यह भारथ ठाना । मित्र सो सबै आइ नियराना ॥ मुकुट बांधि सैनप पै लरिए ।.....। सो सुनि करन कहन असलागे । दुर्योधन राजा के आगे ॥ नृप निरषहु मेरो पुरुषारथ । पंडौ सैन बधौ रन पारथ ॥ दुइ दिन रन मेरो सिर भारा ॥ निश्चै अर्जुन करौं संहारा ॥ सो सुनि दुर्योधन सुख पायो । सैनापति करि मुकुट बंधायो ॥ दोहा ॥ द्रोनपर्व भाषा रचौ सबल सिंह चौहान । पंडव के रक्षक सदा भक्त वस्य भगवाना ॥ इति श्री महाभारते द्रोनपर्व भाषा कृते अष्टमो अध्याय ८ संपूर्ण मस्तु ॥ पूसमासे कृष्ण पछे द्वादस्यंग तिथौ सम्वत् १९०० श्री राम ॥

Subject—पृ० १—१२ तक । भीष्म के मारे जाने पर द्रोण को सेनापति बनाना और चक्रव्यूह युद्ध व अभिमन्यु वध वर्णन ।

पृ० १३—३२ तक—अर्जुन की जयद्रथ को मारने की प्रतिज्ञा, दुर्योधन से सलाह, द्रोण का रक्षा करना, कृष्ण का छाया कर धोखा देना और अर्जुन का जयद्रथ को मारना। युधिष्ठिर का कृष्ण की स्तुति करना।

No. 363(*i*). Drōṇa Parva by Sābala Siṁha. Substance—Country-made paper. Leaves—54. Size—12 × 6 inches. Lines per page—18. Extent—1,136 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A. D. 1670. Date of manuscript—Samvat 1932 or A. D. 1875. Place of deposit—Ṭhākura Jaya Baksha Siṁha, Village Miṭhaurā, Post Office Kesaragañja, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—अथ द्रोनपर्व लिष्यते ॥ चौ० । श्री गुरुचरन दंडवत करिये । जेहि प्रसाद भवसागर तरिये । वन्दौ रामचरन रघुनंदन महावीर दसकंध निकंदन । करि कर वाह कमल दल लोचन । गनिका व्याध अहिल्या मोचन ॥ व्यास देव कलिकलमष हर्ता । चारि वेद श्री भारत कर्त्ता ॥ श्रोता जन्मैजै गुण सागर । महावीर कुरवंस उजागर ॥ नृप सेाइ पाइ रिषेसुर ग्यानो । भाषत महा सुधा समवानो ॥ सत्रह सै सत्ताईस जानो । सेा संवत यहि भांति बषानो । शुक्ल पक्ष अश्वनि के मासहि । तिथि षष्टी कियो कथा प्रगासहि । उत्तम नगर चंद्रगढ़ छाजत । भूपति मित्रसेन तहं राजत । रघुपति चरन मनाइ कै व्यास देव धरि ध्यान । द्रोणपर्व भाषा रचो सबल सिंह चौहान ॥

End—चौ० । सेा सुनि द्रोन पुत्र कियो क्रोधहि । पांडौ सहित बंधु सब जोधहि ॥ धृष्टद्युम्न मारौ मैदानहि । तौ पित्रहि देहौं जलपानहि ॥ यह कहिकै कछु भासउ वैनहि ॥ काल्हि करन सेनापति सैनहि ॥ दुइ दिन करन सेन के रच्छक । महामारु करिहौं परतच्छक । सुरपति सकति लियो या कारन । करन वीर अरजुन कर मारन । जोध जुन को देषन पैहै । ब्रह्म फांसते कौन बचैहै । दोहा ॥ धर्मराज यहि विधि कही कहिये आनंद स्याम । पांडौ संकट परै जब तुम रच्छक सुषधाम ॥ चौ० ॥ दीनबंधु जाके रथ सारथ । मारि सकै को रन में पारथ ॥ कुरुपति लरत सैनबल कारन । मेरे बल तुमही जगतारन ॥ सेा सुनि कृष्ण बहुत सुष मानो । नृप को परम साधु करि जानो । दुर्जोधन तब करन बोलाये । करि आदर आसन बैठाये । तब बल मैं भारथ रन ठानो । सिर सेा समै आइ नियरानो । मुकुट बांधि सेनापति हूजे । प्रातहि जैत पत्र नृप लीजे ॥ सेा सुनि करन कहन यह लागे । दुर्जोधन राजा के आगे ॥ नृप देषो मेरो पुरुषारथ । पांडौ सैन बधौं नृप

पारथ ॥ दुइ दिन रन मेरे सिर भारहि । निहचै अर्जुन करौं संहारै ॥ सो सुनि दुर्जोधन सुष पायो सैनापति के मुकुट बंधायो ॥ दो० ॥ द्रोनपर्व भाषा रचो सबल सिंह चौहान पांडव के रक्षक सदा भक्तवस्य भगवान । इति श्री महाभारते द्रोन पर्व भाषा कृते सप्तमोध्याय सम्पूर्णम् लिषा दलजीत सिंह रैकवार संवत १९३२ सावन मासे कृष्णपक्षे तिथौ द्वादस्यां गुरुवासरे शाके १७९५ राम राम ।

Subject—महाभारत के द्रोण पर्व की कथा ।

No. 363(*j*). Gadā Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—8. Size—$9\frac{1}{2} \times 8\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—16. Extent—250 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A. D. 1670. Date of manuscript—Samvat 193 or A.D. 1874. Place of deposit—Ṭhākura Jadunātha Baksha Siṁha, Hariharapura, District Bahrāich.

Beginning—चौ० ॥ गदापर्व अब करत बखाना । दुर्योधन मन में अनुमाना ॥ अंधकार में गयो न चीन्हा । मुकुट चौथ मुख निरखै लीना ॥ लछन कुंवर चीन्हि जब पायो । करुना करत नृपति मनलायो ॥ जूझे पुत्र हमारे कामहि । कहो कहा जाये कहि धामहि ॥ ऐसे तुम सपूत संसारा । मुए परे मोहि पार उतारा ॥

End—भारत सुने अंग फल सको कहो नहि जाय । अंत बास बैकुंठ लहि दरश देहु जदुराइ ॥ इति श्री महाभारते गदापर्व भाषा कृते सबल सिंह कृतौ समाप्तम् शुभ मस्तु वैशाख मास शुक्लपक्षे तिथौ चतुर्दश्यां गुरुवासरे लिखितं दुर्गा पाठक कुंगेपुरवा के यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशं लिखितं मया । यदि शुद्धम् मशुद्धम वा मम दोषो न दीयते ॥

Subject—भीम का जरासंध की जंघा तोड़ना और धृतराष्ट्र का भीम से मिलने के लिये कहना और कृष्ण का बचाना ।

363(*k*). Gadā Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—New paper. Leaves—7. Size—$10\frac{3}{4} \times 6$ inches. Lines per page—18. Extent—100 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Padma Baksha Siṁha, Lavedapura, Bhinagā Rāja, (Baharāich).

Note—आदि अंत No. 363(*j*) के अनुसार ।

No. 363(*l*). Udyōga Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—80. Size—9½ × 8½ inches. Lines per page—16. Extent—2,240 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1931 or A.D. 1874. Place of deposit—Ṭhākura Jadunātha Bakhsha Siṁha Tāluqēdār, Hariharapura, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ विधि हरिहर गणपति गिरा सुर मुख पाइ नियोग । सबल सिंह कहि भनत पर्व उद्योग ॥ १ ॥ चौ० ॥ कह रिषि राइ सुनहु कुरुकेतू । कथा सुभग मुद मंगल हेतू ॥ २ ॥ जब हरि धर्मराज पहं आये । मिलत हृदय अति आनंद छाये । गहे चरन भीमादिक भाई । बैठे अति प्रसन्न जदुराई ॥

End—करौ अकौरौ भूमि सब छत्र परो तब शीश ।
बचै न संकर सत्त मोहि जो राखै अज ईश ॥
भये मुदित मन धर्म सुत सुनि हरि गिरा प्रमान ।
भणित पर्व उद्योग यह सबल सिंह चौहान ॥

इति श्री महाभारते उद्योगपर्व भाषा कृते तृसत्तमोऽध्याय ॥ ३० ॥ वैसाख मासे शुक्लपक्षे तिथौ अष्टम्यां शुक्रवासरे श्री संवत् १९३१ शाके १७ ॥ राम राम ।

Subject—महाभारत के उद्योगपर्व का अनुवाद ।

No. 363(*m*). Karṇa Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—17. Size—13 × 5 inches. Lines per page—22. Extent—440 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1724 or A. D. 1667. Date of manuscript—Samvat 1893 or A.D. 1836. Place of deposit—Ṭhākura Dalajīta Siṁha, Village Jālimasiṁha kā Purwā, Post Office Kesargañja, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कर्णपर्व लिष्यते ॥ प्रथमहिं कीजै गुरुहि प्रनामा जेहिते होइ सिद्धि सब कामा । बंदौ रामचन्द्र के पाया । सीता पति रघुवर कै दाया । महिमा अगम कोऊ नहि जानहो । परम भक्ति बंदौ हनूमानहो ॥ सुर गुरु वार कार को मासा । तिथो एकादसी कथा प्रकासा ॥ रघुपति चरन मनाइ के व्यासदेव धरि ध्यान । कर्नपर्व भाषा रचो सबल सिंह चौहान ॥

गुरु द्रोन जूझे मैदानही। दुर्जोधन तब आप बधानही॥ द्रोनो करन सालोच्छे छत्रो। और अनेक चढ़े ढिग अत्रो। अब केहि के ढिग मकुट बंधैये। जेइन जीते पत्र बोधो पैये॥ द्रोन पुत्र कहो नृप सुन लीजे। आप सोच केहि कारन कीजै॥ को मेरे सिर दीजे मारा। नाहिं तौ करौ करन सिरदारा॥ रवि सुत करन महाबल भारो। अर्जुन के समान धनुधारो॥ गुरु सुत दोनो करो प्रनामा। तब राजा यहि भांति बधाना॥ कहो करन कुरुनाथ भुवरहो। जो मोकहरन सौपतो मारहो॥

End—करन का बाण उड़ाना जबहीं। कौरव निज दल धाये तब ही॥ पांडव धाये रवि सुत पासा। छातो ठोंकत ऊमो स्वांसा। राय युधिष्ठिर अंक में लाये। सहदेव नकुल जब बंधव पाये। अर्जुन कहो संग में जरिहौ। भीम कहो जीके का करिहौ। अन दाढ़ो भुंइ खोजौ भाई। करन कै चिता समारहु जाई॥ वासदेव सुत हेरन तब आये। बिन दग्धी छित कतहुं न पाये। देषा हेरि सकल भूहारी कहो वसुधा न रही बिनु जारी॥ सब पांडव कारन करहिं कौन कुमति बिधि दीन करन बीर अरु बंधु यह मारि कौन गति कीन्ह॥ भीम हथेरी चिता बनायो। करन दाह लै तहां दिवायो। रोवहिं धरनी और अकासा। रन बन रोवत रोवत तासा॥ रोवहिं सब पशु पंषी ब्याला। कहिये काह दई के ख्याला॥ रन में करन नाउ कै लीना। अगर मतो पहिले पहिले जिउ जीना॥ इकही संग बसेर सुभ स्वर्गलोक तिन लीन। करन बीर अस बंधु वा जनम सुफल करि दीन। इति श्री महाभारते करनपर्व भाषा कृते चतुर्थमो अध्याय समाप्त संवत १८९३ माघमासे शुक्लपक्षे तिथौ नौमियं चंद्रवासरे॥

Subject—कर्ण का अर्जुन के हाथ युद्ध में मारा जाना, पांडवों का रोना, अर्जुन का यह कहना कि हम कर्ण के साथ जल मरेंगे, भीम का यह कहना कि अब जीना व्यर्थ है। श्री कृष्ण भगवान का समझाना, भीम का बिना जली भूमि कर्ण को चिता के लिये खोजना और उसका न मिलना, अंत में अपनी हथेली पर चिता बनवा कर कर्ण को जलाना, उसकी स्त्री का सती होना आदि।

No. 363(*n*). Karṇa Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—$12\frac{1}{2} \times 5\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—20. Extent—400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Padma Bakhsha Siṁha, Lavedapur, District Bahrāich.

Note—शेष No. 363 (*m*) के अनुसार।

No. 363(*o*). Svargārohaṇa Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—36, Size—

$9\frac{1}{2} \times 8\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—20. Extent—700 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1931 or A. D. 1874. Place of deposit—Bābū Jadunātha Siṁha, Hariharapura, Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ स्वर्गारोहण पर्व लिख्यते ॥ पार्वती सुत सुमिरौं तोहो। ज्ञान बुद्धि वरु दीजे मोहो। सुमिरि शारदहिं सुमति विचारो। करहु कृपा जाहुं बलिहारो ॥ निसु दिन मैं तुव चरण मनावों। आज्ञा करु पांडव गुन गावों ॥ पर्व अठारह भारत भयऊ। तापर अंत कथा यह ठयऊ ॥

End—वैाध रूप ह्वै यहां मुरारो। सुनु जनमेजय कथा विचारो ॥ जुधिष्ठिर राजा दुर्योधन राई। यहि विधि हरि पुर को ठकुराई ॥ वैशंपायन जनमेजय आगे। कथा रसान ज्ञान के पागे ॥ जो यह कथा सुनै अरु गावै। हरि पुर बसै इहां नहिं आवै ॥ इति श्री स्वर्गारोहण कथा समाप्त शुभ मस्तु आश्विन मा न शुक्लपक्षे तिथौ अष्टम्यां रविवासरे श्री संवत १९३६ लिपि टरवारी लाल कायस्थ।

Subject—महाभारत के अंत मे स्वर्ग को जाना।

No. 363(*p*). Svargārohaṇa Parva by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—33. Size—$8\frac{1}{2} \times 4$ inches. Lines per page—16. Extent—400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1734 or A.D. 1676. Date of manuscript—Samvat 1932 or A. D. 1875. Place of deposit—Ṭhākura Jayabaksha Siṁha, Miṭhaurā, Post Office Keśargañja, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गनाधिपतयेनमः ॥ अथ कथा सर्गारोहिनि लिष्ते ॥ अति उदार मंगल सदन दलन प्रवल दुष द्वंद। सवल स्याम आनंद घन प्रभु वृन्दा वन चंद ॥ चौ० ॥ कलि कराल आवन वल देषा। रहिहि न कतहुं धर्म कै रेषा ॥ सव विचारि सम मंत्र दिढ़ावा ॥ कलो प्रभाव सम प्रभुहिं सुनावा ॥ वान तरंग कलि अस्तुति कोन्हा। अग्या पाइ पगु मंगल दोन्हा ॥ व्यास देव जाना सव भेऊ ॥ अलप निरंजन है समदेऊ ॥ दो० ॥ वलभद्रहि उपदेसि प्रभु चले द्वारिका जाहि। कंचन महल विचित्र अति लुप्त भये जग माहिं ॥ कथा अरंभ कोन तव व्यासदेव उपचार। परिक्षित सुत उपदेस सुनि कहो हेवार विचार ॥ सुन राजा पांडव कुर पेता। एक एक नृप अहहि सचेता। महाबली मारेउ कुर पेता। सत भ्रात

दुर्जोधन मारे। अष्टादस छोहनि संहारे॥ वधे भीष्म। द्रोन भगदंता। जुझे कर्ण आदि सावंता॥

End—कृष्ण बहोरि सारथी बोलाये। दिव्य विमान साजि तब लाये जाहु नर्क दुर्जोधन राजा। आनहु वेगि सुभ साजि समाजा॥ मौन वेगि चलि जमपुर आये। चलहु भूप जदुनाथ बोलाये॥ चल्यो हर्षि तब संन्वन आये। आये उत जहं मुनि समुदाये॥ दो०॥ हरि पग रेनु चढ़ाइ सिर। मुनिन्ह दंडवत कीन्ह। सत भ्राता जहंवा रहे तहां नृप आसन दीन्ह॥ धर्मराय बोले बिलषाता कर गहि बांह उठे जन भ्राता॥ देषहु बंधु द्रोपदी नारी। अपर चरित्र देषु विस्तारी॥ करन द्रोन अरु देषु गंगेऊ। जुत जुझे देषो सब केऊ॥ दो०॥ देषा सबहिं जुधिष्ठिर पूजी मन कै आस। अधिक सनेह कीन्ह सभा उर मह भये हुलास॥ सबहिं भेटि मिलि राजा बंधु सहित मुनि पास सत। भ्राता दुर्जोधन बैठि करहिं कविलास॥ सर्गारोहनि कथा यह पांडव गै हरि पास। यह चरित्र जो भाषै बसै कृष्ण के पास॥ सर्गारोहनि कथा जो गावै। सो बैकुंठ परम पद पावै। ईश्वरदास महा कवि भारी। यह चरित्र वर्णन विस्तारी॥ जेठ मास कवि वार दिन मृग नक्षत्र तिथि त्रै जानि। कथा समाप्त कीन्ह लिषि। धर्मसोल को पानि॥ सं० १९३२ कुवार मासे क्रिस्न पछे ४ जैसो प्रति पाई तैसो लिषो॥

Note—संवत् १७३४ में इस लेख में दिये हुए जेठ मास कविवार दिन मृग नक्षत्र तिथि तृतिया शुक्रवार हो को तारीख ४ मई सन् १६७५ को पड़ा था। उस दिन मृग नक्षत्र चालू था।

No. 363(*q*). Mahābhārata by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—130. Size—8½ × 5½ inches. Lines per page—16. Extent—780 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī and Kaithī. Date of manuscript—Samvat 1833 or A. D. 1876. Place of deposit—Rāmanātha Lālā, Kāśī.

Beginning—माता सरशती कंठ जो फुरइ। जोग जुगुती अक्षर जुरइ। प्रनवो आदि पुरुष को साथा। शंवौ मातु पोता गुरु पाथा॥ प्रनवौ देव तैंतीशा क्रोरो। छोजे पाप न लागै खोरो॥ कोठो की रानो प्रनवौ दुइ कर जोरी। ज्ञान पंथ कर विग्रह गावो शुरशरो तोहो॥ नवे शकार देव कर देसु। अरोकत पाय करार नरेसु। गंगा जमुना गावो शरोरा। यशै अर्थ गावहु मति धीरा। पर्व पछीम उतर कै वारो। पाय मेठो बसै पुरवारो। पूरव काशो पछिम पयाग। तहवां धार गंग जल लाग। दखिन विंद सो राज पहारा। उत्तर सवालाख

गोड़वारा। अहुठ कोटो मनठोका गाउ। तहा के ठाकुर ठकुरे नाउ। सारद मातु जे सपने देखावा। गौरो पुत परतछोहो आवा॥

End—बूड़ो नाहि भार मम सोहो। चलौ लोथो गहो रुधोरहि हेरत। अमोरत श्रोतु कागद गौ फेरत। बहुतक सौ उतरोर पारहो। बहुतक बूड़ो धार मझ धारहो। एहि विधि धर्मराज घर आये। जुग्जोधन तब भवन सोधारे। दुनो दल नोजो नोजो मन धारे लागे करन लोग बोसरामा हो॥ दोहा॥ ऐहो बोधो जुधो भचा करः को वो सल्य बलवान। एक देवस पुरस्वारथ सबल सिह चौहान। इसतो श्री महाभारथे सल्य प्रव संपुरनं॥ एक देवस जुधो—जे देखा सो लोख मम दोख न दीयते॥ मिती कुवार सुदो २ के पत्र लोखा वार सोमवार। दसखत सोंभु काएथ संवत १९३३ सन ११८४।

Subject—पृ० १ से ९६ तक-कर्णपर्व—कथा महात्म, अर्जुन कर्ण पुरुषार्थ, भीष्म, द्रोण कर्ण आदि के युद्ध की दिन सारिणी, दुर्योधन का स्वप्न, कर्ण से उसका उद्धार पूछना, कर्ण का महा कठिन संग्राम की प्रतिज्ञा करना। शल्य का कर्ण से अर्जुन को अजेय कहना, कर्ण का अपना उत्कर्ष वर्णन, श्रीकृष्ण का कर्ण के प्रण से चिंतित होना, छल से कर्ण के प्रचण्ड शस्त्रों के ले लेने का विचार करना। कृष्ण का कुंती के पास जाना, कुंती से पुत्रों के प्रति प्रश्न करना, कुंती का पांच पुत्रों का उत्कर्ष कहना, कृष्ण का उसके पुत्रों का भेद बतलाना, शल्य और कर्ण के जन्म की कथा कहना, कर्ण का परशुराम के पास पहुंचने की कथा का वर्णन। कालकूट धनुष का वर्णन। कर्ण का परशुराम से आशीर्वाद और श्राप पाना। कर्ण और दुर्योधन की भेंट, युद्ध, दुर्योधन का कर्ण को मित्र बनाना, कर्ण का विवाह, राज्य और मान तथा सेना आदि का पाना। कृष्ण द्वारा सब समाचार जान कुंती का प्रसन्न होना। कर्ण से मिलने के लिये उत्कंठित होना, कृष्ण का कुंती से कर्ण की प्रतिज्ञा और उसके पुत्रों की मृत्यु कहना और चुपके से कुंती को रहस्य समझा कर कर्ण के पास भेजना, पांच बाण मांगने को कहना, कुंती का कर्ण के दरवाजे जाना, प्रतिहारी से कर्ण के पास संदेशा भेजना, कर्ण का कुंती के वहां जाने का विश्वास न करना, कर्ण का द्वार पर आना, कुंती को शिरनवा अभिवादन करना, भाव भक्ति से स्वागत करना, कुंती के आने का कारण पूछना, कुंती का कर्ण का जन्म वृतान्त कहना, कर्ण का दान देने की प्रतिज्ञा करना, पुत्र होने में अविश्वास करना, कुंती का क्रोधित होना, स्वप्न में मरने का शाप देना, कर्ण का चिंतित होना, कर्ण का कुंती से अपनी गया यात्रा का वर्णन करना, ग्लानि युक्त होना, मरने को ठानना, सूर्य का पिंडा मांगना, कर्ण को अपना पुत्र बतलाना। कर्ण का सूर्य से माता को पूछना, सूर्य का अग्निपट देना, उस पट को धारण करने

वालो को कर्ण को माता कहना, अनेक स्त्रियों का उसके धारण के लिये आकर जल मरना, कुंती का वस्त्र मांगना, कर्ण का अपयश से डरना, कुंती का निश्चय दिलाना, वस्त्र का मंगाया जाना, कुंती का धारण करना, स्तन से दूध को धार बहना, कर्ण को पीकर अमर होने को कहना, कर्ण का पुत्र रूप से पीने को दौड़ना, कृष्ण का ब्राह्मण वेष में छिपे रह कर पीने से मना करना, कुंती का सिंहासन पर बैठना, सब का हर्षित होना आनन्द के बाजे बजना, कर्ण की स्त्री का हर्षित होना, अनेक प्रकार का दान करना, कुंती का कर्ण को पांचो भाइयों से मेल कर राजसिंहासन पर बैठने का उपदेश करना और पांचो बाण मांगना, कर्ण की स्त्री का विकल होना, कुंती का उदास हो कर्ण से बोलना, कर्ण का कुंती को सान्त्वना देना, अपने को बड़भागी जानना, अंगार मती का आंसू डारने का हेतु कहना, कुंती से प्रार्थना करना, कुंती का क्रोधित होना, कुंती की बात सुन कर कृष्ण का प्रसन्न होना, कर्ण का बाण पर हाथ जाना, बाणों का कर्ण से पराये हाथ देने से मना करना, कर्ण को बाणों का उपदेश देना, कर्ण का बाणों को उत्तर देना, पांचों बाणों को कुंती को देना, कुंती का प्रसन्न हो बाणों को लेना, कर्ण का छल कर कुंती को उसके पास भेजने का भेद पूछना, अपनी कौरव पांडव प्रति प्रतिज्ञा का कहना, कुंती का आंसू डार कर रथ पर चढ़ कर चलना, कुंती का कृष्ण से अर्जुन को समझा कर कर्ण से मेल करने को कहना, मेल न होने पर वध का पापभागी कृष्ण को कहना, कृष्ण का अपनी प्रतिज्ञा का स्मरण करना, कुंती और कृष्ण का वार्तालाप। कुंती का कंपायमान होना, कृष्ण से अग्नि तपाने को कहना, आग का जलाया जाना, कुंती का कृष्ण से पांचो बाण जलाने के लिये मांगना, कृष्ण का दूसरे पांच बाण लाकर देना, कर्ण के बाण को छिपा कर रखना, कुंती को सुभद्रा के पास रखना, कृष्ण का अर्जुन को जगाना, सोने के लिये फटकारना, निश्चिन्त सोने और न सोने वाले का वर्णन करना, अर्जुन का लड़ाई के लिये नाद घोष कराना, कर्ण के मारने की प्रतिज्ञा करना, कृष्ण का अर्जुन से कर्ण के बलका वर्णन करना, अर्जुन का कृष्ण के भरोसे अपना बल वर्णन करना, वर्णन की निन्दा करना, अर्जुन का उत्कर्ष वर्णन, रथ का रणक्षेत्र में जाने के लिये घोष के साथ बाहर आना, शल्य का कर्ण के पास जाना, लड़ाई के लिये उद्यत होने के लिये कहना, कर्ण को प्रतिज्ञा का स्मरण दिलाना, कर्ण का रणविजय के लिये पुनः प्रतिज्ञा करना, कर्ण का स्नान करना, डुबकी लेते समय कृष्ण का अर्जुन कर्ण का सगा भाई कहना, कुंती की आज्ञा का पालन करना, अर्जुन का कृष्ण से कारण पूछना, कृष्ण का वर्णन करना, अर्जुन का विरक्त होना, कृष्ण का अर्जुन का उत्कर्ष बढ़ाना, अर्जुन विश्वसेनो

का युद्ध, अर्जुन का बाण प्रहार करना, विश्वसेनी का पांडव दल पर बाण वर्षा कर सब को विकल करना, कृष्ण का गरुड़ का आवाहन करना, गरुड़ का अमृत लाकर सब को जिलाना, पांडवों का क्रोधित हो लड़ाई करना, अर्जुन और विश्वसेनी का घोर युद्ध वर्णन। अर्जुन का विश्वसेनी का सिर काटना, शिर का धड़ में पुनः जाकर लगना, कृष्ण से कारण पूछना, कारण बताना, विश्वसेनी के मरने की युक्ति बतलाना, अर्जुन का मारना, विश्वसेनी का शिर भार द्वारा कर्ण के पास भेजना, कर्ण का देख कर दुःखित होना, अंगारमती का विलखना।

शल्यपर्व-पृ० ९७ से-१३० कर्ण के मारे जाने पर दुर्योधन का विलाप करना, कृतवर्मा का धर्मोपदेश देना, शकुनी का दुर्योधन को समझाना, शल्य को सेनापति बनाना, शल्य का प्रतिज्ञा करना, लड़ाई के लिये मैदान में आना, पांडवों का मैदान में आना, दोनों सेनाओं का युद्ध वर्णन, शल्य का बाण वर्षा वर्णन, अर्जुन का बाण वर्षा वर्णन, अन्य योधाओं का परस्पर युद्ध वर्णन। अर्जुन शल्य का परस्पर युद्ध वर्णन, अर्जुन द्वारा सारथ और रथ का विनष्ट किया जाना, शल्य का क्रोधित हो अन्य रथ पर जाना, बाण वर्षा कर पांडव दल को विकल करना, भीम और द्रोणी का घोर युद्ध वर्णन, कृतवर्मा और नकुल का युद्ध वर्णन, घोर युद्ध वर्णन, भीम का गदा लेकर आना, पांडव दल की अधिक सेना का मारा जाना, घोर युद्ध वर्णन, दोनों दल का पैदल युद्ध वर्णन, पुनः रथ की लड़ाई अनेक प्रकार का असगुन होना, धर्मराज (युधिष्ठिर) का शल्य पर शक्ति का प्रहार करना, शल्य का मारा जाना, पांडवों का घर आना, दुर्योधन आदि का घर जाना, लेखक का नाम, लिखने का संवत।

No. 363(*r*). Mahābhārata Bhāshā by Sabala Siṁha Chauhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—160. Size —9¼ × 8¼ inches. Lines per page—40. Extent—5,000 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī and Kaithī. Date of manuscript—Samvat 1834 or A. D. 1777. Place of deposit—Paṇḍitā Rāmasundara Miśra, Village Kaṭāgharī, Post Office Akaunā (Bahrāich).

Beginning—पोथी महाभारत कै।

दोहा—जत फलंग प्रस मेद करी जत फलं गउदान। तत फलंग भारथ कथा सबल सिंह चौहान॥ १॥ आइउ वाहै होइ यम आगम निगम पुरान। भारथ कथा सुनंमे यत कासी स्नान॥ २॥ श्री दुरजोधन वाच॥

साजहु तुरित जाइ सब कटक असंख समूह। सजि हुँ जल्दी आवहु मत हस्ती गज जूह ॥ ३ ॥ चौ० ॥ सुनि कै द्रोन कहौ विहसाई। अइसैइ मंत्रन्ह भए अनुआई ॥ सकुनी क मंत्र सदा तुम लेहू। हम पाचन्ह कहं दोख न देहू ॥ पांडव पांचउ आनिजे आउ। लाहा गृह तुम आग लगाउ ॥

End—भारथ कथा सुनहिं अरु गावै। ताके निकट पाप नहिं आवै ॥ जे फल सर्व तीरथ स्नाना। जे फल कोटिन्ह कन्या दाना ॥ जे फल जज्ञ धरम के कीन्हे। जो फल लक्ष गाय के दीन्हे ॥ जो फल होइ सरन के राखे ॥ जो फल सदा सत के भाखे ॥ जो फल पिंड गया महं दीन्हे। सो फल यहि भारथ सुनि लीन्हे ॥ दोहा—भारथ सुनै अनंत फल सो तऊ कहा न जाइ। अंत वसहिं वैकुंठ महं दरस देहि जदुराइ ॥ ४८४ ॥ महाभार्थ पूरन कियो सुद्ध बनाइ विचारि। पंडित जन सो विनय करि आखर पढ़ब सुधारि ॥ ४८५ ॥ इति श्री महाभारथ संपूर्ण किया जो प्रति मों देखा सो लिखा मम दोखो न दीयते संवत १८१४ मिति कुआर सुदी नवमी ९ वार सुक्रवार के संपूरन ॥ लिखा सीतारम ऊमर के सो जानबै सुभमस्तु श्री रस्तु ॥

Subject—पृ० १—१३ तक—अभिमन्यु युद्ध वर्णन।
,, १३—१६ ,, उद्योगपर्व वर्णन
,, १७—६१ ,, भीष्मपर्व वर्णन
,, ६१—१०५ ,, द्रोण पर्व वर्णन
,, १०५—१४२ ,, कर्ण ,, ,,
,, १४२—१५० ,, शल्य ,, ,,
,, १५१—१६० ,, गदा ,, ,,

No. 363A(*a*). Bhāgawata Bhāshā, Daśama Skandha by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—239. Size—8½ × 7 inches. Lines per page—36. Extent—6,480 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī and Kaithī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Date of manuscript—Samvat 1810 or A. D. 1750. Place of deposit—Paṇḍita Rāmasuṇdara Miśra, Village Kaṭāghari, Post Office Akaunā, District Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ भाषा भागवत लिख्यते ॥ श्री राधा कृष्णायनमः ॥

श्लोक—बालं नील तनुं सरोज नयनं लावण्य कोटि स्मरां दीप्ति चारु मुखे विलास कुशलं वंसादि वदिस्तवं ॥ गोपाल धृत भूधरं जन हितं च विश्वंभरं माधवं । गोपीनां नयनं चकोर शशिना वंदे जसोदा सुतम् ॥ १ सरत पद्म वर्क, लसत भ्रंगकेशं, तड़ित पीत वस्त्रं घनश्याम वेशं ॥ वलित भूषणं चारु गुंजा वतंसं जनेसं सुरेशं रमेशं हि वन्दे ॥ २ ॥

दोहा—अति उदार मंगल सदन दलन प्रवल दुखदंद । सबल स्याम सेवक सुखद प्रभु वृन्दावन चन्द्र ॥ १ ॥

End—छंद—हरिचरन पंकज पतित पावन जगत जीवन जानिए । तजि मान पति निर्वान नाम प्रमान करि हित मानिए ॥ ब्रह्मादि सुर सनकादि नारद जासु पद रज सेवहीं । को कहै जड़ मति मूढ़ मानव आन मानत देव हो ॥ दोहा—सबल स्याम भव भय हरन पावन परम उदार । कृपासिंधु सरनद सुषद व्यापक जगदाधार ॥ ८६५ श्लोक—कृषनं करोति करवानं केस कुंडल केसरी । कालिन्दी कूल कल्लोले कोलाहलं कुतूहलं ॥ इति श्री हरिचरित्रे दशम स्कंधे महापुराने भगवते परम रहस्यां वेलासि भाषा सबल स्याम कतौ चौरानवे खंड कथा लिखितं रामवकस रैकवार मौ० नन उपरा के जस देखी वैसी लिखी मम दोस न दियते कथा समाप्तं सुभ मस्तु ॥

संवतु १८८० समै नाम असाढ़ सुदी दुइज रोज सुक्रवार ॥

Subject—पृ० १—२३९ तक—भागवत संस्कृत दशम स्कंध का भाषानुवाद ॥

Note—निर्माण काल तथा कारण :—

संवत सत्रह सै सोरह दस । कवि दिन तिथि रजनीस वेद रस ॥
माघ पुनीत मकर गत भानू । असित पक्ष ऋतु सिसिर प्रमानू ।
प्रथमहि वरनौं नृप नृप देशा । तब हरि कथा करौं परवेसा ॥
रचेउ विरंचि नगर एक पोढ़ा । तासु नाम जग विदित अमोढ़ा ।
अवध नगर तें पूर व सोहै । निरखि रूप सुर मुनि मन मोहै ॥
तहं रह वीर सिंह धरणी धर । तरनि वंस अव तंस नृपति वर ।
वरनौ वहुरि भूप कर साजू । नगर समाज सहित जुवराजू ॥
मति अति विमल भक्ति रस पागो । वीर सिंह हरि पद अनुरागो ।
सहित सनेह कृपा अधिकाई । पुनि हरि भक्त जानि लघु भाई ॥
कहेउ दसम हरि कथा बनावहु । सगुन रूप कर भेद सुनावहु ।

No. 363A(*b*). Bhāgawata Bhāshā Daśama Skandha by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—

265. Size—12 × 4 inches. Lines per page—12. Extent—4,372 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgari. Date of manuscript—Samvat 1818 or A. D. 1761. Place of deposit—Ṭhākura Dalajīta Siṁha, Village Jalima Siṁha kā Purawā, Post Office Kesargañja, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः मातु दीन्ह मैं तुमहि जनाये । मानुष देह यानि नहिं पाये ॥ दोहा । पुत्र भाव करि दम्पती ब्रह्म भाव जिय जानि । परम प्रेम बस समुझि मोहि मम गति सुलभ सयानि ॥ यह कहि निज माया हरि हेरी । सोइ प्राकृति शिसु भयऊ बहोरी ॥ रोवन लगे बाल भय हारी । जगमोहनी प्रकृति बिस्तारी । कह देवकी सुनहु प्रिय प्राणा । चहत होन यह प्रगट बिहाना । यहां तुम्हारण सहज सहाई । जहं राषिय यह तनय छिपाई ॥ देषहि जवहि कंस यह बारा । वधहि वेगि नहिं करहि विचारा । गोकुल नंद गोप हितकारी । तहं रहि है यह तनय सुकारी ॥ लै तहं जाहु बार जौनि लावहु । सुतहिं सौपि तुरत तुम आवहु ॥ सुनि प्रिय वचन गोपाल उठाये । पुनि बसदेव अंक लै आये ॥ लै तव त्वरित चले बनवारी । घन तम में घनी अंधियारी उघरे वज्र कपाट निहारे । प्रभु प्रभाव मोहे रषवारे ॥

End—यहि कहि प्रेम विवस भइ भोरी । दीन वचन फुनि कहेउ बहोरी । कृष्ण कृष्ण भव भंजन भारा । सरणद अखिल लोक करतारा ॥ पाहि पाहि प्रभु त्रिभुवन पालक । कठिन कलेस सहित सह बालक ॥ तव पद तजि नहिं सरण कृपा कर । जन वन कंज प्रकास प्रभाकर ॥ परम उदार चरित फल दायक । विधि श्रुति शक सेइवे लायक ॥ दोहा ॥ कृपासिंध भव भयहरण सुषदाय भगवान ॥ मायापति निर्माण पति सरणद सील निधान ॥ यहि विधि समुझि स्वजन घन स्यामहि । जपत अखिल जग जन येहि नामहि ॥ देत कर्म फल करत विभागा ॥ करत प्रवेस सहित अनुरागा ॥ वन्दौ तासु चरण रज पावन । जग निवास अघ अखिल नसावन ॥ नृप मति समुझि महामति माना । विदा भयउ सिर नाइ सुजाना ॥ सुहृद वर्ग पहं मांगि रजाई । पवन गवन रथ त्वरित चलाई ॥ मथुरा गयऊ महां बन माली । कही सकल कुरुराज कुचाली ॥ छंद ॥ कुरुराज कुमति कुचालि प्रभु पहं दान पति सब विधि कही । सोइ सुन्यों सम्यक वचन कृपानिधान हरि मान्यो सही ॥ प्रभु हृदय धरि हित पांडवन प्रमुदित जिन गृहको गये । चढ़ि व्योम यानि विमान कीरति विबुध बुध गावत भये ॥ सबल स्याम आरति हरण दीनबंधु भगवान । सुनहु राम कुरुवंस मनि हरि तजि सरण न आन ॥ इति श्री हरि चरित्रे दसमस्कंध महापुराणे भागवते परम रहस्ये संहितायां बयासिक्या

भाषायां सबल स्याम कृते पूर्वार्द्ध समाप्तं संवत् १७३३ समय फालगुन सुदि एकादस्यां रविवासरे तरण तारखे ताले। लिखा संवत १८१८ ठाकुर प्रताप सिंह ॥

No. 363A(*c*). Bhāgawata Daśam Skandha by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—81. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—28. Extent—3,360 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—1875 Samvat or A. D. 1818 Place of deposit—Bhaiyā Santa Baksha Siṁha, Guṭhawārā (Bahrāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री गुरवेनमः ॥ सर्व देवायनमः ॥ भुंजा पीत पवीत चारु युगलं पाणौ च पंकेरुहं। मुक्ताहार किरीट कुंडल युतं स्यामं प्रफुल्लाननम् ॥ गोविंदै परितः परीत मशिशं गोपोजनै सेवितं। नोत्वा वत्स पवत्स कान्त जगतं वंदे यशोदा सुतं ॥ दोहा—सबलश्याम प्रभु कमल पगु भव भयहरन विधान। वंदौं चरण सरोज द्वै करत अपिल कल्याण ॥ १ ॥ चौ० ॥ कह मुनि सुनिय भूप मति माना। कथा पुनीत करौं सो गाना ॥ अस्ति प्राप्ति द्वौ सब गुन खानो। कंस महीपति कै पटरानो ॥ निज पति निधन देखि दुख भारो। गई पिता गृह परम दुखारी ॥

End—जन्म देवको गर्भ तुम्हारा। है यह वादमात्र संसारा ॥
थिर चरवृजिन हरन प्रभु कैसे। तिमिर तोष कहं रविकर जैसे ॥
व्रजपुर रमनि परम सुखदायक। पद श्रुति सक सेइवे लाइक ॥
भवनिधि जान चरनसुभ पावन। हरन पाप त्रै ताप नसावन ॥

छंद हरिगीतिका—हरि चरन पंकज पतित पावन जगत जीवन जानिए। तजि मान पति निर्वान नाम प्रमान करि नित मानिए ॥ ब्रह्मादि सुर सनकादि नारद जासु पग रज सेविहीं। को कहौं जड़मति मूढ़मानव आन मानत देवही ॥ १ ॥ दोहा—सबल स्याम भव भयहरन पावन जन्म उदार। कृपासिंधु सरनद सुपद व्यापक जगदाधार ॥ ४२७ ॥

इति श्री हरिचरित्रे महापुराने भागवते दसमस्कंधे समाप्त सुभमस्तु ॥ जेठ सुदि १० को पुस्तक प्रारंभ किया आषाढ़ सुदि १३ को संपूर्ण भई ॥ पुस्तक लिषित शिवप्रसाद कायस्थ बलरामपुर के वासी पाठार्थ श्री महाराज कुमार भैया उमराव सिंह जीव के संवत १८७५ सन् १२२५ मोकाम मिनगा कोट ॥ ॥

Subject—पृ० १—७ तक—प्रार्थना, जरासंध युद्ध। मुचुकन्द द्वारा यवन वध वर्णन। पृ० ७—१६ बलभद्र विवाह, रुक्मिणी विवाह पृ० १६—२० सम्बरासुर

वध, स्यमंतक हरण, जामवती विवाह वर्णन और सत्यभामा विवाह वर्णन। पृ० २०—३५ तक—सतधन्वा, सत्राजित वध, रानियों का उद्धार, नरकासुर वध, कृष्ण रुक्मिणी, अनिरुद्ध ऊषा सम्वाद। पृ० ३५—४४ तक—नृगोप वर्णन। बलदेव विजय जमुना कर्षण। पौड्रक वध, द्विविद वध, साम्ब विवाह, जोगमाया दर्शन वर्णन। पृ० ४४—५४ तक—इन्द्रप्रस्थ में कृष्ण गमन, जरासंध वध, पांडव राजसूय यज्ञ वर्णन। भगवान नारद संवाद, दुर्योधन मानभंग। पृ० ५४—६४ तक—साल्व युद्ध वर्णन। सौभराज वध, बलदेव तीर्थ यात्रा वर्णन, बदञ्जल वध, कृष्ण सुदामा सम्वाद वर्णन। पृथु उपाख्यान वर्णन। पृ०—६५—८१ तक। रुक्मनी प्रष्टयानी संवाद। वसुदेव नंद सम्वाद, मोक्ष वर्णन। भृगु मुनि दर्शन व द्विज कुमार वर्णन।

No. 363A(*d*). Bhāgawata, (Daśama Skandha) by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—194. Size —14 × 8 inches. Lines per page—60. Extent—6,500 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Date of manuscript—Samvat 1888 or A. D. 1831. Place of Deposit—Mahārājā Rājendra Bahādur Siṁha, Bhinagā Rāj, Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ बालं नीलतनुं सरोजनयनं लावण्य कोटिस्मरं। दीप्तं चारु मुखं विलास कुसलं वस्या दिवां पेतरम्॥ गोपालं धृत भूधरं जन हितं विस्वंभरं माधवं॥ गोपीनां नयने चकोर शशिनं वंदे यसोदा सुतम्॥ १॥ सरद पद्म वकं लसद भृंगकेसं। तड़ित पीतवस्त्रं घनस्याम वेसम्॥ चलत दुपखं चारु गुजां वतंसं। जनेसं सुरेसं रमेसं हि वंदे॥ दोहा॥ अति उदार मंगल सदन दलन प्रवल दुख द्वंद। सवलश्याम सेवक सदा प्रभु वृन्दावन चंद॥ १

सोरठा—गुरु पद पंकज धूरि प्रथम सीस निज राखि कर।
प्रभुजस वरणौं भूरि सुखदायक सब दुःख हरन॥ २॥
वंदौ वंदनीय अविनासी। वंदौ शिव कैलाश निवासी।
वंदौ गिरा गणेश षड़ानन। वंदौ सुर सुरेस सहसानन॥
वंदौ नारद श्रुति चतुरानन। वंदौं भूमि गगन गिरि कानन॥
वंदौ देवन दीन दवारी। वंदौं चंद तिमिर तम हारी॥

End.—छंद हरगीतका।

हरि चरण पंकज पतित पावन जगत जीवन जानिये।
तजि मान पति निर्वान नाम प्रनाम करि नित मानिए॥

ब्रह्मादि सुर सनकादि नारद जासु पग रज सेवहीं।
को कहौ जड़ मति मूढ़ मानव आन भानत देवहीं॥

दोहा—सबल श्याम भव भयहरण पावन जन्म उदार।
कृपासिंधु सरनद सुषद व्यापक जगदाधार॥

इति हरि चरित्रे महापुराणे भागवते दशमस्कंधे पारमहंस संहितायां वैयासिक्यां भाषायां श्री सबल सिंह कृतौ चतुर्नवतितमोऽध्यायः दसमस्कंध समाप्त सुभ मस्तु अषाढ़ मासे शुक्लपक्षे नौम्यां चंदवासरे संस्कृत भाषा सम्पूरणम् संवत् १८८८ सन् १२३८ साल॥ पुस्तकं लिपितं॥ गंगाप्रसाद कायस्थ॥ टिकुइया ग्राम के वसौ वासं पाठार्थं॥ लाला दाऊलाल देवान भिनगा के श्रोता पढ़ैतेकां सत्यनाम॥ जो प्रति पावा सो लिखा मम दोसो न दीयते॥ इति।

No. 363A(*e*). Bhāgawata Daśama Skandha by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—570. Size—$8\frac{1}{2} \times 7$ inches. Lines per page—15. Extent—6,680 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Kaithī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669, Date of manuscript—Samvat 1871 or A. D. 1814. Place of deposit—Śītala Prasāda Nigama, Village Saidpur, Muhallā Potidārān, District Bārābankī (Oudh).

No. 363A(*f*). Bhāgawata Daśama Skandha by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—170. Size—$13 \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—20. Extent—3,825 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Place of deposit—Bhaiyā Santa Baksha Siṁha, Guṭhwā, District Bahrāich.

No. 363A(*g*). Bhāgawata Bhāshā by Sabala Śyāma. Substance—Country-made paper. Leaves—138. Size—14×6 inches. Lines per page—20. Extent—3,795 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Place of deposit—Paṇḍita Murlidhara Tripāṭhī, Mailā Sarāya, Post Office Bauṇḍī, District Bahrāich.

No. 364(*a*). Bhagwañtā Rāya Rāsā by Sadānañda Kavi of Asothara. Substance—Country-made paper. Leaves—11. Size—7½ × 6¼ inches. Lines per page—24. Extent—180 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1797 or A. D. 1740. Date of Manuscript—Samvat 1798 or A. D. 1741. Place of deposit —Śri Mān Mahārāja Rājendra Bahādura Siṁhā Sāhaba, Bhingā Rāja, Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रासा भगिवंत सिंह जीवक ॥ दोहा ॥ एक दिवस भगिवंत जू अति अनंद सो लीन । कोड़ा जहानाबाद को हुकुम कूंच को दीन । छंद पद्धरी ॥ सज्जे सुवीर बज्जे निसान । लज्जे सुरेस भज्जे गुमान ॥ फुट्टे सुमेरु टुट्टे अराति । कुट्टे कितेक लिट्टे नसाति ॥ दोहा ॥ आइ जहानाबाद में करत मुलुक को गौर । साधत वाम अबाम सम लखि कैं ठौर अठौर ॥ साह महम्मद छत्रपति दान कृपान जहान । सुबा कीन्हों अवध को विदित सहादति खान ॥ करे जे रक्षित बाहुबल दीन्हे नृपति निकारि । राखे जे धर्मज्ञ अति सकल विचारि विचारि ॥

End—कंप्यै लोक अवलोकि सोक भय जहं तहं बज्यौ । लषि चरित्र विधि हरिहर हिय अनुराग उपज्यौ ॥ प्रेरित मन चलि वेगि समर अवनी महं आयो । कहि प्रसंग कर जोरि अमिय मय वचन सुनायो ॥ अप्सरि सुचारु चहुं दिसि चमर चापु ढरत आनंद भयो । राजाधिराज भगवंत जू चढि विमान सुर पुर गयो ॥ १०३

दोहा ॥ संवत सत्रह सतानवे कातिक मंगलवार ।
सित नौमी संग्राम भौ विदित सकल संसार ॥ १०४ ॥

इति श्री कवि सदानन्द विरचिते भगिवंत सिंह खोचरि भौ नवाब सहादति खान जुद्ध बरननो नाम सुभ मस्तु सुभं भूयात् ॥ लिखी मिती सावन वदि अष्टमी ८ सन १२५७ हि० बारह सै सत्तावन मा लिखा ॥ इति ॥

Subject—पृ० १—२ तक । राजा भगवन्त सिंह का कोड़ा जहानाबाद पर चढ़ाई करना और यवनों को भगाना सआदत खां का नूर मोहम्मद को तहसील के लिये भेजना और भगवंत राय का लूट करना, नवाब का चढ़ाई करना और दुर्जन चौधरी से मिलना ।

पृ० ३—४ नवाब का खजुहे पहुंचना और सेना का वर्णन ।

पृ० ५—६ मंत्री से राजा भगवन्त सिंह का सलाह करना, रानी का युद्ध के लिये निषेध करना और युद्ध की तय्यारी का वर्णन।

पृ० ७—८ सआदत खां व तुराव खां से खीची का युद्ध वर्णन—

पृ० ९—११ तक। भवानी प्रसाद व दीनमोहम्मद का युद्ध वर्णन। शेरअली और जयसिंह का युद्ध वर्णन। भगवन्त सिंह खीची का युद्ध वर्णन और वीरत्व को प्राप्त होना। निर्माणकाल व युद्धकाल वर्णन।

No. 364(*b*). Bhāgawantā Rāya Rāsā by Sadānandā. Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—10 × 8½ inches. Lines per page—32. Extent—225 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1797 or A. D. 1740. Date of Manuscript—Samvat 1936 or A. D. 1879. Place of deposit—Ṭhakura Chitra Ketusiṁha, Nārāyaṇapur Taparā (Hariharpur) Post Office Chilwaliā (Bahrāich).

No. 365. Nandaji kī Vaṅśāvalī by Sadānanda Dāsa. Substance—New paper. Leaves—4. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—30. Extent—60 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Babū Śyama Kumāra Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—अथ वंसावली नंद जी की सदानंद दास कृत ॥

श्री गुरुचरण प्रतापहि लहौं कृष्णवंश उद्भव कछु कहौं ॥ १ ॥
तीन प्रकार गोप की जाति वैस अहीर गुज्जर वर ज्ञाति ॥ २ ॥
उत्तम वल्लव गोप कहाये जदुवंशी वेदन में गाये ॥ ३ ॥
हित सो गोधन ठाट चराये छत्री ते ते वैस कहाये ॥ ४ ॥
वैस सुदिका ते जो होई शुद्ध अहीर कहावै सोई ॥ ५ ॥
गुज्जर कछु इनते लघु वरने पीन अंग ऊंचे सुख करने ॥ ६ ॥
व्रज के निकट सो विधि सों वसै अजा आदि पशुधन सों लसै ॥ ७ ॥

दोहा—भागुर पुरोहित विमलकुल गर्ग गुरु इनके निकट अवास।
वेद पुरानन में निपुन हिये विष्णु परगास ॥ ८ ॥

सबै कौम व्रज में रहैं हरि सेवा सुष हेत। पांच कहे परिवार ए हरि जु कों सुष देत ॥ ९ ॥ अब वरनो गोपन के नाम जिहि सुमिरे सब पूरण काम ॥ १० ॥

प्रथम गोपर्जन्य बखानौ। ताकी क्रिया वरेयसी जानौं ॥११॥ प्रथम सुतै उपनंद बषानो। ताको प्रिया सुनंदा जानो ॥ १२

सुत सुभद्र तनया तुंगोनव । उत्तम गुण ताके मन उद्भव ॥ १३ ॥
सरसगोर अभिनंद बषानो । ताकी त्रिया पोवरी जानौं ॥ १४ ॥
सतु कुंडल अरु नंद सुता । कृत पुनीत गावैं पतिव्रता ॥ १५ ॥
धरानंद ताकी प्रिय परमा । किंकिनि सत तनया शुभ करमा ॥ १६ ॥
कंचन तन ध्रुवनन्द बखानो । ताकी त्रिया सुदेसी जानौ ॥ १७ ॥
सुत विलास तनया मन सीला । गावत रहत कृष्ण गुण लीला ॥ १८ ॥
महानंद की तिय हितकारी । सुता सुसीला सुत मन धारी ॥ १९ ॥
सुनौ सुनंद त्रिया मन लेखा । सुत उत्तम तनया रुचि भेषा ॥ २० ॥

End—सोमवंश हरि जीव को बरनै लै लै नाम। ससि के बुध बुध के पुर जो परम संत निहकाम ॥ ७५ ॥ तिनके आयु नहुष नृप तिनके नृपति जजाति। तिनके जदु इनके हरि सेवो बरगात ॥ ७६ ॥ क्रोष्टवान व्रज नृपति जु स्वाहि तिनके पूत। तिनके दस आहुत भये व्योम नृपति जस नूत ॥ ७७ ॥ इनके शशबिंद प्रथजू किये परम सुख कर्म। ताके ऊसना ताके रुचि किए परम सुधर्म ॥ जामधताके के तास विदर्भ विलक्षन गुनमान। ताके पुत्र प्रगट भए कथ जु किये ग्रंथ बहु दान ॥ ताके कुंत विष्ट सुत सुंदर ताके नरिवत पूत। ताके दश आहित सुत व्योम नृपति जस नूत ॥ जीव नूत ताके विकनु भोम सुरथ भुजमान। नरथ ताके दशरथ के सुत सकषे सुर जजात ॥ नृपति करंभिक भये ताके सुत भये देव रतिराज। भए देवरति देवक्षत्र सुत मधु नृप सतत सिरताज ॥ कुरु वंस ताके अंतु नृप के सुत प्रोहित जुजान। ताके सुचित ताके अंधक ताके नृप भज मान ॥ ताके नृपति विदरथ ता सुत सुर नृपति बरजान ॥ ताके सुनि भजि मान नृपति जु ज्ञानवंत धनवान ॥ ताके सुचित सु भोज नृप ताके नृपति हृदीक। देवमीढ़ तिनके कुल प्रगटे तिन प्रगटकरो जसलीक ॥ छत्रानी वैश्यानी इनके पत्नी दोय। छत्रानी के सूरसेन जिन राष्यो जग भोय ॥ वैश्यानी के पर्जन्य प्रगट भये तिनके प्रगटे नंद। तिनके प्रगट भए मनमोहन व्रज के पूरनचंद ॥ इह वंशावली बखानी ढांढ़ी हर्षे वल्लव राज। श्री सदानंद प्रानन बारत रंग भीनो सकल समाज ॥ इति संपूर्ण शुभ ॥

Subject—नंद जी की वंशावली

No. 366. Chhattis Akshari by Sāhabadinadāsa of Tiparī, Rāmapur. Substance—Country-made paper. Leaves—4. Size--8 × 5 inches. Lines per page--46. Extent--128

Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1921 or A. D. 1864. Date of Manuscript--Samvat 1950 or A. D. 1893. Place of deposit--Bābā Bhāratamahañta, Village Datauli, Post Office Phakharpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ छत्तीस अक्षरी लिख्यते ॥ ॐ ओंकार अपार आगे घर आदिव अंत पसारा है । ब्रह्मा विष्णु महेश गणेशहु सुर्ज किरण उजियारा है ॥ पंच उपासन तत्व प्रकीरति याते सब विस्तारा है ॥ गति साहब दीन कहैं कहलौं सब राम राम ओंकारा है ॥ ना ॥ नाम निरंजन सब दुख भंजन सुमिरन किये कलेश मिटै । मन मस्त उमंगै उठै तरंगै सुनि दुष्टै हिय हरो पटै ॥ जो नाम पुकारै कबहू न हारै कलिकराल जंजाल कटै ॥ जन साहब दीन सोइ पूरा जो हरदम हरिका नाम रटै ॥ मा ॥ मन को बूझै तब गति सूझै त्यागै कपट दलालो है । वृन्दावन तन रच्यो विन्द सों मगन मूल प्रतिपालो है ॥ बाग लगाय गयो नहि अनौवा तिन बागन खालो है ॥ साहब दीन सदा अनुभव गति बाग माझ बनमालो है ॥ सा ॥ सहित सनेह गुरुपद पूजै ल्यावै ध्यान समाधू है । सुमिरै ररंकार निअक्षर तका मता अगाधू है ॥ राम नाम दम दम पर खीचे मिटै व्याधि अपराधू है ॥ साहब दीन सफल मत बूझै तिसको कहिए साधू है ॥

End—॥३ ॥ इक्षक सिंधु में मगन सदा दुख भरम शर्म सब खोई है । जो कुछ कहि आवै नास मान अरु आसत मान सुख सोई है ॥ समता स्माज साजै सदै बस एक विषम नहिं कोई है । आस साहब दीन विचार लीन्ह ईश्वर जन जगमें सोई है ॥ उ ॥ ऊजर बीज नहक मत बोवो रहै यके दृढ़तासो है । मन में भरम भूल न लावै आनंद हृदय हुलासो है येके सर पूर जग देखे दिल को दिल को दुविधा नासो है साहबदीन रहन अस जाको तिस्को कहा उदासो है ॥ ऐ ॥ ऐ संसार बजार ठगों को बिन भेदो तुम जावोगे । मीन आनंद अमोल अजूबा अद्दो भाव भंजावोगे ॥ खोल कपट को गांठ सवेरे जौहर न परखावोगे । साहबदीन मुरशद के जुग जुग भटका खावोगे ॥ श ॥ शपत स्वर्ग को सीस तिलक दे त्रिगुना बुंदा मेलो है । बीज मंत्र अजपा को सुमिरत पीत बसन रंग रोलो है ॥ पांच कलो पांचै रंग टोपो अजब रीति अलबेलो है । सोहत साहब दीन गले बिच पांच दत्त को सहेलो है । इति छत्तीस अक्षरी समाप्तः लिखी संवत १९५० कार्त्तिक शुदी चतुर्दशी ॥

Subject—पृ० १—४ तक ३६ अक्षरों पर ज्ञान उपदेश ईश्वर भजन पर कविता की है ।

No. 367(*a*). Kavitāvalī by Sahaja Rāma. Substance—Country-made paper. Leaves—46. Size—9 × 6 inches. Lines per page—11. Extent—348 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Rāmajiāwana Lāla, Village Daulatīpur, Post Office Bīlhara, District Bārā Bankī.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सहज राम जी की कवितावली लिख्यते ॥ कवित्त ॥ गौरि गिरा गणनायक के पदपंकज को रज सीस चढ़ावौ। पवन को पूत सपूत बड़ो तिनके पद पंकज को शिर नावौ ॥ श्री गुरु दीनदयाल पड़े पद पंकज को अनुशासन पावौ। राम चरित्त कवित्त की माल बनाय गिरा के गरे पहिरावौ ॥ १ ॥ ब्रह्मादिक ध्यान धरैं जिनको सनकादिक जोग समाधि को साधे। संकर नाम जपैं जिनको पदुमा पद पंकज को अवराधे ॥ नौमी सुकुला मधु मास पवित्र नक्षत्र पुनर्वसु वासर आधे ॥ राम को जन्म भयो सहजू हरषे सब देव दशानन बाधे ॥ २ ॥ संख और चक्र गदा सरसीरुह चारि भुजा लखि मातु त्रसी है। कुंडल लोल कपोल विमंडित आनन देखि लजात ससी है। सुंदर कोट जड़े मुक्ता सुखमा लषि कै (× ×) उमान बसी है ॥ भाल विशाल विलोचन लोहित कौस्तुभ कंठ ललाम लसी है ॥ ३ ॥

End—आपनी बुढ़ाई लरिकाई रामचन्द्र जी की निरखि परस पानि जानि के सकात है। क्षत्रीन को छोना जो छपावै औ बचावै कोऊ ताहू को मारै न विचारै और बात है ॥ पाई न मेराई न बधाई बाजो अंगन में सखिन समेत सीता व्याकुल बरात है। सहजू महोप माहिदेव की लराई कौन केतेऊ कुजोग आजु बा जिवाये तात है ॥ ९८ ॥ पिता सभीत जानी लीन्हे हैं धनुषवान भ्रातन समेत राम स्याम गौर गात हैं। मुनि को प्रनाम कीन्हे बालक विचित्र चीन्हे थके मुनि नयन बैन आवत न बात है ॥ रामचन्द्र चन्द्रमा चकोर कीन्हे नैन दोऊ मैन की समान रूप देखे न अघात है। सहजराम देखि के विदेह विदेह भये परसराम राम को स्वरूप देखि कामहू लजात है ॥ ९९ ॥ आशिष दै दृग दौना किये छवि पुंज पियूष पियो जनु है। करिसायक चाप निषंग कसे सरनागत पालक को प्रनु है ॥ चारि कुमार मनौ मधुमार औ प्रेम सिंगार धरो तनु है। भृगुनन्दन को मन भूल्यो फिरै सहजू हरि सुन्दरता बनु है ॥ १०० ॥

Subject—पृ० १—७ तक—मंगलाचरण, राम जन्म, उनके जन्म पर उल्लास, उनकी शोभा का वर्णन। राम-माता का युक्ति सहित चतुर्भुज रूप छिपाने का प्रस्ताव। नगर में आह्लाद, मंगल बधाई इत्यादि। दशरथ का दान, बाल बिनोद।

(२) पृ० ८—१२ तक—राम का मृगया के निमित्त अपने सहयोगियों सहित वन में जाना। चारो भाइयों के घोड़ों के विभेद का वर्णन। मृगया में सफलता प्राप्ति। उनका लौटना।

(३) पृ० १३—२४ तक—दशरथंदन के समीप आकर कुश नन्दन का राम को मख-रक्षा के लिये मांगना, राम नाम महत्ता पर मुनि का छोटा सा व्याख्यान। राजा का इस प्रस्ताव पर खेद। वशिष्ट का समर्थन वशिष्ट द्वारा राजा को संतोष होना। संदेह भंग पश्चात् राम लक्ष्मण को मुनि के साथ भेजना।

Beginning—श्री सत गुरु साहब सहाय। अथ सत्य प्रकाश लिख्यते। प्रथम वंदना॥ प्रथम आदि देव श्री गणेश जी स्वामी को जिनके सुमिरन से सब काज लोक व परलोक के सिद्धि होते हैं। बहुत भांति विनय के साथ वारवार दंडवत करि के उस पारब्रह्म परमेश्वर निरगुण व सगुण सरूप सर्वत्र व्यापक भक्तवत्सल कृपासागर दयासिंधु दीनबंधु जन सहायक के चरण कमल को वंदना करत हूं तुम्हारी महिमा अगम अथाह है श्री ब्रह्मा जी चारो मुष से व शेष जी और सारदा निरंतर वर्णन करते हैं और पार नहीं पाते सो मैं पतित कामी औगुनन को षान बुद्धिहीन किस प्रकार कहि सकौं॥ आपने गनिका व अजामिल आदिक अनेकों पापियों को इस भवसागर से पार उतारा और निजधाम दिया सो जानि परत है कि पतित तारन आप का स्वभाव है। सो हे पतित तारन दीनदयाल इस पापी को भवसिंधु से पार उतार कृपा करके हृदय में वास दीजिये॥

End—दोहा—जगजीवन के पंथ का जो कोइ जानै होन। राजा होय कि छत्रपती दिन दिन होय मलीन॥ जगजीवनदास की निंदा जो कोउ करै चोराय। जीवत सुष पावै नहीं मरे नरक मां जाय॥ जो सत्तनामी सत्तगुरु साहब के बाना की निंदा करते हैं वह महा रोगी व दरिद्री हो जाते हैं अंतकाल उनको महा-

घोर नरक होता है सत्तनामी जनों को नशा गांजा व भंग अफीम का ग्रहण अनुचित है श्री मुख वाचि है। दोहा—गांजा भंग व पोस्ता संत लोग नहिं खांहि जगजीवन दास सांचो कहैं खांहि तौ नरकहिं जाहिं ॥ समर्थ गिरिवर दास की बानी ॥ संतनाम के पंथ मां भांग खाइ जो कोइ जगजीवन गिरिवर कहैं ताको मुक्ति न होय ॥ सत्तनाम के पंथ में खाय जो गांजा भंग जगजीवन गिरिवर कहैं ताको मत ह्वै भंग ॥ सत्तनामी को बैगन व कुंदरु अवश्य वर्जित है श्रीसत गिरिवर दास साहब ने कैथा भी वर्जित किया है सो सतनामी को गुरु वचन परमान उचित है। गुरु का वचन न मानै जोई। अवश नरक तेहि प्रापत होई ॥ इति श्री सत्य प्रकाश समाप्तम् लिखा सतगुर प्रसाद संवत १९२१ जेठ मासे कृष्ण पक्षे द्वितीयायां श्री राम।

Subject—इस ग्रंथ में गणेश जी, भगवान, हनूमान जी, शंकर, ब्रह्मा बाबा जगजीवन दास आदि की वंदना की गई है, पश्चात बाबा जगजीवन दास जी का जीवन चरित्र दिया है। आप पहुंचे हुए महात्मा थे, भूत, भविष्यत, वर्तमान तीनो काल को जानते हैं, अपने मृत्युकाल में जलाली दास को बुलाकर शरीर का दाह कर्म मना किया इस पर कुछ लोग अप्रसन्न हुए और मरने के पश्चात् दाह का कार्य ठहरा, परंतु जलाली दास ने न माना तब सबने कहा कि अगर तू सच्चा है तो बाबा जी फिर कहैं लोगों का विचार था कि बाबा जी के मरे देर हो गई किस प्रकार कहेंगे। परंतु जिस समय जलाली दासने हाथ जोड़ कर प्रार्थना की बाबा जी उठ बैठे और कहा मेरा शरीर न जलाया जाय समाधि दी जावे तब सब को बाबा जी का महत्व प्रगट हुआ और उनके कथनानुसार समाधि दी गई।

No. 373(*b*). Kotawabandan by Santa Baksha Mahāñta of Narahī (Lucknow). Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—14 × 5 inches. Lines per page—44. Extent—1,144. Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1929 or A.D. 1872. Place of deposit—Parāgīdāsa Murāu, Village Jadavapura, Post Office Baranapur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—अथ कोटवा बंदन लिष्यते ॥ दोहा ॥ कोटवा वंदन ग्रंथ यह। श्री सतगुरु स्यान। इन्द्र दवन जे भक्त हैं तिनके उर परमान ॥ प्रभु जग जीवन शुभ करौ भाषौ सतमत ग्यान ॥ अति कोटवा की वंदना परगट करौं बयान ॥ कथा

भई आरंभ तव जब प्रभु दाया कीन्ह । बैठो घट मों आय के सत्त शब्द कहि दीन्ह ॥ तुम ही तौ बानी कहत मैं कछु जानत नाहिं । गुन तौ एकौ है नहीं सब औगुन मोहि माहिं ॥ जब तुम्हारि कृपा भई कथा प्रगट भई सोइ । आपहि तौ सब कहत हैं और न दूजो कोइ ॥ जन्म लियो सरदहा में संतन के आधार । नाम कहायो जगजीवन जगन्नाथ अवतार ॥ चौ० ॥ प्रभु जगजीवन जगत अधारा । लियो सरदहा मा अवतारा ॥ गति तुम्हारि कोइ जान न पावै । जेहि जस कृपा सो तस कहि गावै ॥ आइ सरदहा कीन्ह निवासा । जगजीवन जग विदित प्रकासा ॥ प्रभु जगजीवन नाम कहाए । मारग सो सतनाम चलाये ३

End—छंद ॥ सरन में समरथ तुम्हारो और नाम न आनऊं ॥ कहत हौं करजोरि साईं दूसरो नहिं जानऊं ॥ चरन परि मैं करत विनती नाथ मोहिं अपनाइए । फिरत हूं मैं भरम भूला कृपा कर के छुड़ाइए ॥ छोड़ि तुम तजि जाऊं कहंवां दृष्टि में आवै नहीं । चरन तुम्हरों तक्यों जब से और कछु भावै नहीं ॥ सर्व में तुम अहो व्यापक और दूजा कोई नहीं । जानि मोहिं का परत यहि विधि नाथ तुमही सब कहौं ॥ थिर रहौं नहि भटकौ भरम को परदा फटै । करौ अंतर नाम सुमिरिन तिमिरि आंखिन को छटै । दीनबंधु दयाल तुम सम नहिं दूसर देषहूं ॥ समरत्थ प्रभु जग जीवन साहब सत्त मन मह लेषहूं ॥ दोहा ॥ बलिहारी गुरुचरन को जिन मोहिं दीन्हो नाम । तेहि सुमरौं चितलाइ कै ये मन आठौं-याम ॥ चौ० ॥ संतौं कथा सुनौं चितलाई । गुरु जग जीवन दियो लषाइ ॥ बैठि गयो आपहिं घट माहीं कहत कीर्ति मैं जानत नाहीं ॥ मोरि बुद्धि यामें कछु नाहीं । आपुहिं बैठि कहो घट माहीं ॥ जाऊं सदा चरनन बलिहारी । जिन यह कथा कह्यो अनुसारी ॥ इति श्री कोटवा वंदन सम्पूरन संवत १९२९ वैसाख पुर्षमा बृहस्पति लिषतं संतबक्श महंत ।

Subject—इसमें बाबा जगजीवन दास और स्थान कोटवा को वंदना की गई है । कोटवा और बाबा जगजीवनदास की मर्ति मा का साथ ही साथ वर्णन किया गया है ।

No. 374. Nakhaśikhā by Sañta Baksha Bandijana of Holapur. Substance—Country-made paper. Leaves—12. Size—8 × 5 inches. Lines per page—15. Extent—101 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bajaranga Balī Brahmabhaṭṭa, Village Holapur, Post Office Haidargarha, District Bārā Bankī (Oudh).

Beginning—मुकुट वर्णन ॥ मणि माणिक मंडित मौलि रह्यो अनुराग विराजि रह्यो थलपै। तेहि ऊपर मोतिन की कलंगी विचबीच कुसुम्ब कली दलपै ॥ कवि 'संत' कहै दियै दीपन लौं उपमा तिहुं लोकन की कलपै। रघुवीर के ऐसे किरीट लसैं मानौं भानु उदै उदयाचल पै ॥ वार वर्णन ॥ मखतूल के तार सिवार से हैं उपमा लखि कै सरि कौन गनै। अति कारी वलाहक से दरसै भरे सौरभताई सनेह सने ॥ कवि संत कहै सटकारे छबीले लजीले मनोभव देखि घनै। किलकैं दुति मेचकताई अरे रघुवीर के केस सुवेस वने ॥ भाल वर्णन ॥ जोत को पत्र लिख्यो है विरंचि किधौं लिखौ देवल को प्रतिपाल है। जंत्र औ तंत्र वसीकर मंत्र सु मोहै त्रिलोक हृदय सदा अरिसाल है। संत कहै जन पालिवे हेत को देर न लाय दया करि हाल है। भागो भरो निसि द्योस रहै शुभ श्री रघुवीर को भाल विसाल है ॥ भृकुटी वर्णन ॥ भौंहैं सरासन कैधों धरे जुग सुंदरता अति है अनियारी। वैठि दुरे फणि को अवली किधौं मर्कत रेख लसै जुग न्यारी ॥ कैधों अनंद के कंद को देन को संतन सो करिये हितकारी। काम को शोभा जुटी है किधौं भृकुटी है बनी रघुवीर तिहारी ॥ नेत्र वर्णन ॥ गोल अमोल सुडोल कपल लौं चंचल कोर चुभे चित चैन हैं। लज्जि तुरंग कुरंग दुरै वन मीन सो दीन भये दिन रैन हैं ॥ सो उपमा उपमेय वखानत संत कहै सुखमा वर ऐन हैं। कंजन खंजन गंजन हैं सदा शोभित श्री रघुवीर के नैन हैं। नाक वर्णन ॥ निन्दित हैं शुक तुंड विलोकि के फूल तिलो को दिलो में उदासिका। चारु सुधारि विचारि पितामह मोद भरे मन कीन्हे हुलासिका ॥ सो छवि देखि कहैं कवि संतजु तेस सदा धरे ध्यान प्रकाशिका। राजत आनन अंबुज पै शुभ सुंदर श्री रघुवीर की नासिका ॥ कपोल वर्णन ॥ पाणियपाल के वाल भरे किधौं पत्र पुरैन के सुन्दर नील हैं। सिद्धि मनोरथ ही को करैं तुला तौलिवे हेत के नेत अलोल हैं ॥ संत समान विचार करैं केहि संपुट सैनि के अमोल हैं। आरसी हैं को सुधांशु को हैं किधौ श्री रघुवीर को गोल कपोल है ॥

End—नख वर्णन—प्रात सरोज पै कैधों परी मकरंद के बुंद के भांति भला के। सोने की लेखनी पै मुकताकनी सोहत छोगुनी छोर छला के ॥ संत कहै जगी जोति अखंड दियै जग में जैसे छंद कला के। पातो नक्षत्रन को दरसै नख शोभित श्री रघुवीर लला के ॥ छाती वर्णन ॥ कंचन नील के पत्र किधौं वनमाल विराजि रहो बहु भांती। केसरि खौरि पिताम्बर राजित वज्र किधौं है अरिंद को घाती ॥ संत कहै फलदायक चारि को रिद्धि और सिद्धि को वृद्धि बढ़ाती। चीकनो चौरो चरचित चंदन वोर भरो रघुवीर को छाती ॥ जंघ वर्णन ॥ अति पीन भरे कतधौत के दंड उदंडता चारि समाय रहे। करके सरके कर क्यों उपमा सुखदाय रहे ॥ वर विक्रम उन्नत आप लहे जुग जानु विसालता छाजि

रहे। मणि खंभ भजै दुतिरंभ लजै रघुवीर को जंघे विराजि रहे ॥ चरण वर्णन॥ तरनि तरन धर वरन वर धर धरन धरन भरे सुखमा उसीर के। करन हरन करुणा कृपाल कोर चितै भरन भरन भौ हरन भय भीर के ॥ जाहिर तरनसम मंगल करन चारु जारन फले के ये उधारण अधीर के। दारिद दरन अघ ओघ के हरन परिजात के करन सो चरन रघुवीर के ॥ शिख नख वर्णन ॥ भृकुटी और लिलाट कपोलन छुवै सुख कोयन लोयन देखि भरै। चिबुका धरि ग्रीव उरोजन पै पुनि नाभी सरोवर में लहरै ॥ कवि संत कहै जुग जंघन में मोरवानि हिये विच ध्यान धरै ॥ रघुवीर पदांबुज से सुनिये मन मेरो मधुव्रंत गुंज करै ॥ २० ॥ सर्व अंगतीरथ वर्णन ॥ पदस्याम सरोज कलिंदो लसै सुखमा अतिहो सुख साजत है। हिय मोतिन माल विसाल लरै लखि निम्नजा वेगिहि भ्राजत हैं ॥ कवि संत कहै अधरान को लालो गिरा अनुराग समाजत है। नखते सिख लौं रघुवीरहिं के तन तीरथ राज विराजत हैं ॥ २१ ॥ कीरति वर्णन ॥ नारद पारद सो दरसै औ सुधाकर सो लसै चन्दर चूरसो। विज्जु सो कंबु कमोदनि का शशि चौवर से जल गंग की धूरि सो ॥ संत कहैं सित भोंडर सो नखतावलि सो गजदंत के तूरसो कीरति श्री रघुवीर को राजति कुंदकली करका कर्पूसो ॥ २२ ॥ वेनी लखे तिरवेनी लजै मुख देखि छपा कर छीम छली के। गोल कपोल विलोकि कै आरसो लोचन लोल सरोज दलीके ॥ संत कहै सारे दंतन को सबो निंदित दाड़िम कुंदकली के। मोह मई तम क्यों न मिटै मन ध्यान धरे मिथिलेश लली के ॥ २३ ॥ कैधों कौल पाखुरो पै रवि को किरनि प्रात कैधों इन्द्र वधू काम करत निहोरो के। कैधों गुंज विम्बा फल बन्धु जीव लालो कैधों दाड़िम कुसुम्ब रंग मई मति भोरो के। कहै कवि संत कुरु वृंदन को कौन गनै दुखक पतंग औ गुलाल दुति थोरो के ॥ जावक महोज पै ईगुर वरण ऐसे चरण विशाल राजै जनक किशोरो के ॥ २४ ॥ कास ते अधिक वक हास ते अधिक घन सार ते अधिक लसै मुक्तहार हीर को। सीय ते अधिक चून फेन ते अधिक गजदंत ते अधिक लघु लागै गंग नीर को ॥ दुग्ध ते अधिक वर बुद्धि ते अधिक सत्व गुण ते अधिक शांत रस धरि धीर को। छत्र ते अधिक औ नक्षत्र ते अधिक इन सब सो पनिच जस राजै रघुवीर को ॥ २५ ॥ इति—लेखक परमेश।

Subject—(१) पृ० १—९ तक—रामचन्द्रजी का नखशिख वर्णन। मुकुट, केश, भाल, भृकुटी, नेत्र, नाक, कपोल, श्रवण, अधर, दशन, मुख, भुज, अंगुरी, नख, छाती, जंघा, चरण वर्णन।

(२) पृ० ९-१० तक—सिखनख वर्णन, सर्व अंग तीरथ वर्णन, कीर्ति वर्णन।

(३) पृ० ११-१२ तक—सीता जी का नख शिख, वेनी, पैर और रघुवीर का यश वर्णन।

No. 375(*a*). Bānī or Sākhī by Sañta Dāsa. Substance —Country-made paper. Leaves—56. Size—$4\frac{1}{2} \times 3\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—18. Extent—630 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1852 or A.D. 1795. Place of deposit—Harvanśa Rāi, Village Tekāri, District Rāe Bareli.

Beginning—राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम । अथ स्वामी जी श्री संतदास जी की वणी अग भै लिष्यते ॥ अथ गुर देव को अंग । सवृति ॥ अग भै पद परकास के ॥ दाइक सत गुर राम ॥ अनत कोटि जन साहिका ॥ ताहि करूं परनाम ॥ १ ॥

अंग ॥ सत गुरु का ऐको सवद मनि कोई लेवै मानि ।
तो सहज होत है संतदास मुसकलि सूं आसानि ॥ १ ॥
सतगुर कीन्हो संतदास मुसकलि सूं आसानि ।
रामनाम को हो रही रंम रंम निज ध्यान ॥ ३ ॥
संतदास तिहुंलोक मैं ऐह सिरोमणि संत ।
पूरबजनम का बीछुरा सोहो मिलाया कंत ॥ ४ ॥
सतगुर मेल मिलाइया ॥ सरित सवद का संग ।
अब छूटत नाहीं संतदास लगा करारो रंग ॥ ५ ॥
सत गुर बर परमारथो असी देह बणाइ ।
धरीया मुलक छुराइ कैं अधर मुलक ले जाइ ॥ ६ ॥

End—निरगुण नांव हिरदै धरै निरगुण पहरै भेष ।
संतदास वा संत सूं कहीपे आप अलेष ॥ २२ ॥
फकर तारै जगत कूं निरगुण नांइ मिलांहि ।
मकर ले बूडै संतदास भो सिंधि का दह मांहि ॥ २३ ॥
चलो जात है सुरसुरी अपणैं सहज सुभाइ ।
प्यासा होइगा संतदास सो पीवेगा आइ ॥ २४ ॥
संत सुरसरी राम जल कोई पीवे प्रीति लगाइ ।
तो भरम करम की संतदास प्यास न उपजै ताहि ॥ २५ ॥
संत निवासी संतदास सब कूं देत निवास ।
सांच झूंठ निरणूं कीयां झूठा होत उदास ॥ २६ ॥

इति स्वामी जी श्री संतदास जी की साषी संपूरण ॥

Subject—पृ० १ गुरु स्तुति- पृ० २-१४ गुरु महिमा पृ० १५। गुरु सामर्थ्य पृ० १६-३०, ईश्वर सुमिरन विधि और भेद पृ० ३१—३३ईश्वर नामों का भेद, उनका निर्णय, और सर्वोपरिनाम वर्णन, पृ० ३४। जीव निर्णय, पृ० ३५-३६। ईश्वरनाम सुमिरन की सामर्थ्य—पृ० ३७, ईश्वरनाम की महिमा, पृ० ३८-५४। संतदास की चेतावणी भक्ति के लिये। पृ० ५५-५७ साधु की महिमा, लक्षण और साधु असाधु निर्णय, समाप्ति।

No. 375(*b*). Sañtadāsa kī Bānī by Sañtadāsa of Sahipurai. Substance—Country-made paper. Leaves—2262. Size—5½ × 4 inches. Lines per page—13. Extent—29,406. Appearance—New. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1830 or A.D. 1773. Date of Manuscript—Samvat 1870 or A.D. 1813. Place of deposit—Paṇḍita Devīduttaji Śarmā, Village Fatahapur, District Bārā Baṇkī (Oudh).

Beginning—अथ स्वामी जी श्री संतदास जी की वाणी अणभै लिष्यते ॥ प्रथम गुरु देव को अंग लिष्यते ॥ स्तुति ॥ अणभै पद परकास के ॥ दाइक सत गुरु राम ॥ अनंत कोटि जन साहि की ॥ ताहि करुं परनाम ॥ १ ॥ अंग ॥ सत गुरु कारो का सबद मनि कोइ लेवै मानि ॥ तो सहज होत है संतदास ॥ मुसकिल सूं आसानि ॥ १ ॥ सत गुरु किन्हो संतदास ॥ मुसकिल सूं आसानि ॥ राम राम की होइ रही ॥ रोम रोम रज ध्यान ॥ २ ॥ संतदास हम कूं कीया ॥ सत गुरु कमाई सानि ॥ देह छूटां छूटै नहीं ॥ परब्रह्म लू ध्यांन ॥ ३ ॥ संतदास तिहुंलोक मैं ॥ रोह सरोभं निसैत ॥ पूरब जनम का बिछुड़या ॥ सोही मिलाया कंत ॥ ४ ॥ सत गुरु मैं ला मिलाइया ॥ सुरति सबद का संग ॥ अब छूटत नांही संतदास ॥ लगा करारो रंग ॥ ५ ॥ सत गुरु बड परमारथी ॥ ऐसो देह बणाइ ॥ धरो या मुल कछु भाइ करि ॥ अधर मुलुक लेजाइ ॥ ६ ॥ चौरासी धरीया मुलक ॥ तांमैं सुर नर रहे समाइ ॥ अधर मुलक है रांम नांम ॥ जहां जन पहुंच्या जाइ ॥ ७ ॥ तीनलोक सूं अलध सुष ॥ लाधन नांही कोइ ॥ सत गुरु लाधा संतदास ॥ ८ ॥ सत गुरु मिलीया संतदास कटो भरम की पासि ॥ गा सत गुर वांण ॥ चौरासी का संतदास ॥ मिटि गया आवंण जांण ॥ १० ॥ सत गुर वाह्मा बब भारि ॥ सुषम प्रेम का सेल ॥ निज मन तो घाइल भया ॥ अवरुं मकता पेल ॥ ११ ॥

End—कांम दुष क्रोध दुष पावै ॥ लोभ दुष कछु कहत न आवै ॥ माया मोह दुषी संसारा ॥ तातैं जागै राम पियारा ॥ ८६ ॥ माता नास पिता सुनि

भयो ॥ वंस सोदर आपन गयो । पुत्र कलित्र दुष सकल पसारा ॥ तातें जागै राम पियारा ॥ ८७ ॥ अरब अरब हाथी अरु घोरा ॥ भौमि मंझारन बिमो थोरा ॥ आंषि मूंदि देषत हो वारा ॥ तातें जागै राम पियारा ॥ ८८ ॥ करि उपदेस गयो रिषराई ॥ राजा को मन प्रीति बढ़ाई । डेरा छाड़ि गए वन वासा ॥ गुरु गोबिंद से बाढ़ी आसा ॥ ८९ ॥ मन ही मन राजा यूं जानो ॥ क्रिपा करी है सारंग प्रांनो ॥ अनआसै गुरु मिलीया आई ॥ प्रेम प्रीति हरि सूं ल्यौ लाइ ॥ ९० ॥ दुहा ॥ भाग बड़ेही पाइयो साधन को सतसंग ॥ जन गोपाल जगदीस कौ तन मन लागी रंग ॥ ९१ ॥ इति श्री ग्रंथ जड़भरत संपूरण ॥ महाराजाधिराज पूरण ब्रह्म जी दया का सागर जी रामनिवास साहिपुरै विराजमांन तोस मरो पुस्तक लपी कृते संवत १८७० वर्षे मिती भाद्रपद शुक्लपक्षे पुनि स्तिथौ ३ शनि वासरायां ॥ लिपि कृतं ब्राह्मण गुजर गौड़ दासानुदास चरणाविंद को रज रुप राम वाचै विचारै ज्यां सूं रांम रांम ॥ संत गुलम तासकौ नाम ब्राह्मण तुलछी राम बांच वीचारै ॥

Subject—पृ० १—१३ तक—स्तुति सत गुरु राम जी की, सत गुरु की महिमा का वर्णन, सत गुरु के दिये हुए ज्ञान के लाभ ॥

(२) पृ० १४—३१ तक—सुमिरण का अंग, माला जाप, राम नाम का महत्त्व, राम नाम निर्णय, जीव निर्णय, नाम की सामर्थ्य, साखी ।

(३) पृ० ३२—५६ तक—विनती का अंग—स्तुति । साखी नाम में लगन का वर्णन । प्रेम प्रकाश, परिचय ।

(४) पृ० ५७—९९ तक—पतिव्रता वर्णन, व्यभिचारिणी वर्णन । टेक, विश्वास, साधु, साधु महिमा, साधु पारख, साधु परमार्थ, साधु संगति, विरक्तता, निवृत्ति, प्रवृत्ति, विचार, कुविचार, सार असार, रस, पंथ वेहद, सजीवन, जीवित मृतक, हठयोग, अवगुणग्राही, भक्त द्रोही, मन मुषी, मन, उपदेश, जग्यासो, कादर, सूरातण, सती, गुरु शिष्य पारख, खोजना ।

(५) पृ० १००—१४२ तक—गुरु वे मुख, सन्मुख, विमुख, राम विमुख, काल, चेतावनी, वोहौ आरंभी, माया, कामी नर, वाचिक ज्ञानी, सांच, भ्रम विध्वंस, भेष, चाणक्य ।

रेखता

(६) पृ० १४२—१४४ तक-रेखता । (७) पृ० १४४-१५० तक—ब्रह्म ध्यान, (८) पृ० १५१—१६७ तक—भ्रम तोड़ । (९) १६८—१७२ तक—पद, आरती, संतदास जी का निर्माणकाल सं० १८०६-अठारै सै षट वष में संक भये निरकारो ॥

राम चरण जी की वाणी ।

(१०) पृ० १७३—२१५ तक—निरंकार स्तुति, गुरुदेव का अंग—गुरुदेव स्तुति, साखी, गुरु सामर्थ्य, सरण, विरह, ज्ञान विरह, लै, प्रेम—प्रकाश, पोव पहिचान, परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, समर्थता, विनती, विश्वास, बरकत, निवृत्ति, साधु, असाधु, साधसंगत, कुसंगत, बेअकिल, विचार, बे विचार, निहिचै, जीवन, मृत संजीवन, सारग्राही, अवगुण ग्राही, अज्ञानी, राम विमुख, काल चेतावनी, उपदेश, जिज्ञासु, गुरु पारख, सिष पारख, गुरु सिष पारख, सन्मुख, बेमुख, गुरु विमुख, चितकपटी, देखा देखी, कांदर, सूरातण, टेक, हेत प्रीति, कस्तूरिया मृग, मन, सती, बेहद, मधि, निरपष, पंथ, रस, सुखी मारग, शुभकर्म, दया, माया, कामीनर, जरणां, रहनी, सहज, बौहौ आंरभी लोभीनर, आसावेली, निद्रा, मुरकी, निन्दा, साच ।

चंद्रायण अंग—(११) पृ० ३१६—३४० तक—चन्द्रायण सरण, नाम सामर्थ्य, चन्द्रायण बीनती, विरह, परिचय, साधन, साधु संगत—बरकति, गुरु पारख, सिखपारख, गुरु, गुरु बेमुख, सन्मुख, विमुख, मन मुषी, अज्ञानी, काल, चेतावनी, सूरातण, विचार, साच, तृष्णा ।

सवैया—(१२)—पृ० ३४१—३५९ तक—गुरुदेव अंग, सरण, नाम महिमा, परिचय, विचार साधु, साधुसंगति, बरकत, विश्वास, तृष्णां, लोभीनर, अज्ञानी, काल चेतावनी, सन्मुख, विमुख, गुरु बेमुख, अवगुणग्राही, व्यभिचारी, व्यभिचारिणी, कायर सूरातण, कामीनर, सांच ।

झूलना—(१३) पृ० ३६०—३६८ तक—गुरुदेव अंग, सरण, विचार, साध, साधसंगति, उपदेश, बरकत ।

(१४) (कवित्त) पृ० ३६९—४५१ तक—गुरुदेव अंग, सरण, नाम सामर्थ्य, परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, विनती, अविश्वास, तृष्णा, निरपक्ष, निर्गुण उपासना, साधु असाधु, साधुसंगति, कुसंगति, साधु पारक, साधु महिमा, वाचक ज्ञानी, लक्षक ज्ञानी, अज्ञानी, ब्रह्म व वेष, काल, चेतावनी, मन, मनमुसा मनसूब, कायर, सूरातण, उपदेश, जिज्ञासु, शिवनिर्णय, सिष पारख, टेक, निर्णय, विचार हठयोग, भक्ति महिमा, माया, कामीनर, रहनी, जरणा, सांचा, माला, सांच ।

(१५) कुंडलिया—पृ० ४५२—४२७ तक—गुरुदेव अंग, गुरु परमारथी, लोभी गुरु, सरण, विनती परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, कायर, सूरातण, विश्वास, बे विश्वास, विश्वास निरपेक्ष, बरकत, निर्गुण उपासना, साध, साध पारख, साध गति, साधसंगति, कुसंगति, अदया, उपदेश, जिज्ञासु, गुरु शिष्य,

शिष्यपारख, गुरु विमुख, राम विमुख, सन्मुख विमुख, अज्ञानी, विचार, निर्णय, विचार, लोभीनर, काल, चेतावनी, मन, हठयोग, माया, कामीनर, निद्रा, सांच।

रेखता (१६) पृ० ४९८—६१० तक—गुरुदेव को अंग, भेषधारी, सरण, प्रेमप्रकाश, परिचय, विचार, सूरातण, सारग्राही, चेतावनी, असाधु, कामीनर, सांच, भेष, चांणक।

(१७) गुरु महिमा, नामप्रताप, शब्द प्रकाश, चेतावनी, मनखंडन।

(१८) शब्द समाप्त पृ० ६११—६६६ तक—गुरु शिष्य गोष्टी, ठग की परीक्षा, जिंद परीक्षा, पंडित, समाधि, लक्ष्य—अलक्ष्य, साधलक्ष्य, बेजुगति, काफरबोध।

गाने के पद

राग भैरव इत्यादि, गाने के भक्ति संबंधी पद, (१९) पृ० २६७—७३६ तक राग भैरव, रागललित, रागविभास, विलावल, जैजैवंती, रागआसा, गौड़—ध्वनि इत्यादि सहित, बसंत, काफी, आसावरी, कल्याण, कनड़ी, कनड़ा, राग वहाग, मंगल, पंजाब, राग गिरनारी, राग सुवा, सोरठ, मारु, जैतश्री, धनाश्री, राग केदारी, जोग धनाश्री, आरती।

(२०) अणभै विलास। पृ० ७३७—७५९ तक—अणभै विलास ग्रंथ, गुरु शिष्य संवाद, संग महातम, संग पारस, सतपुरुष, असत पुरुष, मुक्त जन परीक्षा, जिज्ञासा साधु लक्षण।

(२१) सुखनिवास—पृ० ७६०—७८७ तक—ग्रंथ सुखनिवास, दाताक्या, रचना, अभिमान, आया, मोह, सर्वज्ञ, उत्तम इत्यादि शब्दों की परिभाषाएं राम विमुख का निषेध, राम विमुख का लक्षण, अपारख, कपटी और कुबुद्धि।

(२२) पृ० ७८८—८१३ तक—दादसमो प्रकरण, डरें क्यों, जतन क्या, जाल क्या, दुखदाई, विह्वल काल कब आवेगा ?। वैराग्य बरकत ठोक क्या, अशुद्ध व्यवहार।

(२३) पृ० ८१४—८३४ तक—सूरापण, जिज्ञासु, सबोध, आत्म प्रबोध, सूर कायर।

(२४) पृ० ८३५—८५९ तक—ग्रंथ विश्वास बोध, आत्मशोध भवितव्य और विश्वास निरूपण।

(२५) पृ ८६०—८८६ तक—ग्रंथ जिज्ञासुबोध, आत्म प्रबोध, गुरु स्तुति और ग्रंथ संख्या निरूपण।

(२६) पृ० ८८७—९१६ तक—विश्रामबोध, सुख संबोध, ग्रंथ संख्या निरूपण।

(२७) पृ० ९१७—१०७४ तक—राम रसायन ग्रंथ, गुरु शिष्य पारख निरूपण आनन्द प्रबोध सरणूं, सरण, ज्ञान धारण निरूपण, अकिल, धारक, लक्षित सकार स्पर्श प्रेम, अध्यात्म ज्ञान, भोगत सकार, अकिल विचार, चंचल तात सकार, विगति, सोनिकाज साल्हा, ऐसा साल्हा वाचिक तक सकार, असलाको आशा मुखी, कुदिशा, दोइ आसै मिलै, सो भेप दरसन गति, रोम, तृष्ण, संतोष, मुतलब सकार, हंस्पात सकार, दया, उपदेश, चेतावनी हारवोत, अर्थात् माया मतलब हंस्पा लोभ खंडन और उपदेश चेतावनी, काम खंडन तिमिसंग, सुरापण, गुरु महिमा और संख्या निरूपण। रामचरण की वाणी संपूर्ण।

राम जनजी की वाणी।

(२८) पृ० १०७४—११८४ तक—स्तुति, ज्ञान प्रबोध, प्रकाशबोध निरूपण, साधु लक्षण, साधु संग, गुरुशिष्य पारख भक्ति योग अंग निरूपण, नाम महात्म्य वर्णन, वैराग्य विधि निरूपण, उत्तम भक्ति योग, अद्वैत ज्ञान, प्रलय निरूपण, युग, वर्तमान युग, धर्म, नाम और दृढ़ता, कुसंग त्याग, निज वैराग्य, गुरु महिमा निरूपण, ज्ञान प्रबोध ग्रंथ संपूर्ण।

(२९) पृ० ११८५—११९६ तक—ग्रंथ ध्यान वगोचो।

(३०) पृ० ११९७—१२६४ तक-सुमिरण सिद्धान्त, गुरु ध्यान की परिभाषा, सरण भेद, समता, मनजेर, मन उपदेश, राम गुरु से विनती, तीन गुणों से पार होने का साधन भक्ति, प्रीति, प्रगिभाव, उत्तम विचार, जगत अभाव चेतावनी, साधु लक्ष्य, उपदेश, जिज्ञासु गति, कुसंग, कुवधित सकार, फोकटक (करनो विन कथन), गुरुकृपा, शिष्य दीनता, सुमिरण सिद्धान्त पूर्ण।

(३१) पृ० १२६५—१८८८ तक—ग्रंथ श्रवंग सार—स्तुति, गुरुदेव स्तुति, विचार माला, संत स्तुति (पहला विधान), गुरु मिलाप महिमा, गुरुदेव की विशेषता, एकादश का प्रसंग (दूसरा विधान) गुरु लक्षण निरूपण (तीसरा विधान) गुरु कसौटी, शिष्य शुद्धात्मा, गुरु सामर्थ्य, शिष्य अशुद्धता, कृतघ्नी, मनाधीन, शिष्य प्रतापीक, (चौथा विधान-शिष्य परीक्षा), सहकाम भक्ति निरूपण (पान्चवा विधान) किसको किस रूप की भक्ति करनी चाहिए (छठा विधान)। निर्गुण निजमूल भक्ति निरूपण (सातवां विधान)। नवधा भक्ति वर्णन श्रवण, कीर्ति सरण पादसेवन, अर्चन, वंदन, दासभाव, साख्य भाव, नैवेद्य, आपा अर्पण किया उसका भेद (अठवां विधान)। विकार, सुमिरण नाम निरूपण, रामनाम की सर्वोच्चता, सरण टेक, पतिव्रत निरूपण (दशवां विधान) नाम महिमा निरूपण, (ग्यारहवां विधान)। सुमिरण नाम माहात्म्य निरूपण (बारहवां विधान) उत्तम भक्ति ज्ञान निरूपण (तेरहवां विधान)। बंध, मोक्ष, अशुभ वासना

निरूपण, (चौदहवां विधान)। जग दूषण, वैराग्य निरूपण, (पंद्रहवां अध्याय)। अजाचोक वैराग्य, अजगरी भवरवृत्ति निरूपण, (सोलहवां विधान)। संन्यास योग, शुद्ध वैराग्य निरूपण (सतरहवां विधान), लक्ष्य अलक्ष्य वैराग्य वेष निरूपण (अट्ठारहवां विधान)। मेष की आड़ में भिक्षा मांगने वालों की गति, कंदरज स्वरूप, निंदित धन से उत्पन्न पन्द्रह अनर्थों का वर्णन (बीसवां विधान) सतसंग महिमा निरूपण, साधु लक्षण निरूपण (इक्कीस व बाइसमो विधान)। सोत प्रसाद—महिमा निरूपण, जीव दया निरूपण, (तेईसवां विधान)। अधर्म कार्य, दास लक्षण (चौबीसवां विधान) राम विचार कुसंग त्याग निरूपण (पच्चीसवां विधान), कुसंग लक्षण निरूपण (छब्बीसवां विधान) परधन परत्याग, जोग, कर्म-धर्म निरूपण (सत्ताइसवां विधान)। काम खंडन निरूपण (अट्ठाइसवां विधान) शील, सुधर्म निपरूण (उनतीसवां विधान)। माया खंडन आशा लोभ निरूपण (तीसवां विधान)। माया खंड तत अतत निरूपण (इकत्तीसवां विधान), चेतावनी काल की गति, गृह कूप का वर्णन, (बत्तीसवां विधान)। मन प्रसंग (तेतीसवां विधान)। बाहरी भ्रम, भूमि भेद निरूपण (चौतीसवां विधान), भ्रमभेद खंडन, मनसा तीरथ निरूपण (पैंतीसवां विधान)। साधु महिमा निरूपण (छत्तीसवां विधान)। साधु पारख निरूपण (चौतीसवां विधान)। लक्ष्य अलक्ष्य पंडित परीक्षा निपरूण (अड़तीसवां विधान)। योगी लक्ष्य, अष्टांग योग, विचार परीक्षा, वर्मक परीक्षा, शील परीक्षा, संतोष परीक्षा, निरवैर परीक्षा, सहज परीक्षा, शून्य परीक्षा, समाधि, सिद्ध, अणिमादि के लक्षण, जोगी के गुण (उनतीसवां विधान—दर्शन लक्ष्य निरुपण)। रोजा वृत्त निषेध, भूत खंडन, महंत का लक्षण, राम नाम महिमा (चालीसवां विधान)। निज वृत्त भेद (इकतालीसवां विधान)। श्रवंग सार ग्रंथ संपूर्ण।

(३२) साधुवर दूल्हा राम जी के फुटकर शब्द।

पृ० १८८१—१९७१ तक स्तुति (निरंजन स्तुति) गुरुदेव स्तुति, साखी गुरु देव का अंग, स्मरण का अंग, नाम महात्म्य, नाम सामर्थ, विनती जीवन का अंग, सारग्राही का अंग, विश्वास का अंग, जन देह जीत का अंग, साधु संगति का अंग, कुसंगति का अंग, ज्ञानी अंग, अज्ञानी का अंग, निर्वासन का अंग, पतिव्रता का अंग, व्यभिचारिणी का अंग, सुरातम का अंग निश्चय का अंग, सतो का अंग, वेहद का अंग, अदतो का अंग, मृतक का अंग, निर्पक्ष का अंग, टेक का अंग, रस अनरस का अंग, अकल का अंग, चंदराइण गुरु देव का अंग, (गुरु देव का अंग संपूर्ण)। स्मरण, चन्द्रायण विनती का अंग जस कुजस का अंग, विरह का अंग, प्रेम प्रकाश, विचार, साथ, वरकत, पतिव्रता

व्यभिचारणी, विश्वास, अविश्वास, संतोष, साध संगति, कुसंगति, असाध का अंग, दया का अंग, ज्ञानी, टेक, उपदेश, अहंता, काल, चेतावनी, सांच, भरम विध्वंस, (सवैया गुरु देव का अंग)। स्मरण, विनती, सत्संग, बरकत, विश्वास का अंग, चेतावनी का अंग, काल का अंग, (भूलना) गुरु देव का अंग गुरु महिमा, स्मरण, नाम महिमा, प्रेम प्रकाश, बरकत, निवृत्ति-प्रवृत्ति, साधु महिमा, साधु साषी भूत का अंग, सत संगति का अंग, उपदेश का अंग, मन का अंग, चेतावनी का अंग, काल का अंग, अकलि का अंग, बे अकलि का अंग, दया अदया, फुटकर, मन हरण और कुंडलिया इत्यादि।

(३३) पृ० १९७२—१९८६ तक—ग्रंथ राम पदति, गुरुवन्दना, गुरु की मेघ से समता, गुरु द्वारा ब्रह्मोपदेश वर्णन, रामनामोच्चार महिमा, शरीर की सजावट का खंडन।

(३४) पृ० १९८७—२०१९ तक—ब्रह्म समाधिलीन योग।

(३५) पृ० २०२०—२०५३ तक—नवल सागर—स्तुति, उपदेश, गुरुदेव का उपयोग, कलयुग निरूपण, नाम का निश्चय, नाम का प्रताप, रामनाम में प्रीति, भक्ति, सार असार विचार, भजन का प्रभाव।

(३६) पृ० २०५४—२१३६ तक—यथार्थ बोधः—वंदना—जगन्नाथ की, रामचरण की महिमा, तीको व्यौरा, विप्रलक्षण राजा लक्षण, आत्म कथा—अठारह सै सत्रह की साल, ऐक ऐको विकत हाल॥ देव करण ताहां दरसण पायौ॥ सुणिजन वचन मोद मन आयो॥ पाखंड निषेध, जरणां मन गति, नारि लक्षण, काम गति, सन्मुख विमुख, प्रस्ताइक, विश्वास, पदलि, भक्ति, आखिरै लोभ करै सो गति, व्यभिचारिणी, हित पदार्थ, नव संध्या का लक्ष्य, चेतावनी, निंदक की चाल।

(३७) पृ० २१३७—२१६७ तक—गोपाल कृत प्रहलाद चरित्र—हिरण्यकश्यप को सनकादि का श्राप, उसके पापों से पृथ्वी का कंपित होना, सुर असुरों में वैर होना, हिरण्यकश्यप का तपस्या को जाना, इन्द्र को उसकी स्त्री का हर लेना, नारद का आदेश, इन्द्र का कथन कि इसके गर्भ के बालक का वध किया जायगा, इसका नहीं। इस पर नारद का कथन की इसके गर्भ में भक्त है, ऐसा मत करो, इस पर इन्द्र का अविश्वास, नारद का उपदेश, साधु लक्षण, इन्द्र का उसकी स्त्री को नारद के स्थान में रखना, नारद का उसे उपदेश सुनाना। बच्चे को प्रबोध, हिरण्यकश्यप का वरदान लेकर घर लौटना, उसकी स्त्री का भी आगमन, प्रहलाद जन्म, पिता द्वारा उसका पढ़ने को भेजना, उसका भक्ति की ओर मन होना, पिता का क्रोध, भक्त को नाना प्रकार के कष्ट, नरसिंह अवतार, प्रहलाद का भक्ति वर मांगना, नरसिंह का तथास्तु कथन।

(३८) पृ० २१६८—२१९९ तक—जगन्नाथ कृत, मोहोमरद राजा की कथा—नारद का भ्रम, परमात्मा द्वारा उसका निवारण, मोहोमरद नृप की कथा सुनना, साधुओं की बड़ाई, ईश्वर द्वारा स्वयं साधुओं का ध्यान करने का कथन, नारद का मोहोमरद नृप के दर्शन के लिये गमन, नारद के वहां पहुंचने पर मुनि का योगमाया उत्पन्न करना, और उसके मोहजित होने की परीक्षा, नारद का परिचय लेना और नृप के पुत्र का मृतक होना, दासी का उपस्थित होकर राजा के पास चलने की प्रार्थना, इस पर मुनि का उनके घर में शोक बताना, दासी द्वारा उसका खंडन, पुनः रानी का मुनि के पास आना और चलने की प्रार्थना और मोह खंडन के विषय में कुछ उदाहरण उपस्थित करना, मुनि का नृप के पास आना और पुत्र शोक के कथन में उदाहरण उपस्थित करना, राजा का मोह खंडन करना, सत्यादिक नृप की कथा सुनाना, चार भाइयों की कथा सुनाना, दो कुत्तों की कथा, एक कुम्भकार के पुत्र की कथाओं द्वारा पुत्र कलत्रादि का मोह खंडन, नारद की तृप्ति, नारद का उस लड़के की स्त्री के पास जाना, उसका शिष्टाचार, नारद का उसके पति के मृतक होने का प्रसंग छेड़ना, उसका ज्ञान कथन और सीतादि के उदाहरण देकर कर्म की प्रधानता बतलाना, नारद का नृप की वंदना करना और ईश्वर के पास आकर उनकी स्तुति करना।

(३९) पृ० २२००—२२०८ तक—राम सागर ग्रंथ, नैमषारण्यक तीर्थ में सैनिक का सब मुनियों से प्रश्न करना कि कहो हरि कैसे मिलते हैं? सब का चुप रहना, नारद आगमन, सैनिक का नारद से भी वही प्रश्न करना, मुनि का शिव जी द्वारा सुना हुआ राम नाम का महत्त्व बताना, जो शिव जी ने कभी पारवती को सुनाया था।

(४०) पृ० २२०९—२२२० तक—कृष्ण उद्धव संवाद—कृष्ण का कथन कि श्राप के अनुसार यदुकुल का विनाश होना है, मैं भूमि के भार को उतारही चुका अतः मैं भी अंतर्धान होऊंगा, तुम मोह मदादिक को त्याग ईश्वर भजन में संलग्न रहना, उद्धव का कथन कि महाराज यह मोहजाल क्योंकर दूर होगा? इस पर कृष्ण का दत्तात्रेय और यदु का संवाद सुनाना, यदु का प्रश्न कि महाराज आप में इतना ज्ञान कैसे उत्पन्न हो गया, अवधूत का उत्तर कि मेरे बहुत से गुरु हैं—क्रमशः गुरुओं के २४ नामों को लेकर प्रथम आठ की कथा सुनाकर उनसे गुण ग्रहण करने का कथन (धरनी, पवन, गगन, पानी, अनल, चंद, रवि, कपोत)।

(४१) पृ० २२२०—२२२७ तक—सूकर, कूकर, अजगर, सामर, मधुकर, हस्ती, मधुमाखी, मधुहरा, पिंगला (वेश्या) सत्रह गुरुओं की कथा।

(४२) पृ० २२२८—२२३२ तक—कछुए पंछी, बालक, सांप, सती, मकड़ी भृंगी कीट, चौबीस गुरुओं की कथा सुना कर शरीर का नश्वर सिद्ध कर परमात्मा में स्नेह लगाने का वर्णन।

(४३) पृ० २२३३—पृ० २२४६ तक—भिक्षुक गीता कथन—भागवत के आधार पर—एक ब्राह्मण का विरक्त होकर के भिक्षुक होना, लोगों का उसे तंग करना और उसका ज्ञानोपदेश।

(४४) पृ० २२४७—२२५३ तक—रोलव गीतव व्याख्यान। इन्द्र का उरवसी के विरह में दुखित होना, फिर अपने अज्ञान पर मोहित होकर ज्ञान उत्पन्न होना।

(४४) पृ० २२५४—२२६२ तक—जड़भरत की गाथा—राजा भरत का विरक्त होकर वन में चला जाना। वहां पर एक हिरण-शावक के साथ दया के संसर्ग से शरीर छोड़ कर मृग हो जाना, पश्चात मृग शरीर के त्यागने पर एक ब्राह्मण के यहां जन्म लेना, पिता के पढ़ाने लिखाने पर न पढ़ना, उनका नाम जड़ भरत पड़ना, भरत का देवी को बलि दिया जाना, देवी द्वारा भरत की स्तुति और बलि को न ग्रहण करना, एक राजा का मोह दूर कर भरत का उसे ज्ञान देना ग्रंथ की समाप्ति।

No. 376. Sarasadāsajī kī Banī by Sarasadāsa of Vṛindāvana. Substance--Country-made paper. Leaves--8. Size--8 × 7 inches. Lines per page--48. Extent--336 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Place of deposit—Babū Śyāma Kumara Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—श्री कुंज विहारी जी। अथ सरस दास जी की बानी लिख्यते ॥ कवित्त ॥ रसिक सिरमौर श्री हरिदास स्वामी ॥ विविधि वर माधुरी सिंधु में मगन मन बसत वृंदा विपुन वर सुधामी ॥ महल निजु टहल में महल पावै न कोऊ छत्र पतिरंक जिते करमकामी ॥ रसिक रस रीति की रीति सों प्रीति निति नैन रसना रसत नामनामी ॥ हृदै कमल मधि सुख सेज राजतं दोऊ ॥ रसिक सिर मौर श्री हरिदास स्वामी ॥ १ ॥

अनन्य मति धनि श्री हरिदास स्वामी ॥

जमुन कलकूल कलकेलि कलकलप तरु तीर छवि सीर बसें वर विश्रामी ॥ मंजु नव कुंज सुष पुंज गुंजै सुनत सरस अनुराग गुनराग धामी ॥ पक्षि लक्षि लक्षित अलक्षि लक्षन सुलक्ष निरषि निरपेक्ष लता ललित नामी ॥ नेन पुतरीनि ऊपर सुष सेज कोड़त दोऊ ॥ अनन्य मति श्री हरिदास स्वामी ॥

End—मदन दवंज सुष पुंज गुंज अलि द्रंजन बेन बज्यो सुषदाई। भूषन वसन व्यसन न्यारे प्यारे मिलि करत केलि मन भाई॥ अंग अंग सो संग रंग छवि उपजति मानों सुरंग ओढ़नो दुरंग उठाई॥ करत विहार विहारो विहारनि सरसदासि नेवत मुस न्याई॥ ३७॥ विमल पुलिनि मंडल मधि राजत नागरी किशोर मोर मुकुट भूषन दुति काञ्चनो बनाई॥ नृतत रास रंग भरे उरपति रव सुलप लेन ताल सचित लाग ढाट अति गति मन भाई॥ अपने अपने रंग गावति मिलिवत तान तरंग वह सुवह्यो सनमुष सुष भृकुटी नैंन नचाई॥ करन सों कर जोरत हंसि हंसि रोझि उर लागे लटकत तन मन मगन सरस दासिनि सुषदाई॥ ३८

भूलें कुल डोल दोऊ फूल भरे।
फूल वसन फूल आभूषन हंसनि दसन ये फूल झरे।
फूल्यो फूल मनोज मोज रति कसि कसि अंगन चोज करे॥
अलिगुन गावै फूल बढ़ावै रोझि भोज सरस रीति ढरे॥ ३९॥
इति श्री सरसदास जो की बानी रस को संपूरन॥

Subject.—१—हरिदास जो के प्रति वंदना।
२—नागरीदास प्रति भक्ति वर्णन।
३—श्रीकृष्ण के भक्ति विषय के स्फुट पद।
४—सिद्धांत के कवित्त।
५—७—श्रीकृष्ण के कोमल भाव परम उज्वल शृंगार का वर्णन।
८—श्रीराधाकृष्ण का विलास वर्णन।

No. 377. Virahasāgara by Bābā Sarajudāsa of Kotawā (Bārā Bañkī). Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—8 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—125 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--New. Character--Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1938 or A. D. 1881. Place of deposit--Paragidāsa, Village Jadawāpur, Post Office Baranāpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—ऐसे घन नामी सुनो सतनामी अंतरजामी सत साई॥ सब गुनलायक रुचि फलदायक प्रगट जन ताई॥ बहु बालक साथे महिरज हाथे लावत माथे वंदि छोरा॥ पायन पैजनियां पहिरे चौतनियां सोहत करधनियां कृत सोरा॥ सतगुरु अंगनाई बैठे यकठाई पेलत साई रंग नीला॥ मचल पसारी तकि महतारी सुनौ नरनारी करि लीला॥ बालक अविगति रूप किरति अनूपा अघ हरना॥ प्रभु कीरति पावन सत मन भावन जब कलुष नसावन है तारन

तरना ॥ हरिजन कारन असुर संघारन पतित उधारन सत सामी ॥ संतन अभिलाषत कीरति भाषत जन प्रन राषत निहकामी ॥ सब बालक संगा चढ़े तुरंगा फिरत उमंगा कर कोड़ा ॥ जेहि दुषिया जानत सरनै आनत तेहि सनमानत दै घोड़ा ॥ करैं प्रतिपाला बकसि दुसाला दीनदयाला छिन माहीं ॥ भजि नाम रसाला भै मतवाला नैन कराला कछु भै नाहीं ॥

End—दोहा ॥ रोवैं जिव जंतु पंछी पसु संवरि संवरि गुनगाथ । आपु समाध्यो सुन्य मा मोहि करि गयो सनाथ ॥ सोरठा ॥ सो मंडफ बनवाइ दीन्ह छोटानी दास तब । चरन कमल मन लाइ हिरदे मा विस्वास करि ॥ त्रोटक छंद ॥ संतन को दाया तब कहि गाया यह अरजो । सुनो नर नारी कहेउं पुकारी लै मरजो ॥ भक्तन पर दाया किहे रहैं छाया अस परतापी रहे साईं । भै कृपा निधाना अंतर ध्याना अबहुं हरै तन अघ झाईं ॥ वह देषि समाधी तरै अपराधी तजि मोहमदा ॥ ब्रह्म दोषी धाये दरसन पाये तरे तुरत रहे पाप लदा ॥ जे करि कामन धावै ते तुरतै फल पावै अस परतछ समाधी ॥ जे जगत भुलाने ते आइ तुलाने कटिगै तेहि भव ब्याधी ॥ दोहा ॥ अबहुं तबहुं किरपा किहिनि ऐसे कृपा निधान । सरजू का यह दीजिये गुप्त भजे धरि ध्यान ॥ दोहा ॥ इन्द्रदवन गुर साहेब भये प्रगट जगत धरि देहं । प्रभु सनमानि लघु तात तेहि दीजे नाम सनेह ॥ चौ० कोटवा धाम सत गुर मन भावन । अवर न टट बट छांह सुहावन ॥ कूप कुटी घन विटप सोहाये । मेला हाट देषि मन भाए । मंडप दरस पूरि अभिलाषा । पछिम द्वार बैठि तहं भाषा ॥ इति श्री विरह सागर बानी सरजू दास को संपूरन सुभमस्तु पौषमासे शुक्लपछे तिथौ ११ श्री संवत १९३८ जो प्रति देषा सो लिषा लेषक परमानंद कवि बसत सरैयां ग्राम । जो प्रति देषा सो लिषा सिद्ध करै श्री राम ॥ राम राम राम—

Subject—इस पुस्तक में बाबा जसकरन दास का मृत्यु काल वर्णन है । इसमें उनके गुणों का स्मरण करके बिरह प्रगट किया गया है ।

No. 378. Mahābhārata Aswamedha Parva (Jaiminipurāṇa) by Saraju Rāma of Awadha. Substance--Country-made paper. Leaves--308. Size--12½ × 5½ inches. Lines per page--14. Extent--8,085 Anushṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1805 or A. D. 1748. Date of Manuscript—Samvat 1885 or A.D. 1828. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārijī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अंतर्ज्जलो लसति वारिद रम्य गात्रं, विद्युत प्रभावर विभूषितमम्बुजाक्षं। कंदर्प्प कोटि सुभगं व्रज सुंदरीणां, नेत्रोत्सवं भजतु नंदकिशोरमीशं ॥ १ ॥ मज्जे मुनो प्रमतिभिर्मुनिभिर्विचित्रं, माख्यान मद्भुत तरंग दितंजपूर्वं तद्भाषया सत्युराम प्रसिद्धिनामा, धर्मास्वमेध मिहरम्यतमं तनोति ॥ २ ॥ सोरठा—गुण गन ज्ञान निधान मंगल मय सुखमा सदन। कलि विष तून कृसानु एक रदन करिवर वदन ॥ ३ ॥ जाहि अमंगल मूल सुमिरत गणपति गौरि सुत। जरहि व्याल जिमि तूल विघन व्याधि संकट सकल ॥ ४ ॥ छंद—नमो गौरिजा ज्ञान रूपं गनेसं। तमो मोह मज्ञान नासं दिनेसं ॥ नमो धूम्रकेतुं गनेसैक दंतं। नमो विघ्न छेदं धरं परसु हस्तं ॥ नमो बुध्यकांतं नमो गौरि पुत्रं। नमो निर्विकारं नमो चारु वक्त्र ॥ नमो बुध्य बुध्यं नमो संत रूपं। नमो ज्ञान गोपार सिध्यं सरूपं ॥ भजेहं गणेशं गुणं ज्ञान गेहं। नवोनार्थ वर्ण सुभं सुभ्र देहं ॥ करि-न्द्राननं सोभितं इन्दु भालं। चतुर्बाहु कंठं चलं चारु मालं ॥

End—छंद—सुख पाइहै सुनि सुनत श्रोता जिन्हे प्रिय हरि जस अहो। परसिद्ध जैमुनि को कथा अति कूर कविता को कहो ॥ बल बुद्धि विद्या हीन हनि मति अज्ञ औगुन मय महा। श्री गुरु कृपा यह चरित कछु निर्मित सो नियमित कर कहा ॥ दोहा—विशिष व्योम वसु बुध्य सुकुल अष्टमी फाग। पूरण भइ श्री गुरु कृपा कथा युधिष्ठिर राज ॥ (निर्माणकाल सं० १८०५ वि०)। इति श्री महाभारथ पुराणे अश्वमेधि पूर्वे सूत सौनिक संवादे जैमुनि पुराणे जज्ञ कृतो राजा युधिष्ठिर समाप्तं षट त्रिंशतमोऽध्यायः ॥ दोहा—वन रिपु ता रिपु तासु रिपु तारिपु रिपु असवार। सो तोरी रक्षा करै घरी घरी सब वार ॥ मिदं पुस्तकं लिख्यतं ललितादीन पाण्डे स्वयं संवत १८८५ वि० भाद्रमासे कृष्ण पक्षे पार्वणि त्रियोदश्यां चंद्रवासरे शुभम् ॥ तैलं रक्षं जलं रक्षं रक्षं शिथिल बंधनम्। मूर्ख हस्ते न दातव्यं मेते वदति पुस्तकम् ॥ राम राम राम ॥ इति ॥

Subject—पृ० १—५ तक प्रार्थना, मंगलाचरण, विष्णु, गणेश, देवी, शिववन्दना, वाणी, गुरु स्तुति वर्णन। पृ० ६—११ तक भीष्म, युधिष्ठिर और व्यास संवाद, युधिष्ठिर का वैराग्य होना, और व्यास का समाधान करना तथा उसके लिये विधि बतलाना। पृ० १२-१९ तक यज्ञ मंत्रणा करना कृष्ण आदि मिल कर पृ० २०-३१ तक। भीम और अर्जुन का धन और घोड़े के लिये यात्रा करना, जीवनास से मैत्री होना और घोड़ा लाना। पृ० ३२—३८ तक। यज्ञ को तय्यारी होना, जीवनास सम्मिलन और हस्तिनापुर आना। पृ० ३९-४७ तक। भीमसेन का द्वारका जाना और श्रीकृष्ण जी के साथ देवकी यशोदादि को लाना। पृ० ४८—५७ तक अनुसाल का षड्यंत्र रच कर युद्ध करने का प्रयत्न करना, और घोड़ा

चुराना, घोर युद्ध होना, वृषकेतु का अनुसाल को पकड़ना। पृ० ५८—६३ तक घोड़ा छोड़ना, अर्जुन, अनुसाल, जीवनाथ, वृषकेतु आदि का साथ होना पृ० ६३-७० तक मदुरा के राजा नीलध्वज के यहां जाना और उसका घोड़ा पकड़ना नीलध्वज का युद्ध वर्णन, अर्जुन का अग्निदेव की स्तुति करना, अनन का नीलध्वज की कन्या से विवाह वर्णन पृ० ७१-७३ तक। नीलध्वज का युद्ध वर्णन बभ्रुवाहन की कथा। पृ० ७४—७८ तक। एक स्त्री को मुनियों का भोजन शूकर को देने से श्रापवश पत्थर हो जाना और प्रार्थना पर अर्जुन के पद छू कर तरने का वरदान देना, शिला से घोड़ का चिपकना, अर्जुन का छुड़ाना—पृ० ७९—८७ तक—घोड़ा का हंसध्वज के यहां पहुंचना, सुधन्वा के सत्य की परीक्षा तप्त कड़ाही में कूदना, द्विजों का समाधान होना पृ० ८७—१०० तक—सुधन्वा पांडव संग्राम वर्णन, वध होना। पृ० १००—१०७ तक सुरथ पांडव युद्ध वर्णनम् व वध होना, पृ० १०७—११० तक। एक सरोवर पर जा कर घोड़े का सिद्ध होना, अर्जुन की प्रार्थना पर फिर घोड़ा बन जाना वर्णन पृ० ११०—११४ तक। प्रभिला का घोड़ा पकड़ना, उसका युद्ध को प्रस्तुत होना, अर्जुन के हार की प्रतिज्ञा पर घोड़ा छोड़ना, पृ० ११४—१२० तक वेगन राक्षस से युद्ध व वध वर्णन और माया का नाश करना—पृ० १२०—१३६ तक—घोड़े का मनिपुर में आना अर्जुन का पुत्र बभ्रुवाहन राजा था, चित्रांगदा मा थी, बभ्रुवाहन का युद्ध वृषकेतु प्रद्युम्न आदि को युद्ध में हराना, अंत में अर्जुन का पुत्र मानना और बभ्रुवाहन का अपमान जो अर्जुन ने किया भूल जाना, पृ० १३७—१४० तक। लवकुश कथा वर्णन। पृ० १४१—१४८ तक जानकी वन गमन वर्णन। पृ० १४९—१५९ तक। लवकुश जन्म कथा वर्णन व विद्याध्ययन शिक्षा वर्णन। पृ० १६०—१७३ तक लवकुश का अश्व पकड़ना और शत्रुघ्न से युद्ध होना पृ० १७४—१८६ तक। लवकुश का लक्ष्मण, सुग्रीव अंगद विभीषण सब से युद्ध वर्णन। पृ० १८७—२०० तक लवकुश का भरत से युद्ध वर्णन। पृ० २०१—२१४ तक। लवकुश सीता का राम से मिलना, सब का जी उठना और सीता जी का अयोध्या में कुमारोंसहित आना, पृ० २१४—२२४ तक। अर्जुन और बभ्रुवाहन का युद्ध होना तथा अर्जुन का वध वर्णन। पृ० २२४-२३३ तक—चित्रांगदा का दुःखित होना और पाताल से अमृत लाने को कहना, बभ्रुवाहन का जाना और नागों से युद्ध होना—पृ० २३४—२४० तक। सिर का खो जाना, बभ्रुवाहन का संजीवन रत्न लेकर आना कृष्ण का कुंती, भीम आदि समेत आना, अंत में दुःखित हो बभ्रुवाहन ने अपना शिर दे दिया तब श्रीकृष्ण ने सब को जीवित कर दिया। पृ० २४०—२४७ तक। ताम्रध्वज का घोड़ा पकड़ना, मयूरध्वज का सेना सहायतार्थ भेजना व अर्जुन का मूर्छित होना। पृ० २४८—२६० तक कृष्ण जी का विप्र भेष से मोरध्वज को

परीक्षा करना और वरदान देना और सत्कार पाना—पृ० २६१—२६७ तक। चंदेरी के चन्द्रहास राजा के यहां आना, घोड़े का तैर जाना, सेना का पीछे रह जाना, अर्जुन को नारद का मिलना, नारद का चन्द्रहास की कथा कहना और कुलिंद के यहां कुमार का आना—पृ० २६७—२७६ तक। चन्द्रहास की वीरता व उदारता का वर्णन। पृ० २७७—२८२ तक। चन्द्रहास की कथा व इतिहास तथा तप वर्णन पृ० २२०—२२४ तक घोड़ा का जयद्रथ के पुत्र के देश में जाना, अर्जुन का नाम सुनकर मर जाना, और कृष्ण का जिलाना वगदालभ्य का सम्मिलन वर्णन—पृ० २२५—३०३ तक—अश्वमेध यज्ञ में राजाओं का आना और सानन्द पूर्ण होना। पृ० ३०४—३०८ तक। वकदालभ्य को दान देना, सब को विदा करना, युधिष्ठिर का कृष्ण की स्तुति करना—विप्रों को दान देना—

No. 379 (*a*). Kavitta Ratnākara by Senāpāti. Substance--Country-made paper. Leaves--31. Size--10 × 7 inches. Lines per page--72. Extent—1,674 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character - Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1706 or A. D. 1649. Date of Manuscript—Samvat 1884 or A. D. 1827. Place of deposit— .

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कवित्त रत्नाकर लिष्यते ॥ परम जोति जाको अनंत रहि रहो निरंतर। आदि अंत अरु मध्य गगन दश दिशि वहि अंतर ॥ गुण पुराण इत् साह वेद वंदीजन गावत। धरत ध्यान अनुवरन पार ब्रह्मादि न पावत। सेनापति आनंद घन रिद्धि सिद्धि मंगल करन। नायक अनेक ब्रह्मांड को एक राम संतन सरन ॥ कवित्त ॥ पाई जो कविन जल थल जप तप करि विद्या उर धरि परहरि रस रोसो हैं ॥ ताकि कविताई को सुजस सुपशु चाहतु हैं सेनापति जानत जो अक्षर न ओसो है ॥ पाय के परस जाके शिलाहू सचेत भई पायो वोध सार सारदाऊ को धरोसो है ॥ और न भरोसो जिय परत परोसो ताही राम पद पंकज को पूरण भरोसो है ॥ भूप सभा भूषन छिपायो पर दूषन को वोल एक दूषन कहेन देह पार के ॥ राज महराजनि पूरे सकल कलानि सैनापति गुणषानि औरहू को गुणदाइ के ॥ तुमहो बताई कछु कीन्हों कविताई तामे होइ जोगताई दुचिताई के सुभाइ कै ॥ बुद्धि कै बिनायकै गुसाई कवि नायके सो लोजिये बनाय कै कहत शिरनाइ कै ॥

End—अथ गुढ़ार्थ—ज्योतिस ताते पाइये संतति नोको होइ। सेनापति जो तप करै संतति पावै सोइ ॥ सेनापति जो कामिनो अंधो कछु लषैन ॥ कवि नव पाने कौल से ताहो तीके नैन ॥ सेनापति वल्यो तुरंग उरगद्रमन को भाइ। तीन

पाइ की भांति ज्यों चलत चारहू पाइ। पाइ एकसौ साठि है तिनमें एक चलैन। ताकी समवाजी चले सेनापति हारैन ॥ चौ० ॥ आदि अंत जाके है आदि न अंत न जाके सोचे बादि देह विनाहू होतरु जात निशि दिन सोचि कहौ सो बात ॥ दोहा—जिन घाटी सिर ओर है कीन्हो परो अनूप ॥ सेनापति वारद परो त्रिय पालका स्वरूप ॥ संवत सत्रह से छमै १७०६ सेइ सियापति पांय सेनापति कविता सजो सज्जन सजौ सहाइ ॥ कवित्त ॥ पूरी पंडिताई कविताई परबीनताई पाई शुभ साधुताई कीजो अब पानिहै ॥ अति गुणवान शीलवान सब संतन को पति पर निंदा को सुहाति है सुहानिहै ॥ कहां कहां जैये काहि काहि समुझैये ॥ आप गुनी है गुनीन सनमानि है सो मानिहै ॥ अर्थ कवि चित्र सेनापति के कवित्त जानि जानिहै सो जानिहै न जानि है न जानिहै इति श्री कवित्त रत्नाकर सेनापति कृते चित्र काव्य वर्णन नाम षष्ट स्तरंगः ॥ संवत १८८४ चैत्र शुक्ल सप्तम्यां भौमे लेखि बकसोराम कान्यकुब्ज पुरे ॥

No. 379 (*b*). Kavitta Ratnākara by Senāpati. Substance—Country-made paper. Leaves—63. Size—9 × 5 inches. Lines per page—30. Extent—1,418 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Prose or verse—Verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhakura Ganesha Siṁha, Village Karailā, Post Office Phakharpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ लिषितं कवित रत्नाकर सेनापति कृत ॥ सुरतरु सार को सवारो हैं विरंचि पंचि कांचन पचित चितामनि के जराइ को ॥ रानो कमला को पिय आगम कहन हार सुरसरि सषो सुष दैनो प्रभु पाइ को ॥ वेद में बषानो तिहूं लोकन को ठकुरानो सब जगजानो सेनापति के सहाइ को। देव दुख दंडन भरत सिर मंडन वे वंदो अघ षंडन पराऊं रघुराइ को ॥ १ ॥ पाइ जो कविनु जल थल जपु तपु करि विद्या उरधरि परिहरि रस रोसो है ॥ ताहो कविताई को सुजसु यसु चाहतु है सेनापति जानतु जु अक्षरु न ऐसो है। पाइके परसु जाको सिलाउ सचेत भई पायो बोध सार सारदाहू को घरोसो है ओरु न भरोसो जिय आवत परोसो ताहो राम पद पंकज को पूरन भरोसो है ॥ मूढ़न को अगम सुगम एकताको जाको तोऊन विमल विधि बुधि है अथाह को। कोई है अभंग कोई पदु है सभंग सोधि देषे सब अंग सम सुधा के प्रवाह को आदि ॥

End—बारन लगाहो पुकार एक बार ताको बारना लगाई रछि पार भगतन को। सिव सिरताज तुम आपु महाराज बैठि रहे तजि लाज काज मो गरीब जन के ॥ सेनापति राम भुअपाल आपु जानि जिय हूजिये सरन असरन के।

धाइ हरि राइ हैं सहाइ आइ दूरि करो त्रास लछिमन सु भैया लछिमन के।
आदर विहीन ताहि परद्वार दीन जाइ होतु है भलोन बात सुनि अनबात को।
सदा सुष दीन राम नाम सुनि लीन रहै कोइ चित चिंतन करत प्रान गात को॥
आसर मौर को करत काहू ठौर को जु सेनापति एकु हरिराइ कृपा तको।
जाके सिरपर आजु राजतु है महाराज ताहि कहा करो परवाहि कौन बात को॥
तुम करतार जग रक्षा के करन हार व्रजवन हार मनोरथ चित चाहे के।
यह जिय जानि सेनापति हौ सरन आयो हूजिये सरन महापाप ताप दाहे के॥
जो कहु कहौ कैसे कूर मन तैसे हम गाहक हैं सुकृति भगति रस लाहे के॥
आपने करम करिहौ हो निरवहै गो वही हो करतार करतार तुम काहे के॥

No. 380. Jaimini Purāṇa by Sewādāsa of Nawaranga Nagar. Substance—Country-made paper. Leaves—540. Size—10½ × 4½ inches. Lines per page—8. Extent—3,240 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1700 or A. D. 1643. Date of Manuscript—Samvat 1855 or A. D. 1798. Place of deposit—Paṇḍita Bhawānī Bhiruji, Village Uttaragāma, Post Office Aliganja Bāzāra, District Sultānpur.

Beginning—श्री गणेशायनमः श्री गुरु चरणकमलेभ्योनमः ॥ गोविंदाय-नमः ॥ श्री सरस्वत्यैनमः ॥ अथ जैमुनि पुराण लिख्यते ॥ दोहा ॥ वंदौ ॥ गणपति सरस्वती पूजौ गुर के पाय ॥ संतण पद रज शीशधरि भाषौ कथा सुभाय ॥ १ ॥ चौपाई ॥ जन्मेजै पूछै कर जोरी ॥ जैमुनि रिषि सुनु विनती मोरी ॥ पूर्व कथा कछु मोहि सुनाणा तिन्ह कर रिषि कछु करहु बषाणा ॥ बंधुन सहित राज जस कीन्हा ॥ विप्रण कंचण दाण बहु दीणा ॥ जग मा अस्वमेध जस कीन्हा। सो राजा कहो कैसे सो दीन्हा ॥ दोहा ॥ राजसेति जगधर्म को सकल कहौ समुझाय ॥ मम मण पर्म सनेह बहु कृपा करो रिषिराय। जैमुनि उवाच ॥ चौ० ॥ धन्य धन्य जन्मेजै राई ॥ जो तुम्ह जैसो बुधि उपाई ॥ पर्म पूणीत कथा हितकारी ॥ सो नृप तुम्ह मोहि कहो विचारी ॥ × × ×

End—जैमुणि कहै जन्मेजै काजा। परम पूणीत कथा यह राजा ॥ पूरण हम तुम्है सुनाई ॥ अधिक प्रेमते तुम सुनि पाई ॥ कलयुग अश्वमेध नहि काजा ॥ एहि प्रकार फल कीजिए राजा ॥ दोहा ॥ अश्वमेध जग्य को कथा मर्दर पूरण सोय ॥ अंतर रुचि विचिरो पशूणै अस्वमेद फल होय ॥ चौ० ॥ जो कोई साधु संत जग बाण ॥ तिनकी पद रज सेवा दाण ॥ कवि जण को बोले कर जोरी ॥

चूक अचूक बकसिये मोरी ॥ अस्वमेद सह सक्त तिग्राहो ॥ सो हम श्रवण पुणि कछु णाही । वातण कछु कछु सुणि पावा ॥ तुम मिलाय के ग्रंथ बणावा । खेरता कछु शंशै आवै ॥ ताते कवि जन ठौर बतावै ॥ भद्रावति नग्र के पासा ॥ जो जण डेढ़ कवि को वासा ॥ नवंरगाखगर जव सिंघपुर तहां को सुप मने नेवासा ॥ कान्ह राम के सामसे वसत है सेवादास ॥ संवत सत्रह सै भयऊ कातिक मास सीते पछे द्वादस्यां चन्द्रवासरे गुरु जाखवदनधाया पुस्तकं लोषितं मया ॥ लिषितं ब्राह्मण रुद्र त्रिपाठि त्रिवस सम्बत् बुध्या के सतत् मया ॥ वसतं ग्राम पेडोर जस्य विदितां कृति जगत्र स्थितां इति श्री महाभारते अश्वमेधे पर्वाणि जैमुनि कृत—संवत १८५२ ॥

Subject—कुल अध्याय । (१) पृ० १—१४—यज्ञ उपदेश । (२) १५-२६-हस्तनापुरी आगमन । (३) २७—३६—भीमसेन गमताखाणा । (४) ३७—४२—श्यामकरण हरण । (५) ४३—५० जोवणरा विषकेतु युद्ध । (६) ५१—५३—भीम युद्ध । (५) ५७—६२-जोवनाराढाडि युधिष्ठिर मिलन (८) ६३—६६-धर्म निरूपण । (९) ६७—७१ भीम द्वारिका गमन । (१०) ७२—७६ कृष्ण हस्तनापुरी गमन । (११) ७७—८० कृष्ण हस्तनापुर आये । (१२) ८१—८७-शल्य घोड़ा हरण । (१३) ८८—९६ मामा संवोध । (१४) ९७—१०८-नीलध्वज तुरंग हरण । (१५) १०९—११६ नीलध्वज वर्णन । (१६) ११७—११९-उद्यालक स्त्री शाप विमोचन । (१७) १२०—१२६-सुधन्वा प्रतिज्ञा वर्णन । (१८) १२७—१३०-शुधन्वा युद्ध । (१९) १३१—१३५-शुधन्वा वध (२०) १३७—१४३-सुत्थ वध । (२१) १४४-१५२ कृष्ण और हंसध्वज मिलन । (२२) १५३—१५८-प्रभाला रानी युद्ध । (२३) १५९-१६९ घोड़ा मानिकपुर आगमन ।(२४) १७०—१८३—वभ्रुवाहन युद्ध । (२५) १८४—१८८-वभ्रुवाहन युद्ध (२६) १८९—१९७-रामाभिषेक, (२७) १९८-२०६ सीता लक्ष्मण वर्णन । (२८) २०७—२१४-सीता वाल्मीकि आश्रम प्रवेश (२९) २१५—२२१-लव घोड़ा बंधन । (३०) २२२—२३० लव मूर्छा (३१) २३१-२३७ शत्रुहन मूर्छा (३२) २३८-२३९ लक्ष्मण सेना वध (३३) २४०—२४१ लक्ष्मण मूर्छा (३४) २४२—२४७-भरत आगमन (३५) २४८—२६०-रामचन्द्र लवकुश, सीता वाल्मीक मिलाप वर्णन (३६) २६१-२६७ वृषकेतु वध (३७) २६८—२८४-अर्जुन वध । (३८) २८५—२९५—श्रीकृष्ण मानिकपुरी आगमन । (३९) २९६—३०२—वभ्रुवाहन विजै वर्णन । (४०) ३०३—३०७ मोरध्वज अर्जुन समागम । (४१) ३०८-३१३-मोरध्वज जुध्य वभ्रुवाण मूर्छा । (४२) ३१४—३२१-सुचेत युद्ध (४३) ३२२—३२८-कृष्णर्जुन नग्र प्रवेश । (४४) ३२९—३३४—मोरध्वज ब्राह्मण समागम । ८४५, ३३५—३४९ मोरध्वज कृष्ण मिलाप । (४६) ३५०—३५५—मालिन कन्या राजा वोरवह्मा संवाद । (४७) ३५६—३६२ धर्मराज रोग वर्णन । (४८)

३६३—३७० वीरवह्मा उपाख्यान। (४९), ३७१—३८० चन्द्रहंस उत्पत्ति (५०) ३८१-३८६-चंद्रहंस विद्याध्ययन (५१) ३८७-३९६ मदनवती गमन।(५२) ३९७ — ४०१ चन्द्र कौतुलपुर आगमन। (५३) ४०२—४०८ चंद्रहंस विवाह (५४) ४०८—४०८ चन्द्रहंस विवाह। (५५) ४०९—४१६ चन्द्रहंस विषय वर्णन (५६) ४१७—४२७—चंद्रहंस राज प्राप्त (५७) ४२८—४४०-चन्द्रहंस राज वर्णन। (५८) ४४१—४४९—चंद्रहंस मिलाप (५९) ४५०—४६६—कृष्णवक्र तालमुनि मिलाप, (६०) ४६७—४७३—जयद्रथपुर गमन, (६१) ४७४—४८०—अर्जुन हस्तनापुर आगमन (६२) ४८१—४९३ यज्ञारंभ श्यामकरण स्नान वर्णन (६३) ४९४—५०८—यज्ञ वर्णन। (६४) ५०९—५१९ ब्राह्मण भोजन वर्णन। (६५) ५२०-५३०—शक्रपति ब्राह्मण कथा। (६६) ५३१—५३५—नेवला मोक्ष (६७) ५३६—५४० जैमुनि पुराण पढ़ने के फल, कवि का अपना परिचय:—भद्रावती नगर के पास—वहां से डेढ़ योजन नवरंग नगर। सेवादास नाम। रचना काल सं० १७०० लिखी १८५८

No. 381(*a*). Dayābodha by Devidāsa of Ḍiḍwānā Jodhapura Rāja. Substance—Country-made paper. Leaves—2. Size—10 × 5 inches. Lines per page—16. Extent—28 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1794 or A.D. 1737. Place of deposit—Śri Mahanta Ḍiḍwānā, Rājā Jodhapurā, Post Office Ḍiḍwānā, Rajputānā.

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ अथ दयाबोध लिष्यते॥ गोरषनाथ गुरु आवो सिद्धो खोज बताऊं। आदिनाथ का पूत कहाऊं। जोगारंभ की याही वाणी।सब घट नाथ एक ही करिजाणी। जोगारंभ हृदय में माड़ी। दया उपावो जूतो छोड़ो। नागा पावा जो नर मुवा। ताका कारज पहिले हुआ। आप स्वारथ घालें घई। तामें चोटो केतो मुई॥ तजो कहरि नजरि भभूत। वटवा फाउड़ी जिन लेउ हाथ। ऐता आरंभ परि हरौ सिद्धो। यों कथंत जतो गोरषनाथ॥ माव चलंता धरणि दिष्ट जो लागै। ताके कांटा कदेन लागे। पहिले आरंभ हम भी करते। जीव जंतु बहुतेरे हतते। आरंभ तजो गूदड़ी चलाओ। निरति सुरति अविनासी सों लाओ। अविनासी पुरुष का लागा रंग। रिद्धि सिद्धि ताही के संग॥ रिद्धि छांड्या सिद्धि पाइये। सिद्धि शंकर के हाथ॥ छांड़ो सकल अकल को ध्यावो। यों कथंत जतो गोरषनाथ॥ आसन तजि अनंत जिन जावो। अल्प भिक्षा बैठा पावो॥ तरुना पांच घर चितायवा।

End—घड़ा देवरा औघड़ देव । तहां जोगेश्वर लाग्या सेव ॥ पंच चेला मिलि पूरानाद । धरणि गगन विच भई आवाज ॥ दीपक एक अपंडित विन वाती । तहां जोगेश्वर थापना थापी ॥ ता दीपक के चरण न पिंड । सिषा न नैन सोस नहिं हाथ । सो दीपक देष्या जती गोरखनाथ ॥ ता दीपक के डाल न मूल । ता दीपक के कली न फूल ॥ ता दीपक के रंग न रूप । ता दीपक के छांह न धूप ॥ ता दीपक के सबद न स्वाद । ता दीपक के विद्या न नाद ॥ ता दीपक के मोह न माया । सो दीपक सुनै सुन समाया ॥ इति दयाबोध सम्पूर्ण लिखतं गंगाराम निरंजनी वैष्णव जैपुर मध्ये संवत १७९४ ॥ पठनार्थ रूपदास महंत डीडवाना गद्दी वाले के । कातिक मासे शुक्लपक्षे तिथि नवम्यां शुक्र वासरे ॥

Subject—इस में साधुओं के लिये दया का ज्ञान वर्णन है ।

No. 381(*b*). Gorakha Gaṇeshā Goshthī by Sevādāsa Mahanta of Ḍiḍwānā (Jodhpura). Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—8 × 5 inches. Lines per page—14. Extent—80 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1794 or A.D. 1737. Place of deposit—Śri Mahaṇta Ḍiḍwānā Rāja Jodhapur, Post Office Ḍiḍwānā, Rājputānā.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ गोरष गणेश गोष्टी लिष्यते ॥ गणेश पूछे गोरख कहिए । तुम स्वामी कहां ते आये । कहा तुमारा नाम ॥ हम निरंतर आये जोगी हमारा नाम ॥ स्वामी जोगी तैाते बोलिये । जिन एता मेर मेषला रचा । तुम कौण जोगी । अम्हे निरंजन जोगी । अतिथि गुरु चेला स्वामी । अतिथि ते कौण जाणिये । रहति जाणिये शब्द प्रमाणिये स्वामी रहतिते क्या बोलिये ॥ शब्द ते क्या बोलिये । शब्द बोलिये अवधू सबते विवर्जित । रहति बोलिये त्रिगुण तैा स्वामी सब ते विवर्जित ते क्या बोलिये । त्रिगुणते क्या बोलिये । सब ते विवर्जित ते बोलिये ते बोलिये अवधू सूच्छिम त्रिगुण बोलिये सत रज तम । तैा स्वामी सूच्छिम ते क्या बोलिये । सत, रज, तमसे क्या बोलिये । सूच्छिम ते बोलिये अवधू दृष्टि देषे न मुष्ट मावे ॥ सतगुण बोलिये पवन । रजगुण ते बोलिये पाणी । तमगुण ते बोलिये अवधूतामसी रूपी पंचतत्व पचीस प्रकृति का आदम । एता एक त्रिगुण बोलिये । तैा स्वामी पंचतत्व से क्या बोलिये पचीस प्रकृति ते क्या बोलिये । पंचतत्व बोलिये अवधू । पृथ्वी, आप, तेज, वायु, आकाश । एक एक तत्व संयुक्त पांच पांच प्रकृति बोलिये ॥

End—वायु का कौण घर कौन द्वार कौण आहार, कौण व्यवहार। तेज का कौण द्वार कौण आहार कौण व्यवहार। आप का कौण घर कौण द्वार कौण आहार कौण व्यवहार। पृथ्वी का कौण घर कौण द्वार कौण आहार कौण व्यवहार। तौ अवधू आकाश का घर ब्रह्मांड, श्रवणद्वार सुणै सो आहार उभया खंड व्योहार। वायु का घर नाभी नासिका द्वार वासना आहार अहं क्रोध लोभ व्योहार। तेज का घर पीत्ता चक्षुद्वार दृष्टि आहार प्रीति मोह व्योहार। आप का घर ललाट, इन्द्री द्वार स्त्री आहार, मैथुन व्योहार। पृथ्वी का घर कलेजा गुदाद्वार खाय सो आहार लोभ लालच व्योहार। तौ स्वामी पृथ्वी का कौण गुरु, जल का कौण गुरु, तेज का कौण गुरु वायु का कौण गुरु। आकाश का कौण गुरु। तौ स्वामी पृथ्वी का गुमन देवता। वाचा स्वरूपी॥ आपका चन्द्रमा देवता बुद्धि स्वरूपी, तेज का गुरु सूर्य देवता अग्नि स्वरूपी, वायु का गुरु ईश्वर देवता अनादि स्वरूपी, आकाश का गुरु गोरख देवता अविगत स्वरूपी। तौ स्वामी पंचतत्व को कथे उत्पत्ति कथे खपंति। तौ अवधू अविगत उत्पना आकाश, आकाश उत्पना वायु, वायु उत्पना तेज, तेज उत्पना तोयं। तोयं उत्पना मही॥ मही ग्रासंति तोयं॥ तोयं ग्रासंति तेज, तेज ग्रासंति वायु, वायु ग्रासंति आकाश॥ आकाश ग्रासंति अविगीत। ये पंचतत्व पचीस प्रकृति भेद बोलिये। निरंजन देवता पाणी का जामण अग्नि की पुट, पवन का थंभा सुरति निरति सोधि सून्य में समाया अविगत स्वरूपी॥ इति गोरख गणेश संवादे पठंते हरंते पापं श्रुत्वा मोक्षदायकं योगारंभ भवेसिद्धा आवागवण निवर्तते उचारं विचारं पापक्षयं जायंति ॐ नमो शिवाय ॐ नमो शिवाय गुरु मछिन्द्रनाथ की पादुका नमोस्तुते इति गोरख गणेश संवादे योगशास्त्र सम्पूर्ण समाप्तं॥ लिपतं गंगाराम निरंजनी वैष्णव जैपुर मध्ये पठनार्थे बाबा रूपदास महंत कार्तिक शुक्लपक्ष तिथि दसम्य शनिवासरे संवत् १७९४॥

Subject—इसमें सिद्धान्त संबंधी प्रश्नोत्तर हैं।

No. 381 (o). Mahādeva Gorakha Goshtī by Sevādāsa of Ḍiḍwānā, Jodhapura Rāja. Substance—Country-made paper. Leaves—2. Size—8 × 5 inches. Lines per page—25. Extent—70 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1794 or A.D. 1737. Place of deposit—Śri Mahaṇtā Ḍiḍwānā Mandira Haridāsaji Rāja Jodhapurā, Post Office Ḍiḍwānā, Rājputāna.

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ अथ महादेव गोरखगोष्टी लिख्यते॥ ईश्वरोवाच॥ ॐ अविगत उत्पने इच्छा। इच्छा उत्पने आकाश। आकाश उत्पते वायु,

वायु उत्पते तेज, तेज उत्पते तोयं, तोयं उत्पते मही, अविगत इच्छा इच्छाते आकाश, आकाश नाम स्याम वरण दसवें द्वार वास, दाहिने पैसार, वामे श्रवण निकास, नाद सुनै सो आहार, दंभ बड़ाई व्योहार राग द्वेष हर्ष शोक मोहादिक ये पांच प्रकृति आकाश को बोलिए ॥ इन आकाश मारग जीव अनुसरै तौ स्वेत रज खानि भोगवै ॥ आकास ते वायु नाम नीलवरण नाभिवासा इला पैसार पिंगुला निकास, गंध वासना, आहार क्रोध व्योहार, गावण धावण वलगण संकोचण, पसारन ये पंच प्रकृति वायु की बोलिए, इन वायु मारग जीव अनुसरै तौ अंडरज खानि भोगवै। वायु ते तेज नाम रक्त वरण त्रिकुटी वासा दाहिने नेत्र पैसार वामें निकास दृष्टि देखै सो आहार मोह व्योहार, क्षुधा तृषा निद्रा आलस क्रांति ये पंच प्रकृति तेज की बोलिये, इन तेज मारग जीव अनुसरै तौ रज खानि भोगवै।

End—घर अजपा द्वार निहकाम पैसार संतोष निहसार मकरंद आहार अगम व्योहार इन चित मारग जीव अनुसरै तौ स्वरूप मुक्ति भोगवै ॥ परम ध्यानं च अहंकार नाम प्रवरण वरण विषयो वासा लयवर नृवासोक द्वार अगम पैसार अगोचर निसार अजराहार, अगाव व्योहार इन अहंकार मारग जीव अनुसरै तौ सालोक मुक्ति भोगवै।प्राण अंतःकरण नाम प्रवरण अस्थिति वासा धोरज धर अक्ष द्वारा ज्ञान पैसार विज्ञान निसार अमरा आहार अबंध व्योहार इन अंतःकरण मारग जीव अनुसरै तौ महा मुक्ति आत्मा परमात्मा भवंति जोगेश्वर जीव सीव एक भवंति परम सुन्य भवे स्थिति पारब्रह्म भवे लीनं सत्यं सत्यं च वदाम्यंहं तत्व ज्ञान श्री शंभूनाथ प्रकथ कथितं ॥ सुनौ हो गोरष अवधूतं परम जोग संप्राप्ति जोगो ईश्वरो कथितं महाज्ञान इति ज्ञान इति ज्ञान इन्द्रादि बोलिए इतिज्ञान पटल द्वितीयोध्याय इति गोरष महादेव संवादे पढंते हरंते पापं श्रत्वा मोक्ष लाभते जोगारंभ भवे सिद्धा आवागमन निवर्तते पठंते करंते गुणंते कथंते पापे न लिप्यते पुन्येन न हारते ॐ नमो शिवाय ॐ नमो शिवाय गुरू मछिंद्रनाथ जी का पादुका नमोस्तुते इति श्रीमहादेव गोरष संवादे योगशास्त्रे ग्रंथ संपूर्ण समाप्त। लिषतं गंगाराम निरंजनी वैष्णव जयपुर मध्ये कार्तिक मासे शुक्ल पक्षे एकादस्याम रविवासरे संवत १७९४ श्री श्री श्री श्री श्री ॥

No. 381(*d*). Niraṇjanapurāṇa by Sewādāsa of Ḍiḍwānā Jodhapur Raj. Substance—Country-made. Leaves—4. Size—9 × 6 inches. Lines per page—44. Extent—176 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1794 or A.D. 1737. Place of deposit—Sri Mahanta Ḍiḍwānā, Raja Jodhapura, Post Office Ḍiḍwānā, Rajputānā.

Beginning—ॐ ॥ अथ निरंजन पुराण लिष्यते ॥ ॐ गोरष शिष्य विचार सिंगार। वंदितं वंदि ऊंकार शिवशक्ति न सृष्टि विचार। अषंड युग होता धुंधकार। जाती कुल माई न बाप। स्वयंभू निरंजन आपही आप ॥ वरण न चिन्ह न रूप न रेष। मूरति विदूना अगम अलेष। अर्ध न उर्ध न ग्रहे न ग्राम। सर्वत्र विवर्जित अतीत अनुपाम ॥ धरती न गगनं चन्दं न सूरं। वाहिर न भीतर नेरे न दूरं ॥ उत्पति प्रलै बानी न बाणी। असंष जुगे जुग जोग ध्यानी ॥ ब्रह्मा न विष्णु देवो न महादेव। संभू निरंजन अलष अभेव ॥ भेदा न भेदी दर्शन न भेष अगम अगोचर मूरति एक ॥ अलष क्रिया सुचि नावों न भ्रांति। उत्तम न मध्यम जोते न जोती ॥ वेद न शास्त्र न पुस्तक पुराणं ॥ हिन्दू न कोई मुसलमानं ॥ अनिले न नोल निरंजन राया। ते सर्व सूक्ष्म सून्य को काया ॥ सूते सून्य निरंजन राया। सुनि निरालंव होतो निरंजन की काया ॥ काया माया निरालंव होतो। पाप न पुन्य नहीं तहां छोतो ॥ सून्य से हुआ सर्व स्थूलं। अनाहद धूम रचिले सृष्टि का मूलं ॥

End—बाबा आदम रसूल का भया। एक मसीन दस दरवाजा ॥ तहां चिन्ह तहां अलष पुरुष का वासा ॥ एतो एक दसौध बाबा को कबूल थो दस औरत एक औरत। दस पुंगड़िये एक पुंगड़ो। दसे पुंगड़ो पुंगड़ा। दसे आमे आम। दसे हस्ती एक हस्ती। दसे घोड़े घोड़ा ॥ दसे बैले बैल। दसे थैलिये थैली ॥ दसे छेलिये छेलो। दसे पुथड़े पुथड़ा ॥ दसे पुदड़े पुदड़ा। दसे रुपइये तौ रुपइया। दसे टुकड़े टुकड़ा ॥ दसे मयूरे मयूर। दसे पथड़े पथड़ा ॥ दसे निवाले निवाला ॥ जोगी जती का नाथ सन्यासी का संष। वैष्णव का दर्शन। मुनां को वांगि। दरवेस सोफी को वांगि एते दरसण सुणि मुसलमान षाना खावो तौ सुवर षाय ये सुनि हिन्दू षाय तौ गऊ का मास षाय ॥ पहिले पूरौ पत्र पीछे पूरौ कांसा ॥ कांसा का गुरु तिषाण। पत्र का गुरु अलेष रहिमाण ॥ निरंजन पुराण रहा भरपूर। धर्म न आवे नेड़ा पाप न जावे दूर ॥ श्रुत्वा के हरते पापं वक्ता मोक्ष लाभ ते इति श्री निरंजन पुराण पठंत हरंते पापं श्रुत्वा मोक्षदायकं जोग-रंभ भवे सिद्धा आवागमन निवर्तते ॥ ॐ नमोशिवाय ॥ ॐ नमोशिवाय श्री शंभूनाथ का पादुका नमोस्तुते इति श्री निरंजन पुराण ग्रंथ सपूर्ण ॥ लिपतं गंगाराम निरंजनो पठनार्थ बाबा रूपदास महंत कार्तिक शुक्लपक्ष एकादस्याम संवत १७२४ वि० श्री श्री श्री श्री श्री ॥

Subject—इस में पृथ्वी और मनुष्यों का बनना और हिन्दू तथा मुसलमानों का अलग अलग बनना बतलाया गया है ॥

No. 381(*e*). Śhrishtipurāṇa by Sewadāsā of Ḍiḍwānā Jodhapur Rāja. Substance - Country-made paper. Leaves - 2. Size—10×6 inches. Lines per page—14. Extent—24 Anushṭup

Ślokas. Appearance Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1794 or A.D. 1737. Place of deposit—Sri Mahanta Ḍiḍwānā Rāja Jodhapura, Post Office Ḍiḍwānā, Rajputana.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सृष्टि पुराण लिष्यते ॥ ॐ एक उपरांति लेखा नाहीं। दोय पाये सृष्टि नाहीं। गुरु पाये ज्ञान नाहीं। काया उपरांति क्षेत्र नाहीं। आत्मा उपरांति देवता नाहीं ॥ सिद्धि उपरांत ब्रह्म नाहीं। आया पाये परचा नाहीं ॥ शील उपरांति व्रत नाहो। चक्षु उपरांति दृष्टि नाहीं। निर्भय उपरांति अभय नाहीं। संयम उपरांति सुचि नाहीं। संतोष उपरांति सुष नाहीं। अमर उपरांति सिद्धि नाहीं अभय उपरांति करामात नाहीं। माता उपरांति जन्म नाहीं ॥ गर्भ उपरांति नरक नाहीं। खलंत उपरांति हानि नाहीं। चित्त चंचल उपरांति रोग नाहीं। बृद्धा उपरांति मृत्यु नाहीं ॥ काल उपरांति वैरी नाहीं ॥ नासिका उपरांति रूप नाहीं। दया उपरांति धर्म नाहीं ॥ ध्यान उपरांति ग्रंथ नाहो ॥ चंदन उपरांति काष्ट नाहीं ॥

End—वैकुंठ उपरांति अर्थ नाहीं। चन्द्रमा उपरांति शीतल नाहीं। सूरज उपरांति तप्त नाहीं। काया उपरांति रतन नाहीं ॥ सांच उपरांति शास्त्र नाहीं। बुद्धि उपरांत व्याकरण नाहीं ॥ स्वासा उपरांति वेद नाहीं ॥ पराधीन उपरांति बंधि नाहीं ॥ स्वाधीन उपरांति मुक्ति नाहीं ॥ चाह उपरांति पाप नाहीं। अचाह उपरांत पुन्य नाहीं। कर्म उपरांति मैल नाहीं दोष उपरांति कुबुद्धि नाहीं ॥ निर्दोष उपरांति सुबुद्धि नाहीं। सृष्टि उपरांति पोष नाहीं। अजपा उपरांति जाप नाहीं। अघोर उपरांति मंत्र नाहीं नारायण उपरांति इष्ट नाहीं ॥ निरंजन उपरांति ध्यान नाहो ॥ इति सृष्टि पुराण ग्रंथ समाप्तम लिपतं गंगाराम निरंजनो वैष्णव जैपुर मद्धे श्री बाबा रूपदास के पठनार्थ माघ वदी त्रयोदशो संवत १७२४ भौमवासरे इति श्री श्री श्री श्री श्री ॥

No. 382. Karuṇa Viraha by Sevādāsa Pāṇday of Ajodhya. Substance—Country-made paper. Leaves—75. Size—8 × 4 inches. Lines per page—28. Extent—1.075 Anuṣṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1822 or A.D. 1765. Date of Manuscript—Samvat 1889 or A.D. 1832. Place of deposit—Paṇḍita Baldeo Prasāda Awasthī, Village Banuwāpara, Post Office Jaitapur Bāzār, District Bahrāich (Oudh).

No. 383. Bāgavilāsa by Sewaka Rāma of Aśwanī. Substance—Country-made paper. Leaves—84. Size 8×6 inches. Lines per page—36. Extent—1,890 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in Prose and Verse. Character—Nāgari. Date of manuscript—Saṃvat 1921 or 1864 A. D. Place of deposit—Ṭhākura Anirudha Siṃha, Assistant Manager, Nilgāma, Post Office Nilagāma, District Sītāpura.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ बाग विलास लिष्यते ॥ दो० ॥ गजमुष सुरसुति गुरु चरन प्रफुलित कमल मनाय । रस स्वरूप रंग देवता भेद कहत सुष पाय ॥ अथ रस स्वरूप कथनम् ॥ सवैया ॥ थाई के कारन कारज औ सहकारी जिते कवि सेवक गावैं । ते हिय भावै विभावित औ अनुभावित औ वभिचार करावै ॥ नाट्य औ काव्य में ताते विभाव अनुभाव संचारिहू नाम को पावै ॥ व्यक्त है सो इनसो सुख रूप भये परिपूरन सो रस गावै ॥ अस्थायी वार्ताः ॥ मम पितुः काव्य प्रभाकरे लोक में रहित्यादि के कारन जो स्त्री चंद्रोदयादि है औ कार्य (यह सवैया) काव्य प्रकाश के चतुर्थोल्लास के इन श्लोकों के भावार्थ प्रबंध जान पड़ता है कारणन्यथा कार्य्याणि सहकारिणो यानि च इत्यादिः स्थापिनो लोके तानियन्नाट्य काव्ययो ।

End—प्रलाप यथा ॥ करिन सो पूछै कवौ हरिन सो पूछैं राम केहरिन पूछिवे को प्रीति परसो गई । श्रगन सो पूछैं कवौ मृगन सो पूंछै जाय तटनो तरंगिनि तिहारो तरसो गई ॥ कंजन को मालन मरालन सो पूंछै दई ब्यालन को सेवक विलोकि डरि सो गई ॥ बैरभाव तजि कै दबाय दुख पाय धाय दीजिये बताय सिय हाय हरि सो गई ॥ पुनर्यथा ॥ पीतम को जैबो याके तायन तैबो इतै मेघन को श्रैबो बन कूकै कंठ नीलेरो । भई तन षीन परै सेज पै लषीन दीन जल सो बिहीन जैसे मीन अरसीलेरो ॥ वेदन को सेवक निवेदन करै को दई होत हिय भेदन बिलोकि अंग ढीलेरो ॥ मूंदे नैन मोहनी कहत राधे राधे आये पोलै मृदु बोलै श्याम सांवरे छबीलेरो ॥ अथ व्याधि लक्षन ॥ जहं पिय के अन मिलन ते करै काम अति छीन । तासो व्याधि वषानहो विरह विकल अति दीन ॥ यथा ॥ भरतो रहै है पुनि डरतो निसाहू घोस धरतो न भेदु सुठि सिंधु में परो मनो । उर धरियार में सुरति मोगरो को मारि काम धरियार दार करनि धरो मनो ॥ आह को अवाज निकरैरो न परैरो वाज सेवक जू राधे लागे डरनि डरो मनो । हेरे सब तंत्र कोऊ लागत न मंत्र भई आंधे परतंत्र जलजंत्र को धरो मनो ॥ इति श्री बाग विलासे सेवक राम अस्वनी निवासी विरचिते नायका

भेदादि वर्णन समाप्तम् ॥ संवत १९२१ आषाढ़ मासे शुक्ल पक्षे तृतीयाम भृगुवासरे ॥

Subject—इस ग्रंथ में नायिका नायक भेद एवं शृंगार रस का वर्णन है।

No. 384. Śaṇtipurana by Sevārāma of Dewagarah. Substance—Country-made paper. Leaves—568. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—14. Extent—7,952. Anushṭup Ślokas. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1834 or A. D. 1777. Date of manuscript—Saṃvat 1892 or A. D. 1835. Place of deposit—Jaina Maṇdira (Bāra), Bārā Bankī (Oudh).

Beginning—श्री वीतरागदेवानमः ॥ श्री सरस्वत्यैनमः ॥ श्री गुरुभ्यो-नमः ॥ अथ शान्तिपुराण भाषा, सेवाराम कृत लिख्यते ॥ प्रणम्य परमानंदान ॥ देव सिद्धान्त सद्गुरुन ॥ शान्तिनाथ पुराणस्य ॥ भाषा सद्धित नौम्यहं ॥ १ ॥ दोहा ॥ नमोशांति जग शांति कृत ॥ परम शान्ति दातार ॥ कर्म समूह विसात हर ॥ भरन संपदा भार ॥ २ ॥ जो षोडस भो तीर्थपति ॥ अमर निकर अरचाय ॥ त्रिभुवन भयहर प्रथित पद ॥ भये जलधि जललाय ॥ ३ ॥ फुनि पंचम निधिपति भयो ॥ मरुत वचन रतिवान ॥ द्वय षष्टम रति पति जयो ॥ लसो सुषोदधि थान ॥ ४ ॥ तास शान्ति जग भान्तिहर ॥ नमो शान्ति पद देय सकल ललित नच्छिन कलित ॥ मंगल कारक लेय ॥ ५ ॥ नमो वृषभ पद वृषभ के ॥ वृषभा क्षन वान ॥ वृषपति वृष द ता जगत ॥ वृषभ तीर्थ वृषभान ॥ ६ ॥ वृषभेश्वर वृष विस्तरो ॥ शिवसुख करन महंत ॥ वचन किरन तम छेदि तसु ॥ वंदों शिव तिय कंत ॥ ७ ॥

End—नमोदेव अरिहंत सर्व तत्त्वारथ भासी। नमो सिद्धि अविकार ज्ञान मूरति अविनासी ॥ नमो सूर उवझाय साधुनि ग्रंथनि मो सिर। येई पद वर पंच नमत भागी अघ को गिरि ॥ वंदों जिनेस भाषत वचन धर्म दृढ़ावन सर्वदा। ये परम सार तिहुंलोक में करो खेम मंगल सदा ॥ ९१ ॥ दोहरा ॥ पंच मास कछु सरस से, लगे रचत अविकार। मतिथोरो थिरता अलप, ताते लगो अवार ॥ ९२ ॥ काव्य—लोकालोक विलोक स्वच्छ नयनं सादइनं निर्मलं ॥ जस्य ग्यान मनंत ता प्रविदधात्सर्वात्मनां बोधकां ॥ यच्छक्तिविधिवक्षणेन विमला विश्वस्य त्रोद्धारनो ॥ यत् सौख्यं विगता मयांसि जिनयो सांति प्रशांतिः कृयात् ॥ ९३ ॥ (दोहरा) पढ़ै सुनै या ग्रंथ को ते पावैं सुखठाम। सुख सों कियत भव वन विषैं। फेरि गये शिवधाम ॥ ९४ ॥ जिनवर धर्म प्रभाव सों परम विस्तरो ग्रंथ। ता सेवत

पैये सदा नाक मोष को पंथ ॥ ९५ ॥ इति श्री शांति पुराणाचार्य्य श्री सकल कीर्ति विरचितां भाषा विचितात् लघु कवि सेवारामेनं तस्यां जिन ग्यानोत्पत्ति धर्मोपदेश विहार समय निर्वान गमन निरूपन नाम पंचदशमोधिकारः ॥ १५ ॥ इति श्री शांतिनाथ पुराण भाषा संपूर्ण ॥ समाप्तं ॥

Subject—(१) पृ० १—४४ तक—मंगलाचरण तथा वंदनादि सहित ग्रंथ निर्माण हेतु इत्यादि का वर्णन। ग्रंथ निर्माण में सहायता करने वाले का कथनः—मित्र खुस्याल सहित मनलाय। शांति पुरान रच्यो सुखदाय ॥ वक्ता तथा श्रोताओं के गुण वर्णन। कथा लक्षण, सुकथा और कुकथा निर्णय। स्वयंप्रभा विवाह वर्णनोभिधान ॥ (२) पृ० ४५—७० तक—जलनजटी प्रजापति अर्ककीर्ति निर्वाण। अमित तेज राज विजै विघ्न विनाश वर्णन। (३) पृ० ७१-९० तक—अमित तेज सम्यक्त ग्रहण करण वर्णन। (४) ९१—११२ तक—श्री सेन इत्यादि भवों का वर्णन। (५) पृ० ११३—१३७—अविचल देव, बलभद्र नारायण तथा नारद का वर्णन। (६) पृ० १३८—१६८ तक—अनन्तवीर्य का स्वभ्र (नरक) गमन तथा उसको बल से इन्द्र-पद प्राप्त होना। (७) १६८—१९८ तक अनन्तवीर्य सम्यक्त लाभ तथा वज्रायुधचक्र-पद भव प्राप्ति वर्णन। (८) पृ० १९९—२३१ तक—वज्रायुध, सहस्रायुध तथा अहमिन्द्र पद-प्राप्ति वर्णन। (९) पृ० २३२—२६७ तक—मेघरथ का वर्णन। घनरथ के विरक्त होने तथा मेघरथ के राज्य-भोग का वर्णन। (१०) पृ० २६८—३०२ तक—मेघरथ वैराग्योत्पत्ति तथा दीक्षा ग्रहण वर्णन, मेघनाथ सुत राज्य ग्रहण वर्णन। दृढ़रथ तथा अन्य सात सौ नृपतियों के साथ मेघरथ का जिन मत साधन करना। (११) पृ० ३०३—३६८ तक—अपने भ्राता दृढ़रथ सहित मेघरथ का घोर तप साधन करना, जप, तप, तथा अनशनादि व्रत धारण करना। जिन शांति-गर्भावतारा-भिधान वर्णन। (१२) पृ० ३६९—४१६ तक—रानी का सोलह स्वप्नों का देखना और राजा से उन स्वप्नों के फलों के संबंध में प्रार्थना करना। राजा का फल कथन करना, और उन सोरहों स्वप्नों के फल स्वरूप उनके गर्भ से तीर्थंकरोत्पत्ति तथा उनके महत्वों का कथन। तीर्थंकर शांतिनाथ का गर्भ से जन्म लेना और देवादि द्वारा उत्सव मनाया जाना। (१३) ४१७—४६० तक—श्री शांतिनाथ जन्माभिषेक तथा राज्य लक्ष्मी और उनकी कीर्ति का वर्णन, उनके सात चैतन्य और सात अचैतन्य रत्नों का वर्णन, उनके सन्मुख नाटकादि द्वारा मनोरंजक कार्यों का होना। (१४) पृ० ४६१—५१२ तक—जिन दीक्षा निःक्रमेण कल्याण वर्णन। हस्ती घोड़ा इत्यादि सांसारिक वस्तुओं के मिथ्यात्व का विस्तृत वर्णन। सोलह वर्ष तक शांति जिननाथ का छद्म मस्तक रहना। पुनः सविकार घातक कर्मों का घात करना। शांतिनाथ को कैवल्य—ज्ञान होना।

(१५) पृ० ५१३—५६८ तक—जिन ज्ञानोत्पत्ति, धर्मोपदेश विहार समय निर्वाण गमन निरूपण, जिनके पिछले भवों का अति सूक्ष्म वर्णन। ग्रंथ समाप्ति, कवि दैन्य वर्णन। ग्रंथ निर्माण हेतु :—

पूरव चरित विलोकिकें, हम कवि बुद्ध सयान।
भाषा बंध प्रबंध यह, रच्यो अनंदित वान॥

× × × ×

मो आनंद अपार धरि, तजि कलमल अधिकाहि।
भाषा रचो प्रमोद घन, रसतरंग मल नाहि॥

ग्रंथकार का परिचय—देश महा मालव सुभग, काठल सहित सुढार। तामे नगर नरेश जुत, 'देव—दुर्ग'-अधिकार॥ मल्लनाथ मंदिर विषै, रच्यौ पुरान महान। अति प्रमोद रस रीति सो, धर्म बुद्धि उर आन॥ वासो जयपुर तनो, तो डर मल्ल कृपाल, ता प्रसंग को पाय के गह्यो सुपंथ विशाल॥ गोमट सारादिकन मै, सिद्धांत नमै सार। प्रवरबोध जिनके उदै, महाकवी निरधार॥

× × × × × ×

देश दुराहर आदि दै, संबोधे बहु देश। रचि रचि ग्रंथ कठिन किये, तो डर मल्ल महेश॥ तिनहो के उपदेश लहि, सेवाराम सयान, रच्यो ग्रंथ सुख पाय के, हर्ष हर्ष अधिकान।

ग्रंथ निर्माणकाल :—संवत अष्टादक शतक, पुनि चौवीस महान। सावन कृष्ण वराष्टमो, पूरो कियो पुरान॥

स्थान—अति अपार सुख सों बसै, नगर 'देवगढ़' सार। श्रावक बसै महा-धनी, दान पूज्य मतिधार॥

नृपति वर्णन :—ता नगरी में भूपती, सूरवीर वोभेष।
करी राज्यपुर पुन्य सो, सावंत सिंह नरेस॥

ता सावंत नर राय के, द्वै श्रावक मुखत्यार। इक राघव रघुनाथ पुनि धर्म धुरंधर सार॥

No. 385(*a*). Sewāsakhī kī Bānī by Sevāsakhī of Vrindābana. Substance—Country-made paper. Leaves—84. Size—6½ × 4 inches. Lines per page—7. Extent—349 Anushṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1825 or A. D. 1768 Place of deposit—Paṇḍita Rāma Bali Dubay. Village Bhiṭaurā Lakhan, Post Office Jaidpur, district Bārābankī (Oudh).

Beginning—श्री राधावल्लभो जयति ॥ श्रीं अथ वैराग्युद्दीपन लिख्यते ॥ (श्रीं) करि सत संगति चाह मन सकल कपट तजि मोह ॥ श्री राधावल्लभ नाम रटि सखी भाव पति छोह ॥ १ ॥ अचह चाह हरि भक्ति बिनु जानो दुख को रूप॥ सेवा सखि हरि आसरे दोउ सुख परम अनूप ॥ २ ॥ मन की सब मन मै अहै बुधि के बहुत विचार। चित्त वासना पिय मिलै सेवा सखि निरधार ॥ मनपरीक्षा ॥ अति दुर्लभ सुलभ भयो मानुस देहो पाय ॥ भजले राधावल्लभहिं जन्म जो बीतो जाइ ॥ १ ॥ बाल कुमार पव गंडा किसोर जुवा जवा की देह ॥ सेवा सखि दुख सुख भोग है अंत खेह की खेह ॥ कर्मज्ञान इन्द्री दसौ मिले देह को नाम ॥ इन्हैं भिन्न कै देखिये नहि नामी को नाम ॥ २ ॥ मन बुधि चित अहंकार जो जीव को इन्द्री होइ ॥ इन्हैं भिन्न कै जानिये जीव नाम नहि कोय ॥ ३ ॥ गुरु दीपिका—सर्व परे गुरु जानिये गुरु पर और न कोइ ॥ सब मिलि गुरु को नमत हैं गुरु नाम अस होइ ॥ गुरु गोविंद नारायन गुरु हरि राम कृष्ण गुरु कीन्ह ॥ गुरु के सद आधीन मन गुरु चरणन्ह चित लीन्ह ॥ २ ॥ नाम अनंत नामी अनंत दह भवसिंधु अपार ॥ बिनु गुरु बूड़े भव धार में गुरु गति उतरे पार ॥ ३ ॥

End—अरील सोरठा रूब्द दोहरा मंगल छन्द विश्राम। महामंगल परिचय लिख्यते ॥ सेवा सखि सहजानंद के लखि सहज अंग विद्वान ॥ सहजानंद ब्रह्म अनुरूपन यह अरिल है ॥ होय जागृत सषियाइ सुनि कै जो अहै ॥ सत गुरु के उपदेस तारतम मानियै ॥ अली हां हां सेवा सखि सहजानंद के सहजा ही जानियै ॥ राग गौरी ॥ अरीरी मुरली बजाइ हरी मन मोहन गृह आगमन सुहाइ ॥ बन सुनत सुमि भई है कंत की छूटी जग चतुराई ॥ छूटी लोकलाज कानिकुल तन पट तजि उठि धाई ॥ प्रेम मगन सेवा सखि बिरहनि जिन पिय की सुधि पाई ॥ १ ॥ राधाकृष्ण राधाकृष्ण कुंज बिहारी गोपीनाथ गोपाल मोहन बनमाली ॥ मुरलीधर पीतांबर धारी ॥ त्रिभंगी मूरति आनंदकारी मोरमुकुट कुंडल छबि भारी ॥ चितवन में मोही बृजनारी ॥ नंदनंदन वृषभान दुलारी ॥ जुगल किशोरी पर सेवा सखी वारी ॥ १ ॥

Subject—(१) पृ० १—१४ तक—वैराग्योद्दीपन ॥ सतसंग और सखिभाव की भक्ति का आदेश। नाम प्रताप। शरीर के पंच तत्त्वादि से बनने का वर्णन। इन्द्रियों का वर्णन। ईश्वर द्वारा गर्भ में रक्षा होने का वर्णन। सेवा तथा भक्ति की महिमा। प्रीतम के अनुराग वर्णन। अभिमान त्याग कर ईश्वर भक्ति करने का आदेश। माया का वर्णन। जीव ईश्वर संबंध वर्णन। अहंकारादि रागों का वर्णन। नाम रटने का आदेश।

(२) पृ० १५—२२ तक—मनकी परीक्षा। युवादि अवस्थाएं। मन, बुद्धि चित अहंकारादि को वृथा बता कर भगवत भजन का उपदेश। मन की प्रबलता

का वर्णन। मन को स्थिर करने के नियम। सेवा में मन को देने का लाभ। मन देने के कारण हरिण की दशा। पिय की आज्ञा मानने का आदेश।

(३) पृ० २२—३२ तक—गुरु दीपिका—गुरु करने का लाभ, गुरुज्ञान की प्रधानता। नित्य, अनित्य, निमित्त, और गुरु की एकता। गुरु के लक्षण, गुरु के सात स्वाभाव, शिष्य के लक्षण, गली गली फिरने वाले गुरुओं की बुराई॥

(४) पृ० ३४—४२ तक—प्रकरण—एक ब्रह्म का वर्णन। सहजानंद का ही ब्रह्म-कथन, ठकुरानी के आनंद रूप होने का वर्णन। सहजानंद की परिभाषा, माया तथा ब्रह्म का रूप, पिय प्यारी द्वारा ही उद्धार होने के कारण सखी भाव की महत्ता का वर्णन। अंग अंगी संगपिय की भक्ति।

(५) पृ० ४३—४५ तक—दूसरा प्रकरण—जागृत चीन्हने का वर्णन, कार्य्य कारण तथा कर्त्ता का वर्णन। वाम दाहिने अंग का वर्णन। सखी सेवा का महत्त्व।

(६) पृ० ४६—५८ तक—महामंगल परिचय—सहजानंद के अंगों का वर्णन। सहजानंद की शक्ति, दाहिने तथा वामें अंग का (पिय, प्यारी) का वर्णन। राधा के अंगों की सेवा करने वाली सखियों की महत्ता। ईश्वर के सब में होने का वर्णन। रास इत्यादि का वर्णन। बायें तथा दाहिने अंग की सखियों का प्रभाव। कृष्ण के रूप में सखी का मिल जाना, सेवा की बड़ाई॥

(७) पृ० ५९—७१ तक—दाहिने बायें अंगों से सृष्टि का उत्पन्न होना। साढ़े तीन कोटि सखियों तथा उतनी ही उनकी सहचरियों सहित हास-विलास तथा लीलादि का वर्णन। हित हरवंस जी को उसका परिचय होना। (गद्य में)।

(८) पृ० ७१—८४ तक—मंगल आरती—सब मंगल पदार्थों के साथ ही साथ कृष्ण की आरती कृष्ण की मूर्ति इत्यादि का वर्णन करके उनपर अपनी भक्ति प्रदर्शित करना। ग्रंथ समाप्ति।

No. 385(*b*). Vivekasāra Surata by Sewāsakhī of Vrindābana. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—$8\frac{3}{4} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—10. Extent—200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rāja Pustakālaya, Bhingā Rāja, Baharāich.

Beginning—अथ विवेक सार सुरत लिख्यते॥ दोहा॥ श्री गुर जुगल सुंदर बर वंदौं इनके पाइ। जिन्ह मोहि दीन्हों धर्म वैष्णव की भक्ति दृढ़ाइ॥ १॥ सर्व सिरोमनि भक्ति धर्म है इन समान नहिं आन। इनकी महिमा को कहैं जाके

वसि भगवान ॥ २ ॥ सर्व परे भगवान ते इन पर और न कोइ । कार एक अनेक विधि लीला ताकी होय ॥ ३ ॥ कथा कथान्तर कल्पान्तर में चित्त ते वस्तु विचार । सर्वान्ते ते जानियै जासो सर्व विस्तार ॥ ४ ॥

End—सेवासखी जगायऊ जागो नयना सोय । परचै मूल स्वरूप को जानु जागनो होय ॥ विनु जानै चौरासी माही । भूली सखी खेलते ताहीं ॥ चौरासी माया खेल में खेलत सखि जिय संग । लीला शक्ति पेलावही सो सुरति मन के रंग ॥ सो मन अब सखि आपन होई । माया खेल खेलारी जोई ॥ जब लगि हम नहिं सुरति जाना । दुख में खेलत सुख कै माना ॥ दुख सुख की यह खेल है देखा खेल बनाय । जागो नयना नींद गइ मिलि सुरति सेवा सखि आय ॥ इति विवेक सार सुरति संपूरनम् ॥

Subject—गुरु वंदना, धर्म महिमा, सृष्टि उत्पत्ति—पृ० १—३
राधा महिमा पृ० ३—४ ।
ब्याह वर्णन राधा कृष्ण का पृ० ५—९ ।
लीला माहात्म्य—पृ० १० । इति ।

No. 386. Sidhadāsa jī kī Śabdāvalī by Sidhadāsa of Haragāma. Substance—Country-made paper. Leaves—114. Size—9 × 6 inches. Lines per page—12. Extent—600 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1800 or A. D. 1743. Place of deposit—Mahanta Gurūprasādajī, Haragāma, Post Office Parabatapur (Sultanpur).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ साषी ॥ श्री जगजीवन जक्त गुर दूलन दानि उदार सगुन सरब हित जानि सुभ सिद्धा नाम अधार ॥१॥ नयन के भीतर ऐन है मयन कोटि छवि जासु ॥ तासु चरन तर मन बस्यो सिद्धा निरषि हुलास ॥ २ ॥ नाम ऐन है राम को दीप संत करि ज्ञाना । ताहि नयन बिच रैनि दिन करि सिद्धाम निधाना ॥ ३ ॥ बजै रैन दिन बासुरो धरै कदम तर ध्यान ॥ सिद्धा ताको का करै करम कोट परमान ॥ ४ ॥ सिद्धा भव जल जक्त सर तामें माया जार ॥ मीन जीव सब जानि कै पेलत काल सिकार ॥ ५ ॥ नाम भजन ते जीव यह जल सरूप होइ जाइ । जाल बीच आवै नहीं काल देषि पछिताहि ॥ ६ ॥

End—सिद्धा यहि संसार में कंत निरषि पहचानि ॥ अहै निरंतर पास हो अपने मन दृढ़ ज्ञान ॥ सिद्धानाम जिकिर ते चौंसठि घड़ी बिताउ । कंत दरस को लालसा छिण छिण बाउर ठांउ ॥ बिरह सत्य यह पोथी पहर जवनपुर कीन ।

सिद्धा पियहि पहिचानि निज चरनन तर सिर दीन ॥ अष्टादस सै समै दस बारग मास पुनीत ॥ सिद्धा हेरत आयु में परे षठ आपत मोत ॥ इति विरह सत सम्पूर्णम् ॥

Subject—पृ० १—२५ तक—साखी—दोहों द्वारा शिक्षाएं।
(२) पृ० २६—९४ तक—शब्दावली—नाम की महिमा का ज्ञान।
(३) पृ० ९५—११४ तक—शब्द साखी—कवित्त सवैयों द्वारा हरिनाम का उपदेश। विरह, सत-गुरु ज्ञानादि कई विषयों का रूपकों द्वारा मनोहर वर्णन।

No. 387. Ānanda Rasa by Śīlamaṇi. Substance—Country-made paper. Leaves—26. Size—6 × 3½ inches. Lines per page—14. Extent—256 Anushṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Saṃvat 1949 or A. D. 1892. Place of deposit—Bhaiyā Jadunātha Siṃha ji Ṭhākura, Raisa, Rehuā, Post Office Bauri, District Bahaṛāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ सरसत बरसत रंगवर रामनाम सुख कंद शीलमनी जन जान है युगुल वरन युग चंद ॥ १ ॥ रामनाम रस रूप हैं रस बरखत बरवेद भावभेद रशभेद बहु नामी नाम अभेद। २ वत्सल सख्य शिंगार रस दास्य शांतमय नाम शीलमनी हिद में बसें राजिव लोचन राम ॥ ३ ॥ रामनाम वर वरन पर परमतत्व नर रूप रश मूरति माधुर्जमय ईश ईश के भूप ॥ ४ ॥ रामनाम शे होत हैं सब अवतार सुरेश शीलमनी परतत्व छवि भनत मुनीश महेश ॥ सरल सुखद वर वरन युग विशदर शाल विशाल महिमा व्यापक शकल जग जन जीवन रघुलाल ॥ मधुर मनोहर सुधा से गौहर गरु उदार। अशल सुतारक ताल भव अद्भुत अगम अपार ॥

End—रसमय मूरति रामसीय की हिय में राजत मोरे हैं। जीवन प्राण किशोर अनूठे मीठे श्याम सुगोरे हैं ॥ अतिसै रूप अनूप मोहनी अंग अंग रस बोरे हैं। शीलमनी मन हरन विलोकनि अरुणारे दृग कोरे हैं ॥ हरित अरुण रंग सख्य सुधा कर राग सरूप सदाई हैं। परनै प्रीति प्रतीति प्रेम रति अति विश्वास सनाई हैं ॥ निश्चय ज्ञान सनेह लगा वपु अतुराई मधुराई हैं। शीलमनी रस सख्य रसीलो राम रंगीलो पाई हैं। हास्य भयानक करुना अद्भुत वीर विभत्स रुद्रा हैं रस सिंगार सख्य रस वत्सल सांत दास कर मुद्रा हैं। स्याह अरुन रंग सोन सेत रंग चित्र शील मति फुंद्रा हैं ॥ इति श्री शीलमनी कृत आनंद रस सम्पूर्ण ॥ दोहा ॥ मार्गसीर्ष तिथि तीनि दश शुक्ल पक्ष भृगुवार वत्सर तान पुनि गोक्ष कहि जाउ गुजवली अगार ॥ लेषक जानकी शरण संवत १९४१ ॥

Subject—रामनाम की महिमा और भक्त का प्रेम।

No. 388. Vivekasāra by Śitaladāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—33. Size—8½ × 4½ inches. Lines per page—8. Extent—200 Anushṭupa Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1903 or A. D. 1946. Date of manuscript—Saṃvat 1908 or A. D. 1851. Place of deposit—Paṇḍita Rāmānānda jī Miśra, village Hinangaurā, Post Office Kādīpur District Sultānpur (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरु गणपति शारदा फनपति सिव हनुमान ॥ जन सीतल सुमिरन करै देहु सुमति सतज्ञान ॥ १ श्री गुरुचरण सरोज रज हिय धरि पर उपकार ॥ विवेक सार वर्नन करै सीतल तत्व विचार ॥ २ ॥ तत्व विचार विवेक जुत वेद सास्त्र मतसार ॥ ग्रंथन नाना भांति ते जथा सुमति अनुसार ॥ ३ ॥ गुरु शिष्य संवाद वरनत विविध प्रकार ॥ अर्जुन ऊधौं सों कह्यो कृष्ण यहो निरधार ॥ ॥ ४ ॥ गुरु सों पूछत शिष्य यह कह्यो विवेक जो सार। सो विवेक काको कहो कहो नाथ विस्तार ॥ ५ ॥ गुरुवाच हंस विवेको एक गति छीर नीर करै न्यार ॥ नौ वेकार पानी तजै छीर छुइउ सोइ सार ॥ ६ ॥ काम क्रोध मद लोभ रज तम तृष्णा अहंकार ॥ मत्सर नौ तजि संत सो पानी जानि विकार ॥ × × × × ×

End—दयासिंधु दाया प्रभु दीनबंधु सुपरास तासु दास सीतल मनै सदा चरन कि आस ॥ ९७ ॥ सीतल अपरंपार गति वेद न पावत पार। निज मति सम वरनन कहौ नाम विवेक है सार ॥ ९८ ॥ यहि नहिं दीजै धूर्त को अरु निंदक अभिमानि। राम अभिलाषी संत जोति नहि देव हित जानि ॥ ९९ ॥ संवत वीनइस सै अधिक तीनि पौष बुधवार। असित सप्तमी कीन तब विवेकसार विसतार ॥ १०० ॥ इति श्री सीतलस्य विरचितायां विवेकसार संपूर्ण संवत १९०८ वोलि कौ याकजनै भेद प्रसव मह होई गरइ पोलो कै वोले क वोलो जनीह वल मोलि उइ वोले तौ सुजन जन मोले तोनो वोले तब कोइ घरक अदमी मोले गटइ दवाइ कै चारि वोली वोले तब जानी को कोइ क मरन भ अपन परार कहंद देषो लेई ॥

Subject—(१) १—४ तक—विवेकसार कथन।

(२) पृ० ५—५ तक—नवधा भक्ति।

(३) पृ० ६—१४ तक—ब्रह्म, माया तथा जीव के भेद। रामनाम महिमा का कथन, जीव अवस्था विचार। वेदोक्त चार फल और उनकी क्रिया।

(४) पृ० १५—२० तक—वेद का रूपक, द्वादश यम वर्णन। नेम वर्णन। तितिक्षा, यज्ञ तथा जप तपादि लक्षण।

(५) पृ० २१—२२ तक-इन्द्रिय वर्णन।

(६) पृ० २३—३० तक—पंचतत्व, पंच प्रकृति, पंच वायु इत्यादि वर्णन के पश्चात् रामनाम महिमा।

No. 389. Dillagana Chikitsā by Sītārāma. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—40. Extent—1080. Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1846 or A. D. 1789. Place of deposit—Paṇḍita Martaṇḍa Datta, Vaidya, Rāe Bareli.

Beginning—पृ० ३ से प्रारम्भ। अथ नाड़ी-परीक्षा। सुंदर हाथ कवल दल नैनो मूलंगुष्ठ सुहाई। नाड़ो को घर तुझे बताऊं जानत पंडित राई॥ पहिलें पित्त समुझिये बाला काक गती अलबेली। टोका मोर को छीन लई है मृग गति पाय नवेली॥ दूजे कफ को चाल कबूतर ठुमुक ठुमुक पग धरने॥ है सिंगार निपुण सुनि प्यारो कविता क्योंकर बरने॥ वाय तीसरो पलकवान और बांको भवें कमानें गति नागिन को प्रीति भामिनो वैद्य शिरोमणि जाने॥ कबहूं मंद चलै क्रम नाड़ो कबहूं वेग जुहाई॥ द्वंदज दोष कंवल दल नैनो ताको विथा बताई॥ चाल चलै तोतर को अथवा लवा बटेर सयानो। सन्निपात तिरदोष है ताको आई काल निसानो॥

End—ये नाजुक तन प्यारो तुमने कहो कहां ते पाई। देख मधुरता अधरन को सों अमृत गयो छिपाई॥ रत्नज्योति को छानि नीर में डारे अग्नि आटावे। चार सेर जल छानि भामिनो षट पल तेल मिलावे। तेल बराबर सुघर कायफल पीस लाव सुभ नैनो। धरे अगनि में तेल रह जावै छाने सुन सुख दैनो॥ करके फोहा × × सो तेल का कुच ऊपर जो परसे। नोबूवत दिल्लगन पियारो कुच कठोर सो दरसे॥ ३८॥ इति श्री दिल्लगन चिकित्सायां हट्टो सिंह सुत सीताराम विरचितायां त्रयोदशो शृंगारः १३ पुस्तक लिखी लेखराज पठनार्थं संमत १८४६ आगरे मध्ये सुभं भूयात इति॥

Subject—नाड़ी परीक्षा, पित्त, कफ, वायु जुराज, पित्त निदान, उपचार, कफ वायु उपचार, साध्य असाध्य लक्षण, मूत्र परीक्षा, प्रथम शृंगार समाप्त। पित्तज्वर प्रतीकार, वातज्वर, वातपित्त, पित्तश्लेष्मज्वर चिकित्सा, मूलज्वर, स्वेदज्वर, विषमज्वर चि०, ज्वरांकुश रस, त्रिदोष अंजन, द्वितीय

शृंगार समाप्त। कर्णशूल चि०, सन्निपात उसके भेद, संध्यक, अंतक, रुग्दाहक, चित्तभ्रम, शीतांग, तंद्रिक, कर्णक, भग्ननेत्र, रक्तष्ठी, प्रलाप, जिह्वक, अभिन्यास, सन्निपात की चिकित्सा, तृतीयो शृंगार स०, अतीसार चिकित्सा, वातअतीसार, पित्त अतीसार, श्लेष्म अतीसार चिकित्सा, वृद्ध गंगाधर चूर्ण, लेप अतीसार, दाड़िमाष्टक चूर्ण, गृहन्यावलेह, अरसरोग। चतुर्थ शृंगार समाप्त, अजीर्ण विशूचिका चि०, विलंविकायां चि०, कृमि चि०, हलीमक पांडु कमालिया पांड रोग चि०, रक्तपित्त चि०, पेठा पाक विधि राज छई चि०—पंचमो शृंगार। कास स्वास चि०, हिक्का प्रतीकार, स्वरभेद चि०, अरुचि चिकित्सा, छई चि०, तृषा चि०—षष्टो शृंगार। मदम्र उपचार, चरण बिवाई, दाह चि०, उन्माद चि०, वात-व्याधि चि०, वातारी तेल, पक्षाघात चि०, सप्तमो शृंगार। वातरक्त चि०, अग्निवायु चिकित्सा, आमवात चि०, सूच चि०, अष्टमो शृंगार। वमन करन, जुलाब विधि, पेट अफारा चि०, गुल्म चि०, हृद्रोग चि०, मूत्र कृच्छ चि०, मूत्रघात चि०, मूत्ररोध प्रतीकार, पथरी चि०, प्रमेह चि०, पांडु रोग चि०, कंठमाला चि०, स्लीपद कंडु, घरैला सोथ चि०, भगंदर चि०, मंद बुद्धि चि०, शीत प्रसूत चि०, दशमो शृंगार। जलोदर चि०, कुष्ट चि०, श्वेत कुष्ट चि०, क्षय रोग चि०, अम्लपित्त चि०, दाद चि०, खाज चि०, एकादश शृंगार। क्षुद्ररोग चि०, कंठ रोग चि०, मुख दुर्गंध चि०, दंत रोग चि०, स्याह मिस्सी, अरुण मिस्सी की विधि, दाद चिकित्सा, अधर चि०, कर्ण प्रतीकार, परवाल चि०, अंजन हारी चि०, आंख वन्ही की चि०, शिरोवर्त्त चि०, द्वादशो शृंगार। स्त्री चि०, प्रदर रोग चि०, भगशूल चि०, भग संकोचन विधि, गर्भ निवारण, गर्भ धारण चि०, स्त्री प्रसव कष्ट चि०, कुच कठोर करण।

No. 390. Krishna Datta Rāsā by Śwadīna of Bilgrāma. Substance—New paper. Leaves—17. Size—8¼ × 6¼ inches. Lines per page—20. Extent—600 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1901 or A. D. 1844. Place of deposit—Śrimān Mahārājā Rājendra Bahādura Sinha Sāhaba, Bhingā Rāja, Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ अथ कृष्णदत्त रासा लिष्यते॥ दोहा॥ शिव सुत के पद वंदि क गौरी गिरा मनाय। करत विनय शिवदीन कवि दोजै ग्रंथ बनाय॥ १ जे गुरु चरण सरोज रज अंजन लोचन धारि। ते दर्शी त्रयकाल के कहत पुराण विचारि॥ २॥ छप्पय॥ ब्रह्म सहित नभ खंड चंद्र संवत परिमानो। बहुरि राग रस दीप आतमा शाके जानो॥ कियो समर नरनाह विदित

विश्वेन वंशवर। उदित देश परदेश सुजस अस छायो घर घर॥ लखि कवि शिवदोन विचारि चित करत ताहि वर्णन सुअब। करजोरि विनय कवि कुल करौं बिगरो वर्ण संभारि सब॥ ३॥ दोहा॥ नाजिम महमूदलो खां बलो सुजान विचार। दियो इजारे अवधपति सुभग देश शरवार॥ ४॥

End—पायो नवाब जब हुक्म साह। दै खिलत खास बीरा सुवाह॥ दीनो बसाय भिनगा नरेश। भरि रह्यो भूरि आनंद देश॥ नरनाह बांह को छांह पाय। जन सधन अभय पुनि बसे आय॥ घरउमाह मंगल सु होत। दे रहे आशिषा द्विजन गोत॥ दोहा॥ देत आशिषा भूपतिहि कवि कोविद के जाल। जोलौं मंदर मेरु महि तौलौं अचल भुवाल॥ इति श्री मनमहाराजाधिराज विश्वेन वंशावतंश भूप शिवसिंहात्मज सर्वजीत सिंह तनुज कृष्णदत्त सिंह हेत विरचिते कृष्णदत्त राइसो कवि शिवदोन बंदीजन विल्लुल ग्रामो विरचित नाजिम महमूद अली खां की युद्ध समाप्तम् शुभमस्तु। इति।

Subject—प्रार्थना, महमूद अली खां को नवाब ने शरवार देश इजारे में दिया, प्रथम कुकरावल में, जो कि लखनऊ के उत्तर एक नदी है, वास किया फिर बहराइच घाट पर बसे, कलहंसों को बहराइच में जोता और खिलअत ली—पृ० १—२—पांडे गोड़ा के महमूद अली से मिल गये और रामदत्त पांडे भिनगा पर उनको चढ़ा लाये। फिर फरेंदा (गोड़ा) में आये फिर रावती के किनारे चौकाघाट पर आये, पीर हनीफ से नौआ (भिनगा) पर आये, राजवंश वर्णन तथा शासन विधि वर्णन। कृष्णदत्तसिंह के चचा उमरावसिंह का वर्णन तथा उनके दूसरे चचा कालीप्रसाद सिंह का वर्णन, तथा पृथ्वी सिंह के पुत्र क्षेत्रपाल सिंह और हरिभक्तसिंह का वर्णन तथा उमरावसिंह के पुत्र युवराजसिंह का वर्णन। क्षत्रपाल सिंह के अर्जुन सिंह हुए। त्रयोदशी सोमवार को म्लेच्छों ने हमला किया। पृ० ३—६ तक राज की सेना की तय्यारी, दूत का भेजना, युद्ध वर्णन, महमूद अली खां के साले का मारा जाना और सेना का भागना, राज यश वर्णन तथा दीवान का वर्णन—पृ० ७। पुनः युद्ध की तय्यारी, नाजिम की तोपों का वर्णन तथा राजकीय तोपों का वर्णन, ७ दिन तक युद्ध का होना, फिर रमखा (बाग) में युद्ध होना—पृ० ८—१०। नवाब का पुनः सेना भेजना और नाजिम के भाई का युद्ध करना। गर्गवंशियों की सहायता से युद्ध करना और भिनगा नरेश का भागना। पृ० ११—१४ तक। तुलसीपुर के पहाड़ी राजा ने बादशाह की सहायता दी और नंदप्रसाद के साथ सेना भेजी परन्तु फिर उनको भी हराया। गोंडा-नरेश ने भिनगा-राज को मेल करने के लिये पत्र लिखा उस समय गोंडा में अमान सिंह बिसेन राजा थे मेल होने पर फौजी सरदारों के साथ पहाड़ में शिकार खेलने चले गये फिर बद

अमली होने से नवाब ने नाजिम को कैद कर दिया और कृष्णदत्त सिंह को राजा बनाया। इति।

No. 391. Piṇgala Chhandobodha by Śiva Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—8×6 inches. Lines per page—40. Extent—900 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Saṃvat 1921 or A. D. 1864. Place of deposit—Thākura Jairāma Siṃha, Village Mirjāpur, Post Office Mahamudābād, District Sitapura (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ शिव कवि कृत पिंगल छंदो बोध लिष्यते ॥ दोहा ॥ श्री गजमुष मुष कहत हो रुज हत विघन अमंद । ज्यों गिरीस गिरिजा भजत भजत सकल दुष द्वंद ॥ चारयो चारयो देन फल सुमिरन हो के साथ। सीता सीतानाथ अरु राधा राधानाथ ॥ संकर भूषन भूमिधर धवल रूप मति धाम। श्रीपति सैनद सहसमुष शिव कवि करत प्रनाम ॥ सकल सिद्धि आवै निकट ध्यावत श्री गुरु संभु। नयो नयो नयो परै हिये जुक्ति आरंभ ॥ सुमिरि गिरा सेसादि मत करि के बहु विधि सोध। सुगम रीति भाषा रचत शिव कवि छंदो बोध। जो वानी छंदो मई पद्यांसो पहिचानि। होइ जो तासों रहित सो गद्या लीजै जानि। ॥ जामें मात्रा बरन की संख्या कीन्ही होइ। शिव कवि पिंगल के मते छंद कहावै सोइ ॥ पद्यावानो द्विविधि कर जाति वृति पुनि जानि। संख्या जामें कलनि को जाति सो कहै बषानि ॥ संख्या जामे वर्न को वृत्त ताहि पहिचानि। केदारादिक के मते वृत छंद सब जानि ॥

End—मोमदीन अजमेर पीर गढ़ संसारै ॥ उपम कहि कै कौन मकनपुर साह मदारै ॥ बहिरायच सलार या रबो बढो पोदाई। दिल्ली तोपे कुतुप तास को करौ बड़ाई ॥ सुमिरै हसन हुसेन जिन कुपुर मारि कीन्हो ध्वजा। मन वचस कर्म स्यहि कहै पंपे पीर मंदति सदा ॥ थकित पौन रहै जात सिंधु नहिं लहर संभारत फनिपति फन नहिं कठत कूर्म नहिं वक्र निकारत ॥ षट पद भ्रमा भ्रम्यो विमल नरपति नहिं सारद ॥ सवितारथ रहिजात वेग भ्रमि रतन भारथ ॥ दल मलित वरनि अतंक भय जस उदित टोद्यतुत जब जुलफ केर करि कै समार है सर करार दुदुल चढ़त कनतषन परनग जाड़े सब जवाहिर झलक मोतियों वरिछत लता है विराजै मुकुट पर नूर का तज्ज लालीषा भाल ऊपर ॥ इति श्री शिव कवि कृते पिंगल छंदो बोध समाप्तः ॥ श्री संवत १९२१ वैसाष मासे अधिक मासे शुक्ल पक्षे तिथौ पूर्णमायाम चंदवासरे इदं पुस्तकं लिपतं विश्वनाथ पांडे मोचके।

Subject—छंदों का वर्णन है।

No. 392. Singāsanabatīsī (Vikramabatīsī) by Śivanātha of Asanī (Fatahpur). Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size—10½ × 4¼ inches. Lines per page—7. Extent—775 Anushṭupa Ślokas. Appearance—New paper. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1861 or A. D. 1804. Date of manuscript—Hijarī 1256 or A. D. 1878. Place of deposit—Rāja Pustakālaya, Bhingā.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ विक्रमबतीसी लिख्यते शिवनाथ कवि कृत ॥ दोहा ॥ गौरीनंदन गजवदन भागिवंत गुन माल। कृपा करो मो दीन पर बरनो ग्रंथ विशाल ॥ १ ॥ बानीजू दानी सदा मानो सकल जहान। तीनो पुर रानी कहो मोहि देत वरदान ॥ २ ॥ है ऐसो बलरामपुर दाता ज्ञाता लोग। पूरबदिशि विजुलेश्वरी दूरि करैं तन शोग ॥ ३ ॥ नदी रापती कोस भर उत्तर दिशा सुहात। देखैं ते पातक कटैं पुन्य अधिक सरसात ॥ ४ ॥ सात कोश पटनेश्वरी राजैं दिशा इशान। अवध पचीसै कोस है दक्षिण को परमान ॥ ५ ॥ तवन सहर में भूप हैं नवल सिंह जनवार। तिनके द्वै सुत दानिया कवि लोगन पर प्यार ॥ ६

End—इति श्री सिंहासन बतीसी मुकनल पुतरी कथा द्वात्रिंसमः समाप्तः ३२ श्री महाराजकुमार श्री भैया अर्जुन सिंह हेत कवि शिवनाथ विरचिते अर्जुन प्रकास ग्रंथ समाप्तम् ॥ दोहा ॥ भाषा कीन्हो जानिकै अर्जुन सिंह के हेत। बानी संस्कृत में रही सुक्ष कथा सिरनेत ॥ महापात्र शिवनाथ कवि असनी बसै हमेस। सभा सिंह को सुत सही सेवक चरन महेश ॥ जोरौं मैं कर कविन्ह सों चूक परी जो होइ। ताको देखि सुधारियो अरजो जानो सोइ ॥ इति श्री सिंहासन बतीसी समाप्तम् शुभमस्तु सिद्धिरस्तु श्री महाकालो देव्यैनमः श्री सरस्वत्यैनमः ॥ सर्व देवायनमः। सन् १२६५ साल श्री।

Subject—प्रार्थना व राजवंश वर्णन—पृ० १—२। विक्रमादित्य-उत्पत्ति कथा, गंधर्व का इन्द्र के श्राप से लोक में आना, भर्तृहरि और विक्रम २ पुत्रों का जन्म भर्तृहरि व विक्रम दोनों का क्रम से राज पाना—पृ० ३—११ तक। राजा भोज का सिंहासन पाना—१२—१४। प्रथम पुतली पंज मंजरी की कथा—१५—१६। बत्रावती पुतली और जयवंती की कथा, पृ० १७। चंपा, मंजुघोषादि की कथा—१८—२३ तक। रोपा, कपिलावती, विचित्रा की कथा—२४—२९ तक। मदन सेना, मदपिंडरी, गंगा की कथा—३०—३१ तक। रतन मंजरी,

मानवती, चन्द्रमुखी की कथा—३२—३५ तक। चन्द्रमोहनी, कमलावती, अनंग-ध्वजा की कथा—३६—३८। मंगलावती, सुभद्रा, सुभग पिंजरी की कथा। ३९—४० तक। चंद्रिका, कमलसुधि, दुतीही की कथा—४१—४२ तक। रूप सागरी, नवभेषा, चंद्रकला, विचित्रा की कथा—४३—४७। घोषा, सोम पिंजरी, मुक्तनल की कथा—४८—५१ तक, कविवंश वर्णन—५२ पृ०। इति।

No. 393(*a*). Rasa Brishṭī by Śiva Nātha of Puwaya. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—10 × 6 inches. Lines per page—50. Extent—1,535 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Saṃvat 1942 or A. D. 1885. Place of deposit—Paṇḍita Avadhesa Panday, Village Khamaharihā, Post Office Baranāpur, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः॥ अथ रस वृष्टि ग्रंथ लिष्यते॥ दोहा॥ श्री गणपति पद वंदि कै उर धरि शिव सुष धाम॥ शारदादि महिदेव कवि करि करजोरि प्रणाम॥ सब मिलि मोहि कृपा करौ देहु विमल हिय दृष्टि॥ राधा हरि शृंगार सुष कियो चहौं रस वृष्टि॥ वारिज नैन सोहै एकई रदन जाके सुषमा सदन सो सहाय करि सति के*॥ सब सुषसागर उजागर गुनाकर है बुद्धिवर नागर देवैया शुभ गति के। विमल करन ज्ञान ध्यान धरि शिवनाथ संकट हरण ये चरण गणपति के*॥ दारिद दहन सुरतरु को ग्रहण सोहै मूषक वाहन विहगन षलमति के॥ ३॥ जै वाणी गुन षानि मातु अघ हानि करनि तुव॥ जै अंबिका भवानि दानि कल्याण करण भुव॥ जयतनाम तव दास आस संतोष ज्ञान ध्रुव॥ वंछित फलदातार सकल संसार चरण छुव॥ चारि पदारथ कर बसै देवि दरिद्रादि नाशनी॥ करिय कृपा शिवनाथ पर विदित ब्रह्मपुर वासनी॥

End—अथ कृष्ण जू को शांत रस वर्णन॥ दोहा॥ और कछू न सोहाय पह एकहि रस अनुराग॥ सो सम रस बरनत सुकवि उर उपजत वैराग॥ सवैया॥ दाड़िम दाषन ऊषन भूषन मापन चापन को विसराई॥ कंदन खंदन गंदन बंधन चंदनि चंपकि चंद निभाई॥ जो अधरा मधु माधव चाषि लगो रद लाल अमोल मिठाई॥ तादिन ते शिवनाथ उठाइ उठाइ धरी वसुधा की सुधाई॥ राधे जू को शांत रस॥ कवित॥ जादिन ते पोरोसो पिछौरी ओढ़े देष्यो तुम्हे तादिन ते विना देषे पोरोतन परि गई। अंगनि अंगोठो सों अंगारन को तपै ताहि सषिन सों बोलि चालि पेलिबो बिसरि गई॥ लगी जकजको बकबको टकटको लाल मूरति तिहारो प्यारो प्राणन मे भरि गई॥ आसन बसन वास चंदन ते चंपक ते चन्द्रमा ते चांदनी ते चौगुनक जरि गई॥ काम क्रोध लोभ मोह दंभ नित भाषत हैं॥

गुण कहानी कहै चापै पटै रस को ॥ करै ततवोर धोर नेक ना धरत उर विषय को बड़ाई करि गावैं नर जस को। साधनते चरचा न करै रो जाते हरै अघ बोलत कुवाल वाक जाइ पाप वस को। रसना हठोली हठ छोड़ि शिवनाथ कवि कवधौ परैगो तोहि रामनाम चसको ॥

Subject—इसमें नवरस, हाव-भाव, नायक नायिका-भेद आदि का वर्णन है। उदाहरण में श्री कृष्ण और राधिका का प्रेम वर्णित है।

No. 393(*b*). Rasa Raṇjana by Śiva Nātha. Substance—Country-made paper Size—24×7 inches. Lines per page—48. Extent—72 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhakura Naunihāla Siṃha, Kaṇṭhā, Unāo.

Beginning—अथ रस रंजन सिंगार आदि नौ रस को ग्रंथ शिवनाथ कवि कृत से संग्रह कुछ करत हैं। अथ तीनौ नाइका को भेद ॥ दोहा—त्रिविधि महामाया भई तीन भेद परकास। स्वीया परकीया कही पुरजोषिता विलास। तीनों के भेदनि रहे तीनि लोक परिपूरि। इनही ते उपजत जगत यही सजीवनि मूरि ॥ २ ॥ स्वर्ग मनुज पाताल फल तीनौ कौ जिय जानि। देव मनुष अरु नारकी जीव तीनि मन मानि ॥ ३ ॥ सत गुन रज गुन तम गुनी तीनौ के तन जानि। सेत लाल अरु स्यामहू रंग क्रिया हू मानि ॥ ४ ॥

End—सवैया—जुवती गन में ठट कूप पै ठाड़ो जवै नंदलाल पै दीठि करै। उत्साह सो बोलि उठै हंसि हाथ सहेली के हाथ धरै ॥ सब लोगनि की तजि लाज तहां निज नाह तिहीं दिसि लै डगरै। भरिकै धरिकै अपनी गगरी खरी और सखीनि कौं पानि भरै ॥ २ ॥ आठौ गांठि सठ नायक में यथा—विहंसनि मनसा कर्मना चितवनि वाचा चाल। चातुरता औ आतुरो आठ गांठि ऐ लाल ॥ १ ॥ हे लाल ये तिहारे अंग में आठ गांठि जे गांठि गंठीलो नाइका होइ तिन सों तुमसौ ठीक जोर बनि है ॥ हम गंठीलो नाहीं हैं ताते हम से तुम से नाहीं बनैगो जोरी ॥ अनभिज्ञ नायका को सवैया—

नारि कछू दिन को अरु आय बहिक्रम योगिही होई।
काम को भेद न जाने कछू दुल हो तन हेरै प्रतिकूल गोई ॥
रैन दिना लरिकान को संगति खेलन कौं रहै खेलन कोई।
वारन जानि सुजान कहै अनभिज्ञ मनोहर नायक सोई ॥ ३ ॥

Subject—नायक के तीन भेद वर्णन। ३ लोक, ३ गुण, ३ देव, ३ कर्म वर्णन। स्वकीयादि वर्णन का दोहा वारन कृत रसिक विलास से वर्णित। उत्तमा, मध्यमा, अधमा नायका वर्णन। पृ० १

मुग्धा नायका वर्णन, हाव-भाव-लक्षण वर्णन, उद्दीपन व आलंबन वर्णन, आठ स्थायी भाव वर्णन, चेष्टा वर्णन, शठ नायक में आठौ गांठि वर्णन—पृ० २

No. 394(*a*). Amarakōsha Bhāshā by Śiva Prasāda Kāyastha of Bhingā (Baharāich). Substance—Country-made paper. Leaves—137. Size—$13\frac{3}{4} \times 5\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—22. Extent—3,740 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1874 Samvat or A. D. 1817. Date of manuscript—Saṃvat 1876 or A. D. 1819. Place of deposit—Bābū Padamabaksha Siṃha Lavedpur (Bhingā), Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ वंदौ श्री गुरुचरन जुग हरन सकल भव त्रास। जा जाने सुर सिद्ध मुनि कियो ब्रह्म में वास ॥ १ गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु सिव गुरु गणेश गुर राम। गुरते दुजो और नहि सहित शक्ति अभिराम ॥२॥ ताते गुरु पद वंदिये भव वारिध को पोत। पोत सरित तरिवो करै यह भव तारन होत ॥ ३ ॥ अमरकोष भाषा कियो लीजै सुकवि बिचारि। सुरवानी बुध लोग को भाषा अबुध निहारि ॥ ४ ॥ छंद अधिक बहु ग्रंथ में है पढ़िवो अति क्लिष्ट। ताते द्वै अति सरल लषि पढ़त सबै करि इष्ट ॥ ५ ॥ चौपाई औ दोहरा ये द्वै छंद प्रसिद्ध। हौं याही में ग्रंथ किय है दोहन को वृद्धि ॥ ६ ॥

End—अमर तीसरे कांड मों आठ वर्ग को देषि। चारि वर्ग भाषा विषे आवत काज विशेषि ॥ १ ॥ सो मैं भाषा करि कह्यो दोहा छंदहि माह। भाषा विषे प्रवीन सो पढ़िहै जो करि चाह ॥ २ ॥ चारिवर्ग जो लिंग के भाषा मो नहिं होइ। स्त्री पुंस नपुंसकहि इस्त्रिन पुंसक सोइ ॥ ३ ॥ ताते भाषा नहिं करो नाम-मात्र को काज ॥ संस्कृत शब्द जु होत हैं आवत जे सब काज ॥ ४ ॥ लिंग भेद भाषा विषे बिन कारज को पेषि। ताते छोड़ौ चारि ये स्वार्थ रहित कों देखि ॥ ५ ॥

पौष मासे शुक्ल पक्षे तिथि पूर्णमास्यां विवस्वद्वासरे शिवचरेण लिखत सम्वत १८७६।

Subject—प्रार्थना व निर्माणादि वर्णन। स्वरादि कांड, प्रथम सर्ग वर्णन-पृष्ट १—२९ तक। पर्वतादि औषधि नदी वृक्षादि नाम तथा सिंहादि जीव संज्ञा वर्णन—पृ० ३०—६० तक। स्त्री वर्ग और रोगादि नाम वर्णन, शरीर नाम, गहनों के नाम, सुगंधित वस्तुओं के नाम, यज्ञ वस्तुओं के नाम वर्णन। पृ० ६१—८३ तक। पालतू जानवर, राजा, व्यवहारिक वस्तुओं तथा कारबारियों के नाम वर्णन। पृ० ८४—१०० तक। गाय के अंगादि नाम, रंगों के नाम, सुवर्णादि के नाम,

शराब, जुवा आदि व्यसनों के नाम द्वितीय काण्ड—पृ० १०१—१०९ तक। विशेषणादि ४ वर्ग का अनुवाद वर्णन। पृ० ११०—१३७ तक। इति।

No. 394(*b*). Vaidya Jīwana Bhāshā by Śiva Prasāda. Substance—Country-made paper. Leaves—18. Size—10½ × 5 inches. Lines per page—11. Extend—600 Anushṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rāja Pustakālaya, Bhingā.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा—फागुन सुदि को पंचमी गुरु वासर सुभ पाइ। शिवप्रसाद भाषा रचत लोलिम राज बनाइ ॥ श्लोक एक प्रति भाषा में छंद एक है ॥ छंद मत्तगयंद सुंदर गात सुभावहिते अरु प्रीति रमा हिय मात्र रुदाई। धाम अहै किमि स्यामल देत सुमंगल को सबहो कह भाई ॥ रक्त सरोरुह सेा पद लोलहि राषत है यह वेदन गाई ॥ वंदत हैं हर मौलि जटा करि गंग तरंग सु निर्मल ताई ॥ पुनर्यथा ॥ वाम सवै मह रत्न सुदो सत द्रष्टि सदां सुख कवि लिखोई। श्रृंग सुसप्त सुधाम अहै अस पाए अठारह वाहुते होई। सेा शिव भक्ति भजे करि भक्ति धरी शत पाद्य अमी यक रोई ॥ हे घट अश्वनि तो परदक्ष दनोदत्त सर्व सुधाधर सेाई ॥ २

End—छप्पय छंद ॥ वेद अथर्वन वाक्य रहा जो काल विचारेा। कहे परम परमान धनंतरि केवल भारेा ॥ मरजादा जो गान दिवाकर पंडित जानेा। शशि सेा प्रगट्यो पुत्र सुधानिधि सम अनुमानेा ॥ अति बड़ो काव्य जिन प्रगट किय समा नृपति भूषन गनित। यह तिया उक्ति जोवन व पद लोलिमराज सुकवि भनित ॥

इति श्री वैद्य जीवने लोलिमराज कृत वैद्य शिवप्रसाद कायस्थ भाषा विरचितायां सप्तमोल्लासः ॥ समाप्तम् ॥ इति ॥

Subject—प्रार्थना छंद १—६ तक। वैद्य-लक्षण, ज्वर का काढ़ा, सन्नपात का काढ़ा, तिजारी और चौथिया का काढ़ा, शीतज्वर, विषमज्वर, ज्वरप्रतिकार छंद ७—७८। अतीसार ज्वर, महागंगाधर चूर्ण। संग्रहणी प्रतीकार। छंद ७९—१०५ कास स्वास सूतिकादि प्रतिकार। छंद १०६—१४७। छर्दि रोगान्त कफादि प्रतिकार। छंद १४८—१९२। मदन उत्पात प्रतिकार, अतिकृशता, रति पुष्टि, विश्वताप-हरन, अतीसार, पंचामृत पर्पटी रस, विस्वासिनो वल्लभ रस। छंद १९३—२१६—इति।

No. 395. Kakaharā by Śiva Prasāda of Saraiyā, Baharāich Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—8 × 6 inches. Lines per page—18. Extent—90 Anushṭupa

Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Saṃvat 1924 or A. D. 1867. Place of deposit—Gangādīna Iśwarī, Village Udawāpur, District Baharāich, Post Office Baranāpur (Oudh.)

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ ककहरा लिष्यते ॥ सहर सरैयां वास करो जगवाजगो वजारा । सिवप्रसाद गरीव के एक रामनाम अधारा ॥ अपनो अपनो कछु ना चलै सतगुरु होउ सहाय ॥ चौपाई ॥ कका कासो जानु सरीरा । गुरु उपदेस ते करुमन धीरा ॥ कवहुक चोला वास करु भाई । गुरु उपदेस वसै तहं जाई ॥ खखा खरच करो दिन थोरा । आगे का कुछ होइ उजेरा ॥ वादि गया दिन आवहिं न चेता । वीज ऊसर लै वोयऊ पेता ॥ गगा गरवित भयऊ अचेता । तासे चिरियां चुनि गई पेता ॥ वहु प्रकार सव विधि समुझावा ॥ तवहूं न मूढ़ ज्ञान कछु आवा ॥ घघा घरहिं परो सव मूला । विनु गुरु ज्ञान फिरै जग भूला ॥ जो तुम सार सब्द पहिचानौ काहेक इत उत भटका मानौ ॥ दो० ॥ चरन ग्रसे दस साहस वोरत गहिरे कुंड अरधनाम जव टेर करो परकरि निकारे सुंड ॥

End—अपनो जन जानिय प्रभू मोहि राषिय सरना गती धाती मंगल चार जुग जुग देहु मैं वर मांगतो ॥ जेहि नाम मनसा धयन धरी कछु काहत वीर गुन पारसो ॥ ग्यान सकल अपधूत मारग दीन कर मोहि आरसो ॥ सिव प्रसाद गुर चरनन परे आधीन होई ईश्वर मग ते जेहि जल्म होइ साचेत दिढ़ मत राम गुन सेइ त्रासते ॥ दो० ॥ सब संतन की दया ते लिषा ककहरा गाइ । भूल भटक जो होइ कछु सतगुर सेठ बनाय ॥ लालन को यह हाट है भला कहै कोइ कूर । तापर चित ना दीजिए अपुरा है भरपूर ॥ सत गुर हंस काज कै दोना । अमो सजीवन हंसा लीना । दुष दस मारग को गति पावै । छिन में आवै छिन में जावै ॥ सिवप्रसाद चरनन के चेरे । राम रसाइन पिये सवेरे ॥ दोहा ॥ संत रंगीले राम हैं राम रंगीले संत ॥ सिवप्रसाद रंगीले संतन चरन परसत गुर कोन महंत ॥ इति श्री ककहरा सिवप्रसाद कृत संपूरन सुभ मस्तु दसखत । रघुवर दास संवत १९२४ अगहन मासे कृष्ण पक्षे तिथौ द्वितीयाम शुक्रवासरे ।

Subject—ककहरा में उपदेश के दोहे और सतगुरु की महिमा तथा उनकी सेवा का फल वर्णन है ।

No. 396. Kriśṇa vilāsa by Śivarāja Mahāpātra—Substance— Country-made paper—Leaves—140. Size—9 × 5¼ inches. Lines per page—12. Extent—1.417 Anushṭupa Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date

of Manuscript—Saṃvat 1800 or A. D. 1742. Place of deposit—Rājā Bhagwān Baksha Siṃha, Rāja Amethī, District Sultānpur (Oudh).

Beginning—पृ० ९ से—तत्र मुग्धा लक्षन ॥ दोहा ॥ नूतन जोवन की झलक जा तिय के तनु होय ॥ ताको मुग्धा कहत हैं कविवर पंडित सोय ॥ यथा ॥ खंजन को सुघराई कछु बिन अंजन नैननि आनि ढई है ॥ पूरन चन्द सों चारु कछु मुष को छवि सोभित बाल भई है ॥ ओप भई उर औरे भटू गति मंद गयंदनि की जो लई है ॥ मैन महोपति जोवन को बसिबो तिय के तन सोख दई है ॥ दोहा ॥ मुग्धा के दो भेद ये कविजन करत विवेक । एक कहत अज्ञात है ज्ञात यौवना एक ॥ तत्र अज्ञात यौवना लक्षणम् ॥ दोहा ॥ निज तनु यौवन आगमन जो नहि जानै नारि । ताहि कहत अज्ञात है लक्षण सुकवि विचारि ॥ यथा ॥ सवैया ॥ जाय जनी सो कहो अरि कै यह कैसो कछूक उपाधि भई है ॥ रोजहि रोज बढै उर में दिन द्वैक सौं रो यह रोति लई है । बात कहे ते हसों तुम्हरो यह तोहि दई किन सोख दई है ॥ नाहिं करै कछु याको इलाजहि आपने काजहिं भूलि गई है ॥

End—लोजै सकल बिचारि जो बुधिबल करि करि चेत ॥ कह्यो है मैं संक्षेप सों-बालबोध के हेत ॥ बनौं नहीं जहं बर्नने लक्षण लक्ष्य बिचारि । कहत जो कवि शिवराज हैं, लोजो सुकवि सुधारि ॥ ऊंचे तरुवर फरन को बालक हाथ पसारि । ताहो विधि या ग्रंथ में बरनौं मति अवधारि ॥ गनत औगुन कों कबहुं बड़े जु नर जग कोइ । करत सदा उपकार को वह कैसो जो होय ॥ छमियो मो अपराध है विनय करत कर जोरि । ढिठई करि भाषो यहां ग्रन्थ बड़ो मति थोरि ॥ भानुदत्त मत बूझि के, चन्द्रालोक बिचारि । बरणों कृष्ण बिलास है यथा बुद्धि अनुसारि ॥ ७३७ ॥ इति श्री कृष्ण बिलासे शिवराज महापात्र बिरचिते अभिधा उत्तिम मध्यम अधम काव्यध्वनि वर्णनं नाम दशमोल्लासः समाप्त मासोत् ॥ सम्वत् अठारह सौ सुषद वा ॥

Subject—(१) पृ० १ से × पृष्ट तक—प्रथम उल्लास (लुप्त)

(२) पृ० × से १८ पृ० तक—द्वितीय उल्लास—धीरादि भेद—वर्णन ।

(३) पृ० १९—३१ तक—तृतीय उल्लास—परकीयादि भेद—वर्णन ।

(४) पृ० ३२—५० तक—चतुर्थ उल्लास—अष्ट नायिका भेद—वर्णन ।

(५) पृ० ५१—६४ तक—पंचम उल्लास—नवमो नायिकादि सखी इत्यादि लक्षण—वर्णन ।

(६) पृ० ६५—७६ तक—षष्ट उल्लास—नायक-भेद—वर्णन ।

(७) पृ० ७७—८० तक-सप्तम उल्लास-सात्त्विक भेद लक्षण लक्ष्य वर्णन ।

(८) पृ० ८१—१०० तक—अष्टम् उल्लास—स्थायी भाव, रस शृंगार लक्षण, लक्ष्य, दश दसा दर्शन, हाव वर्णन।

(९) पृ० १०१—१२७ तक—नवम् उल्लास—व्यभिचारी नवरस, रस विरोध, रस सबलता, भाव सबलता, भाव-शांति, भाव-उदय, राज विषयादि-रतिरसाभास और रीति चतुष्टय।

(१०) पृ० १२८—१४० तक—दशम् उल्लास—व्यंजना, लक्षण, अभिधा, उत्तम, मध्यम, अधम काव्य, ध्वनि वर्णन।

Note—यह 'कृष्ण विलास' नामक रीति-ग्रंथ महापात्र शिवराज जी ने, भानुदत्त के मतानुसार चन्द्रालोक को पढ़ कर लिखा है। इसमें नायक-नायिका-भेद, रस, रसों के अङ्ग और काव्य के भेदों की समुचित व्याख्या की गई है। उदाहरण भी उत्तम दिये गये हैं। लेखक की असावधानी से कहीं कहीं अशुद्धियां हो गई हैं। पुस्तक के प्रथम के ८ पृष्ट लुप्त हो गये हैं, अंत के पृष्ट का भी पता नहीं है। इस पुस्तक के प्रस्तुत अंतिम पृष्ट के भाग से पुस्तक का सम्वत् १८०० के लगभग लिखा जाना प्रतीत होता है। संवत् "१८ सौ सुखदत्त" से यही निष्कर्ष निकलता है कि वह १८१२ या १८२२ को लिखी हुई है। यदि यह 'वा' 'वार' का प्रथमाक्षर है, तब वह १८०० में लिखी गई होगी। पुस्तक में कवि ने अपना तथा पुस्तक कालादि का विशेष परिचय नहीं दिया है। संभव है पुस्तक के आदि के लुप्त पृष्टों में कुछ इस विषय का उल्लेख हो।

No. 597(*a*). Amarakosha Bhāshāe by Rājā Śiva Siṃha of Bhinagā. Substance—Country-made paper. Leaves—291. Size—8½ × 4 inches. Lines per page—20. Extent—5,100 Anushṭupa Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—1874 Saṃvat or A. D. 1817. Place of deposit—Maharāja Rajendra Bahādura Siṃha Mahōdaya, Bhingā.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ बंदौं श्री गुरु चरन युग हरन सकल भय त्रास। जा जाने सुर सिद्धि मुनि कियो ब्रह्म में वास ॥ १ ॥ गुरु ब्रह्म गुर विष्णु शिव गुरु गनेश गुरु राम। गुरु ते दूजो और नहिं सहित सक्ति अभिराम ॥ २॥ ताते गुर पद बंदिए भव बारिधि को पोत। पोत स नित तरिबो करै यह भव तारन होत ॥ ३ ॥ अमरकोष भाषा कियो श्री सिवसिंह विचार। सुर-बानी बुध लोग को भाषा अबुध निहारि ॥ ४ ॥ छंद अधिक बहुग्रंथ में है पढ़िबो अति क्लिष्ट। ताते द्वै अति सरल लखि पढ़त सबै करि इष्ट ॥ ५ ॥ चौपाई श्री

दोहरा ये द्वौ छंद प्रसिद्ध । हौं याही में ग्रंथ किय है दोहन को वृंद ॥ ६ निर्माण काल ॥ (१७८४) वेद सत अरु अष्ट कहि पुनि ससि संवत जान कृष्णपक्ष नभ शुक्ल लषि तिथि तेरस पहिचानि ॥ ७ ॥

End—अमर तीसरे कांड में आठ वर्ग कों देखि । चारि वर्ग भाषा विषें आवत काज विशेष ॥ १ ॥ सो मैं भाषा करि कह्यो दोहा छंदहि मांह । भाषा विषै प्रवीन सो पढ़िहैं जो करि चाह ॥ २ ॥ चारि वर्ग जो लिंग के भाषा में नहि होइ । स्त्री पुरुष नपुंसकहि इस्त्रि नपुंसक सोइ ॥ ३ ॥ ताते भाषा नहिं करौं नाममात्र को साज । संस्कृत शब्द जु होत जहं आवत तहवां काज ॥ ४ ॥ लिंग भेद भाषा विषें विन कारज कों पेखि । ताते छोड्यो चाहिए स्वार्थ रहित कों देखि ॥ ५ ॥

वर्ग आठ हू का प्रमाण ॥

विशेष लिंग वर्ग १	संकीर्ण वर्ग २	अनेकार्थ वर्ग ३	अव्यय वर्ग ४	स्त्री लिंग विशेष वर्ग ५	पुल्लिंग विशेष वर्ग ६	पु० नपुं० लिं० वि० वर्ग ७	स्त्री० पु० वि० वर्ग ८	तृतीय कांड वर्ग ८
३०९	१२८	५१५	५५	+	+	+	+	१०१२

प्रथम कांड वर्ग ११	द्वितीय कांड वग १०	तृतीय कांड वर्ग ८	अमरकोष कांड ३ वर्ग २९
५७८	१६४५	१०१२	३२४५

इति श्री महाराजकुमार विशेनवंशावतंस वरिवंड सिहात्मज सर्वदवन सिंह तनूज शिवसिंह कृते अमरकोष भाषायां तृतीय खंडः ॥ इति ॥

Subject—अमरकोश प्रथम खंड—पृ० १—५७ तक ।

द्वितीय खंड—पृ० ५८ —२१४ तक ।

तृतीय खंड—पृ० २१५—२९१ तक ।

No. 597(*b*). Amarakōsha Bhāshā by Rājā Śiva Siṃha, of Bhingā Rāja, Baharāich. Substance—Country-made paper Leaves—196. Size—13 × 5½ inches. Lines per page—21.

Extent—4,620. Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character Nāgarī. Date of Composition Saṃvat 1874 or A. D. 1817. Date of manuscript Samvat 1875 or A. D. 1818. Place of deposit—Bhaiyā Santa Baksha Siṃha Guthawar, Baharāich.

No. 397(*c*). Bhakti Prākāmśa by Rājā Śiva Siṃha of Bhingā Rāja Baharāich. Substance—Country-made paper. Leaves—71. Size—6¼ × 4¾ inches. Lines per page—30. Extent—1,050. Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition Saṃvat 1852 or A. D. 1795. Place of deposit.—Maharājā Rājendra Bahādur Siṃha Jī, Bhingā Rāja, Baharāich.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ कवित्त—वारन वदन बौ रदन एक छवि छाजै राजै तिहुंलोक को निकाई सुखकंद को। आनंद सरूप भरयौ सेंदुर भुसुंड ऐसो सोभित परमचारु काटै दुखदुंद को ॥ कामना को कल्पतरु चारयो फल देत जानि मानि जन आपनो जु मेरै भवफंद को ॥ जनन को पालक सकल अघ घालक भजु आनंद को कंद पारवती पति नंद को ॥ १ ॥ जपत रहत ते वे पावत परम पद सकल समूह सुख आनंद विस्तारे हैं। विपति विदारि तारि केते पाप पुंजनि ते दीन्हो है निवास वैकुंठनि विहारे हैं ॥ केते दीह दुसह अजेय कौरव आदि देवि कीन्हो तू अरेप पंड रुंड महिडारे हैं । मैं तो मन वच क्रम ऐसो दृढ़ जानत हौं चंडी के चरन भवसिंधु के नवारे हैं ॥ २ ॥

दोहा—जहं दोहा विपरीति करि सोई सोरठा नाम।
ग्यारह तेरह मत्त पद वरनहु अति अभिराम ॥ ३ ॥

सोरठा—रघुवर कथा अपार गुन समुद्र वरनो कहा।
को नर पावै पार नाथ रावरे कृपा विनु ॥ ४ ॥

End—अथ स्तुति कवित्त—जाको चतुरानन सहित पंच आनन सहस्र मुख गानन करत गुन नाम को। पावत न अंत संत देवता सुरेस मुनि ध्यावत रहत नित जाके रूप ग्राम को ॥ जन सिवसिंह सोई जगत को पालक है घालक है वोघ अघ सोई नाम राम को। दीजै मोहि जानि जन भक्ति अम्बिका के पाइ बसै चित आइ कै अचल सुख धाम को ॥ ५३८ ॥

दोहा—जाके गुन गन को नहीं पावत अन्त अनन्त। सो अति लघुमति पाइकैं क्यों वरनौं भगिवन्त ॥ ५३९ ॥ इति श्री भक्ति प्रकाश श्री रामचन्द्र चरित्र वर्नन समाप्तम् सुभ मस्तु ॥ सिद्धिरस्तु श्रीराम ॥ श्रीमहाकालो जो को सरन हौं श्री ॥

Subject—गणेश व देवी वंदना वर्णन—छंद—१—२। सोरठा तथा दोहा के लक्षण और उदाहरण वर्णन, निर्माणकाल वर्णन, छं० ३—१०। हरिगीतिका लक्षण उदाहरण, तोमर छंद लक्षणादि वर्णन छं० ११—१६ तक। प्रमानिका या नगस्वरूपिनी, त्रोटक, सोमराजी, रोला, ससिवदना, घनाक्षरी, संजुता, कुंडलिया, माधविका लक्षण वर्णन—छं०—१७—४८ तक। छप्पय, हीरा, पादाकुलिक, सुलक्षना, नाराच, चामर, तिलका, सुंदरी, मौक्तिक माला, मत्त मातंग, लक्षण और उदाहरण छं० ४९—९१ तक। लक्ष्मीधर, भुजंगप्रयात, तारक, रामायण, दोधक, बंधु, नाया, संख नारी, मालती, अक्षर पंक्ति, कमला, सवैया लक्षण उदाहरण वर्णन, छंद—९२—१३९ तक। मदन मनोहर, सुलक्षण, मोदक, मोहन, तारक छन्द, कंद, स्वागत, हंस, तनुमध्य और मल्लिका लक्षण और उदाहरण वर्णन—छं० १४०—२०७ तक। चंचला, चित्रांगदा, तामरस, डिल्ल, मालती सवैया, भ्रमरावली, सुंदर, नागस्वरूप, समानिका, हारी, उपस्थित लक्षण और उदाहरण वर्णन छं०—२०८—२९२ तक। तुंग, गंटिका, द्रुत विलंबित, स्रग्धिणी, चौपैया, पदनील, प्रमिताक्षरा, हरिनी, वृत, पंच चामर, तोनी, क्रीड़ा द्रमिला, मुक्ता और किरीट के लक्षण व उदाहरण—छं०—२९३—३४८ कमला, चौपाई, इन्द्रवज्रा, चंचरी, सुंदरी, सारवती, त्रिभंगी, लक्षण व उदाहरण। छं० ३४९—४६० तक। विजय, चंद्रकला, लक्ष्मीधर, मानवबंध, मोहन, और स्तुति वर्णन—छं० ४६१—५३८ तक। इति॥

No. 397(*d*). Bhāshā Vritta Manjarī [by Maharāja Śivasiṃha of Bhingā Rāja (Baharāich). Substance—Country-made papers. Leaves—29. Size—6¼ × 4¼ inches. Lines per page—28. Extent 392 Anuṣṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit.—Mahā Rāja Rājendra Bahādura Siṃha, Bhingā Rajā (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ शोर.....य सुमिरि चितलाय गौरी नन्द अनन्द मयं।.....भाषा कहौं बनाइ मत पिंगल अवलोकि कै॥ १॥ दोहा॥ भाषे नाग अनेक विधि छंद बिबिधि बिधि नाम। सो मत लै कविजन कियो ग्रंथ वृत्त सुखधाम॥ २॥ तिनको मत लै कहत हौं कछु छंदन की रीति। नाम तासु वृतमंजरी कवि जनको जो प्रीति॥ ३॥ अथ गुरुविचार॥ संजोगी के प्रथम को बरन दुमत्त समेत। कहि दीरघ अनुसार जुत कहुं चरनान्त उपेत॥ ४॥ अथ लघु को विचार॥ सुद्ध एक फल लघु कहत कहुं दीरघ लघुमानि। भा.....क विधि सो संक्षेप बखानि॥ ५॥

End—बत्तीसाक्षरी कवित्त रूपक घनाक्षरी छंद यथा ॥ विपति विदारन है मुक्ति के.....रति है कोटि छवि वारन है तारन जगत नित । अघ को विदारन है कामना संवारन है विपति विदारनि है निश्चर निकर जित ॥ पलनि को घालक है दैत उर सालक है जनवर दालक है मेरे सो बसत चित ॥ अंबिका तिहारे पांय कोटि कोटि छवि छाय मेरे मन वच काय रावरे सरन हित ॥ १० ॥ इति श्री भाषा वृत्तमंजरी दंडक छंद वर्णनं नाम षष्टमः ६ ॥ समाप्तम ॥ शुभमस्तु सिद्धिरस्तु श्री महाकाली जीव को सरण हैं ॥ श्रीराम ॥ इति ॥

Subject—गणेशवंदना, नाग कवि के पिंगल का आधार वर्णन । गुरु लघु विचार, व्योममाला छंद, दीर्घ लघु उदाहरण वर्णन पृ० १—२ । गण, देवता, फल विचार, दग्धाक्षर, मित्र सत्रुगण, मात्रावृत्त छंद, वर्णवृत्तछन्द वर्णन पृ० ३-७ तक । गाथा छंद, गीति छंद, उपगीति, दोहा, दोहा—भेद, रोला छंद, छप्पय समेद, पृ० ८-१४ तक । कुंडलिया, चौपैया, त्रिभंगी, अभिराम छप्पय, अमृतध्वनि वर्णन, पृ० १५—१६ तक । दुमिल सवैया, लीलावती, सुभग, मरहठा छंद पृ० १७—१८ तक । श्रीछंद, उल्का श्रीछंद, नारी छंद, प्रिया, नाया, प्रहदा, मधु छंद, मही छंद, सवास छंद, व्योममाला, पद, हरिनी, वंधु, मोटनक, अनुकूल, सुंदरी, मोहन, तामरस, मनि, मालती छंद वर्णन पृ० १९—२१ । पंकज वटिका, हरिलीला, रामायण, सुप्रिया, विशेषिका, शिषरनी, क्रीड़ा, चंदु, गीतिका, अग्घरा, विजय, मत्तगयंद, चन्द्रकला, मनोहर, मदनमनोहर, भुजंग, विजृंभत छंद वर्णन पृ० २२—२७ तक । दंडक, सर्वतोभद्र छंद, सालूर, अनंगशेखर, घनाक्षरी, रूपक घनाक्षरी—पृ० २८—२९ । इति ।

No. 397(*e*). Bhāshā Britta Ratanawali by Mahārāj Śhiva Simha of Bhingā (Baharāich). Substance—Country-made paper. Leaves—17. Size—$6\frac{1}{4} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—30. Extent—210. Anuṣṭupa Ślokas. Complete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Mahārājā Rājendra Bahādur Simha Mahodaya Bhingā Rāja (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ शुभग वृत्त रत्नावली छन्द शास्त्र सुखानि । सो ताको भाषा कियो गिरिजा पद नुति ठानि ॥ १ ॥ अथ अष्ट गण नाम ॥ मय रस तज मन अष्टगन पिंगल नाम बखानि । बरन एक उचारतें लीजे क्रम सों जानि ॥ २ ॥ मनगल तीनों होत हैं भय गल आदि कहंत । रजलग भधि सो जानिए सतलग भाषत अन्त ॥ ३ ॥ अथ गण देवता फल विचार ॥

मन महि सूर्य श्री सुषद भय शशि जलजस वृद्धि । रजपावक रवि मृत्युरुज सतकष गमन न सिद्धि ॥ ४ ॥ अथ गुरु विचार ॥ संयुक्ता दिग विदु जुत पुनि विसर्ग कल होइ । स्वर दीरघ गविकल्प लग चरन अंत गल होइ ॥ ५ ॥ अथ लघु विचार ॥ जो विभिन्न गुरु गहत कवि एक मात्र लघु जानि ॥ ह्रस्व दीर्घ इग सद्द के आदि कहूं लघु मानि ॥ ६ ॥

End—अथ एक त्रिसाक्षर कवित्त कामः ॥ कीजै यकतीस जानि वरन प्रमान ठानि षोडसे विराम पद लषि परमानिए । भाषते फनीस मत कवीस ऐसे पिंगल बषानि सो कवित्त काम ठानिये ॥ कहैं कविलोग गुरु चरन विराम लषि कीजै पद जमक विलोकि इमि जानिए । वेद पद गाए सो सकल सुख भाए रचि विमल सोहाए ऐसो छंद पहिचानिए ॥ ९६ ॥ दोहा ॥ गुरु लघु लक्षन जो कहै यामें विविध विचार । उदाहरन ताको कियो पद छंदनि सुष सार ॥ ९७ ॥ इति श्री भाषा वृत्त रत्नावली समाप्तम् शुभमस्तु सिद्धिरस्तु श्री महाकाली देव्यैनमः ॥ श्री राम श्री ॥ इति ।

Subject—गणेश वंदना छं० १ । गणनाम वर्णन—छं० २—३ गणदेवता फल विचार और गुरु लघु विचार छं० ४—८ तक । वर्ण वृत्त छंद—हंस, गुरु लघु संज्ञा, छंद लक्षण वर्णन और चक्र वर्णन, छं०, ९—१७ । तारो छंद तीनों, वारि, पंक्ति शशिवदना, सोमराजी, मदलेषा, मधुमती, विद्युन्माला, नागस्वरूपिनी, छन्दों के लक्षण और उदाहरण छं० १८—२८ । चित्रपदा, मानव वंद, अनुष्टुप छंद, कमला, मनिवंध, रुपमाली, पंचकला, सारवती, अमृतगति, हंसी, सुंदरी, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति—छंद लक्षण और उदाहरण वर्णन छं० २९—४३ । रथोद्धता, स्वागता, दोधक, मालिनी, हरिणप्लुता, द्रुत विलंबित, तोटक, प्रमिताक्षरा, स्रग्विनी, भुजंग प्रयात, वंशस्थ, इंद्रवंशा, उपजाति, कुसुम विचित्रा, छंद लक्षण और उदाहरण पृ० ४६—५६ । पुष्पिताग्रा, प्रभावती, प्रहर्षिनी, वसंततिलका, मालिनी, भ्रमरावली, चामर, नाराच, पृथ्वी, हरिणी, शिखरणी, मंदाक्रान्ता, चित्रलेखा, शार्दूल विक्रीड़ित, शोभा स्रग्धरा, सवैया तरंगता, मदिरा, मालती, चित्रपदा, मल्लिता, माधविका सवैया के लक्षण और उदाहरण वर्णन—छं० ५७—७८ । दुर्मिल, तन्वी, कमला, भुजंग विजृंभित वर्णन—छं० ७९—८२ । अथ मात्रा वृत्त—गाथा, उपगीति, दोहा, रोला, छप्पय, कुंडलिका, चौपैया, त्रिभंगी छंदों का लक्षण उदाहरण वर्णन छं० ८२—९१ । अथ दंडक वर्णन । सर्वतोभद्र छंद, चन्द्र वृष्टि प्रयात, मत्तमातंग, अनंगशेषर, कवित्त कामः लक्षण उदाहरण वर्णन—छं० ९२—२७ तक । इति ।

No. 397(*f*). Kāvyadukhana Prakāśa by Mahārājā Śiva Simha of Bhingā (Baharāich). Substance—Country-made

paper. Leaves—26. Size $6\frac{1}{4} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page —28. Extent—275. Anuṣṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character Nāgarī.—Place of Deposit—Mahārājā Rājendra Bahādura Siṃha of Bhingā Rajā (Baharāich).

श्री गणेशायनमः ॥ छन्द बरवा ॥ गौरी सुअन शुभ वदनै रदन विचारु । विघुन हरन विधि कीधौं यह संसार ॥ १ ॥ वारिज जात षडानन आनन अंक । सिद्धि सदन गज मुख लषि अवदन संक ॥ २ ॥ सुक्रवार अष्ठमि तिथि सिति वैसाख । प्रगट करयौ यह ग्रंथै करि अभिलाष ॥ ३ ॥ नाम धरयौ या ग्रंथै बरनि विचारि । काव्य दुषन परकासै सुकवि सुधारि ॥ ४ ॥ लषि दूषन उल्लासें कवि प्रियान । सो संवित करि बरनै अति हित मानि ॥ ५ ॥ नहि समरथ करिबेकी जुक्ति नवीन । याते सुकवि छंदै पदजुत कीन ॥ ६ ॥ अर्थ पदारथ वेई बरने सोइ । छंद भेद करि भाषे नाम मिलोई ॥ ७ ॥ नाम प्रगट करि बरनै कवि निज सर्व । हौं कैसे करि भाषौं मति अति षर्व ॥ ८ ॥ ताते प्रगट न भाषत राषि विगोइ । जुकवि सुमति लषि जानै और न कोई ॥ ९ ॥ कौन बरन मंगल जग करि रिपु कौन । सो बरनै या ग्रंथै लषि कवि तौन ॥ १० ॥ अथ दूषन वर्नन तत्र प्रथम अप्रउक्ति दूषन वर्नन ॥

End—चौपाई ॥ यह प्रहेलिका जानो विमल । सुधे.....उलटे अमल ॥ ५० ॥ सान । यह प्रहेलिका कहो अनूठो । सुधे सीतल उलटे झूठो ॥ ५१ ॥ पाला । सुनो सबै प्रहेलिका हाल । सुधे नभ वसि उलटे लाल ॥ ५२ ॥ तारा—छंद बरवा—करि प्रकास दीपक जहं लघु लषिलेन । त्यों दूषनन दुरन कछु यह कहि देत ॥ ५३ ॥ लषि विरोध कछु यामें छमि अपराध । हौं लघुमति कवि गुरु मति परम अगाध ॥ ५४ ॥ इति श्री काव्य दूषन प्रकास विरचितायां प्रहेलिका वर्णन नाम त्रितीयोऽध्याय ॥ ३ ॥ समातम् शुभ मस्तु सिद्धिरस्तु श्री महाकाली जीव की सरण हौं ॥ इति ॥

Subject—गणेश वंदना, निर्माण तिथि, ग्रंथ नाम, रचयिता का नाम वर्णन पृ० १—२। अप्रयुक्त दूषण वर्णन, अंध दूषण वर्णन। अमित, बधिर, अगतापंगु, नाम वाक्य, नाश, हीन रस, मृतक दूषण, असमर्थ, जतिभंग, ग्रामीण। व्यर्थ, वायस पांति, मरालिका, अपार्थ वर्णन। कायर स्थूल कृष्ण दूषण और क्रमहीन दूषण कथन पृ० ३—५ तक। क्लिष्ट, कर्णकटु, अनुवीक्षण, पुनुरुक्ति, प्रतत्प्रकर्षन, देश विरोधी, पात्र दुष्ट, काल विरोध, नस्तानस्त, लोक विरोधी, नेमानेम, न्याय आगम विरोधी, बालमति, अत्र अक्ष, रसहत वृत्ति, पिंड वाक्य विरोधी, बरन वाक्य विरोधी, अवस्था वाक्य विरोधी, भेष वाक्य विरोधी,

दूषन, देश वाक्य विरोधी, वरन अपक्षापक्ष, समय सिगार विरोधी दूषण वर्णन पृ० ६—१० तक। कवितालंकार वर्णन। कामधेनु लक्षण, कंकण बंध, कमल बंध, धनुष बंध, गोमित्रका, अश्वगति, कपट बंध लक्षण वर्णन, पृ० ११—१५ तक। निरोष्ट लक्षण, मात्रा रहित, बहिर्लापिका, अन्तरलापिका, सासनोत्तर लक्षण वर्णन, पृ० १६—१९ तक। प्रहेलिका लक्षण, वर, सांड, जूता, चना, बंदूक, जाल, यशोदा, कुच, नौका, मराल, खटिया, बाट, राज, मोहर, जर, सर, वारन, कपि, नर, बाग घोड़े को, गज, मन, पगड़ी, बरगद, सुआ, सीतल, बाजू, दाल, सारस, बरद, बादर, छुरी, काम, बकरी, तोर, धाम, दादुर, धाम, मछरी, नींद, बेसर, बीरा, बोरकानेको नारि नषत, सुधाकर, नगर, सान, पाला और तारा आदि प्रहेलिकाओं का वर्णन है, पृ० २०—२६ तक।

No. 397(*g*). Rāma Chandra Charitā by Mahārājā Śiva Simha of Bhingā Rājā (Baharāich). Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—$6\frac{1}{4} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—30. Extent—100 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1857 or A. D. 1800. Place of deposit—Mahārāja Rājendra Bahādura Simha, Bhingā Rāja (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा। जो करता हरता सदा पालनता संसार। तापद बंदन कीजिये रहत सबनि तें पार ॥ १ ॥ अग्नि वेस्य मुनि मत निरषि बरने कथा विचारि। रामचन्द्र के गुन कछु अति अपूर्व सु निहारि ॥ २ ॥ छंद हरिगीतिका—पूरब हिरन्य कसिप भयो दिति तनय दैतनिराज है। नरसिंह रूप धर्यो हरी तिन हयो देवनि काज है ॥ विश्रवा सुत पुनि सो भयो नकता चरी सो आइ है। तिहि नाम रावन जानिए त्रय लोक को दुखदाइ है ॥ ३ ॥ कवित्त—ताहि बधिबे कों दसरथ सुत भयो हरि लीन्हो अवतार नाम राम जग जानिए। तोरयो हर धनुष विदेह धाम राम जब पक्ष वर्ष रस सोय उमिरि प्रमानिए ॥ द्वादस बरस पुनि अवध बितायो धाम त्यागि बनवास वेष तापस बखानिए। रामनग नष सोय भूति वर्ष जानि मन ऐसियै बहि ग्राम विपिन वास जानिए ॥

End—छंद गीतिका—पुत्र दै श्रीराम कों पुनि सोय वास धरा किए। ताहि सों गनि लीजिए षषदि गुन इंदुहि लै दिए ॥ अंक लषि परिमान वर्ष सुराज पुनि रघुवर कहे। फिर दई पुत्रन्ह अनुज पुरजन सहित सुरपुर कों लहे ॥ ४१ ॥ दोहा—मासवार तिथि सम प्रभू जो कछु कीन्हे कर्म। त्यागि और सोई कहे यामें कछु न भर्म ॥ ४२ ॥ रघुवर चरित प्रकास कर बरने ग्रंथ

विचारि। रामचन्द्र आनन्द जग वंद फंद भवतारि ॥ ४३ ॥ निर्माणकाल :— वेद ससी जम कुसन तिथि सप्तमि सित गुरुवार। मास मादि दे बीच लषि संपूरन सु विचार ॥ ४४ ॥ मुक्ति बरन कल्यान पद अर्द्ध द्विदल रिपु ब्याल। ये पूरन मिलि नाम जिहि कियो ग्रंथ हित बाल ॥ ४५ ॥ इति श्री रामचन्द्र चरित संपूर्नम् सुभः ॥

Subject—प्रार्थना, निर्माणकाल कथन, अवतार के कारण वर्णन। छं० १—४ तक—

राम विवाह वर्णन, वन गमन, सूर्पनखा का नाक कान छेदन, सीता-हरण, सुग्रीवमिलन, सेतु-बंधन का तिथियों सहित वर्णन। छं० ५—१९ तक।

अंगद रावण संवाद, मेघनाद का नागफांस में बांधना, धूम्राक्ष-वध, चक्र प्रहस्त, कुंभकर्ण वध, अतिकाय वध, नारान्तक वध, अकंपन वध, लक्ष्मण-शक्ति, मेघनाद-वध-वर्णन तिथियों सहित। छं० २०—२७ तक—

महापार्श्वादि वध, रावण-युद्ध, रावण वध, विभीषण को राज तिलक, राम का अयोध्या गमन, भारद्वाज के आश्रम में आना, राम-भरत भेंट, राम का सीता को परित्याग, लवकुश उत्पत्ति, सीता जी का अवसान, राम का राज्य को बांटना, राम का सपरिवार स्वर्ग जाना, निर्माणकाल और कवि वर्णन तिथियों सहित। छं० २८—४५ तक।

इति।

No. 397(*h*). Śrutibōdha Bhāshā by Mahārājā Śiva Simha of Bhingā Rāja (Baharāich). Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—$6\frac{1}{8} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page —32. Extent—200 Anuṣṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Mahārāja Rājendra Bahādura Simha Mahodaya, Bhingā Rāja (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ सोरठा ॥ गगुरल लघु मन आनि प्रणत गौरि हर विमल पद। कहे सुकवि पहिचानि छंद सबै श्रुति बोध के ॥ १ ॥ दोहा ॥ आदि मध्य पुनि अंत गो भजसा लेहु विचारि। यरता लो पहिचानिए मन गल सुकवि निहारि। दीरघ बिंदु विसर्ग गो संयुक्ता दिन अल। चरन अंत लग वरन गो कहि फणि ताहि विकल्प ॥ ३ ॥ अथ छंद लक्षणम् छंद आर्या यथा ॥ प्रथम तीसरे आनो रस दो मत्ता विचारि के ठानो। दूजे अंक दुआनु पद चौथा आर्या तिथि मानु ॥ ४ ॥ गीति छंद यथा ॥ विषमे भान करीजै ॥ सब पद मत्ता अंक द्वै दीजै ॥ या विधि सों जहं कीजै। गीति छंद सोई नाम कहीजै ॥ ५ ॥

End—अथ ऊन बिंसाक्षर शार्दूल विक्रीड़ित छंद ॥ यथा ॥ आदौ दो पुनि तीसरो रस वसु गो द्वादसो जानिता। आदित्यो सम येक चौदह वसु द्वै दीर्घ सो मानिता ॥ त्योंही सचुह ऊनबिंस गुरु विश्रामो तहां आनिता। मापे सेस सुमानु मेरु सुभगो सार्दूल विक्रिड़िता ॥ ४२ ॥ एक बिंसाक्षर स्रग्धरा छंद यथा ॥ चत्वारो जासु वर्ना प्रथम सु गुरु कै षष्टगो सप्त मो है। कीजै गो चौदहो सो तिथि रिषि दस है धृतिः बिंशो जुगो है ॥ एको बिंसाग आनो विरति हरदसो छंद से सो कहो है। गाए सोई कवी सो सकल गुन जुतो स्रग्धरा नाम सो है ॥ ४३ ॥ इति श्री श्रुत बोध समाप्तम् शुभ मस्तु सिद्धि रस्तु ॥ श्री महाकाली जीव को सरण हैं ॥ श्रीराम ॥ इति ॥

Subject—गणेश गौरि हर वन्दना वर्णन—छं० १। गण व दीर्घ ह्रस्व वर्णन—छं० २—३। आर्या छंद, गीति, उपगीति, हीति छंद लक्षण उदाहरण वर्णन-छं०—४—७। पंक्ति छंद, ससिवदना, मदलेषा, अनुष्टुप श्लोक, मानव क्रीड़ा, नाग स्वरुपिणी, विद्युनमाला, मणिबंध लक्षण व उदाहरण वर्णन छं०—८—१५। पंचकमाला, मंदाक्रांता, हंसी, सालिनी, दोधक इन्द्रवज्रा उपेन्द्रवज्रा, उपजाति छंद लक्षण व उदाहरण—छं० १६—२३। विपरीति पूर्वा, रथोद्धता, स्वगता, तोटक, भुजंगप्रयात, प्रमिताक्षरा, द्रुत विलंबित, हरिनीयुता, वंशस्थ, इन्द्रवंशा, प्रभावती छंद के लक्षण व उदाहरण वर्णन, छं०२४—३५। प्रहिर्षिनी, वसंततिलका, मालिनी, हरिनी, शिखरनी, पृथ्वी, शार्दूलविक्रीड़ित, स्रग्धरा छंद के लक्षण व उदाहरण वर्णन। छंद—३६—४३ तक। इति ॥

No. 398. Śiva Siṃha Sarōja by Śiva Simha of Kānthā, Unao. Substance—Country-made paper. Leaves—490. Size—8 × 6 inches. Lines per page—56. Extent—9,000 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in prose and Verse. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Saṃvat 1931 or A.D. 1874. Place of deposit—Ṭhākura Digvijaya Siṃha, Tālukedāra, Village Dikaulī, Post Office Bisawañ, District Sītāpur.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सिवसिंह सरोज लिष्यते ॥ अकबर कवि श्री मोहम्मद जलालउद्दीन अकबर बादशाह। शाह अकब्बर बाल को बांह अचित गही चलि भीतर भाने। सुन्दरी द्वार ही दृष्टि लगाय के भागिवे को भ्रम पावत गाने ॥ चौकत सो सब ओर विलोकत शंक सकोच रही मुष

मौने। यों छवि नैन छबोले के छाजत मानो विछोह परे मृगछौने ॥ १ ॥ शाह अकब्बर एक समै चले कान्ह विनोद विलोक बालहिं। आहट ते अबला निरख्यो चकि चौंकि चली कर आतुर चालहिं। त्यों बलि बेनी सुधारि धरी सुभई छवि यों ललना अरु लालहिं। चंपक चारु कमान चढ़ावत काम ज्यों हाथ लिये अहि बालहिं ॥ २ ॥ केलि करै विपरीति रमै सो अकब्बर क्यों न रतो सुष पावै। कामिनि की कटि किंकिनी कान किधौं गन प्रीतम के गुण गावै ॥ विंदु छुटो मन में सो लिलाट ते यों लट में लटको लगि आवै। साहि मनोज मनोचित में छवि चंद लए चक डोरि खिलावै ॥

End—(१) हरीराम प्राचीन ॥ संवत १६८०। इनका नख सिख अति सुंदर है। (२) हिमाचल राम कवि ब्राह्मण भटौली जिला फैजाबाद सं० १९०४ सीधो सादो कविता है ॥ (३) हीरालाल कवि ॥ शृंगार में बहुत उत्तम कवित्त हैं। (४) हुलास कवि—ऐजन ॥ (५) हरचरण दास कवि। इन्होंने एक ग्रंथ भाषा साहित्य में महा सुंदर अद्भुत अपूर्व बृहत कवि वल्लभ नाम बनाया है इस ग्रंथ में अपने ग्राम सन् संवत आदि का पता नहीं दिया है। (६) हरिचंद कवि बरसाने वाले ग्रंथ बहुत सुंदर बनाया लेकिन सन संवत नहीं। (७) हजारी लाल त्रिवेदी विद्यमान हैं। नीति शांति संबंधी इनकी काव्य सुंदर है। (८) हरिनाथ ब्राह्मण काशी निवासी १८२६ संवत इन्होंने अलंकार दर्पण नामक ग्रंथ बनाया। (९) हिम्मत बहादुर नवाब ॥ बलदेव कवि ने सतगिरा विलास में इनके कवित्त लिखे हैं ॥ संवत १७६५ वि०। (१०) हिम्मतराम कवि सदन कवि ने इनकी प्रशंसा की है। (११) हरिजन कवि ललितपुर निवासी संवत १९११ राजा ईश्वरी नारायन सिंह काशिराज के यहां रसिक प्रिया की टीका की ॥ (१२) हरिचंद कवि बंदीजन चरखारी वाले। राजा छत्रसाल चरखारी के यहां थे ॥ (१३) हुलास राम कवि सलिहोत्र भाषा में बनाया। इति श्री शिव सिंह सेंगर कृत शिव सिंह सरोज समाप्तं संवत १९३१ लिषतं गौरीशंकर ॥

Subject—इस शिव सिंह सरोज में लगभग १००० कवियों के नाम पुस्तक नाम उनकी कविता का कुछ नमूना निर्माणकाल निवास स्थान का पूरा पता आदि भली भांति वर्णन किया है। पुस्तक उत्तम है।

No. 399(*a*). Rasapiyūsha Nidhi by Soma Nātha of Mūttra. Substance—Country-made paper—Leaves—148. Size—12 × 7½ inches. Lines per page—30. Extent—2,775 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1794 or A.D. 1837. Date of

manuscript—Samvat 1941 or A.D. 1844. Place of deposit—Paṇḍita Syāma Vihārī Miśra, Golāganja, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रसपीयूष लिष्यते । छप्पय—सिंधुर बदन अमंद चंद सिंदुर भाल धर। एकदंत दुतिवंत बुद्धि निधि अष्ट सिद्धि वर ॥ मद जल श्रवत कपोल गुंजरत चंचरीक गन ॥ चंचल श्रवन अनूप थोंदि थिरकति मोहति मन ॥ सुर नर मुनि बरनत जोरि कर गुन अनंत इमि ध्याइ चित । ससिनाथ नंद आनंद कर जय जय श्री गननाथ नित ॥ १ ॥ कवित्त—अमल अनंत नव नीरद बरनवंत प्रगटे अवनि पै अनादि निरधारे हैं। असुर बिदारे दुख पुंज निरवारे कोरि सकल सुधारे काज गूढ़ गुन भारे हैं ॥ जहां जेहि ध्याये तुम तहां ठहराये आइ रूप उजियारे सोमनाथ उरधारे हैं। जै श्री रघुराइ कह्यो चारौ फल दाइक दुलारे दशरथ के हमारे प्रान प्यारे हैं ॥ २ ॥ कंचन के रंग अंग आनन अरुन राजै उद्धत फंदैया नीर सागर दुरंत के। श्री कौ महामंगल संदेसो पहुंचैया और लंक बिनसैया औ फिरैया सब संत के ॥ सोमनाथ बरनै समीर के सपूत सांचे सेवक समीपी रघुबीर बलवंत के ॥ कंत अवनी के ह्वै अनंत सुख पावै गुन गावै नर ऐसौ जो हठीले हनुमंत के ॥ ३ ॥

End—सवैया—सागर सील उजागर कीरति आनन्द के उपजावन हारे। आदि अनादि सरूप निरंजन इन्द्र कौं आछै बिभ्रावन वारे ॥ मोहन श्री ससिनाथ महाजग कौं घने खेल खिलावन हारे। लाज हमारी है राबरे हाथ ऐ नंद को गाय चरावन वारे ॥३०४॥ निर्माणकाल—सत्रह सै चौरानबे संवत जेठ सुमास। कृष्णपक्ष दसमी भृगी भयौ ग्रंथ परकास ॥ ३०५ ॥ छंद—श्री रघुनंद आनंद कंद हिय में ध्याइ सुख सरसाइये । ३०६ ॥ इति श्री मन्य महाराज कुंवर प्रताप सिंह हेत कवि सोमनाथ विरचिते रस पीयूष निधौ अर्थालंकार संश्रुति शंकर अलंकार वर्नन नाम एक विंसति मस्तरंगः २१ ॥ श्री रस्तु शुभ मस्तु श्री संवतु १९४१ श्रावण शुक्ल प्रतिपदायां बुधवासरे लिखित मिदं पुस्तकं बलदेव मिश्रेण श्री कृष्णाय नमोनमः ॥ श्री शिवायनमः ॥

Subject—मंगलाचरण पृ० १—२। राजकुल वर्णन--पृ० २—४। सभा वर्णन—पृ० ५। कविकुल वर्णन—पृ० ५—६। पिंगल, प्रस्तार, मर्कटी, पताकादि वर्णन—पृ० ७—१२ तक। मात्रावृत्त छंद वर्णन—पृ० १३--२०। वर्णवृत्त छंद वर्णन—पृ० २१—२४। काव्य सामिग्री लक्षण—अभिधा, व्यंजना आदि का वर्णन—२५—३२ तक। ध्वनि भेद वर्णन—पृ० ३३—३६। शृंगार रस भेद तथा स्वकीया नायका समेद वर्णन—पृ० ३७—४६ तक। परकीया तथा गणिका नायिका समेद वर्णन—पृ० ४७—५०। अन्य संभोग दुःखिता तथा

मानिनी नायिका सभेद वर्णन—५१—५२। स्वाधीनपतिका, खंडिता, कलहंतरिता, विप्रलब्धा, उत्कंठिता, वासकसज्या, अभिसारिका, प्रोषितपतिका, प्रवत्स्यपतिका, आगमभ्यति पतिका, नायका भेद वर्णन—पृ० ५३—६८ तक। उत्तमादि नायका तथा सखी भेद, उपालंभ, परिहास, दूती कर्म वर्णन- पृ० ६९—७२। नायक निरूपण, सखा, दर्शनादि भेद वर्णन पृ० ७३—८२। हाव भेद वर्णन—पृ० ८२—८६। वियोग शृंगार तथा दश दशाओं का वर्णन—पृ० ८७—९०। हास्य रस, करुण रस, रौद्र, वीर भेद, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत रस का वर्णन—पृ० ९१—९६। भाव ध्वनि वर्णन—९७—१०२। मध्यम काव्य गुणीभूत व्यंग के आठ भेद सहित वर्णन—१०३—१०६। काव्य के दोष वर्णन, वाक्य दोष, पद असमर्थ दोष, अश्लील, क्रमहीन, व्याहत, पुनरुक्ति आदि का वर्णन—पृ० १०७—११२। काव्य गुण वर्णन। माधुर्य, प्रसाद, ओज वर्णन—पृ० ११३—११४। चित्र काव्य और अनुप्रास वर्णन—पृ० ११५—१२०। अर्थालंकार निरूपण, पृ० १२०—१४७ तक। संश्रृष्टि और संकर अलंकार वर्णन तथा निर्माण संवत कथन—पृ० १४७—१४८। इति।

No. 399(*b*). Rasapīyusha Nidhi by Soma Nātha. Substance—Country-made paper. Leaves—76. Size—12 × 5 inches. Lines per page—28. Extent—4,332 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition Samvat 1794 or A. D. 1737. Date of manuscript—Samvat 1948 or A. D. 1891. Place of deposit—Ṭhakura Digviyai Simha Tālukedāra, Village. Dikanliyā, Post Office Bisawān, District Sītāpur.

No. 400(*a*) Śrī Jugalaśat kī Ādi Bāṇī by Śri Bhatta. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—12 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—600 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1893 or A. D. 1841. Place of deposit—Paṇḍita Ganeśjī, Village Rakabā, Post Office Sisaiyā, District Baharāich, Tahsīl Kesarganj (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ श्री लाड़िलो लाल को जय। श्री निवादित्यायनमः श्री आदिवाणी जुगुल शत श्री भट्ट जी महाराज कृत लिष्यते संवत १८९८ माघ मासे कृष्ण पक्षे शुभ दिन॥ छप्पै॥ कल्प विटप श्री भट्ट प्रगट

कलि कल्मष। दुख दूरि कर जे नर आवै सरण ता, त्रय तिनकी हरहो तत दरसो ते होहिं हस्त जा मस्तक धरहों गुण निधि रसिक प्रवीन भक्ति दसधा के आगर। राधाकृष्ण स्वरूप ललित लीला रस सागर कृपा दृष्टि संतन सुषद भक्ति भूप द्विज वंशवर कल्प विटप श्री भट्ट कलि कल्मष दुष दूरि करि॥ अथ आदि वाणी श्री युगुल शत तत्र प्रथम सिद्धांत सुष लिष्यते॥ पद आभास दोहा॥ राग केदारो॥ चरण कमल को दीजिए सेवा सहज रसाल घर जायो मुहि जानि के चेरो मदन गोपाल॥ पद इकताला॥ मदन गोपाल सरन तेरो आयो। चरन कमल को सेवा दीजै चेरो करि राषौ घर जायो॥ धनि धनि मात पिता सुत बंधु धन जननी जिन गोद खिलायो। धनि धनि चरन चलत तीरथ को धनि गुरु जिन हरि नाम सुनायो। जे नर विमुष भये गोविंद सो जन्म अनेक महादुष पायो। श्री भट्ट के प्रभु दियो है अभय पद जम डरपो जब दास कहायो।

End—तुम हमरे घर के जो पुरोहित लगों तिहारे पाई। यह बालक चपला सों न चौके तैसे करौ उपाई॥ श्रावण शुक्ल पक्ष एकादसी गोप मिल सब आई। बोले गर्ग विचारि मंत्र को सुत बनो भलो नंदराई। पच रंग पाटको दाम रचवौ नाना रतन लगाई॥ आगम निगम मंत्र सो नीके रक्षा करौ बनाई॥ श्री ब्रजराज आचरज सो सुनि तैसेई करवाई॥ मंत्र पवित्राखाम कंठ मैं गर्ग दई पहिराई॥ मानो घन थिर कीन्हो दामिनि सोभा लगन सुहाई। वाट रोम गल सब ब्रजपुर में श्री भट भई मन भाई॥ श्री लाल जी की बधाई लिष्यते॥ आभास दोहा॥ भागवती जसुमति अति भई। प्रफुलित लषि लाल गोकुल मंगल आजु सषि बाढ़यो बिसद बिसाल। पद तिताला। गोकुल मंगल आजु बधाई। रानी जसुमति के प्रगट है सुन्दर कुंवर कन्हाई। गोपी आपी थार लिये कर रवि छबि देषि लजाई॥ गावत आवत अविपावत मूरति लगति सोहाई। देषि देषि मुष स्याम सुन्दर को अंग अंग सचुपाई॥ भागवती जसुमति रानी अति सुतजायो सुषदाई। नृत्यत कोरति मुखिया जिन मुंह कमला करत बड़ाई। कर सनिमान सवन को तैसे जो जैसे मन भाई॥ नंद सदन में दूध दही की गोपिन कीच मचाई॥ आगन गोप ग्वाल गन नाचत आनंद मगन महाही। भाग सराहत श्री जसुमति को भाषत भूप भलाई॥

Subject—इसमें श्री कृष्ण राधिका की छवि ब्रजलीला वर्षा बहार, लालजी की बधाई, पवित्रा आदि का वर्णन है।

No. 400(*b*) Śrī Jugulaśataka by Śri Bhaṭṭadeva. Substance—New made paper. Leaves—20. Size—10 × 6 inches. Lines per page—40. Extent—650 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—

Samvat 1652 or A. D. 1595. Place of deposit—Śri Nimbārka Pustākālaya Maṇḍira Bābā Mādhavadāsajī Mahaṇta, Nānpārā, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री राधा सर्वेश्वरो विजयतेतराम् । श्री निम्बार्के दीनबंधु सुनि पुकार मेरी । पतितन में पतित नाथ शरण आयो तेरो । तात मात भगिनी भ्रात परिजन समुदाई । सब ही संबंध त्यागि आयो शरणाई । काम क्रोध लोभ मोह दावानल भारी । निशि दिन में जरौं नाथ लीजिए उबारी । अंबरीष भक्त जानि रक्षा करि धाई । तैसेई निजदास जानि राखौ शरणाई । भक्त वत्सल नाम नाथ वेदन में गायो । श्री भट्ट तव शरण आय अभयदान पायो ॥ १ ॥ रेमन वृन्दा विपिन निहार । यद्यपि मिलैं कोटि चिन्तामणि तदपि न हाथ पसार । विपिन राजसी याके बाहिर हरिहू को न निहार ॥ जय श्री भट्ट धरि धूसर तनु यह आसा उर धार ॥ २ ॥ दोहा ॥ सेव्य हमारे हैं सदा वृन्दा विपिन विलास । नंद नदन वृषभानु जा चरण अनन्य उपास ॥

End—अथ फल अस्तुति लिख्यते । श्री भट प्रगट युगुल शत पढ़ै कंठ तिहुं काल । युगुल केलि अवलोकतें मिटै विषय जंजाल । नयन बाण पुनि राग शशि गनौ अंक गति वाम प्रगट भयो श्री युगल शत यह संवत अभिराम ॥ १६५२ संवत । एक छप्पय १ दोहा आदि अंत मधिमान । शत पद आभासन सहित युगुल शत हद परमान ॥ छप्पय रूप रसिक सब संत जन अनुमोदन याको करौ । दस पद हैं सिद्धांत बीस षट वृजलीला पद सेवा सुष सोलह सहज सुष एक बीस हद । आठ सुरत इक उनबीस उत्सव लहिए श्रीयुत श्री भट देव रच्यो शत युगुल जु कहिए निज भजन भाव रुचिते किये इते भेद यह उर धरौ रूप रसिक सब संत जन अनुमोदन याकौ करौ हस्ताक्षर किशोरीदास ।

No. 401(*a*). Śalihotra Prakaśikā by Rājā Śridhara of Kherī Substance--Country-made paper. Leaves--160. Size 10/6 inches. Lines per page—44. Extent—5,280 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in Prose and Verse. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1896 or A. D. 1839. Date of manuscript.—Samvat 1920, or A. D. 1863. Place of deposit.—Thākura Durgā Simhajī, Dikauliyā, Post Office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सालहोत्र प्रकासिका लिष्यते ॥ श्री गणपति गौरी गिरा हरि हर के पद ध्याय । श्रीधर विरचित ग्रंथ को हय कुल को सुषदाय ॥ छप्पै छंद ॥ सिर पर लसत किरीट भाल पर तिलक विराजत ।

कुंडल कानन माझ गरे बनमाला छाजत ॥ पीताम्बर कटि कसे हाथ दक्षिनता जनवर। स्यंदन में आरूढ़ अस्व रसी बाएं कर ॥ डिग पारथ सो मुसकात लषि भोषम कहो सैना डरै। यहि भेष गुविंद अनंद मय मंगल श्रीधर को करै ॥ छप्पै छंद ॥ ब्रह्मा के सुत अत्रि अत्रि के चन्द्र बषानौ। जल स्वरूप भो तासु तनय गुन ग्यान निधानौ ॥ तासु बंस में भए मुनिंद महीपति जानौ प्रगट सालमल द्वीप तासु राजा उर आनौ ॥ तिन परसुराम सो युद्ध करि देह छोड़ि सुरपुर गये। सुत भूप भए वहि देस मां सकल उपद्रव बहु भए। दोहा ॥ तब रिषि बस्त विचार गे परसराम के पास। भाष्यो वंस मुनींद्र को किहि विधि होइ प्रकास ॥

End—कफ को होइ मिजाज जेहि चना देहु तेहि आनि ॥ रक्त मिजाजहि मारहो मो अरदावा को आनि ॥ टका तोल परमान सो कम दाना नहिं देइ ॥ टका तीन सै के ऊपर दाना अधिक न लेइ ॥ या विधि दाना दीजिए कद अरु भूप निहारि। जासो बाजो लघु रहै लीजै मतो विचारि ॥ सारंगधर अरु नकुल मत सालहोत्र को ग्रंथ। सो विचारि अनुसार मति भाषा कीन्हो ग्रंथ ॥ देषि सरल हरषत सुकवि षल निंदत हैं ताहि। देषि दर्प ज्वर बाचरे कटु कराति है ताहि ॥ सुकवि चतुर तिहुं लोक के तिन सब को सिर नाइ। विनती करत विनोत है सो सुनि ये चितुलाइ ॥ प्रगट प्रताप सुरावरो मेरी चूक विचारि। बाब दूक तुम आपु हो दीजै ताहि सवारि ॥ सोरठा ॥ षट आनन पद ध्याइ गौरि मंद गिरिजा गिरिस। हरि कुल को सुषदाइ श्रीधर कीन्हो ग्रंथ यह ॥ दोहा ॥ सालहोत्र प्रकासिका पढ़ै सुनै चितुलाइ ॥ बाजो ताके बहुत बढ़े गिरिजा होइ सहाइ ॥ इति श्री सालहोत्र प्रकासिकायां श्रीधर सुकवि विरचितायां ग्रंथ संपूर्णम् सुभ मस्तु मंगलं ॥ दसखत मोहन केर गोधनो गाउं सो जानिये ॥ संवत १९२० मारग मासे कसन पछे तिथौ तीजयां ॥

Subject—इस ग्रंथ में घोड़े की जाति, उत्पत्ति के देश रंग, शुभ अशुभ लक्षण, दोष, रोग, औषधियां सवारी की रीति बैठक, घोड़े के भोजन की रीति, घोड़ा रखने के स्थान, आदि का भली भांति वर्णन किया गया है।

No. 401(*b*). Vidwan Moda Tarangini by Rājā Śrīdhara of Kherī. Substance--Country-made paper. Leaves--136. Size--8 × 6 inches. Lines per page--34. Extent--2,313 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1900 or A. D. 1843. Date of manuscript--Samvat 1910 or A. D. 1853 Place of deposit--Ṭhakurā Maheswara Simha, village Dikauliyā, Post Office Biswān, District Sitāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ विद्वान्मोद तरंगिनी लिष्यते। कवित्त ॥ इतै सोभ मुकुट विराजै सोस फूल उतै इतै भाल पैरि उतै वेदी है पषान को। इतै श्रति कुंडल चौवा उतै राजत है इतै वनमाला उतै माला मुकतान को ॥ इतै पीतपट उतै सारी जरतारी सोहै दोऊ नेह भरे जोरी मानौ एक प्रान को ॥ श्रीधर की बानी बन्दै वर वरदान सदा नंद को किसोर पौ किसोरी वृषभान को ॥ सोरठा ॥ सुवा जानियो नाम वषत सिंह को लघु तनय। द्विज मत लै अभिराम श्रीधर कविता यो कह्यो ॥ दो० ॥ लै कवित सब कवित के निज मति के अनुसार। विद्वन्मोद तरंगिनी सुभ संवत अवतार ॥ प्रथम मंगलाचरन कहि कहौ ग्रंथ को हेत। नवरस यामें कहति हौं समुझौ बुद्धि निकेत ॥ कवित्त ॥ कारन भाव को भाव को रूप नवोरस पूरन कै दरसायो। नायका दूती रसौ मिलि जात इन्है करि न्यारोई भेदबतायो ॥ जन्म विता अवरोध विरोध पौ दृष्टि सबै रस भांति जनायो ॥ विद्वनमोद तरंगिनी श्रीधर आनद पानि बषानि बनायो ॥

End—दोहा ॥ एक बिनती मैं करत हौं कविजन सों करजोर। बिगरो बरन संभारियो मोहि न दीजो पोरि ॥ राधिका कृष्ण को यामें चरित्र विचित्र महा सुनि रीझि हैं ग्यानी ॥ अंग उमंग सपेत न छो रस राजत है अति हो सुपदानी ॥ विद्वनमोद तरंगिनी श्रीधर आनंदरूप अनूप बषानी ॥ याहि पढ़े गुन आनंद कीरति बुद्धि पौ सिद्धि मिलै मनमानी ॥ कुंडलिया छंद ॥ कविता या में लसत है सत कवि को अति चारु। विद्वनमोद तरंगिनी करो कंठ को हार ॥ करो कंठ को हार चारु श्रीधर कवि बरनी। सब अंगन ते सदा विराजत है मन हरनी ॥ हरनी दुष अरु दोष तिमिरि कोर जैसे सविता। याको पढ़ि विश्राम लोग करि हैं वर कविता ॥ दो० ॥ नव रस जल मैं उंस लहरि भाव भंवर से जानि। विद्वनमोद तरंगिनी श्रीधर कहो बषानि ॥ भाव उदै आदिक कह्यो अभिमुष आदिक जानि। यासो रहो तरंग में श्रीधर कह्यो बषानि ॥ इति श्री श्रीधर कवि विरचितायां विद्वनमोद तरंगिनी ग्रंथ सम्पूरन ॥ मासे अगहन मासे कृष्ण पक्षे तिथौ नवमीयां बुद्धवासरे संवत १९०० लिषतं मोहनलाल शुक्ल संवत १९१० ॥

Subject—इस ग्रंथ में नवरस भाव विभाव नायका नायक भेद और लक्षण वर्णन कहे गये हैं।

No. 402. Sūrsataka Purvardha 'Tīkā' by Śrīdhara of Benares. Substance—Country made paper. Leaves 34. Size—12 × 6 inches. Lines per page—11. Extent—748 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Written in Prose and

Verse. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1882 or A. D. 1825. Date of manuscript—Samvat 1921 or A.D. 1864. Place of deposit—Paṇḍita Rāma Shaṇkara Vājpai Village Bahori ka Vajpai ka Purwā, Post Office Sisaiyā, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री गोपीवल्लभायनमः ॥ सूरदास जी का कूट लिष्यते ॥ श्री गणेशायनमः ॥ अथ सूरदास जी के कीर्तननि को संग्रह करिवे को प्रथम मंगलाचरन ॥ दोहा ॥ श्रीवल्लभ विट्ठल वदत वंदत विसद विचार। बढ़त सुविधा बुद्धिबल विनसत विकट विकार ॥ १ ॥ यह संसार असार में हरि कीर्तन सुषसार। कहत करत सब अजहूं लौ बड़े अवर विसार ॥ उपकारक हैं सबन के हेतु अर्थ समुझाय। ताते गाये भक्त जन भाषा सरल सुभाय ॥ सूरदास तिन में भए जगत जात ज्यों सूर। गायो सब विधि कर सुजस हरि लीला रस पूर ॥ जिनके पद में गूढ़ बहु अर्थ भाव रस व्यंग। सुझ परै जेते तिते संग्रह कियो सुसंग ॥ श्रीमन श्रीगोपाल सुत श्री श्रीधर सुष दाय। जिनकी आज्ञा ते कियो भाव नगर में चाय। बाल कृष्ण की बीनती सुनिये रसिक सुपंथ। लीजै सुमति सुधारि के सूर शतक यह ग्रंथ ॥

End—राग नट ॥ मूल ॥ सुनरी हरिपति आजु विराजैं ॥ हरि गति चलत मंद भयो हरिवन बलकरि हरिदल साजे। हरि की चाल चलो चंचल गति हरि को हरि दुष छाजे ॥ सूरदास हरि को भज इक छिन विरह ताप तन भ्राजे ॥ अर्थ ॥ माननी नायका सों दूती की उक्ति मनाय के पधराय ले जात हैं ता समय को बरनत है ॥ सुनिरी हरि तेरे पति आज विराजे हैं संकेत में अथवा हरि जो मृग तेरे नेत्र तिनके पति चन्द्रमा सो प्रियतम को श्रीमुष आज विराजे हैं ॥ प्रसन्नता सों ताते नेत्र को मिलावो। हरि गज को मंद गति चलत विलंब होत है हरि जो सूर्य को बल मंद भयो अस्त भयो बल करि के हरि जो इन्द्र ताको दल मेघन को घटा होय आयो ताते उतावल सो चलिवे को समय है अथवा सूर्य अस्त भयो अब हरि जो काम देवता को दल चन्द्रोदय पुष्पन को विकास त्रिविधि पवनादिक सब सज भये ताते वेग चलो ॥ अथवा तिहारे मनावत तो विलंब भयो अब चलिवे मेहू विलंब होत हरि जो चन्द्रमा सो मंद भयो और हरि जो सूर्य ताको बल अरुनोदय की बिरियां भई ताते वेगि चलो ताते अब हरि हस्ता की गति चंचलताई से चलो ॥ अथवा हरि जो सर्प सो सर्प को परियाय दूसरो नाम उतावल को है सो उतावल सो चलो अथवा हरि जो पवन सो तोको तो पवन को नाई चलनो चाहिए ॥ काहेते जो हरि प्रियतम को हरि जो काम

ताको दुष है ताते अथवा हरि को दुष है सो तुम चलिके हरौ ॥ हरि जो प्रियतम तिनको तिहारे भजतें सुरति किया तें विरह ताप तन के सब भाजेंगे ॥ ताते वेगि चलौ अथवा सूरदास जो कहते हैं यह जो हरि जु को मान प्रसंग को लीला को भजत इक छिनु किए ते विरह ताप तन को भाजै ॥ इति शूर शतक को पूर्वार्ध संपूरन ॥ यह इतिहास सब पद को अर्थ भयो सुषदाय श्री गिरिधर महराज को अमित कृपा बलपाय संवत अष्टादस शतक अस्सो पर द्वै लेष मार्ग शिर वदि सप्तमी कवि कविता पथ देषि ॥ संवत १८८२ ॥

Subject—इस सूर शतक पूर्वार्ध में श्री श्रीधर महाराज ने सूरदास कृत कूट राग की टीका की है जिससे भली प्रकार पदो के अर्थ समझ में आ जाते हैं।

No. 403. Brahamavaivarta Purāna by Śri Govinda. Substance—Country-made paper. Leaves—33. Size—9 × 5 inches. Lines per page—14. Extent--280 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1867 or A.D.1810. Date of manuscript—Samvat 1952 or 1895 A.D. Place of deposit—Paṇḍita Bhagwān Dīnaji Miśra Vaidya, Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ ब्रह्मवैवर्त्त लिष्यते ॥ षट पद ॥ गौरीनंद यश अलंकार कविता युवती को राज अर्थ असि उक्ति वश्य कीन्हो जिन नीको ॥ यक्त ग्रंथ विच बोच फिरत जेहि दीन्हि नाम को ॥ तारि कोश कारक सो रहत कर सिद्धि धाम को ॥ जन जब गोविन्द मन कर्म वचन पंकज पद निज हिय धरत ॥ तब सगुण पानि निदान जगशो इकलिद तिनकर परत ॥१॥ कृपा अम्ब अवलंब आसकलि रलि विकशित कर। करण आण लहि सुरभि ताहि तन विकुच करसि वर ॥ यथा ॥ तथ्य सब निरषि पाइ हरि रूप जानि करि ॥ मेघा वरकर भान पदारथ पर्म पाइ धरि ॥ मृगमद विशान राधारमण दुर्ज्ज हृदै मम तब धरिय ॥ तेहि सुरभि उदै अस्ताचल पिदिविभूतल वासित करिय ॥ २ ॥ छंद भुजंगप्रयात ॥ सुधो देवो पद्मालया चारु सोहैं ॥ पदाब्जै लसैं भृंग नेत्राभि मोहैं ॥ महामोह विध्वंश कै ध्यान मानौ ॥ कियौं ईश है के जगदीश जानौ ॥ ३ ॥

End—नंद अनंदहिं पाइ पाइ सुत गोविंद श्री आधारा। विप्र वृंद सब पूजि पूजि कै दीन्हें दान अपारा ॥ ४२ ॥ मन हरन ॥ सुनत जगत ईश कनक अशन करि काम धुक काम तरु अग पशु जानियो ॥ सुरतपि विधि द्विज रूप धरिउ चितामनि माजिपरी ओव हरि सब सुख दानियो ॥ विष्णु लक्षि हिय

धरि सागर निवाश करि सागर उदर ताप अति दुख दानिये ॥ दानि वराह लाज पाइ करि यह गतिदान प्रमान का विधि वषानियै ॥ ४३ ॥ दोहा ॥ भइ अकाश-वानी बहुरि कंशकाल बृजराखि ॥ कन्या नंदहि आनि वसु दई आपनो भाषि ॥ ४४ ॥ इछा ॥ नंद नंद सुन्यो । नृप सोस धुन्यो ॥ जोवको पठई । क्षण माह हई ॥ ४५ ॥ इति श्री गोविंद विरचिते राधाकृष्ण विनोदे राधाकृष्ण जन्म वर्नेनो नाम तृतीयो सर्गः ॥ ३ ॥ वैश्यवैवर्त पुर्वार्द्धान्तरस्य गोलोक कथा प्रसंग सम्पूर्णम भाद्रकृष्ण तिथौ २ सेवा ॥ संवत १९५२ लिखित्वा शिवरत्न द्विजेन वासस्थान थहेल्या पाठनार्थ रामविलास मिश्र वासस्थान ब्रह्माच चौक बाजार के द्वारा ॥ राम राम ॥

पृ० १—१२ तक—पुस्तक का नाम, कविका श्री कृष्ण राधिका से प्रार्थना करना, निर्माण संवत व ईश्वर की महिमा का वर्णन, पुनः श्री कृष्ण की महिमा आदि का वर्णन किया है। पृ० १३—२३ तक—पृथ्वी पर अधिक पाप होने के कारण पृथ्वी का गाय रूप में भगवान के निकट जाकर प्रार्थना करना, प्रार्थना पर भगवान का पृथ्वी को धीरज बंधाना, जन्म लेकर पृथ्वी का भार उतारने का वचन देना आदि वर्णन किया है। पृ० २४—३३ तक—श्री कृष्ण राधिका का जन्म और उनके विहार तथा आनंद का वर्णन किया गया है। इसमें कृष्ण का जन्म और कृष्ण का राक्षसों को मारना, कंस को मारना, भक्तों को रक्षा करना, लिखने का संवत और लेखक का नाम आदि वर्णन है।

No. 404(*a*). Kavya Saroja by Sripati of Kālpi. Substance —New paper. Leaves—66. Size—13 × 8 inches. Lines per page—28. Extent—790 Anushṭup Slokas. Incomplete. Appearance, Old—Character— Nāgari. Date of Composition—Samvat 1777 or A.D. 1720. Date of manuscript—Samvat 1943 or A.D. 1886. Place of deposit—Paṇḍita Kṛishnabihari Miśra, Editor, Sāmālochaka, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ काव्य सरोज लिष्यते सोरठा ॥ लसत बाल विधु भाल चरन वसन मनिमाल उर । शंकर सुवन दयाल वंदत पद सुर असुर नित ॥ १ ॥ सेवक जन प्रतिपाल, एक रदन बारन वदन । विघन हरन ततकाल, विपति कदन मंगल सदन ॥ २ दोहा ॥ अलिसम स्वाद महान को जासों सुख सरसाइ । राचत काव्य सरोज सो स्रीपति पंडित राय ॥ ३ ॥ निर्माण काल संवत मुनि मुनि मुनि ससी, सावन सुभ बुधवार । असित पंचमी कौं लियो लसित ग्रंथ अवतार ॥ ४ ॥ सु कवि कान्यो नगर कौ द्विज मनि स्रीपति राइ । जस सम स्वाद जहान को बरनत सुख समुदाइ ॥ ५ ॥

End—अथ वीर रस विभाव—युद्ध दान अरु लघु दया बढ़ै जवै उत्साह। है विभाव रस वीर को प्रगट करै कवि नाह ॥ २० ॥ वीर युद्ध रसालंबन युद्ध कौं रावन आवत है जो सदा मुनि देवन कौं दुखदायक। जंभ अराति कौं दंभ दलौ सुर बानर नाहि सकौ सहि सायक ॥ पुछि मरोरि विलोकि भुजा निज माधुरी हास हंसो रघुनायक ॥ २१ ॥ मघवा रिपु को रन आवत हो वर वंब प्रलय बहरान लगो। जिनतो तित भागि चले कपि कायर गातन में थहरान लगो। कवि श्री पतिजू उत्साह नदो हिय लच्छन के थहरान लगो। डगरे डग केहरि के अनुहारि सुमुच्छ यहां फहरान लगो ॥ २२

Subject—वंदना, कवि वर्णन, काव्य लक्षण, उत्तम काव्य, मध्यम काव्य, अधम काव्य, वाच्य चित्र वर्णन। पृ० १ —४ तक शब्द निरूपण, वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ लक्षण सभेद, व्यंग सभेद, वाच्य सभेद, काकु, व्यंग के अन्य भेद, दोष वर्णन। अनर्थ, श्रुति कटु, गनागन विचार, यति भंग व्याहतार्थ, अप्रयुक्त, असमर्थ, उपहत, ग्राम्य, असंमत, भाषाच्युत, प्रतिकूल वर्ण। पृ० ५—२० तक। अर्थ दोष वर्णन तथा दोष निवारण। पृ० २१—३२ तक काव्य गुण कथन, अर्थगुन वर्णन, श्लेष, प्रसाद, ओज वर्णन, अलंकार वर्णन। पृ० ३३—५९ तक। रस—निरूपण। पृ० ६०—६५ तक।

No. 404(*b*). Kāvya Saroja by Srīpati of Kālapi. Substance —Country-made paper. Leaves—34. Size—12 × 6 inches. Lines per page—56. Extent—1,666 Anushṭup Slokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1777 or A.D. 1720. Place of deposit—Thākura Bīra Simha, Village Bhudarā, Post Office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

No. 404(*c*). Kāvyasudhākara by Srīpati of Kālapī. Substance—Country-made paper. Leaves—15. Size—9 × 4 inches. Lines per page—14. Extent—200 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1777 or A.D. 1720. Place of deposit—Rājapustakālaya Bhinagā (Bahraich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ स्याम स्याम अमर विटप श्री गुरु पद जलजात। जांचत द्विज श्रीपति सुकवि देहु सुमति अवदात ॥ १ ॥ सवैया ॥ नेम विना निति आनन्द में परतंत्र नहीं कछु पार न पावै। नौ रस

यामें सबै मधुरे द्विज श्रीपति चाहि कहा जस गावै ॥ नेसुक नाहि डरै जम सों इन भांतिन के गुन केते गनावै। वानो मई तिहुंलोक रच्यो कविराज विरंचि कौं सीस नवावै ॥ २ ॥ कवित किए तें पाइयतु परम सुजस धनमान। रोगन सें अरु दुखन सों कहै सबै मति मान। ३। केसव अरु गंगादि को सुजस रहौ जग छाय। यों बैरम सुततें लह्यो धन मुकुंद कवि राय ॥ ४ ॥ अकबर वरु दिल्लीस तें पायो मान अनूप। ख्यालहि में तब ह्वै गयो सुकवि वीर वर भूप ॥ ५ ॥ जगन्नाथ तें ज्यों नस्यो कवि दिनेस को रोग। मनोराम ज्यायो तनय जानत सिगरे लोग ॥ ६ ॥

End—दोहा—रसिक चकोरन कहं बढ़ै याते परम हुलास। काव्य सुधाकर रचित सो श्रीपति सुमति निवास ॥

भरत विबुध नर हनत दरिद दर, मिटत कलुष जर डरत असम शर। लसत गरल गर भरत कनक भर, सुजस धरनि तर रटत कुलिस कर ॥ दहत बिरह थर रहत निगम कर लहत सुमति धर सतत कहत हर ॥

दोहा ॥ जमक लेष अरु चित्र महं कहुं धुनि के कन होत। सबै बहर महं अधम है कवि कोविद उद्योत ॥ मेरे मत श्लेष में कहुं अपर धुनि होय। ताकों दरसै हौं सबै सहित ग्रंथ कवि लोय ॥ तामें मध्यम भेद है कहुं श्लेष देखाय। उत्तम भेदन ह्वै सकै कहैं महा कविराय ॥ कवित निरूपन पद कह्यो श्रीपति सुमति निवास। काव्य सुधाकर महं भई पहिली कला प्रकास ॥ इति श्री काव्य सुधाकरे निरूपनं समाप्तम् ॥ इति ॥

Subject—प्रार्थना, कविता की महत्ता व कवियों का उत्कर्ष वर्णन। पृ० १। काव्य गुण तथा कवि वंशादि वर्णन—पृ० २—३ तक। काव्य लक्षण, काव्य शक्ति—पृ० ४ उत्तम काव्य लक्षण, उदाहरण, मध्यम काव्य लक्षण व उदाहरण तथा अति काव्य मध्यम लक्षण व उदाहरण पृ० ५-६। मध्यम काव्य लक्षण व उदाहरण अधम काव्य लक्षण व उदाहरण—पृ० ७। अल्प मध्यम काव्य लक्षण व उदाहरण व उत्तम काव्य कथन—पृ० ८। अनुप्रास लक्षण व उदाहरण व उपपतिकादि उदाहरण—पृ० ९—१०। यमक लक्षण व उदाहरण, श्लेष लक्षण व उदाहरण। पृ० ११—चित्र काव्य सभेद। उदाहरण सहित—पृ० १२—१३ अतत्पर लक्षण, षोड़स दल चित्र काव्य तथा अधम काव्य वर्णन। पृ० १४—१५ तक।

No. 405. Śringāra Saurabha by Śri Rāma Bhatta. Substance—Country-made paper. Leaves—18. Size—11½ × 7½ inches. Lines per page—32. Extent—432 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—

Samvat 1942 or A.D. 1885. Place of deposit—Paṇḍita Syamabihāri Miśra, Golāganja, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ शृंगार सौरभ ग्रंथ लिख्यते ॥ मंगलाचरण कवित्त ॥ वृन्दा राजरानी आदि शक्ति जग जानी जहां अदब सों दबो सिद्धि संघनि हदीश को । दासो हेरे मासो औ उमा सो है खवासो खासो पावत न जान जहां मनहू सचोस को ॥ वायें कर वोर और दाहिने नवीन वर कोटि मारतंड को प्रकास नख वीस को । वात वारि जात नव पात पारिजात पदजात नित ईश को कि सीस जगदीस को ॥ १ ॥

दोहा—कही नायका नारिसों सुन्दर सुखद उदार । पिय हित रचति प्रवीनता रिझवावति रिझवार ॥ २ ॥ उदाहरण—लागत समीर लंक लचकि लचकि जात ललकि ललकि जात नजर निपातो है । विपुल नितंवन को उरज उतंगन को सिरज कदंबन को छवि छहरातो है । रामजी सुकवि अरविंद में फलिंद सम लोयन को बंदि बंदि मीन मुरझातो है । बनो बनितान में मसाल सो विशाल बाल और सकुचातो परो बातासो दिखातो है ॥

End—अथ परकीया आगतपतिका को उदाहरण । बेलि मनोहर चंपक को गरु काम के कंबुक के तुलही है ॥ स्वांस समीर लगै लचकै करि ब्रह्म सयान कवीन कही है ॥ बाल अटा प चढ़ी मग देखत त्यों उचकी कुचकी सुलही है । वायस बोलि परोस गयो मन हो मन आनंद सो उमही है ॥ ६३ अथ सामान्य आगतपतिका को उदाहरण—अंगिया दरकी हरषो मन में लरकी लर मोतिन जालन की । ..... हकी सहकी कुचहू बहकी गति जासु मरालन की ॥ .... मोतिन के जालन गुंफित मालनदी है लालन की ॥ ..... उमगी उमगै भरि है मनकी गति ..... ६४ ॥ इति श्री रामजी भट्ट विरचिते शृंगार सौरभे दस अवस्था भेद वर्णन नाम पंचमस्तरंगः समाप्तं ॥ शुभ मस्तु ॥ श्री संवत् १९४२ आषाढ़ मासे कृष्ण पक्षे तिथौ चतुर्दश्यां शनिवासरे लिखित मिदं पुस्तकं बलदेव मिश्रेण श्रीमान् मिश्र युगल किशोरस्यार्थे गंधावली स्थानेषु ॥ श्री कृष्णायनमः ॥

Subject—मंगलाचरण, नायिका वर्णन, स्वकीया भेद, मुग्धा अज्ञात यौवना, ज्ञात यौवना, नवोढ़ा और विश्रब्ध नवोढ़ा वर्णन । छ० १-१३ तक ।

वयःसंधि वर्णन, मध्या वर्णन, प्रौढ़ा वर्णन, प्रौढ़ा विपरीत रति व सुरत वर्णन । धीराधीरादि भेद वर्णन । छन्द—१४—३९ तक । परकीया वर्णन । ऊढ़ा, अनूढ़ा, गुप्ता कुलटा, लक्षिता, अनुशयना, मुदिता, विदग्धा सभेद, स्वयं दूतिका वर्णन छन्द ४०—७० तक ।

गर्विता सभेद। मानवती सभेद, अन्य संभोग दुःखिता, स्वकीया, परकीया और सामान्या वर्णन। छन्द ७१—८४। अष्ट नायका भेद वर्णन—छन्द ८५—१४८ तक।

इति।

No. 406. Bihariśatsaī with Tīkā Anawar Chandrika by Subha Karana of Delhi. Substance—Country-made paper. Leaves—98. Size—9 × 5 inches. Lines per page—25. Extent—1,980 Anushtup Slokas. Appearance—New. Character—Nāgarī Date of Composition—Samvat 1771 or A.D. 1714. Date of manuscript—Samvat 1855 or A. D. 1798. Place of deposit—Paṇḍita Śrīpāla, Village Khajurī, Post Office Gourīganja, District Sultānpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ अथ अनवर चंद्रिका लिष्यते॥ प्रभु वंश वर्णन॥ भनि सब फुल्लह साहि साहि सर पुहो जानो। सालह साहि सुजान साह असगर पहचानो॥ अनवर साहि समत्थ मुनवर साहि पत्थसम॥ हासम साहि प्रचंड साह कासम जु अनुपम। कहि किसवर साह विलंब दल कैसर साहि सुजान चित॥ पुनि मालिक अजदर साह हुव कुल मंडन जस किय अमित॥ २॥ अमित तपोवर चलन हुव जाहिर सब जगजानि। गरदेजो यह ख्याति जुत वूसफ साहि बखानि। ईसफ साहि बखानि सकल गुन गन जो जानै॥ विदित विलाइत सोल समुद्रत्यों पहिचानै॥ पहिचानै बहु दिनन कवरते करन करयो नित लसत थान सुलतान भान सम सोहै जो अमित। अमित सोल में अकबर सुअमर साह हुव पुनि अवदुल्ला साह। साहि अवदुला हाउ गनि साहि फरोद सुजान। सैद खाँ सुभट सिरोमनि, पुनि सैद मुवारिक खाँ प्रवल, तनय सैद साला अवनि पुनि सैद मुसताक जस जलधि सुत ससि अनवर खान भनि॥ + + + + +

दोहा—सांस रिंख रिंख ससि लिखि लिख्यो। सम्वत् सवस विलास। जामें अनवर चंद्रिका कीन्यो विमल विकास॥

End—चले जाहु ह्यां को करत, हाथिन को व्यौपार। नहिं जानत इहि पुर बसत, धोवो धोंड़ कुम्हार॥ विषय विषादिक को तृषा जिये मतीरन सोधि। अमित अपार अगाध जल, मास मूड़ पयोधि॥ यहि देही मोती सुगथ तुअनथ गरब विसाक, जिहि पहिरे जग दृग कसत लसति हंसति सो नाक॥ इति अत्युक्ति॥ इति विहारी सतसैयायां टीका समाप्तम्॥ सम्वत् १८५५ वैसाख सुदी २ शुभम् भूयात्॥

Subject—(१) पृ० ४ तक—प्र० प्रकाश, प्रभुवंस वर्णन।
(२) १०वें तक—द्वि० प्रकाश—साधारण नायिका वर्णन।
(३) २४वें तक—तृ० ,, नख शिख वर्णन।
(४) २६वें तक—च० ,, मुग्धादि त्रिविध नायिका।
(५) ४२वें तक—पं० ,, दश विधि नायिका वर्णन।
(६) ४३वें तक—ष० ,, प्रेम प्रशंसा।
(७) ५०वें तक—स० ,, मानिनी वर्णन।
(८) ५२वें तक—अ० ,, सुरत सुरतांत वर्णन।
(९) ९८वें तक—अंतिम प्रकाश गणना रहित—विविध विषय, रस हाव-भाव तथा ऋतु इत्यादि वर्णन।

Subject—यह पुस्तक विहारी सतसई नामक अद्वितीय श्रृंगार ग्रंथ की टीका है। जो अनवर खां के नाम निर्माण की गई है। प्रारंभ में ही प्रभुवंश वर्णन किया गया है जो प्रगट करता है कि यह कवि सं० १७७१ में दिल्ली दर्बार के आश्रित थे।

No. 407. Sudāmā kī Bāraha Kharī by Sudāmā. Substance—Country-made paper. Leaves--9. Size--6 × 4 inches. Lines per page—18. Extent--55 Anushṭup Ślokas. Appearance--New. Character--Kaithī. Date of manuscript--Samvat 1880 or A.D. 1823. Place of deposit—Ṭhakura Ayodhyā Simha, Village Sadarapur, Post Office Gārāpur, paraganā Chāndā, District Sultānpur (Oudh).

Beginning—ककका कलजुग नाम अधारा। प्रभु सुमिरत भव उतरे पारा॥ साधु संग करि हरि रस पाजै॥ जोवन जन्म सुफल कर लीजै॥ खखा जो सकल जहाना॥ जाको गावै वेद पुराना॥ निरभय नाम हरि को लीजै॥ चरन कमल को ध्यान धरीजै॥ गंगा गुन गोविंद के गावै। माया जास भूलि जनि जावै॥ धन जोवन तन रंग पतंगा॥ छिन में छार होए यह अंगा॥ ३॥

End—हहा हरि गुन गाये पाप मोकुत आप॥ श्री गुरुचरन कमल परताप॥ जैसो द्वंद चहुंदिसि घेरा॥ प्रगट भान तब भयो उजेरा॥ ३॥ लेने को हरि को नामा॥ देने को नहि आन समाना॥ ३४॥ छाड़नो जो विष बंधन चहोये॥ सत गुरु चरन सरन होए रहोए॥ नाम मधुर रस पीवो सुजाना॥ गर्भ वास नहि होए पयाना॥ बारा खड़ी ग्यान गुन गाउ॥ दास सुदामा दीन प्रति गावै॥ गुरु देव चरन चीत लावै॥ ३६॥ इति श्री सुदामा कृत बारखड़ी संपूरन समापत॥

Subject—पृ० १—९ तक—ककार से लेकर हकार तक क्रमानुसार छन्दों के आदि में अक्षरों का आना और प्रत्येक छन्द में ईश्वर भक्ति का हो कुछ न कुछ वर्णन।

No. 408. Ekādaśī Mahātmya by Sudarśana of Ambu. Substance--Country-made paper. Leaves--300. Size--12 × 4½ inches. Lines per page--7. Extent—2,494 Anushṭup Ślokas. Appearance--New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1770 or A.D. 1713 Date of manuscript--Samvat 1922 or A.D. 1865. Place of deposit—Munsī Rāmajiāwana Lāla, Teacher, Town School, Fatehpur, Bārā-bankī (Oudh).

Beginning—श्री गनेशायनमः ॥ अथ लीषते येकादसी महत्तम ॥ दोहा ॥ कृपा करी रघुवीर जब तब कवि किया विचार ॥ किया महातम एकादसी रचि भाषा संसार ॥ × × × × मारग यह सुरलोक को कथा सुनै नर जोइ ॥ गंगतीर को भजत है दरसन को चित होइ ॥ चौ० ॥ प्रथमहि भजो मातु मैं गंगा ॥ जेहि सुमिरे उपजै मति चंगा ॥ जे नर बसहिं गंग के तीरा ॥ ते बैकुंठ बसहिं बलबीरा ॥ येक चित होइ गंग अन्हावै ॥ ते नर सबै पदारथ पावै। धरै ध्यान गंगा को जोई ॥ सो नर दुषित कबहु न होई ॥ जो मानुष जग में चतुरंगा ॥ ते असनान करहिं नित गंगा ॥ तिन के कलिमष होइ बिनासा ॥ ते नर सुरपुर पावहि बासा ॥ जे नर पीवहिं गंग को नीरा ॥ तिन के रोग न रहै सरीरा ॥ ते नर बहु विधि रहै अनंदा ॥ तिनके बढ़ियहि जस चंदा ॥ जे नर दूरि देस ते आवहिं ॥ मनो कामना ते नर पावहिं ॥ दोहा ॥ अंग बोरहिं जे गंग मह ते नर चतुर सुजान ॥ आगे कथा प्रसंग में सुनहु लोग दै कान ॥ जे नर निंदा गंग की करहीं ॥ सात जन्म कुष्टी अवतरहीं ॥ जे नर हंसहि गंग के जल को ॥ ते नर सदा दुषित यहि तन को ॥ × × × × ×

End—दान पुन्य तब नृप करी विधि समेत नृप सोइ ॥ जै जै जै जै सब करैं रंग रंग नित होइ ॥ चौ० ॥ कहेउ उमा तब बात बिचारी ॥ बात हमारि सुनहु त्रिपुरारी ॥ जैदेव अरु प्रभावति नारी ॥ केहि विधि मुक्ति डगर सिधारी ॥ भये परम पद के अधिकारी ॥ काल पाइ ते डगर संभारी ॥ मुक्ति मय सो होइगे कैसे ॥ बिस्नु सरूप बरनन जैसे ॥ येकादसी है मुक्ति को दाता ॥ पारबती सुनु ऐसी बाता ॥ बीरभद्र नृप सो करई ॥ रघुपति भक्ति हृदय में धरई ॥ बन में नृपति सिधारन कीन्हा ॥ राजा पुत्र इक सुन्दर दीन्हा ॥ नारद कल्प की कथा पुनीता ॥ पारबती सुनि भई सुचीता ॥ दोहा ॥ एकादसी ब्रत ऐसा जो कोइ करै सुजान ॥

मुक्ति पदारथ पावै सेा बैकुंठ समान ॥ सुनै लोग दै कान वृत्त यह करै येका-दसि । पावै पद निर्वान सुष संपति औ जस मिलै ॥ इति श्री नारद पुरान कथा एकादशी महात्म्य समातम ॥ (लिखिते दीन भगत) । दोहा ॥ श्रीगुरु संभु प्रताप पोथी भई तयार । जो जस देषा तस लिषा दोष न देव हमार ॥ मिति कुवार सुदी ४ वार इतवार ॥ सन् १२७३ ॥ संवत् १९२२ ॥

Subject—पृ० १—३ तक—ग्रंथ निर्माण कालः—"सत्रह सै सत्तरि संवत मे संसार । भादौ सुकुल सेावार को कथा लोन अवतार"—गंगा महात्म्य तथा उत्पत्ति । (२) पृ० ४—५ तक—कवि के नगर आदि का वर्णन । "अंबू नगर ग्राम को नाऊ ॥ सुदरस कवि बसै तेहि ठाऊं ॥ इत गंगा उत जमुन बहाई ॥ अंतरवेद सुदरसन रहई ॥

"ऐसेा तेज नरेस को बसै सब सघ देस ॥ नाम तौ रामगुलाम है तेज स्वासि नरेस" ॥

(३) पृ० ५—२८ तक—अगहन शुक्ल एकादशी को उत्पत्ति, अर्जुन कृष्ण संवाद, मुर रक्षसो द्वारा देवताओं को कष्ट, देवताओं का भाग कर विष्णु के पास जाना, देवासुर संग्राम, सुरों की पराजय, विष्णु का गुफा में छिपना, स्त्री का गुफा से निकलना, राक्षस को मारना । विष्णु का अचंभा, उसका नामादि पूछना, एकादशी का सब वृतान्त कथन । विष्णु का वर देना । (४) पृ० २९—३६ तक—एकादशी अगहन कृष्ण पक्ष को उत्पत्ति वर्णन । हैहय देश के राजा का स्वप्न में अपने पिता को नरक में देखना, मुनि द्वारा इसका कारण जानकर एका-दशी (अगहन कृष्ण) का व्रत करके उन्हे सुरपुर भेजवाना । (५) पृ० ३७—४४ तक—माघ की एकादशी व्रत का फल उसकी उत्पत्ति का इतिहास, पंचावती के महाजोत नामक राजा के पुत्र लम्बु का ज्वारी होना, पिता द्वारा उसका निकाला जाना । दशमी तथा एकादशी के दिन भूखा पड़े रहने पर एकादशी व्रत का फल प्राप्त होना । पिता के पास जाकर राज्याधिकार प्राप्त करना । (६) पृ० ४५ से ५३ तक—पौष शुक्ल एकादशी का फल, व्रत को रीति, चंदावतीपुर के सुकेतु नामक राजा का पुत्र न होने पर वन को जाना । वहां भूख प्यास से व्याकुल होकर एक तालाब पर निकलना । वहां पर एक बैठे ऋषि के आदेश से व्रत करना और पुत्र पाना ।

(७) पृ०—५४—६४ तक—माघ कृष्ण एकादशी के व्रत का नियम, उसका इतिहास—एक ब्राह्मणी को नारायण द्वारा परीक्षा, भिक्षा मांगने पर मिट्टी डालना, उसको स्वर्ग होना, केवल मिट्टी का घर मिलना, पूछने पर नारायण का खाली मकान देने का कारण बताना । किवाड़ देकर नारायण को

थाला से रहना, मुनि नारियों का उसे व्रतदान का फल प्रदान करना, उसके घर में सब कुछ हो जाना।

(८) पृ० ६५—७२ तक—माघ शुक्लपक्ष एकादशी के व्रत का नियम इतिहास—एक गांधर्व का इन्द्र के अखाड़े की पुष्पवती नामवाली अप्सरा पर मोहित होना, इन्द्र के अभिशाप से दोनों का पिशाच पिशाची होना। एकादशी के अज्ञात व्रत से उनका उद्धार।

(९) पृ० ७३—८२ तक—फागुन कृष्ण एकादशी के व्रत का नियम-इतिहास—वगदलभ्म द्वारा एकादशी महात्म्य सुनकर और वैसा ही करने पर राम की विजय का वर्णन।

(१०) पृ० ८३—९४ तक—फागुन शुक्ल एकादशी का नियम इतिहास-मानधाता-वशिष्ठ संवाद—चैतरथ राइ के एकादशी व्रत द्वारा एक दुष्ट का तरण, सुरथ नामक एक राजा का एकादशी व्रत के कारण शत्रुओं से बचना।

(११) पृ० ९५—१०५ तक-चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी व्रत का फल, मानधाता-लोमस संवाद, इतिहास-चैतरथ नृप का वन विहार, उसी वन में मेधावी ऋषि को तपस्या देख कर और इन्द्रासन जाने की आशंका से सुरराज का मंजुघोषा नामक अप्सरा का उसका तप भंग करने को भेजना, कामदेव की सहायता से अप्सरा की सफलता, मुनि के साथ ५७ वर्ष निवास, ज्ञात होने पर स्त्री को मुनि का अभिशाप। एकादशी व्रत से दोनों के कल्मष दूर होकर उद्धार।

(१२) पृ० १०६—११२ तक-चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी, नागपुर के ललित नामक पुरुष का अपनी पत्नी ललिता के एकादशी व्रत कर के उसका फल देने से ललित का शापमोचन और पिशाच से अपना वास्तविक रूप ग्रहण करना, एकादशी व्रत का फल कथन।

(१३) पृ० ११३—१२१ तक-वैशाख कृष्ण एकादशी का फल-इतिहास-लवनपुर के राजा हरिसेन के एक चमार द्वारा एकादशी का फल प्राप्त करने पर एक गदहा बने हुए ब्राह्मण का उद्धार।

(१४) पृ० १२२—१३१ तक—वैशाख शुक्ल पक्ष की एकादशी व्रत का फल, एक सेठ के पापी पुत्र का जुआ इत्यादि कुकर्मों द्वारा घर से निकाला जाना, चोरी करने पर दंड देकर नगर से निकाला जाना। पशु पक्षियों का विनाश करना। कौडिन्य ऋषी द्वारा उसका एकादशी व्रत करके उद्धार होना।

(१५) पृ० १३२—१३८ तक—जेष्ठ कृष्ण पक्ष की एकादशी व्रत का फल-इतिहास-वैगन की धुआं से एक अप्सरा का विमान नीचे गिरना, दासी जो एकादशी के दिन भूखी रही थी उसके फल से उसका आकाश पर चढ़ना, राजा का एकादशी व्रत नगर के स्त्रियों पुरुषों सहित करना।

(१६) पृ० १३९—१६० तक-ज्येष्ट शुक्ल पक्ष एकादशी महात्म्य, इन्द्र के शाप से एक गंधर्व का जिन्द होना, एकादशी व्रत का महात्म्य सुनकर उसका आचरण करने पर एक राजा का पुत्र होना। उस पुत्र का बड़ा होकर नन्दन वन को जाना, वहां जिन्द का उससे चिपट जाना, घर आने पर एकादशी व्रत का फल पाने पर उसका उद्धार।

(१७) पृ० १६१—१६७ तक-आषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी। एक ब्राह्मण का कुबेर के अभिशाप से कुष्टी होना और मारकंडेय ऋषि द्वारा आषाढ़ एकादशी व्रत द्वारा उसका उद्धार, व्रत फल।

(१८) पृ० १६८—१७४ तक-आषाढ़ शुक्ल प० एकादशी—इस व्रत द्वारा राजा बलि को जो पाताल लोक के राजा बन गये थे—का नित्य ही भगवान के दर्शन पाना। व्रत का फल।

(१९) पृ० १७५—१७८-श्रावण कृष्ण एकादशी व्रत का फल। ब्रह्मा द्वारा नारद को बोध।

(२०) पृ० १७९—१९६ तक-श्रावण शुक्लपक्ष की एकादशी व्रत का महात्म्य, द्वापर में महिषामती नगर के महीजीत नामक राजा का इस व्रत को करके पुत्र प्राप्त करना।

(२१) पृ० १९७—१९२ तक-भाद्र कृष्णपक्ष की एकादशी के व्रत का फल—इस व्रत के फल से राजा हरिश्चन्द्र का मृतक पुत्र जीवित होना।

(२२) पृ० १९३—२०० तक-भाद्र शुक्लपक्ष की एकादशी का फल—एक राजा के नगर में वर्षा न होना, उसका दुःखित होकर नगर परित्याग, वन में ऋषियों का आदेश पाकर एकादशी व्रत द्वारा जल बरसाना।

(२३) पृ० २०१—२०६ तक-आश्विन कृष्ण एकादशी व्रत महात्म्य—महिषमती के राजा इन्द्रसेन के एकादशी व्रत से उनके नरक में पड़े हुए पिता का उद्धार होना। व्रत का नियम।

(२४) पृ० २०७—२१८ तक—आश्विन शुक्लपक्ष एकादशी व्रत महात्म्य कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर से चार प्रकार की मुक्ति का कथन, व्रत के नियम तथा फल।

(२५) पृ० २१९—२३३-कातिक कृष्ण एकादशी व्रत का फल, मुचुकुंद की पुत्री चन्द्रभागा का विवाह सोमन के संग होना, सोमन का ससुराल आगमन, एकादशी व्रत का आना, मुचुकुंद की आज्ञानुसार सब नगर के साथ इनका भी व्रत होना, जामात्र का मरण होना, राजा का उसकी क्रिया करना, एक ब्राह्मण का तीर्थ को जाना, मार्ग में पड़ने वाले परवत पर सोमन का देखना, व्रत के महात्म्य से उसका राजा होने किन्तु, अरुचि के साथ किये व्रत के फल से उस नगर के थोड़े दिन रहने की चरचा कर अपनी पत्नी को सूचित करना

(५) पृ० ४३—७९ तक—पवनंजय का युद्ध से लौटना और स्त्री को न पाकर विना माता पिता की सम्मति के उसको तलाश करने को ससुराल जाना और उसका वहां भी न पाना और अंत में निज प्रियतमा का कुमार से मिलाप। पवनंजय का कुछ दिनों तक वहां रहना और हनूमान का वहीं कोष, व्याकरण, न्याय छंदादि का पठन कर के पारंगत होना, हनूमान जी का कई युद्धों में रावण की सहायता करना। हनूमान का रावण की भगिनी शूर्पणखा की पुत्री अनंग पुष्पा और सुग्रीव सुता पद्मरागी से विवाह होना। रामचन्द्र के बनवास के समय महारानी सीता के अन्वेषण में और रावण के साथ संग्राम में बहुत कुछ सहायता दी और जीवन के अंत में इस संसार को असार समझ कर इससे विरक्त होना और इन्द्रिय दमन पूर्वक योग की चरम सोपान पर आरूढ़ हो आत्मा की शुद्धि कर परमात्मपद प्राप्ति।

(६) पृ० ७९—८० तक—हनूमान की पूजा का फल। कथा निर्माण कारण व समयः—ब्रह्मराय मल्ल मत करि हिये, हणू कथा कीयो परगास॥ कियावंत मुनि सुंदर दास। भणो कथा मन में धरि हर्ष॥ सोलह सै सोलुह शुभ वर्ष। रित वसंत मास वैसाख॥ नवमी शनि अंधियारो पाख॥

No. 415(*a*). Jnāna Samudra by Sundaradāsa of Jaipura Rāja. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—

8½ × 5 inches. Lines per page—25. Extent—600 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1900 or A. D. 1843. Place of deposit—Paṇḍita Badari Nathaji Bhaṭṭa, Lucknow University, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः। अथ ज्ञान समुद्र लिख्यते ॥ मंगलाचरण ॥ छप्पय ॥ प्रथम वंदि परब्रह्म परम आनंद स्वरूपं। दुतिय वंदि गुरुदेव दियो जिन ज्ञान अनूपं ॥ त्रितिय वंदि सब संत जोरि करि तिनके आगय। मन वच काय प्रणाम करत भय भ्रम सब भागय ॥ इहि भांति मंगलाचरण करि सुंदर ग्रंथ बखानिये। तहं विघ्न न कोऊ ऊपजय यह निश्चय करि मानिये ॥ १ ॥

दोहा ॥ ब्रह्म प्रणम्य प्रणम्य गुरु पुनि प्रणम्य सब संत। करत मंगलाचरण इमि नाशत विघ्न अनंत ॥ २ ॥ उहै ब्रह्म गुरु संत वह वस्तु विचारति एक। बचन विलास विभाग येह बदन भाव विवेक ॥ ३ ॥

End—सुन्दरज्ञान समुद्र कौ वारापार न अंत। विषई भागै झिझकि कै पैठै कोई सन्त ॥ सुन्दर ज्ञान समुद्र कौ जो चल आवै नीर। देखत ही सुख ऊपजै निर्मल जल गंभीर ॥ यहई ज्ञान समुद्र है यह गुरु शिष्य संवाद। सुन्दर याहि कहै सुनै ताके मिटहिं विषाद ॥

इति श्री ज्ञान समुद्रे अद्वैतारि हुं निरूपणं नाम पंचमोऽध्याय ॥ गुरु शिष्य संवाद संपूर्ण ॥

मिति कार्तिक वदो १४ शनिवार संवत् १९०० वि० इति।

No. 415(*b*). Jnāna Samudra by Sundaradāsa.—Leaves—34. Size—11 × 4½ inches. Lines per page—16 Extent—544 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍitā Gurucharana Vājpaī, Bhaṇḍa, Rāe Bareli.

Note—I आदि अंत No. 415(*a*) पर लिखा गया है।

Subject—पृ० १—परब्रह्म तथा गुरु संतो को वंदना और मंगलाचरण, ग्रंथारंभ वर्णन। पृ० २—ग्रंथ गुण वर्णन, जिज्ञासु के लक्षण, गुरु देव की दुर्लभता का वर्णन, गुरु-महिमा वर्णन। पृ० ३—गुरु लक्षण और गुरु की प्रीति वर्णन, शिष्य की प्रार्थना गुरु के प्रति। पृ० ४—गुरु की प्रार्थना। शिष्य का जीव प्रकृति और आवागमन विषय पर गुरु से प्रश्न और गुरु का उत्तर। पृ० ५—भक्ति

विषय, भक्ति के ९ भेद वर्णन। दसवां प्रेम लक्षण और उसके आगे पराभक्ति वर्णन। उत्तम, मध्यम और कनिष्ट भक्ति का वर्ण। पृ० ६—श्रवण, कीर्तन, स्मरण शिष्यत्व और अर्पण भक्ति का लक्षण और उदाहरण। पृ० ११—प्रेम लक्षण के उदाहरण, पराभक्ति के लक्षण और उदाहरण इनमें पराभक्ति उत्तम, प्रेम भक्ति मध्यम और नवधा भक्ति कनिष्ट है। पृ० १२—योग विषय-यम वर्णन अहंसा का लक्षण, सत्य का लक्षण, अस्तेय लक्षण, ब्रह्मचर्य का लक्षण, अष्ट प्रकार मैथुन के लक्षण, क्षमा लक्षण, धृति लक्षण। पृ० १३—दया लक्षण, आर्जव लक्षण, मिताहार लक्षण, शौच लक्षण। पृ० १४—नियम—वर्णन, तप लक्षण, संतोष लक्षण, बुद्धि आस्तक लक्षण, दान लक्षण, पूजा लक्षण, सिद्धान्त श्रवण लक्षण, पृ० १५—ह्री लक्षण, मन लक्षण, जप लक्षण, होम लक्षण, पृ० १६-सिद्धासन का वर्णन, पद्मासन का वर्णन, प्राणायाम विषय—इड़ा, पिंगला और सुषमना नाड़ियों का वर्णन। पृ० १७—दस प्रकार के पवन का वर्णन—प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान, नाग, कुर्म, कर्क, देवदत्त और धनंजय का वर्णन। इन दस वायुओं के स्थानों का वर्णन। छः चक्र वर्णन। प्राणायाम की क्रिया का वर्णन। पृ० १८—गोरष उक्तः कुंभक नाम वर्णन। धुनि—दस प्रकार की धुनि का वर्णन। भंवर गुंजर, संख धुनि, मृदंग, ताल, घंटा, वीणा, भेरि, दुंदभि, समुद्र गरज, मेघ घोष। पृ० १९—मुद्रानाम वर्णन, प्रत्याहार वर्णन, पंचतत्व की धारणा का वर्णन। पृ० २०-ध्यान विषय—पदस्थ ध्यान वर्णन, रूपस्थ ध्यान, रुपातान ध्यान वर्णन। पृ० २१—समाधि वर्णन। पृ० २२-सांख्य महानुसार योग वर्णन। जीव प्रकृति विषय वर्णन। पृ० २३-पंचतत्व गुण वर्णन। पंचतत्व स्वभाव वर्णन। तामसाहंकार वर्णन और राजसाहंकार वर्णन। राजसाहंकार से दस इंद्रियों की उत्पत्ति वर्णन। पृ० २४-सात्विकाहंकार से उत्पन्न देवताओं का वर्णन त्रिविधि शक्ति सत्व रज, तम का वर्णन। स्थूल देह का वर्णन। पृ० २५-पंचतत्व पंच वृतादिक अंश वर्णन और अन्यभेद वर्णन, कर्म इंद्रिय त्रिपुरी भेद वर्णन। पृ० २६-अंतःकरण त्रिपुरी वर्णन, पृ० २७-जाग्रत अवस्था, स्वप्न, सुषुप्ति अवस्थाओं का निर्णय, तुर्या अवस्था का वर्णन। पृ० २८-तुरीयातीत वर्णन। पृ० २९-चतुरभाव वर्णन, प्रागभाव अन्योन्य। पृ० ३०-भाव वर्णन, पंचतत्व विकार वर्णन, प्रध्वंसा भाव। पृ० ३१—३३—अत्यंताभाव वर्णन, द्वैत अद्वैत का निर्णय। पृ० ३४—ज्ञान समुद्र ग्रंथ की प्रशंसा वर्णन।

No. 415(*c*). Jnāna Samudra by Sundaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—34. Lines per page—16. Extent—612 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Chandrabhanajī, B.A., Aminābad, Lucknow.

No. 415-(*d*). Sabdasāgara by Śundaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—3. Size—16 × 6 inches. Lines per page—26. Extent —30 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhakura Jagadeo Simha, Village Gujaulī, Post Office Baundī, District Baharāīch (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ भूल्यौ फिरै भ्रमते करत कछु और और करत ना ताप दूरि करत संताप को । दक्ष भयो रहे सुनि दक्ष प्रजापति जैसे देत परदक्षणा न दक्षणा दे आप को । सुन्दर कहत ऐसे जाने न जुगति कछु और जाप जपै न जपत निज जाप को । बाल भयो जुवा भयो वय सीतें वृद्ध भयो वय रूप होय के बिसरि गयो बाप को ॥ १ ॥ इन्द्रव छन्द ॥ पान उहै जो पीयूष पीवै नित दान उहै जो दरिद्रहि भाने ॥ कान उहै सुनिये जस केशव मान उहै कर ऐसन मानै । तान उहै सुरतान रिझावत् ज्ञान उहै जगदीसहि जानै ॥ बान उहै मन बेधत सुंदर ज्ञान उहै उपजै न अज्ञानै ॥ सूर उहै मन को बस राषत क्रूर उहै रन माहिं लजै है ॥ त्याग उहै अनुराग नहीं कहुं भाग उहै मन मोहत जै है ॥ तत्य उहो निज तत्वहि जानहि यग्य उहै जगदीसज जै है । रक्त उहै हरि सो रत सुन्दर भक्त उहै भगवंत भजै है । ३

End—सोवत सोवत सोइ गयो सठ रोवत रोवत कै वर रोयो । गोवत गोवत गोइ धरयो धन बोवत बोवत लै विष बोयो । सुन्दर सुन्दर नाम भज्यो नहिं टोवत टोवत बोझहि टोयो । देषत देषत मागर मैं पुनि बूझत बूझत बूझत आयो । सूझत सूझत सूझि परो सब गावत गावत गोविंद गायो । सोधत सोधत सुद्ध भयो पुनि तावत तावत कंचन तायो । जागत जागत जागि परो जब सुन्दर सुन्दर सुन्दर पायो ॥१०२॥ बैठत रामहिं ऊठत रामहिं बोलत रामहि राम रह्यो है । जेवत रामहिं पोवत रामहिं घोमत रामहि राम गह्यो है । जागत रामहिं सोवत रामहिं जोवत रामहिं राम लह्यो है । देतहु रामहिं लेतहु रामहिं सुन्दर रामहि राम कह्यो है ॥ श्रोत्रहु रामहि नेत्रहु रामहि वक्रहु रामहि रामहि गाजै ॥ सोसहु रामहि हाथहु रामहि पांवहु रामहि रामहि साजै ॥ पेटहु रामहि पीठिहु रामहि रोमहु रामहि रामहि वाजै ॥ अंतर राम निरंतर रामहि सुन्दर रामहि राम विराजै ॥ भूमिहु रामहि आपुहि रामहि तेजहु रामहि रामहि वायुहु । रामहि व्योमहु रामहि चंदहि रामै सूरज रामहि शीत न घामै ॥ आदिहु रामै अंतहु रामहि मध्यहु रामहि पुंस न वामै ॥ आजहु रामहि कालिहु रामहि सुन्दर रामहि म्हामहि थामै ॥ देषहु राम अदेषहु रामहि लेषहु राम अलेषहु रामै ॥ एकहु राम अनेकहु रामहि सेषहु राम

अशेषहु रामै ॥ मौनहु राम अमौनहु रामहि गौनहु रामहि भौनहु ठामै ॥ बाहिर रामहि भीतर रामहि सुन्दर रामहि है जग जामै ॥ दूरहु राम नजीकहु रामहि देशहु राम प्रदेशहु रामै ॥ पूरब रामहि पच्छिम रामहि दक्षिन रामहि उत्तर धामै । आगेहु रामहि पीछेहु रामहि व्यापक रामहि है वन ग्रामै ॥ सुन्दर राम दशौ दिशि पूरन स्वर्गहु राम पतालहु तामै ॥ आपहु राम उपावत रामहि भंजन राम संवरत रामै दृष्टिहु राम अदृष्टिहु रामहि इष्टहु राम करै सब कामै ॥ वर्णहु राम अवर्णहु रामहि रक्त न पीत न स्वेत न स्यामहि । शून्यहु राम अशून्यहु रामहि सुन्दर रामहि नाम अनामै ॥ इति ।

Subject—ईश्वर की भक्ति सम्बन्धी शब्द ।

No. 415(*e*). Sundaradāsajī ke Ashṭāka by Sundaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—46. Size—7½ × 9 inches. Extent—285 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1893 or A.D. 1836. Place of deposit—Rāmādhīna Murāo, Village Badausarāya, District Bārābankī (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सुन्दर दास जी के अष्टक ॥ दोहा ॥ अलख निरंजन बंदि कै गुरु दादू के पाइ ॥ दोऊ कर तब जोरि कै संतन को सिर नाइ ॥ १ ॥ सुन्दर तोहि दया करी सतगुरु गहिया हाथ ॥ माता तो अति मोह मै राता विषया साथ ॥२॥ छन्द ॥ त्रभंगी ॥ तोमें मत माता विषया राता बहिया जाता इनवाता ॥ तब गोते खाता बूड़त गाता ता होती घाता पछिताता ॥ उन सब सुख दाता काव्यो नाता आप विधाता गहि लेला ॥ दादू का चेला चेतन मेला सुंदर मारग बूझेला ॥ ३ ॥ तौ सतगुरु आया पंथ बताया ज्ञान गहाया मनभाया । सब कीर्तन माया यो समुझाया अलप लषाया सचुपाया ॥ हौं फिरता धाया उन मन लाया त्रभुवन राया दत देला ॥ दादू का चेला चेतन मेला सुंदर मारग बूझेला ॥ ४ ॥

End—कहु कौन कहै कहु कौन सुनै वह कहन सुनन ते भिन्न हैरे । तहं सोत नहीं तहं धाम नहीं तहं धाम नराति न दिन्न हैरे ॥ तहं रूप नहीं तहं रेष नहीं तहं सुन्दर कछू न चिन्ह हैरे ॥ ६ ॥ नहिं गोश हैरे नहिं नैन हैरे नहिं मुष्ष हैरे नहिं बैन हैरे ॥ नहिं नैन हैरे नहिं सैन हैरे नहिं गैन हैरे न असैन हैरे ॥ नहिं पेट हैरे नहिं पीठि हैरे नहिं कंठ हैरे नहिं मोठ हैरे ॥ नहिं दुश्मन हैरे नहिं इष्ट हैरे नहिं सुंदर दीठ अदीठ हैरे ॥ ७ ॥ नहिं शीश हैरे नहिं पांव हैरे नहिं रंक हैरे नहिं राउ हैरे ॥ नहिं पावन पोवन चाउ हैरे । नहिं हारन जीवन दाव हैरे । नहिं नीर हैरे

नहिं नाव हैरे नहिं पाक हैरे नहिं आव हैरे ॥ नहिं मौति हैरे नहिं आयु हैरे नहिं सुंदर भाव अभाव हैरे ॥ ८ ॥ इति ज्ञान झूलना अष्टक संपूर्ण ॥ संवत १८९३ का

Subject—पृ० १—३ तक—गुरुदया अष्टक—गुरु के उपदेश से चैतन्य होने का वर्णन। अपने को दादू का चेला बताना। (२) पृ० ४—८ तक—भ्रम विदुषण—माला तथा तिलकधारी इत्यादि पाखंडियों के भ्रम का वर्णन। (३) पृ० ९—१४ तक-गुरु कृपा अष्टक—गुरु के चरणों की महानता, गुरु की शिक्षा का फल। (४) पृ० १५-१९ तक—गुरु उपदेश सतगुरु वंदना, गुरु के शब्द बाण का प्रभाव, गुरु के गुण वर्णन, संसार को स्वप्न तुल्य मानकर उससे बचे रहने का कथन। अष्टक के पढ़ने का फल। (५) पृ० २०—२३ तक—गुरु की महिमा कथन के साथ ही साथ दादू को ब्रह्म स्वरूप मान कर वंदना करना। गुरु देव महिमा स्तोत्र। (६) पृ० २४—२७ तक—रामजी अष्टक—राम के एक रस होने का वर्णन। ब्रह्मादि उसी के गुणानुसार नाम होने का वर्णन। श्रृष्टि उत्पत्ति होने का वर्णन। विश्राम पाने की वन्दना। (७) पृ० २७-३२ तक—नामाष्टक—ईश्वर के कई नाम हरि ईश्वर, माधव, केशव, अज और मोहन का वर्णन कर के 'तू' शब्द मेंही सब का प्रवेश और उसी से उत्पत्ति और विनाश होने का वर्णन। (८) पृ० ३२—३५ तक—आत्मा अचल अष्टक—कुंआ के चलने, दीपक तथा अग्नि के जलने इत्यादि के अशुद्ध प्रयोग या लोकोक्ति के अनुसार अर्थ न हो कर भिन्न अर्थ होने का वर्णन करके आत्मा का अचल सिद्ध करना। (९) पृ० ३५—३७ तक—पंजाबी भाषा अष्टक—योगी, जपी, तपसी इत्यादि को उसके भेद न पाने का वर्णन। उदासी इत्यादि का संसार में बाहुल्य होना किन्तु उसके भेद पाने वाले विरले ही होने का वर्णन। ईश्वर के अगम अगोचर होने का वर्णन। (१०) पृ० ३८—४० तक—ब्रह्म स्तोत्र अष्टक—ब्रह्म के कुछ गुणों का वर्णन करके उस की कुछ स्तुति करना। (११) पृ० ४१—४४ तक—पीर मुरीद अष्टक—पीर की कृपा से ईश्वर (ब्रह्म) प्राप्त होने का वर्णन। नफ़्स को मारने का वर्णन, पीर से राहे रास्त बतलाने का निवेदन। पीर का उसी के हृदय में ब्रह्म का होना बताना। (१२) पृ० ४४—४५ तक अजब ख्याल अष्टक - बंदे के हाजिर होने में खुदा का हाजिर होना, बंदगी के नियम और उपदेश (१३) पृ० ४५—४६ तक-ज्ञान झूलना अष्टक—ईश्वर का सब स्थानों पर समभाव से स्थित होने का वर्णन। बिना अनुभव के उसके ज्ञान न होने का वर्णन। उसी के सर्वस्व होने का वर्णन।

No. 415(*f*). Sundara Vilāsa by Sundaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—12 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—1.939 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Date of manuscr —Samvat 1940 or 1883 A. D. Place of

deposit—Ṭhākura Śivabaksha Simha, Village Basaṇtapur, Post Office Payāgapura, District Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सुन्दर विलास लिष्यते ॥ प्रथम गुरु देव जी को अंग लिष्यते ॥ इंदव छंद ॥ मौजकरो गुरुदेव दयाकरि शब्द सुनाय कहयो हरि नेरो । ज्यों रवि के प्रगटे निशि जात सु दूर कियो भ्रममान अन्धेरो । कायक वायक मानस हू करि है गुरु देवहि वन्दन मेरो । सुन्दरदास कहै करजोर जु दादू दयाल को हू नित चेरो ॥ पूरण ब्रह्म विचार निरंतर काम न क्रोध न लोभ न मोहै ॥ ज्ञान स्वरूप अनूप निरुपम जासु गिरा सुनि मोह न मोहै । सुन्दरदास कहै कर जोरि जु दादू दयालहि मारि न मोहै ॥ धीरजवंत अडिग जितेन्द्रिय निर्मल ज्ञान गह्यो दृढ आदू । भेषन पक्ष निरंतर लक्ष जु और नहीं कछु वाद विवादू ॥ शील संतोष क्षमा जिनके घट लागि रह्यो सु अनाहद नादू ॥ ये सब लक्षण हैं जिन माहि जु सुन्दर के उर है गुर दादू ॥ भव जल में वहि जातहु ते जिन काढ़ि लिये अपने कर आदू । बहुरि संदेह मिटाय दिये सब कानन टेरि सुनाय के नादू । पूरण ब्रह्म प्रकाश किये पुनि छूटि गयो यह वाद विवादू । ऐसो कृपा जु करो हम ऊपर सुन्दर के उर है गुर दादू ॥

End—जोगी थके कहि जैन थके ऋषि तापस थाकि रहे फल खाते ॥ न्यासी थके बनवासी थके जो उदासी थके बहु फेर फिराते । शेष मसायक और उलायक थाकि रहे मन में मुसुकाते ॥ सुन्दर मौन गही सिधि साधक कौन कहै उसको मुष बाते ॥ इति आश्चर्य को अंग समाप्त ॥ सवैया । सुष धाम मनोहर अर्गल पुर निज कालिन्दी के कूल कहावै । सुर नर मुनि आदिक ध्यान धरै तूही जग को प्रतिपाल करावै ॥ जिन किंचित ही जलपान कियो तिनके अघ ओघ को खोज बहावै अब केतिक बात कहौं प्रति गंग के जाहि लखे जमराज डरावै ॥ तहं ही वसि के निर्वाह करै द्विज राधा कृष्ण कहावत है । जेहि नाम शिरोमणि लेत सबै पुनि भक्तन के मन भावत है कर लेषक को उद्यम करि के यों आय उदर को दीयत है । परमारथ हेत बनै न कछु तातें अति ही जिय कापत है । इति श्री सुन्दर दास कृत सवैया सुन्दर विलास ग्रंथ समाप्तः लेखक राधा कृष्ण ब्राह्मण ॥ संवत १९४१ वि०

Subject—इस ग्रंथ में ज्ञानोपदेश सवैया सब ज्ञानियों के लिये वर्णन किये हैं (१) गुरु को महिमा, उपदेश चिन्तामणि काल चिन्तामणि, देह आत्मा विछोह, तृष्णा, धैर्य उराहन, विश्वास, देह मलीनता, गर्भ प्रहार, नारी निन्दा, दुष्ट जन, मनका अंग, चाणक्य को अंग, विपरीत ज्ञान को अंग, वचन, विवेक को अंग, निर्गुण उपासना, पतिव्रता को अंग, विरह, शब्दसार, भक्तिज्ञान, विप्र के शब्द, सरातन कर अंग, साधु का अंग, ज्ञानी का अंग, सांख्य ज्ञान, अपने

भाव का अंग, स्वरूप विस्मरण, विचार का अंग, निष्कलंक ब्रह्म, आत्मा अनुभव, निसंशय का अंग, प्रेम ज्ञानी का अंग, द्वैत ज्ञान का अंग, जगत मिथ्या का अंग, आश्चर्य का अंग, लेखक की सवैया आदि वर्णन।

No. 415(*g*). Sundaradāsa kṛit Savaiyā by Sundaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—55. Size—15 × 5 inches. Lines per page—16. Extent—880 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Biśeśwara Siṃha Indrabaksha Siṃha, Village Hari-harpur, Post Office Chilwariyā, District Baharāich (Oudh).

Note (I) 'सुन्दरदास कृत सवैया' नामक ग्रंथ वास्तव में 'सुन्दर विलास' है।

(II) शेष सब विवरण No. 415 (*f*) पर लिखा गया है।

No. 415(*h*). Savaiyā Sundaradāsa kī by Sundaradāsa. Substance—Country-made paper Leaves—174. Size—10 × 4 inches. Lines per page—14. Extent—1,696 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Avadheśa Pāṇdey, Village Khambharihā Pāṇday kī, District Baharāich, Post Office Baranāpur (Oudh).

No. 416(*a*). Bhramaragītā by Sūradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—120. Size—12 × 5 inches. Lines per page—28. Extent—4,200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript Samvat 1899 or A.D. 1842. Place of deposit—Swāmidayāla Vājpaī, Swamidayāla kā purwā, Post Office Sisaiyā, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री गोपीजन वल्लभायनमः ॥ अथ भ्रमरगीत लिख्यते ॥ मंगलाचरण ॥ राग कल्याण ॥ ताल जलद तिताला ॥ चरण कमल वंदो हरि राई ॥ जाकी कृपा पंगु गिरि लंघे अंधेरे को सब कुछ दिखराई। बहरो सुने गूंग पुनि बोले रंक चले सिर छत्र धराई। सूरदास स्वामी करुणा मय चार वार बंदो तेहि पाई ॥ अथ भ्रमरगीत को प्रस्ताव ॥ श्री प्रभुजीके वचन उद्धव प्रति ॥ राग सारंग ॥ पहिले करि प्रणाम नंदराय सो समाचार सब दीजो और उहां वृषभान गोप सों

जाइ सकल सुधलीजो ॥ श्रीदाम आदि आदि सब ग्वाल वालनि मेरा इत भेंटिवो। सुष संदेस सुनाइ हमारो गोपिन को दुष मेटिवो ॥ मंत्री एक बन बसत हमारो ताहि मिले सचुपाइवो। सावधान ह्वै मेरे हुतो ताहो माथे नाइवो ॥ सुंदर परम किसोर वय क्रम चंचल नैन विशाल। कर मुरलो सिर मोर पंष पितांबर उर बनमाल। जिन डारियो तुम सघन बन में व्रज देवो रखवार। वृंदावन सो बसत निरंतर कबहुं न होत निआर। ऊधो प्रति सब कहो श्याम जू अपने मन को प्रीति। सूरदास प्रभु कृपा करि पठये यह सकल व्रज रीति ॥

End—राग सारंग ॥ देन आये ऊधो मत नीको। हित उपदेश करन व्रज आये लिए हरि जीको। जोग जुगति निज मन उपदेसनि ग्यान सुनाइ जतीको। आवहुरो मिलि सुनहु सयानो लियो सुजस को टीको। तजन कहत अंबर आभूषन देह गेह सतहीको। अंग भसम करि सीस जटा धरो सिखवत निरगुन फीको। मेरे जान इहै युवतिन को देत फिरत दुख पीको। ता सराप ते भए स्याम तन तरुन गहन उर जीको। जाको कृपा परो री जीव तै सो सोचन भलो बुरो को। जौ लगि सुर आल डसि भाजै सुख नहिं होत अमी को। राग विहाग ॥ ताल इकतारा ॥ कृष्ण कृष्ण करत डोलु कृष्ण कहां मैं पाऊं। द्वारे ते दौड़ आऊं तौ उन लाज लजाऊं ॥ तोहै छांड़ि और को मैं कौन को कहाऊं ॥ ऊधो जौ तुम बेग जाओ प्रेम पाती पठाऊं ॥ ढूढ़ि फिरो बन कुंजन माहिं स्याम स्यामा गाऊं। या विधना नहिं पंख दीनो उड़ि के द्वारका जाऊं। ऊधो जो तुम बेग जाओ स्यामहो बेग ले आऊं। सूर के प्रभु दरस दीज्यो हरि हंस कंठ लगाऊं। इति भ्रमर गीत संपूरण ॥ शुभ मिती वैसाख शुक्ल १३ रविवार संवत १८९९।

Subject—इस पुस्तक में श्री कृष्ण जी ने ऊधो को मथुरा ते व्रज में व्रज युवतियों को समझाने जोग आदि की शिक्षा देने के लिये पठाया था उसी की कथा पूर्ण रूप से वर्णन की गई है इसी में व्रज युवतियों ने भी ऊधो जी से अपना संदेस कहा है और श्री कृष्ण जी को उलाहना दे भेजा आदि।

No. 416(*b*). Bhanwaragīta by Suradāsa of Gaughāta (Runukta, Ágrā). Substance—Country-made paper. Leaves—120. Size—10 × 7 inches. Lines per page—20. Extent—1,200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarī Nāthajī Bhaṭa, Professor, Lucknow University, Lucknow.

Beginning—श्रीराधाकृष्णायनमः ॥ अथ भौंर गीत लिख्यते ॥ ऐन ऊधो वेगि तुम व्रज जाहु। श्रुति संदेस सुनाइ मेटौ वल्लभनि कौं दाह ॥ काम पावक

तुल्य तन में विरह स्वांस समोर। भसम नाहीं होन पावत लोचनन के नीर॥ आजुलौं एहि भांति हैं वे कछुक स्वांस सरीर। इते पर विनु समाधानहिं क्यों धरैं तन धीर॥ वारवार कहा कहौं तुम सबा साधु प्रवीन। सूर सुमति विचारियै जिय मनौं जल विनु मीन॥

End—राग सारंग॥ हरि विनु मुरली कौन बजावै। कमल नैन स्याम सुन्दर विनु को मधुरे सुरगावै॥ ए दोउ श्रवन सुधाकौं पीये को ब्रज फेरि बसावै। ऐसो कियो निठुर मन मोहन जो एहि पंथ न आवै। छांड़ो सुरति नंद जसुदा को हमरो कौन चलावै। सूरस्याम कौं प्रीति पाछिलो को अब सुरति करावै॥ ३॥ सुनियत मोहन ब्याह सबोरो हम देखन नहिं पायो। आसा लगो रहो मेरे मन क्यों नहिं बोलि पठायो॥ जद्यपि हो परतोतो कान्ह को कौने गुरु पढ़ायो। जननी जनम भूमि यह गोकुल नेकौ बहुरि न आयो॥ बचनहु को माता नहिं मेटत जो नहिं जसुदा जायो। पछिली प्रीति बिसारि सूर प्रभु जा लै गोद बढ़ायो॥ ४॥ इति सूरदास जी कृत भंवर गीत संपूर्णम्॥

No. 416(*c*). Sūradāsakṛit Kabīra by Suradāsajī. Substance—Country-made paper. Leaves—4. Size—9 × 4 inches. Extent—27 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Rādhā Krishṇajīpuri Bhoja Tiwāri, Post Office Alipur Bāzār (Sultānpur).

Beginning—पृ० १—श्री गणेशायनमः॥ कबीर॥ शारो नील मोल मंहं छेको गोर गात छवि होति। मनहु नीलमनि मंडप मध्ये बरत निरंतर जोति॥१॥ निरखि छवि राधा नागरि प्यारी॥ कबीर॥ चोटो चारु तीनि सर राजित कुहू केतु अउ राहु॥ मनु हिलि मिलि एक संग हेमगिरि ससि मुष कीन्ह गराहु॥२॥ कबीर॥ मंजुल मांग मोति लर लटकत भटकत उपमा देत॥ मनु उडगन सब सिमिट एक होइ बीच करत ससि हेत॥ ३॥ निरषि छवि॥ भाल विसाल तिलक अति राजत दिहे लाल रज बिंद॥ मनु बंधुप के सुमन आनि कै मनसिज पूजि मइंद॥ ४॥ निरषि॥ जुपा आड ताटंक चक्र जुग भौं भृंगो मृग नयन मनु दौ तिलक बाग गहि बैठे ससि रथ स्वारथ मैन॥ ५॥ निरषि॥ भौंहैं विकट निकट श्रवनन्ह लग दृग खंजन अनुहारि॥ मनहु परसपर करत लराई कोर बचावत रारि॥ ६॥ निरषि॥ कबीर॥ नासा शुभग मोति बेसरि को बरणत होत सकोच॥ मानहु कीर फोरि दाड़िम फल बीज रहे गहि चोच॥ ७॥ निरषि॥ क०॥ पुष्ट कपोल चारु चिक्कन अति बरणत मन सकुंचात॥ मनु दौ संष करत ससि तें मत मानि अनुज को नात॥ ८॥ निरषि॥ क०॥ अधर बिंब रंग सानि

सुधारस यह उपमन्ह को अंत ॥ मानहु उगिलित सोप रूप निधि मोति दपकि दुति दंत ॥ ९ ॥ निरपि ॥ क० ॥ ठोड़ी ठकुराइन को नीको मोलेबुंद मझार ॥ सालिग्राम मनु कनक संपुट मारहिगे तनक उछार ॥ १० ॥ निरपि ॥ क० ॥ केको कंठ सुभग कंठ सरो या सरि को अवर न कांति । मानहुं कनक मुरति गंगातट निकट निपटि दिपि प्रांति ॥ ११ ॥ निरपि ॥ क० ॥ पहुचो पानि बाहु बाजू बंद

End—प्यारो ॥ कबीर ॥ अम्बुज चरण पावटो बुन्दो यह उपमा कहु अवर ॥ मधुर नाद गुंजार करत मनु उड़ि उड़ि बैठत भंवर ॥ २१ ॥ निरपि छवि राधा नागरि प्यारो ॥ कबीर ॥ कह सहचरी वेगि लै आई प्रभु तेरे हित लागि ॥ अब रस विलस विमल बृंदावन दंभ कपट छल त्यागि ॥ २२ ॥ निरपि छवि राधा नागरि प्यारो ॥ कबीर ॥ जोरो जुरो दोन सूरा प्रभु बढ़े रीतिरस रंग ॥ ठकुराइन श्री राधा मेरी ठाकुर नवल त्रिभंग ॥ २३ ॥ निरपि छवि राधा नागरि प्यारो ॥ इति सूरदास कृत कबीर समाप्त

Subject—पृ० १—४ तक—श्रीमती राधा रानी जी के नखशिख के वर्णन सहित कबीर कथन । राधा जी की साड़ी, चोटी, मांग, भाल तिलक, आड़, ताटंक, युग भौंह, नयन, दो तिलक, दृग, नासा, कपोल, अधर, ठोड़ी का नीला बुंद, कंठसरी, पहुंची, बाजू बंद का फुंदना, सीप, सिपज का हार, चौकी, लालगुलाल हारावलि, चोली में कुच, रोमावली, नाभि, नीवी, नितम्ब, जंघा, और चरणों के पांवरे पर मनोहर उत्प्रेक्षाएं ।

No. 416(*l*). Sūradásake Vishunapada by Sūradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—60. Size—15 × 5 inches. Lines per page—18. Extent—1,080 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1904 or A.D. 1847. Place of deposit—Biṭṭhaladāsa Mahanta—Village Mirzāpura, Post Office Baharāich, District Baharāich (Oudh.)

Beginning—श्रीमते रामानुजायनमः ॥ श्री सूरदास के विष्णु पद लिख्यते ॥ प्रथम राग धनाश्री ॥ जैगोविंद माधौ मुकुंद हरि । कृपासिंधु कल्यान कंस अरि । कृपन पाल दामोदर देव प्रति । कृष्ण कमल लोचन अगस्ति मति । रामचन्द्र राजीव नयन वर । सरन साद्र श्रीपति सारंगधर । वनमाली बोटल पावन नवल वासुदेव वंसो वृजभूषन तल परदूषन त्रिसिरा सिर षंडन चरण चिन्ह दंडक भू मंडन कालो दवन वेसि कुल पातन अघा दुष्ट धेनुक तन घातन । रिष

मय द्रवन ताड़िका ताड़न । बन बसितात बचन प्रतिपारन बको बदन बक बदन बदारन । बरुन बिषाद नंद निस्तारन । रघुपति प्रबल पिनाक बिभंजन । जन हित जनक सुता मनरंजन । गोकुल पति गिरधर गुन सागर, गरुड़ध्वज स्वामी नटनागर करुनामय कपि कुल हितकारी बाज बिनोद संकट मृगहारी । गोपी गोप गुपत बतकारन । मन बच क्रम सेवक अघतारन सूरदास जाचत प्रभु रघुबर । कीजै कृपा अनंत हरि जन पर ॥ १ ॥

End—माधौ जीकौ अपराधी हौं । जन्म पाइ कछु जोगन साध्यो धरयौ न मन में भौं सब सो कहत रोति जमपुर को गज पपीलिका लौं पाप पुन्य को फल न बतायो दयो नर्क को पौं । कौनपात पर कहौ क्रिपानिधि कछु भक्ति मों भौं ॥ करुना सिंधु कृपाल कृपानिधि भजौं स्वर्ग को क्यों हंसि बोले जगदीस जगत गुरु बात तुम्हारी यौं बात कहौ तौ बहुत झूसौगे चरन कमल को सौं ॥ मेरो देह छुटत जम पठए जिने दूत घर मौं । वे ले चले जु साज आपने सान धराये स्यौं जिनके दासन दरसन होतें पतित करत ग्यों ग्यौं । हुड़ि फिरे कोउ घर न बतावै सुपच कोरिया लौं ॥ रिसि भरि गये परम राकस तब पकरे छिपे न कैसों । तब लै फिरे नगर ते बाहर जहां मृतक हौं हौं ॥ तारिस करि हौं बहुत मारयो कहं लगि बरनि सकौं ॥ हाइ हाइ हौं करौं कृपन हौं रामनाम न जापौं ॥ ताल पषावज चले बजावत समयो सोभ कों ॥ सूरदास को भलो बनो है ॥ गजो गई ग्रो पौं ॥ हां पतित सिरोमनि माधौ ॥ अजामेल तुम काटजु तारयो जुतो जु मेरो आधो जुगजुग यहै बिरदि चलि आयो कहियत है अब ताते ॥ मोहि छांड़ि तुम सबै उधारो हां घटि हौं अब काते ॥ कै अब हारि मानि प्रभु बैठो कै करि बिरद सहो । सूरस्याम जो धोषो उपजै तौ सोधियो वहो ॥ इति सूरस्याम के विष्णु पद ॥

Subject—इस ग्रंथ में सूरदास जीने श्री कृष्णजी की लीला यशोदा नंद का श्री कृष्ण पर प्रेम न राधिका कृष्ण का प्रेम व ऊधो का योग शिक्षा के लिये श्री राधिका के निकट आना व सूरदास के पद जो अंतिम में कहे हैं वर्णन हैं ।

No. 416(*e*). Rukminīvivāhā and Sudāmā Charitra by Sūradāsa of Runukuta (Ágrā). Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—10 × 7 inches. Lines per page—20. Extent—50' Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badari Nāthaji Bhaṭṭa, Professor, Lucknow University, Lucknow.

Beginning—अथ रुकमिनी विवाह कथा ॥ राग विलावल ॥ द्विज कहियो जदुपति सों बात । वेद विरोध होत कुंदनपुर हंस के अंस काग

नियरात ॥ जिन हमरे गुन दोष विचारौ कन्या लिखो नीति करितात ॥ ताते यह द्विज वेगि पठायौ नेम धर्म मरजादा जात ॥ तन आत्मा समर्पौ तुमकौं पाछे अनुज परे कछु नात । करि सनेह पग धरौं तुम्हारे ऐवे कौं अति चित अकुलात ॥ कृपा करौ रथ वेगि चढ़ौगे लगन समोप रचो परभात ॥ सूरदास ससिपाल पानि गहि पावक परौं करौं तन घात ॥ १ ॥

End—राग सारंग ॥ ऐसैं और कौन पहिचानै । सुनि सुंदरि हरि दीनबंधु विनु कौनु मित्रई मानै ॥ हौं अति कुटिल कुटिल कुदरस भये जदुनाथ गुसाईं । लियौ उठाइ अंक भरि माधौ उठि अर्जुन की नाईं ॥ लै प्रजंक बैठारि परम रुचि निज कर चरन पखारे ॥ पूरव कथा सुनाय कृपा करि सब संकोच निवारे ॥ ३ ॥ लये छिनाय चोर ते तंदुल केतै लै मुख मेले ॥ आवहु कृपा करौ सूरज प्रभु गुरु गृह वसे अकेले ॥ इति सूरदास कृत सुदामा चरित्र संपूर्णम् ॥

Subject—रुक्मिणी विवाह कथा छं० नं० १—३ तक । सुदामा चरित्र वर्णन छं० नं० ४—९ तक । इति ।

No. 416(*f*). Sūrasāgara by Sūradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—275. Size—12×10 inches. Lines per page—56. Extent—19,250 Anushṭup Ślokas—Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1899 or A.D. 1892. Place of deposit—Paṇḍit Śiva Nārayana Vājpai, Vājpai ka purwā. Post Office Sisaiyā, District Baharaīch (Oudh).

Beginning—श्री गोपीजन वल्लभायनमः ॥ श्री वल्लभ चरणकमलेभ्योनमः ॥ श्री विठलेशोजयतितराम ॥ श्री गिरधरो जयतिराम ॥ श्री कृष्णायनमः अथ श्री सूरदास जी कृत सूरसागर सारावली तथा सवालाख पद के सूचीपत्र श्रीकृष्ण नंद व्यासदेव राग सागर संग्रह कृत लिख्यते ॥ वंदौ श्री हरि पद सुखदाई । बहिरो सुनै गुंग पुनि बोलै रंक चलै सिर छत्र धराई ॥ सूरदास प्रभु की शरणागत वारंवार नमो तेहि पाई ॥ रागनी काफी ताल जत ॥ खेलत यहि विधि हरि होरी हो होरी हो वेद विदित यह बात ॥ टेक ॥ अविगत आदि अनंत अनूपम अलप पुरुष अविनासी । पूरण ब्रह्म प्रगट पुरुषोत्तम नित निज लोक विलासी ॥ जहां वृंदावन आदि अजर जहं कुंजलता विस्तार । तहं बिहरत प्रिय प्रीतम दोऊ निगम भृंग गुंजार ॥ २ ॥ रतन जटित कालिंदी को तट अति पुनीत जहं नीर सारस हंस चकोर मोर खग कूजत कोकिल कीर ॥ ३ ॥ जहं गोवर्धन पर्वत मनिमय सघन कंदरा सार । गोपिन के मंडल मध्य राजत निसवासर करत विहार ॥

End—राग मलार ॥ कोउ ब्रज बांचत नाहिन पाती ॥ कति लिखि लिखि पठवत नंद नंदन कठिन विरह की कांती ॥ नैन सजल कागद अति कोमल कर अंगुरी अति तातो ॥ परसे जरे बिलोके मोंजहु दुहू भांति दुख छातो ॥ क्यों ए वचन सु अंक सुर मुनि विरह मदन सर घातो ॥ मुख मृदु वचन बिना सोचव जो वही प्रेम रस भांती ॥ राग सारंग ॥ देन आयो ऊधव मत नीको । हित उपदेश करन ब्रज आये लेये मनोहरि जीको । जोग जुगति निर्गुन उपदेसहि ज्ञान सुनाइ जती को । आवहु री मिलि सुनहु सयानो लिये सुजस को टीको ॥ तजन कहव वर आभूषन देह गेह सत हीको ॥ अंग भसम करि सीस जटा धरो सिखवत निर्गुन फीको ॥ मेरे जान इहै जुवतिन को देत फिरत दुख फीको ॥ ता सराप ते भये स्याम तन तरुन गहत उर जीको । ज्यों लगि सुर घायल डसि भाजै सुख नहिं होत अमी को ॥ राग विहाग ॥ ताल एकतारा । कृष्ण कृष्ण करत डोलु कृष्ण कहां मैं पाऊं ॥ द्वारते दौड़ आऊं तौऊ न लाज लजाऊं ॥ तोहैं छाड़ि और को मैं कौन को कहाऊं ॥ ऊधो जो तुम वेग जाओ प्रेम पाती पठाऊं ॥ ढूंढ़ि फिरौ वन कुंजन माहिं स्याम स्यामा ध्याऊं ॥ या विधना नहिं पंख दीनो उड़के द्वारका जाऊं ॥ ऊधो जो तुम वेगि जाओ स्यामहि वेगि ले आऊं ॥ सूर के प्रभु दास जो हरि हंस कंठ लगाऊं ॥

Subject—इसमें श्री कृष्ण की लीला जन्म से लेकर अंत तक वर्णन की गई है प्रथम बधाई, बाल लीला आदि पूर्ण रूप से वर्णित है ।

No. 416(*g*). Sūrasāgara by Sūradāsa of Runkuta (Gaughat) Āgrā. Leaves—168. Size—10 × 7 inches. Lines per—page – 20. Extent—4,000 Anushṭup Slokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarī Nāthjī Bhaṭṭa, Professor, Lucknow University, Lucknow.

Beginning—सुनो ध्यान सो सुमिरन रह्यो ॥ जैसे सुक कों व्यास पढ़ायो । सूरदास तैसें कहि गायो ॥ ३ ॥ श्री भागवत वक्ता श्रोता वर्णन ॥ राग विलावल ॥ व्यास देव जब सुकहिं पढ़ायो ॥ मुनि के सुत सो हृदय बसो ॥ सुक सौनिक सों पुनि कह्यो । विदुर मैत्रेय सों पुनि लह्यो ॥ मुनि भागवत सबनि सुनायो । सूरदास सो बरनि सुनायो ॥ ४ ॥ अथ सूत सौनिक संवाद ॥ राग विलावल ॥ सूत व्यास सों हरि गुन सुन्यो । बहुरो तन तजि मन मैं गुन्यो ॥ सो पुनि नीमषार मैं आयो । तहां रिषिन को दरसन पायो ॥

End—फिर ब्रज बसो गोकुलनाथ ॥ अब न तुम्हैं जगाइ पठिवैं गोधनन के साथ ॥ बरजै न माखन खात कबहुं दह्यो देत लुटाय । अब न देहिं उराहरो नँद

धरनि आगे जाइ ॥ नहिं देहिं दावर जोरि कैं औगुन न कहिहैं आनि ॥ कहि हैं न चरनन देन जावकु गुहन बेना फूल । कहिहैं न करन सिंगार बढ़तर बसन जमुना कूल ॥ करिहैं न कबहूं मान हम हठिहैं न मांगत दान । कहि हैं न मृदु मुरली बजावन करन तुम सों गान ॥ देहु दरसन नंद नंदन मिलन को जिय आस । सूर प्रभु के दरस कारन मरत लोचन प्यास ॥ ४८८ ॥

इति ।

No. 416(*h*). Sūrsāgara by Sūradāsa of Gaughāta (Āgrā). Substance—Country-made paper. Leaves—334. Size—10 × 6 inches. Lines per page—10. Extent—2,925 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badri Nathaji Bhaṭṭa, Professor, University, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनः ॥ श्री कृष्णायनमः इति बालनोक काडा सार ॥ अथ दसमस्कंध लिखितं सूरदास कृत श्री भागवत वर्णनं ॥ राग सारंग— व्यास कह्यौ शुकदेव सों श्री भागवत बखान । द्वादश अस्कंध परम सुभग प्रेम भक्ति को खान ॥ नव अस्कंध नृप सों कह्यौ श्री सुकदेव सुजान । सूर कहत अब दसम कौं उर में धरि हरि ध्यान ॥ ८६

राग बिलावल ॥ हरि हरि हरि हरि सुमरन करौ । हरि चरनारविंद उर धरौ ॥
जय अरु बिजय पारषद दोई । बिप्र श्राप असुर भये सोई ॥
दुई जनम ज्यों हरि उद्धारो । सो तो मैं तुम्हसों कहि उचारो ॥
बकदंत ससिपाल जो मरो । वासुदेव होइ सो पुनि हरौ ॥
औरौ लीला बहु विस्तारं । कीन्हे जीवन कौ ज्यों निस्तारं ॥
सो अब तुमसों सकल बखानौ । प्रेम सहित सुनि हृदये आनौ ॥
जो यह कथा सुनै चित लाय । सो भव तरि बैकुंठे जाय ॥

End—राग कल्यान ॥ कोयो अतिमान वृषभान बारो । देखि प्रतिबिंब पिय हृदै नारो । कहा ह्यां करत लै आहु प्यारो ॥ मनहि मन देत अति ताहि गारो । सुनत यह बचन पिय बिरह बाढ़ो । कियो अति नागरी मानु गाढ़ो ॥ काम तन दहत नहिं धीर धारै । कबहूं उठत बैठत बार बारै ॥ फेरि अति भये व्याकुल मुरारो । नैन भरि लेत जल देत ढारो । ३२ ।

राग बिहाग ॥ जान कह्यौ तिय बिन अपराधहि । तन दाहति बिन काज आपनो कहतउ रतहि न बादहि ॥ कहा रहो मुख मूंदि भामिनी मोहि चूक कछु नाहि । झझकि झझकि क्यों चतुर नागरो देखि आपनो छांहि ॥ अजहूं हरि करौ

रिस उरते हृदये ज्ञान विचारो। सूर स्याम कहि कहि पचि हारे हठि कीन्हों जिय भारो ॥ ३३ । राग कल्यान ॥ काम स्याम तनः—

Subject—मंगलाचरण, भगवान जन्म लीला वर्णन।

No. 416(i). Sūrasāgar by Sūradāsa of Gaughāta, Agrā. Substance—Country-made paper. Leaves—368. Size—13 × 7 inches. Lines per page—14. Extent—14,168 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rājā Pustakālaya, Bhiṇagā, Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायमः अथ सूर सागर लिख्यते ॥ तत्र प्रथम परमारथ की कथा। हरि हरि हरि हरि सुमिरन करो। हरि चरनारविंद उर धरो। हरि की कथा होइ जब जहां। गंगा हू चलि आवै तहां। जमुना सिंधु सरस्वति आवै। गोदावरी विलंब न लावै। सब तीरथ को बासा तहां। सूर कथा हरि को जहां। चरन कमल वंदौं हरि राया। जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै अंधे कौं सब कछु दरसाया। बहिरौ सुनै गुंग पुनि बोलै रंक फिरै सिर छत्र धराया ॥ सूरदास स्वामी करुना मै बार बार वंदौं तेहि पाया ॥ कीजे प्रभु अपने विरद की लाज। महापतित कबहु नहिं आयो नेक तिहारे काज। माया प्रबल धाम अरु वनिता आयो हो या साज ॥ देषत सुनत सबै जानत हौं नेक न आवत बाज। कहैं श्रुति पतित बहुत तुम तारे श्रवन सुनी आवाज। दै नहिं जात घाट उतराई चाहत चढ़न जहाज। लीजे पार उतारि सूर कहं महाराज ब्रजराज ॥

End—राग नट ॥ देखु सखी हरि बदन इंदुवर। चिक्कन कुटिल अलक अवली छवि कहि न जाय सोभा अनूप वर ॥ बाल भुजंगिनि निकसि मनों मिलि रही घेरि रस मनों सुधाकर। तजि नहिं सकहि नहिं करहि पान को कारन कौन विचारि डरि उर ॥ अरुन बनज लोचन कपोल सुभ श्रुति कुंडल मंडित अति सुंदर। मनहुं सिंधु निज सुतहिं मनावन पठयो जुगल बसोठि वारिचर। नंद नंदन मुख सुंदरता छवि कहि न सकत श्रुति सेस उमावर। सूरदास त्रैलोक विमोहन कपट रूप नर त्रिविधि सूल हर ॥ काहू फिर न कहौं वे बातें। जो नर यहां सुकृत कछु करिगे बातन को कुसलातें। जैसे सती जरै पिय के संग विरह प्रेम रस मातें ॥ ताको स्वाद पूछिये कातें सियरे जार कि तातें। जैसे सूर धसै रन भीतर अरु सनमुख करि बातें ॥ ताको स्वाद पूछिये कातें सहत सेल उर घात। सूरदास देही को या गति समुझि परी अब यातें ॥ या संसार बोल को बरिबो पायो गयो कहांतें ॥

Subject—प्रार्थना ..... २ पद

परमारथ वर्णन	३—१७६	पद तक
भागवत प्रथम स्कंध की कथा	१७७—२५८	,,
द्वितीय स्कंध की कथा	२५९—२८८	,,
तृतीय ,, ,, ,,	२८९—३१८	,,
चतुर्थ ,, ,, ,,	३१९—३३०	,,
पंचम ,, ,, ,,	३३१—३३७	,,
षष्टम ,, ,, ,,	३३८—३४४	,,
सप्तम अष्टम स्कंध ,,	३४५—३५८	,,
नवम ,, ,,	३५९—४१७	,,
दशम स्कंध	४१८२—१०४	,,
एकादश स्कंध	२१०४-२११०	,,
द्वादश स्कंध	२११०-२१२४	,,

इति

No. 416(*j*). Sūrasāgara (Dashama Skandha) by Sūradāsa of Runakutā (Āgrā) Substance—Country-made paper. Leaves—103. Size—15 × 8 inches. Lines per page—32. Extent—5,300 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Padma Bakhsha Simhajī, Lavedapore, Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री कृष्णायनमः । भजुमन नन्द नन्दन चरन ॥ अमल पंकज अति मनोहर सकल सुख के करन ॥ सनक संकर ध्यान ध्यावत निगम निवरन वरन । सेस सारद रिषे नारद संत चेतत चरन ॥ पग प्रयाग प्रताप दुर्लभ रमा वोहित करन । परसि गंगा भई पावनि तिहूं पुर धर धरन । चित्त चेतल करत कीरति अघ टरति नारिन नरन । गये तरि लै जाय केते पतित हरि पुर धरन ॥ जासु पद रज परिस गौतम नारि गति उद्धरन । सोइ कृष्ण पद मकरंद पावन और नहि सिर धरन । सूर भजु चरनारविंदहिं मिटै जन्मौ मरन ॥ १

चौपाई । श्री कृष्ण चरित्र सदा सुखदाई । जेहि गावत सुर नर मुनिराई ॥ श्री वसुदेव देवकी धामा । मथुरा प्रगटे पूरन कामा ॥ २

End—राधे उड़गन सुत पति हीन । तेरे भौन गौन हरि कीन्हो राहु गहन कस कीन्ह ॥ नौ अरु सात साजि के बैठी सारंग सुत कस दीन ॥ सारंग देषि बिदा भे सारंग अहि रिपु त्यागन कीन ॥ उडगन सुत धरहु आपनो सैल सुता

सत कोन। कदलो खंभ बने जग दोऊ नागारिपु कटि छोन ॥ सूरदास प्रभु मिलौ गोपालहि अंग अंग परखोन ॥ निसि दिन पंथ जोवत जाइ। जल सुग्रन सुत तासु वाहन विकल हुं अकुलाइ ॥ गंध वाहन तासु सुत को बंधु बरनो भाइ ॥ दृगनि ते कब देषि हौ अलि सकल दुष विसराइ ॥ गौ सुग्रन पति पति रिपु न मानत कानि मोहन राइ ॥ करि ततच्छन वेगि आवहु हृदै घालत घाइ ॥ अजै भष को हानि हय कौ दा को को सष काइ ॥ सूर के प्रभु कब मिलहिंगे परसिवे को पाइ। राम

No. 417(*a*). Rukmāngada kī Kathā Ekādaśī Māhātmya by Suryadāsa Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—18. Size—8 × 4 inches. Lines per page—16. Extent—300 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Charactor—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1886 or A. D. 1829. Place of deposit—Pandita Śatrughnajī Miśra, Village Sikandarpore, Post Office Sisaiyā, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ रुकमांगद की कथा लिष्यते ॥ चौपाई। प्रनवौं गुन गनपति के चरना। सिद्धि वही दायक के करना। चरन मनावौं हौ कर जोरी। गनपति बुद्धि बढ़ावहु मोरी। मातु पिता गुरु बन्दौ पावां। जिन यह निर्मल ज्ञान लषावा ॥ सदाहि देवै बन्दौ स्वामी। गनपति हौ सब अंतरजामी। सूर्जदास कवि विनती करई। मोरे हृदय कपट नहिं परई। अवध नगर के बरनौ पारा। जहं नारायन भये अवतारा। कनक कोटि फिरि चारहु पासा। उठे कंगुरा जनु कैलासा। पूरब पावरो विरजे जरिया। दक्षिन पवरी सोन सब मढ़िया। पछिम देपे होहु अहि नास। उत्तर दीसै देव को वास। चारिउ बरन बसैं सब जाती। परजा लोग बसैं बहु भांती। सब को सुष सबै सकुमारा। सब के कंचन पवन पगारा। सब के घरों बाधे हाथी, सब के तुरी रथन सारथी ॥

End—मगुध रुप तब देवन लीन्हा। तबहिं मोहनी काहु न चीन्हा। सेंभावति तब दीन्हसि सरापा। डोमिनि हुइ कै भुगतहु पापा। पुहप के बस जियोहु तुम जाई। कुंकर के असि तोरहु आई। जग्म निरास हो गये परणाई। अपने लोक बैठे सो जाई। सिव कैलास बैठे अराधाई। निज निज डगर देवतन पाई। मोहनी भई श्राप को मंडिये। घूमै लागि ग्राम के छेड़िये। विल्ल साथ हरि मंगर लीन्हा। प्रेत को महिमा कहं लगि कहियो ॥ एकादसो कीन्हे शाप सों कहं लगि व्रत करौं बषान। तिन्हहिं लौ लगि व्रत ठाना। सूर्यदास कवि भाषा रुकमंगद कैलास निश्चै मन कैसे यहु कैसो चरन निवास। इति श्री एकादसो महातम सूर्यदास विरचिते भाषा रुकमांगद वादे बारहे इतिहास संपूरन लिष्यते

सेवा मिश्र सिकदरपुर के सं० १८८६ साके १७५१ वैसाष मासे कृष्ण पक्षे तिथौ तिरोदस्याम शुक्र वासे जैसा देषा तैसा लिषा ममदोष नाहीं। समाप्त ॥

Subject—१—रुकमांगद की कथा इस प्रकार है कि अयोध्यापुरी के राजा त्रेतायुग में हरिश्चन्द्र हुए उनके पुत्र रोहितास्व और रोहितास्व के रुकमांगद हुए। रुकमांगद न्यायी धर्मात्मा ईश्वर भक्त था। वह एकादशी का व्रत विधि पूर्वक करता था। उसके राज्य में कोई भी ऐसा न था जो एकादशी का व्रत न करता हो यहां तक कि हाथी घोड़े आदि को भी एकादशी के दिन दाना चारा न मिलता था। यमराज यहां से घबड़ा के भगे और इन्द्र के निकट सब समाचार सुनाया इन्द्र विष्णु के पास गए विष्णु भय इन्द्र के शंकर के पास गये वहां से मोहनी राजा को छलने के लिए भेजी गई। वह मोहनी राजा को बन में शिकार खेलते मिली राजा देखकर मोहित हो गया मोहनी और राजा का सूर्य चन्द्र को साक्षी में मेल हो गया और उसने एकादशी व्रत से सब प्रजा को राजाज्ञा से छुटाना चाहा जब राजा की रानी संभावती को यह वृतांत ज्ञात हुआ तो उसने मोहनी को श्राप दिया क्योंकि एकादशी व्रत वहां कोई भी न करने लगा। और मोहनी का रथ रुक गया कि एकादशी व्रत वाला अगर रथ छू देवे तो रथ चले राजा रुकमांगद के राज्य में कोई भी न निकला केवल एक बुढ़िया जो अपनी पतोहू से लड़ कर दुख से एकादशी के दिन भोजन नहीं किया था निकली। उसने रथ छुआ और रथ चला तब राजा को अपने राज्य की दशा ज्ञात हुई कि मोहनी ने हमको छल कर एकादशी का व्रत राज्य भर में छुड़वाया। रानी के श्राप से मोहनी डोमनी हुई और प्रायश्चित्त रानी ने यह बताया कि जब तू एकादशी व्रत करैगी तब फिर अप्सरा होगी। इस प्रकार राजा रुकमांगद की कथा एकादशी माहात्म्य के सहित वर्णन की गई है।

No. 417(*b*). Ekādaśi Māhātmya by Suryadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—7½ × 4½ inches. Lines per page—35. Extent—475 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Date of manuscript—Samvat 1901 or A.D. 1844. Place of deposit—Paṇḍita Ayōdhyā Prasāda Miśra, Village Katailv, Post Office Chilawaliyara (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः

अथ एकादशी व्रत नारातम प्रारंभ्यतेः ॥

दोहा ॥ शंकर शरण प्रथमही पंकज सीस नवाइ। चरण कमल मैं मांगऊं श्री गुरुदेव लखाय ॥ १ चौ० राम लषण सुमिरौं दोउ भाई। नाम लेत पातक

बसि जाई। सुमिरौं पवन पूत हनुमंता। येहि सुमिरौं बल होइ बहुता॥ सुमिरौं चांद सूर्य दोऊ भाई। जिनकै ज्योति रही जग छाई॥

End—सूर्यदास विनती करै सुनहु हो संत सुजान। करहु ध्यान श्री कृष्ण कर होइ इन्द्र स्थान॥ ८० चौ० एकादशी जो सुनहिं संपूरण। ते जानहु गंगा स्नान तरण। सुनिकै कथा जो देइहि दाना। तेहि कहं होइ इन्द्र अस्थाना। यकादशी अमृत कै खानो। संत सुजान पियहिं मन जानो। जमकै निशानो अंतमन जाति कै धौरो। रसना अक्षर अक्षर कै जोरो। दोहा—कहौ सुनै जो प्राणी अश्वमेध जज्ञ होइ। सूर्यदास कवि भाषै हरि सम अवर न कोइ॥ ८१ इति श्री एकादशी कथा संपूरणम् समाप्त सुभमस्तु। मि० भादौं मास कृष्णपक्ष १२ संवत् १९०१ लिषा देवो शिवदाश सागर मध्य रविवार।

Subject—स्तुति, नारद का पुष्प के लिये इन्द्र से कहना और इन्द्र का रंभा को पुष्प लेने रुक्मांगद के यहां अयोध्या भेजना पृ० १—२ रंभा का लिखा जाना, रानी का आश्चर्य करना, रंभा का राजा को एकादशीव्रत का फल कहना, नगर में एकादशी रहनेवाले को ढूढ़ना और एक स्त्री मिलने पर उसके छूने से रथ इन्द्रलोक को जाना। पृ० ३ से ६ तक।

राजा का व्रत के लिये नियम करना और सब का स्वर्ग जाना। देवताओं का व्रत भंग करने का विचार करना और मोहनी स्त्री बनाना और रुक्मांगद के पास भेजना राजा का मोहित होना रानी का राजा को समझाना पृ० ७-१२ तक।

मोहनी का राजा के साथ अयोध्या आना बड़ी रानी का विप्र भेष व्रत को याद कराना मोहनी का निषेध करना राजा रानी संवाद पृ० १३—१७ तक।

पुत्र को बुला कर उसका सीस देने को तय्यार होना पुत्र के आने पर राजा का दुखित होना कुंवर का समझाना और दान देकर सिर काटने को तय्यार होना विष्णु का आना और रक्षा करना मोहिनी का नरक में जाना पृ० १८—२४ तक।

इति

No. 417(c). Rāmajanma by Sūraja Dāsa Kavi. Substance—Foolscap paper. Leaves—78. Size—8 × 6½ inches. Lines per page—16. Extent—468 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Kaithī Mudiā. Date of manuscript—Samvat 1953 or A. D. 1896. Place of deposit—Paṇḍita Yaśyodā Nanda Tiwārī of Village Kānth, District Unāo.

Beginning—श्री गनेश जी सहाय नमौ। श्री सुरसती जी सहाय नमौ। श्री गंगा जी सहाय नमौ। श्री महादेव जी सहाय नमौ। श्री पोथी राम जनम लिखते श्री गुरु चरन सरोज रज नीज मन मुकुर सुधार। बरनौ रघुपति बीमल जस जौ दायक फल चार। बरनौ रघुपती बोधोनी बतिस। रामरूप तुम पुरवहु आस। बरनौ सुरसती अमोरीत बानी। रामरूप तुम भली गति जानी। बरनौ चंद सुरज की जोती। रामरूप जस निरमल मोती। बरनौ बसुध धरौ जीभर। राम रूप भये जगत पिआर। बरनौ मात पिता गुर पऊ। जीन मौही नीरमल गोयान सोबाऊ॥ सुरजदास कबी बरनौ परम नाथ जीव मौर। राम कथा कीछु भखहु कहत न लगै भौर॥ बालमीक रामायन भाखा। तीनो भुवन जौ भरी पुर राखा। राम कै जनम सुनौ मन लाइ। बढ़ै धरम पाप छै जाइ। आनंद मंगल सब कौइ करइ। सहसर हौम सौदीन दीन करइ। होवै मह त्रीवेनी कौन। कौटीन गये बीपर कहि दीन।

End—राम जनम सुनै मन लाइ। दुख दलिदर सम जाइ पराइ। राम कै जनम सुनै जौ कान। तेहो कर पुत्र होत कलीआन। राम के जनम मनोती जौ गावै। सौ नर भव सागर तरी जावै। दोहा—राम जनम कथा जनम कथा बिमल पढ़ै सौ नर मन लाय। सौ नर राम परताव से भौ सागर तरी जाय। इती सीरी राम जनम पुरन जौ पत्र देखा सौ लीखा मम दौस न दीजिए पंडित जन सौ बीनती मौर टुटल अक्षर लेव सजौरी महीना फागुन दीन बुध सन १८९६ दस्तखत देवीराम कै।

Subject—राम जनम की कथा पढ़ने की महिमा वर्णन पृ० १—४

राजा दशरथ का ३०० रानियों से विवाह करना तीन पट रानियां। राजा का शिकार खेलने जाना वन में भूल जाना संध्या समय सरोवर पर आना, धनुष बाण लेकर बैठे विचार करना—पृ० ४—५

श्रवण का जन्म होना, उसका विद्या पढ़ना, स्त्री का आना, वादाविवाद होना, स्त्री का निकाला जाना पुनः आना खट्टा मीठा भोजन बनाना, अंधो, अंधे की दुर्बल देख श्रवण का पूछना, समाचार जानकर फूलमती को उसके मायके भेजना। कांवरी बना कर माता पिता को लेकर घूमना, माता पिता का पिपासाकुल हो पानी मांगना, श्रवण का पानी के लिये जाना। पृ० ५—१४

सरोवर में कमंडलु का डुबोते समय शब्द होना, दशरथ का शब्द सुनकर शिकार का अनुमान कर बाण मारना, श्रवण को लगना राम राम शब्द सुन कर दशरथ का वहां आना, श्रवण का राजा से पूछना और राजा का अपना परिचय देना, श्रवण का राजा से माता पिता को पानी पिलाने के लिये कहना, राजा का उनके पास जाना, पानी देना, सब समाचार कहना, अंधो अंधे का

राजा को शाप देना और देह त्याग करना, राजा का अयोध्या आना, वशिष्ठ से पुत्र हेतु उपाय पूछना, यज्ञ करना और पुत्रों का होना। पृ० १४—२८

पुत्रों का यज्ञोपवीत होना, विश्वामित्र का अयोध्या आना, यज्ञ रक्षा के हेतु पुत्रों को मांगना, राजा का दुखित होना, विश्वामित्र का क्रोधित होना, देवताओं का दशरथ को समझाना, राजा का राम और लक्ष्मण को मुनि के साथ भेजना, दोनों भाइयों का विश्वामित्र के आश्रम में आना, राम का मुनि से गंगा का उत्पत्ति पूछना, मुनि का वर्णन करना पृ० २८—४७

मुनि से वार्तालाप कर के शयन करना, आधीरात को लुक कर आना, अनेकों प्रकार के उत्पात होना, राम का उसे मारना, ब्राह्मणों का सुखी होना, यज्ञ के लिये भगवान का मुनियों को आज्ञा देना, मुनि का राम को लेकर तिरहुत जाना विश्वामित्र को आया हुआ जानकर जनक राजा का आना, दंड प्रणाम करना, राजकुमारों को पूछना, परिचय पाकर प्रसन्न होना, पुरवासियों का राम लक्ष्मण को देख कर प्रसन्न होना, राम का धनुष यज्ञ देखना और धनुष का तोड़ना, जनक का अयोध्या को दूत भेजना, दशरथ का जनकपुर आना, जनक राजा का दशरथ को जनवास देना, चारों भाइयों की शादी पृ० ४७—६०

दशरथ का विदा होकर अयोध्या के लिये चलना, रास्ते में परशुराम से भेंट, नारायण धनुष राम को देना, राम का उसे चढ़ाना, परशुराम का वन गमन, राजा का पुर प्रवेश, परिछन होना, सासुओं का बधुओं का मुख देखना, गृह प्रवेश आदि वर्णन, राम जन्म पढ़ने का फल वर्णन—६०—७८

No. 418. Suratarāmaki Bāṇī by Sāddū. Substance—Country-made paper. Leaves—108. Size—4½ × 3¼ inches. Lines per page—18. Extent—1,215 Anushṭup Slokas. Appearance Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1852 or A. D. 1795. Place of deposit—Haravamsā Rāi Tikāri, Rāe Bareli.

Beginning—अथ साधां सुरत राम जी को बांणी अणमें लिख्यते ॥

प्रथम सतुति का किवत लिख्यते ॥

नमो रमईया राम सिमरि तेरै आधारा। नमो नमो गुर संत सदा मोहि लगो पियारा ॥
तुमरे पदकी सरनि रहो नितही मम सोसा। मैं हूं पांवर जीव आप स्वामी जगदीसा ॥
सुरत राम सरनै सदा कर प्रनाम अनंत। तुम अपरमपार अपार हो मैं हूं तुमरो जंत ॥

अथ साषी गुरदेव कौ अंग लिष्यते ॥

प्रथम राम रामतीत जू सत गुर सब ही संत। जन सुरत राम बंदन करैं बारू-बार अनंत। अंग ॥ राम चरण गुर तपत है सूरत राम कै सोस। ग्यान भगति बैराग दे नांवकस्यो बकसोस। राम चरण हरि रूप है भगति भूप है सोइ। सूरत जांय उनसूं मिल्यां सब मिल नामे धोइ। सत गुर सब गुण मेट दे निरगुण करै निराट। जन सूरतराम सांची कहै देह मुकति तणों बै बाट। ४ सत गुर का प्रताप सूं तोष प्रगटै आइ। सुरत रात्रि ऐ लोक धन मेरे मन नहिं भाइ ॥ ५ मेरे मन भावै नहीं तीन लोक को धन। सूरत राम गुरदेव का चरणां लागे मन ॥ ६

End—पदराग आरती ॥ आरति तेरी रांम अभंगो। घटि घटि चेतन आप असंगो ॥ टेक नहीं निराकार नहीं आकारा। रांम जपै जपि राम संचारा ॥ १ सेस महेसुर पार न पावै। निति अनिति हो निगम बतावै ॥ २ आदि अंत मधि है इक सारा। सूरत राम सो राम पियारा ॥ ३ इतो साषां सूरत राम जी को बांणीं असमै संपूरणं ॥ गोट को संख्या को ब्योरा साषी ॥ ८०९ अस्वंद्राइणं ॥ १०१ ॥ सवईया १३ कवितज सार ॥ १९ ॥ कूंडल्या १८ अरेखता १९ ॥ ग्रंथ ६ ॥ पद वेताल ८७ ॥ ग्रंथ पद वेताल। सबद संता का मानूं सरब सबद को जोड़ ११३२ हो जानूं ॥ अनत ग्यान भरपूर है ताको नाहीं पार। साषी अर चंद्राइणां सवैया कवितज सारदुल ॥ सरब संता को महरि सूं सबद लिष्या है सार ॥ ज्यो कोई बांचिति बारसो सो नर उतर पार तर ॥ जन सूरत राम परताप सूं लिष्यो जैतहो राम ॥ रोड़पूरो निज गांव है राम दुवारो धांम ॥ २ ॥ संवत अठारा सै सहो वष बावनै ठाम ॥ भांदवां बुधि है। सतमी संत विराजत आठ ॥ ३ ॥ सोरठा ॥ संत विराजत आठ, भगति मुकति दाता रहै। तब मन आयो अरपि, सोहो जग कें पार है ॥ इतो गोखो संपूरण ॥

			पृष्ठ
Subject—राम और गुरु वंदना	....	....	१
गुरु महिमा (सतराम रामचरण के शिष्य थे)		....	२
राम सुमिरन से लाभ सब पदार्थों की प्राप्ति	....	....	३—७
राम के प्रति विनती	....	....	७—८
राम के विरह में दुख वर्णन	....	....	९
प्रेम से राम मिलन	....	....	१०
राम की सर्व व्यापकता	....	....	११—१३
सती भावना से पतिव्रता की महिमा वर्णन	....	....	१४
,, ,, व्यभिचारिणी की निंदा	....	....	१५
साधु महिमा और लक्षण	....	....	१६

			पृष्ठ
असाधु की निंदा लक्षण	....	....	१७
साधु संग से ज्ञान-लाभ	....	....	१८
मन की चंचलता वर्णन	....	....	१९
ज्ञानी के लक्षण और वाद विवाद की निंदा	....	....	२०
राम विमुख से संकट को प्राप्त होना	....	....	२१
अज्ञानी के लक्षण और कर्म वर्णन	....	....	२२
काल (मृत्यु) सदा उपस्थित जान राम भजन के लिये उपदेश	....		२३
चेतावनी राम भजन के लिए	....	....	२४—२७
जिज्ञासु की महिमा	....	....	२८
राममक्ति में दृढ़ता का उपदेश	....	....	२९
दया धर्म की महिमा	....	....	३०
सार असार वस्तु वर्णन	....	....	३१
विषय विकार से दूर रहने और काम, क्रोध, लोभ, मोह का तिरस्कार करने का उपदेश	....	....	३२
कामी पुरुष की दशा का वर्णन	....	....	३३—३४
सत्य की महिमा	....	....	३५
राम को छोड़ कर भ्रम में पड़ने वालों की निंदा		....	३६
बनावटी वेश की निंदा	....	....	३७
गुरु करने लाभ उससे ईश्वर की प्राप्ति	....	....	३८—४०
राम स्मरण का उपदेश और विमुख रहने में हानि		....	४१—४४
इंद्रियों का निग्रह और भक्ति और प्रवर्त्य करने का उपदेश		....	४५—५०
तिलक सुमिरनी आदि का विधान	....	....	५६
भक्ति महिमा			
अवधूत के कर्त्तव्य की महिमा	....	....	५७—७०
गान के पद	....	....	१०७
छंद संख्या	...	....	१०८

समाप्ति

No. 419(*a*). Kavi Priyā Tikā by Sūrata Miśra. Substance—Country-made paper. Leaves—57. Size—10 × 4 inches. Lines per page—42. Extent—1,197 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in prose and verse. Character—

Nāgarī. Place of deposit—Thākura Gyāna Simha, Village Mādhōpore, Post Office Bisawañ, District Sītāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ सोरठा ॥ गरुड़ पाय गिरिपाल गोरि गिरा गण ग्रहप गुरु । ये जेहि रूप रसाल वंदौ पद जेहि जुगुल के ॥ गज मुष संमुख होत हो या दोहा को तिलक सूरत मिश्र करत हैं तहां प्रश्न कोई वादी करत भयो । गनेश जूके बरनन में विघ्न को विमुष हुं वो कह्यो और प्रयाग के बरनन में पापन को बिलाइबो कह्यो । बिमुष भजिबो को बिलात नसिबो यह समता नाहीं और प्रश्न जिन गनेश को बरनन तिन गनेश को अस्तुति में न्यूनता है बिघन भाजि जात है यामें प्रयाग को अधिकाई है औ पाप बिलात हैं यानो नसि जात हैं ये दोऊ प्रश्न ॥ तहां उत्तर बिमुष को अर्थ विगत है मुष जिनको सोस कटि जात है यह प्रयोजन जब बिन सोस भयो तब बिलाइबो दोऊ ठौर सिद्धि भयो ॥

End—को कामी सदा है । ये कहिये हे सषी तब उन उत्तर दीन्हो । को कहै हिय विषै कामी सदा सर्प गयो है । जेहि राह ताको लोक बनो है ताको देषि करिकै सषी पूछत है यह लोक तुम हम पर कहउ ॥ कालो को है अर्थात केहि पंचाई है तब वह उत्तर देत है कालो है कोथो, सर्प गयो है ताको लोक बनि रहो है । वह जानिए पुनः कंठ बसत को सात कोक कहावहु विधि कहै का कहिए सुरतात को कामो हित सुरत रस अथ गनागन चित्र अलंकार को लक्षन । सुधो उलटो बांचिए कहिए अर्थ प्रमान । कहत गनागन ताहि कवि केशव दास सुजान ॥ गनागन को उदाहरन मासम सो हंस जे बनवीनन बोन बजे सह सोम समा मारल तावि बनावति सारी रिसाति बनावति ताल रमा । माल बनी बलि केशव दास सदा बसु केलि बनो बलमा । सुधो उलटो बांचिव और पद अरु अर्थ एक सवैया में सुकवि प्रगटै दोउ समर्थ ताको उदाहरन सैनन माधव ज्यो सर केसव रेष सुवेष सुदेस लसै मैनव को तम जो तरुनो रुचि चोर सबै बिन काल फंसै । तै न सुनो जस भोर भरो घर धोर बरोति सु कौन बसै । मैन मनो गुन चालु चलै सुम सामन मैं सरसो बिलसै ॥

Subject—केवल कवि प्रिया को टीका प्रश्न उत्तर सहित है ।

No. 419(*b*). Nakha Śikha Rādhājūkō by Surata Miśra of Āgrā. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—9 × 5 inches. Lines per page—26. Extent—200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1853 or A. D. 1796. Place of

deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha, Village Kānthā, Parganā Kānthā, District Unāo.

Beginning—सुरति मिश्र कृत नष शिष वर्णन ॥ श्री गणेशायनमः ॥

कवित्त—चरन चतुर्भुज के चिह्न ह्वै करत सेवा रमा के सुदस ग्रहरूप सरसात है। आसन हू विधिहि रिझायो पै न बनो विधि सुरति सुकवि बातें जग में विख्यात है ॥ सुनिये हो लाल उहि बाल पग समता कों कोनों बहुतेरो पै न भए बार जात है । ऐसो कौन जाके हिय धीरज धराइ बाके पाइ देखे काहू के न पाइ ठहरात है। १

जावक वर्णन-किधौं सब जगत की अरुनाई हारो ताकों आइ के रजोगुन चरन अनुराग्यो है ॥ किधौं पद कंजन कों सेवत हैं गिरा बड़े पूर हित जाके देखे अघपुंज भाग्यो है। सुरति सुकवि जानि परो यह बात अब तोहि बूझिये न क्यों हूं मान रिस पाग्यो है। जावक न होइ सुनि प्रानप्यारो तेरे यह प्रीतम को अनुराग पाइ पाइ लाग्यो है। २

पद नख वर्णन-चदन अनुहारो छोनो रवि को अरुनाई जीते जोतिवंत स्वच्छ रूप विलसत है। जेतो जग नारि ते निहारि नारि नोचो करैं सबहो के प्रतिबिंब तिन में लसत हैं ॥ सुरत श्री वृन्दावन रानो कौ चरन संग पाइवे कौं बिंब प्राभावंत दरसत हैं। सांची कहनावत इहां हो देखो लाल सबै जगत के रूप जाके नष में बसत हैं ॥

End—केस वर्णन-किधौं तन पानिप कौ सोहत सिवार पुंज किधौं चंद पाछो आइ घेरो तमघरि है। किधौं मन पक्षी गहिवे कौ मषतूल जाल मदन बनायो फांसि जाते कौ निकरि है॥ सुरति ए ऐसे वह सांवरो रसिक बड़ो देषिवे को जक लागे धीरजु न धरि है ॥ कारे सटकारे ए तूं बार बार छोरति हैं तेरे बार देखे काह मेरे बार परि है ॥ ३९

मांग वर्णन-किधौं जमुना के पूर बीच गंग धार बही किधौं तम चोरयो रवि करि धाइ डारे तें। किधौं रसराज के सरोवर में चलो बग छोननि को पांति उत इत के किनारे तें ॥ सुरत छबीले छैल छके हैं छबीलो देख और बसीकर कहा करिहौ विचारे तें। व्यापि जाय विन अंग वारो अंग आगमन राग सो डरत तेरो मांग के निहारे तें ॥ ४० बेनी वर्णन-त्रिभुवन पति के हरति दुख देखत ही सहज सुवास ऊंचो बास सोभ रस है। नेह जुत सरसें पहाई सुख सरसें वे तीनहूं चरन कौ प्रगट सुदरस है। सब दिन एक सो महातम है सुरत यों नागर सकल सुख सागर परस है। परो मृगनैनो पिकबैनो सुख दैनो अति तेरो यह बेनो तिरवेनो ते सरस है ॥ ४१

इति श्री सूरति कवि विरचितं नप सिख वरनन समाप्तम् ॥ संवत १८५३ माघ वदी ९ नवमी मदं वासरे ॥ लिखित मिदं ।

Subject—राधा के चरण, जावक, पदनख पड़ी चरनांगुली, भूषन अनवट, नूपुर, पाइजेब वर्णन छंद १ से ८ तक ।

गति, कटि, त्रिवली, रोमराजी, उरोज, हाथ, कर भूषन, चूरी, भुजमूल, पीठि वर्णन । छंद ९ से १९ तक ।

ग्रीवा, तिल, मुख, अधर, दशन, रसना हँसी, वाणी और कपोल वर्णन छंद २० से २८ तक । नासिका, नथ, नेत्र, अंजन, नेत्रभाव, वरुनी, भृकुटी, श्रवण, भाल वर्णन छंद २९ से ३७ तक ।

अलक, केस, मांग और वेणी वर्णन तथा लिखने के संवत् का उल्लेख छंद ३८ से ४१ तक । चाँदनी वर्णन, अंधकार व शीत वर्णन के ३ छंद इसमें सूरत कृत और भी दिये हैं । इति ।

No. 419(c). Bihāri Satasaī kī Ṭīkā by Surata Miśra and Isavī Khān of Āgrā. Substance—Country-made paper. Leaves—625. Size—8½ × 6½ inches. Lines per page—20. Extent—7,812 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Date of manuscript—Samvat 1973 or A. D. 1916. Place of deposit —Paṇḍita Śyama Bihari Miśra, Gōlāgaṇja, Lucknow.

Beginning—विहारी सतसयी टीका ॥

अथ मोक्षमार्ग प्रकाशक नाम शास्त्र सा उदय होय है । तहां प्रथम मंगल करिये है ॥ णमो अरहंताणं । णमो सिद्धाणं । णमो उवज्झायाणं । णमो लोए सव्व साहूणं ॥ ३ ॥ यह प्राकृत भाषामय नमस्कार मंत्र ॥ सो महामंगल स्वरूप है ॥ बहुरि या का संस्कृत ऐसा होई ॥ नमो हितेभ्यः नमः सिद्धेभ्यः ॥ नमः आचार्येभ्यः ॥ नमः उपाध्यायेभ्यः नमो लोके सर्व साधुभ्यः ॥ बहरि याका अर्थ ऐसा है ॥ नमस्कार अर्हंतन के निमित्त ॥ नमस्कार आचार्यन के अर्थ ॥ नमस्कार उपाध्यायन के अर्थ ॥ नमस्कार साधुनि के अर्थ ॥ ऐसा या विषय नमस्कार किया ।

End—प्रश्न-जो कोई सम्यक्ति जीवन की भी मथई गलांन आदि पाइ कर है ॥ अर कोई मिथ्या दृष्टीन कै न पाइए है ॥ तातैं निसंकता दिक अंग संम्यक कैसे कहो हो ॥ ताका उत्तर ॥ जैसे मनुष्य सरीर के हस्त पादाद अंग कहिए है तहां कोई मनुष्य ऐसा भी कोई ताकै हस्त पादाद विषय कोई न होई ॥ तहां वाके मुष सरीर तौ कहिए ॥ परन्तु जिन अंकनि बिना वह सोभायमान सकल कार्यकारी न होई ॥ तहां वाके मुष सरीर तो कहिये परंतु तिन अंगनि बिना वह सोभायमान सकल कार्य कारी न होय ॥ तैसे सम्यक के निस्संकि तादि अंग कहिये है तहां कोई सम्यकी ऐसा भी तोय ॥ जाके निस्संकतत्त्वादि विषै कोई अंक न होई ॥ तहां वाकै सम्यक तो कहिये परन्तु तिन अंकन विना वह निर्मल सकल कार्य कारी न होय ॥ बहुरि जैसे बांदरे कै हस्त पादादि अंग हो है । परन्तु जैसे मनुष्य के होंय तैसे नहिं होई हैं कैसे मिथ्या दृष्टीन के भी विवहार रुपनिस्संकतादि अंक हो है । परंतु जैसे निश्चय । की सापेक्षा लिये संम्यकी कै होई तैसे न होय है । बहुरि सम्यक विषै पचीस मत कहे है । आठ संकादिक मत । आठ पद । षट अनायतन । इति

Subject—प्रथम अधिकार (पीठिका)

(१) पृ० १ से पृ २० तक—मंगलाचरण

अरहंतादि को नमस्कार, नमस्कार किये जाने वाले सज्जनों का स्वरूप वर्णन। आचार्यों दिपदों की व्याख्या। पंचपरमेष्ठी पद की व्याख्या। २४ तीर्थंकरों को नमस्कार। अन्य विवादि को नमस्कार।

(२) पृ० २१ से पृ० ३८ तक विषय प्रवेश। सद् शास्त्रों की व्याख्या। श्रोता वक्तादि के गुण।

(३) पृ० ३९ से पृ० ४३ तक-उपस्थित ग्रंथ का सार्थकत्व। दूसरा अधिकार

संसार की अवस्था का निरूपण

(४) पृ० ४४ से पृ० ९० तक—कर्म बन्धन का निदान, जीव तथा कर्म सम्बन्ध का समय कर्मभेद, अनादि से धारा प्रवाह रूप द्रव्य कर्म व भाव कर्म की प्रकृति का वर्णन। नाम कर्म के उदय से शरीर होने का वर्णन। जीव तथा आत्मा का संबन्ध, जीव के चैतन्यादि गुणों का वर्णन। जीव की भिन्न भिन्न संज्ञाएं। चार प्रकार के कषाय का वर्णन। अनादि संसार संबंधी अघाति कर्मों के उदय के अनुसार आत्मा की अवस्था।

तीसरा अधिकार (संसार दुःख तथा मोक्ष सुख का नियम)

(५) पृ० ९१ से पृ० १४० तक—संसार के दुःखमय होने का वर्णन, दुःख का स्वरूप, उसका मूल कारण, इन्द्रयादि के सुख के मिथ्यात्व का वर्णन, दुःख का मूल कारण—इच्छा का होना। इच्छाओं की पूर्ति के लिये किये गये उपायों का मिथ्यात्व, दुःख तथा उसके कारणों के विनिष्ट होने का उपाय। संसार को छोड़ सिद्धि पद पाने का उपदेश।

चौथे अधिकार सेषष्ट अधिकार तक

(६) पृ० १४१ से पृ० १७० तक—संसारी दुःखों के जीव रूप मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान तथा मिथ्या चरित्रों के स्वरूप का निरूपण। मिथ्या दर्शन के विशेषत्व का वर्णन। श्रद्धान को संसार के मोक्ष के बताए जाने का कारण अश्रद्धान का ही नाम मिथ्या दर्शन कथन। सब दुःखों का मुख्य कारण कर्म बन्धन का होना। मोक्ष की परिभाषा। संसारिक जीवन के मिथ्या दर्शन की प्रकृति के पाने का उपाय, मिथ्या दर्शन का स्वरूप, मिथ्या ज्ञान का स्वरूप। पदार्थों के इष्टानिष्ट न होने का कथन। जीव के राग-द्वेष का वर्णन।

सातवां अधिकार।

(७) पृ० १७१ से पृ० २५० तक—गृहीत मिथ्यात्वादिक का निरूपण। मिथ्या चरित्र की परिभाषा। इसी का विशेष वर्णन-ब्रह्म के अद्वैत को न मानते हुए

उस पर तर्क वितर्क। कर्त्ता का निषेध करते हुए वेदान्तियों के सृष्टिनिरूपण तथा अन्य कितने ही कार्यों पर आक्षेप करते हुए कृष्णादि के चरित्रों की आलोचना। मायादि की कल्पना को मिथ्या ठहराना। मुसलमान तथा हिन्दुओं के केवल एक ईश्वर पर वाले सिद्धान्त की समता दिखाते हुए उसका खंडन, वेदान्तियों द्वारा किए गये तत्त्वों के पंचीकरण को मिथ्या ठहराना। शाक्त तथा शैवों पर आक्षेप। वेद पूजकों के अनेक भेद पंथियों द्वारा अनेक मत समर्थन करने पर संपूर्ण को मिथ्या निश्चित कर केवल जैन धर्म ग्रंथों ही का वर्णन। वीतराग भाव की महिमा का वर्णन। अन्य मतों ग्रंथों तथा सिद्धान्तों के अनुसार ही जिन धर्म की प्राचीनता के सिद्ध होने का वर्णन। हिन्दुओं के सर्व प्राचीन ग्रंथ वेदों से भी जैन मत प्राचीन तम होने का प्रमाण। वेदों के सूत्रों के कृत्रिम होने का कथन। जिन तीर्थंकरों की उत्पत्ति इत्यादि पर किये गये कुछ आक्षेपों का स्वयं ही उपस्थित कर उनका उत्तर देना।

(८) पृ० २५१ से पृ० २७८ तक—जैन धर्म की दूसरी शाखा के मानने वाले श्वेताम्बरियों द्वारा भगवान के स्वरूप आदि पर किये हुए कुछ आक्षेपों के उत्तर। आहार विहार संबंधी कुछ समस्याएं। भगवान द्वारा किये हुए उपदेशों तथा इन्द्र कृत समवसरण के विषय में कुछ न समझ सकी जाने की भली बातों का संबोधन कराना। श्रावक शब्द की व्याख्या। श्वेताम्बर धर्म की शास्त्र कल्पना को मिथ्या ठहराना। मुनियों की याचना के सम्बन्ध में कुछ स्मरणीय बातें। गुरु तथा धर्म का स्वरूप। सम्यक् दृष्टि आदि के कहे हुए रूपों में से कुछ का मिथ्यात्व। श्वेताम्बर संप्रदायवालों पर कई आक्षेप श्वेताम्बर मत के सकारण त्याज्य होने का वर्णन।

यहां पर अन्य मत निरूपण समाप्त हुआ।

(९) पृ० २७९ से पृ० ३११ तक—गंगा इत्यादि तीर्थों पर किये जाने वाले पिंडादि का निषेध। सूर्यादि की पूजा का भ्रम बताना। जिन धर्मानुकूल की जाने वाली पूजा का महत्त्व। मिथ्या भेष धारण करने का निषेध, मुख्य भेष निरूपण, गुरु सेवन निषेध कुयुक्ति द्वारा गुरुओं को स्थापित करने वालों के मत का निरूपण। गुरु का मुख्य स्वरूप। कुधर्म का निरूपण।

मोक्षमार्ग प्रकाश—शास्त्र विषयक कुदेवादि निषेध वर्णन।

(१०) पृ० ३१२ से पृ० ३५० तक—जो जैन होकर भी इस धर्म में श्रद्धा नहीं रखते उनके विषय में कुछ वक्तव्य। ज्ञान की सद्भावना सदैव मानना। वर्णादिक रागादिक से आत्मा के भिन्न होने का कथन। शास्त्राध्यन। तपश्चरण इत्यादि के विषय में की गई कुछ शंकाओं के उत्तर। सम्यग्दृष्टि की सिद्धि के लिये

आध्यात्मिक शास्त्रों के अध्ययन की आवश्यकता आत्माचरण विषयक वृतादिक के साधनों का कथन। ज्ञान विना तप की असिद्धि का कथन। हिंसादि के त्याग का कथन। प्रतिज्ञा रूप वृत का कथन। वैराग्य व्याख्या। आत्मा के विषय में अनुभव करने का कथन। ध्यान की परिभाषा। पर द्रव्य-त्यागनोपदेश। पदार्थ सिद्धान्त कर मोक्ष में ध्यान लगाने का वर्णन। धर्मात्मा की परिभाषा, जिन आज्ञा मानना ही सच्चा श्रद्धान है। मिथ्या दृष्टि का वर्णन, उसकी पूर्ण व्याख्या।

(११) पृ० ३५१ से पृ० ३७७ तक—श्रद्धानी का लक्षण। किसी अभिप्राय विशेष को लेकर जो जैनी बन जावे उसके पापी होने के संबंध में शंका समाधान के साथ कुछ विचार धारा। विना समझे बूझे पूजा पाठ करने वालों के सम्बन्ध में कुछ कथन। इच्छा पूर्त्ति के लिये की जाने वाली भक्ति को रागरूप मानकर मोक्ष के लिये बाधक मानना और राग के उदय में भक्ति के न करने का उपदेश। मुनि का सच्चा लक्षण। मुनिभक्ति द्वारा शास्त्रभक्ति का निरूपण। जप तथा व्रत को ही मोक्ष मानने वालों की भूल और इस संबंध में कहे हुए जैन सिद्धान्त के ग्रंथों में कथित वृतादि पर जिज्ञासु की शंका और उसका समाधान। सिद्धपने इत्यादि की तुच्छता सिद्ध करते हुए वीतराग भाव ही की प्रशंसा करना।

(१२) पृ० ३७८ से पृ० ४४१ तक—केवल व्याकरणादि के ग्रंथों के अवलोकन में आयु को व्यतीत न करके तत्त्व ज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने का उपदेश। प्रतिज्ञा के संबंध में कुछ उपदेश। प्राप्त पद के अनुसार ही क्रिया करने का उपदेश। चरित्र के (स. राग. वीतराग) दो भेदों का वर्णन॥ निश्चयन का निरूपण। व्यवहार के संबंध में कुछ कथन। निश्चय व्यवहार-मोक्ष मार्ग का निरूपण। तत्त्वज्ञ का अन्य क्रियाओं के अतिरिक्त भी सम्यक्त होने का कथन। सम्यक्त होने के प्रथम पंचलब्धि का कथन। क्षमोपशमादि पंच लब्धियों की व्याख्या। किसी के स्यात चरित्र को पाकर भी मिथ्या दृष्टि होने और किसी के अंतर्मुहूर्त में ही कैवल्य ज्ञान हो सकने का कथन करते हुए परिणाम विगरने को ध्यान रखने का उपदेश। इस प्रकार यहां तक नाना प्रकार के मिथ्या दृष्टियों के कथन करने का उपदेश।

* जैन धर्मसहित अन्य धर्मावलंबी मिथ्या दृष्टि निरूपण पूर्ण *

(१३) पृ० ४८२ से पृ० ५१८ तक—मिथ्या दृष्टियों को मोक्ष का उपदेश। उपदेश का स्वरूप, उपदेश के चारों अनुयोगों का कथन। प्रथमानुयोग का प्रयोजन। इसी प्रकार अन्य तीनों अनुयोगों के प्रयोजनों का कथन। प्रथमानुयोग विषयक मूल कथा। अन्य तीनों प्रयोजनों के संबंध में कुछ कथा। इन अनुयोगों के

अनुसार उपदेश देने के प्रकारों का वर्णन। चारों अनुयोगों में दिये गये उपदेश, उपदेशों का जैन मतों से ही ग्रहण करने का विधान।

* मोक्षमार्ग विषय उपदेश स्वरूप प्रतिपादक नाम अधिकार पूर्ण *

(१४) पृ० ५१९ से पृ० ५८८ तक—मोक्ष मार्ग के स्वरूप का कथन, मोक्ष से आत्म हित होने का कारण। शरीरादि के साथ वृथा मोह सिद्ध कर संसार को दुःख का हेतु सिद्ध करना। मोक्ष अवस्था के हितकारी होने का कथन, मोक्ष के उपाय करने का कथन, मोक्ष का उपाय काल लब्धि आप भवितव्य अनुसार बना है अथवा मोहादि का उपसमादि से बना है अथवा अपने पुरुषार्थ और उद्यम से बनता है। इस शंका का निवारण। मोक्ष के निमित्त कम से मोह के वध करने का कथन। उपदेश देने योग्य पुरुषों तथा उपदेशकों के कर्त्तव्य का कथन। मोक्ष का स्वरूप कथन। सम्यक् ज्ञान तथा ज्ञान चरित्र को एकी भाव हो को मोक्षमार्ग बतलाना। आत्मा का लक्षण। सम्यक् दर्शनादि का सच्चा लक्षण। 'तत्त्व' तथा 'अर्थ' की व्याख्या। सातों तत्त्वों के यथार्थ श्रद्धान के आधीन मोक्ष के न होने का वर्णन। अरहंतादि के श्रद्धान के सम्यक कथन। आत्म श्रद्धान का मुख्य लक्षण। सम्यक्त के भेद। दोनों भेदों का स्वरूप। पुनः सम्यक्त के दश भेदों का कथन। फिर सम्यक्त के तीन भेदों का कथन। उन के स्वरूप। संजोजन विसंजोजन का कथन। सम्यक्त के विरोध तथा अभाव में कहे गये वचनों के उत्तर देकर सात प्रकृतियों के उपसमादिक से सम्यक्ति के उत्पन्न होने का कथन। सम्यग्दर्शन के आठों अंगों का वर्णन। उनके नाम तथा स्वरूप का वर्णन। पुनः अंत में सम्यक्त विषयक पचास गलों का केवल कथन।

इति ग्रंथ समाप्ति।

No. 429(*c*). Trīloka Sāra, by Todara Mala of Jaipur. Substance—Country-made paper. Leaves—814. Size—13½ × 6 inches. Lines per page—11. Extent—13,431 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1901 Samvat or A.D. 1844. Place of deposit—Sri Jaina Mandira (Bara), Bārābankī (Oudh).

Beginning—॥ ६० ॥ ओं नमः सिद्धेभ्यः ॥ अथ त्रिलोक सार नाम ग्रंथ को भाषा टीका लिषिये हैं ॥ दोहा—त्रिभुवन सार अपार गुन ज्ञापक नायक संत। त्रिभुवन हितकारी नमो श्री अरहंत महंत ॥ १ ॥ तीन भुवन के मुकुट मणि गुण अनन्त मय शुद्ध। नमो सिद्ध परमात्मा वीतराग अविरुद्ध ॥ २ ॥ तीन भुवन तिथि जानि के आप आप मय होय। परते भये विरक्त अति नमो महा मुनि

सोय ॥ ३ ॥ तीन भुवन मन्दिर विषै चैत्य चैत्य ग्रह सार । ते सब बन्दौं भाव जुत सुभकारन सुखकार ॥ ४ ॥ तीन भुवन मन्दिर विषै अरथ प्रकासन हार । जैन वचन दीपक नमो ग्यान करन गुण धार ॥ ५ ॥ ऐसे मंगल रूप सब तिनके बन्दौं पांय । अब कछु रचना कहत हौं नाना विधि सुखराय ॥ ६ ॥ मंगलाचरन करि श्री मत् त्रिलोक सार नामा शास्त्र की भाषा टीका करिये है । इस ग्रंथ की संस्कृत टीका पूर्वे भई है सो वह संस्कृत गणितादिक के ज्ञान विना तिस विषै प्रवेस होय सकता नहीं ॥ तातें स्तोक ज्ञान वालो कें त्रिलोक के स्वरूप का ज्ञान होने के अर्थ । तिसही अर्थ कूं भाषा करि लिखिये हैं । जो मेरा कर्त्तव्य कछू है नाहीं । जो किछू क्षयोपसम ज्ञान के अनुसार तिस सास्त्र का अर्थ जान ॥ धर्मानुराग करि व्याख्या करें ॥

End—

कोई ऐसा जानैगा कै भगवान के तो इच्छा नाहीं । इच्छा विन कैसे डगि भरै और कैसे उठै बैठै ॥ ताका उत्तर ॥ भगवान के इच्छा नाहीं इहां तो सत्य ॥ परंतु भगवान के सरीरादि चारि अघातिया कर्म बैठा रहै ताका निमित्त करि मनुष जन काय योग पाइये हैं । तासूं भगवाण कै मनुका पदेसा का चंचल पनो । वा वानी का खिसा ॥ वा सरीर का नेटना वर डग भरना संभवै है । यामें दोष नाहीं ॥ ठोर ठोर ग्रंथन में कहा है । बहुरि मुनि अर्थ का श्रावक श्रावना । और मनुष्य वा तिर्यंच भूमि में गमन करै है ॥ और चारि जातिन के देव व विद्याधर आकास में भगवाण के निकाद वाद्र राग मना करै है ॥ भावार्थ ॥ इन्द्रादिक केई देव निज भक्ति है ॥ तेतो भगवान के समोप भगवाण की सेवा करता जाइ है । पर देवां का वृंद कहिये समूह घनां ॥ ताते भगवाण ताई पहुंचि सकै नाहीं ॥ और कोई देव तो भगवान के ऊपर छत्र किया जाइ है ॥ केई देव चोपदार कोसो ना हाथां मैर तन मई छड़ी वा आसा वा गुरांछ इत्यादि रिध्या निमित्त विनय संयुक्त दवांकूं अटो उठो करता चल्या जाय है केई देव स्तुति करता चला जाय है ॥ पर भगवान दिसा ईच्छं द्रष्टि करि हालता जाय है । इत्यादि अनेक प्रकार मंगलीक कीयं विहार समै विषै बनै है । ताका वर्णन करना समर्थ हम नाहीं ॥ और आगे इन्द्रादिक देव समौ सरन अगाऊं पूर्वोक्त वै है । ताविषै भगवान जो स्थित करै है ऐसो विहार वर्णन जानना । ऐसे विहार सहित समोसरया का वर्णन संपूर्ण । ॐ नमः सिद्धेभ्यः संवत १९०१ ।

Subject—टीकाकार लिखित विषय ।

(१) पृ० १ से पृ० १० तक—भूमिका ।

(२) पृ० ११ से पृ० २४ तक—सूक्ष्म सूचनाकार विवक्षित विषय विभाग के अनुसार ॥

(३) पृ० २५ से पृ० ८२ तक—त्रिलोक सार का परिशिष्ट भाग—गणित ज्ञान रहित जीवों के निमित्त प्रयोजन मात्र शास्त्रोक्त गणित विधानों का कुछ वर्णन। मूल ग्रंथ में कथन किये गये नामों इत्यादि के समझने के लिये पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या। गणित के भेदोपभेद का सूक्ष्म वर्णन तथा पाठकों के व्याख्या के समझने में सहायक होने के अभिप्राय से अनेक उदाहरणों का समावेश।

(१) (मूल ग्रंथ प्रारंभ) लोक सामान्याधिकार।

(१) पृ० ८३ से पृ० २७५ तक—मूल शास्त्र का मंगलाचरण। पंच अधिकारों में विवर्णित विषयों की सूक्ष्म सूचनिका। सर्व आकाशों के अन्तर्गत लोकाकाश का वर्णन, लोक का स्वरूप तथा आकार। प्रसंगवश 'राजू' इत्यादि का वर्णन। उसके लौकिक मान के अंतर्गत संख्या मान के जघन्य संख्यातादिक इक्कीस भेदों का वर्णन। जघन्य परीत असंख्यात का ल्यावने को कुंडनिका क्षेत्र फल। सरसों प्रमाण बतलाने को खात क्षेत्रफल। सूची क्षेत्रफल सरसों का वेध इत्यादिकों का कारण करण सूत्र। श्रुत ज्ञानादिक के विषयों के प्रमाण का वर्णन। संख्या मान के विशेष ज्ञान के अर्थ सर्व आरवादि चौदह धाराओं का वर्णन। उनके स्थान, अनुक्रम और जिस धारा के स्थान के वर्णन में जिसका प्रमाण आवे उसका और सब स्थानों के प्रमाणों का वर्णन। उनमें द्विरूप वर्ग आदि तीन धारा है तिनके स्थानन का विशेष वर्णन। द्विरूप वर्ग धारा का कथन के अनंतर अर्द्ध छेद वर्ग शलाका जानने के कारण सूत्र और द्विरूप घनाघन धारा विषयक अग्नि कायक जीवों का विशेषतया प्रमाण कथन। उपमा मान के पल्यादिक आठ भेदों का वर्णन। पल्य के रोमों की संख्या जानने के लिये सूक्ष्म खात फल करने के कारण सूत्र का और रोम अंगुलादिक के प्रमाण की उत्पत्ति के अनुक्रम का वर्णन। अक्षर संज्ञा से अंक जानने का भाषा में उक्तं च सूत्र वर्णन। सागरोपम को सार्थक बतलाने के लिये लवण समुद्र के क्षेत्र फलादि का वर्णन। सूच्यं गुलादिक का वर्णन। उनके तथा अर्ध छेदादि के विधान के जानने को करण सूत्र कहते हैं। लोक के व्यासादिक का और जहां जितना व्यास पाया उसका वर्णन। अधोलोक का आठ प्रकार का और ऊर्द्धलोक का पांच प्रकार का क्षेत्रफल वर्णन। लोक को परिधि का वर्णन। उसमें करणादिक जानने के कारण सूत्र। वात वलयनि का वर्णन है। उसी के अंतर्गत उनके करणादिक का और उनकी जहां जैसी मोटाई है उसका इनसे जितना स्थान रुका हुआ है उसका वर्णन। तनु वात वलय में सिद्धि के विराजने और अवगाहन का वर्णन। त्रसनाली के स्वरूप स्थान प्रमाणादिक का वर्णन। उसके अधो भाग में स्थित सात पृथिवियों का नाम वर्णन। प्रथम पृथ्वी के तीन भागों के नाम, मुटाई का प्रमाण, पहिले भाग में सोलह पृथिवियों के स्थित

होने तथा उनके नाम का और तीनों भागों के निवासी तथा छः पृथिवियों की मुटाई का वर्णन। पहिली पृथ्वी का तृतीय भाग और छः नीचे वाली पृथिवियों के अंतर्गत नारकियों के बिल होने का वर्णन। उन पृथिवियों में पटल, बिल, वहां के शीतोष्ण बिलों और इन्द्रादिक बिलों की संख्या का वर्णन। इन्द्र के बिलों के और उनके समीपस्थ जो श्रेणी—बद्ध हैं उनके नामों का कथन। श्रेणीबद्धों की संख्या लयावने के कारण कुछ सूत्र। प्रकीर्णकों की संख्या। बिलों का विस्तार और बाहुल्य और अंतराल का वर्णन। पृथ्वी के अंत इत्यादि पटलों अंतराल और बिलों का तिर्यक अंतराल और आकारादि का वर्णन। वहां दुर्गन्धता का और उपजने के स्थान का और उन स्थानों के प्रमाण का वर्णन। उनके उपजने के स्वरूप का और वहां यदि उछलने के प्रमाण का और नवीन पुराण नारकियों का कर्तव्य कथन और उन बिलों में क्रूर पर्वत नदी इत्यादि जो पाये जाते हैं उनका और वहां के नारकियों की प्रवृत्ति का और बाह्य दुःख साधन का, उनके दुःख का आहारादि का और तीर्थंकर सत्त्ववालों का जब दुःख निवारण होता है उसका और नारकियों के दुःख भेद तथा मरण का वर्णन। नारकियों के अवधि क्षेत्र का वर्णन। नारकी निकल कर जहां उपजें और जो पद न पावें और जो जीव जिस पृथ्वी में उपजें उसका और उनके क्लेशाधिक्य का वर्णन। नरकों के वर्णन के पश्चात् लोक का वर्णन समाप्त हुआ।

(२) भावनाधिकार पृ० २७६ से पृ० २९६

मंगलाचरण। भवन वासियों के कुल भेदों के नाम। उनके इन्द्रों के नाम। उनकी पारस्परिक ईर्ष्या का वर्णन। असुरादि के चिह्न। चैत्य वृक्षों के भेद। प्रतिमा मान स्तम्भादि। उनके भवनों की संख्या, स्वरूप तथा स्थानों का वर्णन। देवों के इन्द्रादिक दश भेद। उनके संभव का वर्णन। भवनवासियों में इन्द्रादिक दश भेदों का वर्णन। सेना की संख्या लाने को गुण कार रूप जो, स्थान तिनके जोड़ देने के कारण का सूत्र कथन। इन्द्र तथा अन्य देवों के प्रमाणादिक का वर्णन। भवन वासी केतरनि की आयु का वर्णन। भवन वासियों के कुल और उनकी देवी, उनके अंगरक्षकादि की आयु का विशेष वर्णन। उन कुलों में उश्वास तथा आहारादि का अनुक्रम और उनके शरीर की ऊंचाई का वर्णन।

(३) व्यंतर लोक का अधिकार। पृ० २९७ से पृ० ३१७ तक।

उनके प्रमाण का गमित मंगन कर अनके कुलों का, उन कुलों के भेदों का वर्ण का, चैत्य वृक्ष का और वहां की प्रतिमा तथा मान स्तम्भादि का वर्णन। उनके कुल भेदों में जो भेद हैं, उनका, कुलों के इन्द्रों की देवियों के प्रमाण का, और कुल भेदों में जो भेद हैं और उनमें जो इन्द्र और इन्द्रों की महादेवियां हैं उनके नामों का वर्णन। इन्द्रों के नाम कथनोपरान्त उनकी गणिका महत्तरियों के

नाम और सामानिकादि देवों की संख्या और अनीक के विशेष वर्णन। इन्द्रों के नगरनि का स्थान नाम आयाम का और तिनके कोटादि का वर्णन। गणकाओं के नगरनि का और कुल भेद अपेक्षा स्थानों का वर्णन। नीचोपटापादिवान व्यंतरनिका स्थान। नाम तथा आयु का वर्णन। व्यंतरिन के रहने के विलयों के भेद का, व्यंतरनि के सर्व क्षेत्र का, निलय जिस प्रकार पाये जाते हैं उनका, निलियों के व्यासादि का वा स्वरूप का और व्यंतरिन के आहारा उश्वास का वर्णन। तृतीयोधिकार पूर्ण हुआ।

(४) ज्योतिर्लोकाधिकार पृ० ३१८ से पृ० ४८० तक।

ज्योतिष्क निंबों का प्रमाण गर्भित मंगल करके ज्योतिष्कों के पांच भेद कह कर प्रसंग पाकर उनके आधार भूत कितने ही द्वीप तथा समुद्रों के नाम कह कर सर्व द्वीप समुद्रों को वलय व्यास सूची व्यास लाने के विधान तथा प्रमाण का और उनको बादर सूक्ष्म और बादर सूक्ष्म क्षेत्रफल लाने का, विधान प्रमाणादिक का जंबूद्वीप के समान औरों के खंड प्रमाण लाने का विधान, समुद्रों के रसादिक विशेष का और उनके विषै भोग भूमि, कर्म भूमि क्षेत्र के विधान का कर्म भूमि विषै उत्कृष्ट अवगाहना लिये एकेन्द्रियादिक जीवों के प्रमाणादिक का आयु वा वेदों का वर्णन। इन प्रासंगिक वर्णनों के पश्चात ज्योतिष्कनि का स्थान का, तारानि का अंतराल का, निबों के स्वरूप का, चौड़ाई मोटाई के प्रमाण का, किरणों के प्रमाण का, चन्द्रमा की वृद्धि हानि होने के विशेष निंबों के चलाने वाले देवों के प्रमाण का, गमन करने के विशेष का, जंबू द्वीपादि में उनके प्रमाण का वर्णन। प्रसंग वश राग के अर्द्ध छेद पड़ने के स्थान कह कर सर्व ज्योतिष्कनियों के प्रमाण का वर्णन। एक चन्द्रमा के परिवार के प्रमाण का अट्ठासी ग्रहों के नाम का, जंबू द्वीप के तारों को विमाग का, चन्द्रमा सूर्य का अंतराल व चार क्षेत्र का और दिन रात्रि के परिमाण के हानि के विधान का, उसमें ताप तम फैलने का, और सूर्य देखने का इत्यादि अनेक वर्णन है। इसके पश्चात् चन्द्रमा सूर्य ग्रहों के नक्षत्र भुक्ति लाने का विधान। अयन तिथि मासादिक का विधान नक्षत्रों के तारा आकारादिक का वर्णन। चन्द्रमादिक के आयु का और देवियों का वर्णन है।

(५) वैमानिक लोक का वर्णन पृ० ४८१ से पृ० ५४० तक।

मंगल करने के पश्चात् स्वर्गादिक के नाम का स्थान और वहां स्थिति विमानों की गणना, नाम स्थान और उनके विस्तारादि का प्रमाण, वर्ण आधार और इन्द्रियों का स्थान वा चिह्न इन्द्रियों का नगर आवासादिक और इन्द्रियों के स्वामीन्यादिक दोनों कारण। और नगरों में विशेष रचना। इन्द्रादिक को देवो आदि का प्रमाणादिक और इंद्र वा देवांगनाओं के उत्पन्न होने का स्थान। वैमानिकों के

प्रवोचार क्रिया अवधि-ज्ञान, अंतराल और तहां उत्पन्न होने वाले जोव और उनको आयु का वर्णन। लौकान्तिक देवों का स्थान, कुलादिक और देवियों को आयु, देवों के शरोर उश्वास, आहारादिक का प्रमाण और स्वर्ग में आने जाने वाले जोव, एका भवतारो जोव, शलाका पुरुषों को आगति। देवों के उपजने रहने का विधान फिर सिद्धों के स्थान स्वरूपादि अनेक वर्णन हैं।

(६) मनुष्य तिर्यग्लोक का अधिकार। पृ० ५४१ से पृ० ८१४ तक।

मंगल पश्चात् पंच मेरुओं का स्थान कह कर भरतादि क्षेत्र और हिमवान आदि कुलाचल और कुलाचलों के ऊपर, द्रह, अहनि में कमल, कमलों के ऊपर भेद मंदिरों में परिवार सहित वसतो देवो और द्रहों ते निकलो गंगानदो और नदी के पड़ने के कुंड और नदियों का गमन और समुद्र में प्रवेश द्वारादिकों का स्वरूप स्थानादिक का वर्णन। क्षेत्र कुला शलानि का प्रमाण। लाने का विधान कह कर मेरु गिरि और उसके वन और वनों में मंदरादिक तिनके प्रमाण स्वरूपादिक का वर्णन। परिवार सहित जंबू आदि दश वृक्षों का स्थान स्वरूपादि वर्णन। भोग भूमि तथा कर्म भूमि के विभाग और यमक गिरि और सोता, सोवोदा में वोसद्रह, और उनके निकट कोचन गिरि और दिग्गज पर्वत तथा गजदंत पर्वतों का वर्णन। विदेह क्षेत्र के दशों विभाग का और वक्षार गिरि विभंगा नदी देवारण्य वन तिनका वर्णन। विदेह क्षेत्र के गंगादिक उपसमुद्र और मागधादि तीन देव और तहां वर्षादिक प्रवृत्ति और तोर्थंकरादि होने को संख्या का वर्णन। प्रसंगवश चक्रवर्ति राजादिक, और तोर्थंकर को विभूति का वर्णन। विदेह देशों के नाम उनके षट खंड, विजयार्द्ध नदी तथा मंदिरों के स्थानादिक का वर्णन। विजयार्द्ध की श्रेणी में नगरादिक तथा म्लेच्छ खंड, विषै वृषभाचल होने का वर्णन। आर्य्य खंड में राजाधानो के नगरों का वर्णन। भोग भूमि विषै तिष्ठिते नाभि गिरिन का स्थान प्रमाणादिक और कुलाचलों के कूट और वनादिक का वर्णन। जंबूद्वीप के पर्वत, नदी को संख्या और उनको वेदियों को संख्या का वर्णन। भरत ऐरावत विजयार्द्ध के कूट और गजदंतों के कूट और वक्षार गिरिन के कूटनिन का नाम, प्रमाण, स्थानादिक और उन कूटों के ऊपर वसने वालों के नामादि का वर्णन। पूर्व पश्चिम अपेक्षा मेरु आदि का व्यास वर्णन। धातुकी खंड पुष्करादि विषै मेरु भद्र शाल विदेह देश गजदंत हैं उनके व्यासादि का वर्णन। जंबूद्वीप विषै देव कुरु उत्तर कुरु और कुलाचल और क्षेत्र, भरत ऐरावत संबंधो विजयार्द्ध तिनका धनुः एक बाण जोवा वृत्त निष्कंभ चूलिका पार्श्व भुजा का प्रमाण। अनेक प्रकार जोवादि लाने के कारण सूत्रों का वर्णन। भरत ऐरावत क्षेत्र में कालादिक पलटनि होने का वर्णन। और वहां जैसो प्रवृत्ति होती है उसका वर्णन, इस भरत क्षेत्र में इस अवसर्पिणी काल में

चौदह कुलकर, चैवीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्त्ति, नव नारायण प्रति नारायण, बलभद्र और ११ रुद्र उनका नाम आयु आदिक का वर्णन। उन लोगों के होने का समय, तीर्थंकर का वेश वर्ण का दुखमा काल में शक और कल्की होता है उसका और आदि अंत के कलंकियों के कर्त्तव्य। दुखमा काल के अंत में धर्मादि नाश होने का कथन। दुखम दुखमा काल को प्रवृत्ति का और उसके अंत में प्रलय होने का वर्णन। दुख समय किन्हो युगल के बचने का और फिर दुखमा काल होवे उसके उसके अंत में चौदह कुलकरों और दुखम सुखमा काल विषें तीर्थंकर चक्रवर्त्ति नारायण प्रति नारायण बलभद्र होते हैं उनके नामादिक का और जहां जैसा काल अवस्थित है और म्लेच्छ खंड में जैसे काल पलटता है उसका वर्णन। द्वीप तथा समुद्रों के अंत में चौगिरदा जो वेदो है उसका वर्णन। इस प्रकार जंबूद्वीप के वर्णन के पश्चात् लवण समुद्र का वर्णन है। वहां उसके अभ्यंतर पाताल हैं तिनका और उसके जल को ऊंचाई के बढ़ने घटने का वर्णन, उनके व्यास का, उसके जल का, चन्द्रमा सूर्य के अंतरालादिक का और पातालों के अंतराल का, उस समुद्र में वेलंधर नाग कुमार रहते हैं उनका और पर्वतादिक हैं उनमें देव रहते हैं तिनका और द्वीप है तिनमें वेलंधरन रहते हैं उनका, तीन द्वीप रहते हैं उनका उनमें रहने वाले मागधादि देवों का। द्वीपों में बसने वालो कुभोग भूमियों का, उनके स्थान नाम तथा प्रमाणादि का वर्णन है। धातकी खंड पुष्करार्द्ध का वर्णन। वहां चार इक्ष्वाकार पर्वतों का और वहां स्थित कुलाचलादिकों के प्रमाण कुलाचल क्षेत्रों के आकार और उन द्वीपों की परिधि का प्रमाण वर्णन कर कुलाचल क्षेत्रों के व्यास का, और विदेह देशादिक के आयाम का और कुरु वृक्ष तथा नदियों के गमन विशेष का वर्णन। मानुषोत्तर पर्वत के प्रमाणादिक का और उसके ऊपर कूट है जहां देवादि निवास करते हैं तिनका वर्णन। कुंडलगिरि, रुचक गिरि का स्थान प्रमाणादिक का और तिनके ऊपर कूट हैं उनका और उनपर बसे हुए जीवों का वर्णन। द्वीप तथा समुद्रों के स्वामियों का वर्णन। नंदीश्वर द्वीप में बावन पर्वत उनके ऊपर चैत्यालय, सोलहवा बड़ी तथा चौंसठ वनों का वर्णन। उनके स्थान तथा प्रमाणादिक का वर्णन। देवों द्वारा वहां होने वाले अष्टाह्निक पर्व का महोत्सव और चैत्यालयों के जघन्यादि प्रमाण का वर्णन। चैत्यालयों को अनेक रचनाओं का वर्णन। जिन बिंब के स्वरूप का वर्णन। अंत में मंगल कर के कर्त्ता का नाम सूचन करके पंच परम गुरु से अभीष्ट फल को प्रार्थना करके ग्रंथ समाप्त किया जाना। अंत में कई समाचार कह कर ग्रंथ को समाप्त करना। ग्रंथकर्ता का नामः —

रदि रोमिचंद मुणिणा अथ सुदेशा भयणे दिवच्छेशा। रइयो तिलोय सारो खमंतु ते बहु सुदाइरिया॥

अर्थ—इस प्रकार करि अल्प श्रुत ज्ञान का धारी और अभयनंदि नामा सिद्धांत चक्रवर्तिकावत्स शिष्य ऐसा नेमिचंद्र सिद्धांत चक्रवर्ती आचार्य्य ताकरि यहु त्रिलोक सार नामा ग्रंथ रच्या है ताको बहु श्रुत धारक आचार्य्य हैं ते कहीं चूक भई होइ तहां क्षमा करो।

No. 430. Śalihotra, by Trivikramaseta. Substance—Country-made paper. Leaves—40. Size—11 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—600 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—1694 Samvat or A.D. 1637. Place of deposit—Planḍitā Gaṇgā Sahāya Bājapai, Alīpore, Rāe Barelī.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ सालिहोत्र अस्व वर्णन लिष्यते। दोहा ॥ जद्यपि पंडित मंडली मंडित सभा अनूप। बोल बोध तिन माषहो कहै त्रिविक्रम भूप ॥ भानु तनै छाये हृदै नंदन तुमरे वंत। करि प्रणाम विनती करौं होहु प्रसन्न तुरत ॥ तुरंग देव पशु सब कहै तामे जो गुण दोष। ताहि प्रगट करि कहत हौं सुनहु संत तजि रोष ॥ चौपाई ॥ पोंठ पच्छवंत सब बाजो। चलहि व्योम गंधर्व समाजो। तोनि लोक मंह जो कछु अहई सो तुव आसहु भिन्न न रहई। देषा सक्र वेग जुत वाहा। सालिहोत्र मुनि ते तब काहा। विनती मोर चित्त मह धरहू। वाहन होय तुरय सो करहू। जद्य माहि पति दैत्य जुझारा। वारन ते नहि होय सभारा। मुनि विनती वासव कै राषी दया छांडि काटी हय पांखो।

End—सम्वत्सरे निगम नन्दु रस नन्दु सुक्रे वैसाष शुक्ल दसमो सुतिथा व पूरि हम्मोर सेन। तनयेन गुणेज्वलेन श्रीमद् त्रिविक्रमसेन हयेपरोक्षा।

दोहा ॥ जुग नव रस ससि वर्ष भृग। दशमो माधव मास। शुक्लपक्ष विक्रम कियो तुरप चिह्न परकास। त्रयविक्रम हम्मोर सुत हर प्रिय सेवक भूप। तुरप वंश सुष हेतु लगि माष्यौ ग्रन्थ अनूप ॥

अस्व परीक्षाने भाषा त्रिविक्रम सेन विरचित विरचिते द्वैसो तितिष्यय।

दोहा—महाराज अर्जुन नृपति। सालिहोत्र रुचिमान। पंडित रामदयाल सों सुधवायो हितजानि। तेहि गंगाप्रसाद पुनि अति हर्षाई। दोहा छप्पै चौमदो दोन्हो सुलभ बनाइ। सोम दशमि वदि कार रहन भवसु वसु सोस सवर्ष। नकल ताहि प्रति तें कियो वंसोधर जुत हर्ष। सोरठा ॥ रच्यौ त्रिविक्रम राय सालिहोत्र वरनन तुरय। असोदोय अध्याय दोहा सत्रह पंच सत। इति शालिहोत्र समाप्तः

Subject—

पृष्ठ १—राम स्तुति, अश्वों की पर विहोन होने को कथा।

पृष्ठ २—अश्वदेश उनकी प्रकृति और जाति परीक्षा।
पृष्ठ ३—अश्व शुभाशुभ लक्षण और अंग परीक्षा।
पृष्ठ ४—घोड़ों की भौंरी का वर्णन।
पृष्ठ ५—अश्व के रंगों का वर्णन।
पृष्ठ ६—अश्व के तिल, बुंदा, नाद, स्वभाव की परीक्षा विधि।
पृष्ठ ७—घोड़ों के उत्पात स्वेद गंध और अंगप्रमाण का वर्णन।
पृष्ठ ८—अश्व की आयु और दंत परीक्षा का वर्णन।
पृष्ठ ९-१०—अश्व को छः ऋतुओं में पोषण करने की विधि वर्णन।
पृ० ११—घोड़े के शिर दर्द की परीक्षा और उसकी औषधी—नस्य औषधि,
पृ० १३—गर्भवती घोड़ी की परीक्षा का वर्णन।
पृ० १४—वात पित्त कफादि उत्पत्ति और उनके प्रलेप का वर्णन।
पृ० १५—घोड़ों के मुख और नेत्रों की चिकित्सा।
पृ० १६— ,, तिमिर जल प्रवाह और रक्त आदि की चिकित्सा।
पृ० १७— ,, नेत्र पटल और मुंजा नेत्र चिकित्सा।
पृ० १८ ,, स्वांस, कास और सन्निपात रोग की चिकित्सा।
पृ० १९— ,, घोड़े के कृमिरोग और कर्ण रोग की चिकित्सा
पृ० २०— ,, पित्तकास और श्लेषकास की ,,
पृ० २१— ,, त्रिदोष और व्रण रोग की ,,
पृ० २२ ,, पित्त दोष की ,,
पृ० २३ ,, व्रण रोग और पद रोग की ,,
पृ० २४ ,, वात, पित्त और कफज्वर की ,,
पांव लंग की ,,
पृ० २५—अतीसार रोग ,, ,,
पृ० २६—शूल ,, ,, ,,
पृ० २७—कृमि और मूत्र ,, ,,
पृ० २८—पथरी, कृत् और सोथ रोग ,, ,,
पृ० २९-३०—वात पित्त कफ अंड रोग की ,, ,,
पृ० ३१—वात पित्त कफ़ उदर रोग की ,, ,,
पृ० ३२—वातोत्कर्ष रोग की ,, ,
पृ० ३३—ग्रीवा रोग की
पृ० ३४—घोड़ों के उन्माद रोग की चिकित्सा
पृ० ३५— ,, अलंग
पृ० ३६ सोष त्रिदोस दयुन सोपत्रिरोख रोग

पृ० ३७—विषसाधविषं साध्यालय की चिकित्सा
पृ० ३८—४० नाम पते वात पित्तकफ के अन्य रोगों की चिकित्सा।

No. 431. Hanumāna Tīkā, by Tulasī. Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—7 × 4½ inches. Lines per page—20. Extent—60 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—M. Brajalāla, post Office Jagadīśpur, District Rāe Barelī.

Beginning—श्री गणेशायनमः हनुमन टीका लोपतेः ॥ तुलसीकृत रामदूत की जैः ॥ दोहा ॥

वरनो आदो भवानी जग मया सुष धाम।
कीपा करो जन जानी कै होई सीध्य सब काम ॥ दोहा
वीर बषानी पवन सुत जनत सकल जहान।
धन्य धन्य अंजनी तनै संकट हरो हनुमान ॥
जै जै हनुमान अषंगी। जै जै महावीर बजरंगी ॥
जै जग वंदनी सील अगारा। जै कपीस जै पवन कुमारा ॥
जै अदीवंत अमील अवीकारी। अरी मरदा जै जै गोरधारी ॥
अंजनी वीद्र जग तुम्ह लीन्हा। जै जै सब देवन्ह कीन्हा ॥
बाजी दुंदभी गगन गंभीरा। सुर मुनी हर्षे अपुर मन पीरा ॥
कंपै सींधु लंका संकाने। छुटी वंदी देवतन्ह जान्हेः
रीषी समुह नीकर चली आये। पवन तनै की पद सीर नयेः ॥
वीर बर अनी स्तुती करी नाना। नीरमल नाम धारा हनुमानाः ॥
सकल दीपै मीली असमत ठानाः। दीन्ह बताई लाल फल पाना ॥
सुनि वचन कपी अति हरषाने। रवीरथ ग्रासी लाल फल जानेः ॥
रथ समेती कपी कीन्ह आहारा। सीर भय तहा अमै कारा

End—ये वंधन की कैती वाता ॥ नाम तुमार सकल सुष दाता ॥
करो कीपा जै जै जगा सामी ॥ वरन अनेग नमामी नमामी ॥
भीम परै अदी करैई ध्याना ॥ धुप दीप नै वेदी सुजना ॥
मांगल दायैक कौ लै लाये ॥ सो नर तासु तुरात फल पायै ॥
ब्रह्म वीस्न सींभु सुरसारो ॥ ईतो सुदसा जै जैतो गोशाई ॥
अंजनी तनै नाम हनुमाना ॥ सो तुलसी के कीपा नीधाना ॥

दोहा—जै कपीस सुग्रीव जै अंगद हनुमान
राम लषन सीआ जानकी सदा करै कल्यान। ईति

हनुमान टीका संपुरणो सामप्तं राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम

१६	२	१२	महा
६	१०	१४	वीर
८	१८	४	तोस

जुधंति पसु पक्षीणं पठंतो सुक सरोकांदत सुपनोद्यतां नच सुरान चपंडोता
अर्जुन ते कहा कीष्ण जो सलोका कीष्ण कीष्ण कीष्ण कीष्ण

Subject—

भवानी स्तुति, पवन सुत वंदना, हनूमान का बल प्रताप वर्णन।
लंका जाने, सीता जी को धैर्य बंधाने राक्षसों को मारने, लंका को जलाने, रामचन्द्र के पास सीता का संदेश लेकर आने का वर्णन। इसके पश्चात् पुल बांधने में सहायता करना—युद्ध करना। सुखेन को गृह सहित लाना? सजीवन पर्वत सहित लाना, रामचन्द्र के साथ सदा रहना और उनमें भक्ति रखना, हनूमान के अन्य नाम, बल पराक्रम वर्णन, हनूमान से विनय करना, अंत में सब को जय जय

No. 432(*a*). Barwai Rāmāyana, by Tulasi Dāsa of Rājāpura (Bāndā). Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—14 × 5¾ inches. Lines per page—9. Extent—450 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rājāpustakālaya, Bhinagā (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ बरवै रामायण लिख्यते ॥ छंद बरवै ॥

गन नायक बर दायक देव मनाय।
विघ्न विनासन कसक न होहु सहाय ॥ १
श्री गुरु पद रज अम्बुज हृदय संभारि।
बरनन करौं राम जस कृपा सुधारि ॥ २
श्री रघुवर अंग सोभित अतुलित काम।
भगत चकोर पूर्ण विधु करौं प्रनाम ॥ ३ ॥
भरत भारती नायक छंद विधान।
वालमीक यह घट रहि करि गुनगान ॥ ४ ॥

End—यहि विधि अवध नारि नर प्रभु गुणगान ।
करहि देव सनिशि तुलसी जात न जान ॥ ३९३
भजन प्रभाव भक्ति बहु बरनेउ वेद ।
तुलसी गायो हरि जस निमि भव खेद ॥ ३९४
करन पुनीत हेतु निज वचन विवेक ।
तुलसी अवसेहु सेवत राखत टेक । ३९५ ॥
सीता राम लषन संग मुनि के साज ।
तुलसी चित्रकूट बस रघु रघुराज ॥ ३९६

इति श्री बरवै रामायण तुलसीदास कृत उत्तर काण्ड संम्पूरणम् शुभ मस्तु सिद्धिमस्तु ॥

No. 432(*b*). Barvai Rāmāyana, by Tulasi Dāsa of Rājāpura (Bandā). Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—$12\frac{1}{2} \times 5\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—21. Extent—440. Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1901 Samvat or A.D. 1841. Place of deposit—Bābu Padma Baksha Simha, Lavedpur, Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ बरवै रामायण लीखते ॥ बरवै छंद लिषिते ॥

गन नायक वर दायक देव मनाय ।
विघ्न विनास प्रकासक होइ सहाय ॥ १
श्री गुरु पद रज अंबुज होदय समारि ।
बरनन करौं राम जस कृपा सुधारि ॥ २
श्री रघुवर अंग सोभित अतुलित काम ।
भगत चकोर पूर्ण विधु करौं प्रणाम ॥ ३
भरत भारती नायक छंद विधान ।
बालमीक यह घटि रहि करि गुनगान ॥ ४

End—यहि विधि अवध नारि नर प्रभु गुन गानि ।
करहि दिवस निसि तुलसी जात न जानि ॥ ३९३
भजन प्रभाव भक्ति बहु बरनेउ वेद ।
तुलसी गायो हरि जस मिटि भव खेद ॥ ३९४
करन पुनीत हेतु निजु वचन विवेक ।
तुलसी ऐसेउ सेवत राखत टेक ॥ ३९५

सीता राम लषन संग मुनि के साज ।
तुलसी चित्रकूट बसि रघुवर राज ॥ ३९६ ॥

इति श्री बरवै रामायन तुलसीदास कृत उत्तर कांड संपूर्ण शुभ मस्तु संवत् १९०१ शाके १७६७ फाल्गुणं मासे शुक्ल पक्षे पंचमं तिथौ गुरुवासरे पुस्तकों संपूर्ण सन् १२५२ श्री राम श्री देवि ।

No. 432(c). Barwai Rāmāyana, by Tulasī Dāsa of Rājāpura (Bānda). Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—11 × 5½ inches. Lines per page—9. Extent—80 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1909 Samvat or A. D. 1852. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golāganja, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः

अथ बरवै रामायण तुलसिदास कृत लिख्यते ॥
केश मुकुत सखि मरकत मनि मय होत ।
हाथ लेत पुनि मुक्ता करत उदोत ॥ १
सम सुवरण सुषमा कर सुषद न थोर ॥
सीय अंग सखि कोमल कनक कठोर ॥ २ ॥
सिय मुख सरद कमल जिमि किमि कहि जात ।
निसि मलीन वह निस दिन यह विसात ॥ ३ ॥
बड़े नयन कट भुकुटी भाल बिशाल ।
तुलसी मोहत मनहि मनोहर बाल ॥ ४ ॥
चंपक हरवा अंग मिलि अधिक सुहाइ ।
जानि परै सिय हियरे जब कुम्हलाइ ॥ ५ ॥

End—एकहि एक सिखावहि जप तनु आप ।
तुलसी राम प्रेम कर बाधक पाप ॥ २२
भरत कहत सब सब कहं सुमिरहु राम ।
तुलसी अब नहिं जपत समुझि परिनाम ॥ २३
तुलसी राम नाम जपु आलस छांडु ।
राम विमुख कलिकाल को भयो न भांडु ॥ २४ ॥
तुलसी राम नाम सम मंत्र न आन ।
जो पै चाहहु राम पुर तन अवसान ॥ २५
नाम भरोसो नाम बल नाम सनेहु ।
जन्म जन्म रघुनंदन तुलसिहि देहु ॥ २६

जन्म जन्म जहं जहं तनु तुलसिहि देहु ।
तहं तहं राम निवाहिव नाम सनेहु ॥ २७ ॥

इति श्री वरवै रामायण उत्तर काण्ड समाप्त ॥ तुलसीदास कृत लिषिते सिव शंकर मिसिर संवत् १९०९ ॥ राम

इति

No. 432(*d*). Bhanwaragītā, by Śri Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—6 × 4 inches. Lines per page—22. Extent—400 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1916 Sambat or A. D. 1859. Place of deposit—Paṇḍita Gayā Prasad, village Naipālapura, post office Sītāpur, tahsīl Sītāpur, district Sitapura.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ श्री तुलसीदास कृत भंवर गीता लिष्यते ॥ राग जैत श्री ॥ नंद जू हौं ठाढ़ो दस स्यंदन जू को नगर अवध ते आयो यतनी कहि प्रति हारन हरि सों करि मेरो मन भायो ॥ महाराज व्रजराज आजु जांकतुव येक दुवारे ॥ अवध राज रघुवंस नृपति गुन कीरति पढ़त पुकारे ॥ जो कहि कहि काकुत्थ भूप गुन अरु इक्ष्वाक बड़ाई । अज दलीप रघु दसरथ राजा शुभतल कीरति छाई अजहूं बहुत कहत गुन उन करुनासिंधु सदाई ॥ मैं अज्ञान अनृप भांति मेरी कछु कहत न आई । यह सुनि नंद अनंद मान दै ततछन मोहिं बोलायो । आयसु पाइ आइ अंतःपुर । दै असीस सिर नायो ॥

End—कहा भयो कपट जुवा जोहारी । समर धीर महावीर पंचपति क्यों देहैं मोहि हीन उघारी । राज समाज सभासद समरथ भीषम द्रोण धर्म धुरधारी ॥ अबला अनघ अनौसर अनुचित होत हेरि करिहैं रखवारी ॥ यो मन गुनत दुसासन दुरजन तमकि गही तकि दुहु कर सारी । सकुचि गात जोवत कमठी ज्यों हहरी हृदय विकल भइ भारी ॥ अपतिन को विलोकि बल सकल आस विस्वास विसारी । हाथ उठाइ अनाथ नाथ सो पाहि पाहि प्रभु पाहि पुकारी ॥ तुलसी परषि प्रतीति प्रीत अति आरत पाल कृपाल मुरारी ॥ बसन बेष राख्यो विसेषि लषि विरदावलि मूरति नर नारी ॥ ६१ ॥ गह गह गगन दुंदुभी बाजी बरषि सुमन सुरगन गावत जस हरष मगन मुनि सज्जन समाजी ॥ सानुज संगन सचिव सो जो धन भए मुष मलिन पाइ पल पाजी ॥ लाज गाज जब बनि कुचाल कलि परो बजाइ कहं कहुं बाजी ॥ प्रीति प्रतीति द्रुपद तनया को भलो भूरि भैमभरिन भाजी । कहि पारथ सारथी सराहत गई बहोरि गरीब नेवाजी सिथिल सनेह मुदित मनही मन बसन बीच बिच बधू बिराजी सभासिंधु जदुपति

जलमय जनु रमा प्रगट त्रिभुवन भरि भाजो ॥ जुग जुग जग साकेन्ह सब हो के समन कलेस कुसाज कुसाजो ॥ तुलसी को न होइ सुनि कीरति कृष्ण कृपाल भक्ति पथ राजो ॥ इति श्री तुलसीदास कृत भंवर गीत । समाप्तं ॥ संवत १९१६ भाद्रमासे कृष्णपक्षे तिथौ षष्ठं भृगुवासरे लिपतं कृष्णकुमार त्रिपाठी महमदपुर ।

No. 432(*e*). Chhandāwalī Rāmāyana, by Tulasī Dāsa of Rājāpura (Bāndā). Substance—Old, country-made paper. Leaves—20. Size—11 × 5 inches. Lines per page—8. Extent—120 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1911 Samvat or A. D. 1854. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golaganj, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः

अथ छंदावली रामायण तुलसीदास कृत

दोहा—दशकंधर घट कर्म अघ मार धरा दुख होइ ।
गई गगन गो देह धरि कहि सुरपति सों रोइ ॥ १

छंद चौपय्या—सुरपति गुरु बूझा सुरमति सूझा गे विधि लोक तुरंता ।
विधि सुर समझाये संग सिधाये जहं सोवत श्री कंता ॥
दशमुख को करणो बहु विधो वरणो धरणो जेहि विधि रोई ।
सुनि सारंग पानी भई नभ वानी विधि जाना नहिं कोई ॥
विधि वचन सुनाये सुर समुझाय तजहु सोच मन देवा ।
जो जन हितकारी प्रभु असुरारी करहि पार सोइ खेवा ॥
वानर गो पूछा तन धरि रोछा बसहु जाहु महि माही ।
अवधेश निकेता व्यूह समेता प्रभु आवत तुम पाहीं ॥ २

End—
नित प्रति सरित अन्हात बंधुन सहित प्रभु भोजन करैं ।
गज वाजि राज समाज लषि सब वन उपवन……फिरैं ॥
बैठे सभा मंह जाइ श्री रघुवीर दुख सब कै हरैं ।
हरि न्याउ स्वान उलूक को लषि लोग सब विस्मय करैं ॥
मांडवी श्रुतिकीर्ति उर्मिला सबनि सुत द्वै द्वै जने ।
जानकी के सुत जुगल जाये सबन मन आनन्द घने ॥
सनकादिक नारद मुनिवर सकल अवधहिं आवहीं ।
लषि जाहि रघुवर के चरित सब विधिहि जाइ सुनावहीं ॥

एक बार कोउ महि देव कौ सुत सभा महं आयौ मरयो ॥
गुरु बूझि तप ते मारि सूद्रहि तबहि सो उठि जिय परयो ॥
यहि भांति राम चरित्र परम पवित्र नित नूतन करें।
कहि दास तुलसी सुनत सब के बचन मन पातक हरें ॥

दोहा—सुनि सीता के जुगल सुत राम कीन्ह अनुमान।
लोक सिखावन देन हित बोले श्री भगवान ॥

इति श्री उत्तर काण्ड संपूरनम् ॥ लिखिते शिवशंकर मिश्र संवत् १९११ वि० राम राम राम राम.....

Subject—राक्षसों के बोझ से पृथ्वी का गौ रूप से देवलोक को जाना ब्रह्मा का विष्णु के पास ले जाना तथा अवतार के लिये आकाशवाणी होना और देवों को अवध में वानर व रीछ रूप में जन्म लेने को कहना छंद १—२

राम का अंशों सहित अवतार लेना और अवध में आनन्द होना छंद ३—४

राम का क्रीड़ा करना और यज्ञोपवीत व शिक्षा प्राप्त करना, विश्वामित्र के साथ ताड़का तथा सुबाहु वध करना, गौतम की पत्नी का उद्धार व जनकपुर आगमन और धनुष भंग तथा सीता का विवाह वर्णन और मार्ग में परशुराम मिलन वर्णन छंद ६—७

राम वन गमन, दशरथ का प्राण विसर्जन, राम का प्रयाग होकर चित्रकूट जाना भरत से राम की भेंट वर्णन छंद ८—९

जयंत का सीता जी के चोंच मारना और राम का उसे ताड़न देना, विराध वध, सरभंग से भेंट, राम लखन सीता का पंचवटी जाना, सुपर्नखा की नाक काट लेना, त्रिशिरा, खर दूषण वध, मारीच वध, सीता हरण गीध—रावण युद्ध, सबरी राम भेंट पंपासर पहुंचना और नारद से भेंट होना वर्णन छंद १०—११

राम से हनुमान और सुग्रीव से भेंट, वालि वध, सुग्रीव को राज देना और सीता की खोज कराना। छंद १२—१३

हनुमान का लंका में जाना सीता से भेंट तथा लंका जलाना, विभीषण के रावण का लात मारना और राम से मिलना। छंद १४—१५

राम लक्ष्मण व रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण से युद्ध वर्णन विभीषण को राज देना व सीता से भेंट छंद १६—१७

राम का अयोध्या आना भरत से भेंट व राजगद्दी होना देवताओं का स्तुति करना, स्वान, उलूक, व ब्राह्मण बालक के न्याय की कथा वर्णन चारों भाइयों के दो दो पुत्र होना वर्णन। छंद १८—२२

इति

No. 432(*f*). Chhandāvalī Rāmāyaṇa, by Tulasi Dāsa of Rājāpura (Bāndā). Substance—Old paper. Leaves—16. Size—10½ × 5¼ inches. Lines per page—8. Extent—136 Anushṭup ślokas. Appearance—Loose and old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1909 Samvat or A.D. 1852. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golāganj, Lucknow.

Beginning—श्रीमते रामानुजाय नमः। अथ छंदावली रामायन तुलसी दास कृत लिख्यते। दोहा॥

दशकंधर घट कर्ष अघमार धरा दुःख होइ। गई गंगन गो देह धरि कहि सुरपति सो रोइ। छंद चौपया। सुरपति गुर बूझा सुरपति सुझा गे विधि लोक तुरंता॥ विधि सुर समुझाये संग सिधाये जंह सोवत श्रीकंता॥ दशमुष को करणो बहु विधि वरणो धरणो जेहि विधि रोई सुनि सारंगपानो भइ नभ बानी विधि जाना नहिं कोई॥ विधि वचन सुनाये सुर समुझाये तजहु सोच मम देवा॥ जो जन हितकारी प्रभु असुरारी करहि पार सोइ पेवा॥ वानर गो पूछा तन धारि रीछ बसहु जाइ महि माही। अवधेश निकेता व्यूह समेता प्रभु आवत तुम पाही। दोहा। यहि विधि विबुध विबोधि गे गे सुर निज निज धाम। कछु काल बीते अवध प्रगट भये श्रीराम॥ ३॥ शशि वदन छन्द॥ जन हितकारी प्रगट सुरारी। नरतन धारी छवि सुष कारी॥ मृदु भुवकारी अरि दल हारी॥ सुमुष निहारी बलि महतारी॥ अवध विहारी भव भय हारी॥ जपत पुरारी सब अघहारी॥ अवध उधारी यह प्रण भारी॥ तुलसी हितकारी शरण समारी॥ ४॥ हरि गीतका छंद॥ संभारि शरण विचारि तुलसी राम जस गावत लियो॥ त्रय ताप समन कलेश हरन को और नहिं जग मग वियो॥ जेहि गाइ जमन किरात पल हरि पुर गये करि सुधि हियो॥ रघुवीर जस सुनि हिमत हरष्यो पुरो तिन अपनो कियो॥

End—सिय सहित रघुकुलमनि विराजत सुभग सिंहासन परै॥ सुभ सुमन वरषहिं हिये हरषहि ब्रह्मादि सब जय जय करैं॥ गहि छत्र चामर चमर असि धनुवीर तरकस के लये॥ भरतादि अनुज बिभीषनांगद हनूचित चरनन दये॥ सुनि सिया श्री रघुवीर को अविषेक पुनि उर में धरै॥ कह दास तुलसी जन्म को सुप लहि जलधि बिन श्रम तरै॥ दोहा। नित नव मंगल अवधपुर करहि सकल नर नारि॥ लहहि चार फल अछत तन रघुवर रूप निहारि॥ १९॥ छन्द। नित प्रत सरित अन्हात बंधुन सहित प्रभु भोजन करैं॥ गज वाजि राज

समाज लषि सब देवि वन उपवन फिरै ॥ बैठे सभा मह जाइ श्री रघुवीर दुःख सब के हरै । हरि न्याउ स्वान उलूक को लषि लोग सब विस्मै करै ॥ मांडवी श्रुतिकीरति उरमिला सवनि सुत द्वै द्वै जने ॥ जानकी सुत जुगुल जाये सबन मन आनंद घने ॥ सनकादि नारद आदि मुनिवर सकल अवधहि आवहो ॥ लषि जाहि रघुवर के चरित सब विधिहि जाइ सुनावहो । एक बार कोउ महि देव को सुत सभा मह आयो मरो ॥ गुरु बूझि तपते मारि सद्र हित वहि सो उठि जिय परो ॥ यहि भांति राम चरित्र परम पवित्र नित नूतन करै ॥ कहि दास तुलसी सुनत सब के बचन मन पातक टरै ॥ दोहा । सुनि सीता के जुगुल सुत राम कीन्ह अनुमान ॥ लोक सिषावन देन हित बोलो श्री भगवान ॥ इति श्री उत्तर काण्ड श्री गोसाईं तुलसीदास कृत छन्दावलि रामायनि समाप्त । शुभ मस्तु० संवत १९०९ लिखित वै वैशखवदास श्रीराम ।

Subject—दशशीस, घट कर्ण आदि के पाप भार से पृथ्वी का दुःखी हो गो रूप धर इन्द्र के पास जाना, इन्द्र का बृहस्पति से परामर्श कर ब्रह्मा के पास जाना, ब्रह्मा का सान्त्वना दे क्षीरसागर में भगवान के पास जाना, राक्षसों की करनी भगवान से कहना, आकाशवाणी का होना, ब्रह्मा का सबको समझाना, वानर भालु होकर पृथ्वी पर जन्म लेने के लिये देवताओं को आदेश देना, भगवान का अयोध्या में जन्म लेने का संवाद कहना, काल पाकर भगवान का अयोध्या में जन्म लेना, बाल लीला वर्णन, ग्यारह वर्ष में उपनयन, विश्वामित्र का राम को मांगना, ताड़का वध, विश्वामित्र द्वारा अस्त्र प्राप्ति, सुबाहु वध, मख-रक्षा, अहिल्या तारण, मिथिला-गमन, धनुष-भंग, सीता-विवाह, अयोध्या-गमन, मार्ग में परशुराम से भेंट, धनुष देकर वन-गमन पृ० ३—४ बालकांड

राजा दशरथ का मुकुर देखना और बुढ़ापे का आभास पाना, राम को युवराज पद देने का करना संकल्प, केकई का भरत के लिये राज-पद मांगना, रामचन्द्र को वनवास देना, सीताराम लक्ष्मण सहित वन-गमन, गंगा प्रयाग होकर चित्रकूट जाना, भरत का शोकाकुल होना, भरत का वन जाना, केवट से भेंट, भरत का राम से मिलना, पादुका पाना, पादुका लेकर वापस आना और नियम धर्म से रहना वर्णित है पृ० ४—५ अयोध्याकांड ।

जयन्त का जानकी-स्पर्श, उसकी आंखों का फोड़ा जाना, विराध-वध, सरभंग से भेंट, रामचन्द्र जी का पंचवटी जाना, सूर्पणखा का नाक कान विहीन होना, खरदूषण-त्रिसिरा-वध, रावण का मारीच के पास जाना, मारीच का स्वर्ण मृग बनना, मारीच वध, मारीच का शब्द सुन लक्ष्मण का राम के पास

जाना, रावण द्वारा सीता का हरा जाना, राम का दुखी होना, सीता को खोजना, गृद्ध से भेंट, उससे समाचार पाना, सेवरी से भेंट, पंपासर आना नारद से भेंट सुग्रीव का राम को देख कर विस्मय युक्त होना, हनुमान को भेद लेने के लिये उनके पास भेजना सूत्र रूप से वर्णन किया गया है पृ० ५—६ आरण्यकांड।

हनुमान का राम को ले जाकर सुग्रीव से मिलाना, सुग्रीव और राम की मित्रता का होना, सुग्रीव का कष्ट समाचार सुन कर राम का वालि के मारने का प्रण करना और सुग्रीव को राजा बनाना। सुग्रीव का सीता की खोज का प्रण करना, वालि का मारा जाना, सुग्रीव-तिलक, चौमासे का निवास, सुग्रीव का सीता की खोज के लिये बंदरों का भेजना, बंदरों का विवर प्रवेश एक स्त्री से भेंट, अदृश्य से समुद्र तीर आना सूत्र रूप से वर्णन किया गया है। पृ० ६—७ किष्किंधा कांड

हनुमान का सागर पार जाना, लंकिनी वध, हनुमान का छोटा रूप धर कर लंका में प्रवेश, सीता को खोजना, विभीषण से भेंट, हनुमान का सीता को देखना, रावण का आकर सीता को दुःख देना, हनुमान का मन में क्रोधित होना। मुद्रिका का सीता के आगे फेकना उसे देख सीता का हर्ष विस्मय युक्त होना, हनुमान का प्रगट होना, फल खाने की आज्ञा मांगना, बगीचे में फल खाना, उत्पात मचाना, रखवालों को मारना, मेघनाद द्वारा हनुमान का मारा जाना, रावण की सभा में पूंछ का तेल पट से बांधा जाना, उसके द्वारा लंका-दहन, राम का ससैन्य लंका-गमन समुद्र का पैर पड़ना, नल द्वारा सेतु-बंध मंदोदरी का रावण को समझाना, रावण की मंत्रणा, विभीषण को लात मारना, विभीषण का राम के पास आना, अंगद का रावण के पास आना, अंगद-पैज, लंका पर चढ़ाई, सूत्र रूप से वर्णन किया है। पृ० ७—१० सुन्दर कांड

राम और रावण की सेनाओं की लड़ाई, मेघनाद-वध, सुलोचना का सती होना, रावण का मारा जाना, जानकी का राम के पास आना, सैन्य समेत पुष्पक पर चढ़ अयोध्या प्रयाण, प्रयाग आना, हनुमान का भरत के पास भेजना संक्षेप में वर्णन किया गया है। पृ० १०—१३ लंकाकांड

भरत का हनुमान से राम आगमन की सूचना पाना, भरत का घर आकर समाचार देना, रामचन्द्र का भरत गुरु और प्रवासियों से भेंट, वशिष्ट और सुमंत्र द्वारा राज्याभिषेक का होना, भरतादिक भाइयों का अंगद हनुमान सहित सेवा का वर्णन, सब भाइयों के दो दो पुत्रों का होना, नारदादि का नित्य आना, अयोध्या का संवाद ब्रह्मा के पास जाकर कहना, रामचन्द्र का न्याय वर्णन, ब्राह्मण के मृतक पुत्र का सभा में आना, गुरु की आज्ञा से शूद्र असी को मारना ब्राह्मण के

मृतक पुत्र का जी उठना, सीता के दोनों पुत्रों का मिलना और लोक शिक्षा के लिये चरित्र करना। सूत्र रूप से वर्णन किया गया है। पृ० १३—१६ उत्तरकांड।

No. 432(*g*). Chhappaya Rāmāyaṇa, by Tulasī Dāsa of Rājāpura (Bāndā). Substance—Country-made paper. Leaves—16. Size—9½ × 4½ inches. Lines per page—9. Extent—134 Anushṭup ślokas. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1910 Samvat or A.D. 1853. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golāganja, Lucknow.

Beginning—श्री गणेशायनमः। अथ छप्पै रामायन लिख्यते। छन्द छप्पै॥ श्री गुरचरण सरोज वंदि गणनाथ मनावौ। जेहि प्रसाद शुभ होई राम सो विनय सुनावौ। आरत भंजन राम नाम मुनि साधुन गाई। सुमिरत गाढ़े नाथ होत सब ठौर सहाई। श्रपति रघुपति अवध पति करौ नाम सोई जाप ा। दौर दौर श्री रामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ १॥ रहौ कपोतो स्वपति समेत बैठि तरु पासा। गंगन उड़ै सांचा भूमि तल दैवौ प्रकासा। व्याध गहे करवान देखि लोचन जल मोचति पक्षी स्वमन महा समीत देषि दंपति उर सोचित। दुष्ट दलन करुणायतन राषि लेहु सरनापना। दौर दौर श्री रामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ २॥ उठे ततछन मेघ वृष्टि जल अनल बुतानो। निकसि भुवंगम डसो बुद्धि व्याधो विकलानो॥ निकसो वाको तोर जाइ संचानहि मारो। अस्तुति करत कपोत नाथ प्रनतारत हारो। सो प्रभु वेगि दयाल हौ जिमि कपोत परदापना। दौर दौर श्री रामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ ३॥

End—गुरु अनुसासन पा सचिव साजि आरती बनाई। राम सिंहासन दीन्ह राज गुर मुनि समुदाई॥ भरत गहे कर छत्र चमर सियराम निहारो। मुदित जन्म फल पाइ मातु आरती उतारो॥ विदा होय सब जयति करि भक्ति देहु रामापना। दौर दौर श्रीरामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ २९॥ छूटेउ बंदि सब देव विबुध कोटि तेतीस हरषि कह। अस्तुति करत बनाय पुहुप जयमाल हरषि गह। शंभु आप अस्तुति करत बिविधि भांति सियरामा। पाय रजाय सब चले देव सब निज निज धामा॥ विदा किये सब कै प्रभु देव जयति करु जापना। दौर दौर श्रीरामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ ३०॥ राम चरित अवगाह सिंधु कोउ पार न पावै। शुक सारद निगमादि नेति कहि निज मुख गावै। शंभु उमा सुनि भरद्वाज सुनि जागवलिक मुनि। काग भसुंडि सुनि गरुड़ मांगि कह तुलसीदास गुनि॥ कहे सुने रति राम यह येक राज मति आपना। दौर दौर श्रीरामचन्द्र मम हरहु सोक संतापना॥ ३१॥ इति श्री

तुलसीदास कृते छप्पै रामायन उत्तर काण्ड समाप्त सतमो सुपानः ॥ रावण नासवान ॥ ३१ ॥ सो यकतीस छप्पै हैं। सेठा। १। रंग (२) फोक (३) पंथ। ४। बधन। ५। गीसो। ६। संकट मोचनी रामायन पाठ करै तो रावण मरै सो मन है। चेतौ तौ सब काम सिद्धि होइ। बां तावरी करौ तौ पावौ भव-सागर ते नर तन नाव है ॥ संव १९१० ॥ राम सोय।

Subject—गुरु चरण वंदना, कपोत के जोड़े को विपट, (बाज—व्याध और अग्नि से) उसका उद्धार, भगवान के अनेकों नामों को वंदना, ताड़का, सुबाहु का वध, मुनि की रखवाली, अहिल्या का शाप मोचन और वरदान, विदेह का प्रण रखना, धनुष-भंग, परशुराम का सरासन देना, सीता विवाह और अयोध्या गमन का संक्षेप में वर्णन किया है। पद० १—५ बालकाण्ड।

वन गमन, केवट का पद धोना, चित्रकूट वास, कोल भीलों को तारना, भरत को चरणपादुका देकर तुष्ट करना, भरत का विनय करके पलटना वर्णन किया है। पद० ६—अयोध्याकाण्ड।

जयंत का शरण आना, एक आंख का फोड़ना, विराध खर दूषण, कपटी मृग (मारीच) कबंध आदि का वध, गिद्ध को सुगति, सबरी को भक्ति देना, बालि के भय से सुग्रीव का पर्वत पर वास करना संक्षेप में कहा है। पद० ७ आरण्यकाण्ड।

हनुमान का भगवान के पास जाना, सुग्रीव की मित्रता, बालि का वध, वर्षा ऋतु में निवास, सुग्रीव को राज देना, हनुमान को मुद्रिका देकर भेजना, हनुमान का प्रसन्न हो खोज करने जाना, वानरों के साथ वन, पर्वत, खोह, ताल आदि का खोज करते हुए समुद्र तीर आना, संपाती से भेंट, संपाती का साक्षात होना, सीता का निशान बतलाना, समुद्र को देख कर सब का हहर कर विलाप करना, संक्षेप में कहा है। पद० ८—९ किष्किंधाकांड।

जामवंत की बात सुनकर हनुमान का प्रसन्न हो समुद्र नाघने के लिये जाना, सुरसा से भेंट, सिंघि का वध, मैनाक स्पर्श, समुद्र का पार होना। लंकिनी को मुष्टिका प्रहार, लंका में घर घर सीता का खोजना, निराश हो राम नाम जपना, विभीषण भेंट, विभीषण से युक्ति पूछ कर अशोक-वन में आना, पल्लव में छिपना, प्रगट होने की युक्ति विचारना, दशकंधर का स्त्रियों सहित आना, जानकी को डरवाना, जानकी द्वारा तिरस्कृत हो वापस जाना, सीता का व्याकुल हो आग मांगना, हनुमान का उसी समय मुद्रिका देना, सीता का उसे पाकर विस्मय हर्षयुत होना, हनुमान का प्रगट होना, जानकी से संदेसा कहना, सीता का व्याकुल होना, हनुमान द्वारा सान्त्वना पाना, हनुमान का बाग में जाना, फल खाना, वृक्ष तोड़ना, अक्षय कुमार आदि का मारा जाना, मेघनाद का आना,

उसके द्वारा हनुमान का बांधा जाना, पूंछ में तेल पट बांध अग्नि लगाना, लंका-दहन, विभीषण का घर जलने से बचना, हनुमान का समुद्र में कूद कर पूंछ बुझाना, सीता से चूड़ामणि ले विदा मांग कर रामचन्द्र के पास आना, मधुवन का फल खाना, बंदरों से भेंट, सीता का विरह राम से कहना, मारीच, सुबाहु, कबंध आदि को याद दिलाना, चूड़ामणि देना, रामचन्द्र का कटक समेत समुद्र के किनारे जाना, विभीषण-भेंट, उसे अभय करना, लंकेश बनाना, रामेश्वर-स्थापना का संक्षेप में वर्णन है—पद १०—१९—सुंदरकांड।

भालू और बंदरों की सेना सहित समुद्र पार जाना, अंगद का बसीठी होकर जाना, युद्ध, कंप अकंप, महोदर, अतिकाय, मेघनाद महिरावण, कुंभकरण, रावण आदि का वध सीता भेंट, देवताओं द्वारा रामचन्द्र जी की स्तुति, विभीषण का राज्य तिलक, पुष्पक पर चढ़ कर प्रयाग आना, हनुमान का भरत जी के पास भेजना, संक्षेप में वर्णन है—पद २०-२६ लंकाकांड।

हनुमान का भरत से संदेसा कहना, भरत का गुरु माता, मंत्री पुरवासी सब को खबर देना, रामचन्द्र का पुष्पक से उतरना, सब से भेंट करना, गुरु की आज्ञा से मंत्री का रामचन्द्र को सिंहासन पर बैठाना, भरत का चमर हाथ में लेना, माताओं को प्रसन्नता, देवताओं का स्तुति करना, कवि द्वारा रामचन्द्र की महिमा वर्णन कथा का उद्गम शंभु-उमा, भरद्वाज, याज्ञवल्क, काग, गरुड़ द्वारा वर्णन कर संक्षेप में कथा समाप्त किया है—२७-३१ उत्तरकांड।

No. 432(*h*). Dohāwalī, by Tulasī Dāsa of Rājāpura. Substance—Country-made paper. Leaves—85. Size—8¾ × 4½ inches. Lines per page—7. Extent—740 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1249 Hijri or A.D. 1871. Place of deposit—Rājpustakālaya, Bhinagā (Baharāich).

Beginning—श्री गणेशायनमः

दोहा ॥ राम नाम मनि दीप धरु जीह देहलो द्वार।
तुलसी बाहिर भीतरौं जो चाहत उंजियार ॥ १
रे २ रमित परमातमा सह अकार सिय रूप।
दोऊ मिलि विधि जीव इव तुलसी वदत अनूप ॥ २
राम नाम को अंक निधि साधनता सब सून्य।
अंक रहित सब सून्य है अंक सहित दश गुन्य ॥ ३
जथा भूमि सब बीज मय नपत नेवास अकास।
राम नाम सब धर्म मय जाचक तुलसीदास ॥ ४

End—बैठि सिंघासन राम जू सुर विमान बहु भीर।
हरषित सुर बरषहि सुमन सो जय जय रघुबीर ॥ ९८
स्यामल गौर किशोर वर विहरत सरजू तीर।
अस्वमेध कोटिन कियो सो जय जय रघुबीर ॥ ९९
यह साखी सिय राम जस सुमिरि करहु मनधीर।
तुलसी बरनै कहां लगि सो जय जय रघुबीर ॥ १००
तुलसी चतुरे नरन ते बचै न उर को हेत।
ज्यों शीशो रंग से भरो उपर देखाई देत ॥ १०१

इति श्रीराम चरित्रे दोहावली श्रीराम भक्ति संपादिनोनाम शतमो स्वर्ग ॥ सम्पूर्णम् शुभमस्तु मि: फागुण शुदी ११ सन १२४९ साल

No. 432(*i*). Dohāwali, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—49. Size—6 × 5 inches. Lines per page—22. Extent—750 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1856 Samvat or A.D. 1799. Place of deposit—Ṭhākura Hanumāna Siṃhaji, village Vardaha, post office Kherīghāt, district Bahrāich (Oudh).

(३२) पृ० ३५६ से पृ० ३६४ तक—ऊं ह्रों नमो वय वल्लीणं । महामंत्र संबंधो देवराज की कथा ।

(३३) ऊं ह्रों नमो वोर सवोणं मंत्र संबंधो, दावानल उपसम होने की कथा पृ० ३६५ से ३७२ तक ।

(३४) पृ० ३७३ से पृ० ३८४ तक—एक सती की कहानी जिसने जैन धर्म संबंधी मंत्र बल के प्रभाव से संपूर्ण लोगों को अपने धर्म का परिचय दिला कर और पति को रोग मुक्त कर जैन धर्म की महत्ता दिखाई गई है।

(३५) पृ० ३८५ से पृ० ३९५ तक—ऊं ह्रीं नमो सवि चीणं ऊं ह्रीं मुझरस वीणं नामक मंत्र संबंधी कहानी, गुन वर्मा का सुर पद पाना।

(३६) पृ० ३९६ से पृ० ४०० तक—ऊं ह्रीं नमो अमिस वीणं मंत्र संबंधी कथा।

(३७) पृ० ४०१ से पृ० ४२४ तक—ऊं ह्रीं नमो आइमो न महा नाणं ॥ मंत्र संबंधी हंसराज की कथा। राजा हंसराज की कलावती के साथ भोग विलासादि का वर्णन।

(३८) पृ० ४२५ से पृ० ४३४ तक—ऊं ह्रीं नमो वढ़ मानं मंत्र संबंधी कथा।

(३९) पृ० ४३५ से पृ० ४४२ तक—ऊं ह्रीं अ नमो सर्व सिधा इत्यादि मंत्रों से संबंध रखने वाली गाथाओं के वर्णनों द्वारा जैन सिद्धान्तों को अटल बनाकर मान तुंग कालिदास को पराजित करना, राजा भोज का रनवास सहित जैन धर्म की दीक्षा लेना। इस ग्रंथ के पठन पाठन का फल।

निज सम्राट वंश परिचयः—

औरंग साहि बलो के राज। पायौ कवि जन परम समाज ॥
× × × ×
बाढ़ौ साहि चकत्ता वंश। तिमिर लंग सम प्रगटौ हंस ॥
× × × ×
तिनके तखत बखत परचंड। बबर शाहि भये परचंड
× × × ×
ता सुत साहि हमाऊं भयो। जिनके राज दुख सब गयो ॥
तिनके साहि अकबर भये। नाम लेत दुख दारिद गये ॥
× × × ×
तिनके जहांगीर जग जए। साहि सलेम नूरदी भये ॥
हिन्दू पति प्रगटयो जगमांहि। ताकी उपमा दीजै काहि ॥
तिनके साहि जहां सुलतान। भए तेज जिमि ऊगत भान ॥
हठ कोधनो हठीलो साह। भयो किरान सांनि जगमांहि ॥
तिनके तखत बखत के जोर। बैठो औरंग सहि मरोरि ॥
× × × ×

आलम गीर कहावै सोय । जाहि कारम आलम को होय ॥
अपने जोर छत्र सिरधरौ । इक छत राज विधाता करौ ॥
× × × ×
जाके राज परम सुख पाय । करी कथा हम जिन गुन गाय ॥

(४०) पृ० ४४२ से ४४४ तक । कथा निर्माणादि विषयक कथन शाहिज़ादपुर सहर मझार । रहौ सदा जिनके आधार ॥
काष्टा संघ आदि जिन सनो । माथुर गच्छजागर घनो ॥
पुष्कर गुन गनमै सार । जैन धर्म को परम अगार
कुमार सेनो मुनि कीनी आय । प्रगटयो श्रव का धर्म सहाय ॥
वैश्य वंश मे उदित महा । जैन धर्म करुनालय लहा ॥
तापर ज्ञाति महा गंभीर । अगरवाल गुन आगरधीर ॥
गर्ग गोत्र उत्तम गुन सार । अष्टादस गोतनि सरदार ॥
× × × ×
मिथ्या मत को नासन हार । प्रगटयो कुल को परम श्रंगार
मंडल को परपोता भलो । पारस पोता को जसु चलौ ॥
द्रगाही मल को सुत गुन धाम । लाल विनोदो मेरो नाम ॥

ग्रन्थ समाप्ति कालः—
संवत् सत्रह सै सैतांल । सावन सुदि द्वितीया रविवार ॥
शुभ दिन कथा संपूरन करी । प्रथम जिनेन्द्र तनो गुनभरो ॥
पठन पाठन का फल--ग्रन्थ समाप्ति ।

No. 440(*b*). Vishnu Kumāra kī Kathā, by Vinodī Lāla. Substance—Country-made paper. Leaves--22. Size—12½ × 8 inches. Lines per page--22. Extent—635 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1955 Samvat or A.D. 1898. Place of deposit—Srī Jaina Mandira (Barā), Barābaṇkī (Oudh).

Beginning—ॐ नमः सिद्धेभ्य ॥ अथ विष्णु कुमार की कथा

वात्सल्य अंग धारक कथा लिष्यते ॥ (अरिल्ल छंद) ॥ प्रथमहि प्रथम जिनेन्द्र चरण । चित लाइये । पंच महाव्रत धरन सुताहि मनाइये ॥ प्रथम महामुनी भेष सुधर्म धुरंधरो प्रथम धरम परकासन प्रथम तीर्थंकरों ॥ १ ॥ (गीत छंद) गुरु चरन वंदो सुधर्म केरे कथा अनुपम विस्तरों ॥ २ ॥ प्रथम तीर्थंकर सुमिर मन सारदा हिरदे धरो ॥ उपसर्ग पायो सात सै मुनि आनि

जिनहू नै वार को । तुम सुनौ भवि जन एक चित दै कथा विष्णु कुमार को ॥ २ ॥ दोहा ॥ वंदौं विष्णु कुमार मुनि मुनि उपसर्ग निवारि । वात्सल्य अंग को कथा सुनहू भाविक जन सार ॥ ३ ॥ चौपाई ॥ अब यह जंबूदीप मझार । भरथ क्षेत्र सोभित सिंगार ॥ देस अवन्ती उत्तिम ठौर । तेहि समान देस नहिं और ॥ ४ ॥ वहां नगर उज्जैन समान । अवनी विषै न दीसै आन ॥ वन उपवन रंजित चहुं ओर का शोभा वरनौ तिहि ठौर ॥ ५ ॥

End—नाक कान मुख धूआं भरो । ताको सबन कियो उपचरो । पशु कज्जल अरु सुरस अहार । वहु विधि पुन्य उपावन सार ॥ ९८ ॥ तब देवन मिलि पूजौं पांई । विष्णु कुमार भूमि मै आई ॥ विनतो कीय अनूपम दिये । करि प्रनाम सुर निज पुर गये ॥ ९९ ॥ विष्णु कुमार गये निज धाम ॥ सबन सुरन को करि सनमान ॥ फेरि जाय दीक्षा आदरी । इहि सो मुनि अपनो तप करो ॥ २०० ॥ सावन सुदि पून्यो तिथि तनो । कथा विचित्र अनूपम बनो ॥ वात्सल्य अंग कथा यह करो । कथा कोस सम जो कछु लहो ॥ २०१॥

× × × × × ×

इति श्री विष्णु कुमार मुनि कथा संपूर्ण ॥ चैत्र मासे शुक्ल पक्षे तिथौ ३ भृगुवासरे संवत् १९५५ ॥

Subject—(१) पृ० १ से पृ० ११ तक—उज्जयनी के राजा सिवाराम के चारो मंत्रियों को धूर्तता से एक जैन मुनि का अविनय होना—जिसने कितने ही ब्राह्मणों को अपने जैन मत के प्रभाव से हरा दिया था । मुनि के तप से उन चारों का कीला जाना, राजा को यह सब ज्ञात होना और उनको प्राण दंड की आज्ञा दिया जाना, मुनि का उनके प्राण बचाना और राजा से किसी अन्य दंड की प्रार्थना करना, राजा द्वारा उन को देश निकाला दिया जाना ।

(२) पृ० १२ से पृ० २२ तक—चारों ब्राह्मण मंत्रियों का निकल कर हस्तनागपुर के राजा पदुम के यहां पहुंचना और एक विशेष ढंग से उसके शत्रु को उसको शरण में लाने के उपलक्ष्य में सात दिन का राज्य पाना । वहां पर उन्ही मुनिवर का (जिनसे इन लोगों का प्रथम विरोध था) पुनः यज्ञ द्वारा श्रद्धा न करना और विष्णु कुमार की सहायता से कष्ट से मुक्त होना । विष्णुकुमार का वामन रूप धारण कर के वलि मंत्री को (उन चारों ब्राह्मणों में मुख्य) को छलना । मुनिके प्रभाव से प्रभावान्वित होकर उन चारों का श्रावक व्रत धारण करना । विष्णु कुमार का प्रस्थान । कथा फल वर्णन । ग्रंथकार का परिचयः—विष्णु कुमार मुनिंद की कीनी कथा रसाल । सुनौं भव्य गन भाव सों कहै विनोदी लाल ॥

No. 441. Sātī Vilāsa Biranjī (wife of Sāhabadīnā) of Newādā (Benares). Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—10½ × 6 inches. Lines per page—21. Extent—903 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of composition—1905 Samvat or A.D. 1848. Place of deposit—Śrīmān Bābū Bhagwān Bakhsha Siṃhajī, Rājā of Amethī, Rājā Amethī, district Sultānpur (Oudh).

Beginning——अथ सती विलास लिख्यते ॥

दोहा सब कर पालक जवन प्रभु अज अनीह निर्वान ॥ वन्दौं तिन के पद कमल जापर अपर न आन ॥ गणपति सेस महेस विधि चंद सूर द्विज व्यास ॥ संत सती सारद सिवा पूजवहु मन की आस ॥ × × × × जीव विन जस देह मलीन वो नीर विना सूर सूषित वैसे ॥ ज्ञान विहीन जती छिति मै हरि भक्ति विना नररूप अनैसे । चंद मलीन पियूष विना ब्रह्मज्ञान विना कुल ब्राह्मन कैसे ॥ नारि विरक्ति विचारिक है पिय भक्ति विना तिय सोहत कैसे ॥ ३ ॥ × × × × सूर्यवंस में रघुभये रघुवंसो श्री राम ॥ ता सुत द्वे लवकुस भये छिपित पूरन काम ॥ द्विपितवंस उदित भये पुर्गवंस महाराज । तिलक छुक्त सुभ सोभिजै सत्य धर्म कर साज ॥ अमरसिंह तेहि वंस में रामचन्द्र कर दास ॥ जोग जतन जप तप किये पुत्र होइ की आस ॥ सेवत वंस गोपाल के तेहि सुत साहिब दीन । सो प्रभुतक विचारि के रहत ब्रह्म मो लीन ॥ अब भाषौ माईक अत्रस कासो सुभ अस्थान ॥ जाके दरसन हेत हित देव करहिं प्रस्थान ॥ विमलवंस रघुवंस के वसै बयालिस डीह । ग्राम निवादा में विदित ममपितु सोतल सोह ॥ चौ० ॥ जिले जवनपुर में गडवारा ॥ दुर्गवंस तहं वसहि वोदारा ॥ तहाँ ज्ञान अनुभव हम पाये ॥ सो कहि प्रगट ग्रन्थ में गाये ॥ वान सुन्य अरु अंक मिलाई ॥ तापर चंद देतु पुनि ॥ अंक रीति संवत विख्याता ॥ जाति लेव इहि विधि बुध वाता ॥ × × सावन सिति पून्यौं जब आई ॥ तब मेरे मन हुलसत भाई ॥ जाये धर्म पतिव्रत केरा ॥ जेहते करु सब धर्म वसेरा ॥ × × × × ×

End—दुर्ग वंस अवतंस मोहि पिय भक्ति वता यैव ॥ यह छिन उपजेव ज्ञान कंत सेवा मन लायेव ॥ अनुभव आतम जगे सतोसत्त ध्रुव ऐह भाषो ॥ दिन प्रति करु कल्यान सत गौरो पति साषो ॥ षोड़स वर्ष की उमरि मै किमि भाषो मैं भक्ति पिय । ऐहते सवनर जानिये येह कौनो छत्त संभु त्रिय ॥ सवैया ॥ सोव

सतो पद वंदि सोहावनि पावनि जे पिय संग सिधाए। पारवती जुत दंपति के पद वंदों कृपा करि होहु सहाए॥ कोटि करो विनती रिषि नारिकी कीरति जासु सिया वर गाये॥ नारि विरञ्चियि अर्ज पेही पेह ग्रंथ पढ़े नर वाँछित पाये॥

× × × ×

भादों तिथि भगवान की तादिन ते दुइ अवर॥ सत विलास भाषा कियो सकल धर्म को टवर॥ × × ×

इति।

Subject--(१) पृ० १—१८ तक—प्रथम विलासः तिय भक्ति, देश धर्म शास्त्र मत वर्णन। (२) पृ० १९—२८ तक—द्वितीय विलास ज्ञान समुद्र नाम केत वर्णन। (३) पृ० २९—३८ तक—तृतीय विलास, उपपुराण मतसे पति पूजन विधान वर्णन। (४) पृ० ३८—५०तक चतुर्थ विलासः शास्त्र मतसे शब्द ब्रह्मज्ञान देश आदि का वर्णन। (५) पृ० ५१—६२ तक—पंचम विलासः गोपी उपदेश वर्णन। (६) पृ० ६२—७३ तक—षष्ट विलास विष्णु दिव संवामें गृही धर्म वर्णन। (७) पृ० ७३—८६ तक—सप्तम विलासः गृही धर्म प्रताप वर्णन।

No. 442. Bāraha Kharī, y Viṣṇudāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—9 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—165 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of composition—1851 Samvat or A.D. 1794. Place of deposit—Paṇḍita Krishṇa Kumāra, post office Bahādurganja, Rāe Barelī.

Beginning—अथ विष्णुदास जी की बारह परो लिष्यते॥ दोहा॥ पहले गणपति ध्याइये पीछे कीजे काज। विघन हरन मंगल करन राषत जनकी लाज॥ गणपति को सिर नाइके करो कीरतन रंग। राम भजो मुष बावरे काटे जम के फंद॥ संवत अट्ठारह सै इकावना सामन सुदि तिथि दूज। विष्णुदास बारह परो कही देवता बूझ॥ कही देवता बूझि विस्व भर भगवत नाम उधारो। अरतिस अच्छर बरनन कीन्हो हिर दे भयो उजारो॥ गुरु को ध्यान धरो मन माहो माया भई अपारा। विष्णुदास द्विज दसम बषाने सुनिके भये निस्तारा

End—जितनी जनकी उक्ति थी उतनी कही बनाइ। नाम कथा सागर बड़ा किस पर पैरो जाइ॥ किस पर पैरो जाय समद दर कूकरो मकरो बनाई। गुरु कृपा लदा चरन सो बेड़ा पड़ा बनाई॥ विष्णुदास उमर—को वासो जिन ये कीरति गाई। ढंढो राम गुरु को किरपा सो जग विचि सोभा पाई॥ इति विष्णुदास को बारह परो भई समाप्त॥

Subject—पृ० १—गणपति स्तुति, निर्माण काल और गुरु महिमा वर्णन, वसुदेव देवकी विवाह तथा आकाशवाणी का होना। पृष्ट २—कंस का डर जाना और देवकी को दुख देना, वसुदेव का पुत्र देने की शपथ करना और देवकी को लेकर घर आना।

पृ० ३—संतान उत्पन्न होने पर कंस को दे देना, वसुदेव और देवकी का बंदी होना, कृष्ण जन्म, कृष्ण को नंद गृह ले जाना यमुना का बढ़ना, वसुदेव की उस समय की दशा का वर्णन पृ० ४—वसुदेव का लौट कर वापिस आना, कृष्ण का पालने में झूलना, पूतना वध, गौ चराने की लीला का वर्णन।

पृ० ५—कालीं दमन, गोपियों की उस समय की भयभीत दशा का वर्णन। कंस वध वर्णन।

पृ० ६—कृष्ण विनय के पद और ग्रन्थ समाप्ति।

No. 443. Durgā Śtaka, by Vishṇudutta Mahāpātra. Substance—Country-made paper. Leaves—50. Size—8 by 5 inches. Lines per page—10. Extent—360 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Mahābīra Siṃhajī Tālukédāra, village and post office Kothara Kalāṅ, district Sultānpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ दुर्गा शतकम् ॥ कवित्त ध्यान ॥ हीरन के खंभा जगमगि रहे मंदिर मैं धूपन के बास आस पास बगरे रहैं ॥ मोतिन की झालरैं झपकि रहीं चहुंओर बादलान तासु के वितान पसरे रहै ॥ संब देव मंडल मुनीस सीस पानि जोरे विद्रुम के पलिका जरावन जरे रहैं ॥ बैठी तहां देवी विंध्यवासिनी चरन आगे मुकुट दिगीसन के लटके परे रहै ॥ १ ॥ पुनः ॥ कनक को मन्दिर सिंहासन रुचिर तामें बैठी जगदंबा गान किन्नर करे रहैं ॥ नाचै देवतान की बधूटी भूरि भाव भरी बाजत मृदंग ताल नौबति झरे रहै ॥ संकर रमेस बंस चवर डोलावै दोउ छत्र लीन्हे कर मै निसाकर खरे रहैं ॥ सासन को जोवै पाक सासन हमेसे जासु आसन के नीचे पंकजासन परे रहै ॥

× × × ×

End—जज्ञ धूम तोम व्योम धावत जलद ऐसे चहुंओर फैलत नगारे की घहर है ॥ विप्रन के मंडल जपत सिद्ध मंत्र जामें घंटा की धनक जामें आठौ पहर है ॥ रुचिर दुकानन में पावन विविध वस्तु उत्तर दिशा में पुन्य गंगा की लहर है। चहल पहल होत महल महल बीच राजत विचित्र जगदंबा को सहर है ॥

तैंही सप्त सागर कमठ शेष नाग तैहीं तहीं मेरु दिग्गज कुबेर मघवान है। तैही नव कानन पवित्र सृष्टिवर तैंही तैहीं पुरी ग्राम तीनो पावत प्रधान है॥ तैही गुप्त तीरथ प्रयाग में त्रिवेनी तैही तैहीं जप तप जोग संजम विधान है। तैही भूमि पावक सलिल व्योम मारुत है तैही देवी सूरज मयंक जगुमान है॥ इति श्री दुर्गाशतके पुण्य स्तोत्रे महापात्र विष्णुदत्त कृतौ वागादि वर्णनो नाम दशमं दशक॥ इति दुर्गा शतक सम्पूर्णम्॥

Subject—(१) पृ० १—६ तक—प्रथम दशक, ध्यानवर्णन, (२) पृ० ६—९ तक—द्वितीय दशक, प्रभाव वर्णन, (३) पृ० १०—१५ तक—तृतीय दशक—पद, मुख, ग्रीवा, कर, भृकुटी वर्णन। (४) पृ० १६—२० तक—चतुर्थ दशक—दया दृष्टि वर्णन (५) पृ० २०—२५ तक—पंचम दशक, महिमा वर्णन (६) पृ० २५—३० तक—षष्ट दशक—स्तुति वर्णन। (७) पृ० ३०—३४ तक—सप्तम दशक, घंटा त्रिशूल वर्णन। (८) पृ० ३४—३९ तक अष्टम दशक—खड्गादि वर्णन। (९) पृ० ३९—४५ तक—नवम दशक, मदिरादि वर्णन। (१०) पृ० ४५—५० तक—दशम दशक—वाटिकादि वर्णन।

Note—यह पुस्तक सन् १९०६ ई० में मिरजा पुर निवसी रामधनञ्जय द्विवेदी के नाम से प्रकाशित हो चुकी है।

No. 444. Bhakti Ratānāwalī (Tékā), by Parama Hans Vishnu Purījī. Substance--Countrymade paper. Leaves--100. Size—13 × 6 inches. Lines per page--22. Extent—2,300 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character--Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Bhagawāndīnajī Miśra, Vaidya, Baharāich.

Beginning—दशमें श्री शुक वाक्य॥ श्री कृष्ण सर्वोत्किष्ट हैं॥ कैसे हैं विवरूप त विश्वरूप हैं॥ वालोक निवास जाकौं। अंतरात्मा तें वा भक्तन को निवास हैं जाविषें॥ श्री कृष्ण भाव स्पष्ट कहिये हैं॥ श्री देवकी विषे है जन्म प्रसिद्धि जाकी॥ व रक्त में जन्म नहीं हैं॥ श्रेष्ट यादव है सभा सेवक रूप जाकें॥ चारि भुजतें वा भुज रूप अर्जुनादिक तें दुष्ट दैत्यादिक कौं वध करिके॥ अधर्म को दूर करत हैं॥ ऐसे समर्थ को मेरो विघ्न वारन के तो कहैं॥ कछु नहि है बिलास चातुरी॥ लावण्यादिक विनाहूं सम्बन्ध मात्र तें॥ स्थावर जंगम जे वृन्दावन के वृक्ष लता तृण॥ पक्षि के दुख हारी हैं॥ प्रेमाधीन कहिए हैं सुन्दर हास्य की शोभा हैं जाविषे॥ ऐसो जो मुष तातें गोपिन के कामदेव कों वृद्धि करत हैं॥ काम वृद्धि को हेतु श्री कृष्ण विषे काम हैं। सो परमानन्द दाइक होइ॥

End—कर्त्ता ग्रंथन ग्रंथ जो अपनो कर्म ताको भगवान को समर्पत हैं। हे भगवान हे लक्ष्मीकांत ये चांचल्य विषै अथवा सकल को विषय अथवा परमार्थ के निरूपण विषै तुम मोको तत्पर करौ॥ तहां बुद्धि के विभव तुल्य जो मेरे यत्न तिन करि भगवान तुम भक्तन सहित प्रसन्न होहु॥ अपने ग्रंथ विषै सकल संपति को योग्यता कहैं हैं॥ भक्ति है प्रयोजन जिनको ऐसे जे साधू तिनको आदर पठन चिंतव को आग्रह या ग्रंथ विषै आयहिं ते होइगो॥ अरु युक्ति के विचार विषै हैं स्वाभाव जिनको ऐसे भक्तिहीन अस शब्दिक तिनको तो आदर होइगो॥ मेरे श्रम को देषिकै कैसो है श्रम नाना प्रकारन के श्लोक को सम्बन्ध तैं एकत्र लिखत ऐसो हैं। जो कोई ए अनन्य की कृति हैं ऐसो जानि के निंदा करत है तिनको मैं याचत हौं ए मैं रिक्तति कौं वारं वार देषि कै पोछे दुखन कौंह्यों जो भक्ति की महिमा जान पर निंदा की वासना रहेगो तौ दुखन देवै॥ ये ग्रंथ बारंबार देखत भगवान भक्ति उपजेगो। तब पर निन्दादि दुर्वासना कहां उपजै आदि।

Subject—पुस्तक प्राचीन है परन्तु इसमें आदि का एक और अंत का एक पृष्ट नहीं है जिससे संवत आदि का पता नहीं चलता शेष पुस्तक पूर्ण है। पृ० १—३१ तक श्री कृष्ण की भक्ति का वर्णन है इसमें नारद जी, सुत जी, विष्णुपुरी, शुकदेव जी, कपिल देव की माता व कपिल जी आदि व ध्रुव प्रह्लाद आदि की भक्ति का वर्णन किया है। पृ० ३२—५२ तक आकाशवाणी नारद प्रति। भगवान की भक्ति करना और विषय भोग को त्यागना आदि का वर्णन है॥ पृ० ५३—६२ तक क्षुधा, तृष्णा, क्रोध, लोभ, मोह, आदि से भक्त को दूर रहना उचित है इसी पर व्याख्या की गई है॥ पृ०—६३—७३ तक हरिकीर्तन में तत्पर रहना सब दुखों का छुड़ाना है क्योंकि श्री भगवान् के पद से गंगाजी ने प्रगट होकर संसार के पापों को दूर किया आदि वर्णन है। पृ० ७४—८४ तक जरासंध वध आदि की कथा वर्णन है॥ पृ० ८५—९० तक श्री भगवान सांसारिक किसी वस्तु की इच्छा नहीं करते और सब से दूर रहकर संसार का पालन करते और दुःख हरते श्री राम वानर रीछ आदि के साथ रहे और उनकी भक्ति देख उनको अपनाया आदि वर्णन किया है॥ पृ० ९१—१०० तक श्री कृष्ण भगवान की महिमा का वर्णन किया है भक्ति और शत्रुरूप से जो उनको ध्यावते हैं सो सब उनको प्राप्त करते हैं और स्मरण मात्र से कृतार्थ होते हैं इसी प्रकार नारद आदि के वाक्य वर्णन किये गये हैं। फिर ग्रंथकार ने अन्त में अपनी प्रार्थना श्री भगवान कृष्ण जी से की है।

No. 445(*a*). Ānanda Raghunandana Nātaka, by Viśva Nātha Simha of Rewā. Substance—Country-made paper,

Leaves—67. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—13. Extent—1,750 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Written in prose and verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rāja Pustakālaya, Bhingā, Baharāich.

No. 445(*b*). Ananda Raghunaṇdan Nātākā, by Maharaja Viśwanātha Siṃhajī of Rewā. Substance—Country-made paper. Leaves—172. Size—14 × 7 inches. Lines per page—11. Extent—2,247 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Written in prose and verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Lālā Sukhi Lālā Rāma Prasāda Kaserā, Bāzāra, Nawābganj, Bārābankī.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ आनन्द रघुनन्दमं नाम नाटक ॥ छंद शिखा ॥ अशरण शरण शरण दश मुख मुख दलन दलि है ॥ अकरन करन करन धनु शर प्रण उधरत रन चलि चलि है ॥ सद मन सदय सद कर कर जनन जनन पर रति है ॥ जस जग गनत गुण गण गण गणप अहिय पशुपति हैं ॥ १ मृद पदु पदम पदुम महियन मन अलि अलि रहि रमि रमि है ॥ चख चल चलनि करति बरवस सुबय बयन अमि अमि है ॥ अति मद मर्दन सर सर सत रस पति तन है ॥ जय जय जपन विबुध बुध छन छन मम पति पति त्रिभुवन है ॥

End—सूत्रधारः प्रबंधः ॥ जय जय रघुनन्द करुणा कर हे ॥ ताड़का तनुमंजन खल दल गंजन हे ॥ पिनाक खंडन जन रंजन हे ॥ सीता विवाहन सुखाव गाहन हे ॥ सौशील्यौ दार्यादि कुन भाजन हे ॥ १ ॥ रे ई सनि रेरे सनि सानिन्ति पय्यप्य मगरे सामम्य मम्यय्य धप मधनि धय पाथो दिग दिग थोपि गदि गदि गति कत कत कत कथं तक थंतक नंग नंग नंग नंग नंग नंग नंग नंग तथुब थैया ॥ १ ॥ श्री रघुनन्दनः ॥ मागु मागु ॥ सूत्र धारः ॥ भजन ॥ छूटै मन मलीनता सारी कामादिक मिटि जाहीं ॥ होय विवेक नसै दुख सिगरे गहौ आप ममवाहीं ॥ अति निर्मल चित है प्रभुपद में लगै सहित द्रग भावै । परम प्रेमरघुनाथ आप को विश्वनाथ अप पावै ॥ १ ॥ जौलौ कीरति चलै तिहारी तो लौं चलै नाथ यह नाटक ॥ सुनि सब होहिं सुखारी ॥ जो यह करै लहै धन धामहु अंत सुगति तिहि होवै ॥ विश्वनाथ को प्रगट रहियतन सुमग तिहारो जोवै ॥ १ ॥ श्री रघुनन्दन दनः तथा सूत्रधारः प्रणम्य सहर्ष निःक्रान्तः ॥ इति श्री मन्महाराजाधिराज बाघवेश श्री महाराज विश्वनाथ सिंह जूदेव कृत आनन्द रघुनन्द नाथ के सप्तमाङ्कः ॥ समाप्तम् ॥ गुरुदत्त लेषित संवत १९१६ ॥

Subject—(१) पृ० १—२ तक-नान्दी, सूत्रधार प्रवेश, मारिष से सूत्रधार के नाटक खेलने की आज्ञा और उसका निषेध, सूत्रधार का मारिष से गुप्त वाणी का कथन करना, परिपार्श्वक प्रवेश, उसको नट से नाटक खेलने की प्रार्थना, उसका निषेध पुनः परिपार्श्वक का स्मरण दिलाना कि तुझको—तेरे ही कथन के अनुसार अभिवाणी का आशिर्वाद मिल चुका है कि तुझे एक अपूर्व नाटक मिलेगा—इति प्रस्तावना (२) पृ० २—३ तक—सूत्रधार को एक चोठी मिलना उसका उसे पढ़ना, उसी में कवि का परिचय इस प्रकारः—श्री जै सिंह भुवाल विधिपति सुत विसुनाथ सिंह जेहि नाऊ सो नाटक आनन्द रघुनन्द भाषा रचि है आउ पढाऊ ॥—इति निः कांतः ॥ शिष्य प्रवेश, नट का गुरु को देख कर उससे पूजन को तय्यारी के लिये कहना, गुरु शोभा वर्णन, गुरु प्रवेश, प्रणाम पश्चात् गुरु की चिट्ठी आने का उनसे कथन और अपना नाटक पढ़ने की इच्छा प्रगट करना, गुरु की स्वीकृति। नट का कथन कि आप के प्रसाद से मुझपर नाटक आगया।

(३) पृ० ४—७ तक—नेपथ्य में कोलाहल, गुरु का ईश्वरावतार होने का सन्देह, अपराजिता नाम नगरी को गुरु का जाना। विष्कम्भकः—महाराज का आगमन, सूत्र मागदादि का वन्दन पाठ, नट का नटी से पुरहुत तथा दैत्यों का युद्ध बता कर कच्चे सूत पर चढ़ के आकाश गमन, वहां से उसके अंगों का गिरना, नटी का सती होना, पुनः नटका आ जाना, लोगों का आश्चर्य चकित होना, नट का नटी को पुनः बुलाना और उसका महलों से निकलना। विदूषक का नटी से हास्य।

(४) पृ० २—१९ तक—नृत्य होना, महाराज का कौशिल्या के महलों में जाना, रानियों को उपदेश, कुमारों का महलों से दरबार में बुलाना, मंत्री से राजकुमारों के विवाह की बातचीत, गुरु आगमन, राजा का गुरु से कथन कि विश्वामित्र ऋषि आनेवाले हैं और यह भी सुना है कि वे दोनों राजकुमारों को मांगेंगे। गुरु का वहां कुमारों के भेजने का उपदेश ऋष्यागमन, कुमारों का मांगना, राजा का कुमारों को दे देना, मार्ग पूरा करके उस राक्षसी के वन में पहुंचना—जो ऋषि का मख भंग करती थी, धनुष बाण चढ़ाना, गुरु से शंका करना कि स्त्री को मारने से कुल को कलंक होगा ऋषि का कहना कि ऐसी पापिनियों (भृगु की स्त्री और मंथरा को) मुरारी और नगारि ने मार कर यश लिया है। बहुत से राक्षसों का वध।

(५) पृ० २०—३३ तक मुनि का सोलकेतु नृप की कन्या के स्वयंवर में राजकुमारों सहित जाना, सहस्रकर तथा दिशशिरका वादाविवाद दिक

शिर का आकाशवाणी श्रवण करके भाग जाना, धनुष टूटना जयमाल पहनना, महराज अपराजित को चिट्ठी जाना, उनका गद्गद् होकर पढ़ना और महिजा से अपने पुत्र का विवाह होना सुनकर बरात सजा कर जाना।

(६) पृ० ३४—४५ तक नियमानुसार विवाह का होना, मंत्री का राजा से पुत्र को विदा की प्रार्थना इस हेतु कि हर धनु भंग सुन रेणुकेय आ रहे हैं। गौतम के शिष्य का आगमन, राजा से बंग भाषा में मुनि का संवाद पहुंचना, रेणुकेय का आगमन, उनके भूषणादि का वर्णन, रेणुकेय का क्रोध, डोल धराधर से वादाबाद, रेणुकेय का उनको अवतार समझ तपस्या को चला जाना, राजकुमारों का अपने नगर को आ जाना, माताओं का हर्ष—

इति प्रथमोङ्कः।

(७) पृ० ४५—५१ तक आदि कवि के शिष्य का क्षीरवती तथा कलिंद जा द्वारा सुना हुआ संवाद सुनाना कि 'राजा' का देवलोक हो गया, इस पर मुनि का हर्ष शोक प्रगट करना, राजकुमारों का आदि कवि के आश्रम पर आना, उनके ठहरने को स्थान बनाना। अपराजिता को कथा पूछना, मुनि का उनको प्रसन्नता का कथन करना।

(८) पृ० ५२—५९ तक डहडह जगकारी का घर आना, डोल धराधर का बन प्रवेश सुन कर शोक, दासी की ठोक पीट, कुशला मिलाप, अपने और सफ़ाई देना कि डोल धराधर के बन भेजे जाने में मेरा दोष नहीं है, डहडह जगकारी का डोल धराधर के पास चला जाना। काग का महिजा को चोंच मारना, सींक के बाण द्वारा उसको एक आंख फोड़ देना, सेना देखकर विस्मय करना, बड़े भाई से कहना कि यदि आज्ञा हो तो अभी इन दोनों भाइयों को पकड़ लाऊं। सब का आगमन, पिता मरण सुन कर रोदन। गुरु का समझाना, उनको पादुका देकर विदा करना।

इति द्वितीयाङ्कः।

(९) पृ० ६०—६९ तक मैत्र वरुण का गुरु को सूचित करना कि डोल धराधर (तुम्हारे इष्ट देव) आवत हैं। डोल धराधर का आगमन मुनि का अर्घ्य पाद द्वारा सत्कार करना, उनको मराठी भाषा में पंचवटी पर निवास करना कथन, हितकारी से वार्तालाप। डहडह जगकारी की कथा सुनाना, (दीर्घनखी) एक स्त्री का आगमन विवाह प्रस्ताव दीर्घनखी के नाक कान भंग करना, रासभ प्रवेशः, हितकारी रासभ युद्ध रासभ तथा अन्य राक्षसों का मारा जाना, मैत्रा वरुण का प्रवेश तथा वन्दना।

(१०) पृ० ७०—८१ तक दिशशिर का मंत्री से सगर्व कैलाशादि उठा लाने का वार्तालाप, दीर्घनखी का रोते हुए पहुंचना, सब कथा कहना, दिशशिर का सोच करना, मंत्री का उनकी स्त्री के हरण को सम्मति देना, डोल धराधर को महिजा ने मृग देखकर उसके मार लाने का कथन, उनका गमन, डोल धराधर २ का शब्द सुनकर महिजा द्वारा हितकारी का भेजा जाना, महिजा हरण, जटायु युद्ध, जटायु परम गति, डोल धराधर का महिजा के वियोग में व्यथित होना। अनुरागिनी मिलाप, सुगलकंठ आश्रम को गमन।

इति तृतीयाङ्क।

(११) पृ० ८२—९३ तक सुगलकंठ और उसके मंत्री चेतामल्ल से मिलाप, महिजा संदेश कथन, वासिव (सुगलकंठ का अग्रज) वध, भुजभूषण को युवराज पद, वासिव का सुख भोग, हितकारी का वर्षा व्यतीत होने और शरद ऋतु आ जाने पर खेद प्रगट करना कि, सुगलकंठ ने अभी तक महिजा मिलाप का कोई यत्न नहीं किया, सुगलकंठ का देश विदेशों को बानरों को भेजना, द्राविड़ देश की एक पर्वत की गुहा निवासिनी स्वयं प्रकाशिनी तपस्वी तथा एक गृद्ध द्वारा बानरों का समाचार हितकारी को ज्ञात होना, गृद्ध द्वारा बनाई हुई राक्षस पुरी को चेतामल्ल का पहुंचना। गृद्ध का आज्ञा लेकर चलना।

इति चतुर्थाङ्कः।

(१२) पृ० ९४—१०६ तक चेतामल्ल का राक्षसपुरी में पहुंचना महिजा का समाचार लेना वाटिका विनाश, दिशशिर के पुत्र नयन का मारा जाना, चेतामल्ल का पकड़ा जाना, राक्षसपुरी दहन, चेतामल्ल का सम्पूर्ण समाचार हितकारी को आकर सुनाना उनका दिया चूड़ामणि हितकारी को देना। राक्षसपुरी को ससैन्य गमन। दिशशिर के लघुभ्राता (भयानक) का दिशशिर से आ मिलना। हितकारी का भयानक से समुद्र पार करने को सम्मति लेना, समुद्र का स्वरूप धारण करके आना, सेतु बाँधना, शिवलिंग स्थापन।

इति पंचमाङ्कः।

(१३) पृ० १०७—१५१ तक राक्षसपुरी में बानर दल की चढ़ाई से हाहाकार, दिशशिर के यहां भुजभूषण का पहुंच कर उसे समझाना, उसका क्रोध करना, पद रोपण, संवाद, भयानक द्वारा राक्षसपुरी के प्रत्येक द्वार पर कौन कौन राक्षस स्थित हैं इसकी सूचना हितकारी को देना। कौन योद्धा किससे लड़ा इसका वर्णन, डोल धराधर के शक्ति बाण लगना। चेता मल्ल का औषधि लाना और डहडह जयकारी का समाचार सुनाना। डोल धराधर का सचेत होना, पुनः युद्ध, घट कर्ण तथा घननाद योद्धाओं का विनाश,

दिशसिर का मरण, महिजा-मिलाप, भयानक को राज-तिलक, अवधि में दोहो दिन रह जाने का स्मरण कर अवध को चलने का विचार, भयानक का एक विमान देकर सुकंठ चेतामल्ल और भुज भूषणादि सहित अवध को चलना। हितकारो का यह कह कर कि मुझे याज्ञवल्क्य के शिष्य के आश्रम में कुछ विलम्ब होगा सो तुम जाकर डहडहकारो को सूचित करो।

इति षष्टमोङ्कः।

(१४) पृ० १५२—१७२ तक हितकारो के न आने पर डहडहकारो का शोक, चेतामल्ल का उनके आने का समाचार सुनाना। हितकारो का आगमन होते हुए विमानादि के शब्दों को सुनकर अवधवासियों का आश्चर्यान्वित होना और मेघादि शब्द की उत्प्रेक्षा करना, चेतामल्ल का उन्हे समझाना, हितकारो तथा डहडह जयकारो का मिलाप, मैत्रावरुनि आगमन और उनका आशिर्वाद देकर विदा होना, अप्सराओं का नृत्य गान और उनका नाम नायक भेदानुसार करना, गौरांग नर्तकियों का अंगरेज़ो गान, फ़ारसी गान, अर्बी तथा तुर्कियों का गान, मरुदेशो वारवधुओं का गान, गानेवाली स्त्रियों को विदा कर हितकारो ने सब भाइयों को कार्य्य सपुर्द किया, स्वर्धुनी ब्रह्म कुंडजा सम्वाद, भरत वाक्य-नाटक समाप्त। इति सप्तमोङ्कः।

No. 446(*a*). Bhāva Panchāśikā, by Vrinda Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—6 × 4½ inches. Lines per page—8. Extent—260 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of composition—1343 Samvat or A.D. 1686. Place of deposit—Paṇḍita Ramadevajī, village Baburīgām, post office Dhanaulī, district Bārābankī.

Beginning—अथ भावप्रकाश पंचाशिका लिख्यते।

दोहा—अद्भुत अमित अनन्त अति अगम अपार अनूप। व्यापक दृश्य अदृश्य मय जय जय ज्योति सरूप ॥१॥ कवि लोगन के भाव सुनि। कछुक भयो चितचाव। करो भाव पंचाशिका वृन्द सुकवि धरि भाव ॥२॥ भाव सहित शोभा लहै, पूजा जप तप मित्र। याते वृन्द विचारि के, कीने भाव कवित्त ॥३॥ बाजत ताल मृदंग उपंग महाधुनि तीनहु लोक छई है। वृन्द कहै सुर किन्नर भूत पिशाच पढ़ै जस उक्ति नई है। नाचत गौरि को हेत लिये सित कंठ हिये अनुराग मई है। चारिहु ओर धराधर ऊपर मेघ विना जल वृष्टि भई है ॥४॥

दोहा—हरि तोको पायन धरो, यह कछु और प्रसङ्ग।
हर ह्वै मैं राखों सदा, सिर पर तोकों गङ्ग॥

End—चित उदास न कोमल हास उसास भरै मुख कोने रहै रत। कोन सखीन के संगन बैठन देखिये दीन कहै न सुनैवत॥ वृन्द कहै यह भाव कहा अति निन्दित है विधि को अपने मत याको न रोग न पीको वियोग न योग कलेश को ऐसो दसकत १०८॥ दोहा—करिहैंगे दिन चारि में पिय परदेस पयान। सुनत भई ऐसो दसा समुझहु भाव समान॥

प्रानपती के पयान समै अति काम डरी महरी हिय में धन। क्यों जिय धीरज कों धरि है रु कहा करिहैं उपचार स गोजन॥ × × × ×। यों तकि शंक नईक भई उनि सौंपि दियो मन मोहन को मन॥ दोहा। तिय मन दोनों पीय कों जब हो कियो पयान। अब उर कहा जु मोहिकों समुझहु बुद्धि निधान॥१११॥ कोने कवित्त मंजुल बराबरि तामें जवाहर भाव भरे हैं। स्वच्छ सुदेश सुलक्षन पेखि महा निरदोष खरे सुधरे हैं॥ ताके दुराव कों ताला दयो समुझे बुद्धिवान दुराव धरे हैं। वृन्द कहैं पुनि ताके प्रकाश कों कूंची समाये दोहा करे हैं॥११२॥

दोहा—विभाव पंचासिका वृन्द सुभाव विचारि।
भूल चूक कवि कुल सबै लीजै समुझि सुधारि॥

Subject—(१) पृ० १—३ तक—ज्योतिःस्वरूप परमात्मा को वन्दना। भाव पंचासिका के निर्माण का कारण। ग्रंथ निर्माण कालः—सत्रह सै तैतालीस सुदि, फागुन मंगल वार। चौथि भाव पंचाशिका, प्रगटी अवनि उदार॥ शिव जी के नृत्य से विना बादल जल बरसने का कारण। गंगाजी की बंदना।

(२) पृ० ४—७ तक—मानन्द सम्मोहिता नायका वर्णन। मानिनी नायकान्तर्गत शिवजी के शिर पर गंगा को देखकर पारवती का मान करना। रूप गर्विता का वर्णन। कुम्भज मुनि का विरही जनों की वेदना न जानने का कारण। नर, सुर, असुर, पयोनिधि, शेष और समुद्र को कोसने वाली छत पर पड़ी विरहिणी नायिका का वर्णन और उसका इन लोगों को कोसने का कारण 'चंद्रमा' को जो विरहियों को अत्यन्त दुखदाई है—उत्पन्न करना। विरहिणी नायका का विरहावस्था में कोकिलों को कूजने, भ्रमरों को गुंजारने और चंद्रमा को, निरद्वन्दता के साथ आलोकित होने की आज्ञा देने का कारण।

(३) पृ० ८—११ तक—रोहिणी का अपने पति चन्द्रमा के पास से राजकुमार की मृगया के भय से भागने पर उसे न पहिचान कर परिरंभन में आपत्ति

करना। पिय के हिय को छोड़ कर पीठ से आलिंगन करने वाली नायिका का वर्णन सकारण। वियोगिनी नायिका का कोकिलों के साथ केवल इसलिये कूकना कि यह मेरे कलरव से लज्जित होकर चुप हो जांय और मुझे विरह वेदना न हो।

(४) पृ० १२—१६ तक—भूत सुरति संगोपना नायका का वर्णन। इस सवैया के उत्तर में दो दोहों द्वारा सत और असत पक्षों का निरूपण। अन्य सुरति दुःखिता नायिका का वर्णन इसके अंतर्गत कवि के वचन तथा नायिका के विषाद का वर्णन। विरहिणी नायका का सकल शीतोपचार परित्याग पश्चात भी शीत करधारी चन्द्रमा का सेवन करना और उसका कारण किसी प्रोषितपतिका नायिका का बिना पति के मिले ही उन्हें जाने को कहना इसका कारण यह कि जिससे हिय से लगते ही कहीं प्राण पखेरू न उड़ जायं।

(५) पृ० १७—२० तक—वचन विदग्धा नायिका का वर्णन। संयोगावस्था के सम्पूर्ण सुखों के तिलांजलि देने पर भी वियोगिनी नायिका के मलयानिल पान का कारण (भुजंगों के विषयुक्त वायु के सेवन से वियोगावस्था में शरीर त्याग का प्रयत्न)। न्याय का पक्ष लेते हुए सत्य का निर्वाह करने वाले मनुष्य का हरि के हिय को सकल संपति पाने के अधिकारी होने का वर्णन। पति आगम सगुन प्रदर्शनकारी काग को भोजन देते समय करवलय के गिर जाने की आशंका अथवा इस भय से कि वलय के शब्द से कहीं काग उड़ न जाय, भीतर चुपचाप भोजन रख देने वाली आगतपतिका नायिका का वर्णन। मुग्धा नायिका तथा शठनायक का सम्मिलित वर्णन। प्रोषितपतिका नायिका का टीका निकालने का वर्णन।

(६) पृ० २०—२२ तक—अपनी प्रेयसी का पत्र पढ़कर नायक को विषाद तथा हर्ष एक साथ होने का कारण। स्वभाव से ही विशालाक्षी नायिका के कजरारे नेत्र होने के कारण उसका प्रीतम से मिलने के लिये काजल के न लगाने और हृदय में अंतर पड़ जाने की आशंका अथवा उर में मदन गति होने के कारण हार न पहिनने का वर्णन। हरि-ललना के स्वरूप पर उत्प्रेक्षा। प्यासे विरही का पानी की खोज में जाने पर तालाब सूखने पर जल और जलज के अभाव में उसको मोद होने का कारण, ऊष के जलने पर नायिका को सफलता पाने का वर्णन। आगतपतिका नायिका का वर्णन—चेरी का बधाई मांगना और नायिका का उसे गाली देकर मारकर निकाल देने का कारण। प्रीतम के अपराध से क्रोधित होने वाली नायिका का वर्णन। क्रियाचतुर नायिका तथा नायका का वर्णन। वचन चतुरता—सखी के वचन नायिका से—सखी के वचन कुचों पर किये हुए नखक्षतों का गोपन करना।

(७) पृ० २३—२५ तक—सौत स्वरूप धारिणी नायिका का पति को अपने में अनुरक्त देखकर प्रेम प्रकाशित करने का वर्णन। सुरति संगोपना नायिका का वर्णन। चन्द्रमा के प्रकाशित होने पर चकवाक के पृथक पृथक न होने का वर्णन। केलि मंदिर में रति समय मुखचंद्र के छिपाने के चातुर्य्य का धारण। प्रौढ़ा नायका का वर्णन। रूपगर्विता नायका का वर्णन वचन चतुर नायिका का वर्णन। एक दिन राम के मृगया से लौटते समय सीता को अहिल्या के तरने का स्मरण होने पर चरण छूने का वर्णन।

(९) पृ० ३०—३२ तक—दूती द्वारा अपने मुख को चन्द्रमा की उपमा दिया जाना सुनकर रोष प्रगट करने का वर्णन। सीता द्वारा राम को महीपति कहे जाने के निषेद का कारण। प्रीतम के पत्र में अहि, शिवादि का चित्र लिखकर भेजने का कारण, चित्र द्वारा पत्रो भेजकर अंबरादि मांगना। पिय गमन पर नायिका के शोक प्रकाशित न करने का कारण। भाव पंचाशिका का विषय।

No. 446(*b*). Vrinda Satāsaī, by Vrinda Kavi of Jodhapur Rāja. Substance—Country-made paper. Leaves—40. Size —$9\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—36. Extent—720 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of composition—1761 Samvat or A. D. 1704. Date of manuscript—1905 Samvat or A. D. 1848. Place of deposit—Ṭhākura Guruprasāda Siṃha, village Guthawa, Baharāich.

Beginning—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ वृन्द सतसई लिष्यते ॥ दोहा—श्री गुरुनाथ प्रभावतें होत मनोरथ सिद्ध। घनतें ज्यों तरु बेलि दल फूल फलन की वृद्धि ॥ १ ॥ किये वृन्द प्रस्तार के दोहा सुगम बनाय। उक्ति अर्थ दृष्टान्त करि दृढ़ कै दिये बताय ॥ २ ॥ भाव सरस समुझत सबै भले लगें इहि भाय। जैसे अवसर की कही बानी सुनत सुहाय ॥ ३ ॥ नीको पै फीको लगै बिन अवसर की बात। जैसे बरनत युद्ध में रस शृंगार न सुहात ॥ ४ ॥ फीको पै नीको लगै कहिए समय विचार। सब को मन हरषित करै ज्यों विवाह में गारि ॥ ५ ॥

End—बड़ेन की सम्पति सकल लघु विलसंत अनन्त। दधिजल घन घन जल धरा धर जल जग विलसन्त ७०१ जेहि जेतो निहिचै तितो देत दई पहुंचाय। सक्कर सोरे के मिलै जैसे सक्कर आय ॥ २ ॥ जिय सन्तोष विचरिए। रे होय जु लिख्यो नसीब। खल गुर कांच कठोर सौं मानत रलो गरीब ॥ ३ ॥ जथा जोग सब मिलत हैं जो विधि लिख्यो अंकूर। खल गुर भोग गंवारनी रानी

पान कपूर ॥ ४ ॥ सम्मेसार दोहानि को सुनत होय मन मोद । प्रगट भई यह सत-सई भाषा वृन्द विनोद ॥ ७०५ ॥ इति श्री वृन्द सतसई संपूर्ण समाप्तम् ॥ संवत् १९०५ श्रावण कृष्ण अष्टम्यां ८ ॥ १ ॥

Subject.—नीति के फुटकर दोहे ७०५ हैं ।

No. 447. Pancha Kalyankapūjā, by Vrindābana of Kaśī. Substance—Country-made paper. Leaves—250. Size—$9\frac{1}{2} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—9. Extent—1,970 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Śrī Jaina Mandīra (Barā), Bārābankī (Oudh).

Beginning—ओं नमः सिद्धेभ्यः ॥ ओं नमो नेकांत वादिने जिनाय ॥ दोहा ॥ वन्दौं पांचों पदम गुरु सुर गुरु वंदत जास । विघ्नहरण मंगल करन पूरन परम प्रकाश ॥ चौबीसौ जिनपति नेमा नमो शारदा माय । शिव मग साधक साधु नमि रच्यो पाठ सुखदाय ॥ जै जिनंद सुखकंद नमस्ते ॥ जय जिनंद जित कंद नमस्ते ॥ जय जिनंदवर बोध नमस्ते ॥ जय जिनन्द जित क्रोध नमस्ते ॥ १ ॥ पाप ताप हर इन्दु नमस्ते । अर्हवरन जुत विंदु नमस्ते ॥ शिष्टाचार विशिष्ठ नमस्ते इष्ट मिष्ट उत्कृष्ट नमस्ते ॥ २ ॥ पर्म धर्म वर शर्म नमस्ते । मर्म भर्म धन धर्म नमस्ते ॥ दृग विशाल वर भाल नमस्ते हृदि दयाल गुन माल नमस्ते ॥ शुद्ध बुद्धि वर वृद्ध नमस्ते । वीतराग विज्ञान नमस्ते ॥ विद्विलास धृत ध्यान नमस्ते ॥ ४ ॥ स्वच्छ गुणां बुधिरत्न नमस्ते । सत्व हितंकर यज्ञ नमस्ते ॥ कुनय करि मृगराज नमस्ते । मिथ्या खगवर बाज नमस्ते ॥ ५ ॥

End—श्री वीर जिनेसा नमित सुरेसा नाग नरेसा भगति भरा । वृन्दा-वन ध्यावै विघन नसावै छित पावै शिव शर्म वरा ॥ ७ ॥ महार्घ आशीर्वाद ॥ दोहरा छंद ॥ श्री सनमति के जुगल पद जो पूजौं धरि प्रीति । वृन्दावन सो चतुर नर लहै मुकत नवनीत ॥ सुनिये जिनराज तिलोक धनी । तुम में जितने गुन हैं तितनो ॥ कहि कौन सकै मुख सों सब ही । ति पूजत हौं गह अघर्म यही ॥ १ ॥ रिषभदेव को आदि अंत श्री वरधमान जिनवर सुखकार तिनके चरण कमल कौं पूजै जो प्रानो गुनमाल उचार ॥ ताके पुत्र मित्र धन जोवन सुख समाज गुण मिलै अपार । सुर पद भोग भोग यको है अनुक्रम लहै मोक्ष पद सार ॥ २ ॥

इति श्री वरधमान चौबीसो प्रथक २ पंच कल्यानक पूजा वृन्दावन कृत सम्पूर्ण ॥ २४ ॥

Subject—(१) पृ० १—१८ तक—मंगलाचरण। नमस्कार, समुच्चय चौबीसी जिन पूजा कथन। आदिनाथ पूजा वर्णन।

(२) पृ० १८—४०, तक—श्री अजितनाथ पूजा वर्णन। श्री संभवनाथ जी पूजा का वर्णन श्री अभिनंदननाथ पूजा वर्णन।

(३) पृ० ४१—८० तक—सुमतिनाथ पूजा वर्णन। श्री पद्म प्रभु की पूजा का वर्णन। श्री सुपार्श्वनाथ पूजा वर्णन।

(४) पृ० ८१—१११ तक—श्री चन्द्रप्रभु पूजा वर्णन। पुष्पदन्त जिनेश्वर की पूजा का वर्णन। श्री शीतलनाथ जी की पूजा का वर्णन।

(५) पृ० ११२—१४० तक—श्रेयांशनाथ पूजा वर्णन। श्री वास पूजा और जिन पूजा वर्णन। श्री विमलनाथ पूजा वर्णन।

(६) पृ० १४१—१८० तक—श्री अनंतनाथ जी की पूजा का वर्णन। श्री धर्मनाथ की पूजा का वर्णन। श्री शांतिनाथ पूजा का वर्णन। श्री कुंतनाथ जी की पूजा वर्णन।

(७) पृ० १८१—२१२ तक—श्री अरहनाथ जी की पूजा का वर्णन। श्री मल्लिनाथ जी की पूजा का वर्णन मुनि सुव्रतनाथ पूजा का वर्णन। श्री नेमीनाथ जी की पूजा का वर्णन।

(८) पृ० २१३—पृ० तक—श्री नेमनाथ जी की पूजा का वर्णन श्री पार्श्वनाथ पूजा कथन। श्री वर्द्धमान जी जिन पूजा वर्णन पूजा का फल, कवि का नाम, जनम तथा सहायका दिन नाम :— काशी जी के काशीनाथ नन्दूजी अनंतराम। मूलचंद आढ़त सुराम आदि जासियो दो। सजन अनेक तहां धर्म चंद जी की नंद वन्दावन अग्रवाल गोल गोति वान्दियो।

No. 448. Dhyāna Mañjarī, by Vrindābana Śaraṇadeva. Substance—Country-made paper. Leaves—4. Size—10 × 5 inches. Lines per page—30. Extent—83 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript —1972 Samvat or A. D. 1915. Place of deposit—Nimbārka Pustakālaya Bābā Mādhava Dāsajī Mahanta, Nāna Pārā, Baharāich.

Beginning—श्री सर्वेश्वरो जयति॥ श्रीमद्भगवते निम्बार्काचार्याय नमोनमः श्री वृन्दावन शरण देवजु कृत ध्यान मंजरी लिख्यते॥ रोला छन्द॥ श्री गुरुचरण सरोज हरन भव मंगलकारो। वन्दन करि धरि ध्यान ध्यान

बरनौ पिय प्यारी ॥१॥ रवि फल मारन फूल भूल तरु बेलि छहूं रित। मंजु कुंज अलि पुंज गुंज सुनिये जितही तित ॥२॥ आवत धीर समीर तीर जमुना जल परसै ॥ अमल कमल मकरंद सकल दिसि सुमन न बरसै ॥ कोक कारिका पढ़त रहत जित पिक सुक कारी ॥ दम्पति तेहि अनुसार करत क्रीड़ा सुख कारी ॥ कुसुम सैन पर परम चैन पावैं मिलि दोऊ ॥ बैठे करत विनोद मोद भरि औरन कोऊ ॥

दोहा—प्रथमहि प्यारी को करत सिख नख बरनन चार।
जाहि सुनत मोहि देइगें पिय रिझि अपनो हार ॥

End—लाल बजाव बेनु बीन लै बाल बजावत। मिले करत दोउ गान तान सों तान मिलावत ॥ रीझ परस्पर पुनि निसंक ह्वै लेत अंक भरि ॥ प्रेम विवस ह्वै जात मधुर अति अधर पान करि ॥ देखि परस्पर रूप होत दुगनित दोउ मोहन ॥ याही ते दिन रैन कबहुं छूटत नहिं गोहन ॥ करत विविध शृंगार अलौकिक कहत न पावै। तदपि सुमति अनुसार भक्त कहि कै सचु पावै ॥ ताते सिखनख ध्यान कह्यो मैं रसिक जनन हित। कंठ पाठ करि राख यहि सुमिरन करिहौं नित ॥ दोहा ॥ हाव भाव लावन्य अति अगिनित गिने न जाहि। निरखत सचु पावै सखी दुरि दुरि कुंजन माहि ॥ ज्ञानहु को यह ज्ञान है ध्यान रसिक जन प्रान। पान करैं जो पान यह सो न छुवै कछु आन ॥ श्री वृन्दावन धाम रुचि श्यामा श्याम सुअंग। जन्म जन्म वृन्दावनहिं दीजो निज जन संग ॥ इति श्री वृन्दावन शरण देव जू कृता ध्यान मंजरी समाप्ता ॥

Subject—श्री कृष्ण का ध्यान।

No. 449. Jyotisha Chakra of Vyāsadeva. Substance—Country-made paper. Leaves—18. Size—11 × 5½ inches. Lines per page—30. Extent—280 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1894 Samvat or A. D. 1837. Place of deposit—Bhaiyā Mahipāla Simhajī, village Payāgapura, post office Payāgapura, district Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ ज्योतिष चक्र लिष्यते ॥ नाम गनन्याग्रह तिथि जान। संगति वेद करब परिमान बसु।८। गुन।३। गन।७। हित करिये तंत्र। ताते जनिये गर्भ का अंत ॥ विषम पुत्र सम जानु कुमारी। सुभ रहे तेहि मृतक बषानो ॥ रवि गुरु भौम पुत्र उतपन्या सोमे सुक्रे बुध भै कन्या ॥ भोरे भारे सनि जो आवै। अगम जनाइ कै जोव नसावै ॥ इति कन्या पुत्र जन्म ॥

कट पति हस्त कोजे परमान। चाकर चूकर त्रिगुन बयान, एक छांड़ि जो वसु ते हरै। कहै व्यास ऐसे गृह करै॥ तादा नृपति नपुंसक तसकर। भोग विचक्षन अभै दलिद्र धनाढ्य॥ तिथि कर दून बार सम लेव सहित नक्षत्र एक करि लेव तीन के भागे रहे हुलास जल थल चंदा वसे अकास। थले वसै पड़गे लोहा तीनि लोक मह जोगिन वसै कहै व्यास ऐसे जुंझि करै।

End—चूल्हा चक्र—

ईसान ३	पूरव ३	अग्निन ३	सु ३ म ५	श २
उत्तर ३	मध्य ३	दक्षिन ३	सु ३	बृ० १
वाइव ३	पछू ३	नैरित्य ३	रा ४ बू ७	च २ क १

जावत भात भुकतानी दिवसेधि सुने च संख्या नथा वही ३ भूता ५। गुना ३। अध्वि ४। सेताव ७। नैन २। पृथ्वी १। इन्दु १। क्रमात करै हानि मुभे सुष्पंच कथितं चक्रं कर भूषनं पिंडे न वा ९। कं ९। गर्क्ष। नग्न।२। अग्नि ३। नट ८। नाग ८। नागै ८। गुन तर्के। विभाजिते नाग।२॥ नगांक।७॥९॥ सूर्ज १२॥ नगाछे १७। तिथ्या १५। छ २७॥ षभानुभिः १२०॥ इति भुजादि ग्राम भुवेदा पंचकः १।४ ४।४।४।४।३।३। कलस्ते अर्क मातः। इति ग्रह प्रवेस॥

१	४	४	४	४	४	३	३
अ	प	शु	श्री	व	अ	शु	शु

लिषा संवत १८९४ मुन्नू शुक्ल॥ आगे का पृष्ठ फट गया है।

Subject—इस पुस्तक में कन्या पुत्र जन्म। जोगिनी चक्र, विशोत्तरी। सप्त दिवस का विचार भूमि चक्र दिकसूल चक्र महामारी भूमि चक्र, क्षित्र-पाली भूमि चक्र, निरामय भूमि चक्र, गोरी भूमि चक्र। जीव नरजीव खेल चक्र जय विजय भूमि चक्र। वार काल अष्टे दिसा प्रमान। शनिकाल चक्र डाक जीव निर्जीव विचार, शिकार विचार, सूर्य काल विचार, नाड़ी चक्र, संवत चक्र, सप्त सलाका चक्र, अकाल सुकाल चक्र, दिन घटी बानां, जीव पक्ष मृत्यु पक्ष। घोर काला चक्र, सर्वतोभद्र चक्र, दुर्गफल। दसा राहु चक्र,

जाई स्थायी विचार चक्र अनुरूप। पंच स्वरा चक्र। सर्व दिशा वायु सुरभिक्ष दुर्भिक्ष भूमि कंप विचार। संक्रांति विचार। अमावस रिक्ष वास का विचार, कूप चक्र। नेवर चक्र। चूल्हा चक्र, कर भूषन चक्र, ध्वजादि ग्राम चक्र ग्रह प्रवेस चक्र अंत में केवल लेखक का नाम और संवत है शेष पृष्ट फट गये हैं।

No. 450 Sevaka Bāni, by Vyasa Miśra of Gokula (Muttra). Substance—Country-made paper. Leaves—182. Size—5½ × 3½ inches. Lines per page—6. Extent—575 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1843 Samvat or A. D. 1786. Place of deposit—Paṇḍita Śyama Bihāriji Miśra, Golāganj, Lucknow.

Beginning—अथ श्री सेवक बानी लिख्यते ॥

तृपदो छंद ॥ राग धनासिरी ॥ श्री हरिवंश चन्द्र शुभनाम ॥ सब सुख प्रेम रस धाम ॥ जाम घटी बिसरै नहीं। यह जुपरयो मुहि सहज स्वभाव ॥ श्री हरवंश नाम रस चाव ॥ नाम सुदृढ़ भव रतन कौं नाम रटत आई सब सोहि ॥ दुहु सुबुद्धि कृपा करि मोहि ॥ पोइ सुगन माला रचौ ॥ नित्य जुकंठ सु पहिरौं तास ॥ जस बरनौं हरिवंश बिलास ॥

श्री हरिवंशहिं गाइहौं ॥ श्री बृन्दावन वैभव जितो। बरनत बुद्धि प्रमाते कितो ॥ तितो सबै हरिवंश को। सखी सखा क्यो कहौं बिवेर ॥ तौ मेरे मन को अवसेर ॥ टेरि सकल प्रभुता कहौं ॥

End—काहे कों डरति भामिनो हौं जुकहति निज बात। नैकु बदन सनमुख करौं छिन छिन कलप सिरात ॥ ५ ॥ वे चितवत बिधु बदन तन तू निज चरन निहारति ॥ वे मृदु चिबुक प्रलोवहीं तू कर सो कर टारति ॥ ६ ॥ वचन अधीन सदा रहै रूप समुद्र अगाध। प्रान रवन सौं कन करति बिनु आगत अपराध ॥७॥ चितयौ कृपा करि भामिनो लीने कंठ लगाइ। सुखसागर पूरित भए देखत हियौ सिराइ ॥८॥ सेवक सरन सदा रहै अनत नहीं बिश्राम। बानी श्री हरिवंश की कै हरिवंशहि नाम ॥ ९ ॥ इति श्री सेवक बानी संपूरण ॥ शुभ संवत १८४३ मितो माह सुदो २ ॥ इति ॥

Subject—

हरिवंश नाम महिमा वर्णन। छं० १--१० तक।

भक्त का उपदेश वर्णन। छं० ११—१४ तक।

हित हरिवंश को केलि वर्णन। छं० १५—१७ तक।

हरिवंश का यश वर्णन। छं० १८—२५ तक।

हरिवंश नाम प्रताप वर्णन। छं० २६--३५ तक।

हरिवंश की वाणी की महत्ता वर्णन। पृ० ३६--४३ तक।

हित हरिवंश की प्रशंसा कथन। पृ० ४४—५४ तक।

हरिवंश के शरण में सुख की प्राप्ति। छं० ५५—५८ तक।

हरिवंश स्तुति। छं० ५९--७३ तक।

हरिवंश का सौंदर्य वर्णन। छं० ७४--८२ तक।

हरिवंश क्रीड़ा व महिमा वर्णन। छं० ८३—९५ तक।

हरिवंश जी का प्रेम वर्णन। छं० ९६—१०५ तक।

हरिवंश की कृपा वर्णन। छं० १०६—११५ तक।

हरिवंश के भजन से ही सम्पूर्ण कुल मिल सकते हैं। छं० ११६—१२४ तक।

श्याम श्यामा मिलन वर्णन। छं० १२५—१४० तक।

राधाकृष्ण विहार वर्णन व स्तुति कथन व सर्व फलदाता वर्णन। छं० १४१—१६४ तक।

सेवक वाणी की प्रभाव व महिमा वर्णन। छं० १६५--१८० तक। इति।

APPENDIX III

Extracts from the works of unknown Authors

APPENDIX III

No. 451. Ārjā of 20 leaves on Astrology. Deposited with Gaṅgāprasāda Pānde of Asókapura, Post Office Paṭṭi, District Pratapagaḍha (Oudh)

No. 452. Ashṭāvakr edānta kī Bhāshā of 15 leaves. Dated in Samvat 1920 or A. D. 1863. Deposited with Thākura Raṇadhīra Siṁhajī Jamīdār, Village Khūpura, Post Talab Baksi, District Lucknow.

Beginning :—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ अष्टावक्र वेदान्त की भाषा लिख्यते ॥ दोहा ॥ ज्ञान प्रकाशिहि कहौं प्रभु मुक्ति केहि विधि जानि । पुनि वैराग्यहि सो कहौ तत्व लहौं सब ज्ञानि ॥ १ ॥ चौपाई ॥ श्री गुरुवाच । जो तेहि तात मुक्ति की इच्छा । विषवत विषय जानपर इच्छा ॥ क्षमा आर्जव सत संतोष । इन पंचामृत पावै मोष ॥ २ ॥ दोहा ॥ पृथिवी वायुरु जल नहीं अगिनि प्रकाशहि नांहि । इनकौ साक्षी रूप है तू चेतन घन मांहि ॥ ३ ॥

End :—दोहा ॥ कहा प्रवृत्ति निवृत्ति पुनि बंध मुक्त कछु नाहि । निर्विभाग कूटस्थ है अचल सदा अप मांहि ॥ १२ ॥ कहां शास्त्र उपदेश है गुरु शिष्य कोऊ नांहि । पुरुषारथ कासौं कहौं निर उपाधि शिव मांहि ॥ १३ ॥ एक कहां अरु द्वैत है पुनि है नांहि कठोर । कहौ कहां लौ बात यह मो तै कछु न और ॥ १४ ॥ इति विंश प्रकरणं ॥ २० ॥ इति श्री अष्टावक्रा संपूर्णे ॥ ४ ॥

No. 453. As'vamedha Chapeṭikā of 5 leaves Dated in Samvat 1934 or A. D. 1877. Deposited with Umāśankara Dube of Hardoi.

Beginning :—अश्वमेध का करैं मनोरथ घर में परे सनाका हैं । बातन में हां पर करैया खरचैया न टका काहैं । अश्वमेध का घोड़ा पकड़ैया हम भी बड़े लड़ाका हैं । अश्वमेध को यज्ञ नहीं यह मेटति वेद की शाका हैं । अश्वमेध कहि सबहिं व कावैं बंधा चहित रुपा का हैं । रामानन्दो तिलकु लगावैं करते काम दगा का हैं । राम चन्द्रमा दोषु लगावैं ऐसे बड़े कजा कहै पाते यज्ञ अश्वमेध नहि यह मेटत वेद कि शाका हैं । प्रथमैं यज्ञ राम ने कीन्हों जिनको अब तक शाका है दूसरि यज्ञ पांडवन कीन्हो लीन्हें कृष्ण पिनाका है । तीसरि फिरि जनमेजय कीन्हो तबते भयो मनाका हैं । तातें यह अश्वमेध यज्ञ नहिं मेटत वेद का शाका है ।

No. 454. Atariyādeva kī Kathā or a prayer to the deity of intermittent fever. Dated in Samvat 1883 or A. D. 1826. Deposited with Paṇḍita Madhusūdanajī Vaidya, Village Old Sītāpur, post office Sītāpur (Oudh).

No. 455(*a*). Aushadhi-Saṅgraha of 135 leaves on medicines. Deposited with Paṇḍita Rādhorāma, of Āmamaū, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

No. 455(*b*). Aushadhi-Saṅgraha of 318 leaves. Deposited with Bābū Rudrānārāyaṇa, of Pratāpagaḍha (Oudh).

No. 456. Aushadhiyā on medicines. Four leaves. Deposited with Paṇḍita Rāmaprasāda Pānde of Ghurahā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

No. 457(*a*). Aushadhiyā-ki-Pustaka. Leaves—20. Deposited with Paṇḍita Gorelāla Gopālaprasāda Upādhyāya, Village Sirasāganja, District Mainapurī.

Beginning :—अथ चांदी मारण विधि ।

एक चांदी को पत्र सोधि लेइ टूका टूका करिकै एक कुलिया मा रषि लेइ उस कुलिया में चिचरा को रस भरि देइ वजन पैसा भरि चांदी तौ पैसा भरि पाउ भर चाँदी तौ पाउ भरि रस देइ औ नौसादर दुइ मासे भरि देइ तब कुल्हिया मोटा ते संपुट करे तब गोइठा में धरिकै दुइ प्रकार को आंच देइ शीतल परै तब निकारि लेइ भस्म होइहि ॥

End :—योगेश्वर चूर्णम् ॥ पारा पै० एक ताव को हरताल पै० १ हैंगुर पैसा १ सोना माषो पैसा भरि मुरदाशंख पै० १ लौंग पै० १ जावित्री पै० १ मिरचि पै० १ सोंठि पैसा १ पीपरि कै मूल सों षाइ सन्निपात जाइ ॥ अफ़ीम सों षाइ कफ़ मिटै लहसुन सो षाइ तौ सर्व वायु जाइ ॥ इति योगेश्वर चूर्णम् ।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ६ तक—लुत ।

(२) पृ० ७ से पृ० २२ तक—चांदी, अमुक, सुवर्ण तथा राँगा मारने की विधि, गर्भ होने की विधि, योनि संकोचन विधि, अंजन विधि, अंड-वृद्धि चिकित्सा, पुष्टि की दवाई ।

(३) पृ० २३ से पृ० ४० तक—धातु पुष्टि की औषधि, प्रमेह स्तंभन की दवा, लवङ्गादि चूर्ण, गर्भ जाने की बत्ती, प्रसूति दवा, धन्वन्तरि सत, योगेश्वर चूर्ण ।

No. 457(*b*). Aushadhiyo-ki-Pustaka on medicines. Leaves-41. Deposited with Paṇḍita Tārāchanda Munīma, Shop Murlīdhara Mahādevaprasāda, Village Sirasāganja, District Mainapurī.

No. 457(*c*). Aushadhiyō-ki-Pustaka. Leaves—13, Deposited with Paṇḍita Gorelāla Gopālaprasāda Upādhyāya, Village Sirasāganja, District Mainapurī.

Beginning :—अथ रस ॥ आनि दीपक कै विधि ॥ सैंधव टंक ४ लौंग टंक ४ जायफर टंक ४ विष टंक २ सोहागा टंक ४ बिंबू कागदी के रस से परल करै पहर ४ गोली बनावै चना प्रमान नित पाइ क्षुधा लागै ॥ अथ साधारन तामरस के विधि ॥ पारा टंक १ गंधक टंक १ सज्जी टंक १ निंबुआ के रस ते परल करै पहर २ गोली बाँधि रखो १ नित पाय क्षुधा लागै ॥ मृगांग कै विधि ॥ सोने के पत्र बनावै फिर ताता कै के तेलमा बुझावै वार ७ सेहुड़ के दूध मा बुझावै वार ७ फिर सीसा तोला एक भाँग तोला १ स्वर्न तोला १ औटावै कचनार तर ऊपर घरिया में धरै गंधक तोला ४ पारा तोला ४ तर ऊपर धरै आँच देइ पहर ४ चारि सोना भरै ॥

End :—संखिया सुमिल मारने की विधि ।

सुमिल संखिया १ औ सुमिल थैली मा डारिकै तौ भाटा के भीतर भरै तौ ठंढो लगावै ॥ सोय कुभाटा ल्यावै बाड़ा ते तेहिमा सुमिल डारि कै फिरि भाटा कै ठंडो देय फिरि गोरि जाय तेहि के अमो पान के साथ पाइ चाउर ४ ताई जूड़ो नाइ परमेह जाइ गाई के दुध मा पाय रखो १ परमेह के दोष जाय बंद होय औ गोला एक दिन राषि कै फोरै ॥

Subject :—पृ० १ से पृ० १४ तक—क्षुधा लगने की औषधि । सोना और हरतार मारने की विधि । ज्वरांकुश बनाने की विधि, भैरव रस की विधि । रस साधारण की विधि, आनन्द भैरव की विधि, पारा मारने की विधि ।

(२) पृ० १५ से पृ० २६ तक—तामा मारने की विधि, ब्रह्म गोली बनाने की विधि, ब्रह्म गोली लघु बनाने की विधि, भूत छोड़ने की विधि, राँगा मारने की विधि, पैसा मारने की विधि, सीसो मारने की विधि, संखिया सुमिल मारने की विधि ।

No. 458. Ava-Pada. Leaves—21. Dated in Samvat 1874 or A.D. 1817. Deposited with Paṇḍita Rāmakumārajī of Chilabilāraṇgītapura, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशाय नमः॥ अथ अव पद लिख्यते ॥

॥ अथ पद ॥

ओं ऐंह चारि अक्षर पासे के चहु डोर लिख्यते ॥ पीछे पासा हाथ लेणा ॥ अपणे इष्ट देवता को चिंता करणा ॥ पीछे पास बार तीन मंत्र सेतो मंत्रणा ॥ पासा डालणा ॥ तिसका फल जो कछु होइ सो सगनौतो कहै ॥

॥ अथ मंत्र ॥

ओं त्रिपुल लाहो अव लोहि अं मंथा चौर कायं चिंति पिनि श्री निसि भागे गुरु मंदिरे स्वाहा ॥ इति पासा डालण मंत्रः ॥

अथ अ अ अ

अहो पुछन हार तुम्को एक बल है परमेस्वर का ॥ तुम्हारे शत्रु बहुत हैं पर तुम्हारा सुष होवइगा ॥ एहु कार्य सिद्धि होवइगा ॥ निश्चय सेतो ॥ १ ॥

End :— (द अ अ)

अहो पुछन हार तु जो कार्य चितवत कार्य है ॥ सो कार्य संतोषकर होइगा ॥ १४ ॥

(द व य)

अहो पुछन हार तेरे चितवे कार्य बहुत दिन गए है कष्ट जाइगो सुख होवेगो लाभ भो है ॥ आरोग्यता होवोगो भलाई है सही श्रेष्ठ ॥ १५ ॥

(द व अ)

अहो पुछन हार जो कार्य चितवत है तु कहीं जाहि नहीं ॥ स्थिर चित करु पहिले ही तो को बहुत कष्ट भयो है ॥ इछा मन वाँछित होइ कछु पई देषगा ॥ इष्ट देवता को पुजाकर तद कार्य सिध होइगा श्रेष्ट सही जानगा ॥ १६ ॥ इति श्री प्रकरणं चतुर्थ समाप्ते ॥ इति श्री गर्ग ऋषि विरचितायां पासे के बली संवत् १८७४ ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ४२ तक—पासे का मन्त्र तथा प्रयोग की विधि, पासे का तीन बार डालने का आदेश और पड़े पासों में निकले अक्षरों का फलादेश कथन।

No. 459. Bāraho Rāśi-ko Janma. Leaves--6. Dated in Samvat 1863 or A.D. 1809. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—श्री गणेशायनमः। लिख्यते बारहो रासि को जन्म। आदित्यवार जे जन्महिं ते मूर्ष होहिं। सोमवार जे जन्महि ते पंडित होहिं ॥ मंगल के जे जन्महिं ते सुरपति होहिं। बुधवार जे जन्म ते धनपाको होहिं ॥ गुरवार जे जन्महिं

ते स्वरपति होहिं। सुक्रवार जे जन्महिं ते सुगे न होहिं॥ सणीश्चर जे जन्महिं ते क्षलो वृत्ति होहिं॥ इतिवार सातौ जन्म अस्वनी भरणी जे जन्महि दिन ८ मास ४ आयुर्वल वर्ष ९० सुपमीचु मिलै कृत्तिका मा जन्महिं दिन ९ मास १ वर्ष ३२ आयुर्वल वर्ष १०० रोहिणी में जे जन्महि मास ९ वर्ष १० आयुर्वल वर्ष १०० सर्प हाथ मीचु॥ मृग सिरा जे जन्महि दिन ८ मास ६ वर्ष २७ अर्वल वर्ष ६७ नाग मीचु अरद्रा जे जन्महिं दिन ११ आयुर्वल ० पांड रोग मीचु॥

End :—पुनर्वसमा जे जन्महिं दिन ७ मास ४, वर्ष ५ उपरांत वर्ष ६० आयुर्वल वर्ष ९० सर्प हाथमीचु। पुष्य जे जन्महिं दिन ९ मास १ वर्ष २७ तथा वर्ष आयुर्वल ६० सुष मीच अश्लेषा मा जे जन्महिं दिन १२ मास ४ वर्ष १९ तथा वर्ष २५ आयुर्वल वर्ष १०० घोरे हाथ मीचु। पूर्वा में जे जन्महिं दिन ५ मास २० आयुर्वल वर्ष ९९ पानी मा मीचु॥

उत्रामा जे जन्महिं दिन ४ मास ४ वर्ष १६॥

(इसके पश्चात् पृष्ठ खंडित हो गए हैं)

Subject :—बारह राशियों में जन्म होने का फल॥

No. 460. Baitālapachisī. Leaves—86. Dated in Samvat 1782 or A. D. 1725. Deposited with Śrī Mannūlālajī Pustakālaya, Murārapura (Gayā).

Beginning:—फकीर सींघ पालै परजा सम शत्रुन को जीत उये कुंज है। अकबरः सुनो तम कहुं सोमः फकीर सिंघ निज अरिन को कीवो नगर जनु कोयः प्राथी पाल ताके भयः प्रोथु जश लाज जहाजः मौज देन को भोजशोः वडे गरीब नेवाज॥

॥ कवित्त ॥

कंजहित मुदित कुमुद अनहित मुख सकुचित रुदित अधो मुख अनम है। हंस चंचरीक कवि पंडित मधुर वोल मंडित विलोकत करत गुन गान है॥ युगल उलूक मुक मूक अंध गिरि कंद्र में रहत न डरत करत वे प्रमान है। तारे चोर कुटिल कलंकी चंद छये भोगनपत फकीर सींघ सूरज समान है॥

End :—रानी लै निज कन्यका, गई भानि वन और।
चला चंदरी को नृपति, आइ गयो तिहि ठौर॥
सिंघ पैरुष भूप के, सुत चँड़ विक्रम नाम।
दोउ मिलि सिकार जो गए, कानन गनै शोतन धाम॥
चंद्रावति कन्या सहित को रूप देखो जाए।
काम शर लागे दोउ के गिरो तव मन छाए॥

चंद्रावती को चंड विक्रम गहौ तब निज पानि।
रुपवती को लहि तब तहां शीघ्र पैरुष जानि॥
निज निज भवन में सुरति केली सुचि मुदित दिन रैन।
राज भार समर्पि मंत्रिहि भयेउ सुचित सुखैन॥
यह कही कथा वैताल परिगी निपट संसै भवन।
पह दुनो नाना के सुतन्ह ते भए नाता कवन॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० २ तक—खंडित।

(२) पृ० ३ से पृ० १२ तक—ग्रंथ निर्माण कारण व ग्रंथ रचना काल—

लोचन (२) वसु (८) मुनि (९) भू (१) वरख, माघ शुकुल शशिवार।
तिथि वसंत की पंचमी, भयेउ ग्रंथ अवतार॥

प्रतिष्ठानपुर के राजा का वन में जाकर साधू को तप करते देखना और भय खाकर तप भंग करने को वेश्याएं भेजना।

(३) पृ० १३ से पृ० १६ तक—खंडित।

(४) पृ० १७ से पृ० ४० तक—राजा विक्रम और तेली की कथा, प्रेत-तेली का वारम्वार कोई न कोई कथा राजा को सुनाना। इस प्रकार संप्रावती की कथा वर्णन करना।

(५) पृ० ४१ से पृ० ४६ तक—खंडित।

(६) पृ० ४७ से ,, ५७ तक—चौथी कथा।

(७) पृ० ५८ से ,, ७० तक—पांचवीं कथा।

(८) पृ० ७१ से ,, ७६ तक—छठवीं कथा।

(९) पृ० ७७ से ,, १७२ तक—सातवीं कथा से चौबीसवीं कथा तक। शेष खंडित।

No. 461. Bhagavadgītā-ki-Bālabodhanī-Ṭīkā. Leaves—176. Dated in Samvat 1867 or A. D. 1810. Deposited with Ṭhākura Vrajabhūshaṇasiṁha, Village Jhukavārā, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः॥ श्री परात्पर गुरु स्वरूपायः निर्विकाराय नित्य शुद्ध बुद्धि चिदा नंद बोध स्वरूपायः॥ श्री वासुदेवाय नमः॥ श्लोक॥ श्री भगवद्गीते गोधनो जानामिच अन्वयं लोकानां चाहितार्थि सु कृतं भाषा च टिप्पनं॥ १॥ एक समै दत्यन करिके पृथ्वी भाराकत अति व्याकुल होत भई तब ब्रह्मा इन्द्र आदि दैके समस्त देवता नारद मुनि सहित गमन करत भये जहां श्री भगवान क्षीर सागर निवासी वहां जाय के प्राप्त होत भये तब ब्रह्मा वेदरिचा वेद

मंत्र अंग सहित अन्य नाना प्रकार अत्यन्त उच्चैस्वर करिकै अति आर्तवंत होके मुनि देवता सहित ब्रह्मा स्तुति करत भये ॥ तब श्री परमात्मा देवतनि के निमित्त-अपने भक्त की रक्षा के हेत अति आर्त जानिके स्तुति सुनि कै तहां ए शब्द प्रगट भयो, भो ब्रह्मा किमार्थं आगतः तब ब्रह्मा पृथ्वी का सब वृतांत कहत भये तब श्री भगवान सर्वज्ञः सर्व जानते थे पुनः शब्द उपजत भया श्री ब्रह्मा शृणु मृत्यु लोक के विषै जादव कुल मथुरा स्थान देवकी के ग्रह हम आनि के औतरेंगे। ×

× × × ×

× × × ×

End :—

यथाक्षार समुद्रेषु एकार्णे वेतु सर्वथा।

तथा धेनु मने केत क्षीर मेकंतु एकतः ॥ १ ॥

तथा देह मनेकेन आत्मामे कोपि लभ्यते एवं ज्ञान मनेकेन विवेको मेक उच्यते ॥ २ ॥ अंतः शुद्धि न शुद्धंति वास मुद्दे शुद्धता तृष्णा मगम्यमेन संकल्पो नैव शाम्यते ॥ ३ ॥ आदौ व्यास कृतं ग्रंथ मूलं सप्त शतं तथा तुलसी आचार्य कंप्रोक्तं श्लोके षट सहसकं ॥ ४ ॥ कृष्ण वृक्ष सदुत्पन्नं गीता नाम हरीतकीरे नरा किन्नर यदन्ति किलौमल विरेचने ॥ ५ ॥ श्री भगवद् गीता मध्ये अष्टादश अध्याय विषै श्री भगवान अर्जुन प्रति ज्ञान सार जोग सार क्रिया कर्म सार भक्ति सार सर्व शास्त्र चार वेदकी दोहन यथा प्रकार कहत भये हैं ते श्री परमात्मा अखंड परम ब्रह्म वक्ता श्रोता अभय प्रति मंगल ददातु सुभ कल्याण मस्तु संवत् १८६७ साके १७३१ ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० २५ तक—प्रथम अध्याय। अर्जुन को उभय पक्ष की सेवा देखकर विषाद उत्पन्न होने का वर्णन।

(२) पृ० २५ से ६४ तक— द्वितीय अध्याय।
ब्रह्मज्ञान तथा आत्म बोध।

(३) पृ० ६४ से पृ० ८८ तक—तृतीय अध्याय।
कर्मयोग वर्णन।

(४) पृ० ८८ से पृ० १०७ तक—चतुर्थ अध्याय।
सन्यास कर्म निर्णय, ज्ञान निर्णय, ब्रह्म निर्णय, यज्ञ निर्णय।

(५) पृ० १०७ से पृ० १२२ तक—पंचम अध्याय।
ध्यान योग व ज्ञान साधन विधि।

(६) पृ० १२२ से पृ० १४५ तक—षष्ट अध्याय।
कर्म व ज्ञान न्याय, साधन विधि, योग न्याय, पूर्वक संस्कार न्याय, योग की अधोमई तथा अंतरात्मा की धारणा।

(७) पृ० १४६ से पृ० १५२ तक — सप्तम अध्याय।
विभूति ज्ञान, विधिन्याय तथा देवता उपासना विधि।

(८) पृ० १६० पृ० १७२ तक—अष्टम अध्याय।
उत्तरायणे व दक्षिणायणे सूर्य की गति, ब्रह्म अहोरात्रि, कल्प संख्या प्रमाण

(९) पृ० १७३ से पृ० १९३ तक—नवम अध्याय।
परमात्मा की योग शक्ति, बल स्वरूप, मुक्ति साधन लक्षण, प्रकृति-पुरुष संबंध।

(१०) पृ० १९४ से पृ० २१० तक—दसवाँ अध्याय।
विभूति ज्ञान, अध्यात्म विद्या और सर्व विषय, एक ब्रह्म।

(११) पृ० २११ से पृ० २३७ तक—ग्यारहवाँ अध्याय।
विराट रूप दर्शन।

(१२) पृ० २३८ से पृ० २४९ तक—बारहवाँ अध्याय।
विश्वरूपी परमात्मा, ब्रह्म अक्षर स्वरूपी भगवान की उपासना, सगुण निर्गुण उपासना।

(१३) पृ० २५० से पृ० २७० तक—तेरहवाँ अध्याय।
प्रकृति-पुरुष निरूपण, सृष्ट्युत्पत्ति तथा कारण बीजरूप सांख्य ज्ञानादि वर्णन।

(१४) पृ० २७१ से पृ० २८१ तक—चौदहवाँ अध्याय।
त्रिगुण निर्णय, गुणातीत से गुण साधने का विधान।

(१५) पृ० २८२ से पृ० २९३ तक—पन्द्रहवाँ अध्याय।
अक्षय वृक्ष व वैराट तरु निर्णय, निर्गुण स्वरूप कथन।

(१६) पृ० २९४ से पृ० ३०४ तक सोलहवाँ अध्याय।
दैव तथा आसुरी ज्ञान मार्ग। संत असंत के लक्षण। शास्त्र प्रमाण कार्याकार्य वर्णन।

(१७) पृ० ३०५ से पृ० ३१७ तक—सत्रहवाँ अध्याय।
त्रिगुण की श्रद्धा, दान, यज्ञ, जप-तप, साधन न्याय सत सुमार्ग और अज्ञान अविवेक दोनों का न्याय, त्रिविधि ब्राह्मण और ओंकार विधिन्याय का वर्णन।

(१८) पृ० ३१८ से पृ० ३५२ तक—अठारहवाँ अध्याय।
ज्ञानसार, योग सार, क्रिया सार, कर्म साधन तथा भक्ति सार वर्णन।

No. 462. Bhagavāna ke Daśau Avatāra. Leaves—8. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning:—अथ भगवान रामचन्द्र के दसौ औतार लिष्यते ।

दो०—श्री पति गौरि गनेश को सुमिरत बारमबार । नारायन के चरित पुनि बरनौ दस औतार ॥ चौ० ॥ मच्छ रूपधरि वेद लै आयौ । पाइ विरंचि मुदित मन भायौ । बरनन करत जो जस मुष चारो जै राधावर कुंज विहारो ॥ १ ॥ दूसर तन धरि कूरम बनिकै । मथेउ सिंधु कर मंदिर धरि कै ॥ लीन्हेउ चौदह रतन निपारो । जै राधावर कुंज बिहारो ॥ २ ॥ शूकर रूप धरेउ बनवारो । दैतन का तुम हतेउ मुरारो । लै धरनो पुनि आपुसवारो जै राधाकुंजविहारो ॥ ३ ॥ नरसिंघ होइ जन राषेउ ताही । परगट भयो हरि पंभा माही । निकसत डारेउ बोदर विदारो ॥ जैराधा वरकुंज विहारो ॥ ४ ॥ श्रीपति बावन रूप बनायौ । बलि के द्वारे जांचन आयौ । भेटे बन के देव मिपारो जैराधावर कुंज विहारो ॥ ५ ॥

End:—परसु राम होइ जगत जसुकीन्हा । पिर्थवी जीति दुजन का दीन्हा ॥ दूसर कोई न भयो धनुधारी ॥ जै राधावर कुंज विहारो ॥ ६ ॥ रामरूप होइ बहुत जस कीन्हा रावन कुलहि मारि जसु लीन्हा । दीनबन्धु प्रभु असुर संहारो ॥ जै राधावर कुंजविहारो ॥ ७ ॥ पर ब्रह्म औतरे गुसाई । नन्द सुवनमे कुंवर कन्हाई । जाकोध्यावत बृज की नारी जैराधावर कुंज विहारो ॥ ८ ॥ जगन्नाथ जगदीस कहायौ । बोध रूपधरि मौन पुजायौ ॥ सुरमुनि अस्तुति करत तुम्हारी । जैराधावर कुंज विहारो ॥ ९ ॥

× × × × × × × × ×

प्रात समय जे पढ़ै नरनारी । घटै पाप तन तेज प्रचारो ॥ जै राधावर कुंज विहारो । × × × × × × × ×

दो० । पढ़ै सुनै चित्त लायकै मन विच धो करि ध्यान । ताके सकल मनोरथ सिद्ध करें भगवान ।

Subject:—दस अवतारों का वर्णन ॥

No. 463. Bhajana-Saṅgraha. Leaves—12. Deposited with Paṇḍita Satyanārāyaṇa Tripaṭhī of Bāṇḍā, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री राम जो ॥

राम को ध्वजा फहरानो अब देखो राम को ध्वजा फहरानो-टेक-
डरकत ढ़ाल फरकत नेजा गरद उड़ो असमानो ॥
लछमन वीर बालि सुत अगंद हनूमान अगवानो ॥ १ ॥
कहत मन्दोदरि सुन पिया रावण त्रिभुवन पति सो ठानो ।
जा सागर को गर्भ करत है तापर शिला तिरानो ॥ २ ॥

तिरिया जाति बुद्धि की थोड़ी उनहूं को करति बड़ाई।
ध्रुव मंडल से पकरि मंगाऊं वे तपसी दोऊ भाई ॥ ३ ॥
जरत अग्नि में कूदि परत हैं कोट गिनै नहिं खाई ॥ ४ ॥
मेघ नाद से पुत्र हमारे कुंभ कर्ण बल भाई।
एक बेर सन्मुख ह्वै लडिहौं युग युग हेत बड़ाई ॥ ५ ॥
कहत मंदोदरि सुनु पिय रावण तू मेरो एक न मानी।
रैनि को स्वप्ना ऐसो भयो है सो कि लंक जराई ॥ ६ ॥
अग्र के स्वामी गढ़ लंका घेरी अजहूं न चेतो अभिमानी ॥ ७ ॥

End:—

राम जन्म सुनि अपने पति सों हंसि डाढ़िन यों बोली हो।
जाहु कंत राजा दशरथ को दान कोठरी खोली हो ॥ टेक ॥
तुमको देइं अंग को बागो और दक्षिणा भरि झोली हो।
हमको लीजो नख शिख को गहनो पटरसुवा को चोली हो ॥ १ ॥
साज सहित इक घोड़ा लीजो गैया दूध अचोई हो।
सहज अमारी हाथी लीजो, हथिनी अधिक अमोली हो ॥ २ ॥
लीजो कन्त कहार समेत इक, हमन चढ़न को डोली हो।
सोलह वर्ष को सुन्दरि लीजो, टहल करन को गोरी हो ॥ ३ ॥
सेज सहित एक पलंगा लीजो, और पानन को ढोली हो।
बीरी करि करि हमहिं खवावै लीजो सुघर तमोली हो ॥ ४ ॥
जन्म जन्म काहू के आगे बहुरिन माडो बोली हो।
जन गोविंद रघुवीर यांचि के भये हैं अयाचक ढोली हो ॥ ५ ॥

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० १६ तक-रावण तुलसी संवाद (अग्र व तुलसी), रामचरण महिमा (तुलसी), जगदीश-विजय (माधोदास), राम का सौन्दर्य वर्णन (रामसेवक), धनुष-भंग (तुलसी), राम की शोभा (हरि आनंद), लंका विजय के पश्चात राम का अवध में आगमन (रामानन्द), विजय-राम (तुलसी), कृष्ण-विनय (चन्द्रसखी), दाऊ की शिकायत माता से (सूर), गीता की महिमा (हृषीकेश), नाम महिमा (नामदेव), राम की भक्तवत्सलता का वर्णन (सेवादास), चौकी हनुमान जी की (बालानन्द)।

(२) पृ० १७ से पृ० २४ तक—कृष्ण का भोजन करना (परमानन्द), युगल मूर्ति भोजन (सेवासखी), सीता राम भोजन (तुलसी) श्याम श्यामा पांशा खेलने का वर्णन (परमानन्द), शयन एवं विलास (नरहरि), विनय (सूर), कपि की चौकी (तुलसी), राम जन्मोत्सव (कमलानन्द), राम जन्मोत्सव में डाढिन का हक मांगना (गोविन्द)।

No. 464. Bharatamilāpa. Leaves—10. Deposited with Mahanta Mohanadāsa. (The book was found with) Svāmī Pītāmvarādāsa, Village Sonāmaū, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—अथ भरत मिलाप प्रारंभः ॥ दोहा ॥

सुरस चरन मनि वह , मन में बहुत उछाह ।
राम कथा कछु गावौं, जाको गुन अगाह ॥ १ ॥

चौपाई ॥ रामचंद्र वन को याना , राजा दशरथ वहु पछताना ॥
रामचंद्र छांड़ा स्थाना , दौरे नगर सकल परियाना ॥
रोवैं सकल नगर नरनारी, राम लछमन विन अधिउजारी ॥
रवि रांच केकई पत्र लिषावा, दूत हाथ नैहार पठावा ॥
जाय दूत भरत के पासा, अवधपुरी कर भयौ निरासा ॥
चोप दूत विदा नव भयेउ, अंतर वास जोजन शत गयेउ ॥
जहां भरत सत्रहन यह गयेउ, जाय दूत दंडवत कयेउ ॥
कहिये दूत अवध कुसलाई, कैसे कौशिल्या पुरराई ॥
घर घर राज नीति ठकुराई, कैसे राम लछमन दोउ भाई ॥
तिनके पुत्र भयें अनुरागी, विधि का लिपै भये वैरागी ॥

End:—चवदह वरप राम नहिं आई, असकहि लोगन बोध कराई ॥
कौशिल्या पै गे दोउ भाई, भरथहि देषि कौशिल्या धाई ॥
सुत निकट परे मूर्छाई । हाथ उठाइ अंक मह लाई ॥
नारि पकरि वहु विधि समझाई । नहि आये लछिमन रघुराई ॥
तव पादुक सिर लीन वड़ाई । राम लषन सीता दुष पाइ ॥
वाद विधाता सेज वनाई । हमहु रहवपुर वाहर जाई ॥
वन कुस सिज्या परो पुढ़ाई । वैस आसन प्रभु मन लाई ॥
आगे पादुका धरि सिर नाई ।..... ॥
निस दिन पूजन ताको करहीं, अवधि अधार अगोचर रहहीं ॥

दोहा :—भरथ मिलाप कथा, सरदा सों कवि गाई ।
जो नर सुनहि जो गावहि, जन्म जन्म अघ जाई ॥
इति श्री भरत मिलाप संपूर्णम् ।

Subject: —पृष्ठ १ से पृ० २० तक—भरत के पास दूत का जाना, भरत का संदेह, कुशल पूछना, अवध आगमन तथा अत्यन्त विषाद करना, केकई का उपालंभ, कौशिल्या तथा गुरु इत्यादि का भरत को प्रबोध, भरत का वन में राम के पास जाना, लक्ष्मण का सन्देह, राम का निश्चय, भरत-मिलाप, भरतादि

द्वारा राम को लौटाने का प्रयास, उनका न लौटना और चरण पादुका देकर भरत को राज-काज के लिये अयोध्या लौटाना।

No. 465(*a*). Bhūgola. Leaves—29. Deposited with Rājā Avadheśasiṁha. Raīsa and Tāllukedāra of Kālākānkara, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री मते रामानुजाय नमः ॥ अथ भूगोल लिष्यते भाषा कथयामि। पहिले आकाश उपजा। आकाश से वायु उत्पन्न हुआ। वायु से तेज भा। तेज से जल भा। जलसे ब्रह्मांड भा। सो ब्रह्मांड ईस्वर की कृपा ते फूटि आधा भा। ब्रह्मांड के मध्य में जल विंव व विष्णु उत्पन्न भा। ता परमेश्वर के नाभी कमल में ब्रह्मा उत्पन्न भे। ब्रह्मा ने पृथ्वी को घटन कीन ऊंचाइ ४९ कोटि जोजन को प्रमाण है। ताके मध्य में सुमेर पर्वत है। चौरासी लक्ष योजन ऊंचा तोक सोरह हजार जोजन पृथ्वी में जाहिरा ॥ वीस हजार जोजन मध्य में चकला। जव का दाना जैसा तैसा मध्य में मोटा। तल्ला भाग पतला सुमेरु पर्व है

× × × × × × × × ×

Middle :—आकाश प्रमाण

नौ पद्म अड़तालिश निषर्व ओनहत्तरि अबुर्द सतावन कोठि पैंतालिश लाख पंचावन हजार पांच सै जोजन आकाश प्रमाण है।

ग्रह नक्षत्र विचार।

भूमि लोक शे त्रिस लक्ष जोजन सूर्य लोक। बहत्तरि हजार जोजन विस्तार। सूर्य लोक से उपर लक्ष जोजन चन्द्र लोक। अठासी हजार जोजन विस्तार। चन्द्र लोक से लक्ष जोजन विस्तार मंगल लोक है। मंगल लोक से एक लक्ष जोजन ऊपर तिरसठ हजार जोजन विस्तार शुक्र लोक है।

× × × × × + × × +

End :—कलजुग व्यवस्था

चार लाख वतिस हजार कलयुग प्रमाण। मानुष्य प्रमाण हस्त ॥ ३ ॥ सूर्य पर्व एक हजार। चन्द्र पर्व दु हजार। तीर्थ गंगाजी। देवी चामुंडा ॥ पाप। १८। पुन्य। २। स्त्री प्रसूतिवार ॥ २१ ॥ मानुष्यार्वल। १२०। वीज वोवनवार ॥ १ ॥ छेदन। १। आम अन्न मह। राजा शालि वाहन। ताके पुत्र। कुमार। ताके पुत्र ईर्ष्यु। ताके पुत्र ब्रह्मा × × × × × × ×

चारिउ वरन तुरुक ठकुराई। छोटी वस्तु महंगी। बड़ी वस्तु सस्ती। धर्म करने वाले दुषी। पापी लोभी लंपट चुगुल इनसो सब सो प्रीति वैसा कलजुग में परमेश्वर की भक्ति युक्त मनुष्यन को बाधा घोर होवै। परिणाम में धर्म सदा सहाय है ॥

इति कलजुग वरननं भूगोल संमूर्णम् ॥ मिती चैत नवम्यां। रविवासरे।

Subject :—(१) पृ० १ से ५ तक पृथ्वी इत्यादि की उत्पत्ति पृथ्वी के नव खंड सप्त द्वीप।

(२) पृ० ६ से ९ तक पाताले कूर्म विचार, पृथ्वी का कूर्म, पृथ्वी के आठ पर्वत, चौदह जमेा के नाम।

(३) पृ० १० से १५ तक आकाश प्रमाण ग्रह नक्षत्र विचार ईश्वर के स्थान का निरूपण।

(४) पृ० १६ से पृ० १९ तक वंशावली देश विचार।

(५) पृ० २० से २७ तक सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग की व्यवस्था।

No. 465(*b*). Bhūgol-Purāṇa. Leaves—7. Deposited with B. Rāma Manohara Bichpuriyā, Purānī-Bastī, Katni Murwārā, District Jabbalpur (C. P).

Beginning :—भेागेाल पुरान लिषा हें ॥

तंयदि यदि ऐसा एक ब्रह्मांड नोल वरंनं ॥ ब्रह्मांड विस्न सिवया तपेा यथा ॥ आकास ते वायु उतपंनि वाइ ते तेज उतपंति तेजते ॥ ब्रह्मांड फुटि कुट की भपे ॥ ता जल मधे विष्णु रहे हे ॥ विष्णु के नाभि कमल के विषे ब्रह्मा रहे हे ॥ सेा ब्रह्मांड वांट कीय हें ॥ पंचास कोटो जेा जन उचेा हें ॥ सेाराह सहस्र जेा जन धरती मधें गडेा हें ॥ वीस सहस्र जेाजंन उपर विस्तार हें ॥ सरवा के अलंकार सुमेरु। पर्वतु हे ॥ ता सुमेर पर्वत को अस्ट श्रृंग हेमा वती श्रंग लोल श्रंग मालि वंती श्रंग जाम वंती श्रंग ॥ नव निधि श्रंग ॥ उच्च माल श्रंग ॥ महेा श्रंग ॥ एवं अस्ट श्रंग हें ॥ ऐक ऐक श्रंग कितनेा अंतर हे ऐक ऐक लक्ष जेा जंन आपस मधें कुस्यांमप अंतर है ॥

× × × ×

End.—कोंन कोंन राजा भपे ॥ राजा सारि वाहन ॥ १ ॥ राजा सक्तिकुमार राजा हरिब्रह्मा ॥ ३ ॥ राजा आईप ॥ ४ ॥ राजा प्रहस्त ॥ ५ ॥ राजा इंद्र ॥ ६ ॥ राजा अजेजात ॥ ७ ॥ राजा महेापालु ॥ ८ ॥ राजा गंध्रव सेनि ॥ ९ ॥ राजा बिक्रमाजोत ॥ १० ॥ राजा महेफलु ॥ ११ ॥ राजा चित्रक ॥ १२ ॥ राजा हरिपु ॥ १३ ॥ राजा विक्रमा चक्रु ॥ १४ ॥ राजाभेाज ॥ १५ ॥ ता उपरांत नमवंतो ईतो पतसाहो कोंन कोंन ॥ गेारोस्यबुदीन ॥ १ ॥ अलाबुदीन ॥ २ ॥ नसोर उदीन ॥ ३ ॥ लोह ठाय मैदे मूद ॥ ४ ॥ बडेा महमूद ॥ ५ ॥ सूर्ज साहो ॥ ६ ॥ तिमिर लिंग पात साहो ॥ ७ ॥ बबर साहो ॥ ८ ॥ हिमाउ साहि ॥ ९ ॥ अकबर साहि ॥ १० ॥ जहांगीर ॥ ११ ॥ साहि जिहा ॥ १२ ॥ औरंगजेब ॥ १३ ॥ श्री वेद व्यास भासितं भेागेाल पुरान समाप्तं ॥ ॥

Subject :—भूगेाल का संक्षिप्त वर्णन।

No. 465 (*c*). Bhūgola Pramāṇa. Leaves—7. Deposited with Thākura Chandrikā Baksa Siṁhaji Jamīdār, Village Khānīpura, Post Office Tālāba Baksī, District Lucknow.

Beginning :— श्री गणेशाय नमः ॥ अथ पृथवी भूगोल प्रमाण लिखयते । यथा आकाशते वायु उत्पन्न वायु ते तेज उत्पन्न पानी पृथवी अणु उत्पन्न ब्रह्माण्ड कोटि व्दि खंणु भये तेहि जल मध्ये विश्नु रहत है विश्नु को नाभि कमल मध्य ब्रह्मा उत्पन्न भये सो ब्रह्मा उवाच किये है पचास कोटि योजन पृथ्वी प्रमाण है पृथ्वी मध्ये सुमेरु परवत है चौरासी योजन उच्च है सोरह योजन पृथ्वी मध्य गड़ो है विस सहस्र योजन विंव विस्तार है सेर वाको आकार सुमेरु है ता सुमेरुके अष्ट सृंग हैं कवन कवन श्रृंग है हेमवंत श्रंग १ नील श्रंग २ श्वेत श्रंग ३ उच्च श्रंग ४ मालिवंत श्रंग ५ गंध मदन श्रंग ६ महा श्रंग ७ एवं अष्टा गति पर्वत ऐक ऐक श्रंग कीतना अन्तर है अपना ते ऐक ऐक लक्ष योजन अंतर है ता सुमेर मध्ये पर्वत सुवर्ण मय है आकाश मंदिर है वैदुर्य मणि मुक्ता मय है महा गण गंधर्व पक्ष मुनि परि जात है मालि मान राजा बैठे हैं वैकुंठ महा पुरुष प्रधान प्रदायक है इति सुमेर विषे श्रंग है ।

End :—एक लक्ष योजन १००००० बृहस्पति लोक है अट्ठासो सहस्र योजन ८८००० बृहस्पति लोक को विंव विस्तार है बृहस्पति मंडल को परि एक लक्ष योजन १००००० बुध मंडल है तीस सहस्र योजन ३०००० बुध मंडल को विंव विस्तार है बुध मंडल परि एक लक्ष योजन १००००० शनि मंडल है अट्ठासी सहस्र योजन ८८००० शनि मंडल को विंव विस्तार है शनि मंडल ऊपर येक लक्ष योजन १००,००० राहु मंडल है अठासो सहस्र योजन ८८००० राहु मंडल को विंव विस्तार है राहु मंडल ऊपर ऐक लक्ष योजन १००००० केतु मंडल है येक सहस्र योजन १००० विंव विस्तार है केतु मंडल को शनि मंडल कृश्न वर्ण है ताते राहु नाहो दंपि परत है केतु मंडल ऊपर ऐक लक्ष योजन १००००० सप्त ऋषिन को मंडल है भिन्न भिन्न सातो ऐक ऐक लक्ष योजन १,००,००० अपना अपना मां अंतर है तीस सहस्र योजन ३०,००० विंव विस्तार है सप्त ऋषि मंडल को । राम राम कृश्न राम राम कृश्न राम राम ।

Subject :—आकाश, वायु, तेज, पानी आदि को उत्पत्ति, ब्रह्मांड ब्रह्मा, पृथ्वी आदि की उत्पत्ति पृथ्वी में सुमेरु पर्वत और उसके श्रृंगों के नाम व जंबू वृक्ष आदि का वर्णन, पृथ्वी खंड, द्वीप, सप्त द्वीप प्रमाण , सात समुद्र पृथ्वी के रक्ष पालक, अमरावती का विस्तार, यमपुरी, यम नाम, कुवेर पुरी, कुवेर नाम, सूर्य लोक, चंद्र लोक, नक्षत्र लोक, उनका विस्तार बिम्ब विस्तार, दूरी आदि आदि वर्णित हैं ।

No. 466. Bihārīsatasaī-kī-Tīka. Leaves—150. Deposited with Bābū Jayamaṅgalarāya, B.A., L.T., Gajīpura City.

Beginning:—सारे जगत के नास करन वारे नगरवन। सो विज तो एक ॥ अनेक जगे वर सने ओट सम जुरिकै इकठे हो के एक साथ ही वरसनने लगी ॥ जब श्री गिरधनै गिरकौ करपै धारन करिकें सुरपत जो है इन्द्र ताको गर्व अत्यंत हर्ष सौ हरयो ये गिरधरनाव भयो। इहां काकलिंग अलंकार है। काकलिंग सामर्थता। इहां सामर्थता दिखाई ॥ १२ ॥

दोहा। डिगत पांव डिगलात गिर लाषि सभ विज वेहाल।
दंप किसोरी दरसिकै परे लजाने लाल ॥ १३ ॥

इहां सात्युक भाव है श्री राधा जी के दरसतौ भयो वह सपो सपो सौ कह्यो। प्रिया दरस सात्विक भयो कर कंपित इह हेत गिरन गिरै वज जन डरत। लषि हरि लाजत चेत। जब निरषो सातुक किया द्रिया अंग के मांहि। तव सुलजाने हरिपरे मति सुप्रोत लगि जाहिं ॥

End :—और ग्यानि कौ पाप न लगै जो करै लोक सिंघार गीता में यह वचन है यहै अर्थ निर्धार। वारला। यह बात ठीक है राजा प्राक्रम हीन कौं दवावे रोग देह वलहीन को दवावै। पाप ग्यान वल हीन कौं दवावै ग्यानी कौ नहीं यह दीपका अलंकार है। उपमा अरु उपमेयको इक पद लागे अमनै। हत दीपक सो दवाव पद लग्यो सवहो थल मांनि ॥ ६४२ ॥

दोहा—वड़े न हुजे गुनन विनु विरद वडाई पाय।
कहत धतूरे सौं कनिक गहनों गढ्यो न जाय ॥ ६४३ ॥

यह प्रथाविक है नालायक को वड़ाई कोई करै सो वृथा उहा कहनों यह भाव को वड़ाई पायकै वड़े नहीं होत। काहू विरद नै वड़ाई करी झूठो तुम ऐसे ऐसे और गुन को रहे न।

Subject :—शृंगार रस वर्णन तथा अलंकार।

विहारी के दोहों पर अलंकार सहित व्रज भाषा मिश्रित टीका गद्य में की गई है। किसी किसी दोहे की टीका पद्य में भी है।

No. 467. Charachā-Sphuṭika. Leaves—41. Deposited with Śrī Jaina Mandira, Kaṭara Medanipura, Post Office Pratāpagadha (Oudh).

Beginning:—अथ महावीर पुरान से चरचा स्फटिक लिष्यते ॥
प्रथम कृष्ण धरि नर्क लहंत। दूजे नीलहि थावर जंत ॥
तीजे कपोल जानि तिर जंच, चौथे पीत मनुष्य पद संच ॥ १ ॥

पंचम पद्म स्वर्ग गति लहै। षष्टम शुक्ल भव्य सिवगहै।
षष्ट लेस्या भेद विचार, सुनहु भव्य मिथ्या व निवार ॥ २ ॥
आरत रुद्र न त्यागै कदा, धर्म विवर्जित क्रोधी सदा।
दया रहित परपंची होइ, लेस्या कृष्ण जासु अंग गोप ॥ ३ ॥
मंद बुद्धि परमादी गुणै। निष्ठुर वचन भनै वह घणै।
है परपंची कामी घोर। लेस्या नील तासु को ओर ॥ ४ ॥
साक करै अरु दुष्ट सुभाव। मर निंदा निज घुतिड चराव।
इच्छा जुद्ध कु गुरु को सेव। यह कपोल धनो को भेव ॥ ५ ॥

End :—उत्सर्पिता उपजै फिर धाय।
वृक्ष रूप क्रम-क्रम चढ़ि जाय ॥
जेहि प्रकार कालहि घट जान।
तेहि समान बढ़तो उनमान ॥

॥ दोहा ॥

या विधि जिन मुष कमल रुचि,
ज्ञान पियुषहि पीय।
बस्यो मोह मिथ्यात्व विष,
गौतम विप्र सुधीय ॥
काल लब्धि को निकट लहि,
भाव संवेग बढ़ाय।
विश्व भोग तन लक्ष्मी,
भयो विरक्त सुभाय ॥
संपूर्ण।

Subject :—जैन धर्म के आचरणों पर उपदेश :—

(१) पृ० १ से पृ० १२ तक— षट लेस्या वर्णन, प्रत्येक लेस्या का लक्षण तथा उदाहरण, भव्याभव्य वर्णन, गुण स्थान भेद कथन, स्त्री देह में निगोद वर्णन, अनादि मिथ्यात्व कथन, पच्चीस दूषण वर्णन। मिश्रित गुण स्थान, वृत गुण स्थान, अवृत गुण स्थान, सत्तावन प्रकृति विधि, बारह वृत कथन, पंच अनोवृत।

(२) पृ० १२ से पृ० ३७ तक—चार शिष्या वृत कथन। द्वादश तप, सामयिक प्रतिमा वर्णन, दश प्रकार सम्यक्त वर्णन। सम्यक्त महात्म्य, मूल गुण वर्णन, श्री महावीर जी के भावांतर वर्णन, त्रयपल्य वर्णन।

(३) पृ० ३८ से पृ० ८२ तक—ग्यारह प्रतिमाओं का वर्णन, प्रतिमाओं के अनुसार उनके धारण करने वालों के पद। पात्रों के अनुसार दान-विधान। सम्यक् दर्शन-कथन। अष्टाङ्ग सम्यक् ज्ञान कथन। त्रयोदश चरित्र कथन,

(श्रावकधर्म) —मुनिधर्म वर्णन, चार प्रकार के ध्यान का वर्णन, उनके भेदोपभेद, तत्त्व निरूपण, अनाहत मंत्र, प्रणव मंत्र, चंद्र रेखा मंत्र, अन्य मंत्र, रूपस्थादि ध्यान वर्णन। सर्पिणी तथा उत्सर्पिणी कथन। ग्रंथ समाप्ति ॥

No. 468. Chaudaha-Vidhāna. Leaves—9. Dated in Samvat 1892 or A. D. 1835. Deposited with Rādhāvallabha, Village Khairābāda, Post Office Rajepura, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः अथ चौदह विधान लिख्यते ॥ प्रेम को प्रकाश कैसो आनंद को कंद जैसो। आनंद को कद कैसो जैसो श्री सदन है ॥ श्री जूको सदन कैसो अमल कमल जैसो कैसो है कमल उदित जैसो मदन है उदित मदन कैसो मोहन सरूप जैसो मोहन सरूप कैसो तुमको कदन है तमको कदन कैसो सोभै सुधाधरि जैसो सुधाधरि कैसो जैसे प्यारो को वदन है ॥ १ ॥ द्वै विधान ॥ सत्या सत्य मान जैसो पुन्य पाप जान तैसे संत औ असंत ऐसे धनी निधन सों। उदो और अस्त देषि गुनी निरगुनी लेष ज्यों विशेषहुं सो सेष त्योहीं नाना गन सों ॥ सुभा सुभ सुष दुष अमल स्यों ज्यों कलुष सनमुष त्यों विमुष सो है प्रभुजन सों ॥ सीतल तपत राजै मिलन विछोह छाजै तैसेही विराजै मिलो साधो भूत मनसों ॥ तृतीय विधान ॥ अति रस रसे प्रिया प्रीतम विलोकि अल छल बल न्यारे न्यारे करै देषि भगनी ॥ चकवाक जल तीर सुपद सरीर चीर निसाकर वति जुदे कोने पोर नगनी मीन जल करै केल अमृत अधिक मेल बंछो विछोर तट डारे दुष दगनी ॥ चंद्रमा चकोर दुह और फोर डारै मोर मन और आत्मा को त्योही माया ठगनी ॥ ३ ॥

End :—द्वादस विधान। अहि, घन, तम, भौर, कुह, मषतूल, चोर, छांह, कहि, पुंछ मोर, काजर, जमन जल, कारे, भारे, महा, मत्त, रैन, झोने, मैन, श्रांत, मृद, निर्लदोष, सत्ति, अमृति, कलित कल, विषो घटा, पुंज, गुंज, भर, वर, ढर, कुंज, सुमिल, भुयग भुज, नौ रविके मंडल, फनो, वन, निस, पछ, नभ, तार, श्याम, अच्छ, सर, दोह, सुद्ध, स्वच्छ, सोहैं कचिपल ॥ त्रतिय दस विधान ॥ मृग, मीन, हय, नट, कंज, अलि, वान, भट, अहि, दीप, उडिचठ, पंजन, चकोर हैं ॥ सिंधु, जल, उच, नतु, मृद, मत्त, निछ, चंद, चित, चोर हैं ॥ मोत, चोत, सिंधु, वन, पुछे, स्याम, पंप रत, विषो, जोत, नभगेत, चाहैं चहुंपोर हैं ॥ थल, केल, रिस, रस, रवि, मौन, मधु, असि, कूर, नेह, तेज, फंसि, नेही, मौन जोर हैं ॥ चतुर दस विधान ॥ चक तूंबा, ताल, गिर, कुंभ, नारियल, लट्टू, मठ, गुछा, गेंद, भव, कंज, तपो है। सर, बोनो, हेम, हरु, सुधा, गज, पक वर, चित्र, चपा, काम, स्वभ, राव, ध्यान, जपो है ॥ निस, रूप, चित, वक्र,

भरें, मोती, लता, चक्र, रति, मधु, केल, विष, लक्ष, स्वता, पपी, हैं ॥ सिसु, प्रेम, पुष्ट, सृंग, जग्य, मत्त, रस, रत्त मोह, गंध गोल, नाग, मूदे, सिद्धि, पपी हैं ॥

१४ विधान संज्ञा संपूर्ण समाप्तः सम्वत १८९२ वि० ॥

Subject :—रस आदि कवित्त पृथक पृथक वर्णन ॥

No. 469. Chitrakūta Mahātma. Leaves—10. Deposited with Mahanta Mohanadāsa, (the book was found with) Bābā Pitāmvaradāsa, Village Saunāmaū, Post Office Pariyāvā, District Prātāpagadha (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशाय नमः।

दोहा :—प्रथम गुरुन के चरन रज, वंदौं बारहि बार।
जा सुमिरे प्रभु पाइये, उतरौ नर भव पार ॥ १ ॥
चरन सरन गुरु देव के, जब लगि आयो नाहिं।
नवनि विपिनि निज माधुरी, क्यों परसै मन माहिं ॥ २ ॥
चित्र कूट गुन कहन को, कीनो मन उछाह।
जनक नंदनी कृपा बिनु, कैसे होइ निवाह ॥ ३ ॥
एक आश विश्वास गहि, करनि कथा मति मोरि।
चित्र कूट निज धाम को, काहु न पायो ओर ॥ ४ ॥
महा अगम दुर्लभ कठिन, चित्र कूट निज भौन।
जनक नंदनी कृपा बिनु, कहि धौं पावै कौन ॥ ५ ॥
सब प्रकार गुन हीन हौं, यहै सोच मन मोहि।
जनक नंदनी कृपा बिनु, जो कछु होइ सो होइ ॥ ६ ॥

End :—प्रगट भई जिहि ठौर तें, गुप्त गोदावरि गंग।
मानौं गिरि तनु धारिकै, बैठी आनि अनंग ॥ १०० ॥
गंगा मज्जन करत जे, ते बड़भागी लोग।
बन के वासी संत जे, हैं सब दरसन जोग ॥ १ ॥
माथे तिलक विराजही, गर तुलसी की माल।
राम चरन में रति रहै, परै न दूजे ख्याल ॥ २ ॥
पंगु चहत गिरि वर चढ्यो, कैसे पावहुं पार।
कृपा होइ रघुवीर की, सहजहि चढ़ै पहार ॥ ३ ॥
जो गावै सोवै सुनै, चित्र कूट सु विलास।
राम कृपा ता संत को, रघुवर पुजवै आस ॥ ४ ॥

इति श्री चित्रकूट महात्म्य संपूर्ण शुभ मस्तु ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—मंगलाचरण, चित्रकूट की महत्ता तथा फल, उसकी प्राप्ति के उपाय, जनकनंदिनी के चरणों की महत्ता, कवि का दैन्य आदि। (२) पृ० ४ से पृ० १६ तक—चित्रकूट की विशदता का वर्णन उसके वन सरितादि की शोभा, चित्रकूट-स्थित राम के आवास का वर्णन। चित्रकूट के वन का तप के लिये उपयुक्त होने तथा भक्ति करने का फल। (३) पृ० १७ से पृ० १९ तक—संसार की निस्सारता तथा उसके परित्याग का कथन, भक्ति महात्म्य, चित्रकूट की भक्ति का कथन, चित्रकूट महात्म्य के पठन-पाठन का फल।

No. 470. Dānalīlā Leaves—5. Deposited with Paṇḍita Rāmasvarūpa Sarmā. Paṇḍita-ka-Puravā, Mauja Bhadhu, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ दान लीला लिख्यते ॥ दोहा ॥

एक समय श्री राधिका, सब मिलि कीन्ह विचार।
हिल मिल चलिये जमुन तट, हरि संग करहिं विहार ॥
दही मटुकिया सीस पै, चलो सकल ब्रज बाल ॥
जब देखिहै यह वेष मो, तब छेरिहैं नंदलाल ॥
पंथ हमारो रोकि कै, हंसि के कहैं मुरारि।
हाथ लकुट द्वादश तिलक, महिमा अमित अपार ॥
जब कहि है मन हरष युत, दान देहु ब्रज नारि।
तब हम हरि सों झगरि हैं, बातन विविध प्रकार ॥

End :—

अरुन नयन हुइ गये, सुनत उपजो रिस भारी।
तनक दही के काज हास, तुम करत हमारी ॥

सुनहु सखा देषत कहा, दधि लूटहु बरजोरि।
सीस मटुकिया फोरि कै जू लेहु हार उर तोरि ॥
ऐसो को जग माहिं हार छुइ सकै हमारो।
दही मटुकिया फेरि किते फिरि बचै विचारो ॥
सो मन अपने समुझि के, छोडहु गैल हमारि।
मोहन सासु रिसाई है। जो घर में देव बताई ॥
इति श्री दान लीला समाप्तं शुभम् ॥

Subject :—कृष्ण दानलीला वर्णन।

No. 471. Daśa-Avatāra. Leaves—2. Deposited with Paṇḍita Bhāgīrathiprasāda of Usakā, Post Office Kaudhaura, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—प्रथमै लीन्ह मीन अवतारा ।
उधधो पै दृढ़ संधा सुर मारा ॥
सुक सारद नारद उठि धाए ।
ब्रह्मा वेद चारि मुख गाए ।
दुसरे कमल रूप अवतारा ।
जोगष वान मधु कोटिक मारा ॥
सहस मुष तव हरि गुन गाए ।
पुरंदर पुर में झरसा आवे ॥ २ ॥

End :—नवरें बद्ध रूप अवतारा ।
परसोत्तम पुर में जै जै कारा ॥
पसिला मा मगहा सुर मारा ।
जौग पत के कीन्ह उधारा ॥ ९ ॥
दसएं अकलंक अवतारा ।
गहा सँभारि जहं जै जै कारा ॥
प्रजा विनासो सगहो मारा ॥
मरथ पंढ के भार उतारा ॥ १० ॥
दस अवतार को आरतो गैये ।
सुर भक्त प्रेम फल पैये ॥
सात सुकृत परिवेद बनाये ।
इति श्री दसै अवतार संपूरण ॥

Subject :—दश औतार वर्णन ।

No. 472. (*a*). Dharma-Saṁvāda. Leaves—32. Dated in Samvat 1901 or A. D. 1844. Deposited with Vaidya Rāmabhūshaṇa, Village Kāmatāpūra, Post Office Etauja, District Lucknow (Oudh).

Beginning :— ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ अथ धर्म संवाद लिखते ॥ ॐ-द्वापर विषे कथा होत भई नगर हस्तिनापुर दिल्ली के निकट ता विषे गुरा कोल पृछत भई । जो राजा जनमेजय राजा परीछितदा बेटा पांडव दा पौत्रा ॥ हे वैशम्पायन जी ॥ राजा धर्म और पुत्र युधुष्ठिर इसका मिलाप क्यों कर होइ है ॥ सो तुम कृपा करके कहो ॥ वैशम्पायनवाच ॥ राजा का वचन सुनकर श्री व्यास देव जी का शिष्य जु है वैशंपायन सो कथा कहता भया ॥ हे राजा तू सुन एक समय जु है देवता अरु इन्द्र अरु विनायक अरु सरस्वती अरु गंगा जी अरु जमना जी अरु गंधर्व अरु वन स्पतीई सब एकत्र बैठे थे तहां जाइ प्राप्ति

भई आई । नारद जी जु है रिषी जाइ करके नमस्कार करते भया ॥ अरु वचन करखेलागो ॥ नारदो वाच ॥ नारद जी कहते हैं जुदेवता के बीच शंकर जी का नाम है अरु ब्रह्मा विश्नु महादेव है तो मृत्यु लोक विषे राजा युधिष्ठिर है । धर्म धर्म का पुत्र है जिसके अलोक विषे कीरति गावती है ॥ सो ऐसा राजा न कोई हुआ है और न आगे होइगा ॥

End :—अतीतो वाच । हे राजा जो मै सति कहिया है मेरे ताई दोष नाहीं देखा ॥ मेरे ताई दोष नाहीं देखा ॥ असाढ़ मैं कातिक मैं सावन में वैसाख मैं असनान दान करै हे राजा जो पंथी है ॥ जुधिष्ठिरोवाच ॥ हे अतीत तू जो है सो मेरा देह है मै जहां सो आवै आणि ॥ मेरा जो गुन था गइया पर मैं सुफला होइया ॥ तेरा दरसण करके ॥ अरु तो अतिथ देव है तेरा चंडाल का रूप मेरे घर विषे आइया है हे अतीत इकेता तू इंद्र है इकता ब्रह्मा है अथवा विश्नु है तू जो है चाडाल का रूप धार करे मेरा पिता आया है ॥ धरमो वाच ॥ हे पुत्र नाम धन है सबना शास्त्र व जानने वाला है हे राजा मैं तेरा पिता है अरु तू पुत्र है हे राजा तू सति जानु हे राजा तू साधु है तेरा जन्म धन है तेरा वंस धन है तेरा कुल धन है तेरा जस मैं सुखिया सो स्वर्ग विषे तैं तेरा दरसन करने तेरे घर विषे आया हौं ॥ जिस अर्थ जोग पुन करदा है सो देवता तेरे घर विषे आया हौं ॥ जुधिष्ठिरोवाच ॥ आजु मेरा जन्म सुफल है आजु मेरो तपस्या सुफल है आज मेरा जन्म भो धन्य है तेरा दरसन कीता है मै पाप ते मुक्ति होइया है और जितने लोभ कर्म है तिना ते मुक्ति होइया है ॥ धर्मो वाच ॥ हे राजा जो तेरो आयुवल बहुत होवै । हे पांडव पुत्र तू चिरंजीव होइ है संवाद करके अरु राजा धर्म देवलोक विषे प्रापति भया धर्म करके सत्रु भो दूर होता है ॥ धर्म करके ग्रह भो दूर हो जाता है जिथ्थे धर्म उथ्थे दया है ॥ इति श्री धर्म संवाद संपूर्ण शुभम् मिती चैत्र सुदी तेरस संवत १९०१ विक्रमी जै राम राम राम राम राम राम राम राम ॥ वि०

Subject :—नारद वैशंपायन का संवाद, धर्मराज युधिष्ठिर की महिमा का वर्णन ॥ ॥

No. 472 (*b*). Dharmasambāda. Leaves—32. Dated in Samvat 1767 or A. D. 1710. Deposited with Paṇḍitā Rāmanātha Misra, Village Imaliyā, Post Office Sadārapura, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथें धर्म संवाद लिष्यते ऊं द्वापर विषे कथा होती भई नगर जो है हस्तिनापूर दोली के पास ते विषे गुण काल

पूछता भई। ऊं राजा जन्मेजय राजा परीक्षित का बेटा पांडवा दा पोत्रा हे वैशंपायन जो। राजा धर्म अरु पुत्र युधिष्टिर इसका मिलाप क्यों कर होइ है सो तुम कृपा करके कहो॥ वैशंपायन उवाच। राजा का वचन सुनि कर श्री व्यासदेव जी का शिष्य जु है वैशंपायन सो कहत भया कथा। हे राजा तू सुन॥ एक-समै जु है देवता अरु इंद्र अरु मुनीश्वर अरु ब्रह्मा अरु विष्णु अरु सूरज अरु चंद्रमा अरु विनायक अरु सरस्वती अरु गंगा जो अरु गंधर्व अरु वनस्पती ई सब एकत्र बैठे थे तहां जाइ प्रापति भई था॥ नारदा जो जु है रिषी जाइ करिके नमस्कार करते भइया॥ अरु वचन करने लागो॥ नारदो वाच॥ नारद जी कहते हैं जु देवता के बीच शंकर जी का नाम है अरु ब्रह्मा विष्णु महादेव है तौ मृत्यलोक विषे राजा जुधिष्टिर है धर्म धर्म का पुत्र है जिसका त्रिलोक विषे कीरत गावती है सो ऐसा राजा ना कोइ होइहा और न होईगा॥

End :—जुधिष्टिरो वाच॥ हे अतीत तू जो है मेरा देह है मै जहां सो आवैजाणि॥ मेरा जोगु बथा गइया॥ पै मैं सुफला होइया॥ तेरा दरसन करके अरु तो अतिथ देव है तेरा चंडाल का रूप मेरे घर विषे आइया हो हे अतीत इकेता तू इंद्र है इकेता तू ब्रह्मा है अथवा विष्णु है जो तू है चंडाल का रूप धार कर मेरा पिता आया है॥ धर्मो वाच॥ हे पुत्र नाम धन है सब ना शास्त्र नू जानने वाला है हे राजा मैं तेरा पिता है अरु तू पुत्र है हे राजा तू सति जान हे राजा तू साच है तेरा जन्म धन्य है तेरा बंस धन्य है तेरा कुल धन्य है तेरा जस मैं सुणि यां सो स्वरग विषे मैं तेरा दरसण करणे तेरे घर विषे आया हो जिस अर्थ जोग पुन्य करदा है सो देवता तेरे घर विषे आया है। जुधिष्टिरो वाच॥ आज मेरा जन्म सुफल है आज मेरी तपस्या सुफल है आज मेरा जन्म भो धन है तेरा दरसन कीना है मै पाप ते मुकि होइया और जितने लोभ कर्म है तिना से मुकि होइया है॥ धर्मोवाच॥ हे राजा जो तेरी आरवल बहुत होवै। हे पांडव पुत्र तू चिरंजीव हुइ है। संवाद करके अरु राजा धर्म देव लोक विषे जाइ प्रापति भया॥ धर्म करके सबु भो दूर होता है जिथ्ये धर्म उथ्ये दया है॥ इति श्री धर्म संवाद संपूर्णम् शुभ मस्तु लिपतं बनवारी लाल पाठक पैतेपुर निवासी संवत् १७६७ वि०॥ राम राम राम राम राम राम राम॥ श्री शंकर की जैय होय॥

Subject :—महाराज जुधिष्ठिर और धर्म का संवाद॥

No. 472(c). Dharmasamvāda. Leaves—30. Dated in Samvat 1772 or A. D. 1715. Deposited with Rāyalāla, Village Ramuāpura, Post Office Dhaurahara, District Kherī (Oudh)

Beginning :—ॐ श्री गणेशायनमः ॥ अथ धर्म संवाद लिख्यते श्री द्वारापुर विषे कथा होत भई ॥ नगर जो है हस्तिनापुर दिली के पास ता विषे एक समय पूछता भई । श्री राजा जनमेजय राजा परीक्षत का बेटा पांडवां दा पौत्रा हे वैशंपायन जी राजा धर्म अरु पुत्र युधिष्टिर इनका मिलाप क्यों कर होइ है ॥ सो तुम कृपा करके कहो ॥ वैशंपायन उवाच ॥ राजा का वचन सुनि करि श्री व्यासदेव जी का शिष्य जु है वैशंपायन सो कथा कहत भया ॥ हे राजा तू सुन । एक समय जो है देवता अरु इंद्र अरु मुनीश्वर अरु ब्रह्मा अरु रिष्य अरु विश्नु अरु सूरज अरु चंद्रमा अरु विनायक अरु सरस्वती अरु गंगा जी अरु जमुना जी अरु गंधर्व अरु वनस्पती ई सब एकत्र बैठे थे तहां जाय प्रापति भई श्री नारद जी जो है रिषी जाइ करके नमस्कार करते भये अरु वचन करने लागो । नारदोवाच ॥ नारद जी कहते हैं जो देवता के बीच शंकर जी का नाम है अरु ब्रह्मा विष्णु महादेव है तो मृत्य लोक विषे राजा जुधिष्टिर है धर्म धर्म का पुत्र है जिसका त्रैलोक विषे कीरत गावतो है सो ऐसा राजा न कोई हुआ है न कोई होवेगा ॥

End :—युधिष्टिरो वाच । हे अतीत तू जो है सो मेरा देह है मैं जु हौं सो आवै जाणि ॥ मेरा जो गर्व था गया । पर मैं सुफल होइया तेरा दरसन करके अरु तो अतिथ देव है तेरा चंडाल का रूप है मेरे घर विषे आया है हे अतीत इकेता तू इंद्र है इकेता ब्रह्मा है अथवा विश्नु है तू जो है चंडाल का रूप धार करे मेरा पिता आया है ॥ धर्मोवाच ॥ हे पुत्र नाम धन है धन है सब ना शास्त्र जानने वाला है हे राजा मैं तेरा पिता अरु तू पुत्र है हे राजा तू सत जान हे राजा तू साध है तेरा जन्म धन है तेरा बंस धन्न है तेरा कुल धन्न है तेरा जस मैं सुणि या सो स्वर्ग विषे मैं तेरा दरशन करने तेरे घर विषे आया हौं ॥ जिस अर्थ जोग प्रन कर रहा है मो देवता तेरे घर विषे आया है जुधिष्टरोवाच ॥ आज मेरा जन्म सुफल है आज मेरो तपस्या सुफल है आज मेरा जन्म भो धन है तेरा दरशन कीता है मैं पाप ते मुक्त हुआ हे और जितने लोभ कम हैं तिनाते मुक्त हुआ है । धर्मोवाच ॥ हे राजा जो तेरो आरवल बहुत होवे हे पांडव पुत्र तू चिरंजीव हुइ है ॥ संवाद करके अरु राजा धर्म देव लोक विषे जाइ प्रापति भया । धर्म करके सब भो दूर होता है धर्म करके अह भो दूर होता है जिथे धर्म उथे दया है ॥ इति श्री धर्म संवाद संपूर्णम् फाल्गुन मासे शुक्ल पक्षे द्वादस्याम संवत १७७२ वि० ॥

Subject :—महाराज युधिष्ठिर और धर्म का संवाद ॥

No. 472(d). Dharmasaṁvāda. Leaves—30. Deposited with Mannilāla Gaṅgāputra Tivārī, Village Misarikhā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning:—ॐ श्री गणेशायनमः ॥ अथ धर्म संवाद लिख्यते ॥ जे द्वापुर विषे कथा होत भई । नगर जु है हस्तिना पुर दिली के पास ति विषे गुरा कोल पूछत भई । ओ राजा जनमेजय राजा परीक्षित दा बेटा ॥ पांडवा दा पौत्रा ॥ हे वैशंपायन जो राजा धर्म अरु पुत्र युधिष्टिर इस का मिलाप क्यों कर होई है ॥ सो तुम कृपा करके कहु ॥ वैशंपायन उवाच ॥ राजा का वचन सुनि करि श्रीव्यास देव जी का शिष्य जु है वैशंपायन सो कथा कहत भया ॥ हे राजा तू सुन ॥ एक समै जु है देवता अरु इंद्र अरु मुनीश्वर अरु ब्रह्मा अरु रिष्य अरु विश्नु अरु सूरज अरु चंद्रमा अरु विनायक अरु सरस्वती अरु गंगा जी ॥ अरु जमुना जी ॥ अरु गंधर्व, अरु वनस्पती ॥ ई सब एकत्र बैठे थे तहां जाइ प्रापति भईआ ॥ नारद जी जु है रिषी । जाइ करके नमस्कार करते भइया ॥ अरु वचन करने लागो । नारदो वाच ॥ नारद जी कहते है जु देवता के बीच शंकर जी का नाम है । अरु ब्रह्मा विश्नु महादेव है तो मर्त्य लोक विषे राजा जुधिष्टिर है । धर्म धर्म का पुत्र है । जिसका त्रिलोक विषे कीरति गावती है । सो ऐसा राजा न कोई आगे होइआ है । न कोई होवेगा । कैसा है राजा जुधिष्टर । सत्यवादी है ।

End:—जुधिष्टिर वाच ॥ हे अनीत तू जो है सो मेरा देह है मै जहां सो आवै जाणि । मेरा जो गुन था गइया ॥ पर मै सुफला होइआ तेरा दरसन करके ॥ अरु तो अतिथ देव है ॥ तेरा चंडाल का रूप मेरे घर विषे पाइया है । हे अतीत इकेता तू इंद्र है ॥ इकेता ब्रह्मा है अथवा विश्नु है । तू जो है चंडाल का रूप धार कर मेरा पिता आया है ॥ धामो वाच ॥ हे पुत्र नाम धन है धन है ॥ सबना शास्त्र तू जानने वाला है । हे राजा मै तेरा पिता है अरु तू पुत्र है । हे राजा तू सत जान । हे राजा तू साच है तेरा जन्म धन है । तेरा वंस धन है । तेरा कुल धन है तेरा राज समै सुणियासो स्वरग विषे मै तेरा दरसन करने तेरे घर विषे आया हो । जिस अर्थ जोग प्रन करवा है सो देवता तेरे घर विषे आया है ॥ जुधिष्टिरो-वाच ॥ आज तेरा जन्म सुफल है । आज तेरी तपस्या सुफल है । आज तेरा जन्म भी धन है । तेरा दरसन को ता है । मै पाप ते मुक्त होइया ॥ और जितने लोभ कर्म है । तिना ते मुक्ति होइया । धर्मो वाच ॥ हे राजा जो तेरी आरवल बहुत होवै । हे पांडव पुत्र तू चिरंजीव जाइ है । संवाद करके अरु राजा धर्म देव लोक विषे जाइ प्रापत भया । धर्म करके सत्रु भी दुर होता है ॥ धर्म करके ग्रह भी दुर होता है । जिये धर्म उथ दया । इति

Subject:—धर्म उपदेश ।

No. 472(e). Dharmasaṁvāda. Leaves—21. Dated in Samvat 1897 or A. D. 1840. Deposited with Ṭhākura Vijayaba-

hādura Siṁha of Saitāpura, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ अथ धर्म संवाद कथा मध्यदेश भाषा टीका लिष्यते ॥ जन्मेजय उवाच ॥ जन्मेजय नामा राजा वैशम्पायन ऋषि के पास पूछते थे द्वापर युग विषे उत्पन्न हुवे हस्तिनापुर विषे महा बलवंत जन्मेजाय नामा गुरु वैशम्पायन ऋषि के पास पूछते थे ॥ १ ॥

जन्मेजय उवाच ॥ द्वापरे च सहस्यनै नगरे हस्तिनापुरे । गुणां पृछलो राजा जन्मे जयो महाबलः ॥ १ ॥ कथं विना गुरुयेण धर्म राजा युधिष्ठिरः ऐव सर्वं प्रकारेण कथमस्व महामुने ॥ २ ॥

अंग रूपेण विनादेह रूप विना ॥ धर्मराजा जो है युधिष्ठिर ते किस तरह से पूछते थे सर्व प्रकार सैं हे महामुने अहो वंशंपायन ऋषि विस्तार पूर्वक मेरे पास कहो ॥

॥ २ ॥

End:—देवलोको गतोधर्मं पांडभाश्चिरजि विनः
धर्मेण हन्यते व्यधिद्धर्मेण हन्यते ग्रह : ॥ ११८ ॥
धर्मेण हन्यते शत्रु यतोधर्मस्ततो जयः
यः पठेद्धर्म संवाद श्रणुयाद्वा समाहितः ॥
सर्वे पाप विनि मुक्तः परमं समाप्नुयात ॥ ११९ ॥

धर्मराज देव लोके गत्याः स्वर्ग लोक को जाते थे पांडव चिरजीव होइ धर्म सै ग्रह सांत होवै धर्म सैः शत्रु वस होति है जहां धर्म होता है तहां जस होता है जो मनुष्य धर्म संवाद का पाठ करता है सो मनुष्य जो मनुष्य सुनता है सर्व पाप विनिर्मुक्तो सर्व पाप से मुक्त होइ के परम पद को प्राप्त होता है ॥ मनमें निश्चय करके कथा को श्रवण करै संपूर्ण तद फल होता है ॥

इति धर्म संवाद सत्य तिनकं कथायाः भाषा टीका समाप्ताः संवत् १८९७ शाके १७६२ चैत्रमासे पष्टायां तिथौ बुधवासरे प्रथम प्रहरे द्वादमारे चतुर्थे प्रहरे लिषितं शुभम् समा समा समा समाप्तम् समाप्ताम् ।

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० १८ तक— प्रस्तावना, धर्म का चांडाल रूप धारण करना । हस्तिनापुर आना व चांडाल और भीम संवाद, चांडाल शब्द की व्याख्या, भीम का आश्चर्यान्वित होकर युधिष्ठिर को संवाद देना ।

(२) पृ० १९ से पृ० २६ तक– युधिष्ठिर के सम्मुख चांडाल द्वारा पुनः चांडाल शब्द की व्याख्या और जीवन का मूल तत्व समझाना ।

(३) पृ० २६ से पृ० ४२ तक—धर्म की व्याख्या और महत्तादि का वर्णन।

No. 473. Dohāsāra. Leaves—21. Dated in Samvat 1913 or A.D. 1856. Deposited with Bābū Sudarsánasiṁha Raīsa and Tāllukedāra of Sujākhara, Post Office Lakshmīkāntaganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

श्री गणेशायनमः ॥ अथ दोहा सर ॥

Beginning:— ॥ दोहा ॥

नयन निकट कज्जल बसै, पै दरपन दरसाय।
त्यों साधुन सत संग बिनु, नाहिन और उपाय ॥ १ ॥
सबहीं घट में राम है, ज्यों गिरि सुत में ज्योति।
ज्ञान गुरु चकमक बिना, कैसे परगट होति ॥ २ ॥
है हिय में पैयत नहीं, करियत बहुत उपाइ।
जैसे अपनी देह की, छांह गही नहिं जाइ ॥ ३ ॥
करि घूंघट जग मोहई, बहुतक लाए लोग।
दरसन जिन्हे देपाइयो, जेते दरसन जोग ॥ ४ ॥
अलप एक बहुवेष धरि, घट घट रह्यो समाइ।
साधनि प्रगट्यो अधिक अति, ताते लख्यो न जाइ ॥ ५ ॥
घट घट में राधारमन, यामें नहीं विवेक।
जैसो फूटो आरसो, पंड पंड मुख एक ॥ ६ ॥
जब सुझयो तब अंध तै, जब अंधे तब सुझ।
इतके भये न उत्त के, बाव सुम को बूझ ॥ ७ ॥
राम नाम को लेस नहिं, रह्यो विषय लपटाइ।
घास चरै पसु आप मुख, गुर गुलियांये पाइ ॥ ८ ॥

End:—घरो बजे घरियार को, तू कछु समु भयो चित्त।
आयु घटै जोवन पसै, यह समुझावै नित्त ॥
बहुत घटो थोरी रहो, ताही मांझ घटाइ।
वाको इतनो पर कहा, को काहू के जाइ ॥
हम परदेशी पाहुने, दिन दिन औरै गांव।
मर मुजु जानै आपुनो, हू है कौने ठांव ॥
कहि काल्हू कैसो बनै, काल धरो सिर केस।
ना जानो कह मारि है, का घर का परदेस ॥

दाम संपि लौ लक्षिमी, उदौ अस्तिलौ राज।
मूसन जौ निज मरन है, तौ एकौ नहिं काज॥
क्यों घूटै इहि लाज परि, कित कुरङ्ग अकुलाइ।
ज्यों ज्यों सुरभि भगौ चहै, त्यों त्यों उरझति जाइ॥
जुमला गुड़ी उडावतो, मनको करतो डोरि॥
आई लहरि जु प्रेम की, कित जमला कित डोरि॥

इति दोहासर समाप्तम् शुभ मस्तु दशपत् गोपाल लाल कायस्थ संमत् १९१३ सन् १२६३॥

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० ८ तक—शान्ति सम्बन्धी दोहे। (तुलसीदास जी के बनाये हुए)। सान्धि-भाव, जेष्ठा। लगन। नेत्र। प्रेम लगन भाव। बिहारी रहीम, अहमद कुतुब, रसलीन, कबीर, जानिल, तुलाराम, संमन आदि कवियों की कविताएं।

(२) पृ० ९ से पृ० ४० तक—अङ्ग भाव (कटि) रोमावली, कुच, अलक, तिलक, संग भाव, नष भाव, दूती के वचन नायिका से सखी वचन नायिका के प्रति, रसतर्क भाव, नायिका भाव, नैन विरह भाव, साधारण विरह भाव, मिलन भाव, मन प्रकृति भाव, सज्जन एवं दुर्जन भाव, शठ भाव, कपट भाव, शिक्षा भाव, ज्ञान भाव, प्रस्ताव भाव, स्फुट भाव, मन शिकार भाव, हास्य भाव, चातक, चकोर, भ्रमर, पतङ्ग, चन्द्रोदय, मन विश्वास एवं गूढ़ भाव।

(३) पृ० ४० से पृ० ४२ तक—चौबोला भाव, विरोध भाव, वैराग्य भाव।

No. 474. Drashṭāntasāra-ke-doha. Leaves—12. Dated in Samvat 1891 or A.D. 1834. Deposited with Pṇḍita Lakshmīkānta Kothīval of Basu āpura, Post Office Lakshmīkāntaganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning.—श्री गनेसायन्मा॥ अथ दृष्टान्त सार के दोहा लिष्यते॥

जो जाको अति प्रिय लगै। सो तिहि करतु बषान।
जैसे विष कौं विषमषो। भाषत अमृत समान॥ १॥
कहा होत उद्यम किये। जो प्रभु नहि अनुकूल।
जैसे निपजे खेत को। सलभ करत निरमूल॥ २॥
जाहो ते कछु पाइयत। ताको करियत आस।
पालो सरवर पर गये। कैसे मिटत पियास॥ ३॥
जो जाको होइ कै रहै। सो तिहि पुजवत आस।
स्वात बुंद बिनु सकल घन। चात्रक मरत पियास॥ ४॥

रस अनरस समुझै नहीं । पढ़ै प्रेम को गाथ ।
विच्छू मंत्र न जानहीं । सर्पहि डारत हाथ ॥ ५ ॥

End:—जहां वसै गुनवंत नर । तासों सोभा होति ।
जहां धरै दीपकु तहां । निश्चय करै उदोति ॥१०४॥
भले बुरे को एक सो । मूढ़न के परतोत ।
गुंजा सम तौलत कनक । सुला पला को रीति ॥१०५॥
सेवक साहिब कै बढ़ै । बढ़ै बढ़ाई चोज ।
जेतो ऊंचे जल बढ़ै । तेतो बढ़ै सरोज ॥१०६॥
धनो होत निरधन कहूं । निरधन तै धनवान ।
बड़ो होति निसि सिसिर रितु । ज्यौं ग्रीषम दिनमान ॥१०७॥
जहां सनेही सो रहत । भ्रमत भ्रमत मनु आइ ।
फिरत कटोरो मंत्र को । चोर हिये ठहराइ ॥१०८॥

इति श्री दृष्टान्त सार के दोहरा संपूर्न ॥ अगहन सुदी ५ संवत् १८९१ ॥
॥ मुकाम इन्दरगढ़ ॥

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० २४ तक—दृष्टान्त संबंधी १०८ दोहों का संग्रह ॥

No. 475. Dvādaśa Rāśi Vichāra. Leaves—8. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—श्रीमते रामानुजाय नमः अथ बृहस्पति कांड द्वादश रासि को विचारु । मेषरासि गुरु जाता ॥ पारवती पूछै महादेव कहै ॥ सभै को लक्षन मेष रासि गुरु ॥ वर्षा होइगी दिन ४९ ॥ आसाढ़ दिन ११ ॥ श्रावन दिन १८ ॥ भाद्र दिन १२ ॥ अस्वन दिन ५५ कार्तिक ३ एवं वर्षा उचिते माव विक्रि होइगी दिन ३५ अन्न महंगे होइगे बैसाख जेष्ठ असाढ़ श्रावण भाद्रपद अस्वनी का कार्तिक चना दाम ५ पसेरी लोन दाम—५ पैतालिस दाम ५ पसेरी जोड़ रही १६ दाम ५ पसेरी इति मेष रासि गुरु लक्षण समाप्तं । अथ वृष रासि गुरु लक्षणमाह यदि पूछै पार्वती कहै महादेव कहै सभै के लक्षन वरखा होइगी दिन ६३ आसाढ़ दिन ५ श्रावन दिन २५ भादों दिन १५ अस्वनदिन ८ कार्तिक दिन ३ पौषदिन ४ एवं वरखा उच्यते ॥ सभै मालव के देसो होइगो असोहनो होगा वाबनु महवा होइगो अस्वन मो विक्रो होइगी मजीठ टंक ३ तोनि पसेरी होइगो कपास सैतिस दाम ३१ पसेरी गजगज टंक ३ गज होइगी हरदो टंक ३ अपसरे हींग और वस्तु सरवस्त होइगो ।

End:—अथ कुंभ रासि गुरु उच्यते । यदि पूछति पारवती कहै महादेव सभै को लक्षनु वरखा होइगी दिन ५५ आसाढ़ दिन ९ श्रावन दिन २५ भाद्रदिन ५

आस्वन दिन ५ कार्तिक दिन ५ पुष दिन ३ अंनु सहतो होइगो गेहू दाम १५ पसेरी १५ टेलु टंक सेर। कांसा तांबो सस्तो होइगो सोनो मासो १ गजो टंक एकइ होयगी इति कुंभरासि गुरुमाह। अथ मीन रासि गुरु उच्यते यदि पूछति पारवती कहै महादेव समै को लक्षनु बरखा होइगी दिन ४५ आसाढ़ दिन १० श्रावन दिन २५ भाद्र दिन २ आस्वन दिन ३ कार्तिक दिन ५ पुष दिन १५ इति वरखा। खंड खंड के लोग डोलेंगे उत्तर देस नरपति परैंगे मन सासतु छाड़ैंगे। बहुत लोग सन्तुष्ठ हैंगे। अनको दुकाल होइगो। उत्तर देस परजा गिरहिगे मीन मै हनुमन नाटक को मतो कहतु है। तेहि ते सुख देखतही बनै कहूं देखन होइ न सुना होइ।

इति बृहस्पति कांड समाप्तं ॥ १२ ॥

श्रीमते रामानुजायनम :

No. 476. Ekādasī Mahāphala. Leaves—12. Deposited with Lāla Gajādhara Prasāda, Village Kuraḍihā, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—अथ श्री गनेशाय नमः ॥ श्री स्याम चरण दास जो सहाय ॥

श्री गुरु गनेश जो को सिर नाऊं। तो इकादशी चरित सुनाऊं ॥
सावधान ह्वै सुनियो भाई। कहै सुनै जो मुक्ति दिवाई ॥
रुकमांगद राज प्रघटाई। ऐसो ग्यास जगत में आई ॥
सूरज वंशी राजा भयो। मनों धर्म कल ऊपर छायो ॥
पंचा नगरी तासु दुहाई। अटा धौर हर पर्भ सुहाई ॥
सुषी लोग सब दीषे जामैं। दुष दालिद्र आवै नहिं जामैं ॥
परजा सुषी धर्म सब करैई। आनंद मंगल सबदिन सरैई ॥
एक समय बसंत रितु आई। सो राजा को अति लगो सुहाई ॥
रानी सहित बाग में गये। फूले तरुवर देषे नये ॥
× × × ×
× × × ×

End:—चलि के अवधे सुर गये, जहं बैठे देव अलेष।
कपट बांहि गहि लई नारायन, करि ब्राह्मण को भेष ॥
एक पुत्र बिनु जग अंधियारो, डूबे राज तुम्हार।
गया पिंड को भरिहै राजा, को करै पित्र को काज ॥
छांड़ि चित्र मेरी बांहि, धर्म कित नार लगावै।
मांगि दच्छिना लेउ, जोर तेरे मन भावै ॥

देखो सत्य डिगाम के, ह्यांन दूजो भाव।
तब प्रभु धरो चतुर्भुज मूरति, दरसन दये अघाय ॥
जो जा कथा सुनै अरु गावै, नरक लोक नहिं जाय।
धनि रानी अमरावती, धनि रुकमाँगद राव ॥
क्यों न अजुध्या तरैई, जहं रुकुमांगद राज।
इकदशी प्रताप तैं, पायो बैकुंठ को वास ॥

अथ इकादसी महाफल ॥

Subject:—पृ० १ से पृ० २३ तक—एकादशी महाफल। मंगलाचरण। सूर्यवंशी राजा रुक्मांगद के राज्य का सुख वैभव वर्णन। राजा का सपत्नीक वसन्त ऋतु में अपनी वाटिका में जाकर सुखानुभव करना। रानी का माली को सब पुष्पों को राजप्रसाद में पहुंचाने की आज्ञा। माली का एक भी पुष्प न लेजाकर, चोरी की कथा सुनाना। राजा का क्रोधित होकर उसे दंड देने की आज्ञा। दूसरे दिन माली का एक स्त्री द्वारा पुष्पों की चोरी की सूचना देना। दूसरे दिन राजा का रंभा को जा पकड़ना और उसका सब समाचार सुनना। एक रजक-स्त्री के एकादशी को अनशन व्रत (क्रोध से) करने के पुण्य से रंभा का विमान स्वर्ग पर चढ़ जाना देखकर उक्त व्रत पर राजा की श्रद्धा। सब प्रजा सहित राजा का व्रत करना। सुर, देव तथा यम का प्रलाप। मोहिनी का व्रत भंग करने का प्रण करके राजा के राज्य में आना और उसका छलना। एकादशी व्रत का मोहिनी द्वारा निषेध। राजा का परिताप, मोहिनी का उसके पुत्र का शीश मांगना। पुत्र का प्रसन्नता-पूर्वक स्वीकृति देना। भगवान का विप्र वेश में प्रवेश। राजा का सत्य से न डिगना। भगवान का प्रसन्न होकर चतुर्भुज रूप दिखाना। राजा की प्रशंसा। एकादशी कथा श्रवण फल।

No. 477. Gaṇeśavrata-Kathā. Leaves—14. Dated in Saṃvat 1870 or A. D. 1813. Deposited with Seṭha Maganirāma Saudāgara, District Kherilakhīmapura (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ दो० ॥ बंदि चरण अरबिंद के हरिहर गिरजहिं मनु लाइ। सैन सुता सुत की कथा कहौं सुनौ चितु लाई ॥ दो० ॥ राम कृष्ण भ्रातन सहित श्री पुर कामिनि निज धाम। बुद्धि बढ़ावत सकल मिलि पुनि पुनि करौं प्रणाम ॥ कथा कहौ गणनाथ की पार उतारौ बोर। बुद्धि हीन निज जानि कै सुमिरौं तनय समोर ॥ जुधिष्टरौ वाच ॥ चौ० ॥ सुनहु कृष्ण देवन के देवा। निगम सेष विधि पाव न भेवा ॥ ऐसे प्रभु तुम दीन

दयाला। सदा करहु दासन प्रतिपाला॥ विपत हमारि विलोकहु स्वामी। कृपा सिंधु तुम अंतर जामी॥ छल कीन्हो जुर जोधन राजा। जीति लियो महि राज समाजा॥ अनुज समेत जुवति संग लाये। कानन फिरत दुसह दुख पाये। तेहित प्रभु विनवौ करजोरी। केहि विधि पाउव राज वहोरी॥ श्री कृष्णो-वाच॥ कृष्ण कहा सुनु वचन नरेशा। तुव हित लागि कहौं उपदेशा॥ पूजहु गणपति कहं चित लाई। जेहि पूजें सब दुख मिटि जाई॥ विघन हरन है जाकर नामा। तेहि पूजें पैहौ विश्रामा॥ दोहा॥ कृष्ण वचन सुनि धर्म सुत बोले पद सिर नाइ। गणपति को है नाथ मोहि कहिये कथा बुझाय।

End:—दोहा॥ यहि विधि द्वादस मास को कही भूप मनु लाइ। विधि सो पूजहु गणपतिहिं सर्व संकट मिटि जाइ। चौ०॥ यह सुनि धर्म तनय सिर नावा। हरि पद की रज नेत्र लगावा॥ जेहि विधि कहेउ कृष्ण वृत रीती तेहि विधि राजा कीन्ह सप्रीती॥ गणपति की भइ कृपा अपारा। मारि सत्रु कीन्हो संहारा॥ सुष सो राजु महो पर कीन्हा। सब गणपति की दया लषि लीन्हा॥ जो गणेश को वृत चित लावै। मन वांछित फल सो नर पावै॥ रिद्धि सिद्धि धन धेनु अपारा। धरनि धाम सुष संपति दारा॥ नारी पुरुष करै व्रत कोई। सकल सिद्धि फल पावै सोई। जो यह कथा सुनै जो गावै अंत काल सुर पुर सुष पावै। इति श्री भविष्योतर पुराणे अंश कृते भाषा विरचिते कृष्ण जुधिष्ठर संवादे हर गौरी सुत गणेश व्रत समाप्त सुभ मस्तु आश्विन मासे कृष्ण पक्षे तिथौ चौथि लिषतं पोस्तक श्री पाल मिश्र संकल दो ो संवत १८७० वि०॥ श्री राम राम राम सीताराम॥ श्री गणेशायनमः सदा गंगा जी को जैय हो॥ श्री कृष्णायनमः॥

Subject:—गणेश जी की उत्पत्ति, महिमा और व्रत फल वर्णन।

No. 478. (*a*) Garbhagītā. Leaves—32. Dated in Samvat 1767 or A.D. 1710. Deposited with Paṇḍita Rāmanātha Misra, Village Imaliyā, Post Office Sadārapur, District Sītapur (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः॥ उं नमो भगवते वासुदेवाय॥ अथ गर्भ-गीता लिष्यते॥ अर्जुनोवाच॥ ऊं अर्जुन श्री कृष्ण भगवान पास पूछता है॥ श्री कृष्ण जी उत्तर देता है श्री कृष्ण जी की आज्ञा है जो कोई गर्भ गीता का पाठ सुनै प्रेम सहित तिसके निकट जम किंकर आवे नहीं वचन है श्री कृष्ण भगवान जी का श्री अर्जुन संवाद करते हैं पुन्य पाप विचारते हैं जो कोई इहु वचन पाठ सुनै कमावै अरु रहते रहै तो मुक्ति होइगा॥ श्लोक॥ गर्भवासं जरा मृत्यु किमर्थः भ्रमते नरः किमर्थं रहिते जन्म कथं कस्य जनार्दन॥ टीका॥ अर्जुन पूछता है श्री कृष्ण जी गर्भ के विषे जो प्रानी दोष ते आवता है तब उसको जरा

मृत्यु का दोष लागता है अरु अह कौन अर्थ है तिस अर्थ ते जन्म रहत होइ ॥ श्री भगवानुवाच ॥ श्री कृष्ण जी कहता है हे अर्जुन यह जो मांनुष है सो अंध मूढ़ है संसार भी प्रीति करति नाल बहुत प्रीति है आठ पहर उसही प्रीति नाल लोभ रहत है ॥

End:—श्री भगवानुवाच ॥ हे अर्जुन गुरु के वचनो ते विमुष है सो कुत्ते को बराबर है कोई गुरु के वचनो को मानता नाहीं सो वैसनो नाहीं ॥ जगत पर धोपो चंद है जो कोई गुरु के धर्म ते विमुष है सो मेरा भगत नाहीं ॥ हे अर्जुन जो कोई गुरु मुष होइ कर राम नाम सि-रेगा सत गोत्र औ एकत्रसौ पितरों तारेगा ॥ औ जो मेरा भगत नित प्रति करेगा सो वैकुंठ जायगा ॥ हे अर्जुन अधोगत मनुष्य को शरीर को कूकर भी नाही खाती है ॥ और पितरों को पिंड भी श्राद्ध विषे ना पावै ॥ जो उस पुरुष को स्वर्ग लोक के कर्म किया होई तो भी स्वर्ग ना पावै ॥ हे अर्जुन ब्राह्मण क्षत्री वैश्य सूद्र अरु होर लोक भी गुरु देषिया विना सो वार वार जन्म पावेगी ॥ हे अर्जुन भगत वारंवार न ते ऊपर हैं प्रधान अरु केशव नारायण तैंतिस कोटि देवता के ऊपर प्रधान है अरु सबना व्रता के ऊपर हर दिन एकादशी प्रधान है मह ना में बहुत निष्काम है मेरा निवास इना में है ॥ अदीषत मानुष कुछ पुन करैगा ता पशु की जूनि मैं पावता है जो कुछ दान पुन करै सो जोनि में आवता है ॥ अर्जुनुवाच ॥ हे श्री कृष्ण भगवान जो गुरु जो देष्या कैसा होता है तिसका फल कृपा करके कहो ॥ अरु ताविषे उत्तम कौन है और गुरु कैसो वाक्य जगत को करो है अरु सेवा पूजा का फल कौन है अरु वैसनो भगति को किरिया जगत रहत कैसी होती है ॥ उससे भिन्न भिन्न दुर्मति कौन है ॥ श्री भगवानुवाच ॥ धन्य तेरी ज्ञान रूप को है औ वैसनो धर्म तेरा तुमको भावना है ॥ अरु देषीया दो अक्षर है अरु जे हरि हरि सदा जपीये ॥ हे अर्जुन वैसनो अस नाम करिके ॐ नमोनारायणाय ॥ श्री मंत्र एक मन होइ कर जो सो मेरा भगत है ॥ सो वंकुठ को प्राप्त होता है ॥ सो मेरा भगत जानना अरु साधु भगत छोड़ कर मनुष के गर्भ वास होता है हे अर्जुन मनुष को देह में साढ़े तीन करोड़ रोमावली हैं तब लग नरक में जाता है इह गीता गर्भ है ॥ इति श्री भगवत गीता सूप निषत्स ब्रह्म विद्यायां जोग सास्त्रे श्री कृष्ण अर्जुन संवादे गर्भ गीता संपूर्णम् लिषतं बनवारी लाल पाठक पैतेपुर निवासी असाढ़ वंदो ३ सवत् १७६७ वि०

Subject.—गर्भ, जन्म, मरण, सुख दुख आदि वर्णन ॥

No. 478 (*b*). Garbhagīta. Leaves—32. Dated in Samvat 1872 or A.D. 1815. Deposited with Vaidya Rāmabhusaṇa, Village Kāmatāpura, Post Office Etaujā, District Lucknow (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ ओं नमो भगवते वासुदेवाय ॥ अथ गर्भ गीता लिख्यते ॥ अर्जुनुवाच ॥ ओं अर्जुन श्री कृष्ण भगवान पास पूछता है ॥ श्री कृष्ण जी उत्तर देता भया कि श्री कृष्ण जी की आज्ञा है जो कोई इस गर्भ गीता का पाठ सुनै प्रीत लाइके तिनके निकट जम किंकर आवै नाही वचन है श्री कृष्ण जी का श्री कृष्ण अर्जुन संवाद करते हैं पुन्य पाप विचारते हैं जो कोई इहु वचन पाठ सुनै कमावै अरु रहते रहै सो मुक्ति होइगा ॥ अर्जुन वाच सलोक ॥ गर्भ वासं जरा मृत्यु किमर्थैः भ्रमते नरः किमर्थं रहिते जन्म कथ कस्य जनार्दन ॥ टीका ॥ अर्जुन पूछता है श्री कृष्ण जी गर्भ के विषै जो प्रानी दोष ते आवता है। तब उसको जरा मृत्यु का दोष लागता है अरु यह कौन अर्थ है। तिस अर्थ ते जन्म रहत होइ ॥ श्री भगवानु वाच ॥ श्री कृष्ण जी कहता है हे अर्जुन इह जो मानुष सो अंध मूढ़ है संसार भी प्रीति करत नाल बहुत प्रीति है अठ पहर उस ही प्रती नाल लोभ रहत है ॥

End :—हे अर्जुन ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शूद्र अरु होर लोक भी गुरु गुरु देषिया विना सो वार वार जन्म पावेगो हे अर्जुन भगत वारं वार न ते ऊपर है प्रधान अरु केशव नारायण तैतीस कोटि देवता के ऊपर प्रधान है अरु सब वृता के ऊपर हरि दिन एकादशी प्रधान है मैं इनमें बहुत निष्काम है ॥ मेरा निवास इसमें है अदीषत मानुष कछु पुन करैगा तापसु की जूनि मै पावता है ॥ जो कुछ दान पुन करे सो जोति मैं आवता है अर्जुन वाचा ॥ हे श्री कृष्ण जी भगवान जो गुरु जी देष्या कैसा होता है ॥ तिसका फल कृपा करके कहो और जाप विषे उत्तम कौन है और गुरु कैसो वाक्य जगत को करो है अरु सेवा पूजा का फल कौन है अरु वैष्णव भगत की करिपा जगत रहत कैसो होतो है उससे भिन्न भिन्न दुर्मत कौन है श्री भगवानु वाच ॥ हे अर्जुन धन्य तेरो ग्यान रूप को अरु वैष्नव धर्म तेरा तुमको भावता है ॥ अरु देषिया दो अक्षर है अरु जे हरि हरि सदा जपिये हे अर्जुन वैष्नों असनान करिके ॐ नमो नारायणाय श्री मंत्र एक मन होकर जपै ॥ सो मेरा भगत है ॥ सो वैकुंठ को प्राप्त होता है। सो मेरा भगत जानता है अरु साधु भगत छोड़ के मनुष के गर्भ वास होता है हे अर्जुन मानुष की देह में साढ़े ३ करोड़ रोमावली है ॥ तत लग नरक में जाता है यह गीता गर्भ है ॥ इति श्री भगवत गीता सुपनिषं ब्रह्म विद्यायां जोग शास्त्रे श्री कृष्ण अर्जुन संवादे गर्भ गीता सपूर्ण समाप्तम शुभ्म लिषतं पं० देवीराम श्रावण शुक्ला सप्तमी संवत् १८७२ वि० ॥

Subject :—श्री कृष्ण जी का अर्जुन को ज्ञान उपदेश वर्णन ॥

No. 478 (c). Garbhagīta. Leaves—32. Deposited with Paṇḍita Mannilālaji Gaṅgāputra Tivārī, Village Misrikhā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—ओं नमो भगवते वासुदेवाय ॥ अथ गर्भ गीता लिख्यते ॥ अर्जुनवाच ॥ ओं अर्जुन श्री कृष्ण भगवान पास पूछता है ॥ श्री कृष्ण जी उत्तर देता है ॥ श्री कृष्ण जी के आज्ञा है ॥ जो कोई इस गर्भ गीता को पाठ सुनै प्रीत लाय के तिसके निकट जम किंकर आवै नाहीं ॥ वचन है श्री कृष्ण जी का ॥ श्री कृष्ण अर्जुन संवाद करते हैं ॥ पुन्य पाप विचारते है जो कोई यहु वचन पाठ सुनै कमावै अरु रहते रहै सो मुक्ति होयगा ॥ अर्जुन वाच ॥ सलोक ॥ गर्भ वासं जरा मृत्यु किमर्थं भ्रमते नरः ॥ किमर्थं रहिते जन्म कथंकस्य जनार्दन ॥ १ ॥ टीका ॥ अर्जुन पूछता है श्री कृष्ण जी गर्भ के विषै जो प्रानी दोष ते आवता है तब उसको जरा मृत्यु का दोष लागता है ॥ और उह कौन अर्थ है ॥ तिस अर्थ ते जन्म रहत होई ॥ श्री भगवानोवाच ॥ श्री कृष्ण जी कहता है ॥ हे अर्जुन इह जो मनुष्य है सो अंध मूढ़ है ॥ संसार भी प्रीति करति नाल बहुत प्रीत है ॥ अठ पहर उसही प्रीत नाल लोभ रहत है ॥ जैसे इहु कर्म किया है । अरु आसा भी करते है कि यांचि तब है ॥ जो इहु कर्म किया है अर इहु करोगे । अरु और मागते क्या मागते है । लक्ष्मीराज और जोवना बहुत मागते है अरु इना करमो करके गरभ विषे आवता है ॥

End :—भगवानोवाच ॥ हे अर्जुन जो गुरु के वचनो से विमुख है ॥ सो कुत्ते को बराबर है ॥ अरु जो कोई गुरु के वचन को मानता नाहीं सो वैसनो नाहीं ॥ जगत पर धोपोचंद है । जो कोई गुरु को धर्म ते विमुख है सो मेरा भगत नाहीं ॥ हे अर्जुन जो कोई गुरु मुख होइकर राम नाम सिमरेगा सप्त गोत्र और एकोतर सौ पितरो तारेगा ॥ और मेरो भक्ति नित प्रति करेगा । सो वैकुंठ जायगा । हे अर्जुन अधोगत मनुष्य को शरीर को कूकर भी नाही पातो हैं ॥ और पितरों को पिंड भी श्राद्ध विषे ना पावै । जो उस पुरुष को स्वर्ग लोक के कर्म किया होय तो भी स्वर्ग ना पावै । हे अर्जुन ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शूद्र अरु और लोक भी गुरु देषिया विना सो वार वार जन्म पावेगा ॥ हे अर्जुन भगत वारंवार नते उपरे है प्रधान । अरु केशव नारायण तैंतीस कोटी देवता के ऊपर प्रधान है । अरु सवज्ञा व्रता के ऊपर हरि दिन एकादशी प्रधान है ॥ मैहना मै बहुत निष्काम है ॥ मेरा निवास इना में है । अदोषत मानुष कछू पुन करेगा । तां पसु को जोन में पावता है ॥ जो कुछ दान पुन करै सो जोनि मैं आता है ॥ अर्जुनवाच ॥ हे श्री कृष्ण भगवान जो गुरु जो देष्या कैसा होता है ॥ तिसका फल कृपा करके कहो अरु जा विषे उत्तम कौन है । अरु गुरु कैसो वाक्य जगत को करी है ॥ अरु सेवा पूजा का फल कौन है ॥ अरु वैश्नोभगत को करिया जगत रहत कैसो होती है ॥ उससे भिन्न भिन्न दुमति कौन है ॥ श्री भगवानोवाच ॥ हे अर्जुन धन तेरो ज्ञान रूप को अरु वैश्नो धर्म तेरा तुमको भावना है अरु

देषोया दो अक्षर है। अरु जे हरि हरि सदा जपिये। हे अर्जुन वैश्नो असना करिके ओं नमो नारायणाय श्रो मंत्र एक मन होइ कर जपै सो मेरा भगत है ॥ सो वैकुंठ को प्रापत होता है सो मेरा भगत जानना ॥ अरु साधू भगत छोड़ कै मनुष के गर्भ वास होता है ॥ हे अर्जुन मनुष को देह में। साढे तीन करोड़ रोमावली है तब लग नरक में जाता है ॥ इह गीता गर्भ है ॥ श्री इति भगवत गीता सूपनिषन्सु ब्रह्म विद्यायां योग शास्त्रे श्री कृष्ण अर्जुन संवादे गर्भ गीता संपूर्णम् शुभम्।

Subject :—गर्भवास पाकर कौन दुख और कौन सुख भोगता है, कौन किस कर्म से नरक व मोक्ष प्राप्त करता है, आदि प्रश्न श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को समझाया है।

No. 479. Garuḍa-Purāṇa. Leaves—75. Deposited with Lālā Gaṅgotrī Prasāda, Village Ālhāpurā, Post Office Pariyāvā, District Prātāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः गरुड़ जी श्री भगवान जी सों पूछत भये श्रीभगवत के प्रसाद करिकै तीन्यों लोक बैकुंठ आदि दै सचर अचर जीव संपूर्ण देखे उत्तम स्थान मध्यम स्थान अधम स्थान ए मैंने संपूर्ण देषे कछू देषन को अभिलाषा रही नहीं ॥ १ ॥ पाताल तै लैकै सप्त लोक पर्यंत संपूर्ण देषे—जम लोक को दर्सन कोनों नहीं ॥ श्लोक ॥

भगवत प्रशादात् बैकुंठ त्रैलायां सचराचरं मयाविलोकितं।
मयाविलोकितं सर्वं उत्तम अधम मधिमा ॥ पातालात् सप्तर्यंतः पुरामाभ्यं
विना प्रभो भूर्लोक्त सर्व लोकानां प्रचुरः सर्व जंतस् ॥

पृष्ठ—१५०

End :—

एक तो हरि को नाम भागीरथी कही मै गंगा जी को नाम औरु विप्र संसार में ये तीनि वस्तु सार है ये तीन्यो बात तरण तारण हैं ॥ १५ ॥ मंगलं भगवान विष्णु मंगलं गरुड़ध्वजं मंगलं पुंडरी काक्षं मंगलाय तनौ हरि ॥ १६ ॥

× × × ×

जिनके लक्ष्मी नारायण दमोदर हृदैमें विराजे हैं तिन पुरुषन को सदा जै हैं सदा लाभ्य है तिनको कबहु हारि आवै नहीं सदा जनारदन सहाय रहत हैं ॥ १८ ॥ या कथा के सुनैते पुस्तक को पूजा कीजै भेट अभाषे गउदान दीजै मुद्रका दीजै अथवा बीरो पुस्तक को पूजा कीजै ॥ १९ ॥ जे प्राणी भगवत् भाव सौ सुनै गरुड़ पुराण को कथा सुनै तिनको आयु वृधै जम लोक मार्ग को देषे नहीं नर्क में पैर नहीं सर्व पापन ते छूटै नित्यानंद होय ॥ २० ॥

सुत जी.....

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ५ तक——प्रथम अध्याय-गरुड़ भगवान संवाद; वृषोत्सर्ग वर्णन।

(२) पृ० ८ से पृ० १४ तक——द्वितीय अध्याय जीवित क्रिया विधि अर्थात् जीवन काल में धर्म, दाता पूजनादि का विधान।

(३) पृ० १४ से पृ० १९ तक——तृतीय अध्याय। प्रेत वाक्य वर्णन, पिंड-दान। एकदशाह, त्रयोदशाह आदि कर्मों के दिन निश्चय करने की विधि।

(४) पृ० २० से २८ तक——चतुर्थ अध्याय। प्रेतों की यममार्ग पुरी का वर्णन। यमदूत तथा प्राणियों का वार्तालाप तथा प्राणियों के कृत कर्मों का दिग्दर्शन।

(५) पृ० २९ से पृ० ३४ तक—पंचम अध्याय। ग्यारहवें दिन के पिंडदान का फल तथा शैयादान का विधान। त्रयोदशाह की विधि, नरकों के नाम और पाप कर्मों के अनुसार उनकी प्राप्ति का कथन।

(६) पृ० ३५ से पृ० ३९ तक—षष्ठमोध्याय। पाप तथा कर्मानुसार फल की प्राप्ति (यमलोक वर्णन)।

(७) पृ० ४० से पृ० ४६ तक—सप्तमोध्यायः। प्रेत का निवास स्थान, प्रेत लोकानन्तर प्रेत के जाने का स्थान तथा उनके कर्मभोगों का वर्णन। प्रेत योनि प्राप्ति का कारण तथा उनके भोजनादि का कथन।

(८) पृ० ४७ से पृ० ५१ तक—अष्टमोध्यायः। कलियुग में नियत सौ वर्ष पूरी भी आयु न होने का कारण। अवस्था भेद वर्णन। पांच वर्ष तक की अवस्था के पापों में फंसने-भोगने का विधान। गर्भ तथा गर्भ से बाहर आते ही मरने वाले जीव की अन्त्येष्टि का विधान।

(९) पृ० ५२ से पृ० ५७ तक—नवमोध्यायः। घट कर्म सपिंडी कर्म तथा वर्ष दिन तक पिंड दान करने का वर्णन। स्त्री के सती होने का फल।

(१०) पृ० ५८ से पृ० ६४ तक—दशमोध्याय। मनुष्य की क्रिया का कथन तथा उसके संबंध में परलोक सुख वर्णन। वक्रवाहु का आख्यान (राजा के प्रति प्रेत की स्तुति)।

(११) पृ० ६५ से पृ० ६९ तक—एकदशमोध्याय। उक्त आख्यानांतर्गत प्रेत श्राद्ध वर्णन।

(१२) पृ० ७० से पृ० ७३ तक—द्वादशमोध्याय। दान महात्म्य वर्णन।

(१३) पृ० ७४ से पृ० ७८ तक—त्रयोदशमोध्यायः। शरीर भेद वर्णन।

(१४) पृ० ७९ से पृ० ८७ तक—चतुर्दशमोध्यायः। जीव उत्पत्ति वर्णन।

(१५) पृ० ८८ से पृ० ९४ तक—पंचदशमोध्यायः। यम लोक वर्णन।

(१६) पृ० ९५ से पृ० १०० तक—षष्टदशयाध्यायः। धर्म अधर्म के लक्षण तथा पिंड प्रधान वर्णन।

(१७) पृ० १०१ से पृ० १०४ तक—सप्त दशमोध्यायः। शैयादान की महिमा का वर्णन।

(१८) पृ० १०५ से पृ० १११ तक—अष्ट दशमोध्यायः। दाह संस्कार विधान तथा सूतक लगने का कथन। श्राद्ध-दानादि कथन तथा मिसति।

(१९) पृ० १११ से पृ० ११८ तक—नवदशमोध्याय वर्णन। अनशन व्रत वर्णन तथा घट दान का नियम और दान दिये जाने वालों की गणना। दान किसको दिया जाय, दानग्राही का लक्षण।

(२०) पृ० ११९ से १२३ तक—एको विंसतिमोध्यायः। कैसा फलदान करने तथा कैसा तीर्थ करने से मोक्ष होता है। किस प्रकार का दान करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

(२१) पृ० १२३ से पृ० १२७ तक—द्वाविंसति अध्यायः। सूतक निर्णय, चारों वर्णों में किस प्रकार सूतक लगता है (शुद्धाशुद्ध वर्णन)।

(२२) पृ० १२८ से १३६ तक—त्रिसंमोध्यायः। (मोक्ष वर्णन) अकाल मृत्यु तथा अन्य प्रकार की मृत्युओं का वर्णन।

(२३) पृ० १३६ से १३९ तक—चतुर्विंसतिमोध्याय। वत्स विधि वर्णन।

(२४) पृ० १४० से पृ० १४५ तक—पंच विंसतिमोध्यायः। सुकृत करने वाले के फलादि का वर्णन। पापियों को योनि प्राप्ति का विधान।

(२५) पृ० १४५ से पृ०.....तक—वैतरणी नदी के विस्तारादि का वर्णन। गोदान विधि, गरुड़ पुराण श्रवण विधि॥

No. 480. Garuḍapurāṇa-Bhāsā. Leaves—72. Dated in Samvat 1924 or A. D. 1867. Deposited with Paṇḍita Murlidhara Dube, Village Laharapura, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः॥ अथ गरुड़ पुराण लिष्यते॥ श्री भगवान सोई संसार विषै वृक्ष रूपी सदा विराजते हैं कैसा तावृक्ष को धर्म मूल है वेद स्कंद पुराण शाखा है कृतफूल है मोक्ष फल है ऐसो वृक्ष स्वरूपी भगवान है तिनके चरणारविन्द को सदा जय रहो॥ हे वैकुंठ नाथ तुम्हारे प्रसाद कहे ते कृपा ते

तीनो लोक देपे हैं। उत्तम स्थान भुर्लोक, भुवलोक, स्वर्गलोक, महर्लोक, जन-लोक, तपलोक, सत्य लोक, अधमलोक अतल वितल सुतल तलातल रसातल महातल पाताल मध्यम मनुष्य लोक ते सब देपे हैं॥ पृथ्वी ते ऊपर सत्य लोक ताई हे प्रभु मैं सर्व लोक देपे एक मय पुरो विना सो मनुष्य लोक के प्रचुर कह भांति यमलोक को जाते हैं॥ मनुष्य देह सर्व योनि में श्रेष्ठ है भुक्ति युक्ति को दाता है पुन्य आत्मा जीव है जिन मनुष्य देह पाई है सो मनुष्य समान न भूत न प्राणी कोई न हुवो न कोई होनहार हो। गायंति देवता मनुष्य जन्म को महिमा गावत हैं अनेक जन्म के पुन्य के प्रभाव करिके मनुष्य देह पाई है ते धन्य हैं सो फल स्वर्ग लोक को दाता है और मोक्ष को देनहारा है ऐसो मनुष्य देह है॥

End :—हे गरुड़ जैसे धर्म को जीत है पाप जीते नहीं। सत्य को जीत है असत्य जीते नहीं। क्षमा को जीत है क्रोध को जीत नहीं जैसे विष्णु भगवान को सदा जीत रहे असुरन को सदा हार है उनको सदा लभ्य है निश्चे करिके। एक तो हरिगंगा भागीरथी ब्राह्मण ये तीन वस्तु संसार विषे सार हैं। जिनके मन में पुंडरीकाक्ष भगवान को नाम है सो मनुष्य सदा पवित्र है। मंगल रूपी भगवान को नाम है जिनके मन में पुंडरीकाक्ष श्री गरुड़ध्वज बसे हैं उनके सदा मंगल हैं सूत जी सौनकादिकान सूं कहत हैं ऐसो वचन श्री भगवान को वचन सुनि के गरुड़ जी के मन में बहुत हरष उपज्यो तब तीन प्रदक्षिणा कीनो। गरुड़ जी ने भगवान की बानी सुनि के गरुड़ जी को ज्ञान बहुत उपजो या कथा को सुनि के ऐसो यह प्रेम की कथा श्रवण करै जिनको यम लोक को भय कबहूं व्यापे नहीं श्री भगवान गरुड़ को संवाद है यों कथा सूत जी ने नैमिषारन तिषै ८८००० हजार रिषीश्वरन को शौनिकादिकन को सुनावत हैं या कथा को चित्त लाय के हेत करिके सुनो जाके सर्व पाप जात रहैं। और दया उपजै धर्म करिके जय रहै सहस्र अश्वमेधयज्ञों को बराबर पुन्य है और सेवक रो वाजपेय यज्ञों को बराबर जज्ञों को फल है करवाने वालों को और कथा के सुनने मात्र करिके संपूर्ण धर्म करि दिया उन मनुष्यों ने निश्चय करिके सच जानियो इति श्री गरुड़ पुराणे प्रेत कल्पे अष्टादशके साहस्त्रं संहितायां उत्तर खंडे कृष्ण वैनतेय संवाद जन्म देष सूचनो नाम चतुर त्रिंशोध्याय संवत् १९४७ पौष सुदी चतुर्दस्याम शुभम् या दृष्टं पुस्तकं दृष्टवाताद्दशं लिष्येत मया यदि शुद्धम शुद्ध वा ममदोषो मदीयते॥ लिषा भरमोधर पंडित

Subject :—गरुड़पुराण भाषा (मनुष्य के मरने पर क्या होता है या उसकी गति किन कर्मों से क्या होनी चाहिये)

No. 481. Garuḍapurāṇa-Saṭīka. Leaves—84. Deposited with Paṇḍita Mahāvīra Pāṇḍe, Village Sagarāmapura, Post Office Madhauganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ गरुड़ पुराण सटीक लिष्यते ॥ श्री गरुड़ो वाच ॥ धर्म दृढ़ वद्ध मूला वेद स्कंध पुराण शाखाढ्य कृत कुसुमो मोक्ष फलो मधुसूदन पादयो जनयति ॥ १ ॥ तार्क्ष्य उवाच ॥ भगवत् प्रसादा-द्वैकुंठं त्रैलोक्यं सचराचरम् मया विलोकितं सर्व मुत मध्यमध्यम् ॥ २ ॥ भूर्लो-कात सप्त पर्यंत पुरं याम्य विना प्रभो भूर्लोकात्सर्व लोकानां प्रचुर सर्व जंतुषु ॥ ३ ॥

टीका ॥ श्री भगवान सोई संसार विषै वृक्ष सरूपी सदा विराजें हैं कैसो ता वृक्ष को धर्म मूल है वेद स्कंद है पुराण शाखा है कृत फूल है मोक्ष फल है ऐसो वृक्ष स्वरूपी भगवान है तिनके चरणारविंद को सदा जय रहै ॥ १ ॥ हे वैकुंठनाथ तुम्हारे प्रसाद कहेते कृपाते तीनों लोक के देषे हैं—उत्तम स्थान भूर्लोक १ भुवर्लोक २ स्वर्ग लोक ३ महर्लोक ४ जन लोक ५ तपलोक ६ सत्यलोक ७ अधम । नीचे के लोक अतल १ वितल २ सुतल ३ तलातल ४ रसा-तल ५ महातल ६ पाताल ७ मध्यम ८ मनुष्य लोक ते सर्व देषे हैं ॥ २ ॥ पृथ्वी ते ऊपर सत्यलोक ताई हे प्रभु मैं सर्व लोक देषे एक यमपुरी विना सो मनुष्य लोक के प्रचुरः कह भाँति यम लोक कूं जात हैं ॥ ३ ॥

End :—अपवित्रेपवित्रेवा सर्वावस्थांगतो पिवा यस्मरेत् पुंडरी काक्षं सर्वाह्यायं तरशुचि ॥ ३७ ॥ मंगलं भगवान विष्णुं मंगलं गरुड़ध्वजं मंगलं पुंडरी काक्षं मंगलाय तनो हरी ॥ ३८ ॥ श्री सूत उवाच : ॥ इति विष्णु वच श्रुत्वागरुड़ो हृष्ट मानसः तं विष्णु त्रिपरिक्रम्य ज्ञान वान सम जायनः ॥ ३९ ॥ यस्य मरण मात्रेण धर्म जयच दायानि भगवान गरुण पाख्याने कथा पापहरा परा ॥ ४० ॥ अश्वमेध सहस्राणि वाजपेय शतानिच कथा श्रवण मात्रेण सर्वधर्म कता नितै ॥ ४१ ॥ इति

टीका.—मंगल भगवान को नाम है जिनके मन से पुंडरीकाक्ष श्री गरुड़ध्वज वसे हैं उनके सदा मंगल है ॥ ३८ ॥ जिनके मन में पुंडरीकाक्ष भगवान को नाम हैं सो मनुष्य सदा पवित्र है ॥ सूत जी सौनकादिकन सूं कहत हैं ऐसो वचन श्री भगवान कौ सुनि गरुड़ जी के मन में बहुत हरष उपज्यौ। तब तीनि प्रदाक्षिणा कीन्हीं गरुड़ जी को भगवान को वाणी सुनिकै गरुड़ जी के ज्ञान बहुत उपज्यौ या कथा कूं सुणि कै ॥ ३९ ॥ ऐसो यह प्रेत की कथा श्रवण करै तिनकौ यमलोक कौ भय कबहूं व्यापै नहीं। श्री भगवान गरुड़ कौ संवाद है। जो कथा सूत जी ने नैमषारण्य विषै अठासी सहस्र ऋषि स्वरन कूं शौनकादिकन कूं

सुणावत हैं या कथा कूं चित लायकें हेत करके सुणै जाके सर्व पाप जात रहैं और दया उपजै धर्म करिकै जय रहै जय होय ॥ ४० ॥ सहस्र अश्वमेध यज्ञों को बराबर पुन्य है और सैकरों वाजपेय यज्ञों को बराबर फल है—करवाने वाले कूं, और कथा के सुनने मात्र करिकैं संपूर्ण धर्म कर दिया उन मनुष्यों ने निश्चै करिकै सच जानिये ॥ इति श्री गरुड़ पुराणे प्रेत कल्पे टीकायां अष्टादशीक सहस्रं संहितायां उत्तर खंड कृष्ण वैतेय संवादे जन्म देव सूचनो नाम् चड त्रिंशोध्याय ॥ ३४ ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ७ तक—प्रथम अध्याय।

व्रतोत्सर्ग करने का आदेश, उसका फल और करने के अधिकारी।

(२) पृ० ७ से पृ० १६ तक—द्वितीय अध्याय।

दानादि क्रिया जो अपने हाथ से अथवा संबंधियों के हाथ से कराई जाय; चेत में अथवा अचेत में कराई जाय उसका फल। उत्सर्ग विधि, पिंड दान विधान, यमलोक के मार्ग में पड़ने वाले पुर। मार्ग में पितृ का पश्चात्ताप।

(३) पृ० १६ से पृ० २१ तक—तृतीय अध्याय।

मासिक श्राद्ध का फल, शौरिपुरादि पितृ के विश्राम स्थान, उनको भयंकरता तथा उससे विमुक्त होने के लिये त्रिपक्षादि क्रियाओं का विधान।

(४) पृ० २१ से पृ० २५ तक—चतुर्थ अध्याय।

वैतरणी इत्यादि के दुख तथा उनसे विमुक्त होने के उपाय।

(५) पृ० २६ से पृ० २९ तक—पंचमोध्याय।

दान के पदार्थों का वर्णन; बड़े-बड़े इक्कीस नरकों के नाम; पापों की परिभाषा, और उनके लिये पिंडादि विधान।

(६) पृ० ३० से पृ० ३२ तक—षष्टमोध्यायः।

प्रेत कथन, चित्रगुप्त के मंदिर का वर्णन, शुभाशुभ कर्म फल।

(७) पृ० ३३ से पृ० ४१ तक—सप्तमोध्याय संस्थापन)

प्रेत वास वर्णन अथवा उनके द्वारा अनेक प्रकार की पीड़ाएं तथा प्रेत योनि पाने का कारण।

(८) पृ० ४१ से पृ० ४६ तक—अष्टमोध्याय।

प्रेतों के लक्षण, उनकी मुक्ति का विधान, नारायण बलि का फल व विधान।

(९) पृ० ४७ से पृ० ५० तक—नवमोध्यायः।

मनुष्य के भिन्न कर्मों के कारण अल्प अथवा अधिक होने का कारण।

(१०) पृ० ५१ से पृ० ५३—दशमोध्यायः ।
मृतक के लिये पुराण विधान ।

(११) पृ० ५४ से पृ० ५९ तक—एकादशमोध्यायः ।
दीप दानादि विधान । पुत्र निर्णय ।

(१२) पृ० ५९ से पृ० ६७ तक—द्वादशमोध्यायः ।
सपिंडि सति महिमा ।

(१३) पृ० ६८ से पृ० ७१ तक—त्रयोदशोध्यायः ।
ऊर्द्ध देह क्रिया, वज्रवाहन राजा का आख्यान ।

(१४) पृ० ७१ से पृ० ७७ तक— चतुर्दशमोध्यायः ।
ऊर्द्ध क्रिया का विधान, प्रेति योनि पाने का कारण ।

(१५) पृ० ७८ से पृ० ८२ तक—पंचदशमोध्यायः ।
कपिला दान तथा यज्ञोपवीत धारण फल; मृत्यु के समय के दान ।

(१६) पृ० ८२ से पृ० ८६ तक— षष्टदशमोध्यायः ।
विविध दानों के विविध फल, शरीर वर्णन ।

(१७) पृ० ८७ से पृ० ८९ तक—सप्तदशमोध्यायः ।
शुभपुराण वर्णन ।

(१८) पृ० ९० से पृ० ९३ तक—अष्टदशमोध्यायः ।
शरीर विपत्ति वर्णन ।

(१९) पृ० ९४ से पृ० ९८ तक—एकोनविंशोध्यायः ।
स्त्री के गर्भ का वर्णन, शरीर वर्णन ।

(२०) पृ० ९९ से पृ० १०२ तक—विंशोध्यायः ।
जंतोत्पत्ति लक्षण ।

(२१) पृ० १०२ से पृ० १०७ तक—एकविंशोध्यायः ।
यमपुरी, पुण्य वर्णन ।

(२२) पृ० १०८ से १११ तक—द्वाविंशोध्यायः ।
यम मार्ग कथन ।

(२३) पृ० १११ से पृ० ११६ तक—त्रय विंशोध्यायः ।
शय्यादान कथन ।

(२४) पृ० ११७ से १२१ तक—चतुर्विंशोध्यायः ।
सपिंडी कारण ।

(२५) पृ० १२२ से पृ० १२२ तक—पंचविंशोध्यायः।
श्राद्ध विधान, प्रेत पंचक दोष, मृतक वार्ता वर्णन।
(२६) पृ० १३० से पृ० १३४ तक—षटविंशोध्यायः।
पितृ निर्णय वर्णन।
(२७) पृ० १३४ से पृ० १३८ तक—सप्तविंशोध्यायः।
शालिग्राम महिमा वर्णन।
(२८) पृ० १३८ से पृ० १४१ तक—अष्टविंशोध्यायः।
कुंभदान महात्म्य, तथा कुंभदानादि पात्र वर्णन।
(२९) पृ० १४१ से पृ० १४५ तक—एकोनत्रिंशोध्यायः।
नारायण बलि विधि कथन।
(३०) पृ० १४५ से पृ० १४९ तक—त्रिंशोध्यायः।
नारायण बलि त्रयोदश पदादि का वर्णन।
(३१) पृ० १४९ से पृ० १५१ तक—एकत्रिंशोध्यायः।
वृषोत्सर्ग विधि।
(३२) पृ० १५२ से पृ० १५७ तक—द्वात्रिंशोध्यायः।
वृत्ति सूतक वर्णन।
(३३) पृ० १५७ से पृ० १६१ तक—त्रतिंशोध्यायः।
वैतरणीदान विधि।
(३४) पृ० १६१ से पृ० १६८ तक—चतुस्त्रिंशोध्यायः।
कृष्ण वैनतेय संवाद, जन्मदेव सूचन।

No. 482. Ghoḍoṅ kā Ilāja. Leaves—90. Deposited with Paṇḍita Rāghavarāma, Teacher, Primary School, Āmāmaū, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—

पृष्ठ ५

चार बरस की उम्र तक घोड़े से काम न लेना चाहिये क्योंकि उस समय काम करने से जवानी में अच्छा काम नहीं कर सकते। सिर्फ लगाम का उनको अभ्यास कराना चाहिये।

दूसरा अध्याय

जिन्स और कुम्मेत का बयान॥ जिनके नाम नीचे लिखे जाते हैं वे घोड़े असली होते हैं—जैसे मगरबी, ताज़ी, अरबी, खुरासानी, इराकी, यमन, तुर्क,

तातार, खुतन, अदन, चीन, मा चीन, तूरान, काबली, काशमीरी, ईरानी और मराथल और जो हिंद में हैं वे ये हैं—कठियावाड़, भोटिया, रंगपुर, घोड़ा घाट. जहां कि छोटी खुंटी का होता है और इसकी ये आदतें हैं कि जब तक तुमे खबर्दार न करले तब तक न कानों को दबाये न दांतों से काटे न पुश्तंग मारे ॥

End :—

॥ तेईसवां नुकता ॥

जो घोड़ा मुंह जोरी करे उसका इलाज ॥ चिरचिरे को जला फिर इमली का पानी मिला दहाने को पांच छै बार बुझावे ॥ दूसरी ॥ लकड़ी का बाल मंगा कर छठीके होवे उन्हें गुलाब में पीस कर फिर उसी गुलाब में दहाने को सात बार बुझावे फिर उसी लगाम को लगावे ॥

॥ चौतीसवां नुकसा ॥

जो घोड़ा दो पैरों से खड़ा हो जावे उसका इलाज ॥ सवार को चाहिये कि तर कपड़ा अपने पास रक्खे जब घोड़ा खड़ा होवे तब पानी कान में निचोड़ देवे ॥ दो चार दफा ऐसा करने से आदत छूट जाती है ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ४ तक—प्रथम अध्याय लुप्त ।

(२) पृ० ५ से पृ० ३८ तक—जिन्स तथा कुम्मेत की पहिचान, अन्य रंगों के घोड़ों की पहिचान, घोड़ों के सौन्दर्य की पहिचान, शकलों की पहिचान, दोषों की पहिचान आदि ।

(३) पृ० ३९ से पृ० ८६ तक—बीमारी के ऐबों का बयान, बीमारियों की पहिचान; वात, पित्त और वायु की पहिचान; मूत्र परीक्षा, आंख की बीमारी तथा उनका इलाज, मुख संबंधी रोगों का इलाज, कोलास वामनी का इलाज, सुर्फा और सोना बंद आदि का इलाज, बेल बद नाम और बिनाम का इलाज ।

(४) पृ० ८७ से पृ० १२२ तक—किरम का इलाज, पट्ठे फड़कने; कांप करने, बोरहड्डी, इन्दमाल, बजरहड्डी, जानुप, हड्डी, मोतड़े, पुल्तक और चकवल का इलाज, बैजा और काने का इलाज, रसौली, सुम संबन्धी औषधियां—खुर्दगाह, कमर व पीठ के रोगों तथा सूजनों का इलाज, लिंग व दुम संबंधी रोगों की औषधियां, खुजली वगैरह अन्य प्रकार के इलाज नाक, दांत और जबान सम्बन्धी रोगों के इलाज, कुरकुरी का इलाज, तप का इलाज ।

(५) पृ० १२३ से पृ० १७० तक—दुआ और तावीज घोड़ों के बांधने, छोड़ने और खिलाने पिलाने सम्बन्धी कुछ आदेश । हाजमे आदि के चूरन व मसाले, कुछ जुलाब और दस्त बंद करने के नुसखे । बच्चे लेने और हमल कायम करने की तरकीब, आख्ता करने की तरकीब, मरहम बनाना ।

(६) पृ० १७१ से पृ० १८० तक—दलालों की बोलो और हिकमत।

(७) पृ० १८० से पृ०.....तक—लुप्त।

No. 483. Gītā Gadyānuvāda. Leaves—96. Deposited with Paṇḍita Durgā Prasāda Tivāri, Bandha (Varipāl).

Beginning :—चौपुत्र ॥ सोई तनै महारथो पांडवनको तरफ़ के हैं अरु हमारो कोइ केहै ते तुम सुनहु ॥ संजय उवाच ॥ तब संजय रोषो सुर राज धृत राष्ट्र ज़ुसों कहत हैं ॥ कै सुनौ हो राजा कौरोवन का स्यान्या विषैं सब दल ग्यारा छोहनो ज़ुरत भये ॥ छत्र धारो मुकट बंद राजा जर जोधनको तरफ़ ज़ुरैहैं कुर छेत्र विषै ॥ तिनमें महारथो कहो जत है ॥ ते तुम सुनहु ॥ तब राजा जर जोधन अरु राजा दुस्सासन और मग दंत राजा और राजा करन और राजा कीरत अरु राजा वरम अरु राजा संल। अरु राजा भोषम पितामह अरु दोना चारज गुरु सो इतने महारथो जर जोधन की तरफ़ भये ॥

End:—रात वादो काहूसों हेत वैरु न करै वन तप ॥ सांचो बोलै जाके बोले और कौ काज़ होइ अपुन पढ़ै और पै पढ़ावै सो वन रूप तप कहावै ॥ अथ मान तप ॥ मन प्रसन्न इन्द्री वस्य ॥ सत्य वादो मौजसो रहिजै तासो मान तप कहावै ॥ राजसो कहियतु है ॥ श्रद्धा कोनै फल कौऊन वांछो ये सातु कभाव तप कहिये ॥ अपने तपको बड़ाई करै दंभ लालचो सुताको राजसो तप कहिये ॥ अथ तामसो तपु ॥ हठ धर्म कीजै और कौ दुख होइ अपने सरीर कौ सुख होइ सो तामसो तप कहावै अथ तीनि भांति के दान क ... . ईति ॥

No. 484. Grahaṇo-kī-Pothī. From Samvat 1927 to Samvat 2012. Leaves—32. Dated in Samvat 1928 or A. D. 1871, Samvat 1931 or A. D. 1874. Deposited with Paṇḍita Badrīprasāda, Village Navīnagara, Post Office Laharapura, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ श्री पार ब्रह्मसच्चिदानंदायनमः ॥ सर्य चन्द्र ग्रहण लिष्यत। संवत् १९२९ वि० से संवत् २०१२ वि० तक ॥

चंद्र ग्रहण

संवत् १९२९ शाके १७९४ वैसाष १५ बुधे ५८। ५७। १०८ चक्र ३२ वारविः १। १०। ११। ४५ गः ५७। २८ चंद्र ७। १०। ११। ४५। ८। ३४। ३९। राहु १। २१। ११। २८ व्य. ११। १९। ००। १७ भुज १०। ५९। ४३ शर १७। १६६० चं।

वि० ११। १६। कु २९। ११ मा. ख. २०। १३ ग्रास २। ५७ स्पर्श। ५६। १० मोक्ष १। ४ चऽ ४। द. ग्राऽ. २। ५७। ५। ५४

सूर्य ग्रहण

संवत् १९२९ वि० शाके १७९४ अष्ट ३० गुरौ ४। ४ऽ. १२३ चक्र ३२ रविः १। ३३। ३५३। ५७। १३ चद्र। १।२३। ३। ५३।७४। ३। २१॥ राहु १। २० २७। ४। व्यः २। ३६। ४२ लंबन ३। ३१। सू. स्पष्ट शरद। २४ द. सू. वि. १०। २४ चं वि, १०। ३ मा. ख १०। १३। ग्रास ३। ४९ स्पर्श ५८। ३९ मोक्ष. २। ४० व ऽ. ३। २४ उत्त आशा. ४। ४४। ४। १६

End :—

सूर्य ग्रहण

संवत् २०१२ साके १८७७ आषाढ़ ३० सो० मो० ११। ३८ऽ. २३। ३९ च रविः २। ४।४२। ५२ गतिः। ५७। २ चं. २। ४। ४२। ५२ गट। ५। २ रा.। ८। ३। ९। ६॥ व्य. गु.। ६। १। ३। २। ४६ वि भौन। ६९। ९ लं. २। ३५ सू. स्य. ८ शर ५। १३ या न्य सू. वि० १०। २१ चं. वि. ११। ३१ मा. स्य. १। ५७ ग्रा. ५। ४४ स्थि. २। १६ स्प. । ५। ५१ मोक्ष १२। ३९. व. ऽ २। ५८ उत्त आ. ५। ३६॥

चंद्र ग्रहण

संवत् २०१२ शाके १८७७ कार्तिक १५ भौमे. ३९। १८ ऽ २५. १ चक्र ३९ रविः ७। ७ ३१। ४६। ५६. । ५५ चं. १। १३। १०। ५६ ग. ८४९। ४७ राहु ७। २४। ३२। २५ स्यः १७। १८। ३८। २० भुज ११। २१। ३९। शर १७। ५१ या. चं. ११। २९ कु २९। २३ मा. २०। २६ या. २। ३५ स्थि २। १७ स्य. ३७। २१। मोक्ष ४१। ५५ बल. १। ३७ उ. आ. शा २। ५॥

इति ग्रहणावली संपूर्णम् समाप्तः लिषतं हरदोई निवासी पंडित ज्ञासीराम सं० १९३१ वि.।

Subject :—संवत् १९२९ वि० से सम्वत् २०१२ तक के सूर्य और चंद्र ग्रहण वर्णन।

No. 485. Grahaṇo kī-Pustaka. From Samvat 1929 to Samvat 2012. Leaves—40. Dated in Samvat 1928 or A. D. 1871—Samvat 1934 or A. D. 1877. Deposited with Paṇḍita Gaṅgāviṣṇu Jyotishī, Village Banthara, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः । श्री पार ब्रह्म सच्चिदा नंदायनमः । सूर्य चन्द्र ग्रहण लिष्यतेः ॥ चन्द्र ग्रहण संवत् १९३९ शाके १७९४ वैसाष १५ बुधे ५९ । ५७ । १०८ चक ३२ ता रवि १ । १० । ११ । ४५ ग. ५७ । २७ चन्द्र ७ । १० । ११ । २७ ॥ ८३४ । ३९ राहु । १ । २१ । ११ । २८ ·अ. । ११ । १९ । ०० । २७ भु. १० । ५९ । ४३ शर १७ । १६ । द · चं · वि · ११ । १६ कु · २९ । ११ म · चं · २० । १३ ग्रास ३ । ४९ स्पर्श ५८ । ३९ मोक्ष २ । ४७ व ं ड ं ३ । २४ उत्त आशां २ । ५७ । ५ । ५४ ।

सूर्य ग्रहण संवत १९२९ शाके १७९४ जेष्ठ कृष्ण ३० गुरो ४ । ४७ १२३ चक ३२ रविः १ । २३ । ३५३५७ । १३ चं · १ । २३ । ३ । ५३ । ७४ । ३ । २१ रा· १ । २० । २७ । ४ व्यय २ । ३६ । ४९ । लंवन ३ । २१ ऋ स्पष्टशर ६ । ३४ द· सु वि १० । २४ चं · वि · १० । ३८ प्रा· ख १०७ । २३ । ग्रासं ३ । ४९ स्पर्श ५८ । ३९ मोक्ष २ । ४७ व· ड ं ३ । २४ उत्त ४ । ४४ ४ । १६

End :—(चंद्र ग्रहण) संवत २०११ वि · शाके १८७६ अषाढ़ १५ बुधे । ३४ । ७२ चक ३९ रवि २ । २९ । २६ । १४ गतिः ५७ । चं · ८ । २९ । २६ । १४ गति ७७९ । ५३ रा । ८ । २१ । ७ । ४७ व्यगुः ६ । ८ । १८ । २७ शर १३ । २ यामा चं० वो १० । ३२ । कुं २६७४४ मा ख १८ । ३८ प्रा० ५ । ३६ स्थि · ३ । २० स्प० ५६ । ५८ मो० ३ । ३८ च०७१ । १ द · आशां ४ । १८ अस्तास्तम् ॥

(चंद्र सूर्य ग्रहण)

सं० २०१२ शाके १८७७ अषाढ़ ३० सौमे ११ । ३८७ ·२३ । ३९ चं० वि· २ । ४ । ४२ । ५२ । ग · ८५० । २ रा · ८ । ३ । ९ । ६ । व्यगु ॥ ६ । १ । ३ । २ । ४६ त्रि भोन ६९ लं · ९ । २ । ३५ सु · स्य · ८ शर ५ । १३ याम्य सु वि · १० । ११ चं · वि · ११ । ३१ मा · चं · १० । ५७ प्रा · ५ । ४४ स्थि · २ । २६ स्प ५ । ५१ मो · १२ । ३९ व ं ड ं २ । ५८ उत्त · प्रा· ५ । ३६ ॥

(चंद्र ग्रहण)

सं० २०१२ शाके १८७७ कार्तिक १५ भौमे ३९ । १८ ड · २५ । १ चक ३९ रवि ७ । ७ । ३१० । ४६ । ५६० । ५५ चं · १ । १२ । १० । ५६ ग · प ४२ । ४७ राहु ७ । २४ । ३२ । २५ व्य · १७ । १८ । ३८ । २० भुज ११ । २१ । ३९ । शर १७ । ५१ या चं वि ११ । २९ । कुं · २३ मा · २० । २६ प्रा २ । ३५ स्थिर २ । १७ स्य · ३७ । २१ मो० ४१ । ५५ बु· ल · १ । ३७ उ · आशां २ । ५ ॥ इति श्री लोकोपकारार्थ कृत ग्रहणा वली समाप्त मितो माघ सुदी १५ सं · १९३४ वि० ।

Subject :—संवत् १९२९ से संवत् २०१२ वि तक सूर्य ग्रहण वर्णन ॥

No. 486. Haratāla Śodhana. Leaves—8. Deposited with Umāsankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—हरतार लेइ तावकी पांच पन सूत एक पल यहि विधि घालु। खल डारि घसि कलो करै एक पहर ज्यो अति घरराइ ॥ ता पाछे नीबो के पान नीर काढ़ि कै छान॥ वास सो घरै यहि भांति बारह पहर जाइ जब बीति। बहुरि सुपै कै सीसो भरै। मुद्रा कै पुनि सुपन धरै। यंत्र बालुका में सो धरै। आगि पहर द्वै मदो करै पुनि चढ़तो चढ़तो देइ आगि। सोइ पहर रैन दिन जागि आठ पहर जो छौ वैन को ऐसे सीसो सीतल होइ। तब सीसो देखिये उतारि सातु पासे डरि लागै नारि। लीजै फेरि कहरो फारि फिरि वाही रस खल बहोरि परलै फेरि पाछिलो मर जाद। संख्या तैसो कही है आदि।

End :—याको है पन्द्रह को आगि पुनि औषधि उडि लागै नारि। बहुरि पलकै ग्यारह जाय ग्यारह यह आंगि दे काम। इहि विधि पहर व आगी चौदह सीसो वैसोइ। यहि विधि तार तन सिंध जो होइ चौदह दिन तंदुल भरि खाइ नासै कुष्ट बुरो बताई। तीन्यो ज्वर तेह संब्यपात ॥ अपस्मार छिन लागै आत और बात चौरासो जाइ खाए ते सब नासे तेते। जे सुभ कर्म होइ ते तने। सबे स्वेत हार के विघ्नै जो तहरि बैठै हरतार तो नीचे टूटै करतार ॥१॥ लैहसार तार टंक चालीस। धात्री गंधक मासे २० दोऊ बांटि जु रत कै धरै। घृत सानि कै चढ़िया करै। चुपरि लुहेडा धरिये माहि दस पल घृत में लिये ताहि। आगो धरो द्वै मदो करै पुनि उताकै सीसो भरै। जावरातो दोसे हरतार तब उतरि कै पानी घालु। ताल केरिया नाम याके खाये बाढ़ै काम तेह सन्य चौरासो वा और बैगैर रक्त विकार ॥२॥ अथराग विधि महा-रागु भरिये ऐसे सामानि को बरनो तैसे। रागु धरिया देइ चढ़ाइ ॥ तामें दै ऊजवाइनि आइ। डाख लकरिय हारो सो प्रहर द्वै मै भस्म जो होइ। ऐसो भांति मंगल जानि ऐसेई अविलो को छाकाटि २ कै अपरा घालि उजल मांहि होइ गो बंगु या खाये वनिता सो रंगु। राग पत्र कीजै पातरै। सोय व चिथरन मौलै धरै पुरत परन लै वेढै ऐसे गेद करै राग पल ५ चिथारा पल ९०।

Subject :—हउगल के शोधने की विधि।

No. 487. Hastarekhāvichāra. Leaves—3. Deposited with Rāmaprasāda Muraõ, Village Purāvisrāmadāsa, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री मते रामानुजायनमः

अथा तः से प्रवक्ष्यामि हस्त रेषा विचारणं ॥ दक्षिणे पुरुष स्यैव वामे वाम करस्तथा ॥ १ ॥ शिवो तंतत्र सामुद्रं कर रेषा शुभा सु शुभं स्त्री पुरुषो वापि

सामुद्रिक लक्षणं जया ॥ २ ॥ जस्य मीन समा रेषा करम सिद्धि श्व जायते धनाढ्यस्तु सविज्ञेयो वहु पुत्रै न शंशयः ॥ ३ ॥ तुला ग्राम तथा वज्रं कर मध्ये च दश्यते तस्य वनिज्य सिद्धिस्या त्पुरुषस्य न शंसयः ॥ ४ ॥ पद्म चांपादि खड्गं च अष्ट कोणादि स्त्रियो पुरुषो वापि धनाढ्यस्य सुखो नरः ॥ ५ ॥ शंख चक्र ध्वजा कारो गदा कारोच दश्यते सर्व विद्या प्रदानेन बुद्धिमान नसे भवेत् ॥ ६ ॥

सात आदि अरु अंत दस, इतन शंख लषाय।
राजा कहिये दास को, चलै निशान बजाय ॥ १ ॥

एक सोप धन वंत नर, चारों ताही जानि।
चारहु ते जो अधिक है, महा तेज सो मानि ॥ २ ॥

पहुंचा रेखा एक राजा गति जानिए।
पहुंचा रेखा दोय वकता वषानिए।
पहुंचा रेखा तीन महा सुषधाम है।
पहुंचा रेखा चारि दरिद्री नाम है ॥ ३ ॥

॥ दोहा ॥

हरिअर नष जा पुरुष को, सो पापी जिय जानि ॥
सदा दुखी वह नर रहै, सामुद्रिक मत मानि ॥ ४ ॥

जासु पुरुष को सुरुष नष, तेजवंत सो होइ।
महा दुखी सो जानिए, आसित रंग नष कोइ ॥ ५ ॥

× × × ×
× × × ×

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० २ तक—संस्कृत में हस्तरेखा का फलाफल वर्णन।

(२) पृ० २ से ३ तक—हिन्दी भाषा में उक्त विषय का पद्यानुवाद।

(३) पृ० ३ से ४ तक—संस्कृत में कन्या तथा स्त्री की हस्तरेखाओं के फलाफल का वर्णन।

(४) पृ० ५ में—मणिबंध नामक हस्तचित्र।

No. 488. Hitopadeśa. Leaves—54. Deposited with Rāmagopāla Vaidya Muraū of Alīkātāla, Post Office Pariyavā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—

दोहा—भावी मिटै न भाव को, कारन कहेन पाय।
नील कंठ नागे फिरैं, अहि सोवत हरि आय ॥

विद्या वित अरु आयुवल, मरन जन्मये पांच।
गर्भमये विधि लिपत है, नर नारिन के सांच।
अनहोनो होनो नहीं, होना होय रहै न।
यह चिंता विष हरु बढ़गो.....दपये....न।

॥ चौपाई ॥

जो कारज को आतम होई। यहि विधि बचन कहैगो सोई॥
अरजन करत आयु अलसाई। ताको संपति रहै न जाई॥
येक चाकुगत रथनहिं होई। पुरुषा रथ धन लहै न कोई॥
पूर्व जन्म कियो सो धर्मा। सोई भाग्य कहावै कर्मा॥
ताते भाग्य चहो अनुकूल। जतन करो पुरुषारथ मूल॥
ज्यों माटी करता कर लेइ। कोन्हौं चहै सोइ करि देई॥
यह उपमान लोग सब गावैं। जैसा करैं सोतैसा पावैं॥

॥ दोहा ॥

भाग्य भरोसे मंद कह, पुरुषारथ तजरोष।
जतनकिहे जो ना मिलै, तो ये है निज दोष॥

End:— पृष्ठ—१०८

राजा कहो कथा यह कैसो। वायस कहो सुनौ है जैसो॥
कहुं येक वन पन्नग रहै। मंद विसर्प नाम तेहि कहै॥
सो असक्त भपु ठेठि न सकै। परयो ताल तीरहि सब तकै॥
देषि दुरि दादुर कह्यो। क्यों परिवर अब सन तुम गह्यो॥
कहो सांपु सुनि दादुर जैसे। मंद भाग मेरो यह है....॥
पुनि दादुर सादर ह्वै कहो। कहो कहां मनमें तुम गहो॥
वृथा कहन पन्नग तव लई। जो अपने सुभाव ते भई॥
बसै ब्रह्म पुर कौड़िय नाम। ब्राह्मन ब्रह्म तेज को धाम॥
बीस वर्ष को वाको वालक। मद काटा सब गुन को पालक॥
तब्बन मुये किये द्विज सोक। आये सुनि सब बंधन लोक॥

रन में दुष में दुभिष में,
राज दुआर मसान।
बाढ़ै बैर विरोध में,
टिकै सो बंधु प्रमान॥

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० २ तक—लुप्त ।

(२) पृ० ३ से पृ० ६ तक राजा का विष्णु शर्मा से अपने पुत्र के मूर्खत्व को समझाकर उसके विद्याध्ययन संबंधी प्रस्ताव को रखना। विष्णु शर्मा की स्वीकृति तथा बालक को विभिन्न कथाओं का सुनाना। राजनीति की कथा सुनाने की प्रतिज्ञा।

(३) पृ० ६ से पृ० ३८ तक मित्र लाभ की कथा। वायस, कपोत, मृग तथा चूहे की मित्रता के लाभ की कथा।

(४) पृ० ३८ से पृ० ६८ तक—सुहृद भेद। वृषभराज तथा मृगराज की कथा।

(५) पृ० ६८ से पृ० ९६ तक—विग्रह की कथा, तृतीय प्रबन्धः—चित्रवर्ण मोर तथा राजहंस की कथा।

(६) पृ० ९७ से पृ० १०८ तक—संधि कथा वर्णन (अपूर्ण)।

(७) पृ० १०९ से आगे—लुप्त।

No. 489. Hori. Leaves—20. Deposited with Paṇḍita Lakshmīkānta Koṭhīvāla of Basuāpura, Post Office Lakshmīkāntaganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :— होरी ॥

साधि चलौ तुम स्हामरो जग होरी मचि रही है भारी ॥
किम पाषंड लये कर मे डफ हौ वड़ड़े वड़की तारी ॥
त्रिगुन तार तमूरा साजे आस तिसुना गतिधारी ॥
पाप पुन्य दोउत पिचकारी छोड़त हैं बारी बारी ॥
जे नल सन मुष होकर पेलै तिनकौ छींट लगी कारी ॥
लोभ मोह अभिमान भरे लै गंगा ऊपर डारी ।
राजापरजा जोगी तपसी भीजि रही सबहा सारी ॥
कुबुधि गुलाल डार मुष मोड़ी काम कला पुटरी मारी ॥
जुग जुग पेलन यौं चलि आई काहू सौं नाहीं हारी ॥
जड़ चेतन दो रूप सम्हारे एक कनक दूजे नारी ॥
पांच पचीस लये संग अबला हंसि हंसि गावत है गारी ॥
चुनुरा नल दै फगुआ छूटै मूरष कौ लागत प्यारी ॥
चरनदास सुपदेव कहत हैं निरगुन ग्यान गलो न्यारो ॥

End :— ॥ होरी ॥

होरी पेलत कुंज बिहारी हो हो बिहारी ॥
सघन कुंज बन सोवट फेट छुरि आई ब्रजनारी ॥

हंसि मुसिक्यात कहत प्रीतम सौं खेलहु फाग खिलाड़ी ॥
खिलाड़ कहावत मारी ॥ चोवा चंदन अतर अरगजा ॥
कुम कुम केसर मारी अबीर गुलाल लिये भर झोरी ॥
कर कंचन पिच कारिरी चले सनमुष बनवारी ॥
तकि ओर चोट करत कुम कुम की भिजवत अंगरंग सारी ॥
मानहु जलद घटा भर भादौं बरसत अति सुष कारी ॥
संग सब गोप कुमारी ॥
ब्रह्मा नंद मगन मनमें हंसि राधा जुगति विचारी ॥
गहि किन लेहु वेगि मन मोहन भाजे नहिं जाहि मुरारी ॥
करौ बस मैं हितकारी ॥ छनकर कपट गहें नंद मनन ल्याई झुंड मझारी ॥
बेंदो सिर हग अंजन आजौ निरंजन मांग सम्हारी ॥ नचावत दै दै तारी ॥ फगुआ
लेउ कहत हरि हंसि हंसि जो मन आस तुम्हारी ॥ दरस बरस चाहत हरि अंतर
कोविद आस तुमारी करहु कबहुं मति न्यारी ॥

Subject :—

पृ० १ से ४० तक—विविध सन्तों द्वारा रची गई होलियों का संग्रह।

No. 490. Hridaya Prakāśa. Leaves—16. Dated in Samvat 1779 or A. D. 1722. Place of deposit B. Rāma Manohara Bichpuriyā, Purānī Basti, Katni Murwārā, Jubbulpore (C. P.).

Beginning :—श्री जुगल कीशोरराय नमः श्री हिदे प्रकाश ग्रंथ लिषिते ॥

दोहा—उदें साहि के सुतभए ॥ प्रेम चंद आनंद ॥
तिनके भुष भागोत हुंव ॥ तिनको चंपति नंद ॥ १ ॥
चंपति संपति जक को ॥ लीन्हे दीन्हे दांन ।
गाहें दाहें मुलक सब ॥ साहनि सुकरि आंन ॥ २ ॥
चंपत के छत्र शालउव ॥ तागुन अपरं पार ॥
मारन कलि अग्यांन कौं ॥ भयो ज्युं बुध अवतार ॥ ३ ॥
प्रान नाथ सनाथ कीय ॥ छत्र शाल सुत जान ॥
हिदें हिदें शाहे कें ॥ दीन्हो भक्ति निदान ॥ ४ ॥
अथ सत गुरु श्री देव चंद वरनंन ॥ दोहा ॥
उमर कोट जह नगर है ॥ दिसा पछिम सुभ धाम ॥
दया धरम अति नरन कें ॥ संत लेत विसराम ॥ ५ ॥
का पथ कुल में प्रगट हुव मत्तू महता जानि ॥
श्री देव चंद तिनकें भए ॥ धाम वासना आनि ॥ ६ ॥

End :—वेद कहत बुध ग्यान कूं , देषत लगत भयान ।
अति गभीर गहरो कह्यो , काहूतें नहीं जान ॥ २५२ ॥
अरु समया सों कहत हैं, सब पर एकइ दृष्ठ ।
विसद भाव तातें कहैं । सब के बोधक ईष्ट ॥ २५३ ॥
अद्वैता कहते दूसरे । दूसर सोहन और ।
ज्याकूं जैसो ग्यान है । ताकों वल तिहि ठौर ॥ २५४ ॥
× × × ×
संवत सत्रे से सहि । प्रगट उनाशी शाल ।
बसंत पंचमी माघ को , पूरन ग्रंथ कृपाल ॥ २५६ ॥
माया पुरी मुकाम है , सब विधि अधिक अनूप ॥
ताही में दस दिसन के , बसत पर्म को भूप ॥ २५७ ॥
संपूरन शुभ मस्तु रचो लिष्यों जो ग्रंथ बनाई ॥
प्रेम नेम श्री कृष्ण पग श्री हृदेस गुन गाई ॥ २५८ ॥
गर्थ सपूरन ॥ श्री श्री श्री बाबा बेनोदास के चेला ।
श्री श्री श्री बाबा लालदास ॥ तिनके चरन रज श्री बाबा
स्याम दास कृपा तिनको ॥ लोपतं गर्व संपुरन समा पतस ॥ २५९ ॥

Subject:—सृष्टि निरूपण तथा आत्म ज्ञान का उपदेश ॥

No. 491. Indrajāla. Leaves—12. Deposited with Ṭhākura Badrisiṁha, Jamīdāra, Village Khānīpura, Post Office Tālābabaksī, District Lucknow.

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ इन्द्र जाल लिष्यतेः असुनी नक्षत्र पाइ सुनु बार बारहि बारबोखस जो अंगुल लाऊ कलार घर धरि आऊ । तुरत विनिसि मह जाय ७ अंगुल जो द्वादस जान । करि लेहु सुजान प्रमाण ॥ पटवा के घर धरि आवै तब पटवा रुमिर जाई । कह इन्द्रजाल सुनु भाइ सुनि लेहु कविन की राइ । भरनी नक्षेत्र करोल अंगुल एक कोल घरु न ऊका बीच मध्य भलाई । तब नऊका पार न जाइ । यह गुप्त मंत्र विचित्र सुनु रापु अपने चित्त कतिका नक्षत्र मद नाई । जम्बू को लकडो लायू, केतिको करै उपाइ । नहिं ताव आवै सुद्ध कछू न लागी हाथ ॥

End :—आषाढ़ नक्षत्र कह जम्बक बांदा लाइ । कटिबांधो नर अपने गुल्म बवासोर जाइ । अब सुनु श्रवन नक्षत्र कह वर बस बांदा मित्र बांझ पियन कह दीजिये गर्भ धरै सुनु चित ॥ ३९ ॥ सुनहु धनिष्ठा कर अब भेवा । मुनि सन विहंसि कहहि हरिदेवा जब कर बांदा बहु सुख भाषा । बृहतो शिव गृजासन मन भाषा बाधो हाथ धनो पुनि होई । जानै चतुर मनुष्य जो कोई । और रोहणी

कर भेद बतावौ। सुनु मुनि तुम सन कछुन दुरावै ॥ मदुया कर वादा लै आवै शिउ रात्री कह आनि जगावै ॥ कटि बांधो स्त्री लै जवहो। स्वम न होय सुनहु मुनि तवही ॥ दोहा ॥ उत्रा नक्षत्रहि आनिये। पीपर बांदा सोय।

लै बांधे कह आनि नर रक्षा मोहन होय ॥ अनुराधा

No. 492. Indrajāla (Mantrāvalī). Leaves—43. Deposited with Paṇḍita Vindheśvarī Prasāda Miśra, Teacher, Saṁskṛita Pāṭhaśāla, Village Goṇḍa, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री गनेस जी सहाये श्री सरस्वती जी सहाये श्री काली जी सहाये। श्री पोथी इन्दर जाल मंत्रा वली लिख्यते ॥ मंत्र जपने की विधि ॥ इन्ह मन्त्रों को जब कोई मनुष्य किया चाहे तो उसको चाहिये कि पहिले अपना बन्दोबस्त इस तरह से करे कि जहां मंत्र जपे उस स्थान में दूसरे मनुष्य को न आने दे और अपने चारों तरफ़ धूप दीपक और अतर मीठा रक्खे फूल पान और इस मंत्र को पढ़के अपने ऊपर फूंकले और तीन लकीर पैंचले और जब तक मंत्र को जपै आसन से न उठे और न किसुसे बोलै और न उस कुंड लकीर से बाहर निकले फिर मंत्र का जब जप पूरा हो जाये उस वपत जो वीर बोलै तो उसका उत्तर देना चाहिये।

मंत्र

हांथ बसे हनुमंत भैरों बसे लिलार जो हनुमत टीका करै मोहै जग संसार ॥ जो आपै मारमार करंता सो दीपै पांथल सेता हनुमंत वीर पंजादे रहे महम्मदा वीर छाती तोड़े उगनो आ वीर मारन्त समंत करे नारायन सोंध वीर प्रगट साजे भैरों वीर को आनकीरती रहै जो हमारे ऊपर घाव घालै उलट हनुमंत वीर उसी को मारै जल बांधु थल बांधु बांधु अंतर ताया मन बांधु तन बांधु बांधु कुटुम और काया चेत चेतरे प्रानी हनुमंत वीर आया ताइ तरफ सवाई तपै लोहा कच पड़े धाइ लाल चक चंकी असमान छाया। हांक ललकार हनुमंत को अगिनि पानी हो जाय महाराजाधिराज बाब साहिब सत्य के पुत धर्म के नाती तुम्हारा हो आसरा है

End :— ॥ राज बसी करनम् ॥

ओं नमो भास्कराय त्रैलोक्या तमने अद्भुके महीपते मम वस्यं कुरु कुरु स्वाहा

॥ विधि ॥

रूख के पुष्प रविवार को लाये इस मंत्र को पढ़िके पुष्प को राजा को पवावे तो बसी होये ॥ इति ॥

श्री पोथी इन्द्रजाल संपूरन समाप्त जो पत्र में देषा सो लिषा मम दोष न दीजिये पंडित जन सो विनती मोर टूटल अच्छर लंब समजोरी: दसपत दे देआल-दास का मोकाम कलकत्ता जान बजार केरी स्कूल स्ट्रीट ११ नंबर दोकान के मालिक पंचमराम कुरमी ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ९ तक—मंत्र जपने की विधि। बला से बचने का मंत्र और उसकी तरकीब। वीर सिद्ध करने का मंत्र तथा उसकी विधि। चौकी मोहमदा वीर की और उसकी तरकीब। इस चौकी के उपयोग। चौकी सैकाबीर, विधि तथा उपयोग सहित।

(२) पृ० ९ से पृ० १८ तक—वीरों का जंजीरा, विधि तथा उपयोग सहित। भैरों की चौकी। जिन्नों तथा नबियों की हाजरात। नाहर चोर तथा बिच्छू आदि बांधने का मंत्र। मुठी पीर की चौकी। चौकी हनुमन्त वीर, डाँकिनी आदि बकराने (तलगने) का मंत्र। मंत्र सर्व सुख दाता। सर्वोपरि मंत्र-तंत्र। मंत्र देह रक्षा का। मंत्र इन्द्रजाल।

(३) पृ० १९ से पृ० ४० तक—रसायन का मंत्र। ऋद्धि-सिद्धि का मंत्र पृथ्वी में धरा धन दीखने का मंत्र, पृथ्वी खोदने का मंत्र तथा तरकीब। मंत्र देह रक्षा का जाप। मार्ग में सांप, चोर, नाहर से बचने का मंत्र। मार्ग बाघ के बांध देने का मंत्र, आफत टलने का मंत्र। हग बंधन का मंत्र। मेघ स्तंभन मंत्र। उद्यम प्राप्त होने का मंत्र। दरिद्रता नाश करने का मंत्र। रोजी प्राप्ति का मंत्र। किये कराये के उतारने का मंत्र। रक्षा मंत्र। समस्त पीड़ा का मंत्र। दांतों के कीड़ों का मंत्र। नेत्र की फूली कटने का मंत्र। नेत्र की रोशनी करने का मंत्र। नेत्र दुखने का मंत्र। नेत्र रोग का मंत्र। पेट की पीड़ा का मंत्र। डाढ़ की पीड़ा का मंत्र। प्लीहा का मंत्र, पसली पीड़ा का मंत्र। गर्भ स्तंभन मंत्र। बवासीर का मंत्र। अन्न पचने का मंत्र। आधा सीसी का मंत्र। जहर उतरने का मंत्र। नगरा का मंत्र। बिच्छू का, बावले कुत्ते काटने का मंत्र। गाय भैंस के कीड़ों का मंत्र। सांप काटने का मंत्र। मार्ग में आराम पाने का मंत्र।

(४) पृ० ४१ से पृ० ६४ तक—पशु का कीड़ा झाड़ने का मंत्र, पैर थकने का मंत्र। शत्रु मुख बंधन मंत्र। सर्व मोहनी मंत्र। सुई छेदने का मंत्र। बवासीर फूटने का मंत्र। बाजीगर के तमाशे का मंत्र। कढ़ाही बांधने का मंत्र। हांडी में आग न लगने का मंत्र। तुपक बांधने का मंत्र। तलवार बांधने का मंत्र। घर बांधने का मंत्र। घाव पुरने का मंत्र। अनी बांधने का मंत्र। भानमती के अन्य खेल। अग्नि बुझाने का मंत्र। जंत्र मंत्र और तंत्र तीनों के दूर करने की तरकीब। रोजी मिलने तथा धन की वृद्धि होने का मंत्र। रोजी व धन बढ़ने का मंत्र। वृद्धि कारक मंत्र। लक्ष्मीजी का मंत्र। कमच्छा का मंत्र। कुबेर का मंत्र (ध्यान

सहित)। मनसा सिद्ध करने का मंत्र। व्यापार सिद्ध करने का मंत्र या व्यापार के द्वारा धन प्राप्ति का मंत्र। उपद्रव नाशक मंत्र। उपद्रव नाशक मंत्र छंट कारिणी। सहदेई कल्प मंत्र। विद्या का मंत्र। पढ़ी हुई विद्या न भूलने का मंत्र। मंत्र उचिष्ट गणपति। स्वप्न में कृष्ण का मंत्र। कुश्ती जीतने का मंत्र। कीर्तिवीर्य्य का मंत्र। रुद्र का मंत्र। गणपति का मंत्र। कर्ण पिशाचिनी का मंत्र।

(५) पृ० ६४ से पृ० ८६ तक—अष्ट गंध की विधि। दस मंत्र संस्कार। वटुक मंत्र। सरस्वती मंत्र। जुवा बदी का सर्वोपरि मंत्र। बगला मुखी मंत्र। (न्यास, ध्यान तथा मंत्र सहित)। ज्वालामुखी का मंत्र। महालक्ष्मी का मंत्र। नजर का मंत्र। मूठ थामने का मंत्र। भूतादिक दोष निवारण मंत्र। गंडा बनाने का मंत्र। परियों का खलल दूर करने का मंत्र। किये कराये की रक्षा का मंत्र। भूतादिक दोष निवारण का अन्य मंत्र। ज्वर मंत्र। नकसीर थामने का मंत्र। आंख दुखने का मंत्र। सर्प काटे का मंत्र। मृगी का मंत्र। दांत के कीड़े का मंत्र। आधा सीसी का मंत्र। बनवासी की रक्षा का मंत्र। जादू उतारने का मंत्र। राज वशीकरण।

No. 493. Indrajāla-Vidyā. Leaves 22. Deposited with Paṇḍita Bhālachandrajī Miśra of Śītalanaṭolā, Post Office Malihābāda, District Lucknow.

Beginning :—श्री गणेशायनमः॥ अथ इन्द्रजाल विद्या लिष्यते॥ दोहा॥ इन्द्रजाल विद्या कहौं सुनियों चतुर सुजान। मारन मोहन वसि करन और उचाटन जान॥ १॥

चतुर होइ सो करै नर करै सो चुके नाहि। चूकि जाइ तौफेरि नहि बचै न याही ताही॥ २॥ चौपाई॥ विद्या इन्द्रजाल को करै धीरज धरै नयन में डरै॥ मारन मोहन सबै करावै। अपुहि आप बचै औ बचावै॥ फेरि उड़न विद्या उड़ि चलै। कोइक फूल अन रितु में फलैः वसी करन उचाटन जानै॥ कोई पैठ पतालहि पावै। कोई आधे सर्ग उठावै॥ कोई करै दिवाना सोई। सब काने देषै कोई बाग बगीचा देषै॥ कोई जाइ उर्वसी पेषै॥ कोई जल ऊपर जो धावै। कोई अनरिक फल जो पावै॥

End:—अथ स्त्री को नंगी करने की विधि॥ जो कोई इस्त्री मान करै जब तब ऐसी विधि कीजै॥ आदित वार शनिचर हो वे कच्चे डोरा लीजै। चिर चिरौटा लगा लगावै संगत करै जो जबही॥ तब डोरा में गांठ तई दै जै वेर लडौ जो तबही॥ वह डोरा को धूप देइ कर अग्निन महि परचावै॥ वह डोरा रास्ता मे डारै जब वह कामिनि जावै॥ लहंग नधत छूटि परै जब कोटि जतन

कर बाधै ॥ वह नहीं बधै बधाये कबहूं सबद गुरु का साधै लैटि फेरि जाइ डोरा को लहगा बांधि जो पावै ॥ ऐसा जतन दूजे से न कहिये आप जाइ कर धावै ॥ मंत्र मूत्त प्रेत क हनुमंता चलवंता गात कंथा माथे बज्रइक कोटो यलो हाकी लठो सूने को धानो हफ फिरै हनुमंत वृत ओ भोम मार भूत मार प्रेत मार डाकनो साकनो मार बड़ा वीर मसान मार पाताल मार जो न मारै तो माता अंजनी दुध पिया हराम करै अथवा कलाहल अपनो कपाट पूजालो जै अपाना अलध्याय न अंग ध को ॥ इति इन्द्रजाल ॥

Subject :—मारन विधि, अन्य मारन विधि, मारनविधि मंत्र, मोहन मंत्र, उच्चाटन मंत्र, वशीकरन मंत्र, काल भैरव इन्द्रजाल, रिद्धि सिद्धि विधि, कोठी फरन विधि, अलोप अंजन, दीवाना करने को विधि, बैरी को दवा देना, स्त्री को जुवतइकंगी, दरियाव भीतर पैठने को विधि, पानी में नाव थमने को विधि, मर्द वशीकरन, स्त्री को नंगी करने को विधि ॥

No. 494. Jantramantra. Leaves—11. Deposited with Paṇḍita Ramākānta 'Prakāśa', Village Baṇḍā Gaḍavārā, District Pratāpagaḍh (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ ऊं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रः ॥ वा वा दि नि ॥ सरस्वती मम बुद्धि प्रकास कुरु कुरु स्वाहा ॥ अनेन मंत्रेण सहस्र जाप्यं करोति ॥ तद सांस होम ॥ दसांस त पहा दसांस मार्गसा ॥ सर्व सिद्धि भवति ॥ जरामृत्यु सनि भवति वश बाधस्य प्रतिमः भवतिमः भवति प्रति दिनः अष्टोतर १८ ॥ माप्यं कुरु इति सरस्वती मंत्रः ऊं भुर्भुवः क्लीं क्लीं सो सो फट स्वाहा ॥ आसन उपदेश मंत्र ॥ कृष्णयनमः ऊं ह्रीं ह्रीं सूय श्चंद्रमा मे सुध मन कृते भ्यः पापायः रन्जितांभ्यः स्वाह ॥ जप्य अपोत्तर सत ध्रों ध्रों ध्रो ध्रो ततः नमः नामः स्वाहा तीनि वेर पढ़ै चारों दिसा ताके वाऊ प्रवेस होइगा ॥

End :—सात सरिसो तेरह राइ नौ सय योगिनि देपि डेराय चंदा दे चंदा देपि मुप धोवै सूर्य अस्त करौ गरास जो जो मोको चित्त-वैसो सो पावै त्रास सभा बइठि कै बोलै दाव जिहि मारो-नरसोंह के थाप जोगनी माता ईश्वर उवाच मेरो भक्ति गुरु को पाय सरणा ॥ देवो सहाय ॥ अगर चंदन कस्तूरी गोरोचन चूर कपूर सो भोजपत्र पर लिप मनोरथ पूर्ण होय ॥

× × ×
× × ×

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ९ तक—सरस्वती मंत्र, खगद्राक मंत्र, जंत्र (बालक के गले में बांधने के लिये) गर्भस्तंभन, स्त्री वशीकरण, पंन्द्रहो जंत्र ।

(२) पृ० १० से पृ० २२ तक-आंख का मंत्र, अर्ध कपारी का मंत्र, अर्जुन दस नाम, गौ को व्याधि का मंत्र, उच्चाटन विधि, पिशाच मंत्र, गर्भस्तंभन ।

No. 495. Jantrāvalī. Leaves—33. Deposited with Paṇḍita Vindheśvarīprasāda, Teacher, Saṁskṛita Pāṭhaśālā, Village Gauḍā, Post Office Mādhoganja, District Prātapagaḍha (Oudh).

Beginning :—





मूल नक्षत्र रविवार को इस जंत्र को भोजपत्र में अष्टगंध से लिख के स्त्री के बाएं हाथ में बाँध दे तो गर्भ स्थित रहे गर्भ नहीं गिरे पुत्र होय ।

इस जंत्र को कागपंख से मेढ़े के रुधिर से मसान के कोयले से मुरदे के कफ़न पर लिखे वा मसान के बांस पर लिखे ।

विधि—पूरब को पृष्ठ करके चौराहे के राह में सात अंगुर नीचे गाड़दे तो दोनों मित्र में लड़ाई होगी । उच्चाटन होगा ।

End :—

जंत्र १२३

७६	७३	२	८
७	३	८०	७९
८२	७७	९	१
४	६	७८	८१

इस जंत्र को माली बाग़ में गाड़े तो बाग सुप जावे।

जंत्र १२४

५९	६६	२	८
७	३	६३	९२
६५	६०	९	१
४	६	६१	६४

जंत्र बकरी के दूध में लिये जब पुष नक्षत्र होये तो वह बकरा नाचे।

इति श्री पोथी इन्द्र जाल चौथा भाग जंत्रा वली सम्पूरन भई जो पत्र में देषा सो लिषा मम दोष न दीजिये पंडित जन सो बिनती मोर टूटा अक्षर लेव सब जोरो सन १३०१ साल महीना बैसाष बदी मोकाम कलकत्ताः जौन बजार प्रोतमार बाबू के कोठी का दरवाजा के सामने दोकान है दोकान के मालिक पंचमरामजु दसषत दयाल दास का सम्पुरन।

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० २० तक—लुप्त।

(२) पृ० २१ से पृ० ३२ तक—राज सभा में मान पाने, सर्व कार्य के सिद्ध होने, कुत्ता भौंकने, भट्टी फोड़ने, ढोल फोड़ने, भूत भगाने, दुकान का व्यवहार बढ़ाने, बिक्री बढ़ाने, सर्व मनोरथ सिद्ध होने, ताप बंद होने, सम्पूर्ण कार्य सिद्धयर्थ, ऊंट ही ऊंट दिखाई देने, सर्व काम सिद्ध होने, स्वप्न में भूत देखने, घावरा रोग जाने, स्वप्न में बन्दर ही बन्दर देखने, सर्व काज सिद्ध होने, गया पशु लौटाने, घावरा रोग जाने, कमान का रोदा न चढ़ने, सर्प न आने, तथा भय न होने के लिये मंत्र॥

(३) पृ० ३३ से पृ० तक—मनोवांछा सिद्ध होने, भूत बाधा न होने, बोध होने, हनुमान देव को प्रसन्न करने, वचन सिद्ध होने, बुद्धि अधिक होने, मन चीता कारज होने, शत्रु के यहां क्लेश कराने, काली देवी को प्रसन्न करने, सर्व कारज सिद्धि होने, विद्या बुद्धि होने, डर न लगने, अंबिका देवी के प्रसन्न होने, शत्रु का चित्त उचाटन होने, चक्रवर्त्ती वश में करने, नजर लगने, भूख बहुत होने, कामना जागने, पाई वस्तु आने, ज्वर जाने, मनोकामना सिद्ध होने, प्रेत का भय

न होने, बड़क वायु जाने, मनचोता कारज होने, सर्व कामना सिद्ध होने, बुद्धि नष्ट करने, अति सुख प्राप्त होने तथा भूतादिक दोष दूर करने के लिये जंत्र ॥

(४) पृ० ५१ से पृ० ६६ तक—ऋद्धि-सिद्धि होने, वृक्ष में फल अधिक आने, बैरी को कष्ट न देने, शत्रु से विजय पाने, आपस में लड़ाई कराने, स्मशान जागने, मनुष्य को मस्त करने, बैरी को हानि पहुंचाने, आपस में क्लेश कराने, चूहों के कपड़े न फाड़ने, स्त्री के पुत्र होने, भूत-भय विनाश होने, सब देवताओं के प्रसन्न करने, जुए में जीतने, सभा में सन्मान पाने, शत्रु के शरीर में दुख करने, सर्प न आने, सर्व कार्य की सिद्धि, अधिक भोजन करने, बाग में फूल बहुत आने, बिच्छू उतारने, भूत प्रेतादिक का भय न होने; किसी तरह की बाधा न होने, बाग सुखाने, तथा बकरा नचाने के लिये मंत्र ।

No. 496. Joganīdiśāvichāra. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Rāmaprasāda Pāṇḍe of Ghurahā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—अथ जोगनी दसा कौ विचार ॥

जन्म नक्षत्र ते आदि दै । अस्वन ते गुन लेय ।
त्रै लोचन हैं सिंम के । ते इकत्र करि लेय ॥
तामें अष्टम भाग हर । बांकी लेइ विचार ।
सेष अंस बांकी बचै । दसा लेइ ठहराइ ॥१॥
एक अंस की मंगला । जुगल पिंगला जान ।
बीनि अंस धन्या रहै । चारिहु भ्रमरी मान ॥
पंचम नोकी भद्रका । षष्टम उलका जान ॥
सप्त अंस सिंघा रहै । अष्टम संकट आन ॥
अष्ट दरशा छत्तीस लौं । अवध द्वार अनुमान ॥
अपने अपने फल करै । अंतर दसा प्रमान ॥

End:— ॥ चन्द्रमा कौ बासौ ॥

पंचम जन्म तीसरो सीस ॥ षष्टम नमौ गनि पै पीठ ॥ अष्ट सातौ दसौ एकादस हृदै गनीजै ॥ दूजो चौथो हस्त निवास ॥ येहि विधि गनौ चन्द्र कौ बास ॥ अथ फल ॥ माथे चंद्रमा दर्प बढ़ावै । हिरदै चद्रमा महा सुख पावै ॥ पाइन कर कर पीठ निरास । हस्त चन्द्रमा पुजवै आस ॥

× × × ×

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ८ तक—जोगनी दशा विचार एवम् चन्द्रमा का वास ॥ चक्र ॥

No. 497. Jyotisha Leaves—46. Deposited with Paṇḍita Bāsudeva of Kamāsa, Post Office Mādhauganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :— ॥ छंद गोतिका ॥

अज मीन घटिका तीनि के पल जानिये । इकतालिसा वृष कुंभ वेद बषानिये ।
पल होत तेरह शालिशा———मिथुन मकरहि बान वेदहि दंडु बल ये जानिये
कर्क धन सर बया हि स सहो ये करि मानिये ॥
सिंह अलि में पांच घटि पैतालिसौ पल होत है ।
कन्यका अरु तुला पांचै पैतिसौ पल कहत हैं ।
यह भुक्ति वेद बषानि भाषत छंद है यह गोतिका ।
गनक लोग विचारिहैं मन मानि ऐसो रोतिका ॥

× × × ×

चन्द्र मित्र रवि बुध कहे और सकल समभाव ।
शत्रु कोऊ इनके नहीं ऐसो कह्यो प्रभाव ॥२॥
मंगल के यह मित्र हैं, सूर्य चन्द्र गुरु पूर ॥
शुक्र सनिश्चर सम कहे, बुधहि शत्रु कह रूर ॥३॥
बुध को मित्र बषानिये, सूर्य शुक्र दुइ जानि ।
मंगर अरु शनि समहि, चन्द्रहि शत्रु बषानि ॥४॥

End :— ॥ भाषा कवित्त ॥

चन्द्र से शेषित तीनि नक्षत्र दिवाकर रिक्षन एक न नोको ।
दुइ बंचै भ्रम पंथ करै अन शून्य बचै सब सिद्धि अनोको ॥
वैरी मुंड कर रुंड करै कर बालक खंभ जदा कदलो को ।
यह चक्र विलोकि कै दवर करै मघवानहि रच्छत ताहि घरी को ॥

॥ इति डाक चक्रम् ॥

॥ दोहा ॥

रवि नक्षत्र को आदि दै शसि नक्षत्र लौ भोग ।
भाग भागियै सात को कहिये आडर जोग ॥
बचै तीनि क्षा भ्रम कर्य जुग्मे शात कलेश ।
बान (५) वेद (४) ससि (१) जो बचै तब कीजो परवेश ॥

॥ इति दवर चक्रम् ॥

× × × ×

॥ इति सुत चक्र चक्रम् ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ९ तक—राशि मेलनम्, द्वादश राशयः। लग्न मुक्ति प्रमाण, लग्न प्रमाण, रासीश, राशीस चक्र, उच्च ग्रह जानना, चन्द्रबल, वर्ष्यानि, सिद्धि-योग, चन्द्रवास फलम्, भद्रा, कर्कच योग, जमघंट, वर्ज्यानि, वर्षप्रोतिः। नाड़ी दोषः। योनि दोष और शत्रु, बुध पंचक, रविबल, गुरुबल, (विवाह प्रकरण)।

(२) पृ० १० से पृ० २२ तक—वधू प्रवेश, द्विरागमन, गर्भाधान, सीमन्त पुसनकर्म. प्रसूतास्नान, नाम करण, निष्कासन अन्नप्राशन, चूडाकर्म, कर्णवेध, बुतबन्ध, विद्यारंभः, हल प्रवाह, बीजोप्तिः, भूमिशयन, पाटः सूर्य स्रोत द्वार चक्रम्, कूपचक्र, सेवा या मवास विचार, राशि राशिके भीतर, द्वार विचार, नवान्नम्, शस्य रोपणाकर्ण मर्दन, चूलिका परिधानम, पंचक रोगोस्नान, सर्वांक यात्रा, दिगशूलम्, तत्काल यात्रा, तत्काल चन्द्रविचार, नक्षत्र के उत्तम, मध्यम तथा नष्ट होने का विचार, एक मासे पंच वार फलम, शुक्रोदय फल, हुताशन फल, ग्राम वास फल, मूल वृक्ष फल।

(३) पृ० २२ से पृ० ४० तक—वार पृविक्ति, अंगन्यास मूल विचार, मूल वृति विचार, शुक्रोदय फल, हुतासन फल, संक्रांति फल, रोहिणी चक्र नर चक्रम्, गोचर फल, नित्य क्षौरः राज्याभिषेकः, भैषज्य कर्म, नरवाहन, गृहदानम्, गुरु विचार, पंचमी फल, पूर्णामास्यांफलम्, रासिग्रह योगफल ग्रहोदय राशि फल, नक्षत्र गुरु फल, एकरासौ ग्रह भुक्तिः, होम विचार, वर्षा नक्षत्र के वाहन, स्त्री पुरुषो नपुंसक जोग विचार, वर्षाज्ञान, गर्भज्ञान, छींक विचार, दिग-शूलेन वारणम्। कंडा रखने का विचार।

(४) पृ० ४० से पृ० ५८ तक—जातक भाषा, लग्न का रंग, लग्न प्रमाण जानना, राशि तत्व, लग्न उदय ज्ञान, राशिनाम, क्रूर ग्रह, उच्च ग्रह, नीच ग्रह, ग्रहबल, नैसंग्रह बल, सूर्यादि ग्रह स्वरूप, चन्द्र फल, भौमफल, बुधफल, गुरुफल, शुक्रफल, शनिफल, शनिद्वार जानना, राहु फल, कौन ग्रह किस उमर में क्या फल देता है। गर्भ विचार, भवन द्वार जानना, दीपक भेद, यात्रा लग्न विचार।

(५) पृ० ५९ से पृ० ६४ तक—शकुनं ग्रामादिशि, सम्वत् फल, काक फल, काक वाक्य परीक्षा, त्रिडंडी चक्र।

(६) पृ० ६४ से पृ० ९२ तक—शिवा मुहूर्त, कोटादि संबंधी ४३ चक्र, अन्य विचार, ग्राम सुप्त जाग्रत विचार, कोट जाति विचार, मोट बन्धा चक्र, डाक चक्र, द्वार चक्र, सप्त चन्द्र चक्र।

No. 498. Kakaharā-me-Śrīmahādevaji-ka-Vyāha. Leaves—2. Dated in Samvat 1925 or A.D. 1868. Deposited with Paṇḍita Rājārāma, Village Narahā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ ककहरा मों श्री महादेव जी का विवाह वरनन ॥ गनपति सुमिरि ककहरा कीजे चौतिस अक्षर पर कहि दीजे ॥ कहत ककेहरा एक सुदेसा । गिरिजा ब्याहन चले महेशा ॥ पाय लगायेडमरू लीने भांग धतूर पजाना कीने ॥ गले सहस सपुले सिर गंगा ॥ भूषन भसम लगाये अंगा ॥ घर नहि दूसर भूत बराती । चले चबात विजया की पाती ॥ नाम एक ईसहि सुन राजा । करत निहाल गाल के बाजा ॥ चन्द्र लिलाट जटा छिटकारे ॥ लोचन तीन लोक उजियारे ॥ छांड़े गृह कैलास सोहाये । ब्याहन बैल महेश मंगाये ॥ जतन न कीन्ह बैल को बानो । साने सींग मढ़ावो पानी ॥ झालरि नाग मोतिन की माला । धनी बैल जो शंकर पाला ॥ नाथ हाथ अपने पहिराये । कंचन से पुर लौन मढ़ाये ॥ टेरत भूत भिआवन बानो । बैल चढ़े आवैं शिव दानो । ठाढ़े सुर मुनि देषि तमासा डोगंबर बाघंबर पासा ॥ डैकित बैल चलावै हूको का बरनौ साभा हर जू की ॥ ढोल नफीर भेरि वह डंका । बैल चढ़े आवैं शिव बंका ॥ नांहर व्याल बैल विष भक्षन । चले हिमंचल थान बतक्षन ॥

End :—मानै सोच सपो जनि कोई । करम लिषा तरु पावा सोई ॥ जबहिं बरात द्वारहिं आई । बिजुका बैल बाघ गरराई ॥ राजत गिरिजा देषि तमासा । सषिन सोच हिमवान हुलासा ॥ लगे पांव हिमवान पषारे । मोतिन चौक आनि बैठारे ॥ वारिके मानिक कीन्ह निछावरि । संकर गौरि दीन्ह सत भांवरि ॥ सो संपति शिव दीन्ह लुटाई । अचल कीन्ह हिमिवानहि जाई ॥ पवरि भई देवन सब जाना । गौरो ब्याह कीन्ह हिमवाना ॥ सो संपति शिव जग के दानो । चरन टेकि लै दीन्ह भवानी ॥ हरषे देव सुमन वर्षाये । ब्रह्मा विष्नु तमासे आये ॥ दो० ॥ क्षेम कुशल रचना रची शिव गौरो को ब्यास । मुक्ति दान मोहि दीजिये प्रभु तुम्हारो मैं दास ॥ इति श्री ककहरा शिव गौरो ब्याह संपूर्ण संवत् १९२५ मितो जेष्ट वदी पंचमी शिवायनमः ॥

Subject :—शिवजी का विवाह वर्णन ॥

No. 499. Kālachakra. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Vāsudevasahāya of Kamāsa, Post Office Madhauganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥

मेष रासि जौ जन्म होइ ॥ रवि क्षेत्र जसवंत होइ ॥ क्रोध वंत होइ ॥ विसे वीस मित्र होइ ॥ सुन्दर वंत होइ ॥ चपल होइ ॥ सिष्टान भोगी होइ ॥ कष्ट वर्ष ६ ॥ १५ ॥ ३१ ॥ ३५ ॥ ६७ ॥ ७५ ॥ जेष्ट मासे शुक्ल पक्षे मंगर वासरे तिथि पंचमी ५ ३ ॥ पहरे प्रान त्यज्येत् ॥ १ ॥ वृष राशिजै। जन्म होइ ॥ मिसत भाग वंत होइ ॥ कष्टमास ॥ १२ ॥ १७ ॥ ३४ ॥ ५३ ॥ १०० ॥ अषाढ़े मासे कृष्ण पक्षे चित्रा नक्षत्रे सप्तमी तिथि शुक्र वासरे प्रथम प्रहरे प्रान त्यज्येत् ॥ मिथुन राशि जौ जन्म होइ ॥ कष्ट मासे वर्ष ॥ ४ ॥ १० ॥ १४ ॥ १८ ॥ जीवै वर्ष ८६ ॥ श्रावण मासे कृष्ण पक्षे अश्वनी नक्षत्रे एकादशी गुरु वासरे प्रथम प्रहरे प्राण त्यज्येत् ३ ॥

End :—उत्तर षाढ़ दिन ४ मास ८ वर्ष १४ वर्ष ८० ते जीवै १०० राजा हाथ मृत्यु ॥ श्रवण दिन ३ मास ३ वर्ष ४९ ते जीवै वर्ष ८० रोग हाथ मृत्यु ॥ धनिष्ठा दिन १२ मास १ वर्ष ३० ते जीवै वर्ष १०१ लोह हाथ मृत्यु ॥ शत भिषा दिन १४ मास ९ वर्ष ४० वर्ष ५० ते जीवै वर्ष ३ ते जीवै वर्ष ३५ विष हाथ मृत्यु ॥ उत्तर भाद्र पद दिन ४ मास २ वर्ष ९ वर्ष ११ वर्ष १५ ते जीवै वर्ष ६० सुख मृत्यु—

॥ इति काल चक्रं ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ५ तक—जन्म राशि के हिसाब से कष्टादि पड़ने और मृत्यु दिवस का परिचय। (जन्म-राशिक आयुः बलं)

(२) पृ० ५ से पृ० ८ तक—जन्म के नक्षत्र से अवस्था की सीमा निर्धारित करना।

No. 500. Kalikāla-Varṇana. Leaves—7. Deposited with Paṇḍita Vishṇubharose, Village Belāmaū, Post Office Ajagaina, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—देव मंदिर दिया न बातो गोर न पै उजियाला। भूम देव विप्रन को देष्यो कौड़ी देत कसाला। रांड़न के भोजन को सिनो ऊपर पान मसाला। साधुन को नहीं चून नून बुकों रेठै देव दिवाला। चतुर नरन को वद सूरत को कूरन के घर वाला। मूरष बैठे मौज उड़ावै पर बीनन पग छाला। भूपति कृपा करत नीचन पै कर अनीत प्रत पाला। जबर जोर कल काल जाल को गुन को चलै न चाला ॥ मुसलमान सीता पति सुमिरै हिंदू मुष कह ताला। मुसलमान मौसो कर टेरैं हिंदू जातक साला ॥ दोम दोम कर जात मदारन दाव कांध मैं लाला ॥ पूजत प्रेत गुरैया बाबा छोड़े देव बिसाला ॥ अधरम प्रगट भयो

भूतल मैं धसि गो धरम पताला ।। ३ ।। निज पति मुच्छ तुच्छ करि जारत उपपति हित प्रति पाला । विधवा हगन कोर भर काजर अंग आभरन जाला । मुलकट कंचुक कसत भुजन पर उर पर वर वन माला । अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ ४ ॥

End :—एकै साहु पकरि रिनिया को लूठ लेत घर साला । एकै रिनियां बांध पोटरी देत साहु को वाला ॥ जोर जोर पंचन को ल्यावत मानत बात न आला । अधरम प्रगट भयो भूतल में धसिगो धरम पताला ॥ १ ॥ पर सुष देष सुनत सिर काटत पुत्र सोग सौ साला । औरन को दुष देष देष सुष मनौ प्रगट भयो लाला ॥ ऐसो कुमति भई लोगन को चलत कपट को चाला । अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ २ ॥ लपट झपट घर घर पट पट कर बरत कपट को ज्वाला । मारन उलट पलट अट पट कर विकट प्रगट कल काला ॥ दुर्जन चटक मटक अति चटकत सुरजन पटक उताला । अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसिगयो धरम पताला ॥ ४ ॥ संन्यासी राषै दुज दासी नित प्रति वेद उचाला । एकहि ब्रह्म सकल घट पूरन यामें पाप न झाला । धर्म शास्त्र में थापो दासी भोगत सब घर वाला । अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ त्याग करव अंगुर दाषन को गुलर पै हित पाला । पर निदा पर पूरत पंडित मंडित करत कुचाला । पुत्र पाट को बात न बोलत दिये रहत मुष नाला अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम बताला ॥ ६ ॥

Subject :—कलिकाल को दशा का वर्णन ॥

No. 501. Kathā-Saṅgraha. Leaves—72. Deposited with Paṇḍita Rāmaratna Śukla, Village Dariyābāda, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ कथा संग्रह लिष्यते । पहिली कथा एक साहूकार पोतड़ों का रज्जा समय के फेर में पड़ अपना धन सब खो बैठा और लगा निपट दुख पाने और उपासा रहने निदान उसके जी में यह सोच आया कि जो मै किसी महा पुरुष या सिद्धि के पास जाऊं तो यह दुख मिटै क्यों कि सुना भी है कि साधू के दर्शन से व्याधा जाती है यह विचार कर एक जोगी के पास गया । यह उससे कुछ कहने न पाया कि उसने अपने जोग से इसका मनोर्थ जान कर के कहा ॥ दोहा ॥ सुख दुख प्रति दिन संग है मेटि सकै नहिं कोय । जैसे छाया देह को न्यारी नेकन होय ॥ यह उत्तम उत्तर पाय वह विचारा और घर अपने घर आया ॥

(२) कथा। एक अंधा वैरागी काशी के बीच मणिकर्णिक घाट पर बैठा ग्रहण में दही पेड़े खा रहाथा कि देखकर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यह क्या करते हो बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं कहा ग्रहण में उत्तर दिया बाबा मेरे गुरु दया से सदाही ग्रहण है यह सुन कर पंडित हंस कर चुप हो रहा॥

End :—एक बूढ़ा बटोही ग्रीषम की रितु में तपन की प्रचंड किरणों से निपट कष्ट पाकर लाठी टेकता चला जाता था मार्ग में एक युवा मदवा रूढ आ निकला बूढ़े को देख कर उसे दया हुई बोला अजी मैं युवा पुरुष हूं शीत घाम सब सह सक्ता हूं तुम बूढ़ा पन के कारण बहुत थके अब इस घोड़े पर चढ़ो मैं पीछे पीछे चला जाऊंगा उसकी इस करुणा बानी से मगन हो बूढ़ा इसके घोड़े पर चढ़ा और युवा पीछे पीछे चलने लगा वह बहुत दूर न गयाथा कि युवा ने पुकार कर कहा कि अरे बूढ़े निर्लज्ज घोड़े पर से उतर क्या तूने अपना घोड़ा पाया है जो सारा दिन उस पर आरूढ़ चला जाता है बूढ़ा लज्जित होकर उतर पड़ा और धीरे धीरे चलने लगा थोड़ी दूर गया था कि इसका कष्ट देख कर फिर उसके जी में दया आई और बहुत सी विनती कर उसे फिर घोड़े पर चढ़ाया थोड़ी दूर जाते उसे फिर उसी भांति उतारा निदान तीन चार बार उसे इस प्रकार उतारने चढ़ाने से उसने पूछा बाबा तुम्हारे पिता का नाम क्या बोला सैय्यद हब्बो उसने पूछा तुम्हारी महतारी का नाम क्या बोली जोरा पर वह कुल बंती नहीं उसको ब्याह करने से हमारे कुल में कलंक लगा यह सुनते ही बूढ़े ने कहा हां बाबा अब मैं समझा कि चढ़ावें हब्बा और उतारे जोरा अब आप सिधारिये मैं गिरते पड़ते चला जाऊंगा॥

Subject :—एक सौ कथाओं का संग्रह जिसमें हंसो आदि का वर्णन है॥

No. 502. Kavitāvalī-Aragajā. Leaves—13. Deposited with Sudarśanasiṁha Raīsa and Tāllukedāra of Sujākhara, Post Office Lakshmīkāntaganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ कवित्त ॥

नमते सुर सुमन झरै किन्नरादि गान करै मान तान मोद भरै सर बस सिंगार भो। सरभो त्रिलोकन को सोकन को हर निहार सत्य सिंधु सत्य निरावार के अवार भो॥ दोष दुसह दर निहार चार दान दीनन को दंपति जुग चरन सरन को न पतित पार भो। माधो मधुमास सुकुल पच्छ सुच्छ नौमी तिथि आलो बनिराम स्याम स्यामा अवतार भो॥ १॥

बाजत बधाई सुखदाई दुहु राज द्वार,
अवध नगर जनको नगर जै जै जयकार भो।
लोक लोक भो विसोक संतन मन परम तोष,
निकसि भजो राम रोष जन थल उजियार भो॥
हौन लागे राग रंग भक्ति ग्यान को प्रसंग,
देवन्ह अतिवार भयो हरन धरनि भार भो।
माधो मधु मास सुकुल पच्छ सुच्छ नौमी तिथि,
आलो बलिराम स्याम श्यामा औतार भयो॥२॥

Bnd :—खेलत हैं फागु भरो लाल के सोहाग बाल,
फेंकै करसों गुलाल अंग लाज खोवती।
कान्ह लै अबीर भीर टारि रंगी वाको चीर,
सुन्दर उरोज ढांपि अंचल सों गोवती॥
ताको कुच कारो भारो पासो पिचकारी लगो,
सिसकि समेटि (समेटि) सबो वाको छवि जोहती॥
मानो वक्र तुंड सुंड गंग तीर कुंड पैठि,
धार झुंड झुंड पूजि शंभु शिषा धोवती॥

खेलत हैं फागु स्याम स्यामा अनुराग भरे,
डफ करतार बेंस मृदंग सो रह्यो है छाइ।
गावत राग धूंधुरि मचावै ग्वाल झमकै,
झमकि झूमि काम रति को लजाइ॥
घूंघुटि उघारि कान्ह कर सो गुलाल मल्यो,
बाल मुख इन्दु लगे सोभा सपि दरसाइ।
बपर को विहाइ मेघ कारे अलगाइ मानो,
भोम बिच दैके कंज चंद सों मिल्यो है जाइ॥

ग्वाल के जाये कहां पाये इत माम ये तो,
गर्भ तो बढ़ाये औ कहावत अहीर हट्टो है॥
जाति के छपाये पांति नाहीं मिलति रावरो,
बावरो भये कहै लीन्हे हाथ लट्ठो है॥
जानो बूझो बात को का करत हो सयानो।
करो बूसा पानो औ चलावो यार भट्ठो है।

Subject :—(१)पृ० १ से पृ० १२ तक-राम अवतार एवं कृष्णावतार, सीता राम की शोभा देखकर मोह, युगुल मूर्ति की महत्ता, ग्वाल स्तुति, रामदपवर्णन

(प्रेमसखी द्वारा) दीनता स्तुति (अवधविहारी) । कृष्ण की शोभा (तोष) ॥ विरह वर्णन (तोष) । कोमलता (प्रेमसखी) । गंगा की प्रशंसा जड़ता, महावीर युद्ध वर्णन । अङ्गद पदारोपण । छल (तोष) । रावण मन्दोदरी संवाद । महारानी जी के दर्बार का वर्णन (भूषण) । रावण अङ्गद संवाद । शिवराज प्रशंसा (भूषण) । चंद्रिका महत्व (निधान कवि) । नैन प्रशंसा (सर्वेस कवि) । गाजीपुरी ज्वान की प्रशंसा । भगवानी की बुराई (गोकुल) । राम विसराने का रूपक द्वारा फल चढ़ाई । नायिका की शोभा । "महेश" की ठकुराइन (गौरी की प्रशंसा) । (२) पृ० १३ से पृ०.....तक विरह वर्णन (भूषण) । गुजरी का संयोग वर्णन, रघुवीर का बल वर्णन । मुद्रिका पात । लंका दाह । जैसिंह राजा का आखेट । चौकवी, चौदिसा, स्तुति, भरत हनुमान संवाद (संजीवनी लाते समय हनुमान कवि द्वारा) ।

No. 503. Kavitta. Leaves—5. Deposited with Paṇḍita Ramākānta Śūkla of Puravāgarībadāsa, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—कवित्त ॥

कासी मैं बास करौं जुग चारि लौं, द्वारिका जाइकै देह जरावौं ।
वांहि चढ़ाय डिगंबर हो सबरी सब सुधाकौ छाहिनी ल्यावौं ॥
वह्म मनै मुष एकै जपौ कर कंचन कोटि सुमेर लुटावौ ।
पाउ सौं बाँधिकै जूझि मरै हरिनाम भजै बिनापार न पावौ ॥

सीताराम जानतु हौं सीताराम मानतु हौं ।
सीताराम पूजति हौं जपत सीताराम हौं ।
सीताराम ही कौ प्रभु सीताराम कौ प्रनाम ।
सीताराम ही कै ध्यान धरै अभिराम हौं ॥
श्रीपति सुजान सीताराम मैं बसत प्रान
नाम सीताराम जू कौ लेत आठौ जाम हौं ।
मेरे जान सीताराम कांमना कल पतरु
सीताराम जू को सौंह सीताराम कौ गुलामहौं ॥

तिसना बिसासिन के बसना बसैयो ।
रसना रिजाजिन स्वाद बदना गनै रहौ ।
कहत प्रजेस मद मोह मतवारिन के ।
मद कौ कहन करि ममिता हवै रहौ ॥
क्रोध लोभ मोह ज्यों दुरास अति आरत के ।
तजि कै प्रवास मनै सुपनि मनै रहौ ।

मेरे तन मेरे मन मेरे धन मेरे धाम ।
मेरे राम मेरे हियो सदन बने रहौ ॥३॥

End:—सहज मैं सोले जंग जुरै अरवो लेरन ।
राजत छबीले छिनै छाउनसहत है ।
झूठ नाहीं बोले ठौर-ठौर नाहीं डोलै ।
भलो मुख सो लै सदा जस कौ चहत है ॥
सुनै रागरंग रंग बाँधन सुरंग कवि ।
कवि पंडितन संग लैय चरचा चहत है ।
आनंद उछाह सदारहत चित चाह जामे
इतने सुभाव जासो ठाकुर कहत है ॥१॥

छप्पै

केहरि त्रन नहिं चरहि सूर रन छिन नहिं संकहि ।
सतीपन फिर ग्रहत कहि दानि करि होइ रंकहि ॥
गुर नहिं गोपहि मंत्र जंत्र नहिं चलहि मरन पर ।
इत्रत अमर नहिं तजहि अधम नहि पावहि सुरपुर ॥
जह कर्म रेख विचलय चलय सतरतन जह गुनगनहिं ।
लघुताल जाल संकहि रमल नहिं मराल कंकर चुनहिं ॥

Subject:—

(१) पृ० १ से पृ० १० तक–ब्रह्म, प्रजेष्टा, तुलसी, आदि कवियों के शान्तिरस एवं नीति संबंधी कुछ कवित्त ।

No. 504 (a). Kavitta-Saṅgraha. Leaves—15. Deposited with Paṇḍita Satyanārayāṇa Tripāṭhi of Bandā, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :— ॥ कवित्त ॥

गोरे गोरे गाल पै गुलाब दार नाग सो हैं
बिजली झमाकदार दोनों कान झलकै ।
बेंदी भाल माथ हू पै करत सिंगार गोरी,
मथवा के मोती जस चन्द्रमा से लरकैं ॥
नाक हू की नथिया बुलाक में झमाक करे ।
झुलनी की मोती गोरी ओठ वापै झलकैं ।
इतना बयान करि गटई के ऊपर की,
और हू बयान कछु अंग अंग फरकैं ॥१॥

॥ सवैया ॥

नाम बड़ो धन धाम बड़ो जस कीरत हू जग में प्रगटो है।
द्वार अनेक गयंद झुमे उपमा कछु इन्द्र से नाहिं घटी है॥
सुख साज अनेकन पाय मनोहर फूले रहैं मन ही मन में है।
तुलसी जग जीवन भक्ति बिना जस सुन्दरि नारि की नाक कटी है॥

End :—

तात को सोच न मात को सोच, न सोच पिता सुरधाम गये को।
सोच हरै को तो सोच नहीं, नहिं सोच हमैं बन माहिं रहे को॥
बन्धु विछोह को सोच नहीं, नहि सोच जटायू के पंख जरे को।
केवल सोच वही तुलसी, एक दास विभीषण बांह गहे को॥
सुगन्ध लगाय के ऊबि मरौ, प्रिय जानत हौ तनको सुकुमारो।
हार चमेली को नोक लगे, प्रिय लाज करौं पहिरौं तन सारो॥
और अभूषण क्या बरनो, प्रिय लागत पांय महावर मारो॥
मेरे सुभाव को जानो नहीं, रसवान कपूर सुनायम ताड़ो॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० १० तक—नायिका की शोभा वर्णन, भक्ति बिना मनुष्य की दशा, धनुष यज्ञ, राम एवं सीता के सुयोग का वर्णन, राम को देखकर सीता का प्रेम और सखियों का परिहास। माखन लीला। राम मल्लाह संवाद।

(२) पृ० १० से पृ० १३ तक—लुप्त॥

(३) पृ० १४ से पृ० ३० तक—उपदेश, धनुषयज्ञ, 'बात' का महत्त्व। समस्या पूर्ति "तरवा के तरे लौं" "दाह बुतात नहीं"। 'र' कार और 'म' कार का महत्व। "स्वप्नदर्शन" समस्या "बजरमार गजर बजायो है" "नारि हंसै तो झंसैना" "झुननी केहि कारन काढ़ि धरो है" 'झुननी यहि कारन काढ़ि धरो है" "लक्ष्मण को शक्ति लगने पर राम का मनस्ताप" सुकुमारता का वर्णन।

No. 504(B). Kavittasaṅgraha. Leaves—40. Deposited with Paṇḍita Ramākānta Tripāṭhī, Village Baṇḍa, Post Office Gaḍavara, District Pratapagaḍha (Oudh).

Beginning:—धामन दे घुरवा त्रिविध पवन आवन दै कंजन में ललित लतान को। कूकन दै कोकिला पुकारन दै चात्रकन बोलन दै सजनी सुभाष मुखान को॥ दामिनी जाति कातरी जामिनी में जागन दै बरसत दै इत् घुमड़ि घटान को। आयो मन भावन सा रस बरसावन मो सावन में गावन देहगो बनतान को॥३॥

पावस प्रबल पीउ पीवै न रटत जीव, दसहू दिसान के संदेस अब आपरी। मोहन बतातो मन कैसे कठिन करौ, अवधि बितीत भई आलो बरस आपरी॥ मोरन को सोर सुनि कोकिलान को रटन दिन, पपीहा को टेर सुनि मदन जगापरी॥ बूंदा आई बरसात गगन गहरात, घेरी आये बादर बिदेसो क्यों न आपरो॥४॥

End :—विधि ने बड़ाई दई जाहि लषि आवे कोऊ। ताको तू दया करि मया के रस ढरियो। धन दीजो जस लिजो जीवन यही है सुख, दैके सबै दुख दीनन के हरियो॥ चिन्ता मनि कहै जो ये गांठ को न दीजो जाइ, ...तोऊ एक उपकार करियो। आपने कहेते जो आगले को भलो होइ तो, जीभ के हलाइबे को काहिली न करिये॥

कवित्त :—चोप कर विरंचि रूप रासि कैसो कोक कोक..... ....

....

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० २५ तक—विपलम्भ शृङ्गार संबंधी कवित्त।

(२) पृ० २६ से पृ० ५० तक—संयोग शृङ्गार के कवित्त, तथा दोनों प्रकार के सम्मिलित छन्द, विविध नायिका भेद सम्बन्धी कुछ छंद।

(३) पृ० ५० से पृ० ८० तक—ऋतु संबन्धी छन्द। विविध छन्द (गंगाजी की प्रशंसा तथा वीर रस के कुछ छंद)।

No. 505. Kavittasāra by Manirāma. Leaves—25. Deposited with Umāshaṇkar Dube, Research Agent, District Hardoi.

Beginning :—श्री गणेशायनमः

गेहुर के गामी तुम स्वामी सत्यभामा जी के अन्तर के जामी तुम मिटैहो दुष्ष धाइ कै। तुम तो रघुवीर धीर जानौ सबही की पीर भीर परे चीरहू बढ़ाइ दीन्हों आनि कै। कहत मनोराम गज ग्राहिसों उबार लीन्हों अलप निरंजन अब तेरो जस गाइकै। नंद के कुमार नेक हेरौ प्रभु मेरी बार ऐसे ही बितैहो को चितैहो चित्त लाइकै। जैसो करो तू करो के कलेस में जैसो करो गति गोतम नारि को। गीध बौ ब्याध को जैसो करो फिरि जैसो करो सघना वो चमार को मेरिय बार अबार कहां अवतार न हो अपने प्रतिपालको। तारि हो नाहिं जो मोहि कहूं उड़ि कीरति जैहै दसो अवतार को।

End :—मेघ नहिं मानत ए बिरह के मगाड़े देत लेहौं बुलवाइ यहां पवन विचारे को। न्यारे करि मोरिये न कोव मदन साक्के लिखतो संदेस मैं तो नन्द

के दुलारे को। कहै पदुमाकर कोकिला को केतो हकीकत कोयल बंधवाइ लेहौ पंख उखारे को। प्यारे को कैस्यो समीप करि पावतो तौ पीय २ करतो पपीहा दै मारे को। सवैया—ससुरे को तुम कोन पयान हमें कल कैस परै नित प्यारो। चैन परै न घरी पल एक रहै निस वासर याद तुम्हारी। प्रान पियारो तुम्हारे लिये बदनामी भई पर यारी न छारी। भाखत गंग प्रसाद कहैं तुम प्रीत लगाइ के कीन्ह तयारी।

Subject :—(१) किसी आर्त्त मनुष्य का भगवान से अपनी दशा सुधारने के लिये प्रार्थना।

(२) जप, तप, व्रत आदि से रहित मनुष्य का ईश्वर की शरण आना।

(३) जनक जी के धनुष भंग का प्रसंग।

(४) नैमिषारण्य महात्म्य पर कवित्त।

(५) अयोध्या महात्म्य वर्णन

(६) सीताहरण, राम विरह, लक्ष्मण शक्ति

(७) नायिका का विरह वर्णन। किसी पुरुष का स्त्री के प्रति प्रेम।

No. 506. Kerala—Praśnadivākara. Leaves—2. Deposited with Paṇḍita Śivamaṅgalaprasāda Miśra of Udayapura, Post Office Aṭhehā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—पंचाङ्ग के लाभ खर्च एकत्र करे एक कम करके आठ का भाग दे, एक बचे तो लाभ, दो में सुख तीन में क्लेश चार में रोग, पांच में शोक तथापि बाद छै में आदर सात में जीत आठ में हानि॥

प्रश्न कर्त्ता मुकद्दमा में हार जीत का प्रश्न करे तो यदि आते समय दाहिनी ओर बैठ कर पूछै तो जीत बायें हार और सन्मुख सला होनी चाहिये॥ अमुक वस्तु खरीदने से लाभ होगा या हानि (उत्तर) नाम अक्षर में ३ से गुणा करे वस्तु नाम अक्षर जोड़े एक और मिलावै दो पर भाग देवे एक में लाभ दो तथा शून्य में हानि होयगी॥

End :—अमुक बात में मंदी या सस्ती उत्तर—महीना की संक्राति दिन तिथि के अंक जुक्त करि ३ पर भाग दे शेष एक मध्यम भाव दो सस्ती शून्य महंगी होना चाहिये॥

संक्रांत	मे	वृ	मि	क	सिं	कं	तु	वृ	ध	म	कुं	मी
अंक	३	२२	२३	२५	१९	१७	२२	१२	१६	१९	२३	२५
दिन	र	चं	मं	बु	गु	भृ	श					
अंक	२१	१५	१३	२	१३	१४	०					
तिथि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंक	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तिथि	१३	१४	३०	१५								
अंक	१३	१४	३०	१५								

इति प्रश्न दिवाकर समाप्तम् ।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—

बारहों राशि के वार्षिक लाभ हानि का विचार । मुकद्दमें, क्रय विक्रय में लाभ हानि । गर्भ विचार प्रश्न । मास की मंहगी सस्ती का हाल ।

No. 507. Kerala—Praśnasaṅgraha. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Śivamaṅgala Miśra, Village Udayapura, Post Office Aṭhehā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—

ओ३म्

हे	द	ज	ब	अ
वा	ज़	ह	तो	ये
नो	दी	जो	वो	ई
वो	ज़ो	हो	तो	क

अ—जिस बात की निस्बत विचार करने हो और हैरान हो, रोज़गार की उन्नति के लिये परदा ग़ैब से बखोला होगा ।

ब—एक आदमी की बेवफाई का ख्याल करके दिल में परेशान हो, अब खराब दिन निकल गये दिल का विचार पूरा होगा।

ज—तरक्की रोज़गार आय व्यय का ख्याल लगा है बांदियों से भय है, नेकी का बदला बदी से मिलता है दो तीन महीने में फायदा होगा।

End :—

हो—दुनिया दारी के कामों में तुमको तकलीफ उठाना पड़ता है शत्रुओं व कर्ज़ख्वाहों ने नाक में दम कर दिया है सब काम १ साल के अन्दर अन्दर दुरुस्ती पर आजायेंगे।

तो—जिस कार्य्य के लिये कोशिश करते हो तुरन्त मुराद पूरी होगी और कोई मनुष्य तुम्हारी मदद करेगा।

क—जिस तरफ यात्रा करने का इरादा रखते हो वहां पर रोज़ कार में लाभ और हर तरह से आराम पाओगे परन्तु नशीली वस्तुओं से परहेज़ रक्खो।

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ७ तक—बीस अक्षरों का एक कोष्ठ तथा उसमें अंकित प्रत्येक अक्षर का फल।

No. 508. Khela. Leaves—2. Dated in Samvat 1933 or A. D. 1876. Deposited with Paṇḍita Vindheśvarī Prasāda Miśra, Teacher, Sanskrit Paṭhaśāla, Village Gaṇḍā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥

१—बनते बनि आवत सखी। मोहन मदन गुपाल।
मोर मुकुट लखि थकि रहीं। कमल लिये कर लाल ॥

२—चित में चम्पा को विटप। फूल्यो अति इर बाय।
मन भावन मैं पैठि कै। गूथो माल बनाय ॥

३—ऋतु बसंत आए सखी। कोकिल कहत सुनाय।
फूल्यो टेसू सघन बन। देषत मन अरु भाय ॥

४—मोहन मूरति सांवरी। लाल लकुट ले हाथ।
फूल विराजत सेवती। कुंजमाल के साथ ॥

५—फूलन लागी केतकी। सुंदर सुखद सुवास।
चहुं ओर गुंजत मधुप। नेकु न छाजत बास ॥

६—मोहन मूरति श्याम को । निरखि निरखि दर मैन ।
नरगस को निरखन लगो । सुमन श्रवन को नैन ॥

End :—२८—लालन के माथे बनी । पंक सो समनो पाग ।
मोही सब व्रज की बधू । गुल सोसन के राग ॥
२९—गुल बंसत फूलन लग्यो । देखति सखिन समेत ।
मानहुं शोभा ते भरो । सखि सोभा वहि देत ॥
३०—गुल सब्बो ले हाथ में । सुंघत नन्द किशोर ।
तरुण अरुण वारिज नयन । चितवति र.....॥
३१—गुलदावदी सघन वन । घेरि आए चहुं वोर ।
नन्द लाल को निरखि कै । हरषि रहेव मन मोर ॥

श्री दसरथायनमः श्री राधा कृष्णायनमः श्री शिव श्री संवत् १२३३ सन् १२८३ मिती वैषाख वदी ९ वार मंगर ॥

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ४ तक—इकत्तीस दोहों में से प्रत्येक दोहे में राधा तथा कृष्ण का संबंध स्थापित रखते हुए एक एक पुष्प का वर्णन ।

No. 509. Lekhā Pahāḍā. Leaves—44. Deposited with Gosvāmījī, C/o Paṇḍita Badrī Nāth Bhatta, Husainganj, Lucknow.

Beginning :—

एक दंतं महावोजं नमो करस पानये ।
सिद्धन्तु सर्व कार जाने तुं प्रसाद गनेश्वर ॥

१	११	२१	३१	४१	५१
२	१२	२२	३२	४२	५२
३	१३	२३	३३	४३	५३
४	१४	२४	३४	४४	५४
५	१५	२५	३५	४५	५५
६	१६	२६	३६	४६	५६
७	१७	२७	३७	४७	५७
८	१८	२८	३८	४८	५८
९	१९	२९	३९	४९	५९
१०	२०	३०	४०	५०	६०
५५	१५५	२५५	३५५	४५५	५५५
१/५	३/५	५/५	७/५	९/५	११/५

Middle :—तुलसी टेरत कहत हैं सुनोयो संत सुजान।
हेम दान गज दानते बड़ो दान सन मान ॥

११	११	१२१	२१	२१	४४१	३१	३१	९६१	४१	४१	१६८१
१२	१२	१४४	२२	२२	४८४	३२	३२	१०२४	४२	४२	१७८५
१३	१३	१६९	२३	२३	५२९	३३	३३	१०८९	४३	४३	१८४९
१४	१४	१९६	२४	२४	५७६	३४	३४	११५६	४४	४४	१९३६
१५	१५	२२५	२५	२५	६२५	३५	३५	१२२५	४५	४५	२०२५
१६	१६	२५६	२६	२६	६७६	३६	३६	१२९६	४६	४६	२११६
१७	१७	२८९	२७	२७	७२९	३७	३७	१३६९	४७	४७	२२०९
१८	१८	३२४	२८	२८	७८४	३८	३८	१४४४	४८	४८	२३०४
१९	१९	३६१	२९	२९	८४१	३९	३९	१५२१	४९	४९	२४०१
२०	२०	४००	३०	३०	९००	४०	४०	१६००	५०	५०	२५००
२४८५			६५८५			१२६८५			२०७८५		
४९/३५			१३१/३५			१५३/३५			४१५/३५		

End :—इतनैनि मिलि लंका विग्रहो। सोरह लाख रामपै रहे १६००००० ३२२८४१५०१४४ एक एक कंगूरापै इतने इतने बैठे ॥ नौ डबरा एक एक डबरा में नौ नौ भैंसि एक एक भैंसि पै नौ नौ बगुला एक एक बगुला के मोढ़ों में नौ नौ माछरी डबरा ९ भैंसि ८१ बगुला ७२९ मछरी ६५६१ सुवा एक कूवामेंते बोल्यो अरे रूवके सुवा तुम कितेक हो ॥ हम सु हमहो हमते दूने आगे हमते ड्योढ़े पाछें तू आवै पूरे सौ है जाहि ॥

रूवके २२ दूने ४४ आगे ड्योढ़े ३३ पाछे वह एकु मिल्यो पूरे सौ भये १०० ॥

इति

Subject :—प्रारंभमें गिनती एका, ग्यारह, एक ईसा, एक तीसा के दस दस पहाड़े का वर्णन पृ० १९ से ३० तक सवाया, ड्योढ़ा, ढ्या, हुंठा, ढ्यौंचा का वर्णन पृ० ३१ से ४२ तक बड़ा ग्यारह और बड़ा एका के भिन्न भिन्न पहाड़े पृ० ४३ से ५४ तक पौना, छटांक व सेर को लिखावट का वर्णन, आना पाई का वर्णन पृ० ५५—५८ तक चार के १६ करे वर्णन, पानी की बूंदें, बाल, सुई, काजर, लंका युद्ध डाबरमें भैंस बगुलादि और वृक्ष पर तोतों का गणित संबंधी मौखिक वर्णन पृ० ५९—६२ तक।

इति

No. 510. Mahādeva Vivāha. Leaves—9. Dated in Samvat 1893 or A. D. 1836. Deposited with Umāsankara Dubey, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—अथ महादेव विवाह लिखते ।

चौ०—कहत ककहरा नगर सदेसा । गिरिजा व्याहन चले महेसा ॥
पाय लागइ डमरू सुर कीन्हा । भांग धतूर पजाना लीन्हा ॥
गरे नाग सिर पैं सुर गंगा । भूषन भस्म चढ़ाये अंगा ॥
घर नहि दूसर भूप बराती । चलै चवाति विजै की पाती ॥
नाम लेतु ईसुर अस राजा । करत निहाल गाल के बाजा ॥
चन्द लिलार जटा फटकारे । लोचन तीनि लोक उजियारे ॥
छाड़ा गिरि कैलाश सुहावा । वाहन बैल महेश मंगावा ॥
जात न कही बैल की बानी । सोने सींग मढ़े दो आनी ॥
झक झालरि गज मोतिन माला । धन्य बैल सेउ संकर पाला ॥
नाथ हाथ अपने पहिराई । कंचनसे पुर देत मढ़ाई ॥
टेरैं भूत भिहावन बानी । चला मस्त योगी शिवदानी ॥

End :—

थमो बरात द्वार पै आई । विजुका बैल बाघु गरराई ॥
दवरि भई सिवसंकर आये । सब सपिअन मिलि मंगल गाये ॥
धांवति चली देपन सहेली । पारवती का छोंड अकेली ॥
नारि चढ़ीं धौरहरा ऊंचे । देपि सरूप नैन भे नीचे ॥
पाछेक काहु हेवंचल कीन्हा । गौरा रूप डिगंवर लीन्हा ॥
फांसी दै तुम तजहु भवानी । सपिनसोच गौरा मुसक्यानी ॥
मन मा सोंच करौ जनि कोई । कर्म लिपा वरु पावा सोई ॥
लेलकि पांउ हेमवान पुकारी ॥ मोतिन चौक तहां बैठारी ॥
वइ मोतिन को करैं निछावरी ॥ संकर गौरा फिरैं सत भांवरि ॥
हरपै देव फूल वरषाये ॥ ब्रह्मा विष्णु तमासे आये ॥

दो०—छकित करैं सब आरती ॥ छकित भयो कैलास ॥
मुक्ति दान अवदीजिये । हरि चरनन को आस ॥

इति श्री महादेव विवाह सम्पूर्ण समापितं सुभमस्तु ॥

Subject :—

(१) विवाह के लिये गमन करते समय महादेव जी के वेश और साथ की सामग्रियों का वर्णन ।

(२) महादेव जी के वाहन की शोभा का वर्णन ।

(३) हिमांचल नगरी के वासियों का बारात देखने के लिये शीघ्रतापूर्वक आना । युवतियों का शंकरजी के स्वरूप को देखकर शोच करना ।

(४) पार्वती की प्रसन्नता। स्त्रियों का समझाना ॥

(५) शिव पार्वती का विवाह संस्कार। ब्रह्मा विष्णु आदि देवों का बारात देखने के लिये आगमन।

(६) देवताओं द्वारा आकाश से पुष्प वृष्टि।

No. 511. Mahūrtavichāra. Leaves—12. Deposited with Rāmaprasāda Murāū, Village Viśramadāsa-kā-Puravā, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः करण भगण दोषम् वार संक्रांति दोषं कुतिथि कुलिक दो मया मद्धि दोषम् राहु केत्यादि दोषं हरति सकल दोषं चन्द्रमा सन्मुखस्यात् ॥ १ ॥ मघा विशाखा कृत्तिका। अहि शिव मरणो मूल। स्वान सर्प इनमा डसै। मानहुं जम हनो त्रिसून ॥ २ ॥ रामनाम घर भोग विलासा। सीता शोक करै वनवासा ॥ अछिमन लक्ष जोति गृह आवे। हनूमान कछु खबरि जनावै ॥ नौमी प्रतिपदा शनि सोम प्रतिकाल श्रवण घट तुला लग्न परवत जाइये ॥ पंचक सोम पंचमी गुरु दिन मध्यान्ह काल ते रासि मीना तिकर्के दक्षिण वराइये। षष्टी भृगुभान भौम भूत पुष्य रोहिणी संध्या धन में षहरि पश्चिम न जाइये ॥ द्वैज दिग रवि शशिच भौम मकर निशार्द्ध मकर कुंभ कन्या नहिं उत्तर सिधारिये ॥

End :—जो कोई पौर्णिमा को भूमि कंपै वा दिन में तारा टूटे उल्का पात व वज्र घात होय वा चंद्र सूर्य ग्रसै वा केतु उदय होय इन्द्र धनुष कढ़ै तौ सब वस्तु महंगी होंय ग्रहण में अवश्य। इत्युत्पाताः ॥ बुधः शुक्र समोपस्थः करोधि कार्य वां महां ॥ नयो इंतर्गतो भानुः समुद्र मार्ग शोष येत् ॥ बुधे तिजो बुध शुक्र समोप होइ तौ पृथ्वी भर में जल वर्षै अरु जोतिन के बीच में सूर्य आनि परैं तौ समुद्र के जल को भी सोष लेइ ॥

Subject :—पृ० १ से पृ० ९ तक—सर्प काटने का विचार, मात्रा विचार लग्न प्रमानम्, नक्षत्र विचार, भद्रा वर्णन,

(२) १० से पृ० १८ तक—विवाह विचार, होम कर्मवयग्नि विचार,

(३ पृ० १९ से पृ० २४ तक—यात्रा तिथि विचार, उत्पात विचार।

No. 512. Manihārina-Bhesha-kī-Pothī. Leaves—5. Deposited with Paṇḍita Mathurāprāsāda Miśra, Village and Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ मनहरिन भेष को पोथो लिख्यते ॥

एक समे व्रज चंद नंद सुत मन में यहे विचारो ।
करिके भेष विसाति नारि को छलिये राधा प्यारो ॥
कोनपाप को लहगा पहिरे अरुन जरकसो सारो ।
अंगिया लाल श्याम मंडन को अति छवि देत सो न्यारो ॥
मोतिन को पहिरे नक वे झालरदार बनाई ।
मानों विरचि विरंचि आपको गहने को सुघराई ॥
कानन करन फूल अति सोहे माथे बोज जराऊ ।
ता ऊपर अति लसत बंदनो मोतिन माँग भराऊ ॥
कंठ लसत दुलरो औ तिलरो गज मुक्तन को हारा ।
मानों जुगल सुमेरु के ऊपर धसो गंग को धारा ॥
गरे हेवाल माल कंचन को अरु पहिरे पग वारो ।
मानों काम आपने ऊपर रुचि रुचि विविधि संवारो ॥

End :—

अरस परस घुंघटन लों करिके..... ।
लखि के पदम कहन अस लागे ऐसो भेष बनायो ॥
विरजा सखी सबन ते चंचल छिन भर रही न सातो ।
हाथ पकरि मनहारिन जू के जाइथ खोलिन छातो ॥
प्रसिके परे तुरतहि दोऊ उलटे लगे मंजोरा ।
दाँत अंगुरिया दई राधिका धन्य धन्य बलवीरा ॥
मेरे काज लाज तजि मोहन एतो परिश्रम कीन्हों ।
नारि भेष धरि आये मोहन बड़ो बड़प्पन दीन्हों ॥
जाको जपत शेष अज शंकर सुर मुनि जिते बड़ेरे ।
ते मोहन तुम बने फिरत हो व्रज वनितन के चेरे ॥
तुम तो तीन लोक के स्वामी श्री पति अंतर जामी ।
ताप तीनि छूत होत हो श्री कृष्ण गरुण के गामी ॥
आनंद कंदन के नंद नंदन जगवंदन गुन रासो ।
जाको ध्यान धरत सुर नर मुनि जोगी जन सन्यासो ॥

× × × ×
× × × ×

इति श्री मनिहारिन भेष की पोथो संपूर्ण ।

Subject :—श्री कृष्ण का मनिहारिन भेष में राधा को छलना । स्त्री वेष-धारी कृष्ण के नख-शिख का वर्णन । विरजा सखी द्वारा वृषभान-भवन में

पहुंचना और राधिका से मिलना तथा राधा के प्रश्न पर अपना पूरा पता बताना। विविध अलंकारों से राधा को विभूषित कर प्रेमालाप करना। विरजा सखी द्वारा छातियों पर बांधे मंजीरों का खींचा जाना। कृष्ण का कपट रूप प्रगट होना तथा राधा द्वारा कृष्ण की विनती और नवलकुंज में मिलने का वादा। कृष्ण का घर आकर भोजन कर शयन करना।

No. 513. A collection of Manohara-Kahāni. Leaves—72. Dated in Samvat 1939. Deposited with Ṭhākura Śivasiṁha, Village Vikramapura, Post Office Oyala, District Kherī (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः अथ मनोहर कहानी लिष्यते ॥ कहानी ॥ एक साहूकार पोतड़ों का राजा समय के फेर में पड़ अपना धन सब खो बैठा। और लगा निपट दुख पाने और उपासा रहने। निदान उसके जी में यह सोच आया कि जो मैं किसी महा पुरुष या सिद्ध के पास जाऊं तो यह दुख मिटै क्योंकि सुना भी है कि एक साध के दर्शन से व्याध जाती है यह विचार चला चला एक जोगी के पास गया यह उससे कुछ कहने न पाया कि उसने अपने जोग से इसका मनोर्थ जान कर कहा ॥ दो० ॥ सुख दुख प्रतिदिन संग है मेटि सकै नहिं कोय जैसे छाया देह को न्यारो नेक न होय। यह उत्तम उत्तर पा वह विचारा धीर्य धर अपने घर आया ॥ १ ॥ एक अंधा वैरागी काशी के बीच मणिकर्णिका घाट पर बैठा ग्रहण में दही पेड़े खा रहा था कि देखकर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यह क्या करते हो बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं कहा ग्रहण में—उत्तर दिया मेरे गुरु की दया से सदा ही ग्रहण है। यह सुन पंडित हंसकर चुप हो रहा ॥ २ ॥

End :—एक बूढ़ा बटोही ग्रीष्म की रितु में तपन की प्रचंड किरणों से निपट कष्ट पाकर लाठी टेकता चला जाता था। मारग में एक युवा अश्वारूढ़ आ निकला बूढ़े को देखकर उसे दया हुई बोला अजी मैं युवा पुरुष हूं शीत घाम सब सह सक्ता हूं तुम बूढ़ा पन के कारण बहुत थके अब इस घोड़े पर चढ़ो मैं पीछे पीछे चला जाऊंगा उसकी इस करुणा वाणी से मगन बूढ़ा उसके घोड़े पर चढ़ा और युवा पीछे पीछे पैदल जाने लगा वह बहुत दूर न गया था कि युवा ने पुकार कर कहा अरे बूढ़े निलज्ज घोड़े पर उतर क्या तू ने अपना घोड़ा पाया है जो सारा दिन उस पर आरूढ़ चला जाता है बूढ़ा लज्जित होकर उतर पड़ा और धीरे धीरे चलने लगा थोड़ी दूर गया था कि इसका कष्ट देख फिर उसके जी में दया आई और बहुतसी विनती कर इसे फिर घोड़े पर चढ़ाया थोड़ी दूर

जाते उसे फिर इसी भांति उतारा निदान दो तीन बार उसे इस प्रकार चढाने उतारने से बुढे ने पूछा बाबा तुम्हारे पिता का नाम क्या है बोला सैयद हब्बो पूछा तुम्हारी महतारी का नाम क्या उसने कहा बीबी जोरा पर वह कुलवती नहीं उसको ब्याह करने से हमारे कुलमें कलंक लगा यह सुनतेही बूढे ने कहा हां बाबा अब मैं समझा कि चढावें हब्बो और उतारे ज़ोरा अब आप सिधारिये मैं गिरते पडते चला जाऊंगा ॥ इति मनोहर कहानियां संपूर्ण समाप्तः लिखतं गिरधारी लाल वैश्य बजाज गंज टेला ॥ संवत १९३९ माद्र पद कृष्ण पक्षे अष्टमयाम् ।

Subject :—१०० मनोहर कहानियों का संग्रह ।

No. 514. Mantra. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Rāmasvarūpa Miśra of Arjunapura, Post Office Antu, District Pratapagaḍha (Oudh).

Beginning :—॥ श्रीराम ॥

ऊं नमो आदेश गुरु को डाकिनी सिहारी किल्लैं मारी ।

यतो हनूमान ने मारी कहां जाय दुबकी किनो ने देखो ।

यतो हनूमान ने देखी सातवें पाताल गई सातवे पाताल से कौन पकड़ लाया, यतो हनुमन्त पकड़ लाया यतो हनुमन्त बीर पकड़ लाय के एक ताल दे एक कोठा तोड़ा दो ताल दे दो कोठे तोड़े तीन ताल दे तीन कोठे तोड़े चार ताल दे चार कोठे तोड़े पाँच ताल दे पाँच कोठे तोड़े छः ताल दे छः कोठे तोड़े सातवाँ कोठा खोल देखे तो कौन-कौन खड़े हैं । डाकिनी सिहारी भूत प्रेत ले यतो हनुमंत तेरे झाडे से चले । ऊं नमो आदेश गुरु को गुरु की शक्ति मेरी भुक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाचः ॥

End :—उक्त मन्त्र को १००० सहस्र बार जप करै गुगल के धौगुल तुर्रे के फूल की ७०० शत आहुती करै दो और मैनफल की राख की रुई में मिलाकर बाती बनालो यह बाती तेल भरे दीपक में जलाकर उस दीपक की पूजा करो तदनन्तर आठ या दस वर्ष की अवस्था उत्तम वंश देवगण वाले पवित्र बालक (लड़का तथा लड़की) को दीपक के सन्मुख बिठलाकर आप भी पवित्रता से मन्त्र के जप के संकल्प का जल मैनफल पर डालदो और दीपक के सन्मुख इस मन्त्र को लिख के निम्न लिखित यंत्र की पूजा करो तथा बालक की हथेली में वह दिखाकर मैनफल की राख तेल में मिलाके बालक की हथेली पर लगादो और पूजित यंत्र उसके गले में दक्षिण हस्त में बाँधकर उससे कहो कि तू अपनी हथेली में देखताजा फिर उससे जो पूछो वह अपनी हथेली में देखकर जो कुछ कहै सो

सत्य जानो ।

॥ यन्त्र ॥

१	८	३	८
५	६	३	६
७	२	९	२
७	४	५	४

यह विधि उद्योग में लिखी हैं ।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ७ तक—हनूमान का मंत्र, दो यन्त्र, मन्त्र से प्रथम सन्ध्या की भांति करन्यासादि । मंत्र-सिद्धि करने की विधि ।

No. 515. Mantraprayoga-Saṅgraha. Leaves—14. Deposited with Paṇḍita Śiva Kanṭha Dube, Village Deudārapura, District Kherī (Lakhimapura) (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ मंत्र प्रयोग संग्रह लिष्यते ॥ मंत्र आपनो देह रक्षा को । ऊं नमो लोह का लोढ़ा जहां ड़ाको कूड़ो हमारा पिंड पैठा ईश्वर कुंचो ब्रह्मा ताला हमारा पिंड का श्री हनुवंत रखवाला ॥ या मंत्र को पढ़ि के कहीं रहौ कुछ चिंता याको देह में नहीं उपजै । सत्त सही है ॥ बवासीर को मंत्र ॥ उमतो उमतो चल चल स्वाहा ॥ लाल सूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़ के पांव के अंगुठा सों बांधे ॥ दस रोग का गंडा ॥ परवत ऊपर परवत और परवत ऊपर फटिक सिला फटिक सिला पर अंजनी जिन जाया हनुवंत नेहला टेहना काख को काख लाई ॥ पोछे को अदीठ कान को कनफेड़ रान को भद कंठ को कंठ माला । घुटरने का डहरू डाढ़ को डढ़सूल पेट को तापतिल्ली फीया इतने को दूर करै ॥ भरमंत नावर भे माता अंजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरो भक्ति गुरू को शक्ति पूरो मंत्र ईश्वरो वाचा ॥ सत्य नामा अटदेश गुरु का विधि ॥ सात शनीश्चर हनुमान का पूजन धूप दीप नैवेद्य आदि करे १०८ प्रति दिन जाय स्त्री पास नहीं जाय फिर होली दिवाली ग्रहन में १०८ जापकर बला अदीठ कनफड़ भद कंठमाला डाढ़ सूल राख से झाड़ै डहरू के आक के ताप तिल्ली छुरी से मांड़े हनुमान का प्रसाद बटवा दिया करै ॥

End :—किये कराये उतारिवा को मंत्र ॥ ऊं नमो आदेश गुरू कोऊ अपर केश विकट भेष पंमति प्रहलाद राये पाताल राये पाव देवी जंघा राये कालका मस्तक राये महादेव यह पिंड प्राण को छेदे तौ देव दानाव भूत प्रेत डंकनी

संकणो गंडलोय ते जरो एक पहर वा द्वै पहर सांझ को सवारा का किया को कराया को उलटि वाहो पिंड पर परे इस पिंड को रक्षा श्री नरसिंह जी करै ॥ सब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरोवाचा ॥ कीड़नगरा को मंत्र ॥ ऊं नमो आदेश गुरु को आदि नगरा ते चली राणी सहस कोटि लाप च्यारि वोटि कालो कावरी सब एक उन्हार मंदिर मांहि घर करै प्रजा ने बहुत सतावै ॥ दुहाई जतो हनुमंत की हमारो गलो में आवै तौ लंका से कोट समुद्र सो पाई जै कीड़ा मगरे रहे तौ जतो हनुवंत वीर को दुहाई शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ॥ विधि ॥ तिल काले पर ७ मंत्र पढ़ि कीड नगरा पै नाषि जै दिन ७ तथा १४ कीड़ नगरो जाय ॥ ताप तिल्लो को मंत्र ॥ ऊं नमो हुतास परवत जहां सुरह गाय सुरह गाय के पेट में बच्छा बच्छा का पेट में तिल्लो तिल्लो दवा दवा तिल्लो कटे सर कड़ा बडे फोया कटे हरो फुरो। आठ अंका करके छुरी के फलरा सों झाड़ दीजै सरक डा बडै छुरी को लोह कटै ॥

Subject :—हर प्रकार के रोगों के मंत्र और वशीकरण आदि मंत्र का वर्णन।

No. 516 (*a*). Mantra-Saṅgraha. Leaves—16. Deposited with Bābā Jhabbūdāsa of Bādaśāhanagara, Post Office Lucknow (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अपनो देह रक्षा को मंत्र ॥ ॐ नमो लोह का लोड़ा जहां डाको कूंड़ो हमारा पिंड पैठा ईश्वर कुंचो ब्रह्मा ताला हमारा पिंड का श्री हनुमंत रखवाला ॥ या मंत्र को पढ़ि के कहीं रहो कुछ चिंता वाको देह न ॥ उपजै सत्त सही ॥ बवासोर को मत्र। •उमतो उमतो चल चल स्वाहा लाल सूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़ के पांव के अंगुठा से बांधे ॥ दस रोग का मंत्र ॥ पर वत ऊपर पर वत और परवत ऊपर फटक सिला फटक सिला पर अंजनी जिन जाया हनुमंत नेह ला टेहला कारव को करव लाई। पोछे को अदोठ, कान की कनफेड़ रान की वद कंठ का कंठ माला छुटरने का डहरू डाढ़ा को डढ़ सल पेट को ताप तिल्लो फोया इतने को दूर करै भस्मंत नावरहे माता अजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरी भक्ति गुरु की शक्ति पूरो मंत्र ईश्वरोवाचः सत्य नामा आदेश गुरु का। विधि। सात शनिश्चर हनुमान का पूजन धूप दो नई वेद्यादि करे १०८ प्रति दिन जाप स्त्री पास नहीं जाय फिर होली यादिवाली ग्रहण में १०८ जाप का चला अदोठ कनफेड़ वद गंड माला डाढ़-सल राप से झड़े डहरू को आक से ताप तिल्लो को छुरी से झाड़े हनुमान का परशाद बटवा दिया करै ॥

End :—सभा मोहिनी ॥ काल मुष धो करूं सलाम। मेरो आंखों में सुरमा बसे जो देषे सो पांव पड़े। दोहाई जो सुल आजम दस्तगीर को छू विधि। सवालाष गेहूं पै १२५००० मंत्र पढ़के बांको आटा करावे घी पांड मिलाय हलवा बनावे फिर जो सुल आजम दस्तगीर को उसपै नियाज दिलाके आपही पाय जब किसी सभा मे जाय सुरमा पर सात बार मंत्र पढ़कर लगाय जाय सब सभा वस में होय ॥ सभा मोहनी सिन्दूर। हथेली तो हनुमान बसे भैरों बसे कपाल नारसिंह की मोहनी मोहै सब संसार ॥ मोहन रे मोहनता वीर सब वीरन मैं तेरे शिर सब की दृष्टि बांधि दे मोहि तेल सिंदुर चढ़ावो तोहि तेल सिन्दूर कहां ते आया कै लाल परवत से आया कौन लाया अजनी का हनुमंत गौरी का गणेश काला गोरा तोतला तीनो बसे कपाल हुदा तेल सिन्दूर का दुसमन गया पताल हुदाई का मियां सिन्दूर की हमै देषि शीतल होइ जाइ हमारी भक्ति गुरु को शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचः सत्यनाम आदेश गुरु को। विधि ॥ सात शनिश्चर वा रविवार दीपक ८ तेल करके लोवान देवे मिठाई भोग धरै १०८ जप फूल पात करके पूजा करै सिद्ध हो जाय ता पाछे जहां जाय सिन्दूर पै सात बार मंत्र पढ़ माथे पै लगाया जाय राजा गुस्सा हो जाय दंड देवे को बुलावे तो देखते ही शीतल हो जाय जिस सभा में जाय वहां के सब मनुष्य आदर भाव करें अरु प्रीति से सन्मान करै ॥

Subject :—हर प्रकार के ३०० मंत्र कार्य रोग आदि के वर्णन ॥

No. 516 (*b*). Mantra-Saṅgraha. Leaves—10. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning:—आसमोनो पास मोहनो मस्तक मोहनो जन्म सभा के जिह्वा बांधोमोहनो मन मोहनो तराहाथो हनुमंत बिराजै कपाले भैरो श्री श्री सिंदूर को दृष्टि देषु पताले ॥ १ ॥ आगो ॥ तुमही से माता तुमही से पिता तुमही हस्त रहंतो ये अगिन पा पानो परंतो कार शाय सोता सोता राम राजाय सर सुवर अगिनि सो खता रक्षा करै गुरु गोरख अवधूत मेरो भगतो गुरु को सकतो फुरो मंत्र इश्वरोवाचा ॥ २ ॥ धूल धूलो में रोवायु चंद्र खुवद सूर्य ॐ ठकायरू देह पानो पानो पढ़ंते प्रानो होत उचाट लागु ३॥ देखंत के चलूला गुचलंत के पगला गुरु हन्ता के पाटल गुमारंता के हस्त लागु लागु नल गु कहक राजा श्री त्रिपुरारी कोटि अज्ञा वेगो लागु ॥ कंवरू देस कमख्या दोनो जंह बसै असमाइल जोगी असमाइल जोगी जोगी वाही वाड़ी न फूल हंसै न बिगसै न फूल सुखै न कुमिलाइ जो सुंघै फूल की बास सो आवै हमरे पास ॥

End :—मंत्र सांप मारक। उत्तर दिसि कारी बादरी त्यहि मध्य ठाठ काल पुरुष एक हाथ चक्र एक हाथ गदा मारो सत खंड लाइ। गदा मारो सत पाल लाइ ओ हर २ निर्विष शिवाज्ञ। अन्यच। थिरु पवन तिहि विस नासै तेहि देखि धरहर कांपे संसर्जो आख विसमो सदिष्ट पटै नहीं विश ॥ एहि मंत्र कुसलै वालु गाले माख तत्काल निर्विष होइ ॥ जब बंधन मारै क मंत्रः ॥ जटा ऊपर का गार है ॥ ॐ नमः शिवाय शिव विचित्र सा पुनः कागा भोटे पनिया परै पोठे ॐ नमः शिवाय विचित्रां आम्याल हरि जगावै क मंत्र छव मास को परो डंक कापा को करार गये न तो निम छीहि काग आत गिध उड़इ सर वाहर पठावहि ठावनो नाच मारो वहाक खंडा न कै पड़ो उठो ठोठो भइ लागु पर मइसर उहुरे खंड कहा डगरिगव पंजरन्ह ला कठी काइरे हाकदे ओ वैनो नापो गिनि उंग उठै विहास पिरे सात समुद्र माझे पड़ो कविष वाढ़ै जोवधरा आमंत्रो रहि हि जगावै जोगिनि पाखतो जागु २ परमेश्वर उड़रे डंक ॥

No. 517 (*a*). Mantra-kī-Pustaka. Leaves—5. Deposited with Mahanta Santadāsa of Maujā Sagarāmapura, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॐ पश्चिम देसते चलो हनुमंत वीर भूत लोकहि सो संसार सिज्जा पहिरे है वजरंग वंदर छूटे भूरे अंगक्ति सैन पवन को पूत वे वांधे कलजुगकपूत श्री राम पर वीरा पावो देष सुत सव वांधि मंगाये अलु करै अलुवाधु छलुकरै छलु वांधु वलु करै गुदि दे पाउ देषो हनुमंत देव तेरे या मंत्र को या शक्ति गोइ के गरि आरे नो नारी वहत्तरि कोठाते वांधि महं कारि अपने हे वालेन करै तो वहिन भांजी को सज्जा पांउ धरे राजा रामचन्द्र कहरि जान।

End :—मन्त्र पान का।

ॐ कामरु देस कामभा देवो तिनने भेजे चारि पान पहिलो पान रातो माता दुजो पान विरह को माता तीजो पान औरो अउर चउथो पान मिलावैइ जोड़ा जो कोउ पाइ हमारो पान सो आवै हमारे पास न राति कल न दिन सुख फिर फिर देषै हमारो मुष कालो गुदरो कालो राति जाइ वैठि अमुक को पाट सोवत होइ जगाइ ल्याउ वैइठ होइ चटपटो लाउ ठाढ़ होइ चलाइ ल्याउ न अवै मुख रुधिर को छार दोहाइ ईश्वर महादेव को दोहाइ नरनुअ जोगी को दोहाई इस मैला जोगी को।

Subject :—हनुमान का मंत्र, ब्रह्मराक्षस छुडाने का मंत्र, चोर जानने का मंत्र, मोहन मंत्र, कार्य सिद्धि का मंत्र, ओले उतारने के दो मंत्र, बाघ मारने का मंत्र, गोला का मंत्र, विक्षिप्त का मंत्र, वशीकरण फूल का मंत्र।

No. 517 (*b*). Mantro-ki-Pustaka. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Vindheśvariprasāda Miśra, Teacher, Sanskṛita Pāṭhaśālā, Village Gaṇḍā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ आपको देह रक्षा को मंत्र ॥ ओ० नमो लोह को लोढ़ा जहांड़ा को कूढ़ो हमरा पिंड पैठा ईश्वर कूंचो ब्रह्मा ताहमा हमारा पिंड का श्री हनुमन्त रखवाला या मंत्र को पढ़िके कहीं रहे कुछ चित देह में नहीं उपजै । सत्य सही ॥

॥ ववासोर को मंत्र ॥

उमती उमती चल चल स्वाहा ।

लालसूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़िके पांव के अंगुंठे बांधे ।

दश रोग को झाड़ना

परवत उपर परवत और परवत ऊपर फटिक सिला फटिक शिलापै अंजनी जन जाया हनुमन्त नेहं लाट हला कोख को कंखलाई पीछे को अटो ठकान को कन फिर रान को भद कंठ को कंठ माल घुटरने का डमरू डाढ़ को डाढ़ शूलपेट को तापतिल्लो को या इतने को दूर करे मसन्तनातर मुझ माताअंजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरी भक्ति गुरू की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरोवाच सत्यनाम आदेश गुरू का ।

End :—॥ वैरी जेर करवे को मंत्र ॥

ओं नमो वलो या वलो उस्का चसा कुलुफ उसका वाजु कुलुफ दुशमन को जेर हमको खेर ॥

॥ विधि ॥

२१ दिन पूजा हनुमान जी कै करै मंगल से १०८ जप करै जप करै धूप दीप नैवेद्य करके मंगल को मंगल १०८ जप करै वृत राखै जहां वैरी वैठा होय रेत को चुकटी पै ३ या ७ बार मंत्र पढ़के वैरी को तरफ फूंके ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ५ तक—अपनो देह रक्षा का मंत्र और उसको विधि । ताप-तिल्लो का मंत्र । उसको सिद्धि की विधि, डाढ़ के दर्द क मंत्र । गर्भ रक्षा का मंत्र ।

(२) पृ० ५ से पृ० ८ तक—नेत्र को पीड़ा का मंत्र । डमरू पसली व वायु का मंत्र । उसको सिद्धि करने की विधि तथा प्रयोग । विष उतारने का मंत्र । सभा मोहनी मंत्र ।

No. 518. Motī-Binaule-kā-Jhagaḍā. Leaves—8. Dated in Samvat 1933 or A.D. 1876. Deposited with Paṇḍita Devatādīna Miśra, Village Sulatānapura, Post Office Thānā, District Unnāva (Oudh).

Beginning:—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ मोती विनौले का झगड़ा लिष्यते ॥ ख्याल ॥ बड़े बड़ाई कभी न करते छोटे मुख से कहै बचन । अपने मन में सभी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ रहूं सिंध के बीच समुन्दर सीप दीप हो रही माला । पड़ी बूंद स्वाती की मोती नित प्रति हुआ निर आला ॥ चातुर ने करी चाह बड़ी हिकमत से मुझको निकाला ॥ दिया जौहरी हाथ दलहर जद विस का मैंने टाला ॥ चातुर के मन बसा तुरत मगवा मुझ को डाला ॥ सोने का किया साथ यार मुखड़े पर रहता रखवाला ॥ ऐसी धरन से रहूं तुझे क्या कहूं तू आजा मेरी सरन । अपने मनमें सबी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ ख्याल ॥ जवाब विनौला ॥ कहै विनौला सुन भाई मोती क्यों करता है बड़ाई । फूलों में सिरदार फूल मेरी दुनियां में हैं उजलाई ॥ दो दो बांधत शख पहनते वस्त्र कहलाते सिपाई । सब के कूं ढकूं अदब में रखूं लोग क्या लुगाई ॥ सब के साहं काज लाज मैं रखूं शरम भलमनसाई । क्या गरीब क्या तालेवर में डट रही मेरी अवाई ॥ ऐसी धरन से रहूं तुझ से क्या कहूं तू आजा मेरी सरन अपने में सबी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥

End :—ख्याल जवाब मोती का ॥ कहै जो मोती सुनरे विनौले मैं अनमोल बड़ा सिरदार । क्या वजीर क्या राजा बादसाहि बैठे गले में माला डार । जोड़ी ज्योति जगमगी कच हरी भरा हुआ सारा दरबार । पैसे के दो सेर विनौले मंगा कूड़े रखवा दिये द्वार ॥ मैं कहता हूं सुन बे विनौले अब भी तू होजा लाचार ॥ जिद तू अपनी छोड़ दे हमसे नहीं तो मारूंगा पैजार ॥ जिद अपनी को छोड़ विनौले आजा तू तो मेरी सरन । अपने मन में सबी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ जवाब विनौले का ॥ कहै विनौला सुन बे मोती चुपका रहो तू मुरगी के । नंगी खड़ी करदे औरत कपड़े छीन लेवै तन के ॥ मोती के वाले कानों में हाथों में गजरे सोने के । देख तो वे अच्छी लगे हैं बिना विनौले कपड़े के । जब तक तुम पर आब है मोती तब तक तुम हो रुपये के । जब पानी ढल जाय तुम्हारा फिर नहिं कोई मतलब के ॥ बड़ी नहीं तुझ में टकलाया चमकता था बिस दिन । अपने मनमें सभी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ ऐसी धरन से रहूं तुझसे क्या कहूं तू आजा मेरी शरन । अपने मन में सभी बड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ इति श्री मोती विनौले का झगड़ा संपूर्ण समाप्तः संवत् १९३३ कार दशहरा ॥ श्री शंकराय नमः ॥

Subject :—मोती और बिनौले को अपनी अपनी बड़ाई का वर्णन ·

No. 519. Mushṭikaprašna. Leaves—2. Dated in Samvat 1784 or A.D. 1827. Deposited with Paṇḍita Śivakanṭha Dube, Village Devadārapura, District Kherī (Lakhimapura) (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ मुष्टिक प्रश्न लिष्यते ॥ लग्न को केन्द्री बृहस्पति तथा शुक्र होय तौ जीव चिंता कहिये ॥ मं. बृ. कुंभ, सिंह इन ऊपर केंद्री कुल अके होय तौ धातु चिंता कहिये ॥ मं. ३ कुं ११ कं. ६ म. १० इनमो कोई लग्न होय अरु बुध तथा शनि वको होय तौ मूल चिंता कहिये ॥ ३ बृ ॥ २ ध. ८ तु. ७ मि. १२ ॥ क ४ ॥ चं. बृ. शु. सो जो इनको दृष्टि होय अथवा स्थित होय तौ जीव चिंता कहिये ॥ ४ बुध लग्न थे ५ अरु ९ ॥ ५ । शुक्र की दृष्टि होय अरु ॥ ६ ॥ शुक्र होय तौ मूल चिंता कहिये ॥ चंद्रमा केंद्रि बुध होय कं सूर्य को दृष्टो होय तौ गुंज मूल बतैये ॥ चंद्रमा की केन्द्र शुक्र देषत होय तौ फल चनका कहिये कपासु अन्नादिक कहिये ॥ ७ ॥ बुध ॥७॥ तथा बृहस्पति होय तौ मिर्च फल तथा धातु स्याह पीत होय ॥ ८ ॥ शुक्र चंद्रमा तथा शनि । ७ । वै होय लग्न ते तौ जायफल धातु शूल श्रुति कहिये ॥ शुक्र चंद्रमा शनिश्चर जो ७ वे होय तोनि वस्तु होय धातु मूल मृतिक ॥ १० बुध ॥ मं. ॥रा.॥ श. ११ तथा ९ होय तौ सुगंध को फूल कहिए ११ ॥ बु. । बृ. शु. जो ये पांचो होंय तथा ॥ १० ॥ स्थान को देषतो होय तौ केला को फल कहिये ॥

End :—१२ ॥ राहु के० बु० शु० जो ६ होय तथा स्थान को देषत होय तौ करुवो फल कहिये । शु. बृ. मं. जो छठो होय तौ तीन वर्ण को वस्तु कहिये ॥ बृ ३ श. १० बु० होय तौ पाटंबर वस्त्र लग्न कुं. चै. श. देषति होय तौ फल मूल कृष्न सुपेद होय १६ चंद्रमा मे. बु. जो १० बारहे होय तौ रक्त स्वेत पीत वस्त्र होय ॥ १७ । मं. रा. केंद्र लग्न को देषत होय तौ धौलोय धूम्र धुवां रुरोपो वस्त्र होय ॥ चंद्रमा केंद्रो होय तौ स्वेत वस्त्र होय । चंद्रमा मवन शुक्र होय तौ रुपे को मुद्रा कहिये ॥ बुद्ध केंद्रो होय तथा केंद्री को देषति होय तौ फल मूल तृण मद्या हरो वस्तु होय ॥ बृ. ७।९ तौ रक्त शुक्त स्ववर्ण युक्त वस्त्र जोषे होय सूर्य ४।१० होय तथा लग्न १।७ लग्न को देषत होय तौ मुक्ता फल शुक्त वस्त्र होय ॥ जो केतु होय तौ विद्रुम होय मंगल केन्द्री को देषति होय तौ लाल विद्रुम होय ॥ केंद्री शनि होय तौ लोहा कार होय राहु केंद्री होय तौ संषाकार होय ॥ बुध ३।५ । होय राहु सूर्य को दृष्टि होय तौ सब गुण तथा देषति होय तौ स्वेत कृष्न जानिये ॥ मंगल शुक्र ९।५ होय तौ मृतिका कहिये सूर्य केंद्रो होय बुध ९

होय ५ मंगल होय तौ मूढ़ो मों फल कहिये ॥ बुध ५।६ चंद्रमा शुक्र देषत होय तौ आलो को फल कहिये ॥ सूर्य ६ मंगल ९ होय तौ तिल मसुरी रक्त कारो करबुर कहिये ॥ शु क्र ११ होय तौ गेहूं जौ कहिये ॥ इति श्री मुष्टिक प्रश्न समाप्तम् शुभंभूयात ॥ लिषतं भोलानाथ त्रिपाठी स्वपठनार्थं नेरी के बीच संवत् १७८४ चैत शुक्ल नौमी ॥

Subject :—ज्योतिष द्वारा मुष्टिक वर्णन ॥

No. 520. Nāḍī Parīkshā. Leaves—50. Deposited with Paṇḍita Jagannāth Bājapeī, Village Mākhī, Post Office Nevaṭanī, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ नाड़ी परिक्षा लिष्यते ॥ दो० ॥ शुभमन सरस्वती सुमिरिये शुद्ध चित्त हित आनि। प्रगट परिक्षा जीव की लहियो चतुर सुजान ॥ चौ० ॥ पित्त वाति पुनि श्लेष्म जानि। देषौ धमनी राह पिछानि कटुक तिक्त पुनि उष्ण कौ पानो। स्त्रियारिक्ष त द्रुम विधि जाणौ ॥ काऊ सूल सम चंचल नाड़ी। पित्त प्रकोपै चलै उघाड़ी ॥ दूध दही विस्वा गुड़ पाय। तिसमें ऐसा भाव जणाय ॥ प्रात समै पुनि पाणी पीवै। तिसकी नाड़ी पित्त घर थीवै। षीर परबूजा संपूर्ण शालीं। मिष्ट ध्यार मल पित्त पषालो पीत संपिनी पाय सनि पातो। वात वस्तु पायो होय पातो ॥ चलती चलती फुलिंग ज्यों कूदे। कारे नाज पांया जिमिलूंदे ॥ सौफ़ सजी धनियां भषियां ॥ मिस्री गर्रा सब लीजै भषियां ॥ पित नाड़ी इम कफ घर तासै। तो जाणि ज्यों वैद उलासै ॥ हंस सरी अहि ज्यों जब धावै। फिर पीछे पित के घर जावै ॥ पाणी सरदी मरदी ऐसी। कफ नारीडा लक्षण कैसो ॥ वटेट गति रो धमणी जाणी। वात प्रकोपै सीतल पाणी ॥ सीघ्र चलै पुनि सीतल उपजावै। वात पित्त का भेद लषावै ॥ मृष प्रकोपै चंचल ह्वै चालै ॥ रक्त उष्म को जानो सभालै ॥

End :—चतुर्थ ज्वर को नसवार। वृंदात ॥ पत्र अगथिया के ग्रहो रसको दे नसवार। ज्वर चतुर्थ ना रहै भाष्यो वृन्द मंझार ॥ पुनः। अपूव कंटाली मूल ले रवि नहिं उगै सूर। गुगल धूप दे बांधिये अतीय ज्वर जाय पंभूर ॥ पुनः ॥ दूधक मूल जो संग्रहो बुध रवि दिन के बार कंठ बांधो धूप दै अतीय ज्वर जाय निरधार ॥ पुनः एकान्तरादिक को गंगा या उतरे कूले अपुच नाम सो सूत तस्मैति लोक कंद धातु मुंचत्ये कादिक ज्वर अविधि ॥ काला तिल अरु पाणी इनै मंत्रसो मंत्र नित्य ज्वर के नामे बाहिर जाय तिलको ढेरी कीजै पाणी को धारा चौनिर्द दइ दीजै कहो जै मुषिहूं तौमैं नित्य ज्वर जाय। जानि इमि

फहि करि उठि घरि आवै फिर पीछा ने चोर्कै नही ॥ इति नित्य ज्वर जाय ॥ मस्तक पीड़ा छिद छिक ये ज सीत ज्वर जोइ ॥ सीत ज्वर को चूर्ण सन्निपात कलिकात ॥ चौ० ॥ पीपल मूल औ पीपल पिता । सुनि चव्यक टांक करि मिता ॥ पांच टांक भांगंगो जाणौ । सौल टांक चिरायता आणौ ॥ गुड़ पुराणों साढ़ा पांच बोस सिर साही लेनी । का पोस टांक तीन चूर्ण ले प्रातें ज्वर सीता गन रहै इण पांतै ॥

Subject :—वैद्यक वर्णन ॥

No. 521. Nākshatra Prakāśa. Leaves—15. Dated in 1883 or A. D. 1826. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—श्रावणो श्रवण बाहरो महो डुलंतो जोय । श्रावण पहलो पंचमा जो नहीं उठे ब्याल । लुजा जे पोल भाल बैठू जासै मोसाली । श्रावण पहिलो पंचमो कै बादल कै बोज । कोग काढ़ो रची कणा रापो भातर बीज । चोथि नवमो चोदश्या जै संकरण पडाइ । परमणी जे भा भलो छत्रा भंग कराइ । जेठी अर्ध अमावस्या रवि आछै तो जोई । बोजै शशिहेर उगसे स्यानो कहसी मोह । नुत्तर तो उत्तम समो माघै मध्यम काल जो शशि दक्षिण आथवै तौरो बहु काल । श्रावण वदी एकादसी तेतो रोहिणि होइ । तेतो समौ परषि जे विरला जाण कोइ । कृतिका तोर किटवरो रोहिणी तोर सुकाल तेते आव मृगासिर तो पड़ै हडाहर काल । जेष्ठ सुदिया निर्जला जेतो घटो का का होई सातै भामज दोजियेउ वरता फल होई । वेनु वरतो वरसै अपार ब्यारी बचतो अति वनशार । पंचे पंचस नृपिरिवाई । छग्यो भा मेहज थाई ।

End:—आदि भरणी असलेष मघा तिहुं उजाषों रस तिमि पा । सात नक्षत्रा का कड़ो । जै सिर वै सैभांण । शर सोषै अरधो करै । येान वृह असराल । पून्यो गल्यो परि बागलौं ॥ गलोज पंचक मूल । पूर्वाषाढ़ धेडू कसी तो निपजै सादू त । चैत बोता बैशाष जहु सो । तिथि नषित्र जोरई रै भोसो तिथि तौ पर्वत दासै । नक्षित्र वधै तौ पाल विणासै । तिथिवार होइस समतुला तो पृथ्वी फूलै सो वन फूला अथवैज सूर सात दिवस वरसै जुघन जल अति होर जु पूर । भोग बुलातो सो हो गया तू क्यों सूतो नाह । पोर भरभे छै मडली छवि सू अनुराधा ॥

No. 522. Nāmarāśi Lakshaṇa. Leaves—20. Deposited with Paṇḍita Vāsudeva Pānde, Village Kamāsa, Post Office, Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—दया गुरु की ॥ अथ लिख्यते नाम रासी के लक्षण ॥ मेष रासी पुरुष की अच्छी सुरती होयगी ॥ महीना भादौं का अच्छा शुभ होयगा ॥ बार आदित को सुभ होयगा ॥ कंवर में पीर होयगी ॥ ताको इलाज ॥ गुलाब और आसकंद ॥ व काली मिरच ॥ व सोंठि ॥ सब को बराबर करिके पीसि के ॥ गोली बनावै गरम पानी ले पाइ तौ आराम होयेगा ॥ जो चन्द्रमा देखै तो वह महीना पुसी में बोतेगा ॥ देही पतरी होयगी ॥ परच बेकदर करेगा ॥ लोहु एकवार गिरेगा ॥

स्त्री वृष रासि होय तो पहिले स्त्री मर जायगी ॥ दूसरी स्त्री के लरिका होयगा ॥ लरिका नव होंयगे ॥ लरकी पांच होंयगी इतनी संतान होयगी ॥ तीस में लरिका दोय जीवेगा ॥ लरिकी दोय जीवेगी ॥ और सब आखिर हो जावैंगे । तीस में एक लरिका तालेश्वर बहुत होयगा ॥ और बड़े आदमी के पास जाय तौ दाहिने बैठे तौ बड़ी पदवी पावेगा ॥ अलप बरस ग्यारा ॥ ११ ॥ में होयगी ॥ अलफ बरष ॥ १५ ॥ में होयगी ॥ ऊंचा से गिरेगा ॥ बरस बीस ॥ २० ॥ में उपद्रौ उतारन होयगा ॥ बरस चालीस में अलफ भारी होयगी ॥ आगे उमरि बरस नवे ॥ ९० ॥ जीवेगा ॥ जंत्र राषै तो पुसी होयगा ॥

End :—४४३ ऐ सकुन धर्म नहीं थांप पण धर्मन नोहानी थसे। बीच में विरोध उपजसे ले माटे तुसा बध रहे जो बीज का मामला भथ से विचारि काम कर जो ग्रहनो पुंजा करजो दुख टल से तोल (तिला) इन्द्री ऊपर छे: ऐसकुन तु काम धो पानी से गई वस्तु आवसे पाछी एक मास येक बरस मारुठोछे व्यापार माल भथ से राजा श्री खेन मान थसे तुमन मा संतोष राखे जे ये निशानी ये निशानी तारी इन्द्री ऊपर तोलछे ॥ प्रश्नावली समाप्त ॥ गुरुदया ॥

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—मेष राशि के पुरुष तथा स्त्री के लक्षण । कमर की पीड़ा की औषधि व उनके पास रखने के लिये एक यंत्र ।
(२) पृ० ३ ,, ,, ६ ,,—वृषराशि के पुरुष तथा स्त्री के लक्षण व यंत्र ।
(३) पृ० ६ ,, ,, ९ ,,—मिथुन राशि के पुरुष ,, ,, ,, ,, ।
(४) पृ० ९ ,, ,, १० ,,—कर्क राशि के पुरुष का लक्षण, औषधि व यंत्र ।
(५) पृ० १० ,, ,, १२ ,,—सिंह राशि के पुरुष तथा स्त्रीके लक्षण तथा यंत्र ।
(६) पृ० १२ ,, ,, १३ ,,—कन्या ,, ,, ,, ,, औषधि ।
(७) पृ० १४ ,, ,, १६ ,,—तुला ,, ,, ,, ,, ,, ।
(८) पृ० १६ ,, ,, १७ ,,—वृश्चिक ,, ,, ,, ,, ,, ।
(९) पृ० १७ ,, ,, १९ ,,—धन ,, ,, ,, ,, ,, ।

(१०) पृ० १९ से पृ० २० तक—मकर राशि के पुरुष तथा स्त्री के लक्षण तथा यंत्र।
(११) पृ० २१ ,, ,, २२ ,, —कुंभ ,, ,, ,, ,, ,, ।
(१२) पृ० २३ ,, ,, २४ ,, —मीन ,, ,, ,, ,, ,, ।
(१३) पृ० २५ ,, ,, ४० ,,—शकुनावली फल सहित ।

No. 523. Onāmāsī, Bārahakhaḍī, Pañchapāṭi, Dhāturūpa and Laghuchānakya Rājnīti. Leaves—18. Deposited with Gosvāmiji, C/o Paṇḍit Badrī Nāthji Bhatta, Husainganj, Lucknow.

Beginning :—सिद्धि श्री गणेशायनमः ॥
ॐ नामा सोधं ॥ च छा हि हो उं ऊं रे रै ले लै पे पै
ॐ आऊ अंगह ॥ का खा गा घं ना ॥ च छा जा झं ञ ॥
टा ठा डा ढं णा ॥ त था दा धं ना ॥ पा फा बा भं मा ॥
जा रे ला वा सं षे सा हा ॥ लं क्षो पा ॥
क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः ।
प पा पि पी पु पू पे पै पो पौ पं पः ।
न ना नि नी नु नू ने नै नो नौ नं नः ।
घ घा घि घी घु घू घे घै घो घौ घं घः ।

Middle:—
पठक : पाठकश्चैव ये चान्ये शास्त्र चिन्तका : ।
सर्वे व्यसनिनो मूर्खा यः क्रिया वात्सपंडितः ॥ ७ ॥
परोप देशे कुशला दृश्यन्ते बहुवो नरा ।
स्वभाव ननु वर्तते सहस्रे ष्वपि दुर्लभा : ॥ ८ ॥
हतं ज्ञानं क्रिया हीनं हता अज्ञानिनो नरा ।
हतं निर्नायक सैन्यं भर्तार स्त्रियो हता ॥ ९ ॥
केचिद् ज्ञानतो नष्टा केचिन्नष्टा प्रमादतः ।
केचित् ज्ञानावलेपेन केचिन्नष्टै स्तु नास्तिका ॥ १० ॥
द्वितीय प्रकाश—ज्वर झाड़ने का प्रयोग, रतौंधी निवारण प्रयोग, दांत झाड़ने की विधि ।

तृतीया प्रकाश—गोमहिष्यादि दुग्ध वर्धनमंत्र, स्त्री गर्भधारण, गर्भरक्षा बात रक्षा, और मक्षिका संजीवनी आदि प्रयोगों और मंत्रों का वर्णन है ।

चतुर्थ प्रकाश—विशोपशमन, कुक्कुर काटने पर मंत्र प्रयोग, बिच्छू मंत्र सर्प प्रयोग, शीर्ष, मुख, नेत्र, आदि झाड़ने के मंत्र ।

पंचम प्रकाश—मोहिनी प्रयोग, स्त्री वशीकरण, मारण प्रयोग, कटोरा चलाने के मंत्र।

षष्ठम प्रकाश—ज्वर, अजीर्ण, शिर पीड़ा, कर्ण व्यथा, शिषा बंधन, मारण, वंशोत्पत्ति करण आदि मंत्रों का वर्णन।

No. 565. Siddhānta. Leaves—16. Deposited with Paṇḍita Rāmasvarūpa Śarma, Pandita-kā-puravā, Maujā Bhadhu, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagadha (Oudh).

Beginning :—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥ अथ सिद्धांत लिष्यते ॥

ऊँ अब जागे श्री गुरु राम नंद अवधूता।

सेली सिंगी जग जंगोटा पत्र पांवड़ी दंडक छोटो ॥

रोली रंडा चवर अडानो। दोनो अलप काम सहदानो ॥

कुबजा कड़ा सुमरनी माला। भेष की लाज भगवान रखने वाला ॥

साकरी संष गुदरी तू भी बाजे मोचंग मुरली प्रंगी अचला टोपी मोर कलंगी ये रापे साधू बहु रंगी ॥ पांच सांकरी गोरष घंदा। साधू सुरति कर रापे बंधा ॥ कडिया का दंड अडवंद अजरा ॥ बटुवा सुई सुई का धागा। चोला पलगा सीवन लागा ॥ धोला काला डोरा ये साधू का चोला। पटु कुहाड़ो फरसो गुपती। देषो परघट नही छिपती ॥

End :— ॥ चूला चेति मंत्र ॥

ऊं सब्द का पात्र जंत्र का चूला। रसोई करै जानकी माई ॥

सात समुद्र जल अठारे भाख नास, पत्तो लकड़ो आनो ॥

सिध प्रधान ब्रह्मा विष्णु महेश्वर देवता जिनसो हित सनेह ॥

रिधीजारे अंत पुर नाचीउ दूरे गनेस जो उजंत आवे जर मरे सो वैकुंठ प्राप्त होय। मंथ पढ़ै चूला चेतावे। सो संत परमपद पावै ॥

॥ इति चूला चेताने का मंत्र ॥

द्वो लक्ष्मी माई सत्त की सवाई। चढ़ै भंडार करै सहाई।

रिद्धि सिद्धि घटैतो राज रामचन्द्र की दुहाई ॥

अन्न पूरना महादेव की पूरे गनेस। सिद्धी आदि अंत की वानो ॥

आकास देवी पाताल कूवा लक्ष्मी आइ भंडार किया ॥

लक्ष्मी गई सुत्य के पास। हम रहे सबू के पास ॥

सात समुन्द्र जल ले आवे। अठारामार बनास पातो लकड़ो आनो ॥ ब्रह्मापती अग्नी ॥ पत्तो ले चेतानो ॥ लक्ष्मी गई ब्रह्मा के पास आठ पहर चौंसठि वीर भंडार किया तीन लोक का उदर भरा। पढ़ि मंत्र भंडार चेताने। सो संत परंपद पावै।

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० ६ तक—गुरु रामदास की पंच मात्रा।

(२) पृ० ७ से पृ० १५ तक—आभूषण मंत्र, श्री मंत्र, अलकी मंत्र, सनकादिक मंत्र, कूंची मंत्र।

(३) पृ० १६ से २४ तक—निरंजन तारक मंत्र। सिन्दुर चढ़ावन मंत्र। वैराग्य बीज मंत्र। अमर बीज मंत्र। ब्रह्म तारक मंत्र, जटा मंत्र।

(४) पृ० २४ से पृ० ३२ तक—भरथरी मंत्र, कामधेनु मंत्र, चूल्हा चेतने का मंत्र, लक्ष्मी मंत्र। भंडार चेतने का मंत्र।

No. 566. Śīkshāśatārdha. Leaves—7. Dated in Samvat 1925 or A.D. 1868. Deposited with Paṇḍita Rājārāma, Village Narahā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः॥ अथ शिक्षा शतार्ध लिष्यते॥ दोहा॥ कहिये बात प्रमान की ज्यों की त्यों दरसाय। अन सोचे भाषै वचन फिरि पाछे पछिताय॥ करत अनीती दुष्ट नर रहत अडर जग माहिं॥ अवस दुर्दसा होति है अरु वाकी गति नाहिं॥ सुधरो कारज आप के करत भंग जो कोई। जितने वो कारज करै वाको एक न होय॥ जो घुट घुट बातें करे वाको सब सुनि लेई। अशुभ बात को छांड़ि के शुभ मन में धरि देइ। आगो पीछो सोचिये वासो चतुर कहाय। बिन सोचे जो कोउ करै निश्चै धोषो खाय॥ निबल सहायक हुजिये जो वह सांचो होय। सबल और सब होत है धर्म न देषै कोय॥ प्राण जाय जाते रहै मिथ्या दीजे त्यागि। जो असत्य बोले मनुष्य लागै कुल को दाग॥ विपता काहू पै परै तब कीजै उपकार। कबहुं न कबहुं आपनो कारज देय समारि॥ कबहुं न मागै मित्र सो कछू वस्तु यह जान। जो जन मांगत है अवस छीन होत है मान॥ दुर्जन अप सो आप के पोटो जाय सुनाय। शब हंसि के सुनि लीजिये क्रोध शीघ्र मिटि जाय॥ नीच आयके जो संमुष पड़ि जाइ। तौ चुप के ह्वै बैठिये बल तुरंत घटि जाय॥ परनारी को देषिवो चतुरन को नहिं काम। तेज घटत सब अंग को पावत अपजस धाय॥ नीच और आछेन को कबहुं न कीजै संग। वा संगति से आपनो होत प्रतिष्ठा भंग॥

End:—मीत प्रीत में कहत कछु राषौ मन के माहिं। जैसे पानी दूध में मिलि के निकसत नाहिं॥ जो अप को शिक्षा कहै सुनिये कान लगाय। हेत ढूंढ के बात को अपने चित ठहराय॥ जो तुम जानौ मीत सों प्रीति किये दुख होय। तौ कबहूं मति कीजिये वाको संगत कोय॥ ओछे जन को प्रीति को बरनन करौं बषानि। परत बबूला नीर में ताको प्रीतिहि जानि॥ जो अप सो रिपुता करै ताको मन मति देव। अपनो भेद नहिं दीजियो वाको मन हरि लेव॥

जो आयो आ जगत में जीव धारि के देह। पालन सब को ईश वह करिके पित सम नेह॥ जो आयो या जगत में झूठ न बोले कोय। झूठ पाप को मूल है ताको फल दुष होय॥ प्रातहि उठि के ईश को धरो चित्त में ध्यान। धन कीरति अरु जस बढ़ै हिय सो उपजै ज्ञान॥ सकल सृष्टि में आय के करै कोऊ उपकार। वाके मन प्रभु आ बसै होय जाम उद्धार॥ मिथ्या को सांचो किये मिथ्या तेहि पछि-ताहि। जैसे घाव पुरे हुए तासु पोज ना जाय॥ जैसो हो वैसो कहो मत कहो कछू बढ़ाय। जाते जन सत पाय ले भ्रम कहि नाहिं बुलाय। प्रभु में चित लगाय के करै पुन्य अरु दाम। यही दान फल दान है जग में हो जस मान॥ काहू सो लड़िवो नहीं आपिन राषै लाज॥ बनै आप सो तो कछू करि दीजै पर काज॥ परसु काज को जो करै यही वाक्य दृढ़ मान। दिन दिन प्रति संपति बढ़ै हो सहाय भगवान। मित्र जानि के मित्र सों कहै मित्र कछु आय भलो बुरो जो हो कछू राषो वाह छिपाय॥ काहू सो वैर न करो राषो सब सों प्रीति। उत्तम जन जो जगत में उनको यह है रीति॥ पंडित पद पाके करै जो अधरम की बात। ताको उपमा यो लषो दीप आंधरे हाथ॥ इति शिक्षा सतार्थ समाप्त शुभ मस्तु मिती माघ बदी १३ संवत् १९२५॥ श्री शिवायनमः॥

Subject :—५० शिक्षापद दोहे।

No. 567. Śodhaka-Paṭala. Leaves—36. Deposited with Bābū Tribenīprasāda, Sub-Court Inspector, Devariyā, Gorakhapura.

Beginning:—अथ सोधक पटलभाषा विधि गुण उपार्जन यत्नः लक्षण जो हाड़ निकलवाना होय अथवा पानी निकलवाना होय अथवा देवता भूत जो चीज जमीन से निकलवाना होय ताको विधि॥ मंजू का बाधा केरा के डाठ चोती कोड़ी सादो कौड़ी दश गंडा॥

॥ विधि॥ कील के पांच ईटा पांच पोर के पांच खूंटा खपेरा के पांच पत्ता पीपर के सेमर के वर पीपरि गभारी पाकड़ी पांच खूंटा करके सेन्दूर गुग लोहा हरदी तीन वस्तु जनेऊ खरुआ नरियर कपूर॥

End :—प्रथम॥ १॥ गर्भ के महीना जानने कीरो प्रश्न लगने से शुक्र जितनी राशि पर है उतना महीना गर्भ के स्थित जानो। और ग्यारहवें दशवें भाव में है तो पंचम भाव से रखना॥ १॥ गर्भ का कुशल जानना। यदि पंचम भाव का स्वामी तथा शुभ ग्रह पंचम भाव को न देखता है अथवा ना युक्त है और पाप ग्रह देखता है वा युक्त है तो गर्भ का पतन कहना अन्यथा नहीं॥ २॥

प्रश्नकर्ता को चाहिये कि प्रथम मकान गिन वावे फिर ४ उसमें जोड़ लेना ताके पंच गुना कर लेना फिर २५ बढ़ाकर लेना ताके ५ का भाग देना जो लब्धो आवे उसमें एक युक्त करना उतना ही प्रमाण जानना ॥

Subject:—पृ० १ से ६ तक—ज्योतिष ग्रंथ ग्रहण से फलित तथा तंत्र का ज्ञान हाड़ और द्रव्य इत्यादि भूगर्भ का हाल जानना । ६—११ तक—जल साधन दूत परीक्षा, मकान परीक्षा, मकान शकुन परीक्षा, भय का ज्ञान, अग्नि भय ज्ञान, भय की शांति के उपाय, यंत्र चालीसा, बहु यंत्र। पृ० ११—१४ तक—द्रव्य निकलवाने की विधि बादशाही अथवा बलिदानी द्रव्य की शांति का उपाय, यंत्र बीसा, यंत्र तीसा, यंत्र चालीसा, यंत्र पचासा, यंत्र ७० । २० । ९० । १०० । ११० यंत्र २२ । ४२ । ३८ । ३६ । ४६ । ३४ । ७२ । ५२ । (इन यंत्रों से अनेक प्रकार के भय की शांति होती है । यंत्र पटलका समूह १३,२०० यंत्र कपूर के राम नाम के अंका प्रश्न करने की विधि बखान आठ प्रकार के मंत्रों का समूह । दोष शांति के मंत्र नक्षत्र परीक्षा तिथि परीक्षा दिन परीक्षा, तथा शुभा शुभ फल देखना पाप ग्रह चक्र, पाप ग्रह से फल निकालने की विधि ।

अंक जानने की विधि अनेक प्रकार की बीमारियों की शांति के यत्न, यंत्र चक्र, गर्भ का महीना जानने की विधि—

No. 568. Subhākhita-Dohā. Leaves—28. Dated in Samvat 1917 or A.D. 1860. Deposited with Lālā Prabhūdayāla of Ālamanagara, Post Office Lucknow (Oudh).

Beginning:—अथ सुभाषित दोहा लिष्यते ॥ अलप थको फल दे घना उत्तम पुरुष सुभाय । दूध झरै तृण को चरै ज्यों गोकुल की गाय ॥ जेता का तेता करै मध्यम नर सनमान । घटै बल नहि रंचहू धरा कोथरै धान ॥ दीजे जेता ना मिलै जघन पुरुष की बान । जैसे फूटे घट धरयो मिलै अल्प पयथान ॥ भला किये करि है बुरा दुरजन सहज सुभाय । पय पायें विष देत है फणी महा दुपदाय ॥ सहै निरादर दुर बचन दन्डमार अपमान । चोर चुगुल पर दार रत लोभ वार अज्ञान ॥ अमर हरि सेवा मानुष की कहावात ॥ जो नर शील संतोष जुत करै न पर की घात ॥ अगनि चोर भूपति विपति डरत रहै धनवान । निरधन नींद न शंकले मानै काको हान ॥ एक चरण जो नित पढ़ै तो काढ़ै अज्ञान ॥ पनिहारी की नेज ज्यों सहज कटै पाषान ॥ पतिव्रता सत पुरुष की बड़ी रीति नहि जाय । भूप सहै दारिद सहै करै न हीन उपाय ॥

End:—विद्या दिये कुशिष्य को करे सुगुरु अपकार । लाप कड़ायो मानजा पोसे ले अधिकार ॥ ना जाने कुल शील के ना कीजे विश्वास । तात

मात जाते दुखी ताहि न रखिये पास ॥ गणिका जोगी भूमि पति बानर अहि मांजार । इनते राखे मित्रता परै प्राण उर झार ॥ पट पनही बहु क्षीर जो औषधि बीज अहार । ज्यों लाभै त्यों लीजिये कीजै दुष परिहार ॥ नृपति निपुन क्यों न प्रजा की हान ॥ धन कमाय अन्याय का वृष दश थिरता पाय । रहे कदा षोड़स बरस तो समूल नस जाय ॥ गाड़ी जो तरु उदधि बन कद कूप गिरराज । दुर विष में नो जीवका जो वो करै इलाज ॥ जाते कुल शोभा लहै सो सपूत वर एक । भार वहे के टूं चरै गरधव भए अनेक ॥ दूध रहित घंटा सहित गाय मोल क्या पाय । त्यों मूरष आठो पाकर नाहि सुधर हो जाय ॥ कोकिल प्यारी बैन ते पति अनुगामी नार । नर वर विद्या जुत सुघर तप वर छमा विचार ॥ दूर बसत नर दूत गुण भूपति देत मिलाय । ढाक दूप राजि केतकी वास प्रगट हुइ जाय ॥ इति श्री सुभाषित दोहों का संग्रह संपूर्ण ॥ लिषा वैद्यनाथ त्रिपाठी संवत १९०५ वि० फाल्गुण फुन्हाई बुधज ॥

राम राम राम राम राम राम राम ॥

Subject :—शिक्षाप्रद दोहे ॥

No. 569. Sukabahatrī. Leaves—87. Dated in Samvat 1931. Deposited with Paṇḍīt Rāmanārāyanadattaji Śastrī, Village Jñaṇapuratera, Post Office Lakhīmapura, District Kherī (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ शुक बहत्तरी (शुक प्रभावती संवाद) लिष्यते ॥ प्रणम्य शारदां देवी दिव्य ज्ञान समन्वितां ॥ मन चित्त विनोदार्थ क्रियते शुक बहत्तरीम ॥ १ ॥ एक पृथ्वी के विषे चन्द्र कला नाम नगर है । तहां राजा विक्रमसेन राज करता था तहां हरदत्त नाम सेठी बसता ताको सुर सुंदरी स्त्री ताको पुत्र मदन ताको रतनसेन की बेटी प्रभावती से व्याह किया सो रूप लावण्य युक्ता से व्याह किया मदनसेन आसक्त हुआ दमभर जुदा न होता पिता मन में चिंता करता पुत्र व्यापार नहीं करता स्त्री से आसक्त रहता है इससे क्षय रोग होगा यह समझकर चिंता करने लग्यो इस हेतु में जो बात प्रगट भई सो कहते हैं ॥ चित्त दे सुनो एक विदेशी ब्राह्मण विक्रम नाम का था सो वह गंधर्व पर्वत को गयो उस पर्वत पर एक सिद्ध महातपस्वी तप करते देखा जाके दंडवत कियो तब सिद्धि ने बहुत आगत स्वागत किया तब ब्राह्मण ने कहा एक वस्तु जो अपूर्व हो सो दीजिये किस वास्ते कि जो पृथ्वी अटन रहते है । कथा वार्ता बिन चित लगता नहीं और जो ऐसे रिषीश्वर के पास से भी नहीं पाऊं

तो कहां से पाऊंगा जो रिषि की सेवा करै तो बिहतर है सो निरफल नहीं। ॥ श्लोक ॥ अमोघा वासरे विद्युत् अमोघं निशि भर्जितं अमोघा च सतां वाणी अमोघं सिद्ध दर्शनम्। आगे और ऐसा ब्राह्मण ने कहा तब सिद्धि ने ध्यान किया उस समय एक सुवा एक सारो सिद्धि के दृष्टि आई उन दोनों को जन्मान्तर की बातें जानवे में आई कि ये दोनों गंधर्व हैं कोई रिषीश्वर के साप से सुवा योनि पाई है और रिषीश्वर अनुग्रह किया जो पृथ्वी के विषै मनुष्य भाषा किया प्रभावती आगे रात्रि को उपदेश करै प्राव वह सुवा गंध मादन पर्वत पर जायगा तब शरीर को छोड़ेगा फिर गंधर्व हो जावेगा अब शुक अपना शरीर बेचै मुहर ५०० को तो या ब्राह्मण को दिवावै तो पाप ते छूटै ऐसे सुवा सुवती को देव-रिषि ने कहा कि अरे शुक तू इस ब्राह्मण के संग जा और मुहरों का दान कर तेरा भला होगा इतना शुक सुन हाथ पर जा बैठा तब रिषि ने उस ब्राह्मण से कहा अय ब्राह्मण तू इसे ले जा जो कोई तुझे ५०० मुहर दे उसे दीजो मेरी आज्ञा से तेरा भला होगा ऐसा कहा तो ब्राह्मण उस सुवा को ले आज्ञा मांग चला ॥

End :—प्रभावती अपने पति सो बोली कि हे स्वामी तुम्हारे गये पीछे एक घड़ी मोको विरह उपज्यो तब एक दूती आई और मोको प्रबोधो तब मेरे भी मन में यह आई कि और पुरुष से भोग कीजे यह विचार कर सिंगार कर मैं चलीता समय सारो ने रोका बुरा लगा सो मैंने मार दई तो पीछे सुक सों पूछी शुक ने ७२ दिन कथा कह दिन बिताये और धर्म राख लिया मैं शुक के प्रताप सों रही ये कहीं तब मदन सेन सुक से कही कि सुक तुम सों चतुर कोई नहीं और तुम्हारे ही प्रताप सों मोको पुत्रो प्राप्त भई इस तरह कह तब वे शुक बोला मदन सेन तुम अपने पिता पास जाकर मोको आज्ञा मागो सो मै घर जाऊं क्योंकि मैं गंधर्व हूं रिषीश्वर के श्राप से शुक भया हूं तब मदनसेन पिंजरा ले सेठ के पास गया और पिंजरा दे के सब हाल कहा तब सेठ ने सुक से कहा कि उदास क्यों हो शुक ने कहा कि तुम्हारे पास रह कर कोई उदास न होगा अब मुझे आज्ञा दो आज्ञा पा बिदा भया पर्वत को गया देह छोड़ गंधर्व भया और स्त्री पुरुष दोनों स्वर्ग में भोग करने लगे यहां मदनसेन और प्रभावती भोग करने लगे। इति श्री शुक बहत्तरी अर्थात शुक प्रभावती संवाद संपूर्ण समाप्तः लिषतं ख्याली-राम गिरि संवत् १९३१ माद्र मासे कृष्ण पक्षे दशम्याम (श्री राम राम राम)

Subject :—(शुक और प्रभावती संवाद) चन्द्रकला नगरी का राजा विक्रमसेन था। वहां हरदत्त नाम का एक सेठ रहता था। जिसके कि सुरसुन्दरी नाम की स्त्री और मदनसेन एक पुत्र था। मदनसेन को रतनसेन की बेटी प्रभावती व्याही थी। जब कि मदनसेन देशाटन के लिये गया था प्रभावती पर

पुरुष से सम्भोग करने के लिये रवाना हुई परन्तु सारो ने उसे मना किया। उसको प्रभावती ने मार दिया फिर शुक से आज्ञा मांगी शुक नहीं न कर अपनी बुद्धिमानी से उसे प्रति दिन एक एक किस्सा सुना कर सानत्वना देता रहा इस प्रकार ७२ दिन व्यतीत हो गए। ७२ वें दिन प्रभावती का पति आ गया। प्रभावती ने शुक की बड़ाई करते हुए सब वृतांन्त सुनाया। मदनसेन भी बहुत प्रसन्न हुआ। शुक ने मदनसेन से कहा कि आप मुझे अपने पिता से आज्ञा दिला दीजिये तो मैं अपने लोक चला जाऊ। मैं गन्धर्व हूं ऋषीश्वर के श्राप से शुक हुआ था और अब समय खतम हो गया है। इस पर मदनसेन ने अपने पिता से सब हाल कह सुनाया और पिता ने शुक को छोड़ दिया। शुक पर्वत में जा देह छोड़ गंधर्व हुआ और स्वर्गलोक में अपनी स्त्री के साथ भोग विलास करने लगा। यहां प्रभावती और मदनसेन भी अपने दिन आनन्द से काटने लगे।

इसमें ७२ कथाएं अलग २ दी हुई हैं।

No. 570. Svargārohiṇi. Leaves—26. Deposited with Munshī Śivadhārī Lāla, Maujā Mamarejapura, Post Office Beniganja, District Hardoi.

Beginning:—श्री गणेशायनमः। श्री गुरु चरण कमलेभ्योनमः अथ स्वर्गारोहिणि लिख्यते। चौ० ॥ पारवती सुत सुमिरै तोहो। ग्यान बुद्धिवर दीजै सोहो। सुमिरि सारदहिं सुमति विचारो। करतु कृपा जन तुव बलिहारो। निशदिन मैं तुव चरण मनावै। अज्ञा कर पन्डव गुण गावै। अठारह पर्व भारत के भयऊ। लापर अंत कथा यह ठयऊ। इसकर नाम सुनहु चित लाई। स्वर्गारोहिणि अति प्रिय भाई। सुनिये अमृत कथा प्रिय बानी। जिसमें मुक्ति मुक्ति की खानी। गुरु गोविंद के लागौ पाया। चितै सुदृष्टि करतु कछु दाया। द्वापर अंत आइ नियराना। तब अस पांडव कीन्ह पयाना सोइ कथा मैं बरनि सुनावै। अब तो कछु गोमिद जस गावै। राम नाम कलि नर्क नसावन सब के ऊपर है जग तारन। संख चक्र धर सारंगपानी। सुमिरो देव रमापति जानि।

End:—जब लागि राज्य जोग्य होइ जनमै दो पुत्र तुम्हार।
तब लगि राज लेहु तुम मानहु कहो हमार ॥ १७ चौपाई ॥
सुनि कै परीक्षित रोवन लागे। परे जन्म मम करम अभागे ॥
मैं नहिं जानौ राज को भेवा। बिन मह्लाहु अधबिच सेवा ॥
सुनु राजा मैं कछु नहिं जानौ ॥ कह लगि अपनो कर्म बषानो ॥
तुम मोरे तात निरंजन देवा। ना जानौ जग और को भेवा ॥
कह मोहिं छांड़ि के चले भुवारा। कहा पाप तुम करो चंडारा ॥

दो०—कहै परीक्षित तात यह सुनु सात दीप के राज। राज पाट धन धरती मोरे कौने काज। १८॥ चौ०—राजा कहै भीम सुनु भाई तुम लै पाट देउ बैठाई। भीम कुंवार को पाट प्रधाना लै कान्धा सिंगासन आना।

Subje t:—१—अयोध्या मथुरा काशी आदि की महिमा—गंगा महात्म्य। वैशंपायन का जनमेजय के यहां आगमन।

२—वैशम्पायन का पांडवों की कथा जनमेजय को सुनाना—महाभारत का युद्ध, युधिष्ठिर का राज सिंहासन पर बैठना।

३—युधिष्ठिर का भाइयों के मारे जाने पर पश्चात्ताप। कृष्ण के पास पांचों भाइयों का आगमन।

४—कृष्ण का पाण्डवों को उपदेश—कलि कथा।

५—केदार यात्रा के लिये कृष्ण का पांडवों को उपदेश, परीक्षित को राज्य कार्य सौंपकर पांचों भाइयों की यात्रा।

No. 571. Svarodaya. Leaves—6. Dated in Samvat 1917 or A. D. 1860. Deposited with Thākura Brajabhūshaṇa Sīṁha of Jhukavārā, Post Office Pariyavā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री रामायनमः॥ नाभी के ठिकाने कंद है तहां ते सकल नाड़ी उपजति है अहो रात्र के मध्ये २१,६०० तिनकी नाड़ी॥ ७२,००० ॥ तिन विषे दश उर्ध्व॥ दश अर्द्ध॥ दो दो तिरीछे है॥ ऐसी नाड़ी चौविस श्रेष्ट है तिनके श्रेष्ट १०॥ ऊर्ध्व॥ अर्द्ध॥ १॥ तिन विषे तिनकी ब्रह्म मार्ग की ववरि है। एक इडा नाड़ी वाम, नाड़ी चंद्र की है। दूसर पिंगला नाड़ी सूर्य की है तीसर सरस्वती सुषमना हय॥ मध्य नाड़ी अग्नि की है॥ क्षण वाम क्षण दक्षिण है॥

End:—पृथ्वी, अप, तेज, वायु, आकाश॥ १५०॥ १२०॥ ९०॥ ६०॥ ३०॥ यह श्वास की मर्य्यादा है॥ एक स्वर की नाड़ी पंच घरी प्रमाण है॥ एक नाड़ी पंच तत्त्व वरत हैं॥ इति स्वरोदयमतम्॥ लिष्यतं लाला सीताराम माघ सुदी १॥ संवत् १९१७॥ श्री चित्रकूट सीतापुर ग्रामे॥ .....

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० २ तक—नाड़ी का वर्णन। चन्द्र कर्म, सूर्य कर्म, पक्ष विचार, वार विचार, संक्रान्ति विचार।

(२) पृ० ३ से पृ० ५ तक—पुनः वार विचार, स्वविचार, युद्ध विचार, पंच तत्त्व भेद।

(३) पृ० ५ से पृ० ६ तक—मैथुन विचार, तत्त्व विचार, प्रश्न विचार।

(४) पृ० ६ से पृ० ९ तक—पुनः तत्त्व विचार, धातु विचार, रोग संबंधी प्रश्नों का विचार। काल-ज्ञान विचार।

(५) पृ० ९ से ११ तक—नाड़ी-प्रवाहनादि क्रिया का वर्णन। अष्ट दल प्रमाण। तत्त्व भेद।

No. 572. Tikārīrajya-kā-Itihāsa. Leaves—39. Deposited with Mannūlāla Pustakālaya, Gaya.

Beginning:—श्री मतेरामानुजायनम् ॥

॥ दोहा ॥

सुमिर समीर कुमार पद। श्री गुरु पद युग कंज।
परम भागवत नृपति की। कहौं चरित अति मंजु ॥ १ ॥
मिथिला अवधि अवासते। प्रकटे निर्मल इन्दु।
कोकट अमल अवास में। वस्यो अमिय रस स्यंद ॥ २ ॥
सिव हर रजधानी बड़ी। तिरहुत देस पुनीत।
मातृ पक्ष में प्रगट भये। जनु ध्रुव जई सुनीत ॥ ३ ॥
माता मुद हरषित भये। राधा मोहन साहि।
जैथर वंशी धन्य मैं। ध्रुव सम नातो जाहि ॥ ४ ॥
दिये दान द्विज पोलि कै। रतन खजाने खोलि।
किये निछावर गुनिन को। भूषन वसन अमोल ॥ ५ ॥

End:—परम पुनीत कार्तिक मास जिस्मै श्री वैकुंठ का खुला दरवाजा रहता है श्री सीताराम जी के ध्यान मेरे मन को मग्न करके अपनी माता श्री मन्महारानी इन्द्रजीत कुंवरि साहिब सो कहा माता जु मैं श्री सीताराम जी के नित्य पारषद हूं प्रभु आज्ञा ते श्री महाराज हित नारायण सिंह जी बहादुर का परलोक बनाने के लिये पृथ्वी तल में अवतार धारण किया था सिवाय उनके परलोक बनाने के हम अपने माता पिता के और हजूर के घर लोक नहीं बना सके अब मैं श्री सीतराम जी के धाम में जाता हूं।

\+ × ×

Subject:—पृ० १ से पृ० १० तक—मंगलाचरण, राजकुमार रामकृष्ण का जन्म, उनकी जन्मकुंडली तथा नामकरणादि संस्कारों का वर्णन, श्रीकान्तजी से विद्या पढ़ना और गुरु मंत्र लेना तथा तत्त्वज्ञान का श्रीगणेश।

(२) पृ० १० से पृ० २३ तक—कुमार का सीता कुंड को गमन, श्री राघवदासजी परमहंस से भेंट तथा प्रश्नोत्तर। कुमार का युक्तिपूर्वक प्रश्नोत्तर में अपनी योग्यता प्रकाशित करना, गुरु का संक्षेप में ज्ञान प्रदान कर घर को लौटा देना।

(३) पृ० २४ से पृ० ३६ तक—कुमार का टिकारी आना और महारानी की ओर से दीवानी करना, राजा हित नारायणसिंह का उन्हें दत्तक पुत्र मान लेना

और युवराज की प्रार्थना पर उन्हें धर्मोपदेश देना; मालो के सदृश राजा के सात धर्म; मन्त्री और राजा के पारस्परिक व्यवहार तथा उक्त पदाधिकारियों के लक्षण।

(४) पृ० ३७ से पृ० ७८ तक—राजनीति सम्बन्धी प्रश्नोत्तर, राजा का मंत्रियों की बुद्धि की परीक्षा लेना, अठारह प्रकार के व्यवहार का वर्णन। पंच वर्ग का चिन्तन, सरकारी खिलअत प्राप्त होना, महाराज का प्रजा और अपने छोटे दामाद को उपदेश देना।

No. 573(*a*). Vaidyaka. Leaves—120. Deposited with Paṇḍita Dīnanātha Miśra of Fatehpura Chaurāsī, Post Office Saphīpura, District Unnāva (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सप्त धातु सोधव मारण माह ॥ प्रथम धातु नां संख्या माह ॥ स्वर्ण शैष्मंच ताम्रंच रंगं यशद मेंव च शीसं लोहं च सेप्त धते तवः कथिता बुधैः ॥ सोना, रूपा, तांबा, रांगा, जस्ता, सीसा, लोहा ॥ अथ शोधनं च। एक तोला सोने का केटक वेधो पत्र आठ करै ऐही भांति रूपे का और सबकूं गरम करै पहिले तिल के तेल मा बुझावै वार ३ पुन। गाई के माठा मा बुझावे वार तीन। कुरथी के काढ़ा मा बुझावे वार तीन पुनः गोमूत्र मा बुझावे वार तीन तब सातौ धातु सुद्ध होय ॥ अथ मारण माहा। पारा टंक १ गंधक शुद्ध टंक २ इन दोनों को कजरी करै पीछे गदी के रस ते घेटै घरी व तब सोधा सेना का चूर्ण टंक तीन सूं कजरी मा मिलावे निबुआ के रस मा मिलाइ कै एक घरी घोटै जब गाढ़ा हो जाइ तब एक टिकरी बनाइ कै घामें मा सुपाय डारै तब सराव संपुट में राषि के सेधौ सो मूदि कै कपरौटी करै गज पुद आंच तरे देह तौ भस्म होइ ॥

End:—अथ वाजी करण। कामेश्वर चूर्ण ॥ गोषरू, केवाच २। ककही के बीज १। शतावरी १। विदारी कंद का चर्ण २। खीरा के बीज २ असगंध २ रूसे के जरि का वकला १२ मूसरी गुरिच कै मैदा रक्त चंदन तज पत्रज इलाइची पीपरि आंवरा लवंग नाग केसरि यह सब अधेला भरि सब का चूर्ण करै। वरि आरा के जड़ के काढ़ा को सात भावना देइ। सेमर के काढ़ा को सात भावना देइ फेरि कुस कास सिरसा के जरि के काढ़ा कर सात भावना देइकै छुरै डारै फेरि समान चीनी डारि कै अधेला भरि रोज खाय ऊपर से गाय का दूध एक पाव पीवे तौ रति की बड़ी शक्ति होय। मूत्रकृछ्र मूत्रा घात प्रमेह जाय। हय तुल्य परा क्रम होय ॥ गत वीर्य की औषधि ॥ चिकनो सुपारी दक्षिणी दस टका भरि गाय का दूध ८० टका भरि गोघृत ४ टका भरि खांड

५० टका भरि गुजराती इलायची गुलसकरी की जरि का वकला वरी आरा के जड़ की वकली पीपरी जावत्री सूंठि सुगंध वाला मोथा त्रिफला वंश लोचन शतावरी केवांच के बीच छुहारा तोपुर मगरैला वेर की गुदी जटा मासी सौफ़ असगंध लवंग ये सब टका टका भरि कपूर रसा, सैंदुर वंग भागेश्वर अभ्रक यह सब एक एक पैसा भरि प्रथम सुपारी बारीक कतर कर के मदाग्नि ते पाक करै जब बारीक खोहा होइ घी मह डारै कहारै उतारि के शक्कर मिलावे फेरि काष्टादि मिलावे तब एक घोहा वासन मा मिलावे प्रातःकाल एक पैसा भरि पाय तो बहुत पुष्टि होय वीर पराक्रम होय ॥

Subject:—वैद्यक वर्णन ॥

No. 573(*b*). Vaidyaka. Leaves—30. Deposited with Paṇḍita Śītalāprasāda Dīkshita, Village Sikari, Post Office Tambaura, District Sitāpur (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ अथ अरप इनाइ का गुन ॥ अरप इनाइ तोले १ अरप करुआ तोरई का मासे ३। अरप मिर्च का मासे ४ अरप पीपरि का मासे १ इनको मिलाइ पीवे उन्माद नासै ॥ अता ज्वर नासे उद्वेग नासे सुक्र-ज्वर जाइ। प्रमेह नासे, सनियात नासै छाती का सूल नासै विषमज्वर नासे। पेट का सूल नासै। भूष होइ अग्नि पुलै, सोथा नासै, ऐते रोग नासै। अरप सौफ़ का गुन ॥ अरप सौफ़ का तोले १ दाप तोला १ ताके बीज निकारि डारै इनको मिलाइ पीवे तब मल को झरि जाइ। पेट का सूल जाइ अरप सौंफ का तोला १ सहत तोला १ पीवे अतिसार जाइ हृद नासे भूष लागै अग्नि पुलै सन्निपात नासै पेसाव पुलै दालि चाउर पथ करै ॥ अरप जीरा का अरप जीरा तोला १ मिर्च मासे ६। अरप मिर्च का मासे ३। इनको मिलाय पीवे लय ज्वर नासै गर्मी नासै परमेह नासै ऐते रोग नासै पट बयाला मनै।

End:—अथ तैल महातम। तिल का तेल सेर ४। आमा हरदी पाव सेर सिंघिया जहर टंक २० सफेदी घुघुची टंक २० लौंग की जर पाव भर गुमा की जर पाव से ठठोना मदार की जर पाव सेर सिंभोटा की जर पाव सेर इरानी की जर आध पाव कलेर की जर आध पाव सुरवारी की जड़ पाव सेर वाइ मुश्की आध पाव अजमाइन आध पाव इन सब को तेल में औटै जब पाकि तब उतारि लेइ जितनी वह तेल होइ उतनी रेड़ी का तेल लेइ तितनी महुआ को तेल लेइ। तीनौ को मिलावे जोसु देइ तब लगावे जो कमर बाइ से रहि गई हो सो नीक होइ जाकी पीठि कूबर निकरि आवा होई सो नीक होई जाकी कमर टेढ़ी हो गई हो सो नीक होइ। पाज बाई जाय और पैगन बाई जाय रंपिन

वाइ जाइ। नरो टेढो हो गई होइ सो नीक होइ चोरंन वाइ जाइ गठिया वाइ जाइ प्रसूत जाइ सेधि सेधि की वाई जाइ भोला वाइ जाइ सर्व अंग वाइ जाइ येते रोग जाइ।

Subject :—अतित रोग और उनकी औषधियां, अर्क तथा चटनी के गुण और उनके बनाने की विधि।

No. 574. Vaidyaka-Pharāsīsa. Leaves—20. Dated in Samvat 1840 or A. D. 1783. Deposited with Paṇḍita Śivadulāre, Village Varanāpura, Post Office Visvā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः॥ अथ वैद्यक फरासोस ग्रंथ लिष्यते॥ प्रथम नमस्कार के दोहा॥ प्रथम गवरि गनेस सरस्वति आग्या पाऊं हौं अयोन मति होन वरनि करि सके कहा लौ तुम गुन अपरंपार॥ व्याप रहे त्रिभुवन जहां लों फरासोस ने विचार के भेद कहे ताके भेद सुनो। गुरु आग्या बिन कछु न होइ चारि रितु प्रगट करि कहे अब सुनो जिमि के सब भेद॥ अथ रितु विचार वरन॥ शरीर में चार कोठा है। एक कोठा में अग्नि है तहां ते क्षुधा लगत है प्रथम जल को कोठा ताके में रग है सो ऊपर को चलो। दूसरे कोठा में अन्न रहत है। तिसरे में जाय के भस्म होत है। चौथे में मल वंयत है। दो नीचे को चले एक दाहिनी तरफ एक वाईं तरफ नीचे की पवन की तरफ आई। वाईं तरफ के वाईं के रग में चार अंकुर फूटे। एक नीचे को एक वाईं तरफ एक दाहिनी तरफ एक ऊपर को चलो दाहिनी तरफ की वाईं रग में ते चारि अंकुर फूटे। एक नीचे को गई एक वाईं तरफ गई एक ऊपर को गई। दो रगें तिन में ते दो दो फूटी दो दाहिनी को दो वाईं को॥

End:—अथ सीत ते गरमी जुर। तरे पेसाव कांसे के सो रंग होय तामें सरवत के सो रंग मिल्यो होय तौ सीति ते गरमी विकार जानिये॥ ताके लछन॥ पेट में दर्द होय नीचे के आधे अंग पसीना आवे॥ छाती में दर्द होय सिर दुषे रुचक होय हाथ पांव जरे प्यासो सुरुष होय अतीसार होय स्वांस होय कफ डारै पेट में दरद होय छाती भरी रहे। उचक हाड़ फूटन होय॥ अथ मल ते वाय॥ पेसाव को तेल केसो रंग होय तामें भूरो रंग मिलो होय तौ मल ते वाय विकार जानिये॥ ताके लछन॥ भ्रम होय सिर दुषे प्यासो अफरा होय माथे पसीना आवे उचक होय॥ अथ सित ते मल जुर जो पेसाव कांसे केसो रंग होय तामें तेल केसो रंग मिल्यो होय तौ सीत ते मल विकार जानियो॥ ताके लछन॥ मल बंद होय पेट में खल होय हाथ पांव में जलन होय जुर होय हाड़ फूटन हाथ तौ

मल ते शुक्र जानिये ॥ अथ शुक्र ते मल जुर ॥ जो पेशाब को रूपे के सो रंग होय तौ मेलने केसो रंग मिलो होय तौ शुक्र ते मल विकार जानिये ॥ ताके लक्षन ॥ अब लोहू बैठे उचक होय नल चढ़ि जाय चल हिन होय हाड़ जुर होइ चित्त भ्रम होय ॥ जितना पाया उतना लिषा पुस्तक विच पाया। लेखक रामनाथ शुक्ल संवत् १८४० वि० पुस्तक अति उत्तम वैठक जानिवे के लिये है ॥

Subject :—रोगों के नाम, उत्पन्न होने के चिन्ह और लक्षण आदि।

No. 575. Vaidyakasāra-Saṅgraha. Leaves—31. Dated in Samvat 1891 or A.D. 1834. Deposited with Paṇḍita Tārāchanda Munīma, C/o Messrs. Murlīdhara-Mahādevaprasāda, Sirasāganja, Mainapuri.

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ वैद्यक सार संग्रह लिष्यते ॥

दो०—गज मुष मोदक सुभग अति, एक रदन जग वन्द।
भाल बाल विध अतुल से, सुमिरौं गिरिजानंद ॥

क्रिया पाठ पागनो ॥ सोंठि टंक १० पीपर टंक १० जीरा टंक २ तज पत्र टंक १५ धना टंक १५ नागर मोथा टंक १५ नागकेसर टंक १० इन्द्र जव टंक १० मोचरस टंक १० लाल मषाना टंक १० सेत मूसरी टंक १० स्याह मूसरी टंक १० दालचिनी मुहरेठी टंक १० लोध टंक १० लाइची बड़ी टंक ५ लोंग टंक ५ कवावचीनी मस्तंगी टंक ५ वंस लोचन टंक ५ सालम मिश्री टंक ५ छुहारे टंक ५ गिरी २० बादाम १० लोध टंक १० लाइची बड़ी टंक ५ लोंग टंक ५ कवाव चीनी मस्तंगी टंक ५ वंसलोचन टंक ५ सालम मिश्री टंक ५ छुहारे टंक ५ गिरी २० बादाम १० दाने पोस्त टंक २० दाख टंक १० चिरौंजी टंक २० अकर करा टंक २ मिरच टंक ५ गोषरू टंक १० सहत टंक २० गिलोय टंक ५ करेय के बीक टंक ५ कैंच के बीच टंक ५ उसीर सत टंक २० सतावर टंक २० सेमर को मूसरा टंक २० मषाने टंक १५ पांड़ ८ सेर घी गाय का सेर १० ता पीछे वाटा को छोलि कतरा कर बीजा निकारि डारे तव पाग उतारि लेइ तव सिराये पाछे औषधि डारे मिलाय के तव कोरी हांड़ी मिलाय दे तव कोरी हांड़ी में कपूर लगाइ तामें राखै तव सकारे सांझ पाइ ज्वर क्षई आम वात जाय महावल करे ॥ इति पाठा पाग ॥

End:—औषधि स्वेत दाग ॥ कुटकी पल १ वड़ी पल हड १ तालीस पल १ बावची पल १ वांटि बासी जल में गोली करे बासी पानी में लगावे स्वेतदाग जाइ ॥

पाने को ॥ कुटकी पल ४ हरैपल २ बहेरापल २ जायफर २५ हरज वा पल १ बासो पानी सों पीस गोलो बांधे चना प्रमान नित्य पाइ ॥ बासे पानी में चना का रोटी पथ्य अलोनी दाग जाइ ॥ लेप पुनर्नवा की जड़ १ अफीम १ सोंठि १ देवदारु १ बाट गोलो मूल सों लेप करै ॥ ऊपर तमाषू के पात बांधे ॥ इति ॥ वैद्यक सार संग्रह ग्रंथ समाप्तं ॥ मिः पौष शुक्ल पक्ष तिथि सप्तमयां भौम वासरे संवत् १८२१ समाप्तं ॥

Subject :—पृ० १ से पृ० १० तक—मंगलाचरण, काढ़ा पित्तज्वर, गर्मी का इलाज,फूली तथा धुंध का अंजन। धातु क्षीण की दवा, क्रिया सार की दवा खांसी की सदर कफ की। कसीसादि घृत, मुत्र स्तंभ, घाव का मरहम। श्त कुष्ट की औषधि, नेत्र संबंधी रोगों की औषधियां, पुष्टि कर्त्ता गुटका, लवंगादि चूर्ण, समरी चिकित्सा। रक्तातीसर औषधि, अग्नि मुष चूर्ण।

(२) पृ० १० से पृ० ३६—नेत्रों का लेप, सतावार तैल, नारायण तैल, गर्मी की पुष्टि कर्त्ता औषधि। दन्त रसना तथा नेत्र संबधी चिकित्सा। ज्वर। प्रसूत कार्य उपचार। कुछ रस तथा क्रियाएं व गुटका। ज्वर लक्षण। काल ज्ञान परीक्षाएं (३) पृ० ३७ से पृ० ६२ तक—तांबेश्वर, गर्भास्थिति। कूष्मांड पाक, मूसलापार गुण। वज्रक्षार विधि, कूकर काटने की दवा, भगंदर की दवा, प्रदर तथा स्तंभन उपचार, वद की औषधि, जवापार विधि, धातु पुष्ट की औषधि, कूष्मांड घृत, कचनार गुग्गलं, पथ्यादि गुग्गल, शुंठि पाक, नारि के लिये पाक, सौभाग्य सुंठि, धान्य काष्ट, सन्निपात उपचार, दाद आदि की औषधि, धातुओं का शोधना, औषधि कुष्ट,

No. 576. Vaidyaka-Saṅgraha. Leaves—112. Deposited with Paṇḍita Durgādinajī Dīkshita, Village Sikārī, Post Office Tambaura, District Sītāpur (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कान की दवा बकुरी के फूल को मैदा दुइ रत्ती कान में डारै। तो अराम होइ कान को बहव बंद होइ ॥ बांसे की घुन मैदा कै कै दुइ रत्ती कान में डारै तो कान को चिलकवो मिटै औ बहव बंद होइ। औ जो कान में फुरिया होइ तो कौड़ी को भसम डेढ रत्ती गंगोलिया के रस में मासा भरे में घोरि कै डारै ॥ तो आराम होइ। ५ सफेदी घुघची पैसा भरि कड़ू तेल में जारि के बनाइ घोटि कै कान मां दुइ रत्ती डारै बाई कै कै बहति होइ व चिलकति होइ वा पिराति होइ तो अराम होइ रोज ३, ४ में। गगन धूरि दुइ रत्ती कान में डारै तो कान बहव मिटै फुरिया होइ तो अच्छो होइ जाइ ३। ४ रोज मां ॥ लोल की पत्ती कनेर के फूल सफेद पियाज सफेद इनके अर्क सम कै कै ऊकरो के दूध के साथ कान में डारै तो बहव व पीरा मिटै ॥

End:—ईगुर विधि ईगुर ले आवै जितना चहै पीसि कै मैदा करै लोहे को कटोरी में मैदा धरै काग्रो नीबू का रस एक बासन मां निचोरै तौ कटोरी में डारै जेहि मा मैदा बूड़ि रहै कटोरी मेते इतना डारै लोहे को तिगुडिया तेहि पर कटोरी धरै तरे कोइना को आंच देइ जैसे दिया को जोति तैसो अगिन करै जब नीबू को रसु जरि जाइ तौ औरु डारै इहि भांति चारि पहर आंच देइ। पिचरी को भांति पक्क होइ एक अंगुसो लोहे को तेहिते मैदा चलावै ॥ जौनु उबराइ तौनु तौन औरु मा धरै जो पाछि जाइ तौ ऊपर ते डारि कै पकावै उबारु और सब एकै पक्क करै जो चारि पहर मा न पकै तो मोर हुई फेरि यहि भांति से आंच देइ तिगोडिया के आस पास बंद करै पवन न लागै जब ईगुर तैयार होइ तब मेरगम मिलावै जावत्री लौंग इलायची जायफर ककरहा केवांच के बिया दालचिनी ताल मखाने उरंगन के बीज पस्तगी कवाच चीनी ये सब मस मैदा करै सहत में सानै गोली झरबेरिया के बेर को मौताद ईगुर तैयार कर दुइ रत्ती गोली प्रति डारै जब ईगुर अगिन पर ते उतारै तनिक नसादर डारि देइ इलाज सांझ सबेरे खाइ बूढ़ो जवान होई कामी बिना नारि न रहै १० नारि से भोग करै देही मोटा लिंग मोटा होइ। भूप बहुत लगै नामर्द से मर्द होइ।

Subject:—वैद्य क, रोग औषधि नाड़ी परीक्षा आदि।

No. 577. Vandīmochana-Kathā. Leaves—14. Deposited with Paṇḍita Nakachhedarāma Miśra, Village Dhanaurā, Post Office Gaḍavārābājāra, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्रीराम जी ॥ स्वामी बैजनाथ जी सहाई। श्री पोथी वन्दी-मोचन कथा। स्तुति ॥

श्री आदि भवानी कल्यानी श्री सुर संघारिनी नामा जी ॥
तीनि भुवन जेहि भ्रमता है कन्या सो वरदाई बम्माजी ॥
सो वर दायिनी त्रिभुवन दाता सिद्धि करें मम काम जी ॥
आदि कुमारी सिंह असवारी जाहि भजे श्री रामजी ॥
महिमा वन्दी अगम अपारा मुख से बरनी न जाय जी ॥

॥ चौपाई ॥

गाढ़ परे जहं मोहं का वन्दी। काज कैलाश धे छन्दी ॥
निश्चय होउ सहाय जी। नारद मुनि से कहै बम्माजी ॥
वन्दी माई सुमिरौं तोहो। सुमिरत गाढ़ छुड़ावहु मोहीं ॥
नाम तुम्हार है वन्दी माई। आपन जन पर होहु सहाई ॥

तीनि लोक लेत जब नामा । धन लक्ष्मी देहीं सो बम्मा ॥
तीनि लोक ठनाह सिरजवहो । नाम धारई बन्दी तवहो ॥
सुर गन्धर्व नाग मुनि देवा । सकल करी बन्दी के सेवा ॥
महिमा बन्दी के अगम अपारा । गाढ़ परे तहं करे उचारा ॥
जो बन्दी पर पुर धरे जो ध्याना । खाइ के पुरबिल सेके आना ॥
गायना जो ध्यान शील गुणखानी । बन्दी देवता आदि भवानी ॥

End:—

॥ चौपाई ॥

रक्त बीज असुरन के राजा । तुरितै आये तहं सहित समाजा ॥
चहुं दिशि घेरि उन बांधा । बर्णे न जाइ देइ दल बाधा ॥
लागे होन तहां रन भारी । भोरहि असुर पर चलो बयारी ॥
तब बन्दी त्रिशूल चलाई । लाख सेना मारि गिराई ॥
बूंद एक रुधीर महि परई । कोटिन्ह वीर तहां औतरही ॥
इहि विधि लरत बहुत दिन बीता । तीन भुवन तब भये भीता ॥
क्रुद्ध देषि वसुधा अकुलानी । सेना असुर कछु बरनि न जानी ॥

× × × ×
× × × ×

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० ८ तक—मंगलाचरण, बंदी देवी का महत्त्व। कथापाठ का फल। श्रवण का फल। कमलापति राजा का निपुत्री होना। शिवजी का काशी को बन्दी देवी के पूजन का आदेश और राजा का सपत्नी जाकर बन्दी को पूजना और वर पाना।

(२) पृ० ८ से पृ० १२ तक—बन्दी के समाज का वर्णन। बन्दी की महिमा। बन्दी का पूजन विधान। पूजा का फल। बन्दी के विविध रूप और अधिकार।

(३) पृ० १२ से पृ० १६ तक—स्तुति। ब्राह्मण भोजनादि। राजा के दो पुत्रों का होना। राजा का उत्सव करना। राजा का पुत्र तथा रानी के साथ बन्दी के दर्शनों को आना। जोगनी, भूत, पिशाचादि का गाना बजाना। बन्दी का पूर्व इतिहास। अहिरावण का राम को ले जाकर बलिदान करने का विचार। राम का बन्दी का स्मरण और देवी का पाताल जाना।

(४) पृ० १७ से पृ० १८ तक—बन्दीका राम से अपनी स्तुति सुनकर प्रसन्न होना। बन्दी के प्रताप से हनुमान का आ जाना, युद्ध करना और राम का छूट जाना।

(५) पृ० १९ से पृ० २८ तक—बन्दी की शोभा वर्णन, उनकी स्तुति। देवताओं का असुरों से तंग आकर बन्दी की वन्दना करना। देवों के समाज और असुरों का युद्ध। देवों की विजय। देवों की स्तुति।

No. 578. Vedānta-ke-Praśna. Leaves—6. Deposited with Babu Rām Manohar Bichpuriyā, Purāni Basti, Katni-Murwārā, District Jubbulpur (C.P).

Beginning :—श्री परमात्मने नमः ॥ अथ वेदांत के प्रश्न लिष्यते ॥ श्री वेदांत मधे ऐसे कहा है ॥ जो कछु दृष्ट विषे ॥ देषीयत है ॥ अरु कानन विषे सुनियत है ॥ अरु जो कछु चित विषे मन विषें ॥ ध्यान कीजियत है ॥ अरु सब्द मात्र वस्तु मात्र जो है ॥ सो सब तीनो काल मिथ्या है ॥ अरु स्वप्न है ॥ याको साक्षि ॥ दृश्य ते श्रूयते यद्य तत्सर्पितेः वानरैः सद असत्प्रमे वतत्सर्वं यथा स्वप्न मनोर्थं ॥१॥ वेदान्त विषें ऐसो ये कहा है को जो कछु मन चित्त विषे ॥ सब्द मात्र वस्त मात्र सो सब चिदनंद ब्रह्म है ॥ याकि साक्षि ॥ अस्ति भांति ते वानरैः शदाः तत्तत्वतस्वब्रह्म सच्चिदानंद मय्य यं ॥ २ ॥ अब या प्रश्न को अर्थ ऐसे प्रकार सो ॥ विचार के लीजे ॥ जो पहले तो सब मिथ्या कहो फेर वाही सो सच्चिदानंद ब्रह्म कह्यो ॥ अरु असत मिथा कबहूं सत न होइ ॥ और सत ब्रह्म कबहूं मिथ्या न होई ॥ यह तो अगादि विरुद्ध है ॥ ताते ए दोउ वचन वेदांत के सत करने ॥ अरु विधि मुष करके विवखान करनो ॥

End :—श्री आत्म बोध मधे ऐसे कहो है ॥ जो तीनि प्रकार को सृष्टि है ॥ एक तो जीव को ॥ एक ईश्वर को ॥ एक ब्रह्म को ॥ तामे ऐसो कहो है ॥ जीव सिष्ट है सो स्वप्न है ॥ अरु ईश्वरी सिष्ट है सो चौदा लोक ब्रह्मांड प्रकृति आदि लो ॥ अरु जो ब्रह्म को सृष्टि है सो सच्चिदानंद रूप है ॥ ब्रह्म समान है ॥ उक्तंच आत्म बोधे ॥ त्रिया सृष्टि ॥ पुरा प्रोक्ता जीव ईश्वरी ब्रह्मनिस्तथास्वप्न जीव सिष्टिः स्यात जाग्रति ईश्वरी संताः ब्रह्म नितगता प्रोक्ताः सच्चिदानंद लक्षंन इति विचित्या वस्तुत्वः ॥ ज्ञात्वा चेन्नि भिवो भवेत ॥ ३२ ॥

अब या प्रश्न को अर्थ ऐसे प्रकार सों जो लीजे ॥ जो जीव सिष्ट तो स्वप्न तें कहो ॥ अरु ईश्वरी सिष्ट प्रकृति के आदि लोलय करि सब संसार कहो ॥ अरु ब्रम्ह कि सिष्टि तद् गत ब्रह्म समान है ॥

लिषिते संपूर्ण परसन ॥

Subject :—वेदान्त सम्बन्धी कुछ प्रश्न और उनके उत्तर ॥

No. 579. Vidhavā-Vivāha Khandana. Leaves—10. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—श्री गणेशायनमः श्री हरिः ओं। प्रियवाचक वृन्द। आज जिस निन्दित कर्म के कोलाहल को सुनकर महात्मा सज्जन सनातन धर्मी भाइयों का चित्त व्याकुल हो जाता है और जिसको असिद्धता दिखलाने के लिये लेखनी हाथ में लेनी पड़ी है वही विधवा विवाह शब्द और विधवा विवाह विषय खंडन मेरे सामने है और जिससे समस्त हिन्दु सन्तानों का प्रकटित संबन्ध है लेख लिखते हुये लेखनी कांपती है। शरीर में रोमांच हो रहा है। कारण यह है कि विधवा शब्द के साथ विवाह शब्द का योग कैसे और क्यों कर हो सक्ता है यही एक बड़े आश्चर्य की तो बात है जिस पर विधवा-विवाह यह कैसा कलुषित और अनमेल सम्बन्ध है। हा!

जिस कुरीति को प्राचीन ऋषि मुनियों ने पाशविक धर्म कहकर महापाप बतलाया है और जिसे व्यभिचार तथा दुराचार से तुलना की है हाय! उसी कुरीति को आज कुछ अज्ञानी काम पीड़ित व्यभिचारियों ने भारतवर्ष के पुनरुद्धार का एक मात्र शुभ उपाय तथा अव्यर्थ महौषधालय समझ रक्खा है।

End :—मंत्र—उदीर्ष्व नार्यभिजीवलोकं गता सुषेत मुपशेष एहि हस्त ग्राभस्य दिधि षोस्तवेदं पत्युर्ज नित्वंमभि सम्बभूथ ॥ यजु० ॥

अब देखिये इस उपरोक्त मंत्र के द्वारा कैसा अर्थ का अनर्थ बतलाकर स्वामी दयानन्द सरस्वती और उनके अनुजायी तथा विधवा विवाह के पक्षपाती लोगों ने भ्रमात्मक भावार्थ निकाला है कि हे नारी! तू इस मरे हुए पति के साथ जा लेट रही है उठ। और जोते हुये मनुष्यों के भीड़ के सम्मुख आ! और किसी विधवा का हाथ पकड़ने वाले तथा पुनर्विवाह की इच्छा करने वाले पति की पत्नी हो बस अब क्या अर्थ हो गया यजुर्वेद की एक श्रुति के द्वारा खुल्लम खुल्ला कपोल कल्पित अर्थ करके विधवा विवाह का प्रमाण सब के सामने वेदोक्त दिखला दो। इसी प्रकार स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने भी इसी से मिलता जुलता भावार्थ कर दिखाया है परन्तु है यह बात बड़ी हंसी के योग्य देखिये जो शेङ् स्वप्ने धातु के मध्यम पुरुष का एक वचनान्त पद है उसे सप्तम्यान्त पद मानकर मन माना कपोल कल्पित अर्थ लिख मारा है यहां तो व्याकरण शास्त्र की टांग ही तोड़ दी गई है।

Subject :—

पृष्ठ १—'विधवा' शब्द के साथ 'विवाह' शब्द का योग अनुपयुक्त है।

पृष्ठ २—प्राचीन ऋषि मुनियों के मत के प्रतिकूल है।

पृष्ठ ३—विधवा विवाह अप्रामाणिक और अन्याय है।

,, ४—मंत्रों का उल्टा अर्थ।

,, ५—विवाह, कामवासना के तृप्त्यर्थ नहीं वरञ्च सम्पूर्ण संस्कारों में एक संस्कार समझकर किया जाता है। और सभी संस्कार एक बार होते हैं इसलिये विवाह संस्कार भी एक ही बार होना चाहिये (यहां पर विधवा विवाह असिद्ध होता है)।

पृष्ठ ६—ईश्वरचन्द्र विद्यासागर तथा स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा अर्थ का अनर्थ।

पृष्ठ ७—विधवा विवाह के कारण सामाजिक कुरीतियां।

पृष्ठ ८—रोग रोकने से और बढ़ता है, उसके मूल को ही नाश करने के उपाय सच्चे हैं। अतएव कुरीतियों के ही निवारण से वास्तविक मन्तव्य सिद्ध हो सक्ता है। अन्यथा विधवा विवाह आदि मिथ्योपचारों से व्यभिचारों की केवल वृद्धि होगी।

पृष्ठ ९—भारत की प्राचीन सामाजिक व्यवस्थाओं का ही पालन करने से उन्नति हो सकती है।

पृष्ठ १०—मनु, पाराशर आदि स्मृतियों, शास्त्रों, काव्यों, ऐतिहासिक ग्रन्थों से कहीं भी विधवा विवाह प्रामाणिक नहीं सिद्ध किया गया है।

No. 580. Vṛindāvana-Bhāshya. Leaves—32. Dated in Samvat 1890. Deposited with Ṭhākura Rāmapāla Siṁha, Village Datagava, Post Office Baratāla, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—राग विहार ॥ रास में नृत्य करतव नवारी। मुदित मनोहर रंग बढ़ावत संग वृषभान दुलारी। मोर मुकुट मकरंद विराजत नाक बुलाक सुतारी ॥ कर मुरली कर काछनी कटि काछे अलकें घूंघर वाली ॥ राधाजू के शीश चंद्रिका नीलाम्बर झर तारी ॥ ताधीना ताधीना धीन धाना वसत पषावज ताल बाल बोन गति न्यारी ॥ ठनन ठनन नन नूपुर की धुनि झनन झनन झनकारी ॥ थेई थई थई नाचत दोऊ मिलि विहंसि विहंसि मुसकारी ॥ चरन दास रख देव दया सों सो पावे दरश मुरारी ॥ (चरन दास कृत)

राग कल्यान ॥ आज संभारत नाहिन गोरी ॥ फूली फिरत मत्त करणी ज्यों सुरति समुद्रके कोरे। आलस वलित अरुण धूसर मुष प्रगट करत मुष चोरी ॥ पिय पर करुण अमोरस वरषत अधर अरुणता थोरी ॥ बांधत भृंग उरज अंबुज पर अलकनि बुद्धि किशोरी। संगम किरचि किरचि कबुकि वद सिथिल भई कटि

थोरो ॥ देत असीस निरखि युवती जिनके प्रीत न थोरो ॥ जै श्री हत आजु हरिवंश विपिनि भूतन पर संतति अविचल जोरो ॥ २ ॥ (हित हरि वंश कृत)

End :—येह जा छंदन्य को छाये नो रचना वचन अनेक । बनै न श्याम शरीर विन विधि भ्रम्यो वर्ष लग एक ॥ प्रीति डोरि खैंचे जबहिं यो नहिं आयो जाय । तबहिं बुद्धि बल आपनो अस छंदवनि रच्यो बनाइ ॥ भादौ की कारी निशा जन्म भयो अस जोग चोरीहू सो मन रुचै लाल रस गोरस को भोग ॥ सखिन खिलौना करि रचयो प्राण भावतो कंथ भोजन सुविधि करावहि रचै कौतुक रचित अनंत ॥ चौपर सुविध खिलावहिं झगड़ावहिं रचि चोंज झनक जो आवत लाल के देखो वदन जुमतक मनोज ॥ हग आलस आलस जुम न पालस फूलति वैन । धवल महल जाइ के सखि तहां करावत सैन ॥ पनडब्बा सौरभ के भोजन धरि रस पान । चरण पलोटत रूप हित अति को उभावत वा श्याम ॥ श्री हरि वंस प्रसाद वल वरणौं विविध पलाग वृन्दावन हित वरनि सुख माने जुगल सुहाग ॥ (हित हरिवंश)

रेखता ॥ चल देखिये प्यारो पनघट पै भीर छाई ॥ टेक ॥ विछिया जड़ाऊ गहना सुन्दर सुनार लाई । पहुंची जड़ी रतन से दीखत है मन लुभाई । चल देख दुलरी है पास उसके सोभा कही न जाई । सुन्दर जड़ाऊ आरसी देखन को मुख बनाई । चल देखिये है भांति भांति नग भी कहां तक कहूं मै गाई । ऐसी सुनारिन नैनन देखी कभी न भाई ॥ चल दे० ॥ विधना ने सोच कर के विधि से उसे बनाई ॥ कहता है अब हजारी राधा है नग की भाई ॥ इति श्री रहस वृन्दावन अर्थात् वृन्दावन भाष्य समाप्तः लिखा रामचरन संवत् १८९० वि० चैत्र शुक्ल १ ॥ (हजारी कृत)

Subject :—नागलीला, ब्राह्मण लीला, जोगीलीला मनिहारिन लीला, चुरिहारिन लीला, विसातिन लीला, मालिन लीला,

No. 581. Vyavahāra-Darśana. Leaves—110. Dated in Samvat 1904 or A. D. 1847. Deposited with Thākura Haribakshasiṁha Raisa, Village Kuthariyā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री मते रामानुजायनमः ॥ जयतः ॥ श्री रामचन्द्रजौ यति कमल भूस्तस्य पत्नी च शुभं ॥

जयति श्री भक्त राजो विमल मतिकरः ॥ श्री प्रिया दास ईश जयति श्री धूम्रकेतु प्रचुर नरवर चाउ ज्ञान तामि सुहारी ॥ जयति श्री याज्ञ वलक्यो

जयति मनुनृपः शुद्ध धर्म प्रचारो ॥ १ ॥ अथमनु याज्ञ बलक्या धनु सारेण व्यवहार पादो निरूप्यते ॥ व्यवहारान्नृपः पश्येद्विद्वद्भिः ब्राह्मणै सह ॥ धर्म शास्त्रानुसारेण क्रोध लोभ विवर्जित ॥ १ ॥

राज्याभिषेक जुक्त जो है राजा तोंका प्रजा पालन धर्म विना दुष्ट को दंड दोन्हे नहीं ह्वै सकै और दुष्ट सुष्ठ विना व्यवहार देषे नहीं जानि परै तेहिते पंडितन को लैके राजा रोज रोज। व्यवहार देषै व्यवहार कोन कहावे को दुई वादी वाद करत हैं तौनेमा जो झूंठ कहत है तौने को निरने करके जौन साच कहत है तौन को स्थापन करव सो व्यवहार धर्म शास्त्र के अनुसारते क्रोध लोंते विवार्जित ह्वै के राजा देषै इहां क्रोध ते विवार्जित ह्वै के राजा देषै इहां क्रोध ते विवर्जित कहिनते हिते मत्सर मदई आइगे औलौ भते विवर्जित कहिन तेहि ते काम मोह यहौ आइगै ॥ १ ॥

End :—जो राजा को मरजी के अनुसार तें पंडित लोग अन्यथा निआउ करै तो पंडित राजा दोहुन का दंड चाहो औ राजा आपन दंड बरनाय देइ देया संकल्प कैके ब्राह्मन कादै राषै और जौने वादी का न्याय छान कैके सुद्ध ह्वै गाहै औ वाके रि न्याउ के उजर करै हे तो वाको किरि न्याय के कै हराय कै इन दंड लेइ जो असुद्ध देषि परै तौ केरि शुद्ध कै देई औ जो कौनौ राजा के नियाउ दूसरे राजा के यहां जाय तै वहौ राजा निआउ देषै औ जो राजा अन्याय कै कै जो कछू दंड लेइ तो जेतो द्रव्य होइ तेकर तीस गुना द्रव्यन का संकल्प कै ब्राह्मन का देइ औ जैसों दंड लीन्हेसि होइ तेकर बहोरि देइ।

मिती पूस बदी १३ भोमिकास. सं० १९०४ के साल।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० १६ तक—व्यौहार दरशन का प्रकरण—वादी के आगे प्रतिवादी से उत्तर लेने का वर्णन।

(२) पृ० १५ से २४ तक—प्रार्थना पर प्रार्थना सुनने का प्रकरण। दुष्ट साक्षी का लक्षण।

(३) पृ० २४ से पृ० ३६ तक—लेख साख भोग्य दिव्य का प्रकरण बहुत दिनो भुक्ति जो न खुली हो उसका प्रकरण ॥

(४) पृ० ३६ से ६० तक—ग्रहण पाती का हाल न खुना हो तो उसका वर्णन। एक स्थान का न्याय दूसरे स्थान पर सुनने का वर्णन। पिता, पुत्र, स्वामी, चाकर इत्यादि के अपराध का वर्णन। रुपा, सोना, गाय,। भैंस (खोई वस्तु)

को कोऊ पावै उसका वर्णन। हांडा पावै उसका वर्णन। ऋण दान का प्रकरण। जामनि का प्रकरण। रास बैठाने का वर्णन।

(५) पृ० ६१ से पृ० ११८ तक—गहन वर्णन बैपाना का प्रकरण साषी का प्रकरण। व्यभचार में साष का प्रकरण, कूट साषी का प्रकरण। छेष का प्रकरण। दिव्य का प्रकरण। हिस्सा का प्रकरण।

(६) पृ० ११९ से पृ० १४० तक—बारह प्रकार के पुत्रों का वर्णन। गुरु चेले के हिस्से का वर्णन। संसृष्टि विभाग का प्रकरण। जो हिस्से के अधिकारी नहीं हैं। उनका वर्णन। स्त्री धन का प्रकरण। तिलक चढ़ाके अन्य स्थान में काम करे उसका कथन। कन्या का धन भाई पावे उसका वर्णन। सीमा विभाग किसान और अहिर का प्रकरण। किसी की चीज कोई बेचे उसका वर्णन। दान दे के लौटा ले उसका वर्णन।

(७) पृ० १४० से पृ० १८० तक—बोल लैके बहोरै उसका प्रकरण, सेवा चाकरी करके, अंगीकार करके न करै तो उसका प्रकरण। जो संमति करके न करै तो उसका प्रकरण। राजा के सब जातियों के धर्म्मों के पालन का वर्णन। बाजी लगाइ के जुवारी और चिड़िया इत्यादि की लड़ाई का वर्णन। मार पीट तथा दंगा फसाद और साहस का प्रकरण।

(८) पृ० १८० से २१० तक—साहस के तुल्य जो अपराध है उसका प्रकरण। वैद्य का प्रकरण। राजा की आज्ञा बिना कैदी को छोड़ दे उसका वर्णन। अच्छी वस्तु में बुरी वस्तु मिला कर बेचे उसका वर्णन। बाजार भाव का कथन। जङ्गम स्थावर बिकने का विवरण। साझे में उद्यम करै उसका वर्णन। चोरी का प्रकरण। गर्भपात कराने का वर्णन। स्त्री संग्रहण का प्रकरण।

(९) पृ० २१० से पृ० २२० तक—स्त्री पुरुष के विरोध का प्रकरण। राजा किसी को कुछ दे और लिखने वाला और कुछ लिख दे उसका वर्णन। छूत सामग्री खिलाने का वर्णन। सवारी में धक्का लगने का वर्णन। जो कोई राजा के शत्रु की बड़ाई करै उसका वर्णन। राजा की निंदा करै उसका वर्णन। राजा का भंडार काटे उसका वर्णन। ज्योतिषी राजा को बुरे ग्रह बतला कर उसको शान्ति का यत्न करै उसका वर्णन। न्याय में अन्यथा करे उसका वर्णन।

No. 582 (*a*). Yantravālī. Leaves—20. Deposited with Paṇḍita Bhagavānadatta of Benīpura, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥
जेनहृतं गृहं क्षेत्रं कलत्र धन पुत्रकं ।
उच्चाटन वधः कुयात् दुष्ट दंडो विधीयते ॥

× × × × ×

१०	२	८
४	७	९
६	११	३

यह यंत्र लाषवार कागद ऊपर लिखि कै एक ठौर नदी मा कि तलाव मा वटोरि कै डारि देइ लाष जव पूजै तव पूर्व हुति करै जव से पत्र लिषै तव लहि चाउर गोहु घृत न पाइ ॥ २० ॥ मंत्र ताज १००००० ॥

॥ ऊं ह्रीं शिवायनमः ॥ इ यंत्र गोरोचन से लिषै ॥

End:—

ॐ ह्रीं क्लीं स्वाहा	६६६	४४६	१११७	२२२२	४४८
	१४६३	४०७४	५०६	४४४०	५५५४
	३११२	६६४०	२२३०	५५७१	५५४४
	४४४२	५७४	२७४	४२४	४४४

तीनि पुरुष का नाम लिषि कै पिछवारे नेई के तरे गाड़ै तो उच्चाटन होइ ॥ मेहावर से लिखि के दुश्मन के पछवारे गाड़ि देइ तौ काम सिद्धि होइ ॥ मसि से लिषै पीपर पत्र पर जर जाइ कागद पर लिषै वाहे वांधै तिजारो जाइ एक हाथै पानी भरै पीपर पत्र पर यंत्र लिखै चारि वार धोवै वाही पानी से मुख छाटा मारै भूत भागै भोज पत्र मेंहावर तेके राम लिखै पेट वचै गर्म रहै पानी सों लिषै ई पिआई छइ सिर दुष जाइ ॥

Subject:—(१) पृ० १ से पृ० १४ तक—वोसा मंत्र, पन्द्रह का मंत्र, भूत लगने का यंत्र, सर्व दुःख निवारण यन्त्र, मोहन यंत्र, कार्य सिद्धि मंत्र, मूस निवारण यंत्र, टोना निवारण यंत्र, अरि विजय मंत्र, सकल सिद्धि यंत्र, बुद्धि होने का मंत्र, मोहन यंत्र, वशीकरण सर्व सिद्धि तथा मोह जाल यंत्र ।

(२) पृ० १५ से पृ० ४० तक—माधा सोसो, शंका छूटने, प्रेत नाशक, बालक जिलाने, बहु भोग करने, स्त्री पुरुष वशीकरण, बांझ के बालक होने,

स्त्री वशीकरण, गर्भ रहने का, राजा वशीकरण, कर्ण व्याधि निवारण, मृगी नाशक, वशीकरण, बालक रोदन, उच्चाटन, वशीकरण, दुश्मन का मूढ़ नेत्र बंद होइ। दुश्मन का उच्चाटन होइ। अन्तिम मंत्र और उसका फल।

No. 582(*b*). Yantrāvaligrantha. Leaves—8. Deposited with Paṇḍita Gunnā, Village Bahurājapura, Post Office Puravā, District Unnāva (Oudh).

Beginning:—अथ यंत्रा वली ग्रंथ लिष्यते॥

यह यंत्र वोसा का इतवार के दिन केसर से भोज पत्र पर लिखे और तांवे में मढाय कर पगड़ी में राखै तो दुश्मन का जोर अपने उपर नहीं चले॥ (१)



यह यंत्र इतवार के दिन गोरोचन से भोजपत्र पर लिखै और वोमार घोड़े के गले में बांधे तो सात दिन में अच्छा होय॥ (२)

दः	क्षीः	कः	भः
छः	सः	गः	रः
थः	धः	चः	कः

यह यंत्र इतवार के दिन गोरोचन से लिखे भोजपत्र पर और दाहिने हाथ में बांधे स्त्री वस्य होय चार मास के भीतर परन्तु स्त्री को रोज दिखाया जाय॥ (३)

कः	प्रः	जः	रः
छः	टः	कः	जः
सः	धः	ढः	वः

यह यंत्र जिसके लड़का मर मर जाते हों उसके गले में बांध दे तो लड़का जीते रहें परन्तु इतवार को मर जाते हों तो उसका मंत्र है॥ (४)

ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:
ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:
ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:
ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:	ह्रीं:

End:—चार प्रकार के १५ के यंत्र की विधि। जिस मनुष्य का जैसा मिजाज हो सो उसी प्रकार के यंत्र का सेवन करै और मेषादि १२ राशि चार प्रकार के मिजाज पर बांटी गई है सो अपनी राशि मिलाकर मिजाज पहिचाने॥

(१) बाकी

८	१	६
३	५	७
४	९	२

वृष
कन्या
मकर

(२) वादी

८	३	४
१	५	९
६	७	२

मिथुन
तुला
कुंभ

(३) आवी

२	७	६
९	५	१
४	३	८

कर्क
वृश्चिक
मीन

(४) अतशी

४	९	२
३	५	७
८	१	६

धन
मेष
सिंह

अपूर्ण॥

Subject:—यंत्र वर्णन॥

No. 583. Yntra-Vidhi. Leaves—2. Deposited with Bābu Rām Manohar Bichpuriyā Purānī, Basti, Katni Murwārā, District Jubbulpur (C.P.).

॥ श्रीगनेस जू॥

॥ दोहा॥ नेत्र ग्रहा श्रुतिवार सर, गुन रस ससि वसु जान।
नौ कोठा के जंत्र कौ यह विधि भर बुध वान॥

८	१	६
३	५	७
४	९	२

॥ दोहा ॥ दिग सर नग द्रग वसु सिव तेरा ग्रह तिथि श्रुति रस सिगार।
दिग सर गुन नग ब्रह्म मनु रवि घर जंत्र सम्हार ॥ १ ॥

१४	१	१२	७
११	८	१३	२
५	१०	३	१६
४	१५	६	९

End:— जंत्र २५०

३	४	५४	५३	१४	१३	५९	६०
२	१	५५	५६	१६	१५	५८	५७
३१	३२	४२	४१	१८	१७	३९	४०
३०	२९	४३	४४	१९	२०	३८	३७
५१	५२	६	५	६२	६१	११	१२
५०	४९	७	८	६३	६४	१०	९
४७	४८	२६	२५	३४	३३	२३	२४
४६	४५	२७	२८	३५	३६	२२	२१

Subject:—कुछ जंत्र और उनको विधि।

No. 584. Yuddha-Dīpaka. Leaves—7. Deposited with Mannulāla Pustakālaya, Gaya.

Beginning:—श्री गणेशायनमः ॥ अथ युद्धे दीपक प्रद्योतते ॥

दो०—मुरे विंदु युग सेन जिमि, जुरे तार फिर सेर ।
फुरे शक्ति नाशक कुरे तुरे धरे हो हेर ॥१॥

हते वृद्ध मते सेष युग फालक मते अशेष ।
दहन दहन युगहा अनुज वातनु तजे न लेष ॥२॥

कर सोपे लपि सिन्धु ढिग मरे धोग कर जानि ।
हरपे कीशप सार कर करे दोड़ जुग मानि ॥३॥

भ्रू सहाय डर करि युगल योग कंभु भू साधु ।
उद्भव अद्भुत लखि रुचिर पर गुरु रहे अगाधु ॥४॥

परतम चिंतक जह मे चिन्तक दुह समीप ।
मे अन्धक लपि शुद्ध मति गे वंचक सम लोप ॥५॥

End:—

निगम मांस सारंग रट, स्वांती घट एक बुन्द ।
हो चाहत विन कारन अब गृह चलि पमा हो सुद ॥ ११५ ॥

कपि ले मंदिर बस इहां नयन पूरदा वार० ।
सखा इते उत पितु वचन भरत सनेह सम्हार ॥ ११६ ॥

लूट न बहुत शमा जमा आगेय पाछे पाप ।
कपि इच्छा अति काल डर बड़ अपमान जनाप ॥ ११७ ॥

द्विज भुज तेज भु पुरुष मुनि मेव द्व राम रजाप ।
शत उत्तर बश दश लशे दीपक युद्ध शहाप ।

इति श्री युद्धे अभि प्राप पोपक समाप्तः ॥

॥ शुभं भूयात् ॥

Subject:—सिन्धु तरण से लङ्का के युद्ध तक रामायण का सूक्ष्म वर्णन ।

